प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना-६

विक्रमाब्द २०१८; शकाब्द १८८३; खृष्टाब्द १९६१
मूल्य : सजिल्द ७·५०

मुद्रक
ज्ञानपीठ प्राइवेट लि०
पटना-४

वक्तव्य

एक लम्बी प्रतीक्षा के अनन्तर इस ग्रंथ को हिन्दी-संसार के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें आन्तरिक हर्ष हो रहा है। यह निर्विवाद सत्य है कि उत्तर भारत में महाकवि विद्यापति की कोमलकान्त पदावली को जो लोकप्रियता प्राप्त है, वह तुलसी के मानस के अतिरिक्त और किसी साहित्य को प्राप्त नहीं। ऐसी लोकप्रिय पदावली के अनेक संस्करण, विभिन्न स्थानों से, प्रकाशित हुए हैं। किन्तु, एक प्रामाणिक संस्करण की आवश्यकता बहुत दिनों से अनुभव की जा रही थी। उसी आवश्यकता की पूर्त्ति की दिशा में परिषद् का यह प्रथम चरण है।

कुछ वर्ष पहले बिहार-सरकार ने महाकवि विद्यापति के स्मृति-रक्षार्थ, उनकी समस्त कृतियों के संकलन, सम्पादन और प्रकाशन का भार परिषद् पर न्यस्त किया। तदनुसार, परिषद् ने उक्त कार्य की पूर्त्ति के लिए एक समिति गठित की, जिसके अध्यक्ष डॉक्टर अमरनाथ झा मनोनीत हुए। किन्तु, उनकी अध्यक्षता में उक्त समिति की एक ही बैठक होने पाई थी कि अचानक उनका देहावसान हो गया। उक्त स्थान पर कुमार श्रीगङ्गानन्द सिंह का निर्वाचन हुआ। उक्त समिति के दस सदस्य चुने गये—डॉ॰ सुधाकर झा शास्त्री, डॉ॰ तारापद चौधुरी, डॉ॰ विमानविहारी मजूमदार, श्रीरामधारी सिंह 'दिनकर', श्रीरामवृक्ष बेनीपुरी, श्रीनरेन्द्रनाथ दास, डॉ॰ कालीकिंकर दत्त, श्रीजयदेव मिश्र, श्रीलक्ष्मीपति सिंह तथा परिषद्-संचालक आचार्य शिवपूजन सहाय।

आरम्भिक वर्षों में परिषद् के क्षेत्र-पदाधिकारी पं॰ शशिनाथ झा ने मिथिला के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर सामग्री-संकलन का कार्य बड़े उत्साह और तत्परता के साथ सम्पन्न किया। दूसरी ओर इसी विभाग के उत्साही कार्यकर्त्ता श्रीवजरंग वर्मा, एम्॰ ए॰ ने विभिन्न पुस्तकालयों में जाकर विद्यापति-सम्बन्धी उपलब्ध सामग्री का चयन कर एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। तदनन्तर, वे दोनों शांति-निकेतन (बोलपुर) और कलकत्ता की यात्रा कर अनेक दुष्प्राप्य सामग्री को एकत्र कर लाये। इस तरह सामग्री-संकलन हो जाने के बाद ही क्षेत्र-पदाधिकारी पं॰ शशिनाथ झा ने विद्यापति-पदावली के सम्पादन का श्रीगणेश किया।

विभाग-द्वारा सम्पादित सामग्री के निरीक्षण-परीक्षण के लिए एक सम्पादक-मण्डल का गठन किया गया, जिसके सदस्य हुए—डॉ॰ तारापद चौधुरी, पं॰ विष्णुलाल शास्त्री, डॉ॰ सुधाकर झा शास्त्री तथा श्रीलक्ष्मीपति सिंह। और, उक्त 'मण्डल' के सहायतार्थ विभागीय क्षेत्र-पदाधिकारी पं॰ शशिनाथ झा और परिषद् के अनुसंधायक श्रीवजरंग वर्मा नियत हुए। किंतु, कुछ दिनों के बाद ही श्रीवर्मा के स्थान पर स्थायी रूप से विद्यापति-विभाग के सहायक श्रीदिनेश्वर लाल 'आनन्द' ने इस कार्य में अपना हाथ बटाया और सहयोगी के रूप में इनकी सेवा प्रस्तुत खण्ड तक अनवरत सुलभ रही। सम्पादक-मण्डल के सदस्यों में पं॰ विष्णुलाल शास्त्री मिथिलाक्षर पढ़ने में कुशल थे, जिनसे पदावली की मैथिली पाण्डु-

लिपियों को ठीक-ठीक पढने मे बड़ी सहायता मिली। किन्तु, उनका भी आकस्मिक देहावसान हो गया और उसके बाद ही डॉ० तारापद चौधुरी भी इस ससार में न रहे। उनकी सेवाएँ जहाँ तक प्राप्त हो सकीं; सदा अविस्मरणीय रहेंगी। उन दोनो के स्थान पर काशीप्रसाद जायसवाल-शोध-प्रतिष्ठान के, प्राचीन पाण्डुलिपियो के पाठोद्धारक ज्योतिषाचार्य प० बलदेव मिश्र तथा पटना राजकीय संस्कृत-महाविद्यालय के प्राचार्य पं० जटाशंकर झा मनोनीत किये गये। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि सम्पादक-मण्डल ने बड़ी निष्ठा और लगन के साथ प्रस्तुत विद्यापति-पदावली के प्रथम खण्ड का सम्पादन-कार्य सम्पन्न किया। हाँ, उस कार्य की सम्पन्नता में विभागीय क्षेत्र-पदाधिकारी पं० शशिनाथ झा और उनके सहयोगी श्रीदिनेश्वर लाल 'आनन्द' की सेवाएँ बड़ी प्रशसनीय रहीं। हम सम्पादक-मण्डल के प्रत्येक सदस्य के प्रति आभार स्वीकार करते हैं। विभागीय दोनों कार्यकर्त्ताओं की निष्ठा और अध्यवसाय का ही फल विद्यापति-पदावली का प्रथम खण्ड आपके हाथों में है। प्रथम खण्ड में नेपाल-पदावली का सम्पादन ही प्रस्तुत किया गया है, जो सम्पूर्ण विद्यापति-पदावली का एक खण्ड है। विद्यापति की समग्र पदावली का प्रकाशन तीन खण्डों में सम्पन्न हो सकेगा, ऐसी आशा है। इस प्रथम खण्ड का सम्पादन-कार्य सन् १९५९ ई० में आरंभ हुआ था और उसकी समाप्ति हुई सन् १९६१ ई० में। यहाँ हमे यह स्वीकार करने में बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि इस पावन अनुष्ठान में इतने महानुभावों का सक्रिय सहयोग न मिला होता, तो शायद हम इस रूप में इस खण्ड को प्रकाशित करने में समर्थ न होते।

हम भूतपूर्व शिक्षा-मंत्री आचार्य श्रीबदरीनाथ वर्मा, भूतपूर्व शिक्षा-सचिव श्रीजगदीशचन्द्र माथुर, आइ०सी०एस्० तथा परिषद् के आद्य सचालक आचार्य श्रीशिवपूजन सहाय के प्रति अत्यत अनुगृहीत हैं, जिन्होने विद्यापति-पदावली के प्रकाशन में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है। इस खण्ड मे विभाग की ओर से सुचिन्तित भूमिका दी गई है, जिसमें विद्यापति की जीवनी तथा उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का विवेचन किया गया है। इसके अतिरिक्त विद्यापति-स्मारक-समिति के अध्यक्ष तथा बिहार-राज्य के भूतपूर्व शिक्षा-मंत्री कुमार श्रीगङ्गानन्द सिंह ने पुस्तक के प्रारभ में 'आमुख' लिखने की कृपा की है। उसी से प्रस्तुत ग्रथ की उपादेयता का आभास मिलेगा। हम उनके प्रति तथा समिति के सभी सदस्यों के प्रति अतिशय कृतज्ञ हैं। महाकवि के वशज श्रीविजयनाथ ठाकुर, श्रीअक्षधर ठाकुर, श्रीशशिधर ठाकुर आदि तथा ओइनवारवंशीय श्रीहर्षण ठाकुर के वंशज श्रीदोलधरनारायण सिंह (शिव बाबू) का हम विशेष रूप से धन्यवाद-ज्ञापन करते हैं, जिन्होंने आवश्यक जानकारी देकर हमारी सहायता की है।

परिषद् के अन्य प्रकाशनों की तरह इस ग्रथ का सुधी पाठकों द्वारा समादर होगा, ऐसा हमें विश्वास है।

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
मार्गशीर्ष, शुक्ल ११, २०१८ वि०

भुवनेश्वरनाथ मिश्र 'माधव'
संचालक

आमुख

आज से कई वर्ष पूर्व जब मैंने श्रीरामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा सम्पादित 'विद्यापति-पदावली' की भूमिका लिखी थी, तभी मेरे ध्यान में यह बात आई कि महाकवि विद्यापति के पदों का एक बृहत् सुसम्पादित सस्करण प्रकाशित होता, जिसमें विशुद्ध पाठ और सुबोध टीका रहती। मेरा वह सपना बहुत दिनों तक सपना ही रहा।

बिहार-सरकार ने जब विद्यापति-स्मारक-समिति की स्थापना की और मुझे उस समिति के अध्यक्ष का पद सँभालने का अवसर मिला, तब मुझे अपने उस पुराने सपने को साकार करने का शुभावसर प्राप्त हुआ। इस समिति के तत्त्वावधान में विद्यापति के सभी ग्रथों को प्रकाशित करने का निश्चय किया गया है। साहित्य-ससार को विद्यापति ने पदावली के रूप मे अमूल्य निधि दी है। उनकी पदावली भारत के पूर्वोत्तर भाग मे एक समान लोकप्रियता प्राप्त कर चुकी है। किन्तु, खेद है कि अबतक उनकी पदावली का एक भी सर्वांगपूर्ण सस्करण प्रकाशित नहीं हो सका था। इसी से पहले पदावली के प्रकाशन से ही कार्यारम हुआ है।

महाकवि विद्यापति के उपलब्ध सम्पूर्ण पदो की संख्या हजार से भी अधिक है। सबका समावेश एक ही खण्ड में होना सभव नहीं था। कारण, विभिन्न सस्करणों मे प्राप्त उनके पाठभेद, शब्दार्थ, अर्थ और शब्दो के औचित्य-अनौचित्य का दिग्दर्शन कराने के लिए सम्पादकीय अभिमत के साथ ही एक विस्तृत भूमिका देने की भी योजना बनाई गई है। इसलिए, पदावली को तीन खडो में बाँटकर प्रकाशित करने का निश्चय किया गया है। प्रथम खड में नेपाल में प्राप्त पाण्डुलिपि के पदो का समावेश किया गया है। द्वितीय खड मे रामभद्रपुर और तरौनी की पाण्डुलिपियों तथा रागतरगिणी मे प्राप्त विद्यापति के पदो का समावेश किया जायगा। तृतीय खण्ड में वैष्णव-पदावली और मिथिला के लोककण्ठ से प्राप्त पदों का समावेश होगा। तीनों खंड क्रमश' प्रकाशित होगे। प्रस्तुत खंड 'विद्यापति-पदावली' का प्रथम खड है। इसके पूर्व महाकवि विद्यापति की पदावली के कई सस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। उनमे अधिकाश सस्करणो का मूल स्रोत है स्वर्गीय नगेन्द्रनाथ गुप्त द्वारा प्रकाशित सस्करण। इसमे कोई सन्देह नहीं कि 'विद्यापति-पदावली'-रूपी गगा के लिए स्वर्गीय गुप्त भगीरथ-स्वरूप हैं। उनका कार्य व्यापक है। उन्होंने ही सर्वप्रथम स्वर्गीय कवीश्वर चन्दा झा के सहयोग से तरौनी-पाण्डुलिपि, नेपाल-पाण्डुलिपि और अन्यत्र प्राप्त पदो को प्रकाशित किया। उन्हीं की प्रकाशित पदावली के आधार पर पीछे अनेक विद्वानों ने विद्यापति के पदो के संग्रह प्रकाशित किये, जिनमें प्रमुख हैं श्रीव्रजनन्दन सहाय व्रजवल्लभ, श्रीरामवृक्ष बनीपुरी आदि। गुप्तजी के पश्चात् रामभद्रपुर की प्राचीन पाण्डुलिपि प्राप्त हुई, जिसे स्व० प० शिवनन्दन ठाकुर ने प्रकाशित किया।

नेपाल-पाण्डुलिपि पर जिन विद्वानों ने कार्य किया है, हम यहाँ उन्हीं का उल्लेख करेंगे। गुप्तजी के बाद नेपाल-पाण्डुलिपि का उपयोग श्रीखगेन्द्रनाथ मित्र और डॉ० श्रीविमानविहारी मजूमदार ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'विद्यापति' में किया है। किन्तु, स्वतन्त्र रूप से केवल नेपाल-पाण्डुलिपि पर कार्य करनेवाले हैं डॉ० श्रीसुभद्र झा।

प्रश्न उठ सकता है कि जब इतने विद्वान् इस पाण्डुलिपि पर कार्य कर चुके हैं, तब फिर इसपर नये सिरे से कार्य करने की आवश्यकता ही क्या थी?

भूमिका में नेपाल-पाण्डुलिपि का परिचय देते हुए कहा जा चुका है कि इसकी लिपि प्राचीन मिथिलाक्षर है। लिखावट प्रायः स्पष्ट है, किन्तु अनेक अक्षरों में आकार-साम्य के कारण पढ़ने मे कठिनाई होती है। 'र'-'व', 'न'-'ल', 'तु'-'श्रो' आदि अक्षर प्रायः एक ही प्रकार के हैं। अर्थ पर विचार करने के बाद ही उनका ठीक-ठीक निर्णय हो पाता है। मात्रा देने के भी कुछ खास ढग हैं, जिनसे भ्रम होने की गुंजाइश रहती है। शब्द पृथक् पृथक् नही हैं, अतः पदच्छेद करने में बड़ी कठिनाई होती है। इन कारणों से, नेपाल-पाण्डुलिपि मे कितने ही ऐसे पद हैं, जो अबतक ठीक-ठीक नहीं पढ़े जा सके थे और उनका सही अर्थ भी नहीं हो सका था। प्रस्तुत संस्करण में परिश्रम पूर्वक शुद्ध पाठ एव समीचीन अर्थ देने का प्रयास किया गया है।

मूल नेपाल-पाण्डुलिपि का उपयोग करनेवाले प्रमुख व्यक्ति हैं—(१) स्वर्गीय नगेन्द्रनाथ गुप्त, (२) श्रीखगेन्द्रनाथ मित्र और श्रीविमानविहारी मजूमदार तथा (३) श्रीसुभद्र झा। गुप्तजी ने बहुत से ऐसे पद छोड़ ही दिये, जिनका पढना कठिन था। उन्होंने बहुतेरे शब्दों के रूप में भी मनमाना परिवर्त्तन कर दिया। श्रीमजूमदार और श्रीझा उनकी आलोचना अपनी-अपनी पुस्तकों में कर चुके हैं। अतः, हम यहाँ इन्हीं दोनों की पुस्तकों पर दृष्टिपात करेंगे।

पाठ की अशुद्धि—ऊपर कहा जा चुका है कि कई कारण हैं, जिनसे उक्त पाण्डुलिपि पढने में कठिनाई होती है। श्रीमित्र और श्रीमजूमदार् महाशय को जहाँ गुप्त महोदय की सहायता प्राप्त नही हुई, वहाँ पाठ-निर्धारण मे उन्हे सफलता नहीं मिली। इसीलिए, कई पद शुद्ध रूप में पढ़े नहीं जा सके हैं। कुछ उदाहरण यहाँ दिये जा रहे हैं —

मित्र-मजूमदार का पाठ—

हमरे वचने सखि सतत लजए
येतहु परिहरि हुहु राति।
पढल गुनल अगरि चाढ़े खाए
यसब दिस होएत सुकान्ति॥ ध्रु० ॥
अनुविध हमर उपदेस।
बिरज नामे जते दूरे सुनिअ
इठे छाड़ब से देस॥

सारो आनि से चानके सोपलह
देखतहि अपनी आखि ।
सुधमा सुहाउहि सत्रो खएलक
केवल पखि आ राखि ॥
भमि भमि बिरउ सेबहि निहारए
डरे नहि करए उकासी ।
दही दूध कुसत्रो खएलक
गिरि दुख पलल उपासी ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ।

विद्यापति, पद-सं० ५६१

अर्थ के लिए उन्होंने लिख दिया है—'अर्थ प्रतीत हइल ना ।'

डॉ० सुभद्र झा ने अपनी पुस्तक 'विद्यापति-गीत-संग्रह' में इसका पाठ और अर्थ इस प्रकार दिया है—

हमरे वचने सखि सतत न जएबे
तहु परिहरिहह राति ॥ १ ॥
पढल गुनल सुग विराडे खाएब
सब दिस होएत अक्रान्ति ॥ २ ॥ ध्रुव ॥
अनु विवर (सखि) हमर उपदेस ॥ ३ ॥
विरडा नाम जते हुपे सुनिअ
हठे छाडब से देस ॥ ४ ॥
सारो आनि से चानके सोपलह
देपतहि अपनी आखि ॥ ५ ॥
सूध मासु हाडहि सत्रो खएलक
केवल पखिआ राखि ॥ ६ ॥
भमि-भमि विरडी सबहि निहारए
डरे नहि करे उकामी ॥ ७ ॥
दही दूधहु सत्रो पएलक
गिरिहथ पलड उपासी ॥ ८ ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ।

विद्यापति-गीत-संग्रह, पद-सं० ३६

अर्थ—If you follow my advice, O friend ! you will particularly avoid (going at) night I

The parrot when well trained will be eaten away by a cat and there will be calmny in all the quarters II

O friend, you please follow my instruction. III

Wherever you hear the painful name of the cat you will at once leave that land IV

While you had your eyes open you surrendered to the moon your beauty V

He ate away the flesh along with the bones leaving only the wings VI

The she-cat moves here and there, she looks at every body, but on account of fear she does not (even) mew. VII

(The he cat) ate away even the curd and the milk, the house-holder remained without food VIII

परिषद् से प्रकाशित पदावली का पाठ—

हमरे वचने सखि सतत न जएबे
तहु परिहरिहह राति ।
पढल गुनल सुग बिराडे खाएब
सब दिस होएब अकान्ति ॥ध्रु०॥
अलुरि धरब हमर उपदेस ।
बिरडा नाम जते दुरे सूनिअ
हठे छाडब से देस ॥
सारो आनि सेचान के सोपलह
देपितहि अपनी आखि ।
सूध मासु हाडहि मओ खएलक
केवल पखिआ राखि ॥
भमि-भमि बिरडा सबहि निहारए
डरे नहि करए उकासी ।
दही दूधहु सओ पएलक
गिरिहथ पळल उपासी ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ।

पद-सं० ३६, पृ० ५२-५३

अर्थ—हे सखी, मेरे कहने से सदा मत जाया करो। उसपर भी रात को (तो जाना) छोड़ ही दो। (अर्थात्, मेरे कहने से आना-जाना कम कर दो।)

पढ़े-लिखे सुग्गे को बिलाव खा लेगा, चारों ओर उदासी छा जायगी।

हे कर्त्तव्यज्ञान-शून्ये। (मेरे) उपदेश का पालन करो। बिलाव का नाम जितनी दूर में सुनो, हठात् उस देश को छोड़ दो।

अपनी आँखो से देखते हुए भी तुमने सारिका को लाकर बाज को सौंप दिया।

(वह) शुद्ध मास हड्डी के साथ खा गया। केवल पाँखें रख दीं। घूम-घूमकर बिलाव सबको घूर रहा है। (कोई) डर के मारे खाँसता तक नहीं। दूध से दही तक वह खा गया। गृहस्थ उपासा (भूखा) रह गया।

ऊपर के तीनों पाठो पर ध्यान देने से ज्ञात होता है कि मित्र-मजूमदार इस पद को ठीक-ठीक पढ़ ही नहीं सके। इसमें कुछ ऐसे ठेठ ग्रामीण शब्द आये हैं, जिनका प्रयोग बाहर कम होता है। अतः, वे इस पद को न पढ़ सके, न समझ सके।

डॉ० झा इस पद के पढ़ने और अर्थ करने में बहुत-कुछ सफल हैं, किन्तु कई पक्तियाँ वे भी ठीक से न पढ़ सके हैं, न उनका अर्थ ही दे सके हैं, जैसे—'अलुरि घरब हमर उपदेस' को उन्होंने 'अनु बिवर हमर उपदेस' पढा है। 'अनु बिवर' शब्द यहाँ उपयुक्त नहीं है। इसी प्रकार छठी पक्ति मे 'जते दुपे सूनिञ' से उपयुक्त है 'जते दुरे सूनिञ।' नवीं पंक्ति 'सारो आनि से चानके सोपलह' तथा उसका अर्थ—'तुमने अपनी सुन्दरता चन्द्रमा को सौंप दी' एकदम अनुपयुक्त है। वहाँ 'सारो' का अर्थ 'सारिका' और 'सेचान' का अर्थ 'बाज' ही उपयुक्त है।

दूसरा उदाहरण—

मित्र-मजूमदार का पाठ—

टाट टुटले आङ्गन, बेकत सबे परदा राख।
टुना चटकराज सओ बेस, न दूती अइसन भाख॥
साजनि ते जसि बचन बोध
टाकुसन कुहिअ सोझो कर सिमाल किबाङ्ग
टेना चढलब, केहु न देखल, आँधे पोस न आनि
आबे दिने दिने तैसन, कएलह बाघ महिपाकानि॥
भनइ विद्यापतीत्यादि।

विद्यापति, पद-स० ५८८

अर्थ के सबध मे लिखा है—'अर्थ बुझा गेल ना।'

झा का पाठ—

टाट टुटले आङ्गन बेकत सबे ,परदा राप ॥१॥
टुना चटक बाज सओ रेसल दूती अइसन माप ॥२॥ ध्रुवं ॥
साजनि तेजसि बचन - रोध ॥३॥
टाकु सन हिअ सोझे करसि मानसि बाङ्क बिरोध ॥४॥
टेना चढल बकहुल देपल अँधेअ पोसल आनि ॥५॥
आबे दिने दिने तैसन कएलह बाघ महिसा कानि ॥६॥
भनइ विद्यापतीत्यादि।

विद्यापति-गीत-सग्रह, पद-सं० ४८

अर्थ—If the fence is damaged the yard becomes exposed (to public view) everybody therefore preserves the enclosing wall I

The confidante says that the sparrow has got itself united with the kite II

O lady, please give up your words of obstruction III

You are making your heart completely straight like a needle and think that there is disagreement with Krishna IV

I saw a *tena* (?) mounting a *bakahul* (?) a blind man brought and began to rear them up V

But you have, in course of time, grown an enemity like that of a tiger and a she-buffalo. VI

परिषद् से प्रकाशित पदावली का पाठ—

टाट टुटले आङ्गन बेकत
सबे परदा राप ।
डुना चटक राज सञो बेसन
दूती अइसन भाप ॥ ध्रु० ॥
साजनि तेजसि वचन रोध ।
टाकु सन हिअ सोझो करसि
मानसि बाङ्क विरोध ॥
टेना चढल बक बहुल देखल
अँधेअ पोसल आनि ।
आबे दिने दिने तैसन कएलह
बाघ महिसा कानि ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ।

पृ० ११६, पद ८५

अर्थ—टट्टर टूट जाने से आँगन व्यक्त (बेपर्द) हो जाता है। (इसलिए कोई टट्टर को टूटने नहीं देता।) सभी पर्दा रखते हैं। (अर्थात्, तुम्हे भी अपना पर्दा रखना चाहिए।)

अँगुली की हल्की चोट से जो टूट सकता है (वह कहीं) राजा से व्यसन (झगड़ा) करे ? दूती इसी तरह कहती है। (अर्थात्, तुम्हें भी झगड़ा नहीं करना चाहिए।)

हे सखी, बोलचाल बन्द करना छोड़ दो। टकुए के समान हृदय को सीधा करो। वक्रता से विरोध मानो। (अर्थात्, टेढ़ापन छोड़ दो।)

(मैं) टेना पर चढ़े हुए बहुतेरे बकों को देख चुकी हूँ। (फिर भी तुमने) अंधी मछली (अंधी मछली अर्थात्—मुग्धा नायिका) को लाकर पाल रखा है ?

एतकु अधिक विमुख जाएब अबे अनाइति मोरि
भने विद्यापति सुन तजे जुवति जे पुर परक आस।

विद्यापति, पद-सं० ५८६

अर्थ—एइ खानेर छाया बड़ शीतल, स्थाने-स्थाने रससमूह आछे। आमि एकला आछि। प्रिय देशान्तरे। दुर्जनेर एखाने नामओ शोना याय ना। पथिक! एखाने तोमार (चक्षु) लज्जा देखितेछि। एखाने विकीर जिनिष किछुइ दुर्मूल्य नहे, सब जिनिष एखाने पाओया याय। घरे शाशुड़ी नाइ, परिजन या आछे तारा पर, ननदिनी स्वभावे सरला। एत अधिक सुयोग थाकिते यदि विमुख हओ तबे आमार आयत्तेर बाहिरे। युवति, तुमि विद्यापतिर कथा शोन, से तोमार आशा परिपूर्ण करिबे।

परिषद् द्वारा प्रकाशित पदावली का पाठ—

बडि जुडि एहु तरुक छाहरि
ठामे ठामे बस गाम।
हमे एकसरि पिआ देसान्तर
नहीं दुरजन नाम ॥ ध्रु० ॥
पथिक एथा लेहे बिसराम।
जत बेसाहब कीछु न महघ
सबे मिल एहि ठाम ॥
सासु नही घर पर परिजन
ननद सहज भोरि।
एतहु अधिक बिमुख जाएब
अबे अनाइति मोरि ॥
भने विद्यापति सुन तजे जुवति
जे पुर परक आस ॥

पृ० ६२, पद-संख्या ४४

डॉ० झा का पाठ भी प्रायः इसी प्रकार का है, केवल निम्नलिखित पंक्तियों के पाठ और अर्थ में भिन्नता है—

बढि जुडि ए कुतुकक छाहरि ठामे ठामे बस गाम ॥ १ ॥
हमे एकसरि पिआ देसान्तर नही (रह) दुरजन नाम ॥ २ ॥

× × ×

सासु नही घर पर परिजन (नहि) ननद सहज भोरि ॥ ५ ॥

× × ×

भने विद्यापति सुन तजे जुवति जे पुर परक आस ॥ ७ ॥

अर्थ—The shade, [here during the] mid-day is very cool The villages are situated scatteredly. I

I am all alone My husband is in a foreign land There is no wicked person living [in this locality] II

The mother-in-law and the other inmates are not in the house, the sister-in-law is stupid by nature V

Vidyapati says —"O you, here, the damsel who fulfils the desire of another person is in fact praiseworthy VII.

परिषद्-पदावली का अर्थ—

इस पेड की छाया वडी शीतल है। स्थान-स्थान पर गॉव वसे हैं। मै अकेली हूँ, स्वामी परदेश मे हैं, (कहीं) दुर्जन का नाम नही है।

हे पथिक, यहाँ विश्राम लो। जो कुछ खरीदोगे, कुछ (भी) महँगा नहीं। सब कुछ यहाँ मिलेंगे।

घर मे सास नहीं हैं, परिजन परे हैं और ननद स्वभाव से ही भोली है। इतना रहते हुए भी विमुख होकर जाओगे, तो अब मेरा वश नही है।

विद्यापति कहते हैं—हे युवती, सुनो, जो दूसरे की आशा पूर्ण करता है. ..

विशेष—पद अपूर्ण है। अत मे एक पक्ति और अपेक्षित है।

समीक्षा—प्रथम पक्ति मे उपर्युक्त तीनो सग्रहो मे तीन प्रकार के पाठ हैं। मित्र-मजमूदार ने 'एहु तककी (ए खानेर)' और डॉ० झा ने कुतुकक (mid-day = दोपहर) पाठ दिया है और परिषद्-पदावली मे 'एहु तरुक (इस वृक्ष की)' पाठ है। 'तककी' का तो कोई अर्थ ही नही होता है। पता नहीं, कैसे उसका अर्थ—'ए खानेर (इस स्थान की)' कर लिया गया। 'ए कुतुकक (दोपहर की)' छाया से भी कोई युक्तिसंगत भाव नहीं बैठता। 'दोपहर के समय यहाँ की छाया बड़ी शीतल होती है'—यह अर्थ बड़ा अटपटा लगता है। दोपहर के समय क्या किसी एक स्थान की ही छाया शीतल रहेगी और दूसरे स्थान की नहीं? अतः, 'इस तरु की छाया बड़ी शीतल है'—यही अर्थ समीचीन प्रतीत होता है।

मित्र-मजूमदार का प्रथम पक्ति के शेषार्द्ध का पाठ—'ठामे ठामे रसगाम (स्थान-स्थान पर रस का समूह है) भी अनुपयुक्त है। रस के स्थान पर 'वस' होना चाहिए। उनकी तीसरी पक्ति 'पथिक एखाने हेरि सरम' भी वैसा ही अशुद्ध है और उसके अर्थ भी उसी प्रकार वे-सिर-पैर के हैं।

पाँचवीं पक्ति में डॉ० झा ने कोष्ठक में अपनी ओर से एक 'नही' और बैठा दिया है, जिसकी वहाँ कोई आवश्यकता नहीं है। उससे छन्द और लय—दोनों में गड़बड़ी हो जाती है।

अन्तिम पक्ति अधूरी है। मित्र-मजूमदार ने इसका जो अर्थ दिया है 'युवती, तुम विद्यापति की कथा सुनो, जो तुम्हारी आशा परिपूर्ण करेगा'—वह अद्भुत है।' उक्त पंक्ति से यह अर्थ निकलता ही नहीं। डॉ० झा ने भी इस पंक्ति के अर्थ को पूरा कर दिया है—'विद्यापति कहते हैं, ओ युवती, तुम सुनो। जो दूसरे व्यक्ति की अभिलाषा पूर्ण करता है,

सचमुच प्रशसनीय है।' 'सचमुच प्रशसनीय है'—यह वाक्य कहाँ से आ गया? इसका उल्लेख मूल में नहीं है। मूल में ही एक पंक्ति की छूट है। जो पंक्ति उपलब्ध है, उसका अर्थ केवल इतना होगा—'विद्यापति कहते हैं, हे युवती! तुम सुनो, जो दूसरे की अभिलाषा पूर्ण करता है......।'

नेपाल-पदावली के बहुत-से पद तरौनी-पदावली में भी मिलते हैं। तरौनी-पदावली अब उपलब्ध नहीं। नगेन्द्रनाथ गुप्त ने उसका जो पाठ दिया है, उसी पर अब निर्भर करना पड़ता है। जो पद नेपाल पदावली और तरौनी-पदावली—दोनो मे उपलब्ध हैं, नगेन्द्र बाबू ने उन पदों के लिए प्रायः तरौनी पदावली का पाठ ही स्वीकार किया है। मित्र-मजूमदार ने अपनी भूमिका में नगेन्द्रनाथ गुप्त की जितनी भी आलोचना क्यों न की हो, किन्तु पाठ-निर्धारण में उन्होंने प्रायः उन्हीं का अनुसरण किया है। मुख्य पाठ में जहाँ उन्होंने नगेन्द्रनाथ गुप्त का दिया हुआ तरौनी-पदावली का पाठ रखा है, वहाँ नीचे फुटनोट में नेपाल-पदावली का पाठभेद भी दिया है। किन्तु, अधिकांश स्थलों पर वे नेपाल-पदावली के पढ़ने में असफल रहे हैं। अतः, उनके द्वारा प्रदत्त नेपाल-पदावली का पाठ भी भ्रष्ट हो गया है। दृष्टांत के रूप में कुछ पदो का उल्लेख करना अनुचित न होगा। देखिए—

मित्र-मजूमदार का पाठ—

प्रथम समागम के नहि जान।
सम कए तौलल पेम पराण॥
मधत हुन बुझलओ अपरिपाटि।
बाढल बणिक घरहि घरसाटी॥
कि पुछह आगे सखि कि कहब आन।
बुझथे न पारल हरिक गेआन॥
बिकलए आनब रतन अमूल।
देखितहि बलि केह बाओल मूल॥
सुलभ मेल पहु न लहए हार।
काच तुला दए गहए गमार॥
गुरुतर रजनी वासर छोटि।
पासहु दूती विषए नहि पोटि॥
कसलकसोटीकसोटि न भेल मलान।
बिनु हुतासे भेल बारह बान॥
भनइ विद्यापति थिर रहु बानि।
लाभ न घटए मूलहु होअ हानि॥

पद-सं० ३०१ (पाद-टिप्पणी)

नगेन्द्रनाथ गुप्त (तरौनी-पदावली) का पाठ—

प्रथम समागम के नहि जान । सम कए तौलल पेम परान ॥
कसल कसउटा न भेल मलान । बिनु हुतबह भेल बारह बान ॥
बिकलए गेलिहु रतन अमोल । चिन्हि कहु बनिके घटाओल मोल ॥
सुलभ भेल सखि न रहए भार । काच कनक लए गाँथ गमार ॥
भनइ विद्यापति असमय बानि । लाभ लाइ गेलाहु मुलहु भेल हानि ॥

पद-सं० १६६

परिषद्-पदावली का पाठ (नेपाल-पदावली)—

प्रथम समागम के नहि जान
सम कए तौलल पेम परान ।
मधथहु न बुझल तुअ परिपाटी
बाडल बनिक घरहि घर साटी ॥ ध्रु० ॥
कि पुछह आगे सखि कि कहिबो ऑन
बुझए न पारल हरिक गेआन ।
बिकनए आनल रतन अमूल
देपितहि बनिके हराओल मूल ॥
सुलभ भेल पहु न लहए हार
काच तुला दए गहए गमार ।
गुरुतर रजनी वासर छोटि
पासङ्ग दूती विपए नहि पोटि ॥
कसल कसौटी न भेल मलान
बिनु हुतासे भेल बारह वान ॥
भनइ विद्यापति थिर रहु बानि
लाभ न घटए मूलहु हो हानि ॥

पद-सं० २५१

मित्र-मजूमदार ने नेपाल-पदावली का पाठभेद देते हुए लिखा है—'प्रथम दुइ चरण व्यतीत आर विशेष मिल देखा जाय ना ।' किन्तु, परिषद् की पदावली में उक्त पद का जो पाठ दिया गया है, उससे पता चलता है कि तरौनी-पदावली में प्राप्त दसों पंक्तियाँ यत्किंचित् पाठभेद के साथ नेपाल-पदावली में भी हैं। हाँ, छह पंक्तियाँ और हैं। मित्र-मजूमदार को यह भ्रम इसलिए हुआ कि वे उक्त पद को नेपाल-पदावली में ठीक से पढ नहीं सके। और देखिए—

मित्र-मजूमदार का पाठ (टिप्पणी से)—

हिमकर हेरि अवनत कर आनन
कएक कला पथ हेरि ।

नयन काजर लए लिखए विधुन्तुद
कए बहु ताहेरि सेरी ॥
माधव कठिन हृदय परवासी ।
तुअ पेयसि मोयँ देखल वराकिनी
अबहु पलटि घर जासी ॥

पद-सं० १७७ (पाद-टिप्पणी)

इसका शुद्ध पाठ इस प्रकार है—

हिमकर हेरि अवनत कर आनन
कए करुणा पथ हेरी ।
नयन काजर लए लिखए विधुन्तुद
कए रहु ताहेरि सेरी ॥ ध्रु० ॥
माधव कठिन हृदय परवासी ।
तुअ पेअसि मर्म देषलि वराकी
अबहु पलटि घर जासी ॥

परिषद्-पदावली, पद-सं० १६५

नगेन्द्रनाथ गुप्त का पाठ—

माधव कठिन हृदय परवासी ।
तुअ पेयसि मोर्ञ देखलि वराकिनि
अबहु पलटि घर जासी ॥
हिमकर हेरि अवनत कर आनन
कर करुणा पथ हेरी ।
नयन काजर लए लिखए विधुन्तुद
भए रह ताहेरि सेरी ॥

न० गु०, पद-सं० ७४८

इसी पाठ को मित्र मजूमदार ने मूल रूप मे स्वीकार किया है। किन्तु, आश्चर्य की बात तो यह है कि इस रूप को सामने रखकर भी मित्र-मजूमदार महाशय नेपाल-पदावली की पाण्डुलिपि के पढने मे कैसे भ्रम में पड़ गये।

इस पद का पाठ डॉ० सुभद्र झा ने भी दिया है। और सब पंक्तियो के पाठ में तो अन्तर नहीं है, किन्तु दो पंक्तियों का पाठ इस प्रकार है—

दाहिन पवन बह से कैसे जुवति सह करे कवलित तसु अङ्ग ।
गेल परान आस दए राखए दसन खेलि हए सुअङ्ग ॥

झा०, पद-सं० १६३

अर्थ—The southern breeze is blowing. How will the young girl bear it ? Her limbs have been devoured by the '*kara*' [?] VII.

The life, that is already gone, she retains through the agency of hope : [it seems as if] she is playing with the teeth of a snake VIII.

उक्त पंक्तियों में प्रथम पंक्ति का पाठ तो ठीक है, केवल अर्थ मे अशुद्धि है; किन्तु दूसरी पंक्ति का ही पाठ अशुद्ध है। इसी से अर्थ में भी अशुद्धि हो गई है। शुद्ध पाठ इस प्रकार है—

दाहिन पवन बह से कैसे जुवति सह
करे कवलित तसु अङ्गे।
गेल परान आस दए राखए
दस नखे लिहए भुअङ्गे॥

परिषद्-पदावली, पद-सं० १६५

अर्थ—दक्षिण वायु बह रही है। युवती कैसे उसका सहन कर सकती है? वह वायु उसके अंग को ग्रास बना रही है।

(विरहिणी) गये हुए प्राण को आशा देकर रख रही है और दस नखों से सर्प लिखती है। (अर्थात्, सर्प दक्षिण पवन को पी लेगा, तो उसके प्राण बच जायेंगे।)

नेपाल-पदावली की पाण्डुलिपि मे कुछ अक्षर ऐसे अस्पष्ट हो गये हैं, जो अबतक पढ़े नहीं जा सके थे। बहुत परिश्रम के साथ अधिकांश ऐसे स्थलों का पाठोद्धार परिषद्-पदावली में किया गया है। उदाहरण-स्वरूप निम्नलिखित पद पर दृक्पात कीजिए—

नगेन्द्रनाथ गुप्त का पाठ—

तोहे कुल मति रति कुलमति नारि।
बाँके दरशने भुलल मुरारि॥
उचितहु बोलइते आबे अवधान।
ससय मेलतहु तन्हिक परान॥
सुन्दरि कि कहब कहइते लाज।
मोर मेला से परहु सनो बाज॥
थावर जङ्गम मनहि अनुमान।
सबहिक विषय तोहर होअ भान॥

पद-सं० १०३

मित्र-मजूमदार का पाठ—

तोहे कुल मति रति कुलमति नारि।
बाङ्के दरसने भुलल मुरारि॥
उचितहु बोलइत अबे अवधान।
संसय मेलतहु तन्हिक परान॥

सुन्दरि की कहब कहइत लाज।
मोर भेला से परहु सयँ बाज ॥
थावर जङ्गम मनहि अनुमान।
सबहिक विसय तोहर होअ भान ॥

पद-सं० २५७

अर्थ—तुमि कुलवती रमणी, तोमार कुलेते मति ओ अनुराग, तोमार बाँका दृष्टिते मुरारि भुलिल। उचित कथा बलितेछि, एखन मन दिया शोन, ताहार प्राण सशय हइयाछे। सुन्दरि, कि बलिब, बलिते लज्जा करे, से अपरेर सहित कथा बलितेओ विह्वल हइल। स्थावर जगम मने अनुमान करिते सब विषयेइ तोमार भाव हय, अर्थात् याहा देखे ताहाइ मने हय येन तोमाकेइ देखितेछि।

डॉ० झा का पाठ—

तोहे कुलमति रति कुलमति नारि। बाङ्के दरसने भुलल मुरारि ॥१॥
उचितहु बोलइते अबे अवधान। ससय मेललह तन्हिक परान ॥२॥
सुन्दरि की कहब कहइते लाज। (तोर विलाले) परहु सजो बाज ॥३॥
थावर जङ्गम मन (न)हि अनुमान। सबहिक विषय तोहर होअ भान ॥४॥

पद-सं० १४२

1. These letters in the NMs. (Nepal Manuscripts are not distinct. Gupta reads as these 'मोर भेला से'।

अर्थ—O lady ! you are born in a noble family, your enjoyments, as well, are befitting such a noble family *Murari* has got enchanted at your crooked glance I

I am now careful even in speaking what is proper you have cast his life into danger II

O beautiful damsel, what shall I say ? I feel ashamed to say [this]: he talks [about your enjoyment] even to others III

His mind cannot distinguish between a movable object and an immovable one everywhere he has the impression that you are there IV

परिषद्-पदावली का पाठ—

तोहे कुलमति रति कुलमति नारि
बाङ्के दरसने भुलल मुरारि।
उचितहु बोलइते अबे अवधान
ससय मेललह तन्हिक परान ॥ध्रु०॥
सुन्दरि की कहब कहइते लाज
तोरे नामे परहु सजो बाज।
थावर जङ्गम मनहि अनुमान
सबहिक विषय तोहर होअ भान ॥

पद-स० १४४

विशेष—७वीं पंक्ति के मनहि में 'म' अधिक प्रतीत होता है।

अर्थ—तुम (स्वयं) कुलकामनी स्त्री हो। इसीलिए, कुलकामनी के समान तुम्हारा अनुराग है। (तुम्हारे) कुटिल कटाक्ष से कृष्ण भुला गये।

अब उचित बोलने में भी सावधान रहना पड़ता है। (कारण, तुमने) उनके प्राण को संशय में डाल दिया है।

हे सुन्दरी, क्या कहूँ ? कहते लज्जा होती है। तुम्हारे नाम से ही (अर्थात्, तुम्हारा नाम लेकर ही वे) दूसरों से भी बोलते हैं।

स्थावर और जगम का भी (उन्हें) अनुमान नहीं है। सबके विषय में तुम्हारा ही भान होता है।

सबसे पहले इसके पाठ पर विचार करें। नगेन्द्रनाथ गुप्त ने जो पाठ दिया है, मित्र-मजूमदार महोदय उससे आगे नही बढ़ सके, बल्कि कुछ पिछड़ ही गये। छठी पंक्ति का पाठ भ्रमात्मक है, क्योंकि वहाँ के अक्षर अस्पष्ट हैं। वहाँ गुप्तजी का पाठ है—'भोर मेला से परहु सञो वाज।' मित्र-मजूमदार महोदय ने ज्यो-का-त्यों वही पाठ रख दिया। उस पाठ के औचित्य पर विचार नही किया। दूसरा स्थल है ७वी पंक्ति का—'थावर जङ्गम मनहि अनुमान'। यहाँ भी भावबोध में कठिनता होती है। किन्तु, इस स्थल को भी उन्होंने ज्यों-का-त्यों छोड़ दिया। अपनी ओर से उन्होंने चौथी पंक्ति मे परिवर्त्तन किया है—'ससय मेललहु' के स्थान पर 'संसय मेलतहु' पाठ कर दिया है, जो नितान्त असंगत है। कारण, 'ससय मेललहु' का अर्थ होगा–'संशय में डाल दिया (भूतकाल) और 'ससय मेलतहु' का अर्थ होगा–'सशय में डालोगी'(भविष्यत्काल)।

अर्थ की दृष्टि से विचार करें तो और निराश होना पड़ेगा। कारण, प्रथम पक्ति का अर्थ दिया गया है—'तुमि कुलवती रमणी, तोमार कुलेते मति ओ अनुराग।' 'रति कुलमति नारि' का अर्थ होगा— 'कुलकामिनी नारी के समान तुम्हारा अनुराग है' न कि 'तोमार कुलेते मति ओ अनुराग'।

तीसरी पक्ति का अर्थ दिया गया है–'उचित कथा बलितेछि (सामान्य वर्त्तमान)' एखन मन दिया शोन।' यहाँ पाठ है 'उचितहु बोलइते अवे अवधान (मित्र-मजूमदार महोदय ने बोलइत कर दिया है), जिसका अर्थ होता है—'उचित बोलने में भी (पूर्वकालिक) अब सावधान रहना पड़ता है।'

पाँचवीं पंक्ति का अर्थ दिया गया है–'सुन्दरि, कि बलिब, बलिते लज्जा करे (मध्यम पुरुष)'। इस पंक्ति मे 'कहइते' पूर्वकालिक क्रिया है, जिसका अर्थ होता है 'कहते हुए'—(उत्तम पुरुष)। 'कहइते लाज'—अर्थात्, 'कहते हुए लज्जा होती है।'

छठी पंक्ति विवादास्पद है। गुप्त और मित्र-मजूमदार ने 'भोर भेला से परहु सञो वाज' (से अपेरर सहित कथा बलितेओ विह्वल हइल) पाठ दिया है। डॉ० झा ने अनुमान से 'तोर विलासे' पाठ दिया है, He talks [about your enjoyments] even

to others; क्योंकि अक्षर अस्पष्ट हैं। गुप्त और मित्र मजूमदार के तो पाठ और अर्थ—दोनों असम्बद्ध हैं। झाजी यथार्थ के कुछ निकट पहुँच सके हैं, किन्तु उनका पाठ भी शुद्ध नहीं है। उसका यथार्थ पाठ है—'तोरे नामे परहु सओ वाज' तुम्हारा नाम लेकर ही वे दूसरों से बोलते हैं, अर्थात् दूसरों से बोलते समय भी उन्हें तुम्हारा ही भ्रम हो जाता है।

सातवीं पंक्ति में पाण्डुलिपि का जो पाठ है, उससे सहज ही भाव स्पष्ट नहीं होता। इसीलिए झाजी ने वहाँ अपनी ओर से एक 'न' और बढ़ा दिया है—'थावर जगम मन (न) हि अनुमान।' छन्द और लय की दृष्टि से मूल पाठ में ही एक अक्षर अधिक है और वही अर्थबोध में बाधक भी है। अतः, वहाँ एक अक्षर जोड़ने की नहीं, घटाने की आवश्यकता है। 'मनहि' में 'म' अनावश्यक है, पाठ होना चाहिए—'थावर जगम नहि अनुमान।' इससे भाव स्पष्ट हो जाता है और छन्द तथा लय की भी त्रुटि नहीं रहती। परिषद् की पदावली में 'विशेष' के द्वारा यह उल्लेख कर दिया गया है।

पाठभेद के कारण अर्थ की कैसी दुर्गति अबतक होती रही है, उसका यत्किंचित् दिग्दर्शन हो चुका। भाषा और व्याकरण की दृष्टि से भी हम मित्र-मजूमदार महोदय के दिये हुए अर्थ पर थोड़ा विचार कर चुके हैं। उनकी पदावली में ऐसी अशुद्धियों की भरमार है। डॉ० झा की पदावली में इस प्रकार की भाषा और व्याकरण-संबंधी अशुद्धियाँ प्रायः नहीं हैं। किन्तु, विद्यापति ने बहुत-से ऐसे ठेठ शब्दों का प्रयोग किया है, जहाँ हठात् दृष्टि नहीं जाती। विद्यापति-पदावली के कतिपय शब्द अब अप्रचलित भी हो गये हैं। ऐसे स्थलों पर मित्र-मजूमदार ही नहीं, सुभद्र झा भी कहीं-कहीं स्खलित हो गये हैं। परिषद् की पदावली में ऐसे स्थलों पर युक्तियुक्त समीचीन अर्थ देने का प्रयास किया गया है। यथा—परिषद्-पदावली के १५ सख्यक पद में 'कारनि बैदे निरसि तेजलि' के 'कारनि' का अर्थ है रोगी (वैद्य ने रोगी को निराश होकर छोड़ दिया)। किन्तु, मित्र-मजूमदार ने 'कारनि' का अर्थ किया है—'कारण' (वैद्य कारण बुझिया निराश हइया त्याग करिल, मि० म० पद-सख्या ४१२, पृ० २७०)।

परिषद्-पदावली के १६२ सख्यक पद में 'नारङ्गि छोलङ्गि कोरि कि वेली' में मित्र-मजूमदार ने 'कोरि' का अर्थ—कुँड़ी अवस्था (बीस वर्ष तक की अवस्था) और 'वेली' का अर्थ 'समय' किया है (नारङ्गी छोलङ्गीर मत कुँड़ि अवस्थाय —मि० म० पद-सं० ४१३, पृ० २७०)।

डॉ० झा भी 'कोरि' के अर्थ में भटक गये हैं और उसे 'कोरिकि' लिखकर प्रश्न का चिह्न लगा दिया है। किन्तु, कोरी का अर्थ है–'वेर' (सं० कोली)।

इस प्रकार, अनेक स्थलों पर हुआ है। विस्तार-भय से अधिक नहीं दिया जा रहा है।

विद्यापति ने कुछ 'दृष्टिकूट' के पद भी लिखे हैं। 'दृष्टिकूट' अपनी कठिनता के लिए विख्यात है। विद्यापति के दृष्टिकूट भी अत्यन्त कठिन हैं। कहा जा चुका है कि

विद्यापति के पदों का संग्रह लोककण्ठ से ही हुआ है। जिन पदों का अर्थ बोधगम्य नहीं था, उनके पाठ भी सुरक्षित नहीं रह सके। इसी कारण विद्यापति के बहुत-से दृष्टिकूटों के अर्थ अबतक नहीं हो सके थे। अथक प्रयास के द्वारा प्रस्तुत संग्रह में उनके अर्थ दिये गये हैं। अन्य संग्रहों में भी उनके अर्थ करने का जहाँ प्रयास किया गया है, वहाँ से कुछ एक उदाहरण दे देना यहाँ अप्रासंगिक नहीं होगा। देखिए—

परिषद्-पदावली का पाठ—

हरि रिपु रिपु प्रभु तनय से घरिनी
तुलना रूप रमनी।
विबुधासन सम वचन सोहाओन
कमला सन सम गमनी ॥ ध्रु० ॥
साए साए देखलि जाइते मग
जिनए आइलि जग
विबुधाधिपपुर गोरी ॥
घटज असन सुत देखिअ तैसन मुख
चञ्चल नयन चकोरा।
हेरितहिं सुन्दरि हरि जनि लए गेलि
हर रिपु वाहन मोरा ॥
उदधि तनय सुत सिन्दुर लोटाओल
हासे देखलि रज कान्ती।
खटपद वाहन कोष बइसाओल
बिहि लिहु सिखरक पान्ती ॥
रवि सुत तनय दइ गेलि सुन्दरि
विद्यापति कवि भाने।

न० गु० प्र० १३, मि० म० पद-सं० १६६,
झा पद-स० १५३, प० पदावली पद-सं० १५५

नगेन्द्रनाथ गुप्त और मित्र-मजूमदार के पाठों में इससे कहीं-कहीं भिन्नता है। मित्र-मजूमदार महाशय ने इसके अर्थ के सबंध में लिखा है—'पदेर अर्थ उपलब्ध हय नाइ।'

झा महाशय ने इसका अर्थ इस प्रकार दिया है—

That lady is comparable to the wife of the son of the master of the enemy of *Hari*: her voice is as sweet as the food of the god, and her movement is like that of the bird whose food is lotus I-II

Lo! I saw the beautiful girl of the city of the lord of the gods going along the road, [it seemed as if] she had come to conquer the world. III,

Her face looked like the son of the food of the jar-born [sage] and her moving eyes were like *cakora* birds The moment I saw the beautiful girl it seemed as if she deprived me of the vehicle of the enemy of *Hara* and carried it away IV-V

The beauty of her teeth, I saw, when she smiled, it seemed that they were made roll on the vermilion of the son of the son of the ocean... VI-VII .

The beautiful girl gave the son of the son of the sun and went away . *Vidyapati,* the poet says VIII.

किन्तु, इस अर्थ से कुछ भी स्पष्ट नहीं होता। यह तो स्वयं गद्य में भी दृष्टिकूट ही है। परिषद्-पदावली में इसका अर्थ इस प्रकार है—

शब्दार्थ - हरि = कोकिल। हरि-रिपु = काक। —रिपु = उलूक। —प्रभु = लक्ष्मी। —तनय = कामदेव। विबुधासन (विबुध = देवता, असन = भोजन) = अमृत। कमलासन (कमल = एक फूल, असन = भोजन = हंस। विबुधाधिप = इन्द्र। घटज = अगस्त्य।—असन = समुद्र।—सुत = चन्द्रमा। हर रिपु = कामदेव। —वाहन = मन। उदधितनय = सीप। सुत = मौक्तिक। रज = रद = दाँत। खटपद = भ्रमर। —वाहन = कमल। रवि सुत = किरण। –सुत = ताप।

अर्थ—रतितुल्य रूपवाली (वह) रमणी (थी)। (उसका) वचन अमृत के समान सुहावना (था)। हंस के समान (उसकी) गति (थी)।

मार्ग में जाते हुए (उसको) देखा। (मालूम होता था, जैसे) संसार को जीतने के लिए स्वर्ग की अप्सरा आई हो।

चन्द्रमा के समान (उसका) मुख देखकर चकोर (के समान मेरे) नयन चंचल हो गये। देखते ही, मानों, सुन्दरी मेरे मन को हर ले गई।

हँसने के कारण (उसके) दाँतों की कान्ति देखी। (जान पड़ता था, जैसे) मोती सिन्दूर में लोट रहा हो (अथवा) विधाता ने कमल-कोष में पद्मराग मणि की पंक्ति लिखकर बैठा दी हो।

कवि विद्यापति कहते हैं कि सुन्दरी ताप देकर चली गई।

नेपाल-पदावली में प्राप्त सभी दृष्टिकूटों के अर्थ करने का प्रयास परिषद्-पदावली में किया गया है। किन्तु, निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि यही उनका वास्तविक अर्थ है। सम्भव है, शुद्ध पाठ के अभाव में अर्थ में त्रुटि रही हो। उसका निराकरण शुद्ध पाठ प्राप्त होने पर ही हो सकेगा।

छन्द-लय—

विद्यापति के सभी पद रागों में बद्ध हैं। नेपाल-पदावली में जितने पद प्राप्त हुए हैं, कुछ को छोड़कर प्रायः सबके ऊपर रागों के नाम दिये हुए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि इन पदों का सकलन गाने के उद्देश्य से ही किया गया था।

गेय पदों में छन्द और मात्रा का विचार प्रायः वैसी सतकता से नहीं होता, जैसी सतर्कता से कवित्त, सवैया आदि में होता है। यही कारण है कि मात्रा के ऊपर ध्यान देने से बड़े-बड़े गायकों—जैसे स्वामी हरिदास, तानसेन आदि—द्वारा रचे गये पदों मे भी मात्रा-संबधी दोष पाये जाते हैं। सूर के पदों में भी यह दोप अनेक स्थलों पर मिलता है। किन्तु, मात्रा की यह त्रुटि लय के द्वारा पूरी हो जाती है। इसीलिए, पदों में लय पर ही अधिक ध्यान दिया जाता है। लय की ओर ध्यान रखने से मात्रा और छन्द की भी अधिक गड़बड़ी नहीं हो पाती।

विद्यापति के पदों में भी छन्द और मात्रा का निर्देशक एकमात्र लय ही है। उसपर ध्यान नहीं देने से भ्रम में पड़ जाने की संभावना बहुत अधिक है। इस संस्करण मे इस संबंध में पूर्ण ध्यान देने की चेष्टा की गई है।

नेपाल-पदावली का नमूना अलग दिया गया है। उसमें शब्दों को अलग करके नही लिखा गया है। कहीं-कही चरणों को भी अलग नहीं किया गया है। इसलिए, अर्थ पर ध्यान रखकर ही पदच्छेद करना पड़ता है। किन्तु, ऐसे स्थलो पर चरणों के विच्छेद के लिए लय और तुक ही मार्ग-निर्देशक हैं। इनपर ध्यान नही रखने से भारी भ्रम होने की समावना रहती है। इसी भ्रम में पहले के कई सम्पादक पड़ चुके हैं। उदाहरण-स्वरूप परिषद्-पदावली के १८५ संख्यक पद को लें। उसका पाठ मित्र मजूमदार ने इस प्रकार दिया है—

हाथिक दसन, पुरुष वचन, कठिने बाहर होए।
ओ नहि लुकए, वचन चुकए, कते करओ कोए॥
साजनि अपद गौरव गेल।
पुरुष करमे, दिवस दुखने, सबे विपरित भेल॥
जानल सुनल ओ नहि कुजन तेह मेलाओलरीति
हसु तारापति॥
तारापति रिपु खडन कामिनि सुहवर वदन सुशोभहे
राजमराल ललितगति सुन्दर से देखि मुनिजन मोहे॥
पियतम समन्दु सजनी।
सारङ्ग रङ्ग वदन ततेह रिपु अति सुख ततेह महधि रजनी॥
दितिसुत रतिसुत असिबद दारुण तातह वेदन होइ।
परक पीडाए जे जन पारिअ तेसन न देखिअ कोइ॥
भणइ विद्यापतीत्यादि॥

इस पद पर ध्यान देने से पता चलता है कि प्रथम पाँच पक्तियों के छन्द और लय एक प्रकार के हैं तथा शेप पंक्तियो के दूसरे प्रकार के। प्रथम पाँच पंक्तियों के भाव से शेप

अन्तिम पक्तियो के भाव एकदम भिन्न हैं। मित्र-मजूमदार के पाठ मे और भी अनेक अशुद्धियाँ हैं, किन्तु यह अशुद्धि तो सबसे भयानक है। इससे अर्थ भी भ्रमात्मक हो गया है।

डॉ॰ सुभद्र झा ने इस पद का पाठ देते समय भाव और छन्द का ध्यान रखा है। इसीलिए, उन्होंने दो पदो को एक समझने की भूल नहीं की है। उन्होंने प्रथम पाँच पक्तियो को अलग पद मानकर उन्हे अधूरे पदो की श्रेणी में रखा है और शेष पक्तियो को अलग पद माना है। उन्होंने पद का आरम्भ इस प्रकार किया है—

> हसु तारापति रिपु खण्डन कामिनि
>
> गृहवर वदन सुशोभे।
>
> बाज मराल ललित गति सुन्दर
>
> से देखि मुनि जन मोहे ॥ ध्रु०॥

पद-सं० १८३

किन्तु, उनके पाठ में भी भ्रम रह ही गया है। कारण, 'हसु' का इस पद से कोई सबध नहीं है। यह तो पूर्वलिखित खडित पद का अंश है। इस 'हसु' ने प्रथम पंक्ति के लय और छन्द —दोनों को नष्ट कर दिया है।

इसी भ्रान्ति के कारण अर्थ में भी गड़बड़ी हो गई है। मित्र-मजूमदार ने ६ठी, ७वीं और ८वी पक्तियों का अर्थ इस प्रकार दिया है—

"ताहार सुन्दर मुख मदनकेओ पराजित करे एव कामिनीकुलके लुब्ध करे। ताहार राजहसतुल्य ललित सुन्दर गति मुनिजनेरओ मोह घटाय।" यह अर्थ उन पक्तियों से निकलता ही नहीं। यह बे-सिर-पैर का अर्थ है। सदर्भ पर ध्यान देने से पता चलता है कि 'ताहार' का प्रयोग मित्र-मजूमदार महाशय ने नायक के लिए किया है। किन्तु, यह एकदम अनुपयुक्त है। इन पक्तियो में नायिका की सुन्दरता का वर्णन है, न कि नायक की। 'नायक' की ललित गति की उपमा क्या कहीं राजहंस की गति से दी जा सकती है और उसपर मुनिजन भी मोहित हो सकते हैं?

डॉ॰ झा ने इन पक्तियो का अर्थ इस प्रकार दिया है—

The face of the girl is as beautiful as the residence of the wife of the killer of the enemy of the smiling lord of the stars I

While walking in an artistic fashion like a goose she is uttering [a few sweet words], noticing this even hermits get attracted [towards her] II

इसमें भी प्रथम पक्ति का अर्थ 'हसु' को ले आने के कारण भ्रमात्मक हो गया है। 'हसु तारापति' का अर्थ 'smiling lord of the stars' करना पडा है, जो न उपयुक्त है और न आवश्यक ही।

अतः 'तारापति' से ही पद का आरम्भ है—

तारापति रिपु खंडन कामिनि गृहवर वदन सुसोभे।
राजमराल ललित गति सुन्दर से देखि मुनिजन मोहे॥

परिषद्-पदावली, पद-सं० १८५

शब्दार्थ—तारापति = चन्द्रमा। -रिपु = राहु। -खडन = विष्णु। -कामिनी = लक्ष्मी। -गृहवर = कमल।

अर्थ—कमल के समान मुख सोह रहा है (और) राजहंस के समान सुन्दर गति है, जिसे देखकर मुनिजन मोहित हो रहे हैं।

इसी प्रकार परिषद्-पदावली के २२० सख्यक पद में डॉ० झा ने दो पंक्तियों का पाठ इस प्रकार दिया है—

सुन्दरि तोके बोलओ पुनु-पुनु बेरा एक परिहासे॥
भने से ओल ओ बोल बोलह ननू॥

इसे इस प्रकार होना चाहिए—

सुन्दरि तोके बोलओ पुनु पुनु।
बेरा एक परिहासे भने सें ओल ओ बोल बोलह ननु॥

इस प्रकार, अन्य स्थलो पर भी हुआ है। उदाहरण के लिए कुछ ही स्थलों का निर्देश किया गया है। अस्तु।

अन्त में एक बात और हम निवेदन कर देना चाहते हैं कि इस ग्रंथ में उन्हीं महानुभावों की आलोचना हुई है, जिनके प्रति हमारे हृदय में आदर का भाव है। कारण, उन्ही के ग्रंथो को आधार मानकर हमने यह कार्य किया है, इसलिए हम उनके आभारी हैं। त्रुटि होना सवसे समव है। इस ग्रथ में भी त्रुटियाँ हुई होगी। इस संवध मे जो महानुभाव हमें समीचीन सुझाव या सशोधन निर्देशित करने की कृपा करेंगे, हम उनके आभारी होंगे और यथासंभव उनपर विचार कर उनका समावेश अगले सस्करण मे करेंगे।

भूमिका के सवध में भी एक निवेदन है। इस वृहदाकार ग्रथ की भूमिका भी वृहदाकार ही होगी। अतः, इस खड की भूमिका में हम केवल इतिहास-अंश का ही समावेश कर सके हैं। अन्य विषयों का समावेश अगले खंडो में किया जा सकेगा।

इस खड की सम्पादित सामग्री के निरीक्षण-परीक्षण के लिए विद्यापति-स्मारक समिति की ओर से एक सम्पादक-मण्डल मनोनीत किया गया था। उसके चार सदस्य थे—(१) स्व० तारापद चौधुरी, संस्कृत के मर्मज्ञ विद्वान् थे; (२) स्व० प० विष्णुलाल शास्त्री, मैथिली लिपि के सुविख्यात विशेषज्ञ थे, (३) डॉ० सुधाकर झा शास्त्री, मैथिली एवं हिन्दी के प्रसिद्ध विद्वान् हैं और (४) बाबू लक्ष्मीपति सिंह मैथिली के मर्मज्ञ हैं। दुर्भाग्यवश डॉ० तारापद चौधुरी और प० विष्णुलाल शास्त्री का असामयिक देहावसान प्रस्तुत खड के प्रकाशन से पूर्व ही

हो गया। उनके स्थान पर क्रमशः संस्कृत के विशिष्ट विद्वान् प० जटाशंकर झा और मिथिलाक्षर के विशेषज्ञ प० बलदेव मिश्र मनोनीत हुए। विद्यापति-स्मारक समिति द्वारा प्रस्तुत सामग्री का निरीक्षण-परीक्षण इन्होने जिस मनोयोग एव परिश्रम से किया है, उसके लिए हम इन्हे हृदय से धन्यवाद देते हैं।

साथ ही, इस संस्करण को यथासम्भव सुन्दर बनाने में विद्यापति-स्मारक-समिति के क्षेत्र-पदाधिकारी प० श्रीशशिनाथझाजी का परिश्रम सर्वथा प्रशंसनीय है। इनके हार्दिक सहयोग के कारण ही इस ग्रंथ का सम्पादन और प्रकाशन संभव हुआ। ये संस्कृत, हिन्दी और मैथिली के गंभीर विद्वान् हैं और सबसे अधिक ये मर्मज्ञ और कर्मठ हैं। इनके सहयोगी श्रीदिनेश्वर लाल 'आनन्द' और श्रीबजरंग वर्मा, एम्० ए० का कार्य भी श्लाघनीय है। इन्होंने विद्यापति का अनुशीलन बड़ी तत्परता से किया है। शुभमस्तु।

श्रीनगर (पूर्णिया)

२२।१२।६१

श्रीगङ्गानन्द सिंह

भूमिका

महाकवि विद्यापति

जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धा कवीश्वराः।
नास्ति येषां यशःकाये जरामरणजं भयम्॥

निरवधि संसार में सावधि कुछ भी नहीं। 'अणोरणीयान् महतो महीयान्'—यह उपनिषद्वाक्य प्रत्येक विषय में भासमान प्रतीत होता है। हाँ, उसकी प्रत्यभिज्ञा के लिए पर्यवेक्षण-चातुर्य की आवश्यकता है। यही बात कवि और कलाकार के विषय में भी अक्षरशः चरितार्थ है। क्या कवि, क्या कलाकार—एक-से-एक बढ़कर—न जाने, कितने हो गये, कितने हैं, कितने होंगे,—कौन कह सकता है? वैदिक कवि की चर्चा छोड़ दीजिए, उनका तो ठीक से पता भी नहीं; किन्तु लौकिक कवि ही, वाल्मीकि से लेकर आज तक, कितने हो गये,—कोई नही कह सकता। अधिकाश तो परिस्थितिवश अरण्य-कुसुम के समान एकान्त मे ही विकसित हो, शून्य मे सौरभ बिखेरकर, चले गये। कितने तो 'स्वान्तः सुखाय' ही रचना करके, रचना के साथ ही, सदा के लिए अनन्त की गोद मे सो गये, जिनका आज पता भी नही। हाँ, जिनके भाग्य अच्छे थे, या यो कहे कि हमारे भाग्य से जिन्हे सदाश्रय मिला हुआ था, अवश्य ही उनके साहित्यारविन्द का मकरन्द आज भी दिग्दिगन्त को सुरभित कर रहा है।

महाकवि विद्यापति ऐसे ही भाग्यशाली कवियो मे एक थे। उन्हे प्रकृति-नटी की रगस्थली मिथिला-सी जन्मभूमि तथा सद्गुण-रत्नाकर महाराज शिवसिंह के समान आश्रयदाता मिले हुए थे। तभी तो उनकी कविता-कामिनी ने अपनी वीणा की झंकार से दिल्ली के तुगलक-राजघराने से लेकर वग के चैतन्य-महाप्रभु तक के हृदय को झंकृत एवं मंत्र-मुग्ध-सा कर दिया। दूसरों की क्या बात, स्वय विद्यापति भी अपनी कविता से मुग्ध होकर कह बैठे हैं—'ई निच्चअ नाअर-मन मोहइ !'

महाकवि विद्यापति संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान् थे। उनके बनाये अनेक ग्रन्थ-रत्न संस्कृत मे आज भी प्रकाशित तथा अप्रकाशित रूप में पाये जाते हैं। परन्तु, उन्हे इतने से ही संतोष न हुआ। उनकी वाग्मती सरस्वती गंगाजमुनी के रूप मे निर्बाध बहने को उतावली हो उठी। इसका प्रमुख कारण यह था कि उनके वंश को राज्याश्रय का सौभाग्य बहुत पहले से ही प्राप्त था। अत, नाना-देशवासी गुणियों, कलाकारों और विद्वानो का साहचर्य उन्हे सहज ही प्राप्त था। नाना-भाषा-भाषियों के इस साहचर्य से कवि को अनेक भाषाओं का पाण्डित्य स्वतः सिद्ध था। पुरातन कवियो मे विद्यापति को छोड़कर दूसरा कोई भी कवि दृष्टिगत नही होता, जिसकी कविता

विविध भाषाओं में पाई जाती हो। इतर संस्कृतज्ञ विद्वानों की तरह देशी भाषाओं को अनादर की दृष्टि से देखने का अभ्यास उनके वंश में न था। विद्यापति के पिता गणपति ठाकुर[1] एव उनके पुत्र हरपति[2] और पुत्रवधू चन्द्रकला[3] ने भी 'देसिल बयना' में रचना करके कविता-कामिनी का शृङ्गार किया है। और, महाकवि विद्यापति ने तो देशी भाषा की मधुरिमा पर संस्कृत की गरिमा को भी निछावर कर दिया था। अतः, समकालीन विद्वानों के कुटिल आक्षेप के निक्षेप से झुँझलाकर उन्होंने कह ही तो दिया—'देसिल बअना सबजन मिट्ठा।'

विद्यापति की प्रतिभा बहुमुखी थी। उन्होंने राजनीति, धर्मशास्त्र, दायभाग, यात्रा-वृत्तान्त आदि अनेक विषयों पर ग्रन्थ-रचना की। जिस प्रकार उनके पद आज भी जन-मन को आप्यायित कर रहे हैं, उसी प्रकार उनके ग्रन्थ भी विद्वानों को सन्तुष्ट कर रहे हैं। विद्यापति का संस्कृत, अवहट्ठ और मैथिली—तीनों भाषाओं पर समान अधिकार था। अतएव निर्बाध रूप से उन्होंने तीनों भाषाओं में रचनाएँ की हैं। उनके पद इतने कोमल-कान्त एव भावप्रवण हैं कि केवल मैथिली-भाषी ही नहीं, बंग-भाषी भी उन्हें अपने साहित्य की अतुलनीय निधि समझते हैं।

विद्यापति का वंश-परिचय

मध्ययुग के कितने ही कवियों और विद्वानों ने अपने ग्रन्थ के आरंभ या अन्त में अपने वंश का परिचय दिया है। मिथिला के भी कई विद्वानों ने अपने ग्रन्थ में ऐसा किया है। परन्तु, विद्यापति ने अपने किसी ग्रन्थ में या किसी पद में अपने वंश के बारे में कुछ भी नहीं लिखा है, इसीलिए विद्यापति के बारे में नाना प्रकार की भ्रान्तियाँ फैल गईं। बिहार, बंगाल, असम, उड़ीसा एव नेपाल में उनके पद इतने लोकप्रिय हुए कि वहाँवालों के वे अपने हो गये। बंगाल में तो चैतन्य महाप्रभु और उनके अनुयायी वैष्णवों ने विद्यापति के पदों को इस तरह अपनाया कि वहाँ के परवर्त्ती कितने ही कवियों ने उनकी भाषा-शैली की नकल की और हजारों पद लिख डाले। धीरे धीरे ऐसा भी समय आया कि बंगालियों ने उन्हें बिलकुल अपना लिया—आत्मसात् कर लिया। इसीलिए, जॉन बीम्स ने १८७३ ई० की 'इण्डियन एण्टिक्वेरी' में लिखा कि विद्यापति का असली नाम वसन्त राय और उनके पिता का नाम भवानन्द राय था। वे जाति के ब्राह्मण थे। उनका निवास-स्थान जसोहर जिले का 'बालासोर' गाँव था।

सर्वप्रथम राजकृष्ण मुखोपाध्याय ने १८७५ ई० के 'बंगदर्शन' में जॉन बीम्स के उपर्युक्त कथन का खण्डन करते हुए सप्रमाण लिखा कि विद्यापति बंगाली नहीं, मैथिल थे और मिथिला के महाराज शिवसिंह के दरबार में रहते थे। राजकृष्ण मुखोपाध्याय के

१. त्रैमासिक 'साहित्य', अक्टूबर, १९५७, पृ० ४५।

२. विद्यापति ठाकुर, पृ० ६६-६७।

३. रागतरंगिणी, पृ० ५२।

लेख को पढ़कर जॉन वीम्स ने भी अपनी गलती महसूस की। प्रायः इसीलिए, उन्होंने १८७५ ई० के अक्टूबर महीने की 'इण्डियन एण्टिक्वेरी' में उपर्युक्त लेख का साराश प्रकाशित किया। किन्तु, इतना होने पर भी बगालियो ने तबतक विद्यापति का मैथिल होना स्वीकार नही किया, जबतक कि १८८१ ई० मे सर जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने, जो कि उस समय दरभंगा जिले के मधुबनी सबडिवीजन के मैजिस्ट्रेट थे, मैथिल ब्राह्मणों के पञ्जीप्रबन्ध का अनुसन्धान करके अपने 'मैथिली क्रिष्टोमेथी' नामक सुप्रसिद्ध ग्रन्थ में विद्यापति के प्राक्तन सात पुरुषो के और अधस्तन बारह पुरुषो के नाम प्रकाशित नही किये। सम्प्रति विद्यापति के अधस्तन चौदहवें और पन्द्रहवे पुरुष वर्त्तमान हैं। मैथिल-पञ्जीप्रबन्ध के अनुसार विद्यापति का वशवृक्ष सह-सलग्न है, जिसमें व्यवहृत आस्पदों से पता चलता है कि विद्यापति के पूर्वपुरुष महाविद्वान् थे। उन्होंने राजकीय उच्च पदों को सुशोभित किया था। कर्मादित्य ठाकुर का आस्पद 'त्रिपाठी' था। इसीसे ज्ञात होता है कि वे तीनों वेद के ज्ञाता थे।

स्वर्गीय चन्दा झा (चन्द्र कवि) ने 'पुरुष-परीक्षा' की भूमिका मे और नगेन्द्रनाथ गुप्त ने 'विद्यापति-पदावली' की भूमिका में किसी मन्त्री कर्मादित्य को देवादित्य का पिता कहा है, जिसके लिए उन्होंने 'हावीडीह' (दरभगा) मे प्रतिष्ठित 'हैहट्ट देवी' के मन्दिर के शिलालेख को प्रमाण-स्वरूप उद्धृत किया है।[१] स्वर्गीय शिवनन्दन ठाकुर ने इसी का समर्थन किया है।[२] महामहोपाध्याय डॉ० उमेश मिश्र ने भी इसी आधार पर कर्मादित्य को कर्णाट-वंश के प्रथम महाराज नान्यदेव का मंत्री कहा है।[३] किन्तु, यह युक्तिसगत नहीं प्रतीत होता। कारण, उस शिलालेख से ही ज्ञात होता है कि २१३ ल० स०, अर्थात् १३२२ ई० में हैहट्ट देवी की प्रतिठा हुई थी। महाराज नान्यदेव का राज्य-काल १०८६ ई० से ११२४ तक था।[४] इसलिए, यह कथमपि समव नहीं है कि नान्यदेव के मत्री ने नान्यदेव से २०० वर्ष बाद हैहट्टदेवी की स्थापना की हो। महामहोपाध्याय परमेश्वर झा ने लिखा है, महाराज रामसिंह की पत्नी सौभाग्य देवी की आज्ञा से मन्त्री कर्मादित्य ने हैहट्ट देवी की स्थापना की थी।[५] किन्तु यह भी सदेहास्पद ही है। कारण, रामसिंह का राज्यकाल ११६१ ई० से १२८२ ई० तक था,[६] इसलिए रामसिंह की मृत्यु के ४० वर्ष बाद, जबकि उनके पौत्र हरिसिंहदेव मिथिला के राज-सिंहासन पर आसीन थे और कर्मादित्य के पुत्र तथा पौत्र—देवादित्य एवं वीरेश्वर—भी दिवगत हो

---

१. अब्दे नेत्रशशाङ्कपक्षगदिते श्रीलक्ष्मणक्ष्मापतेर्मासि श्रावणसञ्ज्ञके मुनितिथौ स्वात्या गुरौ शोभने।
हावीपट्टनसंज्ञके सुविदिते हैहट्टदेवी शिवा कर्मादित्यसुमन्त्रिणेह विहिता सौभाग्यदेव्याज्ञया॥

२. महाकवि विद्यापति, पृ० १२-१३।

३ विद्यापति ठाकुर, पृ० ६-१०।

४. मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० ६७।

५. वही, पृ० ११८।

६ वही, पृ० ११६-११८।

चुके थे, तब रामसिंह की पत्नी की आज्ञा से कर्मादित्य का हैहट्ट देवी की प्रतिष्ठा करना असंभव है। महामहोपाध्याय मुकुन्द झा बख्शी ने भी हैहट्ट देवी के प्रतिष्ठाता कर्मादित्य का उल्लेख देवादित्य का पिता कहकर किया है,[1] किन्तु वह भी उपर्युक्त तर्क के निकष पर कसने से खरा नहीं उतरता। डॉ० जयकान्त मिश्र ने भी लिखा है कि कर्मादित्य ने राजा हरिसिंहदेव के राज्य-काल में (१३३२ ई० में) हैहट्टदेवी की प्रतिष्ठा की थी।[2] किन्तु यह भी समीचीन नहीं है। कारण, मुहम्मद तुगलक ने १३२६ ई० में मिथिला पर अधिकार किया था और हरिसिंहदेव ने गिरि-गह्वर की शरण ली थी,—यह प्रसिद्ध ऐतिहासिक तथ्य है।[3] मिश्रजी ने भी अपने ग्रन्थ 'हिस्ट्री ऑफ मैथिली लिटरेचर' के अन्त में स्वीकार किया है कि 'हरिसिंहदेव का राज्य-काल १२९६ ई० से १३२३-२४ ई० तक था।' अतः, हैहट्टदेवी के प्रतिष्ठाता कर्मादित्य देवादित्य के पिता कर्मादित्य से भिन्न व्यक्ति थे और विद्यापति के पूर्वज त्रिपाठी कर्मादित्य मंत्री नहीं थे।

महामहोपाध्याय परमेश्वर झा ने लिखा है कि नान्य राजा के सान्धिविग्रहिक मन्त्री हरादित्य ठाकुर (विशैवार-मूलक) मैथिल ब्राह्मण थे। उनके बाद कर्मादित्य ठाकुर (देवादित्य के पुत्र) मन्त्री हुए। प्रमाणस्वरूप उन्होंने 'गंगाभक्तितरंगिणी' का प्रारंभिक श्लोक उद्धृत किया है।[4] किन्तु उस श्लोक में गणपति ने अपने को 'धीरेश्वर का पुत्र' कहा है। विशैवार-मूलक धीरेश्वर के पुत्र गणपति नहीं, जयदत्त थे। गणपति जयदत्त के पुत्र और धीरेश्वर के पौत्र थे,[5] अतः परमेश्वर झा द्वारा प्रमाणस्वरूप उद्धृत 'गंगाभक्तितरंगिणी' के श्लोक से ही उनका कथन खण्डित हो जाता है। किञ्च, नान्यदेव के मन्त्री ठक्कुर श्रीधर थे। श्रीधर ने अन्धराठाढ़ी (दरभंगा) में श्रीधर (विष्णु) की प्रतिष्ठा की थी, जिसके पाद-पीठ में उट्टङ्कित शिलालेख से यह प्रमाणित हो जाता है कि नान्यदेव के मन्त्री क्षत्रियवशावतंस श्रीधर थे, न कि कर्मादित्य ठाकुर।[6]

---

१ मिथिलाभाषामय इतिहास, पादटिप्पणी, पृ० ४९० ।

२ हिस्ट्री ऑफ् मैथिली लिटरेचर, भाग १, पृ० १३५-३६ ।

३ वस्वब्धिबाहुशशिसम्मितशाकवर्षे पौषस्य शुक्लदशमी क्षिति (रवि)सूनुवारे।
त्यक्त्वा स्वपट्टनपुरीं हरिसिंहदेवो दुर्दैवदेशितपथो गिरिमाविवेश ॥
—पञ्जी-प्रबन्ध (मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १४३)।

४ सद्विद्याकुलयोर्विशेषमखिलं विज्ञाय नान्यो ददौ
वृत्तिं यस्य पितामहाय मिथिलाभूमण्डलाखण्डल।
श्रीधीरेश्वरसूनुरन्वहमसावभ्यस्य भाट्टं मतं
गङ्गाभक्तितरङ्गिणीं गणपतिर्ब्रूते सताम्प्रीतये ॥
—मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १०२।

५ देखिए—विद्यापति का वंशवृक्ष।

६ ॐ श्रीमान्नान्यपतिर्जेता गुणरत्नमहार्णवः।
यत्कीर्त्या जनितं विश्वे द्वितीयक्षीरसागरं ॥

उपर्युक्त विवेचन-विश्लेषण से स्पष्ट हो जाता है कि देवादित्य ठाकुर ही सर्वप्रथम कर्णाट-साम्राज्य के 'सान्धिविग्रहिक' पद पर प्रतिष्ठित हुए। 'पञ्जी-प्रबन्ध' में उनके नाम के साथ ही सर्वप्रथम 'सान्धिविग्रहिक' उपाधि का उल्लेख हुआ है। देवादित्य के पुत्र वीरेश्वर, पौत्र चण्डेश्वर तथा गणेश्वर के पुत्र गोविन्ददत्त—सबने अपने को 'देवादित्यकुलोद्भवः' कहकर ही गौरवान्वित किया है। किसी ने कर्मादित्य का उल्लेख नहीं किया है। देवादित्य के मन्त्रिपद पर प्रतिष्ठित होने से उक्त वंश का राजनीतिक सम्मान बहुत बढ़ गया। इसीलिए उनके वंशजों ने अपने को 'देवादित्य का वंशधर' कहने में सम्मान का बोध किया।

देवादित्य के पुत्र पाणागारिक वीरेश्वर-कृत छन्दोग-पद्धति,[1] देवादित्य के तृतीय पुत्र महामहत्तक गणेश्वर की आज्ञा से प्रतिहस्त भवशर्मा द्वारा लिखित 'सुगतिसोपान',[2]

मन्त्रिणा तस्य नान्यस्य चत्रवंशाब्जभानुना।
देवोऽयं कारितः श्रीमान श्रीधरः श्रीधरेण च॥

यस्याग्रम्—वाल्मीकेर्विजयिप्रबन्धजलधौ व्यासस्य चालङ्कृते
बाणाद्यैरनवद्यगद्यचतुरैरन्यैश्च विस्तारिते।
अस्माकं क पुनर्गिरामवसरः को वा करोत्यादर-
यत्न बालवचोऽप्य . .. ॥

—के० पी० जायसवाल, जर्नल ऑफ् दि बिहार ऐण्ड उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी, भाग ९, पृ० ३०३-४, १९२३ ई०।

१ देवादित्यकुले जातः ख्यातस्त्रैलोक्यसंसदि।
पद्धतिं विदधे श्रीमान् धीमान वीरेश्वरः स्वयम्॥
—मैनुस्क्रिप्ट्स इन मिथिला, भाग १, पृ० १२३।

२ अभूद्देवादित्यः सचिवतिलको मैथिलपते-
र्निजप्रज्ञाज्योतिर्दलितरिपुचक्रान्धतमसः।
समन्तादश्रान्तोल्लसितसुहृदर्कोपलमणौ
समुद्भूते यस्मिन द्विजकुलसरोजैर्विकसितम्॥
अस्मात् महादानतडागयागभूदानदेवालयपूतविश्व।
वीरेश्वरोऽजायत मन्त्रिराजः क्ष्मापालचूडामणिचुम्बिताङ्घ्रिः॥
लसन्महीपालकिरीटरत्नरोचिश्छटारञ्जितपादपद्म-।
अस्यानुजन्मा गुणगौरवेण गणेश्वरो मन्त्रिमणिश्चकास्ति॥
म्लापयन्ननिशमौर्वनिभप्रतापै-
र्गौडावनीपरिवृढं सुरतानसिन्धुम्।
धर्मावलम्बनकरः करुणार्द्रचेता-
यस्तीरभुक्तिमतुलामतुलम्प्रशास्ति॥
श्रीमानेष महामहत्तममहाराजाधिराजो महा-
सामन्ताधिपतिर्विकस्वरयशःपुष्पस्य जन्मद्रुमः।
चक्रे मैथिलनाथभूमिपतिभिः ससाङ्गराज्यस्थितिं
प्रौढानेकवशंवदैकहृदयो दोःस्तम्भसम्भावितः॥
—मैनुस्क्रिप्ट्स इन मिथिला, भाग-१, पृ०-५०५-६।

गणेश्वर के पुत्र रामदत्त-कृत 'वाजसनेयिसंस्कारपद्धति'[1], गणेश्वर के द्वितीय पुत्र गोविन्ददत्त-कृत 'गोविन्दमानसोल्लास'[2] और देवादित्य के पौत्र—वीरेश्वर के पुत्र—सप्तरत्नाकरकार महामहत्तक मन्त्रिवर चण्डेश्वर-कृत 'कृत्यचिन्तामणि'[3] और

१. सन्धिविग्रहमन्त्रीन्द्रदेवादित्यतनूद्भवः ।
भूमिपालशिरोरत्नरञ्जिताङ्घ्रिसरोरुहः ॥
सान्धिविग्रहिकश्रीमद्वीरेश्वरसहोदरः ।
महामहत्तकः श्रीमान् विराजति गणेश्वरः ॥
श्रीमता रामदत्तेन मन्त्रिणा तस्य सूनुना ।
पद्धतिः क्रियते रम्या धर्म्या वाजसनेयिनाम् ॥

—मैनुस्क्रिप्ट्स इन मिथिला, भाग १, पृ० ३५५ ।

२. एतस्मिन्नवनीतले नृपशिरःश्रेणीमणीमञ्जरी-
मञ्जुज्योतिरसीमरञ्जितपदः कर्णाटवंशाङ्कुरः ।
जागर्त्ति प्रतिपक्षपक्षमलक्षशामप्राप्तसन्तापदो-
राजा श्रीहरिसिंह एष सकलक्षोणीभुजामग्रणीः ॥
एतन्मन्त्री निखिलनृपतिश्रेणिभिर्वन्दनीयो-
देवादित्यः सकलमहिमस्थानमासीदसीमः ।
यस्योदञ्चद्विकचितदलस्रग्विचित्रैर्यशोभि-
र्धम्मिल्लेषु त्रिदशयुवतेः कापि लक्ष्मीर्वितेने ।
अस्यात्मजो जयति निर्मलकीर्तिपूर-
दूरप्रसारितचकोरमदप्रसादः ।
श्रीमान् गणेश्वर इति क्षितिपालमौलि-
रत्नांशुमञ्जरितपादसरोरुहश्रीः ॥
ज्येष्ठे मन्त्रिशिरोमणौ विजयिनि श्रीमानि वीरेश्वरे
निस्सीमाहितमत्तिभूपितयशोधौतत्रिलोकश्रिया ।
अमुं किं रजनीकरेन्द्रहृदयाहङ्कारधिक्कारिणि
श्रीरामेऽनुजलक्ष्मणस्य चरितं लोकोत्तरं स्थापितम् ॥
श्रीमानेष महामहत्तकमहाराजाधिराजो महा-
सामन्ताधिपतिर्विकस्वरयशःपुष्पस्य जन्मद्रुमः ।
चक्रे मैथिलनाथभूमिपतिभिः सप्ताङ्गराज्यस्थितिं
प्रौढानेकवशंवदैकहृदयो दोःस्तम्भसम्भावितः ॥
तस्यात्मजेन गुणिना नयसागरेण
गोविन्ददत्तकृतिना हरिकिङ्करेण ।
येनामुना जनयता जनतानुरागं
लोकत्रयं धवलितं विमलैर्यशोभिः ॥

—मैनुस्क्रिप्ट्स इन मिथिला, भाग १, पृ० १०८।

३ आसोन्मैथिलतीरभुक्तिविषये मन्त्रप्रभावाहत-
प्रत्यर्थिक्षितिनायकान्धतमसश्चक्रं द्विजानां प्रियः ।
शौर्योल्लासितमण्डलस्सुमनसामध्यैश्च पद्माश्रयो-
देवादित्य इति त्रिलोकमहितो मन्त्रीन्द्रचूडामणिः ॥

'कृत्यरत्नाकर'' में देवादित्य, वीरेश्वर एवं गणेश्वर की बहुत प्रशंसा की गई है। देवादित्य को उपर्युक्त ग्रन्थों में 'मन्त्रीन्द्रचूडामणि' और 'मन्त्रिरत्नाकर' कहा गया है। किन्तु वे कर्णाट-वंश के किस राजा के समय मंत्रिपद पर प्रतिष्ठित हुए, इसका उल्लेख नहीं है। 'गोविन्दमानसोल्लास' के अनुसार वे महाराज हरिसिंहदेव के मंत्री थे। उनके पुत्र

स्रष्टाऽसौ राजलक्ष्म्यास्सचिवकुलगुरुस्तेजसा विश्वसाक्षी
क्षीणानाथानुकम्पापरवशहृदयो जङ्गमः पारिजातः।
ध्यस्तसेनापतीनामपथगतिमतां बुद्धिसिन्धोरगस्त्यो-
हम्वीरध्वान्तमानुर्निखिलनिजगुणैस्तोषयामास विश्वम ॥
फूत्कारोपहता फणीन्द्रशिरसि क्रोडाननेदंष्ट्रया
बिद्धा कूर्मकठोरपृष्ठकपर्णैः पीडामुपेता चिरम्।
कार्णाटाधिपमन्त्रिणि प्रविलसत्कीर्त्तिप्रतापे महा-
दानौघव्यसने नयैकसुहृदि क्षोणी सुखं वर्त्तते ॥

—मिथिलाभाषामय इतिहास, पृ० ४८७-८८।

१ अस्ति श्रीहरिसिंहदेवनृपतिर्निश्शेषविद्वेषिणां
निर्माथी मिथिलाम्प्रशासदखिलां कर्णाटदेशोद्भवः।
आशाः सिञ्चति यो यशोभिरमलैः पीयूषधारोद्भवै-
र्देव. शारदशर्वरीपतिरिवाशेषप्रियम्भावुकः ॥
अस्मिन् दिग्विजयोद्यते बलमरात् कुब्जीभवद्भिः फणै-
रन्योन्य निविडं मिलद्भिरमितः शेषः सहस्रेण स'।
गच्छत्यम्बुभवान्धवे दिनपतौ प्रत्यक् पयोधेर्धः
सद्य' सह कुचदब्जकोरकवपुः साम्यमालम्बते ॥
मा मा खेद भजध्व जलधिमुपगते बान्धवे पङ्कजाना-
मन्तः पञ्चेषुरोषव्यसनभयजुषश्चक्रवाका वराकाः।
श्रीमत्कर्णाटभूमीपतिमुकुटमणि' प्रीणयन्नद्य लोका-
नेष प्रौढप्रतापधु मणिरुदयिनी सम्पदं सन्तनोति ॥
एतस्याद्भुतसन्धिविग्रहधुरां पात्रं पवित्रीकृत-
क्ष्मालोकः शरदिन्दुसुन्दरयशस्सन्दोहगङ्गाम्बुधि'।
आसीन्मन्त्रमयधु तिप्रतिहतामित्रान्धकारोदयो-
देवादित्य इति प्रसन्नहृदयो देवद्रुमो जङ्गम ॥
महादानैस्तैस्तैर्विभवमहितैर्नन्दितमभूत्
कुलं भूदेवानां बहुविधमखैस्तैर्मखभुजाम्।
तडागैरावासैः कमलमधुपानोन्मदनदद्-
द्विरेफश्रेणीनामुपकृतमनेन क्षितितलम् ॥
गुणाम्भोधेरस्मादजनि रजनीजानिरुदधे-
रिवाम्भोजाद्वेधो द्रुहिण इव मन्त्रीशतिलक.।
नव पीयूषांशोरमृतमिव शक्तिप्रणयिनो-
नयादर्थं श्लाघ्यादिव जगति वीरेश्वर इति॥

वीरेश्वर और वीरेश्वर के पुत्र चण्डेश्वर भी हरिसिंहदेव के मंत्री थे। ऐसी अवस्था में पितामह से लेकर पौत्र तक एक समय में ही मन्त्रिपद पर नियुक्त हुए होंगे, यह सभव नहीं। अतः, निश्चित है कि देवादित्य हरिसिंहदेव से पूर्व ही मन्त्रिपद पर आये होंगे। म० म० परमेश्वर झा का यह कथन युक्तिसगत है कि देवादित्य महाराज रामसिंह के सान्धिविग्रहिक मन्त्री थे।[१] डॉ० उपेन्द्र ठाकुर ने लिखा है कि सभवतः कर्मादित्य ठाकुर रामसिंहदेव के सान्धिविग्रहिक मन्त्री थे।[२] इस तथ्य के प्रमाणस्वरूप उन्होंने चण्डेश्वर-कृत कृत्यचिन्तामणि एव पजीप्रबन्ध के उद्धरण[३] प्रस्तुत किये हैं। किन्तु उन्हीं उद्धरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्हे देवादित्य ठाकुर लिखना चाहिए, नकि कर्मादित्य ठाकुर। अतः, देवादित्य ठाकुर ही सर्वप्रथम मन्त्रिपद पर महाराज रामसिंहदेव के काल में आसीन हुए। अवश्य ही वे महाराज हरिसिंहदेव के समय तक जीवित थे और वृद्धावस्था मे भी मन्त्रिपद पर वर्त्तमान थे।

महामहत्तक चण्डेश्वर ठाकुर ने अपने कृत्यचिन्तामणि नामक ग्रन्थ में देवादित्य के लिए 'हम्मीरध्वान्तभानुः' विरुद का प्रयोग किया है।[४] यह विरुद अबतक विवाद का विषय है।

लक्ष्मीभाजो द्विजेन्द्रानकृत कृतमतिर्यो महादानदानै
प्रादत्तोच्चैस्तु रामप्रभृतिपुरवर शासन श्रोत्रियेभ्य।
वापीश्चक्रे ध्रुवबन्धु' दहिमतनगरे निर्जितारातिदुर्गः
प्रासादस्तेन तुङ्गो व्यरचि सुकृतिना शुद्धसोपानमार्ग. ॥
य' सन्धिविग्रहविधौ विविधानुभाव.
शौर्योदयेन मिथिलाधिपराज्यभारम्।
निर्मत्सरं सुनयसञ्चितकोषजातं
सप्ताङ्गसद्वदनसम्भृतमेव चक्रे ॥
प्रज्ञावता सदसि संसदि वाक्पटूना
राज्ञा समासु परिषत्स्वपि मन्त्रभाजाम्।
चित्तेऽर्थिनाञ्च कवितास्वपि सत्कवीना
वीरेश्वर' स्फुरति विश्वविलासिकीर्त्ति. ॥
आमानमुष्य तनयो नयचक्रचार-
राचारवन्त्यनवकल्पतरुप्ररोहः ।
सत्सन्धिविग्रहधुरीणपदावलम्ब-
श्चण्डेश्वरो विजयते सचिवावतंस' ॥

× × ×

एष मैथिलमहीभुजा भुजद्वन्द्ववारितसमस्तवैरिणा।
श्रीविद्यायिनि कुलक्रमागते सन्धिविग्रहपदे नियोजित' ॥

—मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १२२-२५।

१ मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० ११६।
२. हिस्ट्री ऑफ मिथिला, पृ० २७०।
३. देखिये पृ० ६, पादटिप्पणी ३ तथा पृ० १०, पादटिप्पणी ७।
४. देखिये पृ० ६, पादटिप्पणी ३।

हम्वीरदेव (हम्मीर) रणथम्भौर के राजा थे। अलाउद्दीन खिलजी ने १२९९ ई० मे उनके विरुद्ध चढ़ाई की। सन् १३०० ई० मे वह युद्ध समाप्त हुआ, जिसमें हम्वीरदेव मारे गये।[१] उस समय महाराज हरिसिंहदेव मिथिला के राजा थे। म० म० परमेश्वर झा ने लिखा है कि महाराज शक्रसिंहदेव (शक्तिसिंह) ने रणथम्भौर की लड़ाई में हम्वीरदेव के विरुद्ध अलाउद्दीन को सहायता की थी। उक्त युद्ध मे शक्रसिंह के साथ मंत्रिवर देवादित्य तथा वीरेश्वर भी गये थे और देवादित्य की सहायता से प्रसन्न होकर अलाउद्दीन ने उन्हे 'मन्त्रिरत्नाकर' की उपाधि दी थी।[२] किन्तु झाजी ने शक्रसिंहदेव की मृत्यु १२९५ ई० मे स्वीकार की है और उसी वर्ष महाराज हरिसिंहदेव का राज्यारोहण भी स्वीकार किया है।[३] अतः, उन्हीं के ऐतिहासिक विवेचन से उनका यह कथन खडित हो जाता है कि शक्रसिंह ने रणथम्भौर के युद्ध में अलाउद्दीन की सहायता की थी। डॉ० उपेन्द्र ठाकुर और डॉ० आर० सी० मजूमदार भी इसी उलझन में पड़कर यथार्थ निष्कर्ष पर पहुँचने में असफल रहे हैं। डॉ० ठाकुर ने 'हम्वीरध्वान्तभानुः' को शक्रसिंह का विरुद मान लिया है और उनके राज्य-काल को १३०३ ई० तक खीच लाने का प्रयास किया है।[४] किन्तु, तथ्य तो यह है कि 'हम्वीरध्वान्तभानुः' विरुद का प्रयोग देवादित्य के लिए हुआ है, शक्रसिह के लिए नही।[५] डॉ० आर० सी० मजूमदार ने भी इस तथ्य पर विचार किया है। उन्होने शक्रसिंह का शासन काल १२८० ई० के पहले ही स्वीकार किया है। उनका विश्वास है कि हरिसिंहदेव १२८० ई० या उसके पहले ही राजगद्दी पर बैठे। और, इस आधार पर उन्होंने इस तथ्य को बिलकुल अप्रामाणिक ही मान लिया। उनका कथन है कि ये सभी जनश्रुतियाँ तथ्यहीन हैं।[६] किन्तु, इस तथ्य को असत्य कहकर हटा देने से एक महान् ऐतिहासिक सत्य का अपलाप हो जायगा। देवादित्य के पौत्र मंत्रिवर चण्डेश्वर ने इस सम्बन्ध में जो लिखा है, उसपर अविश्वास नही किया जा सकता। कवीश्वर चंदा झा ने भी देवादित्य और वीरेश्वर द्वारा रणथम्भौर के युद्ध में भाग लेने तथा अलाउद्दीन द्वारा देवादित्य को 'मन्त्रिरत्नाकर' की उपाधि दिये जाने का उल्लेख किया है।[७]

'गोविन्दमानसोल्लास' के प्रारम्भिक श्लोकों से ज्ञात होता है कि देवादित्य महाराज हरिसिंहदेव के राज्यकाल मे जीवित थे। डॉ० आर० सी० मजूमदार ने भी उन्हे महाराज हरिसिंहदेव का मन्त्री स्वीकार किया है।[८] जिस समय रणथम्भौर का

---

१ दि हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ इंडियन पीपुल, भाग ६, पृ० ३९८।

२ मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० ११९।

३ वही, पृ० १२१।

४ हिस्ट्री ऑफ् मिथिला, पृ० २७५।

५ देखिए पृ० ६, पादटिप्पणी ३।

६ दि हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ् इंडियन पीपुल, भाग ६, पृ० ३९८।

७ पुरुषपरीक्षा, मिथिलाभाषानुवाद (चंदा झा), पृ० ५४।

८. दि हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ् इंडियन पीपुल, भाग ६, पृ० ३९७।

युद्ध हुआ था, उस समय शक्रसिंह नहीं, हरिसिंहदेव राजा थे; किन्तु राज्य-कार्य का भार उनके मन्त्रियों पर ही था। मिथिला में प्रचलित 'पञ्जीप्रबन्ध'[१] के अनुसार कवीश्वर चन्दा झा[२] एवं म० म० परमेश्वर झा[३] ने लिखा है कि महाराज हरिसिंहदेव का जन्म १२९४ ई० में हुआ तथा राज्यारोहण के समय वे अबोध बालक थे।[४] डॉ० उपेन्द्र ठाकुर ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है कि राज्यारोहण के समय महाराज हरिसिंहदेव अल्पवयस्क थे और उनकी नाबालिगी में मन्त्रियों (देवादित्य, वीरेश्वर आदि) ने ही राज्य-कार्य का भार ७-८ वर्षों तक सँभाला।[५] इसी काल में रणथम्भौर का युद्ध हुआ था। अतः, निश्चित है कि देवादित्य और वीरेश्वर ने इस युद्ध में अलाउद्दीन खिलजी की सहायता की थी और इसी उपलक्ष्य मे देवादित्य को 'मन्त्रिरत्नाकर' की उपाधि मिली थी। अतएव, चण्डेश्वर ने देवादित्य को 'हम्मीरध्वान्त-भानुः' कहा है। किन्तु, उक्त घटना के कुछ दिनो के बाद ही देवादित्य की मृत्यु हो गई। इसका पता चण्डेश्वर-कृत 'कृत्यरत्नाकर' से लगता है, जहाँ उन्होंने देवादित्य के लिए 'आसीत्' लिखकर भूतकाल और वीरेश्वर के लिए 'स्फुरति' लिखकर वर्त्तमान काल का प्रयोग किया है।[६]

देवादित्य के सात पुत्र थे[७], जिनके आस्पद क्रमशः (१) पार्णागारिक, (२) महावार्त्तिक-नैबन्धिक, (३) महासामन्ताधिपति, (४) भाण्डागारिक, (५) स्थानान्तरिक, (६) मुद्राहस्तक और (७) राजवल्लभ थे। इन आस्पदो का यथार्थ ज्ञान विद्यापति-कृत 'लिखनावली'[८]

---

१. शाके श्रीहरिसिंहदेवनृपतेर्भूपार्क (१२१६) तुल्ये जनि-
स्तस्माद्दन्तमितेऽब्दके द्विजगणैः पञ्जीप्रबन्धः कृतः।
—मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १३६।

२. पुरुषपरीक्षा, मिथिलाभाषानुवाद, पादटिप्पणी, पृ० ६७।

३ मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १३४।

४. 'दि हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ् इंडियन पीपुल' ने हरिसिंह का राज्यारम्भ १२८० मे (भाग ६, पृ० ३९८) तथा प्रो० राधाकृष्ण चौधरी ने १२८५ ई० में माना है। (हिस्ट्री ऑफ् बिहार, पृ० १२७)।

५. हिस्ट्री ऑफ् मिथिला, पृ० २८०।

६. देखिए पृ० ७, पादटिप्पणी १।

७ गढविसपी-स० बीजी-विष्णु शर्मा, विष्णुशर्मसुतो हरादित्य', हरादित्यसुत कर्मादित्य', कर्मादित्यसुतौ सान्धिविग्रहिकदेवादित्य-राजवल्लभभवादित्यौ, देवादित्यसुता पार्णागारिक वीरेश्वर—वार्त्तिकनैबन्धिक धीरेश्वर—महासामन्ताधिपति गणेश्वर—भाण्डागारिक जटेश्वर—स्थानान्तरिक हरदत्त—मुद्राहस्तक लक्ष्मीदत्त—राजवल्लभ शुभदत्ता भिन्नमातृकाः।
—पञ्जीप्रबन्ध।

८. स्वस्ति। पर्णशालात सप्रक्रियमहापार्णागारिकठक्कुरश्रीअमुकमहाशयाः भाण्डागारिक-श्रीअमुकान् संवादयन्ति।—लिखनावली, पृ० ४१।
स्वस्ति। राजधानीत सप्रक्रियमहावार्त्तिकनैबन्धिकठक्कुरश्रीअमुकमहाशयाः वार्त्तिक-श्रीअमुकं संवादयन्ति।—वही, पृ० ४३।

से होता है। इन आस्पदों से यह भी ज्ञात होता है कि ये सातों भाई उच्च राजकीय पदों पर आसीन थे। डॉ० विमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि 'देवादित्य के सात पुत्रों में केवल विद्यापति के प्रपितामह धीरेश्वर विशुद्ध पंडित थे। उनका आस्पद था—वार्त्तिक-नैबन्धिक, जिसका विवेचन किसी भी ग्रन्थ में नहीं पाया जाता। ·· ·· विद्यापति के प्रपितामह धीरेश्वर पण्डित होते हुए भी उच्च राजपद के अधिकारी नहीं थे।'[१] किन्तु उपर्युक्त विवेचन से ही उनका कथन निर्मूल हो जाता है।

देवादित्य के बाद वीरेश्वर बड़े प्रतापी मंत्री हुए। उन्होंने ही मिथिला में 'सप्ताङ्ग-राज्यस्थितिः' की स्थापना की। डॉ० उपेन्द्र ठाकुर ने लिखा है कि शक्रसिंह के समय में संभवतः चण्डेश्वर महथा ने सप्तश्रेष्ठों की सभा बनाई।[२] किन्तु, स्वयं चण्डेश्वर ठाकुर ने अपने पिता वीरेश्वर को यह श्रेय दिया है।[३] गणेश्वर के द्वितीय पुत्र गोविन्ददत्त ने भी 'गोविन्दमानसोल्लास' में अपना परिचय देते हुए वीरेश्वर को ही 'सप्ताङ्गराज्यस्थितिः' का कर्त्ता कहा है।[४] इसके साथ ही पञ्जीप्रबन्ध से यह भी पता चलता है कि देवादित्य के सातों पुत्र (वीरेश्वर सातों भाई) एक-एक श्रेष्ठ राजकीय पद पर आसीन थे। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वीरेश्वर ने ही 'सप्ताङ्गराज्यस्थितिः' की सृष्टि की और स्वयं सातों भाई एक एक श्रेष्ठ पद पर आरूढ हो गये। वीरेश्वर सभी भाइयों में श्रेष्ठ थे, अतः उनकी मर्यादा भी सर्वाधिक सम्मानपूर्ण थी। इसीलिए, गोविन्ददत्त ने उन्हें 'महामहत्तक-महाराजाधिराजो महासामन्ताधिपतिः' कहा है। इससे प्रमाणित होता है कि महाराज हरिसिंहदेव की शैशवावस्था में लोग वीरेश्वर को महाराजाधिराज तक कहने लगे थे। संलग्न वंशवृक्ष के अनुसार सर्वप्रथम देवादित्य ही 'सान्धिविग्रहिक' के पद पर आसीन हुए थे[५]। उनकी मृत्यु के बाद वीरेश्वर और उनके बाद चण्डेश्वर क्रमशः उक्त पद पर आये। इसी से चण्डेश्वर ने कृत्यरत्नाकर में अपने को 'कुलक्रमागते सन्धिविग्रहपदे नियोजितः' लिखा है। गणेश्वर के आदेश से प्रतिहस्त भवशर्मा द्वारा रचित 'सुगतिसोपान' के प्रारम्भिक श्लोकों

स्वस्ति। श्रीकरणात् समस्तप्रक्रियाविराजमानमहासामन्ताधिपतिमहामहत्तकठक्कुर-श्रीअमुकमहाशया साधुलोकान् वाणिज्योपजीविन सर्वान् संवादयन्ति।—वही, पृ० २६।
स्वस्ति। कोषागारात समप्रक्रियमहामाण्डागारिकठक्कुरश्रीअमुकेश्वर महाशयाः मुद्राहस्तक-श्रीअमुकान् संवादयन्ति।—वही, पृ० ४६।
स्वस्ति। श्रीकरणात समप्रक्रियमहासान्धिविग्रहिकठक्कुरश्रीअमुकमहाशया स्थानान्तरिकश्रीअमुकान् समादिशन्ति।—वही, पृ० २६।

१. मित्र-मजूमदार, विद्यापति-पदावली की भूमिका, पृ० ७।
२ हिस्ट्री ऑफ् मिथिला, पृ० २७७।
३ देखिए पृ० ६, पादटिप्पणी ३।
४ देखिए पृ० ६, पादटिप्पणी २।
५. देखिए विद्यापति का वंशवृक्ष।

से यह भी पता चलता है कि उसके निर्माण के समय वीरेश्वर की मृत्यु हो चुकी थी। इसी से उनके लिए लेखक ने 'अजायत' लिखकर भूतकाल का प्रयोग किया है।[१]

'सुगतिसोपान' के प्रारम्भिक श्लोकों से यह भी पता चलता है कि गणेश्वर भी महाराज हरिसिंहदेव के मन्त्री थे।[२] विद्यापति ने भी 'पुरुषपरीक्षा' में सुबुद्धि-कथा के प्रसङ्ग में इसका स्पष्ट उल्लेख किया है।[३] इस उज्ज्वल वंश में एक-से-एक बढकर विद्वान्, लेखक, राजनीतिज्ञ और महामहत्तक ने जन्म ग्रहण किया था। यह वंश मिथिला में बहुत पहले से ही समादृत रहा है। कर्णाट-वंशी राजाओं के समय से प्रारंभ करके ओइनवारवंशी राजाओं के समय तक सर्वदा इस वंश का सबन्ध राज-परिवार में रहा। इसी अवदात वंश में मैथिल कविकोकिल विद्यापति ने जन्म ग्रहण किया था।

विद्यापति की जन्मभूमि

महाकवि विद्यापति का जन्म दरभंगा जिले के बेनीपट्टी थाने के अन्तर्गत 'विसफी'-नामक गाँव में हुआ था। दरभंगा से जो रेलगाड़ी उत्तर-पश्चिम की ओर जाती है, उसी में तीसरा स्टेशन कमतौल है। कमतौल से ढाई कोस पर ईशान कोण में यह गाँव है। यह गाँव बहुत बड़ा है—कोसों दूर में फैला हुआ है। मिथिला में आज भी एक कहावत प्रचलित है—'बीसा सए हर विसफी बहए, तइओ विसफी पड़ले रहए।' अर्थात्, बीस सौ हल विसफी में बहते हैं, फिर भी विसफी गाँव पड़ा रह जाता है। विसफी की चतुर्दिक् सीमा के सम्बन्ध में वहाँ के बड़े-बूढ़ों का कथन है—'दह दच्छिन, पैन पच्छिम, पूब सिलोखरि, उत्तर रतनजोइ।'[४] यह गाँव लगभग चार कोस में फैला हुआ है। इसमें कई टोले हैं। जिस टोले में विद्यापति ने जन्म ग्रहण किया था, उसे 'गढ विसफी' कहते हैं। सभव है, पहले वहाँ किसी राजा का गढ़ रहा हो। वहीं विद्यापति के बीजी पुरुष विष्णुशर्मा का निवास था। उनके समय से विद्यापति के बहुत बाद तक विद्यापति के वंशजों का निवासस्थान विसफी ही रहा। आज भी गाँव के आग्नेय कोण में विद्यापति की जन्मभूमि का टीला वर्त्तमान है। टीले से पश्चिम एक छोटा-सा तालाब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में विद्यमान है। टीले से तालाब तक सुरंग है। कहते हैं, विद्यापति के घर की स्त्रियाँ उसी सुरंग होकर तालाब में स्नान करने को जाया करती थीं। टीले से पूर्व में, उत्तर से दक्षिण की ओर बहती हुई कमला नदी की पुरानी धारा है। टीले के ऊपर यत्र-तत्र पुरानी ईंटें दृष्टिगत होती हैं।

---

१. देखिए पृ० ५ की पादटिप्पणी २।

२. देखिए, पृ० ५, पादटिप्पणी २।

३. आसीन्मिथिलायां कर्णाटकुलसम्भवो हरिसिंहदेवो नाम राजा। तस्य सांख्यसिद्धान्त-पारगामी दण्डनीतिकुशलो गणेश्वरनामधेयो मन्त्री बभूव।—पुरुष-परीक्षा।

४. दह = ह्रद। पैन = नाला। सिलोखरि = एक तालाब। रतनजोइ = एक नदी।

आज से लगभग सौ वर्ष पहले एकनाथ ठाकुर, जो विद्यापति की दसवीं पीढ़ी में थे, विसफी से सौराठ आये। सौराठ एकनाथ ठाकुर का ननिहाल था। उनके मामा घारे झा एक प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। वे अपने बहनोई तुला ठाकुर के दिवगत होने पर भागिनेय एकनाथ ठाकुर को, जिनकी अवस्था उस समय आठ-दस वर्ष से अधिक नही थी, अपने घर ले आये। तब से विद्यापति के वशज सौराठ में ही हैं।

विद्यापति के समय से ही विसफी अकर —ब्रह्मोत्तर के रूप में उनके वशजों के हाथ मे था। सन् १८५० ई० की बात है। उस समय विद्यापति के वश मे मैया ठाकुर थे। मैया ठाकुर एकनाथ ठाकुर के पुत्र थे। उनका, सौराठ गाँव के राम झा और लक्ष्मण झा से, जो दोनों सहोदर भाई थे, मतभेद था। राम झा और लक्ष्मण झा ने अँगरेजी सरकार की अदालत में आवेदन किया कि विद्यापति ठाकुर सिद्ध पुरुष थे। जमीन-जायदाद से उन्हें प्रयोजन नहीं था। मैया ठाकुर विना सम्बन्ध-सरोकार के सन्तान बनकर उनकी जायदाद—विसफी—का उपभोग कर रहे हैं।

अदालत से मैया ठाकुर की तलब हुई। उन्होंने उत्तर मे महाराज शिवसिंह का दिया ताम्रपत्र और अपनी वशावली दिखलाई। पजीकारों ने भी पजी-प्रबन्ध लेकर साक्ष्य दिया। जज ने सब-कुछ देख-सुनकर मैया ठाकुर के पुत्रों के नाम से विसफी का बन्दोबस्त कर दिया।

जिस समय की यह घटना है, उस समय विद्याकर मिश्र अदालत मे पण्डित के पद पर थे। हिन्दू-दायभाग का विवेचन-विश्लेषण करके जज को समझाना उनका काम था। उन्होंने उपर्युक्त ताम्रपत्र का अनुवाद करके जज को समझाया कि महाराज शिवसिंह ने 'ब्रह्मोत्तर' के रूप में यह गाँव विद्यापति को दिया था। इसलिए यह गाँव 'अकर' है। इसका कर नही लगना चाहिए। किञ्च, ताम्रपत्र में शपथ दी हुई है कि इस गाँव से कर वसूल करनेवाले हिन्दू राजाओ को गोमास खाने का और तुर्क राजाओ को सूअर के मास खाने का फल होगा। अतः, इस गाँव का बन्दोबस्त करना उचित नहीं।

किन्तु, जज अँगरेज था। उसने कहा—ताम्रपत्र की शपथ हमपर नही लगती। हम अँगरेज हैं। गाय और सूअर—दोनो हमारे भक्ष्य हैं। किञ्च, यह ताम्रपत्र महाराज शिवसिंह का दिया हुआ है—बादशाह का दिया हुआ नही है। बादशाह का दिया रहता, तो फिर बन्दोबस्त नही होता। माण्डलिक राजे स्वय अकर नही होते। इसलिए उनका दिया हुआ गाँव भी अकर नहीं हो सकता।

मैया ठाकुर के पाँच पुत्र थे। उन्होने विसफी गाँव को आपस मे बाँट लिया। किन्तु प्रश्न रह गया कि महाराज शिवसिंह का दिया हुआ ताम्रपत्र किसके पास रहे? सब-के-सब उसे अपने पास रखना चाहते थे। अन्ततः, वह ताम्रपत्र पिण्डारुछ (दरभगा) के शिवलाल चौधरी के जिम्मे रख दिया गया। शिवलाल चौधरी मैया ठाकुर के भागिनेय थे। आज भी वह ताम्रपत्र शिवलाल चौधरी के वशजों के घर में वर्त्तमान है।

बिसफी गाँव को पाँच हिस्सों में बाँट लेने के बाद भी भैया ठाकुर के पाँचों पुत्रों में मेल नहीं हुआ। आपस में वे बराबर लड़ते-झगड़ते रहे—मुकदमेबाजी होती रही। इसका परिणाम यह हुआ कि सब-के-सब ऋणग्रस्त हो गये। अन्ततः, उनके पुत्रों ने महाकवि विद्यापति की जन्मभूमि बिसफी को बेच डाला।

विद्यापति का जीवनकाल

विद्यापति ने अपने सम्पर्क में आये हुए राजाओं और राजपुरुषों के लिए बहुत-कुछ लिखकर भी अपने लिए कुछ नहीं लिखा। एक विद्यापति के लिए ही ऐसा नहीं कहा जा सकता। यह एक प्रकार से भारतीय परम्परा ही रही है। वाल्मीकि, व्यास, कालिदास आदि ने भी बहुत-कुछ लिखकर अपने सम्बन्ध में कुछ नहीं लिखा। वस्तुत, महापुरुषों के लिए इसकी आवश्यकता भी नहीं होती। वे सार्वभौम होते हैं। उनकी वाणी सबके लिए होती है। वे किसी देश या काल के दायरे में बँध नहीं सकते—बँधना नहीं चाहते। यही बात विद्यापति के लिए भी चरितार्थ होती है। फिर भी, मिथिला के लोक-कण्ठ में ऐसी बहुतेरी किंवदन्तियाँ हैं और विद्यापति तथा दूसरे विद्वानों के लिखे ग्रन्थों में ऐसे बहुत-से विवरण हैं, जिन्हें एक सूत्र में पिरोकर विद्यापति का ऐतिह्य प्रस्तुत किया जा सकता है।

ओइनवार-साम्राज्य के प्रारम्भिक दिनों में ही विद्यापति के पूर्वजों का उसके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध था। कहते हैं, विद्यापति के पिता गणपति ठाकुर राय गणेश्वर के सभा-पण्डित थे। उन्होंने कपिलेश्वर[1] महादेव की बड़ी आराधना की। प्रसन्न होकर शिव ने पुत्ररत्न होने का वरदान दिया। समय पाकर गणपति ठाकुर ने विद्यापति-सा पुत्ररत्न लाभ किया।

किस ईसवी-सन् की किस तारीख में विद्यापति ने जन्म लेकर मिथिला को ही नहीं, सम्पूर्ण भारत को गौरवान्वित किया, इसका कोई लिखित प्रमाण उपलब्ध नहीं। किन्तु देवसिंह की मृत्यु और शिवसिंह के सिंहासनारोहण के सम्बन्ध में विद्यापति का ही एक प्रसिद्ध पद है,[2] जिससे पता चलता है कि लक्ष्मण-सम्वत् २९३, शाके १३२४, अर्थात् १४०२ ई० में देवसिंह की मृत्यु हुई और शिवसिंह गद्दी पर बैठे। मिथिला में प्रवाद है कि शिवसिंह उस समय ५० वर्ष के थे और विद्यापति उनसे दो वर्ष बड़े थे, अर्थात् विद्यापति की अवस्था उस समय ५२ वर्ष की थी। यही एक आधार है, जिससे कवि का जन्म १३५० ई० में होना निश्चित होता है।

---

१ मधुबनी (दरभंगा) से ढाई कोस पश्चिम कपिलेश्वर महादेव का स्थान है।

२. अनल रन्ध्र कर लक्खण णरवइ
सक समुद्द कर अगिनि ससी।
चैत कारि छठि जेठा मिलिओ
बार बेहप्पइ जाउ लसी॥

श्रीनगेन्द्रनाथ गुप्त ने विद्यापति के पद में उल्लिखित लक्ष्मणाब्द और शकाब्द को एकत्र समन्वित किये बिना ही लिखा कि 'ल० स० २९३ अथवा १४१२ ई० में शिवसिंह गद्दी पर बैठे।'[1] महामहोपाध्याय उमेश मिश्र ने भी लिखा कि 'विद्यापति का जन्म २४१ ल० सं (१३६० ई०) के लगभग तथा मृत्यु ३२७ ल० स० (१४४६ ई०) के बाद हुई, यह माना जा सकता है।'[2] यदि मिश्रजी का ध्यान विद्यापति के उपर्युक्त पद पर जाता, तो प्रायः वे इस प्रकार नहीं लिखते।

वस्तुस्थिति तो यह है कि कई विद्वान् लक्ष्मणाब्द का प्रारंभ ११०६ ई० से और कई विद्वान् १११६ ई० से मानते हैं। यह एक ऐसा विवाद है, जिसका समाधान आजतक

देवसिंह ज पुहमी छड्डइ
अद्धासन सुरराअ सरू।
दुहु सुरताण निन्दैं अब सोअउ
तपनहीण जग तिमिर भरू॥
देखहु ओ पृथिमी के राजा
पौरुस माँझ पुराण वलिओ।
सत बलै गङ्गा मिलित कलेवर
देवसिंह सुरपुर चलिओ॥
एक दिस जवन सकल दल चलिओ
एक दिस सओ जमराज चरू।
दुहुए दलटि मनोरथ पूरओ
गरुअ दाप सिवसिंह करू॥
सुरतरु कुसुम घालि दिस पूँओ
दुन्दुहि सुन्दर साद धरू।
वीरछत्र देखन को कारन
सुरगन सोभैं गगन भरू॥
आरम्भीअ अन्तेट्ठि महामख
राजसुअ अश्वमेध जहाँ।
पण्डित घर आचार बखानिअ
याचक कौं घर दान कहाँ॥
विज्जावइ कइवर एहु गावए
मानव-मन आनन्द भओ।
सिंहासन सिवसिंह बइट्ठौ
उच्छवै वैरस विसरि गओ॥

—'पुरुष-परीक्षा' का चन्द्र कवि-कृत मैथिली अनुवाद, पृ० २५५।

1 श्रीनगेन्द्रनाथ गुप्त, 'विद्यापति-पदावली', भूमिका, पृ० २।
2 म० म० उमेश मिश्र, विद्यापति ठाकुर, पृ० ४८।

नहीं हो सका है। किन्तु, विद्यापति ने उपर्युक्त पद में लक्ष्मणाब्द २९३ को शकाब्द १३२४ के साथ एक सूत्र में पिरोकर अपने समय के लिए इस विवाद का अन्त कर दिया है। अतः, विद्यापति साहित्य में उल्लिखित ल० स० को शक-संवत् के साथ मिलाकर गणना करने से उसका प्रारंभ ११०९ ई० से होता है, न कि १११९ ई० से।

लक्ष्मणाब्द के इसी मतद्वैध को लक्ष्य करके श्रीव्रजनन्दन सहाय 'व्रजवल्लभ' ने बहुत ही समीचीन लिखा है कि 'लक्ष्मणाब्द का आरंभ कब हुआ, इसमें मतभेद है, किन्तु विद्यापति की कविता से ही यह प्रमाणित होता है कि शकाब्द और लक्ष्मणाब्द में १०३१ वर्षों का अन्तर है। शकाब्द तो अब भी प्रचलित है और किसी भी पञ्चांग के देखने से यह निश्चित होगा कि ईसवी-सन् और शकाब्द में ७८ वर्ष का अन्तर होता है। अतएव विद्यापति का जन्म सन् १३५० ई० में होना निश्चित किया जा सकता है।'[1] श्रीरामवृक्ष बेनीपुरी ने भी विद्यापति के उपर्युक्त पद की ओर इङ्गित करते हुए लिखा है कि 'बिसफी गाँव २९३ लक्ष्मणाब्द में विद्यापति को दिया गया था। उस समय उनकी अवस्था लगभग ५२ वर्ष की रही होगी। अतः, उनका जन्म २४१ लक्ष्मणाब्द में या संवत् १४०७ विक्रमीय (=सन् १३५० ई०) में होना सम्भव है।'[2] अस्तु।

ओइनवार-साम्राज्य के राय भोगीश्वर से लेकर महाराज भैरवसिंह के समय-पर्यन्त जितने राजे और राजकुमार हुए, प्रायः सबके साथ विद्यापति का थोड़ा-बहुत सम्बन्ध अवश्य रहा। किन्तु, उनमें कीर्त्तिसिंह और शिवसिंह के साथ कवि का घनिष्ठ सम्बन्ध था। कारण, वे दोनों कवि के समवयस्क थे। कवि ने 'कीर्त्तिलता' का निर्माण कर कीर्त्तिसिंह को अमर कर दिया। शिवसिंह की आज्ञा से कवि ने तीन पुस्तकें—'पुरुष-परीक्षा', 'गोरक्ष-विजय' और 'कीर्त्ति-पताका'—लिखीं। इतना ही नहीं, विद्यापति के सैकड़ों पदों में शिवसिंह का नाम है, जो उनके घनिष्ठ सम्बन्ध का परिचायक है। किन्तु, दुर्भाग्यवश कीर्त्तिसिंह अल्पायु हुए। प्रायः इसीलिए विद्यापति के किसी पद में उनका नाम नहीं मिलता। कीर्त्तिसिंह की मृत्यु के बाद तो विद्यापति की सम्पूर्ण साधना—सम्पूर्ण कवित्व—के आश्रय एकमात्र शिवसिंह रहे। इसीलिए, विद्यापति के पदों में सबसे अधिक बार शिवसिंह का नाम आता है। मिथिला की राजपञ्जी से पता चलता है कि शिवसिंह का राज्यकाल केवल साढ़े तीन वर्ष अथवा तीन वर्ष नौ महीने था। मिथिला में परम्परानुमोदित प्रवाद भी ऐसा ही है। और, उस अल्पावधि में ही विद्यापति ने उतने बहुसंख्यक पद नहीं रचे होंगे, जिनमें शिवसिंह का नाम है। इसलिए, निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि प्रारंभ से ही विद्यापति और शिवसिंह का निकट-सम्बन्ध था। इसीलिए, सिंहासनाधिरूढ होने के बाद ही महाराज शिवसिंह ने विद्यापति को, उनकी जन्मभूमि 'बिसफी' का दान कर दिया। लक्ष्मण-संवत् २९३, शक-संवत् १३२४ अर्थात् १४०२ ई० की चैत्र-कृष्ण षष्ठी,

---

१ मैथिल-कोकिल विद्यापति, द्वितीय संस्करण, भूमिका, पृ० २४।

२. श्रीरामवृक्ष बेनीपुरी, विद्यापति-पदावली, भूमिका, पृ० ६।

बृहस्पतिवार को देवसिंह की मृत्यु हुई और उसी वर्ष श्रावण-शुक्ल-सप्तमी बृहस्पतिवार को शिवसिंह ने विद्यापति को ग्रामदान किया। बहुत संभव है, सिंहासनाधिरोहण के अवसर पर ही शिवसिंह ने ग्रामदान किया हो। कारण, देवसिंह की मृत्यु के बाद, उनके श्राद्ध सम्पन्न होने पर भी, महीनों तक ब्राह्मण-भोजन हुआ होगा। विद्यापति ने भी लिखा है कि शिवसिंह ने राजसूय और अश्वमेध यज्ञ की तरह देवसिंह के अन्त्येष्टि-महामख का आरंभ किया। आज भी मिथिला में किसी धनी-मानी व्यक्ति के माँ-बाप की मृत्यु के बाद महीनों तक ब्राह्मण-भोजन का ताँता लगा रहता है, जिसे 'जयवारी' कहते हैं। फिर, देवसिंह के समान प्रतिष्ठित महाराज की मृत्यु के बाद बृहद् ब्रह्मभोज का नहीं होना असंभव प्रतीत होता है। अतः, पितृ-श्राद्ध के बाद, 'जयवारी' आदि से निवृत्त होने पर, श्रावण-शुक्ल-सप्तमी, बृहस्पतिवार को सिंहासनाधिरोहण के समय में महाराज शिवसिंह ने विद्यापति को बिसफी का दान किया होगा। मिथिला में श्रावण-शुक्ल-सप्तमी का बहुत महत्त्व है। जरहटिया (दरभंगा) गाँव की पुष्करिणी की अश्म-यष्टि (जाठि) में उट्टङ्कित श्लोक से ज्ञात होता है कि कर्णाट-साम्राज्य के संस्थापक महाराज नान्यदेव ने भी श्रावण-शुक्ल-सप्तमी को ही वास्तु-विधान किया था।[१]

महाराज शिवसिंह के एक मन्त्री का नाम 'अच्युत' था। वे बहुत बड़े विद्वान्, साहित्यिक और उदार थे। उन्होंने 'काव्य-प्रकाश' की टीका लिखी है। उनके पुत्र रत्नपाणि ने भी काव्य-प्रकाश की 'काव्य-प्रकाश-दर्पण' नामक टीका की रचना की है। रत्नपाणि के पुत्र रवि ने भी काव्य-प्रकाश' की 'मधुमती' नाम की टीका लिखी है।[२] इस प्रकार अच्युत की वंश-परम्परा ही साहित्यिक रही। मधुमती टीका के प्रारंभ में मंगलाचरण के बाद रवि ने अपना परिचय देते हुए अपने पितामह अच्युत को महाराज शिवसिंह का मन्त्री कहा है।[३]

---

१ नन्देन्दुविन्दुपृथिवीमितशाकवर्षे
सच्छ्रावणे शुभदलेऽम्बुजिनीशतिथ्याम्।
स्वातीशनैश्चरदिने गजवैरिलग्ने
श्रीनान्यदेवनृपतिर्विदधेऽथ वास्तुम्॥

—म० म० मुकुन्द झा बख्शी, मिथिला-भाषामय इतिहास, पृ० ४६२।

२ अच्युतेन कृता टीका मिथिलेशस्य मन्त्रिणा।
तथा तदात्मजेनापि सुधिया रत्नपाणिना॥
भट्टाचार्येण रचिता काव्यदर्पणसंज्ञिका।
तत्पुत्रेणापि रविणा कृता मधुमती तथा॥

—भट्टवामनाचार्य, बालबोधिनी (काव्य-प्रकाश की टीका), ग्रन्थकार-प्रशस्ति, पृ० १५।

३ शिवसिंहान्मिथिलेशादवाप यो मन्त्रितां विबुधः।
तस्याच्युतस्य सूनुर्बभूव भुवि रत्नपाणिरयम्॥
तर्कं कवितया सार्धं विवेकश्च सह श्रिया।
मिथो विरोधमुत्सृज्य यत्रैकाश्रयतामगात्॥

विद्यापति के ऊपर मन्त्रिवर अच्युत का बड़ा स्नेह था। कहते हैं, विद्यापति को ग्रामदान करने का प्रस्ताव उन्होंने ही महाराज शिवसिंह से किया था। 'नेपाल पदावली' में एक खण्डित पद मिलता है, जिसमें अच्युत की तुलना कर्ण, वलि और हरिश्चन्द्र से की गई है।[1] पद का अन्तिम भाग खण्डित है, इसलिए निश्चित रूप से नहीं ज्ञात होता है कि यह पद किस कवि का है; परन्तु वहुत संभव है कि यह विद्यापति का ही है। कारण, विद्यापति ने महाराज शिवसिंह के दूसरे मत्री अमृतकर (अमिअकर) की प्रशंसा में भी कविता लिखी है।[2] प्रायः विद्यापति के साथ जिस पुरुष-पुङ्गव का सम्पर्क हुआ, उसे कहीं-न-कहीं अपनी कृति में उन्होंने अवश्य स्थान दिया। फिर महाराज शिवसिंह के मंत्री, परमोदार, साहित्य-मर्मज्ञ अच्युत को ही वे कैसे छोड़ते?

महाराज शिवसिंह के दानपत्र का अविकल स्वरूप यह है—

स्वस्ति। गजरथेत्यादिसमस्तप्रक्रियाविराजमानश्रीमद्रामेश्वरीवरलब्धप्रसादभवानी-भवभक्तिभावनापरायणरूपनारायणमहाराजाधिराजश्रीमच्छिवसिंहदेवपादास्समरविजयिनः जर-इलतप्पायां विसपीग्रामवास्तव्यसकललोकान्भूकर्षकांश्च समादिशन्ति मतमस्तु भवतां ग्रामोऽयम-स्माभिः सप्रक्रियाभिनवजयदेवमहाराजपण्डितठक्कुरश्रीविद्यापतिभ्यः शासनीकृत्य प्रदत्तोऽतो यूयमेतेषां वचनकरीभूय कर्षणादिकर्म्मं कारिष्यथेति ल० सं० २९३ श्रावण शुदि सप्तम्यां गुरौ। श्लोकास्तु—

अब्दे लक्ष्मणसेनभूपतिमते वह्निग्रहद्व्यङ्किते
मासि श्रावणसञ्ज्ञके मुनितिथौ पक्षेऽवलक्षे गुरौ।
वाग्वत्यास्सरितस्तटे गजरथेत्याख्याप्रसिद्धे पुरे
दित्सोत्साहविवृद्धवाहुपुलकस्सभ्याय मध्येसभम् ॥१॥

भावं काव्यप्रकाशस्य काव्यदर्पणविम्बितम्।
दृष्ट्वा मधुमतीं टीका कुरुते तत्सुतो रविः॥

—मैनुस्क्रिप्ट्स इन मिथिला, भाग २, पृ० ४४।

१. तोहि पटतरे करि काहि लावए।
एहि जुग नही अउरु कोइ दृष्टि आवए॥
सतयुग के दानि अव करन वलि होए।
गए हरिचन्द हे तिमरि वर न पावए॥
दुज जुह अच्यु(त)..... ....

२. नीतिनिपुण गुण नाह अङ्क मे अतिशय आगर।
कोष काव्य व्याकरण अधिक अधिकारक सागर॥
सवकर कर सम्मान सवहुँ सओ नेह वढाविअ।
विप्र दीन अतिदुखी सवहुँका विपति छोडाविअ॥
कायस्थ माँह सुरसिद्ध मत्त चन्द्रतुला इव राशिवर।
कविकण्ठहार कल उच्चरइ अमिअ वरसउ अमियकर॥

—नगेन्द्रनाथदास, विद्यापति-काव्यालोक, वक्तव्य, पृष्ठ (ट)।

प्रज्ञावान् प्रचुरोर्वरं पृथुतराभोगन्नदीमातृकं
सारण्यं ससरोवरञ्च विसपीनामानमासीमतः।
श्रीविद्यापतिशर्मणे सुकवये वाणीरसास्वादवि-
द्वीरश्रीशिवसिंहदेवनृपतिर्ग्रामन्ददे शासनम् ॥२॥

(युग्मम्)

येन साहसमयेन शस्त्रिणा तुङ्गवाहवरपृष्ठवर्त्तिना।
अश्वपत्तिबलयोर्बलञ्जितं गज्जनाधिपतिगौडभूभुजाम् ॥३॥

रौप्यकुम्भ इव कज्जलरेखा श्वेतपद्म इव शैवलवल्ली।
यस्य कीर्त्तिनवकेतककान्त्या म्लानिमेति विजितो हरिणाङ्कः ॥४॥

द्विषन्नृपतिवाहिनीरुधिरवाहिनीकोटिभिः
प्रतापतरुवृद्धये समरमेदिनी प्लाविता।
समस्तहरिदङ्गनाचिकुरपाशवासः क्षमं-
सितप्रसवपाण्डरं जगति येन लब्धं यशः ॥५॥

मतङ्गजरथप्रदः कनकदानकल्पद्रुम-
स्तुलापुरुषमद्भुतन्निजधनैः पिता दापितः।
अखानि च महात्मना जगति येन भूमीभुजा
परापरपयोनिधिप्रथममैत्रपात्रं सरः ॥६॥

नरपतिकुलमान्यः कर्णशिक्षावदान्यः
परिचितपरमार्थो दानतुष्टार्थिसार्थः।
निजचरितपवित्रो देवसिंहस्य पुत्र
स जयति शिवसिंहो वैरिनागेन्द्रसिंहः ॥७॥

ग्रामे गृह्णन्त्यसुस्मिन् किमपि नृपतयो हिन्दवोऽन्ये तुरुष्का-
गोकोलस्वात्ममामैस्सहितमनुदिनं भुञ्जते ते स्वधर्मम्।
ये चैनं ग्रामरत्नं नृपकररहितं पालयन्ति प्रतापै-
स्तेषां सत्कीर्त्तिगाथा दिशि दिशि सुचिरं गीयतां वन्दिवृन्दैः ॥८॥

उपर्युक्त दानपत्र के अन्त में ल० स० २९३, शाके १३२१, संवत् १४५५ और सन् ८०७ लिखा है। किन्तु, इन चार तिथियों में किसी के साथ किसी का साम्य नहीं है। किञ्च, बादशाह अकबर ने ल० सं० २९३ के १७० वर्ष बाद भारत में फसली सन् का प्रचार किया। इसलिए, उपर्युक्त दानपत्र में फसली सन् का उल्लेख असंगत प्रतीत होता है। इन्हीं कारणों से प्रोसिडिङ्ग ऑफ् दी एशियाटिक सोसाइटी, बंगाल, अगस्त १८९९ ई०, भाग ६७, खण्ड १, पृष्ठ ९६ और वंगीय साहित्य-परिषत्पत्रिका, बंगाब्द १३०७ में इस दानपत्र को अप्रामाणिक सिद्ध करने का यत्न किया गया है।

डॉ० ग्रियर्सन ने जब विद्यापति-विषयक अनुसन्धान प्रारंभ किया, तब उनके सामने भी उपर्युक्त ताम्रपत्र का तिथि-व्यतिक्रम प्रश्न बनकर खड़ा हो गया। बहुत परिश्रम के बाद ग्रियर्सन साहब को मिथिला के किसी प्राचीन पण्डित-घराने से जो उक्त ताम्रपत्र की प्रतिलिपि प्राप्त हुई, उसमें शकाब्द, विक्रमाब्द या फसली सन् का उल्लेख नहीं था—केवल ल० सं० था।[1] इस समय भी अनुसधान में जो उपर्युक्त ताम्रपत्र की प्रतिलिपि प्राप्त हुई है,[2] उसमें भी केवल ल० सं० ही है। फिर, प्रश्न रह जाता है कि उपर्युक्त ताम्रपत्र में चार प्रकार की तिथियाँ कैसे समाविष्ट हुई? किञ्च, उन तिथियों में इतना वैषम्य है कि ताम्रपत्र की प्रामाणिकता ही सन्देहास्पद हो जाती है।

किन्तु, इस प्रश्न का बहुत ही समीचीन उत्तर डॉ० हरप्रसाद शास्त्री और डॉ० दिनेशचन्द्र सेन ने दिया है। अतः, अपनी ओर से कुछ नहीं लिखकर उसी को यहाँ अविकल उद्धृत कर दिया जाता है—

"ताम्रशासन जाली है; किन्तु इस प्रकार विचार करने पर वह जाली नहीं मालूम पड़ता है। अकबर के समय में सारे राज्य का सर्वे हुआ था। राजा टोडरमल उसके अनुष्ठाता थे। विद्यापति के वंशजों ने जिस ताम्रशासन के बल से बिसफी गाँव पर अधिकार जमाया था, वह खो गया था। उनके पास एक नकल थी। उसी के आधार पर यह नई ताम्र-लिपि तैयार की गई। यही कारण है कि अकबर के द्वारा प्रचारित सन् इसमें पाया जाता है। बिसफी गाँव पर उन्होंने अधिकार पाया था—यह उनके पदों से भी ज्ञात होता है। केवल राजकर्मचारियों से स्वीकृति प्राप्त करने के लिए ही यह नया ताम्रशासन तैयार कराया गया।"[3] अस्तु।

किसी के दिन सदा एक समान नहीं रहते। जो आज हँसता है, वही कल रोता है। प्रकृति का यही नियम है। फिर, विद्यापति ही इस नियम के अपवाद कैसे होते? उनके जीवन में भी ऐसा समय आ ही गया। पूरब से गौड़ और पच्छिम से जौनपुर के नवाब बार-बार मिथिला पर आक्रमण कर रहे थे। जब से जौनपुर स्वतन्त्र हुआ, तभी से दिल्ली के साथ मिथिला का सम्बन्ध टूट गया था, इसलिए अब मिथिला का रक्षक दूसरा कोई नहीं था, जो समय पड़ने पर सहायता करने के लिए दौड़ आता। अब सारा उत्तरदायित्व ओइनवार-वंशीय राजाओं के ऊपर ही था। वे बंगाल या जौनपुर के नवाब के अधीन होकर रहना पसंद नहीं करते थे। प्रारंभिक दिनों से ही ओइनवारवंशीय राजे दिल्ली साम्राज्य के अन्दर रह चुके थे। वे अब भी अपने को दिल्ली-साम्राज्य के अन्तर्गत ही मानते थे। जब जौनपुर स्वतन्त्र हुआ और पूर्वी भारत का सम्बन्ध दिल्ली से टूट गया, तब ओइनवारवंश के राजाओं ने भी अपने को स्वतन्त्र घोषित कर दिया। किन्तु उनके ऊपर दोनों ओर से—पूरब और पच्छिम से—बराबर आक्रमण होने लगे। जिस समय देवसिंह की मृत्यु हुई और शिवसिंह गद्दी पर

---

१. इण्डियन एण्टिक्वेरी, १८८५ ई०।

२. पं० धरानाथ झा, लगमा, (दरभंगा) में।

३. महाकवि विद्यापति, पादटिप्पणी, पृ०-७।

बैठे, उस समय भी मिथिला पर दोनों सुलतान—बंगाल और जौनपुर के सुलतान—चढ़ आये थे। इसका वर्णन विद्यापति ने भी अपने एक पद में किया है, जिसका उल्लेख पहले हो चुका है। यह भी पहले कहा जा चुका है कि शाके १३२४, अर्थात् १४०२, ई० के चैत्र-कृष्ण-षष्ठी बृहस्पतिवार को देवसिंह की मृत्यु हुई और उसी वर्ष श्रावण-शुक्ल-सप्तमी बृहस्पतिवार को महाराज शिवसिंह ने विद्यापति को 'बिसफी' ग्राम का दान किया। बहुत संभव है कि उसी दिन शिवसिंह गद्दी पर बैठे हों,—इसका भी विवेचन हो चुका है। इसीलिए, मिथिला की किसी राजपञ्जी में शिवसिंह का राज्यकाल साढ़े तीन वर्ष और किसी में तीन वर्ष नौ महीने मिलता है। देवसिंह के मृत्यु-दिवस से गणना करने पर शिवसिंह का राज्यकाल तीन वर्ष नौ महीने का होता है और सिंहासनारोहण के दिन से गणना करने पर उनका राज्य-काल साढ़े तीन वर्ष का होता है। सो, देवसिंह की मृत्यु के तीन वर्ष नौ महीने के बाद—१४०६ ई० के अन्त में–मिथिला पर फिर चढ़ाई हुई। यह चढ़ाई किस ओर से हुई–बंगाल से या जौनपुर से—इसका कहीं उल्लेख नहीं है। फिर भी निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि जौनपुर की ओर से ही यह चढ़ाई हुई थी। कारण, १३८८ ई० में फिरोजशाह तुगलक की मृत्यु हुई। उसके उत्तराधिकारी आपस मे लड़-झगड़कर निर्बल हो गये। दिल्ली का साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया। १३९४ ई० मे जब फिरोजशाह के पुत्र सुलतान महम्मदशाह की मृत्यु हुई, तब उसका एक पुत्र केवल ४६ दिन राज्य करके मर गया। उसका दूसरा पुत्र महमूद 'नासिरुद्दीन महमूद' की उपाधि धारण करके गद्दी पर बैठा, किन्तु अमीर-उमरा के साथ उसकी पटरी नहीं बैठी। उन्होंने फिरोजशाह के पौत्र नसरत खाँ को 'सुलतान नसीरुद्दीन नसरत शाह' के नाम से सुलतान घोषित कर दिया। इस प्रकार दिल्ली-सलतनत दो भागों में बँट गई।

'तारीख-ए-मुबारकशाही' मे लिखा है कि नसरत खाँ ने दोआब के मध्य के भू-भाग पर—साँभर, पानीपत, रोहतक आदि पर—अधिकार कर लिया। महमूद के अधिकार में केवल दिल्ली के आस-पास का भू-भाग रहा। जौनपुर के ख्वाजा जहाँ ने अवसर से लाभ उठाकर इसी समय अपने को स्वतन्त्र घोषित कर दिया। गुजरात, मालवा और खान-देश भी दिल्ली-सलतनत से बाहर हो गये। ऐसी ही डँवाडोल परिस्थिति मे, १३९८ ई० में समरकन्द से बाज की तरह झपट्टा मारता हुआ तैमूरलङ्ग दिल्ली पर चढ़ आया। महमूद मे तैमूरलङ्ग से लोहा लेने की शक्ति नहीं थी। जो थोड़ी-बहुत शक्ति थी, वह भी इस आक्रमण से नष्ट हो गई।[1]

१३९९ ई० के मार्च महीने मे तैमूरलङ्ग समरकन्द को वापस लौट गया, तो महमूद की जान में जान आई। किन्तु, वह जबतक सँभले सँभले, तबतक उसका छोटा भाई नसरत खाँ दोआब से चलकर दिल्ली पर आ धमका। महमूद उसे रोक नहीं सका। अब दिल्ली पर

---

१ तारीख-ए-मुबारकशाही, जे० बी० ओ० आर० एस०, १९२७ ई०, पृ० २६२।

नसरत खाँ का अधिकार हो गया। पर, उसका अधिकार भी स्थायी नही हुआ। कुछ ही महीनों के अन्दर महमूद के सेनापति इकवाल ने उसे पराजित कर दिया।

इस समय की राजनीतिक अवस्था का वर्णन करते हुए 'तारीख-ए-मुबारकशाही' के रचयिता ने लिखा है कि गुजरात और उसके आस-पास के प्रदेश जाफर खाँ अजीमुल मुल्क के अधिकार में; मुलतान, दीपालपुर और सिन्ध के कुछ भाग मसनद अली खिजर खाँ के अधिकार में; महोबा और कालपी महमूद खाँ के अधिकार में, कन्नौज, अयोध्या, दालमऊ, सन्दीला, बहराइच, बिहार और जौनपुर ख्वाजा जहाँ के अधिकार में; धार दिलावरखाँ के अधिकार में, समाना खलिर खाँ के अधिकार में तथा बियाना शम्सखाँ वहादी के अधिकार में था। देश में राजनीतिक एकता नही थी। चलचित्र की भाँति सुलतान और अमीर-उमरा का भाग्य-परिवर्त्तन होता था। आज जो राजा था, कल वही राह का भिखारी बन जाता था।

'तारीख-ए-मुबारकशाही' में लिखा है कि तैमूरलङ्ग के आक्रमण के पहले ही जौनपुर के प्रथम सुलतान ख्वाजा जहाँ ने तिरहुत पर अधिकार कर लिया था।[1] इब्राहिम शाह १४०१ ई० में जौनपुर की गद्दी पर बैठा। इसी समय दिल्ली के सुलतान महमूद और उसके सेनापति इकबाल ने कन्नौज पर आक्रमण किया। इब्राहिम एक बड़ी फौज के साथ उससे जा भिड़ा। जब दोनो ओर की सेनाएँ आमने-सामने आ डटीं, तब सुलतान महमूद, जो एक प्रकार से अपने सेनापति इकवाल के घेरे मे था, मुक्ति पाने के लिए, शिकार खेलने के बहाने इकबाल को छोड़कर इब्राहिम शाह के पास जा पहुँचा। किन्तु, इब्राहिम शाह, को उसपर विश्वास नही हुआ। इसलिए इब्राहिम शाह ने उसका स्वागत नही किया। महमूद लाचार होकर कन्नौज को लौट गया।[2] फिरिश्ता में यह भी लिखा है कि इब्राहिम शाह १४०५ ई० से १४१६ ई० तक दिल्ली-सलतनत के साथ लड़ाई में उलझा रहा।[3]

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि १३६८-६६ ई० के बाद—अर्थात्, तैमूर-लङ्ग के आक्रमण के बाद—पूर्वी भारत का सम्बन्ध दिल्ली-सलतनत से टूट गया। १४०१ ई० में, जबकि इब्राहिम शाह गद्दी पर बेठा, जौनपुर मिथिला पर अपना अधिकार मानता था। किन्तु, वह ऐसा समय था कि सभी शूर-सामन्त अपने को स्वतन्त्र मानते थे। फिर, ओइन-वार-वंश के राजे, जो कि अपने बल-विक्रम के लिए विख्यात थे, किसी की अधीनता क्यों स्वीकार करते? इसीलिए उनपर दोनो ओर से—बंगाल और जौनपुर से—आक्रमण होता था। जबतक फीरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर था, तबतक जौनपुर स्वतन्त्र नही था। इसलिए जौनपुर की ओर से मिथिला पर आक्रमण नही होता था। फीरोजशाह की मृत्यु के बाद, देवसिंह के अन्तिम दिनों मे, दोनों ओर से आक्रमण हुआ था। किन्तु 'तारीख-ए-

१ तारीख-ए-मुबारकशाही, इलियट, भाग ४, पृ० २६।

२. जर्नल—बिहार ऐण्ड उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी, १६२७, पृ० २६६।

३. ब्रीग—फिरिश्ता, भाग ४, परिच्छेद ७।

मुबारकशाही' का लेखक बिहार को जौनपुर के अधिकार में कहता है। इसलिए, निश्चयपूर्वक यह कहा जा सकता है कि जब से जौनपुर स्वतन्त्र हुआ, तब से जौनपुर की ओर से ही मिथिला पर आक्रमण होता था। बंगाल के नवाब जौनपुर की सहायता करने के लिए ही आते थे। अतः, देवसिंह के अन्तिम दिनों का आक्रमण और शिवसिंह के समय का आक्रमण, जिसमें वे अन्तर्हित हुए, जौनपुर से ही हुए थे।

कहते हैं, महाराज शिवसिंह के ऊपर जो अन्तिम आक्रमण हुआ, जिसमें वे अन्तर्हित हुए, उसका आँखों-देखा वर्णन जौनपुर-निवासी फकीर 'तकी' ने अपनी 'नेहरा-जङ्ग' नामक पुस्तक में किया है। उसमें तकी ने लिखा है कि उस युद्ध में जौनपुर की ओर से सेनापति होकर हाजी 'गयास बेग' आया था। यह पुस्तक इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी, लन्दन में सुरक्षित है।

प्रकृतमनुसरामः। महाराज शिवसिंह के अन्तर्हित होने के बाद ओइनवार-साम्राज्य का सितारा कुछ दिनों के लिए डूब गया। शिवसिंह को इस बार के युद्ध में अपनी विजय की आशा नहीं थी। इसलिए, उन्होंने अपने जीवन-काल में ही अपने परिवार को विद्यापति की संरक्षकता में नेपाल-तराई-स्थित सप्तरी के राजा पुरादित्य 'गिरिनारायण' के पास रजाबनौली को भेज दिया था। पुरादित्य 'गिरिनारायण' महाराज शिवसिंह के अन्तरंग मित्र थे। शिवसिंह की ओर से उन्होंने शिवसिंह के चचेरे भाई राय अर्जुन को युद्ध में मारा था। इस दुर्दिन में भी वे पीछे नहीं रहे। शिवसिंह के परिवार को अपने यहाँ आश्रय देकर उन्होंने मित्रता का मूल्य चुकाया।

किन्तु कहाँ महाराज शिवसिंह और कहाँ राजा पुरादित्य? दोनों में कुछ तुलना ही नहीं थी। पर उपाय ही क्या था? शिवसिंह के परिवार के साथ विद्यापति को भी बरसों उनके आश्रय में जीवन बिताना पड़ा। यहीं विद्यापति ने पुरादित्य की आज्ञा से 'लिखनावली' की रचना की[1]। यहीं उन्होंने 'श्रीमद्भागवत' की प्रतिलिपि की।[2] विद्यापति के एक पद से, जो प्रायः इसी समय का है, पता चलता है कि उनके लिए यह समय बड़ा दुःखदायी था।[3]

---

१ सर्वादित्यतनूजस्य द्रोणवारमहीपतेः
गिरिनारायणस्याज्ञां पुरादित्यस्य पालयन्।
अल्पश्रुतोपदेशाय कौतुकाय बहुश्रुताम्
विद्यापतिस्सतां प्रीत्यै करोति लिखनावलीम्॥

—लिखनावली, श्लोक १–२

२ ल० स० ३०९ श्रावण शुदि १५ कुजे रजाबनौलीग्रामे विद्यापतेर्लिपिरियमिति।

—मिथिला-तत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १८६३ (पृ० ८६ में)।

३ कुसुम रचल सेज मलअज पङ्कज
पेअसि सुमुखि-समाजे।
कत मधुमास विलासे गमाओल
आवे कहितहुँ पए लाजे॥ ध्रु०॥

राजा पुरादित्य के आश्रय में विद्यापति कबतक रहे,—इसका कहीं लिखित प्रमाण नहीं है। 'लिखनावली' के कतिपय पत्रों में ल० स० २९९ है। इससे अनुमान किया जाता है कि 'लिखनावली' का लिपिकाल वही है। इसी प्रकार श्रीमद्भागवत की प्रतिलिपि के अन्त में विद्यापति ने ल० स० ३०९ को उसका लिपिकाल लिखा है। इससे ज्ञात होता है कि 'लिखनावली' १४०८ ई० में लिखी गई और श्रीमद्भागवत की प्रतिलिपि १४१८ ई० में की गई। महाराज शिवसिंह १४०६ ई० में अन्तर्हित हुए थे और उसी समय से विद्यापति राजा पुरादित्य के आश्रय में थे—यह पहले कहा जा चुका है। इस प्रकार १४०६ ई० से १४१८ ई० तक, अर्थात् बारह वर्षों तक विद्यापति राजा पुरादित्य 'गिरिनारायण' के यहाँ रजावनौली में अवश्य थे।

श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि 'शिवसिंह के राज्यकाल की एकमात्र निस्सन्दिग्ध तारीख २९१ ल० स० अथवा १४१० ई० है।'[1] प्रमाणस्वरूप उन्होंने काव्य-प्रकाश-विवेक' की एक प्राचीन प्रतिलिपि के दसवें उल्लास के अन्त में उल्लिखित 'लिपि-काल' को उपस्थित किया है।[2] किन्तु, मजूमदार महोदय का उपर्युक्त तर्क युक्ति-संगत नहीं है। कारण, विद्यापति ने २९३ लक्ष्मणाब्द और १३२४ शकाब्द में देवसिंह के स्वर्गारोहण तथा शिवसिंह के सिंहासनाधिरोहण का स्पष्ट निर्देश किया है। इसलिए, ल० स० २९१

सखि हे, दिन जनु काहु अवगाहे।
सुरतरु तर सुखे जनम गमाओल
धुथुरा तर निरबाहे॥
दखिन पवन सउरभ उपभोगल
पिउल अमिअ-रस-सारे।
कोकिल-कलरव उपवन पूरल
तन्हि कत कएल विकारे॥
पातहि सओ फुल भमर अगोरल
तख्तर लेलन्हि वासे।
से फुल काटि कीट उपभोगल
भमरा भेल उदासे॥
भनइ विद्यापति कलिजुग-परिनति
चिन्ता जनु कर कोई।
अपन करम अपने पए भुञ्जिअ
जओ जनमान्तर होई॥

—नेपाल और तरौनी की पदावली से।

१ मित्र-मजूमदार, विद्यापति-पदावली की भूमिका, पादटिप्पणी, पृ० ४१

२ "इति तर्काचार्यठक्कुरश्रीधरविरचिते काव्यप्रकाशविवेके दशम उल्लास॥ समस्तविरुदावली-विराजमानमहाराजाधिराजश्रीमच्छिवसिंहदेवसम्भुज्यमानतीरभुक्तौ श्रीगजरथपुरनगरे सुप्रतिष्ठसदुपाध्याय-ठक्कुरश्रीविद्यापतीनामाज्ञया खौआलसं० श्रीदेवशर्म-बलियासनं० श्रीप्रभाकराभ्या लिखितैषा हस्ताभ्याम। ल० सं २९१ कार्तिक वदि १०॥"—जर्नल ऑफ् एशियाटिक सोसाइटी, बंगाल, पृ० ३९३।

महाराज शिवसिंह का राज्यकाल नहीं, यौवराज्य-काल था। किन्तु उस समय भी वे महाराज कहलाते थे। इसलिए, देवसिंह के जीवनकाल में ही विद्यापति ने 'पुरुष-परीक्षा' में उन्हें 'क्षितिपाल' कहा है। उपर्युक्त 'काव्यप्रकाश-विवेक' के लिपिकाल से इतना अवश्य पता चलता है कि शिवसिंह उस समय भी केवल महाराज कहलाते ही नहीं थे, शासनसूत्र भी उन्हीं के हाथों में था।

श्रीविमानविहारी मजूमदार ने उपर्युक्त लिपिकाल के ल० सं० २६१ को १४१० ई० माना है किन्तु यह भी सर्वथा असंगत है। कारण, ल० सं० के समय-निर्धारण में मत-भेद रहने पर भी विद्यापति ने देवसिंह के स्वर्गारोहण और शिवसिंह के सिंहासनाधिरोहण-विषयक अपने पद में ल० सं० २९३ को शक-संवत् १३२४ के साथ एक सूत्र में पिरोकर अपने समय के लिए ल० सं० का विवाद खत्म कर दिया है। अतः, ल० सं० २९१ शक-संवत् १३२२ में अर्थात् ई० सन् १४०० में हुआ। इसलिए, मजूमदार महोदय का उपर्युक्त कथन भी अत्यन्त भ्रामक है।

बारह वर्षों का यह समय—१४०६ ई० से १४१८ ई० तक का समय—मिथिला के लिए बहुत बुरा था। शिवसिंह के अन्तर्हित होने के बाद भी मिथिला पर किसी दूसरे का अधिकार नहीं हुआ। जौनपुर की फौज लूट-मारकर वापस चली गई। महारानी लखिमा देवी ही पति के नाम पर बारह वर्षों तक मिथिला का शासन करती रहीं।[1] किन्तु मिथिला से बाहर—नेपाल की तराई में—बैठकर सुचारु रूप से मिथिला का शासन हो नहीं सकता था। फिर, मिथिला तो इस युद्ध के बाद सब तरह से जौनपुर-साम्राज्य का अङ्ग हो चुका था। उसी के भय से लखिमा मिथिला से बाहर बैठी थीं। भले ही मिथिला की प्रजा अब भी लखिमा को ही रानी समझती थी, पर शासन-यन्त्र सुचारु रूप से चल नहीं रहा था। एक प्रकार से अराजकता-सी फैल गई थी।

संयोग से इसी समय वैद्यनाथ बैजल-नामक[2] सूबेदार जौनपुर की ओर से पटना आये। वे जाति के चौहान राजपूत थे—सहृदय और विद्वान् थे। समूचे प्रान्त की बागडोर अब उन्हीं के हाथ में थी। यहाँ की हिन्दू प्रजा ने एक हिन्दू को प्रान्त का अधिपति पाकर चैन की साँस ली। ओइनवार-साम्राज्य के लिए भी यह अच्छा अवसर था। अतः

---

१ म० म० मुकुन्दझा बख्शी, मिथिला-भाषामय इतिहास, पृ० ५२६।

२ विविहरिहरगुल्मक सर्वलोकानुरक्त-
स्त्रिभुवनगतकीर्त्तिः कान्तिकन्दर्पमूर्त्तिः।
रणरिपुगणकालो बैजल क्षोणिपालो-
जयति जगति दाता सर्वकर्मविधाता ॥ १ ॥
चन्द्रावतीवदनचन्द्रचकोरविक्रमा-
दित्यभूपतनयो नयतन्त्रवेत्ता।
चौहानवंशतिलकः पटनाधिनाथो-
राजा परं जयति बैजलदेवनामा ॥ २ ॥
—प्रबोधचन्द्रिका, पं० ऋद्धिनाथ झा (उजान, दरभंगा) के घर में सुरक्षित।

मन्त्रिवर अमृतकर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमडल मिथिला से पटना आया और वैद्यनाथ बैजल से पुनः राज्य वापस करने की प्रार्थना की। वैजलदेव भी यही चाहते थे। प्रान्त की अराजकता इसी से दूर होती, तो फिर वे क्यों बाधक होते ?

इस प्रतिनिधिमडल में विद्यापति भी एक थे। उन्होने अपनी कविता से वैद्यनाथ बैजल को सन्तुष्ट किया था। उस समय का एक पद 'नेपाल-पदावली' में है, जिसके अन्त में विद्यापति चन्दल देवी के पति वैद्यनाथ के चरण की शरण चाहते हैं—

चरित चातर चिते बेआकुल
मोर मोर अनुबन्धे।
पूत कलत्त सहोदर बन्धव
सेख दसा सब धन्धे ना ॥
ए हर। गोसाञि !! नाह !!!
मो जनु देह उपेखी।
जम अगाँ मुँह उतर डर छाडत
जबे बुझाओत लेखी ॥
अपथ पथ चरन चलाओल
भगति मति न देला।
परधन-धनि मानस लाओल
मिथ्या जनम दुर गेला ॥
कपट (नरि) पछु कलेवर
गीडल मदन गोहे।
भल मन्द हमे किछु न गूनल
समय बहल मोहे ॥
कएल भने उचित भेल अनुचित
आवे मन पचतावे।
आवे कि करब सिर पए धूनब
गेल दिना नहि आवे ॥
भनइ विद्यापति सुनह महेसर
तइलोक आन न देवा।
चन्दल देविपति वैद्यनाथ गति
चरन सरन मोहि देवा ॥

डॉ० सुभद्र झा ने लिखा है कि यह वैद्यनाथ शिव हैं।[1] किन्तु उनका यह कथन युक्तियुक्त नही है। कारण, शिव चन्दल देवी के पति नहीं, पार्वती के पति हैं। यहाँ 'चन्दल'

१. विद्यापति-गीतसग्रह, भूमिका, पृ० १९३।

चन्द्रावती का अपभ्रंश है और प्रायः किसी कोश में पार्वती का पर्याय 'चन्द्रावती' नहीं है। डॉ० झा का इस ओर ध्यान नहीं गया। इसीलिए, उन्होंने इस पद के वैद्यनाथ का 'शिव' अर्थ कर लिया। किञ्च, 'नेपाल पदावली' के एक दूसरे पद में विद्यापति ने वैजलदेव को, जो कि वैद्यनाथ का आस्पद था, चन्दल देवी का पति कहा है—

आजे अकामिक आएल भेषधारी।
भीखि भुगुति लए चललि कुमारी ॥ ध्रु० ॥
भिखिआ न लेइ बढ़ावए रिसी।
वदन निहारए बिहुँसी-हँसी ॥
एठमा सखि-सङ्गे निकहि अछली।
ओहि जोगिआ देखि मुरुछि पड़ली ॥
दुर कर गुनपन अरे भेषधारी।
कौं डिठिअओलए राजकुमारी ॥
केओ बोल देखए डेहे जनु काहू।
केओ बोल ओझा जानि (न)चाहू ॥
केओ बोल जोगिअहि देहे दहु जानी।
दुनिकिओ भए बरु जिबओ भवानी ॥
भनइ विद्यापति अभिमत सेवा।
चन्दल देवि-पति वैजल देवा ॥

प्रकृतिमनुसरामः। अबतक महाराज शिवसिंह के अन्तर्हित हुए बारह वर्ष हो चुके थे। इसलिए, महारानी लखिमा ने शास्त्रविधि से कुश का पुतला बनाकर शिवसिंह की चिता रचाई और स्वय उसके साथ सती हो गईं।[1] महाकवि विद्यापति के जीवन का यह सबसे दुःखद समय था। जिनकी छत्रच्छाया में वे फूले-फले, अपनी आँखों के सामने उनकी चिता जलते देखकर कवि का हृदय आहत हो गया। किन्तु, विधि का विधान दुर्लंघ्य है। उसमें किसी का वश नहीं चलता।

अब महाराज पद्मसिंह मिथिला के सिंहासन पर बैठे। ये शिवसिंह के छोटे भाई थे। रजावनौली से आकर इन्होंने नेपाल-तराई के किनारे में—मिथिला के उत्तरी भाग में—राजधानी बसाई। कारण, एक तो गजरथपुर उजाड़ हो गया था और दूसरा, वह मिथिला के मध्य में था। आक्रमण होने पर अपनी रक्षा के लिए वहाँ से भागकर तराई के जगलों में पहुँचना कठिन था। इसलिए, महाराज पद्मसिंह ने तराई के किनारे अपनी राजधानी बसाई, जिसे आजकल 'पद्मा' कहते हैं। आज भी वहाँ पद्मसिंह की राजधानी का ध्वंसावशेष वर्त्तमान है।

पद्मसिंह का राज्यकाल केवल एक वर्ष है। भ्रातृवियोग से संतप्त होने के कारण वे अधिक दिनों तक जीवित नहीं रहे। उनके बाद उनकी धर्मपत्नी विश्वासदेवी मिथिला

१. म० म० मुकुन्द झा बख्शी, मिथिलाभाषामय इतिहास, पृ० ६३०।

के राजसिंहासन पर बैठी। महारानी विश्वासदेवी बड़ी धर्मपरायणा थीं। प्रजा के ऊपर उनका अपार स्नेह था। उनके समय में मिथिला की बड़ी उन्नति हुई। विद्यापति ने उनके आदेश से 'शैवसर्वस्व-सार' और 'गङ्गा-वाक्यावली'-नामक दो ग्रन्थ लिखे हैं, जिनमें उन्होंने विश्वासदेवी की भूरि-भूरि प्रशसा की है। 'विद्यापति के ग्रन्थ'-शीर्षक निबन्ध मे इसका विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जायगा।

विश्वासदेवी का राज्यकाल बारह वर्षों तक रहा। इनके कोई सन्तान नही थी। इसलिए, इन्होंने महाराज पद्मसिंह के चचेरे भाई नरसिंह 'दर्पनारायण' को अपना दत्तक पुत्र बनाया। महाराज नरसिंह 'दर्पनारायण' महाराज भवसिंह के पौत्र एवं महाराज देवसिंह के छोटे भाई हरिसिंह के पुत्र थे। हरिसिंह राजा नही, राजोपजीव्य थे। इसीलिए विद्यापति ने भी उन्हे 'राजा' या 'महाराज' नही कहा है। मिसरू मिश्र ने 'विवादचन्द्र' के प्रारभ में उन्हे स्पष्ट शब्दो में 'राजोपजीव्य' कहा है।[1]

महाराज नरसिंह 'दर्पनारायण' की आज्ञा से विद्यापति ने 'विभागसार'-नामक ग्रन्थ लिखा, जिसका विस्तृत विवरण 'विद्यापति के ग्रन्थ'-शीर्षक निबन्ध मे आगे किया जायगा।

प्रसंगवश महाराज नरसिंह के विषय में और भी लिखा जाता है। महाराज नरसिंहदेव बडे पराक्रमी थे। उनमें राजोचित सभी गुण वर्त्तमान थे। महामहोपाध्याय रुचिपति उपाध्याय ने मुरारि-कृत 'अनर्घराघव'-नामक नाटक की टीका के प्रारभ मे महाराज भैरवसिंह की प्रशसा करते हुए उनके पिता महाराज नरसिंह 'दर्पनारायण' की भी बड़ी प्रशसा की है।[2]

महाराज नरसिंहदेव ने सहरसा जिले के 'कणदाहा'-नामक ग्राम में 'भवादित्य' नाम से सूर्य की प्रतिष्ठा की थी। उसके पादपीठ में निम्नलिखित शिलालेख है—

पृथ्वीपतिर्द्विजवरो भव(सिंह आ)सी-
दाशीविषेन्द्रवपुरुज्ज्वलकीर्तिराशिः।

---

१ अभूदभूतप्रतिमल्लगन्धो—
राजा भवेश' किल सार्वभौम'।
अत्याजयद्यो बहुमतं कत्व-
दोष भुवोऽपि प्रभुरग्र्यधामा ॥ १ ॥
तस्मात्तनूजोऽजनि सूनुसारो-
धीमानुमासूनुसमानसार' ।
राजोपजीव्यो हरिसिंहनामा
ततो नृपो दर्पनरायणोऽभूत् ॥ २ ॥
—मिथिलाभाषामय इतिहास, पृ० ५२६।

२. अभूदभूतप्रतिपक्षभीति
सदा समासादितभूरिनीति'।
चिरङ्कृतार्थीकृतभूमिदेव'
स्फुरत्प्रतापो नरसिंहदेव' ॥ १ ॥
—मिथिलाभाषामय इतिहास, पृ० ५३२।

तस्यात्मजः सकलकृत्यविचारधीरो—
वीरो (ब)भूव वि(दितो ह)रसिंहदेवः ॥ १ ॥
(दोः)स्तम्भद्वयनिर्जिताहितनृपश्रेणीकिरीटोपल—
ज्योत्स्नावर्धितपादपल्लवनखश्रेणीमयूखावलिः।
दाता तत्तनयोद्भयशास्त्रविधिना भूमण्डलं पालयन्
धीरः श्रीनरसिंहभूपतिलकः कान्तोऽधुना राजते ॥ २ ॥
निर्देशतोऽस्यायतनं रवेरिदमचीकरत्।
बिल्वपञ्चकुलोद्भूतः श्रीमद्वंशधरः कृती ॥ ३ ॥
ज्येष्ठे मासि शकाब्दे शराश्वमदनाङ्किते गिरा।
बुधपाटकीयचन्द्रः कृतवानेतानि पद्यानि ॥[1]

'अङ्कस्य वामा गतिः' के अनुसार उपर्युक्त शिलालेख के 'शराश्वमदनाङ्किते' का अर्थ हुआ—(शर=५, अश्व=७, मदन=१३) १३७५ शकाब्द या १४५३ ई०। किन्तु, काशीप्रसाद जायसवाल का कहना है कि 'सेतुदर्पणी' की एक प्राचीन पाण्डुलिपि में ल० सं० ३२१ मे नरसिंह 'दर्पनारायण' के पुत्र धीरसिंह को मिथिला का राजा कहा गया है।[2] किञ्च, महाभारत, कर्णपर्व की एक प्राचीन पाण्डुलिपि मे ल० सं० ३२७ में हृदयनारायण को मिथिला का राजा कहा गया है।[3] इस प्रकार, ल० सं० ३२१ अर्थात् १४४० ई० तथा ल० सं० ३२७ अर्थात् १४४७ ई० मे धीरसिंह हृदयनारायण का राज्य था। अतः, उपर्युक्त शिलालेख मे उल्लिखित १३७५ शकाब्द, अर्थात् १४५३ ई० मे महाराज नरसिंह का राज्यकाल नही हो सकता। इसलिए, उसे १३५७ शकाब्द, अर्थात् १४३५ ई० होना चाहिए। किन्तु 'अङ्कस्य वामा गतिः' का उल्लंघन करके महाराज नरसिंहदेव 'दर्पनारायण' के काल-निर्धारण की आवश्यकता नहीं। कारण, प्रारंभ से ही ओइनवार-साम्राज्य मे यह परिपाटी थी कि बुढ़ापे में पिता अपने पुत्र के हाथों मे राज्य सौंप देता था। इसीलिए, विद्यापति ने 'दुर्गाभक्तितरंगिणी' मे नरसिंह का उल्लेख वर्त्तमान-कालिक 'अस्ति' शब्द से करके भी उनके पुत्रों को 'नृपति' कहा है और 'पुरुष-

१. काशीप्रसाद जायसवाल, जर्नल ऑफ् दी विहार ऐण्ड उड़ीसा रिसर्च सोसायटी, खण्ड २०, भाग १, पृ० १५-१६, १९३४ ई०।

२ "परमभट्टारकेत्यादिमहाराजाधिराजश्रीमल्लक्ष्मणसेनदेवीयैकविंशत्यधिकशतत्रयतमाब्दे कार्त्तिकामावस्यायां शनौ समस्तप्रक्रियाविराजमानरिपुराजकंसनारायणशिवभक्तिपरायणमहाराजाधिराजश्री-श्रीमद्धीरसिंहसम्भुज्यमानायां तीरभुक्तौ अलापुरतप्पाप्रतिबद्धसुन्दरीग्रामवस्ता सदुपाध्यायश्रीसुधाकराणामात्मजेन छात्रश्रीरत्नेश्वरेण स्वार्थम्परार्थञ्च लिखितमिदं सेतुदर्पणीपुस्तकमिति।"

—श्रीविमानविहारी मजूमदार, विद्यापति-पदावली, भूमिका, पृ० ४६।

३ "शुभमस्तु ल० स० ३२७ माघशुदि १० रवौ महाराजाधिराजश्रीमद्धृदयनारायणराज्ये हाटीतप्पासल पुरे श्रीकृष्णपतिना लिखितमिदं कर्णपर्व्वम् ॥ ✣ ॥ ओ नमः शिवाय ॥ ओ नमो नारायणाय ॥"—काशीप्रसाद जायसवाल, जर्नल ऑफ दी विहार ऐण्ड उड़ीसा रिसर्च सोसायटी, खण्ड २०, भाग १, पृ० ४७-४८, १९३४ ई०।

परीक्षा' में शिवसिंह को भी पिता के जीवन-काल में ही 'क्षितिपति' तथा 'नृपति' कहा है। अतः, धीरसिंह के राज्यकाल में उनके पिता महाराज नरसिंह का जीवित रहना और उनके द्वारा सूर्य का स्थापित होना कतई असंभव नहीं।

एक बात और। काशीप्रसाद जायसवाल ने उपर्युक्त ल० स० ३२१ में १४४० ई० और ल० स ३२७ में १४४७ ई० का होना निश्चित किया है, जो भ्रान्तिपूर्ण है। कारण, विद्यापति ने 'अनल रन्ध्र कर लक्खण नरवए, सक समुद्द कर अगिनि ससी' लिखकर अपने समय के लिए लक्ष्मण-संवत् का विवाद खत्म कर दिया है। इसलिए शक-संवत् के साथ मिलाकर गणना करने से ल० स० ३२१ में १४३० ई० और ल० स० ३२७ में १४३७ ई० का होना निश्चित होता है। अस्तु।

महाराज भैरवसिंह 'हरिनारायण' की आज्ञा से विद्यापति ने 'दुर्गाभक्तितरंगिणी' की रचना की। इस ग्रन्थ में विद्यापति ने धीरसिंह, भैरवसिंह और चन्द्रसिंह 'रूपनारायण' का नामोल्लेख किया है। अबतक महाराज नरसिंह भी जीवित थे। कारण, विद्यापति ने उनका उल्लेख भी वर्त्तमानकालिक 'अस्ति' से किया है। इसमें महाराज भैरवसिंह के दोनों छोटे भाइयों का—रणसिंह और धुराइ का—नामोल्लेख नहीं है। संभव है, इस समय तक वे नाबालिग रहे हों अथवा उनका जन्म ही नहीं हुआ हो।

महाराज नरसिंह की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी महारानी धीरमति की आज्ञा से विद्यापति ने 'दानवाक्यावली' की रचना की। महाराज नरसिंह के दो रानियाँ थीं—धीरमति देवी और हीरा देवी। हृदयनारायण धीरसिंह, हरिनारायण भैरवसिंह, दुर्लभनारायण रणसिंह और कुमार धुराइ महारानी धीरमति के और रूपनारायण चन्द्रसिंह महारानी हीरा देवी के पुत्र थे। महारानी धीरमति अत्यन्त उदारचरिता थीं। विद्यापति ने 'दानवाक्यावली' के प्रारभ में उनकी बड़ी प्रशंसा की है। उन्होंने काशी में काशीवास करनेवालों के लिए धर्मशाला बनवाई थी, बगीचा लगवाया था, जहाँ भिक्षुओं को अन्न-दान भी मिलता था। ऐसी उदारचरिता महारानी की आज्ञा से विद्यापति का 'दानवाक्यावली' के समान दान-विषयक ग्रन्थ लिखना उपयुक्त ही है।

महाराज धीरसिंह 'हृदयनारायण', महाराज भैरवसिंह 'हरिनारायण' और राजा चन्द्रसिंह 'रूपनारायण' के बाद के राजाओं में किसी राजा या राजकुमार का नाम हम विद्यापति की कृतियों में नहीं पाते हैं। नगेन्द्रनाथ गुप्त की पदावली के एक पद (पद-संख्या ५२३) की भणिता में कंसनारायण का नाम पाया जाता है, जो असगत है। कारण, 'रागतरंगिणी' में उस पद के रचयिता के रूप में गोविन्ददास का नाम है।[1] किन्तु, ऐसी असगति केवल

---

१. अगर उगारि गारि मृगमद रस
कए अनुलेपन देह।
चललि तिमिर मिलि निमिषे अलख भेलि,
काचक सनि ससि रेह॥

नगेन्द्रनाथ गुप्त ने नही की है, दूसरे संपादकों ने भी बहुत-कुछ भ्रमजाल फैलाया है, जिसका विचार आगे किया जायगा।

उपर्युक्त विश्लेषण से पता चलता है कि महाकवि विद्यापति का रचनाकाल राए भोगीश्वर के समय से प्रारंभ कर महाराज भैरवसिंह के राज्यकाल तक था।

महाराज धीरसिंह 'हृदयनारायण', महाराज भैरवसिंह 'हरिनारायण' और चन्द्रसिंह 'रूपनारायण' एक समय में, एक साथ ही राज्य करते थे। विद्यापति-कृत 'दुर्गाभक्तितरंगिणी' के प्रारंभिक श्लोकों से (जिनका उल्लेख 'विद्यापति के ग्रंथ'-शीर्षक निवन्ध में आगे किया जायगा) ऐसा ही प्रतीत होता है। किञ्च, महामहोपाध्याय रुचि शर्मा ने 'प्रबोध-चन्द्रोदय' नाटक की टीका के प्रारंभ में स्पष्ट रूप से ऐसा ही लिखा है।[१] अतः, विद्यापति-कृत 'वर्षकृत्य' में रूपनारायण के उल्लेख रहने पर भी ('विद्यापति के ग्रन्थ'-शीर्षक निवन्ध में आगे इसका विवेचन किया जायगा) समसामयिक होने के कारण महाराज भैरवसिंह के राज्यकाल से आगे विद्यापति का जीवनकाल नहीं होता।

नगेन्द्रनाथ गुप्त को मिथिला के लोककण्ठ से एक पद प्राप्त हुआ था, जिसमें विद्यापति कहते हैं कि बत्तीस वर्षों के बाद मैंने स्वप्न में शिवसिंह को देखा है। मिथिला के लोककण्ठ में आज भी वह पद इस प्रकार विराज रहा है कि 'नह्यमूला प्रसिध्यति' के अनुसार उसकी प्रमाणिकता पर संदेह करने की गुंजाइश नहीं। पद इस प्रकार है—

हे माधव,
हेरह हरखि धनि चान उगल जनि
महितले[*] मेटि कलङ्क।
घर गुरुजन हेरि पलटति कत बेरि
ससिमुखि परम ससङ्क॥
तुअ गुनगन कहि आनलिअ साहि-टारि
दइए सुमुखि बिसवास।
ते परि पठाइअ जे पुनु पाविअ
परधन विनु परआस॥
अपल जनम सत मदन महामत
विहि सुफलित करु आज।
दास गोविन्द मन कंसनराएन
सोरभ देवि समाज॥
—रागतरंगिणी, पृ० १०१-१०२।

१. न्यायेनावति तीरभुक्तिवसुधां श्रीधीरसिंहे नृपे
श्रीमद्भैरवसिंहभूमिपतिना भ्रात्रानुजेनान्विते।
रामं लक्ष्मणवत्समाश्रयति यो ज्येष्ठौ च तौ भ्रातरौ
तस्य श्रीयुतचन्द्रसिंहनृपतेर्वाक्येन टीकोद्यत॥
—मिथिलातत्त्वविमर्श, पृ० १७७।

सपन देखल हम सिवसिंह भूप
बतिस बरस पर सामर रूप।
बहुत देखल गुरुजन प्राचीन
आब भेलहुँ हम आयु - विहीन ॥
समटु - समटु निज लोचन - नीर
ककरहु काल न राखथि थीर।
विद्यापति सुगतिक प्रस्ताव
त्याग के करुना रसक स्वभाव ॥

नेपाल दरबार-पुस्तकालय में 'ब्राह्मण सर्वस्व' की एक प्राचीन पाण्डुलिपि है। उसके अन्त में प्रतिलिपिकार ने जो आत्मपरिचय के साथ लिपिकाल का उल्लेख किया है, उससे भी इसी की पुष्टि होती है।[1]

सर्वप्रथम डॉ० सुकुमार सेन ने अपनी 'विद्यापति-गोष्ठी'-नामक पुस्तक में उस उद्धरण की ओर विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया। इसी आधार पर श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा कि "प्राचीन काल में केवल जीवित व्यक्ति के नाम के साथ ही 'श्री' शब्द लिखा जाता था। अतः, प्रमाणित होता है कि लक्ष्मण-सवत् ३४१, अर्थात् १४६० ई० में विद्यापति जीवित थे।"[2] डॉक्टर मुहम्मद शहीदुल्लाह ने भी इसी आधार पर लिखा कि "३४१ ल० स० (१४६० खीष्टाब्द) में विद्यापति के अध्यापनाधीन छात्र श्रीरूपधर ने एक पुस्तक की नकल की थी।"[3] डॉक्टर सुभद्र झा ने भी उपर्युक्त उद्धरण को प्रामाणिक मानकर लिखा है कि "अतः हम समझते हैं कि विद्यापति संभवतः १४४८ ई० या १४६१ ई० तक जीवित थे।"[4]

ब्राह्मण-सर्वस्व के अन्त में उल्लिखित उद्धरण के आधार पर निश्चितरूप से यह प्रमाणित होता है कि महाकवि विद्यापति ल० स० ३४१ तक जीवित थे। किन्तु यहाँ भी उपर्युक्त विद्वानों ने ल० स० को ईसवी सन् में परिवर्त्तित करने में भूल की है। कारण, पहले कहा जा चुका है कि विद्यापति ने 'अनल रन्ध्र कर लक्खन नरवए, सक समुद्द कर अगिनि

---

१ ल० स० ३४१, मुढ़ियारग्रामे सुप्रसिद्धसदुपाध्यायनिजकुलकुमुदिनीचन्द्रवादिमत्तेभसिंहसच्चरित्र-पवित्रश्रीविद्यापतिमहाशयेभ्य पठता छात्रश्रीरूपधरेण लिखितमद पुस्तकम्।

पक्षे सितेऽसौ शशिवेदराम-
युक्ते नवम्या नृपलक्ष्मणाब्दे।
श्रीपूर्वसोमेश्वरसद्‌द्विजेन
पुस्ती विशुद्धा लिखिता च मात्रे ॥

—केटलाग ऑफ् पामलीफ मैनेस्क्रिप्ट्स इन नेपाल-दरबार, पृ० ४८।

२ मित्र-मजूमदार, विद्यापति-पदावली, भूमिका, पृ० ५६।

३ मुहम्मद शहीदुल्लाह, विद्यापति-शतक, भूमिका, पृ० ४।

४ सुभद्र झा, विद्यापति-गीत-सग्रह, भूमिका, पृ० ५०।

सी' लिखकर लक्ष्मणाब्द और शकाब्द को एक सूत्र में पिरो दिया है तथा अपने समय के लिए लक्ष्मणाब्द का विवाद समाप्त कर दिया है। किन्तु उपर्युक्त विद्वानो का ध्यान इस ओर नही गया। अतएव किसी ने ल० स० ३४१ को १४६० ई० तो किसी ने १४४८ या १४६१ ई० स्वीकार किया है, जो सर्वथा असगत है। वास्तव में विद्यापति के अनुसार शक-सवत् के साथ मिलाकर गणना करने से ल० सं० ३४१ में १४५० ई० होती है।

प्रसगवश ब्राह्मण-सर्वस्व के उपर्युक्त उद्धरणोक्त 'मुड़ियार' ग्राम पर विचार किया जाता है। मिथिला मे प्रायः उक्त नाम का कोई गाँव आज नही है, यदि विद्यापति के समय मे उस नाम का कोई गाँव रहा भी हो तो प्रश्न उठता है कि विद्यापति अपने गाँव विसफी को छोड़कर वृद्धावस्था मे 'मुड़ियार' मे रहकर क्यो पढ़ाते थे? महाराज शिवसिंह का दिया हुआ विसफी-सा विशाल गाँव उनके अधिकार में था। ओइनवार-साम्राज्य के सिंहासन पर उस समय महाराज भैरवसिंह के समान उदार महाराज समासीन थे, जिनकी आज्ञा से विद्यापति ने 'दुर्गा-भक्ति तरगिणी'-नामक ग्रन्थ लिखा था। उनकी छत्रच्छाया में रहते हुए विद्यापति को 'मुड़ियार' मे रहकर अध्यापन-कार्य करने की आवश्यकता हुई होगी,—इसकी संभावना नही की जा सकती। अतः उपर्युक्त उद्धरण का 'मुड़ियार' वास्तव में 'वड़ुआर' है। वड़ुआर ग्राम मे महाराज भैरवसिंह की राजधानी थी।[1] महाकवि विद्यापति अपने जीवन के अन्तिम दिनों में महाराज भैरवसिंह के आश्रय में वड़ुआर मे रहकर विद्यादान करते थे। वही उनसे पढते हुए रूपधर ने ब्राह्मण-सर्वस्व लिखा,—यही युक्तियुक्त प्रतीत होता है। नेपाल दरबार की पुस्तक-सूची मे, जहाँ से उपर्युक्त उद्धरण प्रस्तुत किया गया है, भ्रमवश 'वड़ुआर' को 'मुड़ियार' लिख दिया गया है। पाठोद्धार के समय ऐसी भ्रान्ति का होना असमव नही है। अस्तु।

उपर्युक्त विवेचन-विश्लेषण से प्रतीत होता है कि महाराज शिवसिंह ल० सं० २९३ अर्थात् १४०२ ई० के श्रावण-शुक्ल-सप्तमी को सिंहासनासीन हुए। उस समय उनकी अवस्था पचास वर्ष की थी। विद्यापति उनसे दो वर्ष बडे थे। इसलिए उनके सिंहासनाधिरोहण के समय विद्यापति बावन वर्ष के थे। इस प्रकार गणना करने से विद्यापति का जन्मकाल १३५० ई० होता है। महाराज शिवसिंह अपने पिता देवसिंह के मृत्यु-दिवस से तीन वर्ष, नौ महीने और सिंहासनाधिरोहण-दिवस से तीन वर्ष, छह महीने के बाद १४०६ ई० के प्रारभ में जौनपुर के सेनापति गयासबेग के साथ युद्ध करते हुए अन्तर्हित हुए। उसके बारह वर्ष के बाद अर्थात् १४१८ ई० के प्रारभ में महारानी लखिमा ने कुश का पुतला बनाकर महाराज शिवसिंह की चिता रचाई और स्वय उसके साथ जलकर स्वर्ग सिधारीं। इसके बत्तीस वर्ष बाद अर्थात् १४५० ई० के प्रारभ मे कवि ने स्वप्न मे महाराज शिवसिंह को देखा और उसी वर्ष कार्त्तिक-शुक्ल-त्रयोदशी को गगा के पवित्र तट पर अपने नश्वर शरीर को त्यागकर वे कैलासवासी हुए। नगेन्द्रनाथ गुप्त ने मिथिला के लोककठ से एतद्विषयक एक पद का सग्रह किया था, जो आज भी वहाँ के लोककठ में वर्तमान है। देखिए—

---

१. म० म० मुकुन्द झा बख्शी, मिथिलाभाषामय इतिहास, पृ० ५३४।

दुल्लहि तोहर कतए छथि माए।
कहुन ओ आबथु एखन नहाए॥
वृथा बुझथु संसार - विलास।
पल - पल नाना तरहक त्रास॥
माए - बाप जओ सद्गति पाव।
सन्तति कॅ अनुपम सुख आव॥
विद्यापतिक आयु - अवसान।
कार्तिक - धवल - त्रयोदशि जान॥[१]

यद्यपि 'मरण जाह्नवीतीरे' का महत्त्व आसेतुहिमालय वर्तमान है तथापि मिथिला में जिस प्रकार इस स्मृति-वाक्य का अनुसरण किया जाता है, उस प्रकार अन्यत्र नहीं। आज भी मिथिला के वयोवृद्ध स्त्री-पुरुष सदा गगालाभ की कामना करते हैं। पुत्र भी अपने माता-पिता को अन्त समय में प्राण-विसर्जन के लिए गंगा-तट पर ले जाना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं। विद्यापति ने भी अपना अन्त समय जानकर गगा की शरण मे जाने का विचार प्रकट किया। डॉ० ग्रियर्सन को मिथिला के लोककठ में निम्नलिखित पद प्राप्त हुआ था, जिससे पता चलता है कि अन्त समय में गगा-तट पर प्राण-विसर्जन करने की अभिलाषा विद्यापति के मन में बहुत पहले से थी—

बड सुख - सार पाओल तुअ तीरे।
छाडइते निकट नयन बह नीरे॥
कर जोडि बिनमओ विमल - तरङ्गे।
पुन दरसन होइह पुनमति गङ्गे॥
एक अपराध छेमब मोर जानी।
परसल माए पाए तुअ पानी॥
कि करब जप तप जोग धेआने।
जनम कृतारथ एकहिं सनाने॥
भनइ विद्यापति समदओ तोही।
अन्तकाल जनु बिसरह मोही॥[२]

महाकवि के विचार प्रकट करते ही यात्रा की सारी सामग्रियाँ प्रस्तुत की गईं। बन्धु-बान्धव और प्रजावर्ग भी महाकवि के अन्तिम दर्शन के लिए आ जुटे। सभी रो रहे थे—विलख रहे थे। पर, काल के आगे किसी का वश नहीं। अन्त मे बन्धु-बान्धवों से मिल-जुलकर प्रजाजनों को सान्त्वना देकर और कुलदेवी विश्वेश्वरी को प्रणाम कर विद्या-

१ विद्यापति-पदावली, नगेन्द्रनाथ गुप्त, पद-संख्या (विविध) १२।
२ ग्रियर्सन, पद-संख्या ७८, न० गु०, पद-संख्या (गगा) १।

पति ने गगा-तट की यात्रा की। उस समय का कारुणिक वर्णन विद्यापति के मुख से ही सुनिए—

जय जय अम्बा विश्वेश्वरि, किछु ने फुरए जे करि,
मोर माथे धरि दिअ हाथे।
चललहुँ सुरसरि, धन - धाम परिहरि,
तोहर अभय वर साथे॥
पुरती हमर आशा, शिव - जटाजूट - वासा,
अनुकूल देवी जल देवा।
इहो तन परित्यागी, होएब सुगति - भागी,
शिवक जनम भरि सेवा॥
परजा - रञ्जन मन, हरपति सभ खन,
हँसाए - खेलाए कर लेथि।
अतिथिक सतकार, इष्ट - पूजा - उपचार,
सुविचार धन नित देथि॥
जननि समान मान, नारीगण मन मान,
कविवर विद्यापति भाने।
जे मोर बान्धव लोक, मन ने करथु शोक,
काल - गति अछ परमाने॥[१]

इस प्रकार सबसे मिल-जुलकर महाकवि ने गंगा की यात्रा की। संभव है, बिसफी से चलकर वे तीसरे दिन मऊ-बाजितपुर (विद्यापतिनगर) पहुँचे होंगे। महाकवि ने यहाँ अपनी यात्रा रोक दी। वे पालकी (तामदान) से उतर गये। उन्होंने साथ आये परिजनों से कहा कि 'मै तो भक्तिभाव से इतनी दूर चलकर माता (गगा) के दर्शन के लिए आया। अब देखना चाहिए कि माता (गंगा) क्या थोड़ी दूर भी इस पुत्र को अंक में लेने के लिए नही आयँगी ?' महाकवि की यह प्रतिज्ञा उन्हीं के मुख से सुनिए—

सुनिअ डमरु - धुनि, शिव पुनि - पुनि,
आब एत करु बिसराम।
पूजा - उपचार लिअ, सत्वर गगा कोँ दिअ,
कहि देब हमरो प्रणाम॥
करतीहि कृपा गङ्गा, सकल कलुष - भङ्गा,
आब जीव परसन भेल।
थाकि गेलि जनी - जाति, बेटा - बेटी - पोता - नाति,
कामति - कहार - सङ्ग-साथी।

१. म० म० परमेश्वर झा, मिथिलातत्त्व-विमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १८७।

मोर हेतु आउ एत, धन्यवाद लोक देत,
सभ जन हरषि नहाथी ॥
भन कवि विद्यापति, दिअ देवि दिव्य गति,
पशुपति - पुर पहुँचाए ।
गौरी सङ्ग देखि शिव, कि सुख पाओत जिव,
से आब कहलो ने जाए ॥[1]

कहते हैं, महाकवि का सत्य-सकल्प सिद्ध हुआ। उसी रात गगा की धारा वहाँ होकर बहने लगी। प्रातःकाल लोगों ने देखा तो आश्चर्यचकित होकर सभी महाकवि के पुण्य-प्रताप की प्रशसा करने लगे। फिर तो विद्यापति प्रतिदिन गंगा के दर्शन, प्रणाम, स्नान, ध्यान आदि करते हुए समय व्यतीत करने लगे। समय बीतने लगा। आखिर कार्तिक-शुक्ल-पक्ष की त्रयोदशी तिथि आ गई। महाकवि को अपना अन्तिम समय समीप आया प्रतीत हुआ। उन्होंने अपनी पुत्री—दुल्लहि—को पुकारकर उससे उसकी माता के विषय में पूछा—उन्हे शीघ्र स्नान कर आने को कहलाया और रोते-विसूरते हुए सन्तति-समुदाय को सान्त्वना देकर गगा-तट पर अपने नश्वर शरीर का त्याग किया।

विद्यापतिकालीन मिथिला

शाके १२४८ अर्थात् १३२६ ई० में दिल्ली के सुलतान मुहम्मद तुगलक ने कर्णाट-साम्राज्य के अन्तिम शासक महाराज हरिसिंहदेव को हराकर मिथिला पर अधिकार कर लिया। हरिसिंहदेव की राजधानी 'नेहरा' में थी। वही से भागकर वे नेपाल गये। रास्ते में उन्होने अपने गुरु सिद्ध कामेश्वर ठाकुर से, जो उन दिनो शुकवन (सुगौना) में तपस्या कर रहे थे, भेंट की और मिथिला का राज्य उनके चरणो मे समर्पित कर दिया।

मुहम्मद तुगलक को जब ज्ञात हुआ कि हरिसिंहदेव कामेश्वर ठाकुर को मिथिला का राज्य देकर नेपाल चले गये तब उसने भी कामेश्वर ठाकुर को ही मिथिला का राजा मान लिया। उसे स्वय तो राज्य करना नही था, जो आपत्ति होती। वह तो केवल 'कर' चाहता था। सो, कामेश्वर ठाकुर को राजा मानकर उसने मिथिला को 'करद' राज्य के रूप में दिल्ली-साम्राज्य में अन्तर्भुक्त कर लिया।

श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि "हरिसिंहदेव चम्पारन जिले के समीपवर्त्ती नेपाल तराई में अवस्थित 'सिमरौनगढ़' से भागकर नेपाल गये और वहाँ उन्होंने कुछ दिनों तक राज्य किया। गयासुद्दीन तुगलक ने हरिसिंहदेव के गुरु वश के कामेश्वर को सामन्त राजा के रूप में प्रतिष्ठित किया। कामेश्वर ने सुगौना (मधुवनी, दरभगा) मे अपनी राजधानी स्थापित की।"[2]

---

१. म० म० परमेश्वर झा, मिथिलातत्त्व-विमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १८८।
२ मित्र-मजूमदार, 'विद्यापति-पदावली' की भूमिका, पृ० ३३।

दरभंगा) के समीप डेरा डाला, किन्तु चार महीने के बाद वहाँ से विदा होकर गिरि-गह्वर की शरण ली। उमगाम में आज भी ग्रामदेवता के रूप में हरिसिंहदेव की पूजा होती है।[1] यदि सिमरौनगढ से हरिसिंहदेव नेपाल की यात्रा करते तो मार्ग मे 'उमगाम' नहीं पड़ता। अतः सिमरौनगढ़ से हरिसिंह देव के भाग जाने की बात कपोल-कल्पित है।

श्रीविमानविहारी मजूमदार का यह कथन भी असंगत है कि "गयासुद्दीन तुगलक ने हरिसिंहदेव के गुरु-वंश के कामेश्वर को सामन्त राजा के रूप में प्रतिष्ठित किया।" कारण, गयासुद्दीन तुगलक ने १३२४ ई० मे मिथिला पर आक्रमण किया था। यदि उसी समय हरिसिंहदेव भाग जाते तो शाके १२४८ अर्थात् १३२६ ई० में हरिसिंहदेव की आज्ञा से पञ्जी-प्रबन्ध का निर्माण किस प्रकार होता? अतः वस्तुस्थिति यह है कि गयासुद्दीन तुगलक के आक्रमण से नही, मुहम्मद तुगलक के आक्रमण से कर्णाट-साम्राज्य का पतन हुआ।[2] गयासुद्दीन तुगलक कर्णाट-साम्राज्य से टकराया तो अवश्य, पर उसे मुँह की खानी पड़ी। उस समय मन्त्रिवर गणेश्वर, चण्डेश्वर आदि मन्त्रिपद पर आसीन थे। उनके आगे गयासुद्दीन तुगलक की दाल न गली। उसके बहुतेरे सैनिक हरिसिंहदेव के साथ युद्ध में खेत रहे। इसी का वर्णन कविशेखराचार्य ज्योतिरीश ने 'धूर्त्त-समागम' नाटक के प्रारंभ किया है[3]। प्रतिहस्त भव शर्मा ने भी 'गोविन्दमानसोल्लास' के प्रारभ मे मन्त्रिवर गणेश्वर की प्रशसा करते हुए गयासुद्दीन तुगलक के इसी आक्रमण की ओर सकेत किया है।[4]

श्रीविमानविहारी मजूमदार का यह कथन भी नितान्त असगत है कि "कामेश्वर ने सुगौना (मधुवनी, दरभंगा में अपनी राजधानी स्थापित की।" कारण, जिस समय हरिसिंहदेव अपनी राजधानी—नेहरा—से भागकर नेपाल की तराई की ओर जा रहे थे, उस समय सिद्ध कामेश्वर ठाकुर सुगौना, दरभंगा मे तपस्या कर रहे थे। हरिसिंहदेव ने यही उनके चरणों मे मिथिला का राज्य समर्पित किया था। आज भी सिद्ध कामेश्वर ठाकुर का वह सिद्धपीठ यहाँ वर्त्तमान है। इसी सिद्धपीठ के कारण कामेश्वर-वंश के राजाओं का सुगौना से सदा सम्बन्ध बना रहा। किन्तु उनकी राजधानी यहाँ नही थी। कामेश्वर-

---

१ मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १४३।

२ वही, पूर्वार्द्ध पृ० १४३।

३ नानायोधनिरुद्धनिर्जितसुरत्राणत्रसद्वाहिनी—
नृत्यद्भीमकबन्धमेलकदलद्भूमिभ्रमद्भूधरः ।
अस्ति श्रीहरिसिंहदेवनृपति कर्णाटचूडामणि-
र्दृप्यत्पार्थिवसार्थमौलिमुकुटन्यस्ताङ्घ्रिपङ्केरुह. ॥
—मिथलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १३५।

४. मशोपयन्ननिशमौर्वनिभप्रतापै-
र्गौडावनीपरिवृढ सुरतानसिन्धुम्।
धर्मावलम्बनकरः करुणार्द्रचेता-
यस्तीरभुक्तिमतुलामतुल' प्रशास्ति ॥
—मैनुस्क्रिप्ट्स इन मिथिला, भाग १, पृ० ५०५–६।

ठाकुर ने अपनी जन्मभूमि —ओइनी में राजधानी बसाई थी। आज भी वहाँ राजधानी का ध्वंसावशेष खँडहर के रूप मे वर्त्तमान है। उस समय का एक विशाल कुँआ भी वहाँ है। मिथिला का राज्य कामेश्वर ठाकुर के पुत्रो में बँट जाने पर भी उनके बडे पुत्र राय भोगीश्वर की राजधानी अन्ततक वहीं रही। कीर्त्तिसिंह के समय में उनके भाई वीरसिंह ने वहाँ से कुछ हटकर अपना निवासस्थान बनवाया, जो आज भी 'वीरसिंहपुर' के नाम से वर्त्तमान है।

कामेश्वर ठाकुर के भाइयों मे एक हर्षण ठाकुर (प्रसिद्ध—मनसुख ठाकुर) थे। राजा होने पर कामेश्वर ठाकुर ने अपने वंशपरंपरागत सिद्धपीठ की पूजा-अर्चा के लिए हर्षण ठाकुर को सुगौना गाँव दिया।[1] इसीलिए हर्षण ठाकुर ने सुगौना में अपना निवासस्थान बनवाया। आज भी हर्षण ठाकुर के वंशज वहाँ वर्त्तमान हैं।

कामेश्वर-वंश के अन्तिम महाराज लक्ष्मीनाथ 'कंसनारायण' शाके १४४६ (१५२७ ई० मे) स्वर्ग सिधारे।[2] उनकी मृत्यु के बाद मिथिला में अराजकता-सी फैल गई। जहाँ-तहाँ भरजातीय क्षत्रियों ने उत्पात मचाना आरंभ किया। इस समय हर्षण ठाकुर के प्रपौत्र राजा रत्नाकर ठाकुर वर्त्तमान थे। उन्होंने अवसर से लाभ उठाकर सुगौना के आस-पास के बहुत बडे भूभाग को अपने अधिकार मे कर लिया और अपने को राजा घोषित कर दिया।[3] इसी समय से 'सुगौना'-राज्य का प्रारंभ हुआ।

जिस समय बादशाह अकबर ने महामहोपाध्याय महेश ठाकुर को मिथिला का राज्य दिया, उस समय उपयुक्त राजा रत्नाकर के प्रपौत्र राजा रामचन्द्र नाबालिग थे। इसलिए वे चुप लगा गये। किन्तु बालिग होने पर उन्होंने दिल्ली जाकर राजपण्डित कामेश्वर के वंशज होने के कारण अपने को ओइनवार-साम्राज्य का उत्तराधिकारी बतलाते हुए बादशाह से मिथिला-राज्य की याचना की। किन्तु बादशाह से उत्तर मिला कि "मिथिला-राज्य महेश ठाकुर को दे दिया गया। अब नहीं मिल सकता।" इसपर राजा रामचन्द्र ने प्रार्थना की कि "महेश ठाकुर को आबादी जमीन का अनुमति-पत्र मिला है। गैर-आबादी जमीन बची है। मुझे उसी का अनुमति-पत्र दिया जाय।" इसपर बादशाह ने गैर-आबादी जमीन का अनुमति-पत्र उन्हें दे दिया।[4] इस प्रकार आबादी जमीन के मालिक म० म० महेश ठाकुर और गैर-आबादी जमीन के मालिक राजा रामचन्द्र हो गये। अब आबादी और गैर-आबादी का झगड़ा गाँव-गाँव में आरंभ हुआ। अन्ततोगत्वा महेश ठाकुर ने 'बछौर' से लेकर

---

१ म० म० मुकुन्दझा बख्शी, मिथिलाभाषामय इतिहास, पादटिप्पणी, पृ० ११३।

२ अङ्काब्धिवेदशशिसम्मितशाकवर्षे
भाद्रे सिते प्रतिपदि क्षितिसूनुवारे।
हाहा! निहत्य इव कंसनरायणोऽसौ
तत्याज देवसरसोनिकटे शरीरम्॥
—मिथिलाभाषामय इतिहास, पृ० ५४४।

३. वही, पादटिप्पणी, पृष्ठ ११३।

४ म० म० परमेश्वर झा, मिथिलातत्त्वविमर्श, उत्तरार्द्ध, पृ० ८

'भाला' तक सात परगने राजा रामचन्द्र को देकर झगड़ा खत्म किया। राजा रामचन्द्र के बाद तो सुगौना राज्य की और भी समृद्धि हुई। बाद में उनके वंशज महाराज कहलाने लगे। यही सुगौना-राज्य का इतिहास है। पाठकों की जिज्ञासा-शान्ति के लिए सुगौना-राजवंश का कुलवृक्ष सह-सलग्न है।

प्रकृतिमनुसरामः। मुहम्मद तुगलक (१३२५-१३५१ ई०) के राज्यकाल के अन्तिम दिनों में राजनीतिक विशृङ्खलता के कारण भारत के पूर्वभाग में बहुत उलट-फेर हुआ। अनेक हिन्दू राजाओं और मुसलमान शासकों ने स्वाधीनता की घोषणा कर दी। गौड़ के सुलतान शम्सुद्दीन इलियास शाह ने (१३४२-१३४७ ई०) स्वतंत्रता की घोषणा ही नहीं की, वरन् मिथिला को रौंदता हुआ वह नेपाल तक बढ़ आया। नेपाल से लौटकर वह उड़ीसा की चिल्का झील तक जा पहुँचा। फिर उसने गोरखपुर और चम्पारन को भी जीत लिया।[1] ओइनवार-साम्राज्य के ऊपर यही सबसे पहला आक्रमण था। इस आक्रमण से वह डगमगा उठा। मुहम्मद तुगलक के हाथों से ओइनवार-साम्राज्य की स्थापना हुई थी। इसलिए वह अपने को दिल्ली-साम्राज्य का अंग मानता था और गौड़ की अधीनता स्वीकार करने को तैयार नहीं था। पर, इलियास शाह को मार भगाने की शक्ति भी उसमें नहीं थी। अतः मिथिला में एक प्रकार से अराजकता-सी छा गई। इसीलिए मिथिला की राजपञ्जी में इस समय को अराजकता का समय कहा गया है।

किन्तु समय ने पलटा खाया। मुहम्मद तुगलक की मृत्यु के बाद फीरोजशाह तुगलक (१३५१-१३८८ ई०) गद्दी पर बैठा तो उसने १३५४ ई० में अन्तर्वेद और अयोध्या से लेकर कोशी नदी तक के भू-भाग पर फिर अपना अधिकार जमाया।[2] इलियासशाह की सेना उसे रोक नहीं सकी। सम्भव है, फीरोजशाह तुगलक इलियासशाह के प्रत्याक्रमण की प्रतीक्षा में कुछ दिनों तक मिथिला में बैठा रहा। वह जहाँ पड़ाव डाले बैठा था, उसे आज भी 'पिजुरगढ़' कहते हैं, जो 'फीरोजगढ़' का बिगड़ा हुआ रूप है। यह गाँव मधुबनी (दरभंगा) सबडिवीजन में है। किञ्च, यदि फीरोजशाह आँधी की तरह लूटता-खसोटता आता और चला जाता तो राय भोगीश्वर के साथ उसकी मित्रता कैसे होती? किसी आये-गये के साथ हठात् किसी की मित्रता नहीं होती। विद्यापति ने कीर्त्तिलता में लिखा है—

> तसु नन्दन भोगीसराअ वर भोग पुरन्दर।
> हुअ हुआसन तेजि कन्ति कुसुमाउह सुन्दर॥
> जाचक सिद्धि केदार दान पञ्चम बलि जानल।
> पिअसख भणि पिअरोजसाह सुरतान समानल॥[3]

---

१ हिस्ट्री ऑफ बंगाल, भाग २, पृष्ठ १०४-५।

२ दरभंगा डिस्ट्रिक्ट गजेटियर, पृ० १७ (१९०७ ई०)

३ कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० १०।

ओइनवार-राजवंश (सुगौना शाखा)

विशेष—जिनके नाम के साथ 'श्री' का प्रयोग हुआ है, वे अभी जीवित हैं।

श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि "संभव है, चम्पारन और गोरखपुर के राजाओं की तरह कामेश्वर ने भी शम्सुद्दीन इलियास शाह की अधीनता स्वीकार कर ली हो। ......इसीलिए दिल्ली के सम्राट् फीरोज तुगलक ने कामेश्वर को छोड़कर उनके पुत्र भोगीश्वर को तिरहुत का सामन्त राजा बनाया।"[1] किन्तु उनका यह कथन युक्तियुक्त नहीं है। कारण, यदि राय कामेश्वर ने शम्सुद्दीन इलियास शाह की अधीनता स्वीकार कर ली होती तो उनके पुत्र राय भोगीश्वर फिरोजशाह तुगलक के मित्र नहीं हो सकते थे। भोगीश्वर का फीरोजशाह का मित्र होना ही प्रमाणित करता है कि ओइनवार-साम्राज्य ने शम्सुद्दीन इलियास शाह की अधीनता नहीं स्वीकार की थी। संभव तो यही है कि शम्सुद्दीन इलियास शाह को मार भगाने के लिए राय भोगीश्वर ने ही फीरोजशाह को आमन्त्रित किया होगा। इसीलिए वे फीरोजशाह के मित्र बने। श्रीविमानविहारी मजूमदार का यह तर्क भी असंगत है कि "शम्सुद्दीन इलियास शाह की अधीनता स्वीकार करने के कारण ही फीरोजशाह तुगलक ने कामेश्वर को छोड़कर उनके पुत्र भोगीश्वर को तिरहुत का राजा बनाया।" कारण, अबतक कामेश्वर जीवित थे,—इसका कहीं उल्लेख नहीं है। कीर्त्तिलता के उपर्युक्त उद्धरण से तो यही प्रतीत होता है कि फीरोजशाह तुगलक जब मिथिला आया, उससे पहले ही राय कामेश्वर की मृत्यु हो चुकी थी। इसीलिए उनके पुत्र भोगीश्वर को उसने मित्र कहकर सम्मानित किया। विद्यापति ने कीर्त्तिलता में उपर्युक्त उद्धरण से पहले ओइनवार वंश की प्रशंसा करते हुए राय कामेश्वर के लिए पूर्णभूत का प्रयोग किया है, जिससे प्रतीत होता है कि उनकी मृत्यु बहुत पहले हो गई थी—

ता कुल केरा बड्डिपन कहवा कओन उँपाए।
जज्मिम्अ उँप्पज्अमति कामेसर सन राए॥[2]

अस्तु। फीरोजशाह तुगलक के अन्तिम दिनों में फिर वातावरण अशान्त हो गया। जहाँ-तहाँ शूर शूर-सामन्त सिर उठाने लगे। सबसे अधिक अशान्ति सिन्ध में थी। फीरोजशाह ने उसे दबाने के लिए सिन्ध की ओर प्रयाण किया। सम्राट् जब सिन्ध की विद्रोहाग्नि को बुझाने में लगा था तब अवसर से लाभ उठाकर असलान ने बिहार पर अधिकार कर लिया। मिथिला का ओइनवार-साम्राज्य भी अछूता नहीं बचा। उसे भी असलान ने रौंद डाला। तुगलक-वंश के दिये हुए 'फरमान' को उसने स्वीकार नहीं किया,—उठाकर फेंक दिया। इतना ही नहीं, उसने राय गणेश्वर का वध भी कर डाला। विद्यापति ने लिखा है—

"डरे कहिनी कहए आन, नेहाँ तोहें ताहाँ असलान, पढम पेल्लिअ तुज्झु फरमान, गणेनराए तौ(न) बधिअ, तौल सेर बिहार चापिअ, बलइ तें चामर परह, धरिअ छत्त तिरहुत्ति उगाहिअ।"[3]

---

1 मित्र-मजूमदार, 'विद्यापति-पदावली' की भूमिका, पृ० ३४।
२. कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० १०।
३. वही, पृ० ५८।

असलान के साथ युद्ध में राय गणेश्वर परास्त नही हुए। युद्ध में असलान का पक्ष ही दुर्बल पड़ गया। किन्तु उसने कूटनीति का सहारा लेकर छल से राय गणेश्वर का वध कर दिया है। यह घटना ल० स० २५२ अर्थात् १३६१ ई०, चैत्र कृष्ण पचमी, मगलवार की है। विद्यापति ने कीर्तिलता मे लिखा है—

लक्खणसेन नरेश लिहिअ जबे पक्ख पञ्च वे।
तम्महुमासहि पठम पक्ख पञ्चमी कहिअ जे॥
रज्जलुद्ध असलान बुद्धि-विक्कम-बले हारल।
पास बइसि बिसवासि राए गएनेसर मारल॥[1]

श्रीविमानविहारी मजूमदार ने 'कीर्तिलता' के उपर्युक्त उद्धरण के आधार पर लिखा है कि "यह घटना २५२ लक्ष्मण सवत् -चैत्र-कृष्ण पचमी मगलवार अर्थात् १३७२ ई० के प्रारंभ की है।"[2] किन्तु उनका यह कथन तर्कसगत नही है। कारण, उन्होंने १११९ ई० से लक्ष्मणाब्द का प्रारभ मानकर २५२ लक्ष्मणाब्द को १३७२ ई० मे परिणत किया है। किन्तु विद्यापति ने देवसिंह के स्वर्गारोहण और शिवसिंह के सिंहासनाधिरोहण-विषयक अपने पद मे 'अनल रन्ध्र कर लक्खण नरवए, सक समुद्द कर अगिनि ससी' लिखकर ल० सं० २९३ को शक-सवत् १३२४ के साथ एक सूत्र मे पिरोकर अपने समय के लिए ल० स० का विवाद खत्म कर दिया है। अतः विद्यापति-साहित्य मे उल्लिखित ल० स० को शक-सवत् के साथ मिलाकर गणना करने से उसका प्रारभ ११०९ ई० में होता है, न कि १११९ ई० में। इस प्रकार ल० सं० २५२ में १३६१ ई० होती है।

राय गणेश्वर की मृत्यु के बाद मिथिला में अराजकता छा गई। ओइनवार-साम्राज्य के तीनो अग—भोगीश्वर, कामेश्वर और भवेश्वर के राज्य—अस्त-व्यस्त हो गये। कोई किसी का रक्षक नही रहा। अत्याचार और अनाचार की पराकाष्ठा हो गई। विद्यापति ने उस समय का वर्णन करते हुए लिखा है—

ठाकुर ठक भए गेल चोरें चप्परि घर लिज्झिअ।
दास गोसाञुनि गहिअ धम्म गए धन्ध निमज्जिअ॥
खले सज्जन परिभविअ कोइ नहि होइ विचारक।
जाति अजाति बिआह अधम उत्तम पतिपारक॥
अक्खर रस बुज्झनिहार नहि कइकुल भमि भिक्खारि भउ।
तिरहुत्ति तिरोहित सब्ब गुणे रा गणेस जबे सग्ग गउ॥[3]

असलान ओइनवार-साम्राज्य को अपने अधिकार में रखते हुए पुनः प्रतिष्ठित करना चाहता था। किन्तु ओइनवारवशीय राजे इसके लिए तैयार नहीं हुए। दिल्ली के सुलतान

१ कीर्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० १६।
२ मित्र-मजूमदार, 'विद्यापति-पदावली' की भूमिका, पृ० ३४।
३. कीर्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० १६।

मुहम्मद शाह तुगल का दिया हुआ राज्य था। इसलिए वे अपने को दिल्ली-साम्राज्य के अन्तर्गत मानते थे। इससे पहले भी जब गौड़ के सुलतान इलियास शाह ने मिथिला पर आक्रमण किया था तब दिल्ली के सुलतान फीरोज शाह तुगलक ने ही आकर कोशी नदी तक के भू-भाग का उद्धार किया था, जिसका उल्लेख पहले हो चुका है। इसलिए इस बार भी ओइनवारवंशीय राजे दिल्ली की ओर उन्मुख हुए। जिस समय राय गणेश्वर मारे गये उस समय उनके पिता राय भोगीश्वर जीवित थे। राय भोगीश्वर की मृत्यु कब हुई - इसका कहीं उल्लेख नही है। किन्तु इतना अवश्य कहा जा सकता है कि राय गणेश्वर की मृत्यु के बहुत बाद तक राय भोगीश्वर जीवित थे। इसीलिए विद्यापति ने कीर्त्तिसिंह की जौनापुर-यात्रा के प्रसंग मे लिखा है -

पाञे चलु दुअओ कुमर।
हरि हरि सबे सुमर॥
बहुल छाडल पाछि पाँतरे।
बमने पाञेल आँतरे आँतरे॥
जहाँ जाइअ जेहे गाजो।
भोगाइ राजाक बड़ि लाजो॥[1]

ओइनवार-साम्राज्य के संस्थापक सिद्ध कामेश्वर ठाकुर और कीर्त्तिसिंह के पिता राय गणेश्वर का नामोल्लेख नहीं करके विद्यापति ने उपर्युक्त पद मे राजा भोगीश्वर का जो नामोल्लेख किया,—इसीसे प्रमाणित होता है कि उस समय भी राय भोगीश्वर जीवित थे। यदि इनकी मृत्यु हो गई रहती तो कोई कारण नहीं था कि उन दोनो को छोड़कर विद्यापति इनका नामोल्लेख करते। इसीलिए विद्यापति के एक पद मे,—जो कि 'तरौनी पदावली' में उपलब्ध है, अतः जिसकी प्रामाणिकता पर संदेह नहीं किया जा सकता है,—राय भोगीश्वर का नाम पाया जाता है। यह पहले कहा जा चुका है कि विद्यापति का जन्म १३५० ई० मे हुआ था और यह भी प्रमाणित किया जा चुका है कि असलान ने १३६१ ई० मे राय गणेश्वर का वध किया था। इसीलिए यदि १३६१ ई० से पहले राय भोगीश्वर की मृत्यु हो गई रहती तो विद्यापति के पद मे उनका नाम कथमपि नहीं पाया जाता। अस्तु।

यद्यपि इस राजविप्लव में सम्पूर्ण ओइनवार-साम्राज्य अस्त-व्यस्त हो गया तथापि उनके तीनों अंग परस्पर एकत्र नहीं हो सके। प्रायः तीनो ने पृथक् होकर ही अपने को मुक्त करने का प्रयत्न किया। राय भोगीश्वर उस समय अत्यन्त वृद्ध हो चुके थे और वीरसिंह तथा कीर्त्तिसिंह बच्चे ही थे। इसीलिए वे तत्काल चुप लगा गये। कुसुमेश्वर या उनके पुत्र रत्नेश्वर आदि ने क्या किया,—इसका कहीं उल्लेख नहीं है। किन्तु भवेश्वर के पुत्र देवसिंह चुप लगाये बैठे नहीं रहे। वे अपने पुत्र शिवसिंह के साथ दिल्ली को चल पड़े। वहाँ पहुँचने

---

१ कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० २८।

पर प्रायः सुलतान से उनकी भेंट नहीं हो सकी। इसीलिए कुछ दिनों के बाद उदास होकर वे नैमिषारण्य में रहने लगे। किन्तु शिवसिंह अपने प्रयास से विमुख नहीं हुए। वे उन दिनों भी सुलतान से मिलने के लिए दिल्ली के पास सोनीपत (सूनपीठ) में डेरा डाले बैठे रहे। यह पहले कहा जा चुका है कि विद्यापति का सम्बन्ध प्रारम्भ से ही ओइनवार-साम्राज्य के तीनो अंगों से था। अबतक वे भी युवावस्था मे पदार्पण कर चुके थे। अतः वे भी उनकी तलाश में घूमते-फिरते नैमिषारण्य जा पहुँचे। यही उन्होंने देवसिंह के आदेश से 'भू-परिक्रमा' का निर्माण किया। ग्रन्थारभ में विद्यापति लिखते हैं—

देवसिंह - निदेशाच्च नैमिषारण्यवासिनः।
शिवसिंहस्य च पितुः सूनपीठनिवासिनः॥

श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि "दरभंगा-राजपुस्तकालय के अध्यक्ष पंडित रमानाथ झा से पूछने पर उन्होंने कहा–मिथिला में ऐसा प्रवाद है कि 'भू–परिक्रमा' लिखते समय विद्यापति छात्र-रूप में नैमिषारण्य में वास करते थे।[1]" किन्तु मिथिला में आज भी प्रवाद है कि विद्यापति जगद्गुरु पक्षधर मिश्र के पितृव्य महामहोपाध्याय हरिमिश्र के छात्र थे। सोचने की बात तो यह है कि जिस समय विद्यापति का आविर्भाव हुआ था, उस समय मिथिला विद्या का केन्द्र थी। दूर-दूर से छात्र यहाँ पढने को आते थे। फिर विद्यापति ही क्यो अपनी जन्मभूमि मिथिला को छोड़कर पढ़ने के लिए नैमिषारण्य जाते? अतः रमानाथ झा के कथन मे कतई तथ्य नहीं है।

पहले कहा जा चुका है कि जिस समय राय गणेश्वर मारे गये, उस समय उनके पुत्र वीरसिंह और कीर्त्तिसिंह छोटे थे। किन्तु जब वे युवावस्था को प्राप्त हुए तब उन्होंने पितृवैर का बदला लेने का निश्चय किया। माता, मन्त्री और गुरुजनों ने बहुत समझाया कि असलान से मित्रता करके राज्य का उपभोग कीजिए, किन्तु दोनों राजकुमार अपनी आन पर अडिग रहे। जरा भी टस-से-मस नहीं हुए। उनका तो कहना था —

माता भणइ ममत्तयइ मन्ती रज्जह नीति।
मज्झु पिआरी एक्क पइ वीर पुरिस को रीति॥
मान विहूना भोअना सत्तुक देअल राज।
सरण पइट्ठे जीअना तीनिउ काअर काज॥[2]

इस प्रकार सबको कहकर दोनों राजकुमार बादशाह के उद्देश्य से जोनापुर (दिल्ली) को विदा हुए। उस समय उनकी दशा बड़ी दयनीय थी। सब प्रकार से वे दीन बन गये थे। फिर भी पॉव-पैदल ही उन्होंने इतनी लम्बी यात्रा प्रारंभ कर दी। विद्यापति ने उस समय का बड़ा ही कारुणिक वर्णन किया है—

---

१. मित्र-मजूमदार, 'विद्यापति-पदावली' की भूमिका, पृ० ४८।
२. कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० २०।

राअह नन्दन पावे चलु अइस विधाता भोर।
ता पेक्खन्ते वमग्ग कौं नअग्ग न लग्गई लोर॥[1]

बहुत दिनों के बाद दोनों भाई जोनापुर पहुँचे और सारा वृत्तान्त कहकर सुलतान से मिथिला के उद्धार की प्रार्थना की। प्रार्थना सुनकर असलान के ऊपर सुलतान को बड़ा क्रोध ही आया। उसने उसी समय आज्ञा दी—

खाण उमारा सव्व के त खणे भउ फरमान।
अपनेहु माँठे सम्पलहु तो तिरहुत्ति पआन॥[2]

फिर क्या था? सुलतान दल-बल के साथ गंडक नदी को पारकर तिरहुत पर आ धमका। असलान तो पहले से सुलतान का रास्ता रोके गंडक के किनारे पड़ा था। इसलिए सुलतान के आते ही रायपुर (हाजीपुर, मुजफ्फरपुर) के मैदान में दोनों ओर की सेनाएँ दोपहर दिन में आ डटीं—

छन्द—

पैरि तुरङ्गम गण्डक का पाणी।
पर बलभञ्जन गरुअ महमद नदगामी॥
अरु असलाने फौदे फौदे निअ सेना जसम्भि।
भेरी काहल ढोल तरल रणतूरा बज्जिअ॥
राएपुरहि का पुव्व खेत पहरा दुइ वेरा।
वेवि सेन सघट्ट मेल बाजल भट-भेरा॥[3]

इस बार कीर्त्तिसिंह के साथ सुलतानी सेना थी। इसलिए असलान के पैर उखड़ गये। वह युद्ध के मैदान से भाग चला—

महराअन्हि मल्लिकँ चप्पि लिऊँ।
असलान निसानहु पिट्ठि दिऊँ॥[4]

इस प्रकार सुलतान की सहायता से कीर्त्तिसिंह ने असलान को मार भगाया और मिथिला का उद्धार किया। बादशाह ने अपने हाथों कीर्त्तिसिंह का राजतिलक किया और कीर्त्तिसिंह राजा हुए—

बन्धव जन उच्छाह करु तिरहुति पाइअ रूप।
पातिसाह जस तिलक करु कित्तिसिंह भउ भूप॥[5]

---

१ कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सक्सेना), पृ० २२।
२. वही, पृ० ६०।
३ वही, पृ० १००-१०२।
४. वही, पृ० ११२।
५ वही, पृ० ११४।

कवीश्वर चन्दा झा[1] और डाक्टर सुभद्र झा[2] ने 'कीर्त्तिलता' में वर्णित उपयुक्त कथानक के आधार पर लिखा है कि असलान ने जब मिथिला पर अधिकार कर लिया तब कीर्त्तिसिंह सुलतान से सहायता की याचना के लिए दिल्ली गये और दिल्ली के सुलतान की सहायता से उन्होने असलान को पराजित कर मिथिला का उद्धार किया। हमने भी ऐसा ही लिखा है। किन्तु दूसरे इतिहासकारों ने कीर्त्तिलता मे प्रयुक्त 'जोनापुर' को जौनपुर और 'इब्राहिम शाह' को जौनपुर का सुप्रसिद्ध नवाब इब्राहिम शाह मानकर लिखा है कि कीर्त्तिसिंह सहायता के लिए जौनपुर गये और वहाँ के सुलतान इब्राहिम शाह की सहायता से उन्होंने मिथिला का उद्धार किया। अब विचारणीय विषय यह है कि वस्तुतः कीर्त्तिसिंह दिल्ली गये थे या जौनपुर? यह पहले कहा जा चुका है कि असलान ने ल० स० २५२ अथवा १३६१ ई० मे राय गणेश्वर का वध किया था। उस समय कीर्त्तिसिंह छोटे थे। इसलिए वे चुप लगाकर बैठ गये। किन्तु जब वे सयाने हुए, तब पितृवैर का बदला लेने के लिए वे 'जोनापुर' के सुलतान के समीप गये। अब यदि 'जोनापुर' को जौनपुर और 'इब्राहिम शाह' को जौनपुर का प्रसिद्ध नवाब इब्राहिम शाह मान लिया जाय तो सर्वप्रथम प्रश्न उठता है कि जौनपुर की स्थापना कब हुई और इब्राहिम शाह गद्दी पर कब बैठा?

१३८८ ई० मे सुलतान फीरोजशाह की मृत्यु के बाद बगाल को छोड़कर उत्तर भारत मे सर्वत्र अशान्ति फैल गई। दिल्ली का साम्राज्य छिन्न भिन्न हो गया। फीरोजशाह के उत्तराधिकारी आपस मे लड़-झगड़कर दुर्बल पड़ गये। १३९४ ई० में जब फीरोजशाह के पुत्र सुलतान महम्मद शाह की मृत्यु हुई, तब उसका एक पुत्र केवल ४६ दिन राज्य करके मर गया। उसका दूसरा पुत्र महमूद 'नासिरुद्दीन महमूद' की उपाधि धारण करके सुलतान बना, किन्तु अमीर-उमरा ने फतेहखाँ के पुत्र और फिरोजशाह के पौत्र नसरत् खाँ को सुलतान घोषित कर दिया। उसका नाम पड़ा—सुलतान नासिरुद्दीन नसरत् शाह। 'तारीख-ए-मुबारकशाही' के लेखक ने लिखा है कि नसरत् खाँ ने दोआब के बीच के भू-भाग, साँभर, पानीपत, रोहतक आदि पर कब्जा कर लिया। महमूद के पास केवल दिल्ली के आस-पास का भू-भाग रहा। इसी समय अवसर से लाभ उठाकर जोनपुर के ख्वाजा जहाँ ने स्वाधीनता की घोषणा कर दी।[3]

ख्वाजा जहाँ की मृत्यु के बाद १४०१ ई० मे इब्राहिम शाह जौनपुर की गद्दी पर बैठा। 'तारीख-ए मुबारकशाही' से पता चलता है कि १४०१ ई० में दिल्ली के सुलतान महमूद और उसके सेनापति इकबाल ने कन्नौज पर आक्रमण कर दिया। इब्राहिमशाह एक बड़ी सेना लेकर उससे जा भिडा। जब दोनो ओर की सेनाएं युद्ध-क्षेत्र में आमने सामने आ डटीं, तब सुलतान महमूद इकबाल के घेरे से अपने को मुक्त करने के लिए, शिकार

---

१. पुरुष-परीक्षा (मिथिला-भाषानुवाद), पृ० २५८।

२. विद्यापति-गीत-संग्रह, भूमिका, पृ० ४४।

३ जर्नल ऑफ बिहार एण्ड ओडीसा रिसर्च सोसाइटी, पृ० २६२ (१९२७ ई०)।

के बहाने इकबाल को छोड़कर इब्राहिम शाह के पास जा पहुँचा। किन्तु इब्राहिम शाह ने उसका स्वागत नहीं किया। इसलिए वह कन्नौज को लौट गया।[1] 'फिरिश्ता' में यह भी लिखा है कि इब्राहिम शाह १४०५ ई० से १४१६ ई० पर्यन्त दिल्ली-सुलतान के साथ लड़ाई में उलझा रहा।[2]

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि १३९४ ई० में जौनपुर की स्थापना हुई और १४०१ ई० में इब्राहिम शाह जौनपुर की गद्दी पर बैठा। १३६१ ई० में असलान ने राय गणेश्वर का वध किया था और उस समय कीर्त्तिसिंह और वीरसिंह छोटे थे,—यह पहले कहा जा चुका है। सो, यदि उस समय कीर्त्तिसिंह पाँच वर्ष के भी रहे होंगे तो इब्राहिम शाह के सिंहासनाधिरोहण के समय अर्थात् १४०१ ई० में उनकी आयु ४५ वर्ष की हुई। इस स्थिति मे विद्यापति का यह कहना नितान्त असगत हो जायगा कि कीर्त्तिसिंह नवयौवना पत्नी को छोडकर 'जोनापुर' गये। विद्यापति ने लिखा है—

बनि छोड्डिअ नवजोव्वना धन छोड्डिओ बहुत्त।
पातिसाह उद्देशे चलु गअनराअ को पुत्त ॥[3]

उपर्युक्त पद से यह भी ज्ञात होता है कि राय गणेश्वर के पुत्र—कीर्त्तिसिंह बादशाह के उद्देश्य से चले थे। किन्तु जौनपुर के सुलतान क्या बादशाह कहलाते थे? सदा-सर्वदा से दिल्ली के सिंहासन पर बैठनेवाले ही बादशाह कहलाते रहे हैं। इतना ही नहीं, 'जोनापुर' का वर्णन करते हुए विद्यापति लिखते हैं—

त खने पेक्खिअ नअर सो जोनापुर तसु नाम।
लोअन केरा वल्लहा लच्छी के विसराम ॥

छन्द

पेक्खिअउ पट्टन चारु मेखल जओन नीर पखारिआ।
पासान कुट्टिम भीति भीतर चूह उप्पर ढारिआ ॥[4]

'जोनापुर' की मेखला को यमुना का पानी प्रक्षालित कर रहा था, किन्तु जौनपुर के समीप गोमती बहती है, यमुना नहीं। इसलिए जोनापुर को 'जौनपुर' होने का कतई सभव नहीं। विद्यापति ने जोनापुर के दरबार का जो वर्णन किया है, उसपर भी दृष्टिपात कीजिए—

तेलगा बगा चोल कलिंगा राआपुत्ते मण्डीआ।
निअ भासा जम्पइ साहस कम्पइ जइ सूरा जइ पण्डीआ ॥[5]

---

१ जर्नल ऑफ बिहार एण्ड ओड़ीसा रिसर्च सोसाइटी, पृ० २६६ (१९२७ ई०)।

२ ब्रीज—फिरिश्ता, भाग ४, परिच्छेद ७।

३ कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० २२।

४. वही, पृ० २६।

५. वही, पृ० ४८।

'तेलग, वग, चोल और कलिंग के राजपुत्रों से 'जौनापुर' का दरबार भरा था। वे अपनी भाषा बोलते थे। यद्यपि वे शूर थे, पण्डित थे तथापि भय से थर्राते थे।' सो, तेलग, वग, चोल और कलिंग क्या कभी जौनपुर-साम्राज्य के अन्तर्गत थे? भारतीय इतिहास के विद्वानों से यह अविदित नहीं है कि पठानों के समय में अटक से लेकर कटक तक और हिमालय से कन्याकुमारी तक का सारा भू-भाग दिल्ली-साम्राज्य के अन्तर्गत हो गया था, जो कि फीरोजशाह तुगलक के समय तक वर्त्तमान रहा। उसके बाद ब्रिटिश शासनकाल में ही फिर आसेतु-हिमाचल एक सूत्र में ग्रथित होकर दिल्ली-साम्राज्य के अन्तर्गत हुआ। अतः उपर्युक्त वर्णन जौनपुर-दरबार का नहीं, दिल्ली-दरबार का है,—यह निर्विवाद कहा जा सकता है।

किञ्च, जब वीरसिंह और कीर्त्तिसिंह से बादशाह ने पूछा कि 'किसने तिरहुत पर अधिकार किया?' तब वे कहते हैं—

"...जेहाँ तोहें ताहाँ असलान, पढम पेल्लिअ तुज्झु फरमान..."[1]

सो, जौनपुर के सुलतान ने ओइनवार-साम्राज्य की स्थापना नहीं की थी—फरमान नहीं दिया था। यह पहले कहा जा चुका है कि मुहम्मद तुगलक ने ओइनवार-साम्राज्य की स्थापना की थी। यह भी पहले कहा चुका है कि गौड़ के सुलतान इलियास शाह ने जब मिथिला पर आक्रमण किया था तब फीरोजशाह तुगलक ने उसे मार भगाया था। इसलिए, उन लोगों का दिया हुआ ही फरमान था, जिसे असलान ने उठाकर फेंक दिया था। यदि कीर्त्तिसिंह जौनपुर के सुलतान इब्राहिम शाह के पास गये होते तो यह कदापि नहीं कहते कि 'असलान ने तुम्हारा फरमान फेंक दिया।' कीर्त्तिसिंह के उपर्युक्त कथन से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि वे जौनपुर के सुलतान इब्राहिम शाह के समीप नहीं, किन्तु दिल्ली के बादशाह सुलतान फीरोजशाह तुगलक के समीप सहायता की याचना के लिए गये थे।

सुलतान की आज्ञा से सेना तिरहुत को चली, किन्तु किसी कारणवश पूर्वाभिमुख नहीं होकर पश्चिमाभिमुख हो गई। वह वहाँ तक पहुँच गई, जहाँ सेर के भाव पानी बिकता था, सौ पान के लिए सुवर्ण-टंक देना पड़ता था और चन्दन के भाव इन्धन बिकता था। विद्यापति ने लिखा है—

सेरें कीनि पानि आनिअ पीबए खणे कापड़े छानिअ।
पानक सए सोनाक टङ्का चान्दन मूल इन्धन बिका॥[2]

ऐसा स्थान राजस्थान और गुजरात है, जहाँ आज भी पानी, पान और इन्धन का अभाव है। इसलिए, यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है सुलतान की सेना राजस्थान और

१. कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० ५८।
२. वही, पृ० ६८।

गुजरात तक पहुँची थी। किन्तु, किसी भी इतिहासकार ने यह नहीं लिखा है कि जौनपुर की सेना कभी गुजरात या राजस्थान गई थी। इसलिए, कीर्त्तिलता में प्रयुक्त 'जोनापुर' जौनपुर नहीं, दिल्ली ही है।

विद्यापति ने दिल्ली के लिए संस्कृत में भी योगिनीपुर का प्रयोग किया है। यथा—

अस्ति कालिन्दीतीरे योगिनीपुरन्नाम नगरम्। तत्र अल्लावदीनो यवनराजो बभूव।[1]

केवल विद्यापति ने ही दिल्ली के लिए 'योगिनीपुर' का प्रयोग नही किया है। जिस समय की यह घटना है, उस समय, अर्थात् चौदहवीं शती में मुसलमान बादशाह के संस्कृत-शिलालेख में भी दिल्ली के लिए 'योगिनीपुर' का प्रयोग हुआ है। यथा—

अस्ति कलियुगे राजा शकेन्द्रो वसुधाधिपः।
योगिनीपुरमास्थाय यो भुङ्क्ते सकलां महीम्॥
सर्वसागरपर्यन्तां वशीचक्रे नराधिपान्।
महमूदसुरत्राणो नाम्ना शूरोऽभिनन्दतु॥[2]

केवल संस्कृत में ही नही, उस समय के भाषा-कवियों ने भी दिल्ली के लिए 'योगिनीपुर' का प्रयोग किया है। दिल्ली के बादशाह सिकन्दरशाह (१४६०—१५१८ ई०) के समय में कवि ईश्वरदास ने 'सत्यवती-कथा' नाम की एक पुस्तक लिखी है, जिसमे उन्होंने बादशाह सिकन्दरशाह की राजधानी को 'योगिनीपुर' कहा है—

भादों मास पाख उजियारा। तिथि नौमी औ मंगलवारा॥
नषत अस्विनी मेषक चंदा। पंच जना सो सदा अनंदा॥
जोगिनिपुर दिल्ली बड थाना। साह सिकन्दर बड सुलताना॥[3]

उपर्युक्त प्रमाणों के आधार पर यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि कीर्त्तिलता में प्रयुक्त 'जोनापुर' इसी 'योगिनीपुर' का (योगिनीपुर = जोगिनीपुर = जोगनपुर = जोअनपुर = जोनापुर) अवहट्ठ रूप है। अस्तु।

यह पहले कहा जा चुका है कि जिस प्रकार इतिहासकारों ने 'जोनापुर' को भ्रमवश 'जौनपुर' मान लिया, उसी प्रकार 'इब्राहिमशाह' या इब्राहिमशाहि' को जौनपुर का नवाब इब्राहिमशाह मान लिया। इब्राहिमशाह १४०१ ई० में सिंहासनाधिरूढ हुआ था। इसलिए, ओइनवार-साम्राज्य के तिथिक्रम को उन्होंने इस प्रकार आगे घसीट दिया कि विद्यापति-कृत शकाब्द और लक्ष्मणाब्द के समन्वय को भी वे भुला बैठे। परन्तु, वस्तुस्थिति तो यह है कि

१ पुरुष-परीक्षा (चन्द्रकवि-कृत मिथिलाभाषानुवाद), पृ० १२।
२ अल्लालखोजा के गोमठ (बरिहागढ, दमोह) का शिलालेख, वि० सं० १३८५, ए० ई०, भाग ११, पृ० ४४।
३ रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी-साहित्य का इतिहास, पृ० ७३-७४।

'कीर्त्तिलता' में प्रयुक्त 'इब्राहिमशाह' या 'इब्राहिमशाहि' शब्द व्यक्तिविशेष की संज्ञा नहीं, सम्प्रदाय-विशेष की संज्ञा है। इस्लामधर्म के अनुसार 'इब्राहिम' एक पैगम्बर हैं।[१] अतएव, इस्लामधर्मावलम्बी अपने को 'इब्राहिमशाही' कहकर गर्व का अनुभव करते हैं। इसीलिए सैयद मेहदी अली खाँ ने लिखा है—

वह खून, जो इब्राहिम की रगों का हममें था, बदला गया। वह हड्डी, जो इसमाइल के खून से बनी थी, बदल गई। वह दिल, जिसमें हाशिमी जोश था, बदल गया। गर्ज कि चमड़ा बदल गया, रंग बदल गया, सूरत बदल गई, सीरत बदल गई; दिल बदल गया, ख्याल बदल गया, यहाँ तक कि मजहब भी बदल गया। तमाम वह जोश, जो उठे थे उस रेतीले जंगल अरब से, जिसने फारस और तमाम सेंट्रल एशिया को सरसब्ज व शादाब कर दिया था, हिन्दुस्तान में आकर बे-आब्-बंगाल में डूब गया।[२]

किञ्च कीर्त्तिलता में एक स्थान पर 'इमराहिमसाह', एक स्थान पर 'इबराहिमओ' और दो स्थान पर 'इबराहिमसाह' है। यथा—

सब्बउ नारि बिअक्खनी सब्बउ सुस्थित लोक।
सिरि इमराहिमसाह गुणे नहि चिन्ता नहि शोक॥[३]
× × ×
चलिअ तकतान सुरुतान इबराहिमओ,
कुरुम भए धरणि सुण रणि बल नाहि भो।[४]
× × ×
इबराहिमसाह पआन ओ पुहुवि नरेसर कमन सह।
गिरिसाअर पार उँबार नहीं रैअति भेले जीव रह॥[५]
× × ×
इबराहिमसाह पआनओ जं ज सेना सञ्चरइ।
खग्गि खेदि खुखुन्दि धसि मारइ जीवहु जन्तु न उब्बरइ॥[६]

ऊपर जिस कीर्त्तिलता से उद्धरण दिया गया है, वह नेपाल-दरबार-पुस्तकालय में सुरक्षित कीर्त्तिलता है, जिसे सर्वप्रथम म० म० हरप्रसाद शास्त्री ने बंगाक्षर में प्रकाशित किया था। पश्चात् उसी के आधार पर डॉ० बाबूराम सकसेना ने नागराक्षर में उसे प्रकाशित किया। किन्तु, अन्यत्र उपलब्ध कीर्त्तिलता के पाठ से तुलना करने पर इसमें असंख्य पाठभेद

१. बृहत् हिन्दी-शब्दकोश, पृ० १६८।
२ त० अ०, १२९० हि० पृ० १५३ (मुसलमान, पृ० ५८-५९ से)।
३ कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० ३८।
४ वही, पृ० ६४।
५. वही, पृ० ६८।
६. वही, पृ० ९८।

और भ्रान्तियाँ पाई जाती हैं। नागरी-प्रचारिणी सभा (काशी) में सुरक्षित कीर्त्तिलता के उपर्युक्त पदों में प्रथम 'इवराहिमसाह' के स्थान में 'इवराहिमसाहि' है। डेक्कन कॉलेज (पूना) में सुरक्षित कीर्त्तिलता की प्रति में भी 'इवराहिमसाहि' ही है। दूसरे 'इवराहिमओ' के स्थान में भी डेक्कन कॉलेज (पूना) की प्रति में 'इवराहिमा' है। तीसरे 'इवराहिमसाह' के स्थान में भी डेक्कन कॉलेज, पूना की प्रति मे 'इवराहिमसाहि' है। चौथे 'इवराहिमसाह' के स्थान में वहाँ की प्रति में भी 'इवराहिमसाह' ही है। एशियाटिक सोसाइटी (बम्बई) मे सुरक्षित कीर्त्तिलता की खंडित प्रति में भी प्रथम 'इवराहिमसाह' के स्थान में 'इवराहिमसाहि' है। तृतीय और चतुर्थ पल्लव खण्डित रहने के कारण कहा नही जा सकता कि आगे 'इवराहिमसाह' था अथवा 'इवराहिमसाहि'। किन्तु ऊपर के पाठभेद से ज्ञात होता है कि 'इवराहिमसाह' से 'इवराहिमसाहि' का ही आधिक्य है। अतः, निश्चयपूर्वक यह कहा जा सकता है कि विशुद्ध पाठ 'इवराहिमसाहि' ही है। और, 'इवराहिमसाही' किसी व्यक्तिविशेष का नही, संप्रदायविशेष का ही बोधक है। इतिहास में कहीं किसी बादशाह या सुलतान का आस्पद 'शाही' नहीं मिलता। अत', जिस प्रकार नेपाल-दरवार-पुस्तकालय की प्रति में 'खेलतु कवेः' बिगडकर 'खेलनकवेः' हो गया और विद्यापति 'खेलन कवि' हो गये, उसी प्रकार 'इवराहिमसाहि' भ्रष्ट होकर 'इवराहिमसाह' हो गया, जिसने जौनपुर का 'इब्राहिमशाह' बनकर विद्यापतिकालीन इतिहास को कई दशाब्दी आगे घसीट दिया।

डॉ० सुभद्र झा ने 'जोनापुर' को दिल्ली का पर्याय मानकर भी 'इवराहिमसाह' के विषय मे लिखा कि 'प्राय. इब्राहिमशाह वहाँ का सेनापति रहा होगा।'[1] किन्तु, उपर्युक्त विवेचन-विश्लेषण से यह निश्चित हो गया कि कीर्त्तिलता का विशुद्ध पाठ 'इवराहिमसाहि' है, 'इवराहिमसाह' नही। और, 'इब्राहिमशाही' व्यक्तिविशेष की नहीं, सम्प्रदाय-विशेष की सज्ञा है। अतः, डॉ० झा का उपर्युक्त कथन तथ्य मे बहुत दूर है। वस्तुस्थिति तो यह है कि कीर्त्तिसिंह फीरोजशाह तुगलक से सहायता की याचना के लिए दिल्ली गये थे और उसे असलान को मार-भगाने के लिए फिर एक बार मिथिला आना पड़ा था। यह घटना प्राय. १३७२ ई० के आसपास की है। कारण असलान ने राय गणेश्वर का वध १३६१ ई० में किया था और मिथिला मे प्रवाद है कि मिथिला पर उसका अधिकार बारह वर्षों तक रहा।

यह पहले कहा जा चुका है कि ओइनवार-साम्राज्य तीन भागों मे बँटा था, परन्तु उसके दो भाग चिरस्थायी नही हुए। भोगीश्वर और कुसुमेश्वर-वंश के राज्य असलान के चगुल से मिथिला के उद्धार होने के कुछ दिनों के बाद ही प्रायः समाप्त हो गये तथा मिथिला पर सिद्ध कामेश्वर के कनिष्ठ पुत्र भवेश्वर का अधिकार हो गया। यद्यपि मिथिला-राजपंजी के अनुसार सन् १३४२ ई० मे ही देवसिंह सिंहासनाधिरूढ हुए थे[2], तथापि

---

१ विद्यापति-गीत-सग्रह, भूमिका, पृ० ४२।

२. म० म० परमेश्वर झा, मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १५४।

अबतक उनके पिता भवेश्वर अवश्य जीवित थे। कारण, मिसरू मिश्र ने 'विवादचन्द्र' के प्रारभ में लिखा है कि राजा भवेश ने पृथ्वी का 'बहुभर्तृकत्व' दोष मिटा दिया।[1]

किन्तु, फीरोजशाह तुगलक के अन्तिम दिनो में फिर उत्तर भारत में सर्वत्र अशान्ति छा गई। एक-एक कर राजे-महाराजे और सुलतान अपने को स्वतंत्र घोषित करने लगे। मिथिला भी इस समय शान्त नही रह सकी। क्रान्ति की लपट यहाँ भी पहुँच चुकी थी। इसलिए, महाराज शिवसिंह ने भी कर देना बन्द कर दिया। यद्यपि इस समय देवसिंह जीवित थे, तथापि राज्यकार्य का पूरा उत्तरदायित्व शिवसिंह के हाथों में आ चुका था, जिसका उल्लेख पहले हो चुका है। किन्तु, शिवसिंह अधिक दिनो तक 'अकर' नही रह सके। कारण, १३८८ ई० में जब फीरोजशाह का पौत्र एव फतेह खाँ का पुत्र गयासुद्दीन तुगलक (द्वितीय) गद्दी पर बैठा[2] तब उसका ध्यान पूर्व भारत पर गया और शिवसिंह की बुलाहट दिल्ली से हुई। लाचार शिवसिंह को दिल्ली जाना पड़ा। वहाँ उन्हे शाही दरबार में रहने की आज्ञा मिली। पहले यह एक नियम ही था कि सम्राट् सामन्त-राजकुमारो को अपने दरबार में रखते थे। यद्यपि वहाॅ उन्हे अपने अनुरूप सारी सुविधाएँ प्राप्त रहती थीं, तथापि वे निर्बन्ध नही रहते थे। सम्राट् का अकुश उनके ऊपर रहता था। सम्राट् के अधीन राजकुमारो के रहने के कारण सामन्त राजे भी टस-से-मस नहीं कर सकते थे। उन्हे सदा यह भय बना रहता था कि यदि यहाँ हमने कुछ किया, तो वहाँ सम्राट् राजकुमारो से बदला ले बैठेगा। सो, शिवसिंह भी दिल्ली-दरबार में इसी बन्धन में पड़ गये। रागतरगिणी में एक पद है, जिससे ज्ञात होता है कि इस दिल्ली-यात्रा में महाराज शिवसिंह के साथ महाकवि विद्यापति भी गये थे। इसीलिए, उन्होंने गयासुद्दीन के दीर्घ-जीवन की कामना की है। देखिए—

उधसल केस कुसुम छिरिआएल
खण्डित दशन , अधरे ।
नअन देखिअ जनि अरुन कमल दल
मधुलोभें बैसल भमरे ॥ ध्रु० ॥

कलावति! कैतव न करह आज ।
कओन नागर सङ्ग रजनि गमओलह
कह मोहि परिहरि लाज ॥
पीन पओधर नखरेख सुन्दर
करे राखह कॉ गोरि ।

---

१ अभूदभूतप्रतिमल्लगन्धो राजा भवेश' किल' सार्वभौम'।
अत्याजयद्यो बहुभर्तृकत्वदोषं भुवोऽपि प्रभुत्यधामा ॥
—मिथिलाभाषामय इतिहास, पादटिप्पणी, पृ० ५२६।

२. दि हिस्ट्री एण्ड कल्चर ऑफ् इण्डियन पीपुल, भाग ६, पृ० ८२०।

मेरु शिखर नव उगि गेल ससधर
गुपुति न रहलिए चोरि ॥
बेकतेओ चोरि गुपुत कर कति खन
विद्यापति कवि भान ।
महलम जुगपति चिरे जिबे जीवथु
ग्यासदीन सुरतान ॥[१]

श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि 'इसका पूरा नाम गियासुद्दीन आजम शाह था। इसका पिता सिकन्दरशाह और पितामह सुप्रसिद्ध सम्सुद्दीन इलियासशाह था। इसने अपने पिता सिकन्दरशाह के विरुद्ध विद्रोह करके संभवतः ७६३ हिजरी मे बंगाल के सिंहासन पर अधिकार जमाया। × × × कहा जाता है, सुप्रसिद्ध कवि हाफिज ने इसे एक कविता लिखकर पठाई थी। ऐसे सुप्रसिद्ध विद्याप्रेमी का नाम विद्यापति के पद मे आना स्वाभाविक है।'[२]

किन्तु, मजूमदार महाशय के उपर्युक्त कथन में कोई तथ्य नहीं है। कारण, प्रारंभ से ही बंगाल के सुलतानो की वक्र दृष्टि मिथिला पर थी। मिथिला के ओइनवारवंशीय राजे अपने को दिल्ली-साम्राज्य के अन्तर्गत मानते थे। इसलिए वे बंगाल के सुलतानो की आँखो के काँटे बने हुए थे। सर्वप्रथम सम्सुद्दीन इलियास शाह ने मिथिला पर आक्रमण किया था, जिसका उल्लेख हो चुका है। देवसिंह की मृत्यु के समय में भी दोनो सुलतान—बंगाल और जौनपुर के सुलतान—मिथिला पर चढ़ आये थे। इसका भी उल्लेख हो चुका है। महाराज शिवसिंह ने भी बंगाल के सुलतान के विरुद्ध दिनाजपुर के राजा गणेश की सहायता की थी। महाराज शिवसिंह के बाद भी बंगाल के सुलतान के साथ मिथिला के ओइनवार-साम्राज्य का अच्छा सम्बन्ध नहीं था—बराबर चख-चख होती ही रहती थी। अतएव, विद्यापति ने 'दुर्गाभक्तिरंगिणी' के प्रारम्भ में महाराज भैरवसिंह के लिए 'शौर्यावर्जित-पञ्चगौडधरणीनाथः' विशेषण का प्रयोग किया है। ऐसी परिस्थिति मे ओइनवार-साम्राज्य की छत्रच्छाया मे रहनेवाले महाकवि ने बंगाल के किसी सुलतान के दीर्घजीवन की कामना की होगी, यह कथमपि सम्भव नहीं। श्रीविमानविहारी मजूमदार का ध्यान इस तथ्य की ओर नहीं गया। इसीलिए, उन्होने विद्यापति के उपर्युक्त पद के 'ग्यासदीन सुरतान' को बंगाल का गियासुद्दीन आजमशाह मान लिया। अस्तु।

एक-एक कर कई वर्ष बीत गये, किन्तु शिवसिंह लौटकर नहीं आये। दिल्ली दूर होने के कारण वहाँ का समाचार भी समय पर नहीं मिलता था। महाराज देवसिंह अब वृद्ध हो चुके थे, अतः उन्हे अहर्निश अपने पुत्र शिवसिंह की चिन्ता सताये रहती थी। इसलिए, उन्होने शिवसिंह को बन्धनमुक्त करके ले आने का भार विद्यापति को सौंपा। विद्यापति भी

१ रागतरंगिणी, पृ० ५७।

२ श्रीविमानविहारी मजूमदार, विद्यापति-पदावली, भूमिका, पृ० २७।

महाराज शिवसिंह के बिना उदास रहते थे, इसलिए उन्होंने फिर एक बार दिल्ली की यात्रा की। यह घटना १३६४-६५ ई० की है। अब दिल्ली की गद्दी पर गयासुद्दीन (द्वितीय) नहीं, उसका भाई नसरतशाह—नसीरुद्दीन महमूद—था। विद्यापति के साथ नसरतशाह का पूर्व-परिचय नहीं था। इसलिए, अब की बार विद्यापति ने दिल्ली-दरबार में 'दिव्य-द्रष्टा कवि', अर्थात् 'अदृष्ट वस्तु को दृष्टवत् वर्णन करनेवाला कवि' कहकर अपना परिचय दिया और महाराज देवसिंह की ओर से शिवसिंह को बन्धनमुक्त करने की प्रार्थना की। नसरतशाह को विश्वास नहीं हुआ कि कोई कवि अदृष्ट वस्तु का दृष्टवत् वर्णन कर सकता है। अतः, उसने विद्यापति को अदृष्ट सद्यःस्नाता के वर्णन करने की आज्ञा दी। आज्ञा पाते ही विद्यापति ने इस प्रकार वर्णन प्रारंभ किया[1]—

कामिनि करए सनाने।
हेरितहि हृदय हनए पँचवाने॥
चिकुर गरए जलधरा।
जनि मुख ससि डरेँ रोअए अधारा॥
कुचजुग चारु चकेवा।
निअ कुल मिलत आनि कओने देवा॥
तेँ सङ्काएँ भुजपासे।
बान्धि धरिअ उडि जाएत अकासे॥
तितल वसन तनु लागू।
मुनिहुक मानस मनमथ जागू॥
भनहि विद्यापति गावे।
गुनमति धनि पुनमत जन पावे॥[2]

विद्यापति ने सद्यःस्नाता के वर्णन में कई पद कहे, किन्तु बादशाह को 'दिव्यद्रष्टा कवि' होने का पूरा विश्वास नहीं हुआ। अतः, उसने महाकवि को सदूक में बन्द करके कुँए में लटका दिया और ऊपर एक सुन्दरी को आग सुलगाने के लिए कहा। सुन्दरी आग सुलगाने लगी। बादशाह ने विद्यापति से कहा कि ऊपर जो कुछ हो रहा है, उसका वर्णन कीजिए तो शिवसिंह बन्धनमुक्त हो जायेंगे। फिर क्या था, विद्यापति ने वर्णन प्रारभ किया—

साजनि। निहुरि फुकू आगि।
तोहर कमल भमर मोर देखल,
मदन उठल जागि॥
जओ तोहेँ भामिनि भवन जएबह,
अएबह कओनहुँ बेला।

---

१ लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ् इण्डिया, खण्ड ५, भाग २, पृ० ६७।
२. रागतरङ्गिणी, पृ० ७३।

जओ ई सङ्कट सओ जी बाँचत
होएत लोचन मेला ॥

इतना सुनते ही बादशाह को विद्यापति के कथन पर विश्वास हो गया और उसने शिवसिंह के बन्धनमुक्त होने की घोषणा कर दी। घोषणा सुनकर विद्यापति बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने इस प्रकार उपर्युक्त कविता की पूर्त्ति की[१]—

भनइ विद्यापति चाहथि जे विधि,
करथि से से लीला।
राजा सिवसिंह बन्धन-मोचन,
तखन सुकवि जीला ॥[२]

प्रायः शिवसिंह को बन्धनमुक्त करने के लिए विद्यापति को दिल्ली में कुछ समय तक रहना पड़ा था। कारण, विद्यापति के कई पदों में नसरतशाह के नाम दृष्टिगत होते हैं। कहते हैं, इसी यात्राक्रम में बादशाह नसरतशाह ने विद्यापति को 'कविशेखर' की उपाधि दी थी। अतएव, कई पदो म नसरतशाह के नाम के साथ 'कविशेखर' शब्द का प्रयोग विद्यापति ने अपने लिए किया है। यथा—

आनन लोचुअ वचने बोलए हसि।
अमिअ बरिस जनि सरद पुनिम ससि ॥ ध्रु० ॥
अपरुब रूप रमनिआ,
जाइते देखलि गजराज गमनिआ ॥
काजरें रञ्जित धवल नयन वर,
भमर मिलल जनि अरुन कमलदल।
भान भेल मोहि माँझ खीनि धनि,
कुच सिरिफल भरें भाँगि जाएति जनि ॥
कविशेखर भन अपरुब रूप देखि
राय नसरद साह भजलि कमलमुखि ॥[३]

यह पद विद्यापति का है। इसलिए, लोचन ने 'रागतरङ्गिणी' में उपर्युक्त गीत के नीचे स्पष्ट शब्दों में लिखा है—'इति विद्यापतेः।'

महाकवि विद्यापति की कवित्व-शक्ति से प्रसन्न होकर बादशाह ने शिवसिंह को छोड़ दिया। वे सकुशल मिथिला आ गये। किन्तु, इसी समय १३९८ ई० मे तैमूरलङ्ग का आक्रमण हुआ और तुगलक-साम्राज्य की जड़ हिल गई। एक-एक कर राजे-महाराजे और

१ म० म० डॉ० उमेश मिश्र, विद्यापति ठाकुर, पृ० २९-३२।
२ नगेन्द्रनाथ गुप्त, विद्यापति पदावली, पृ० ४५३।
३ रागतरङ्गिणी, पृ० ४५।

सुलतान स्वतन्त्र होने लगे—जिसका उल्लेख पहले हो चुका है। अवसर से लाभ उठाकर ख्वाजाजहाँ ने जौनपुर मे स्वतन्त्र साम्राज्य की स्थापना की। इस प्रकार मिथिला और दिल्ली के बीच एक स्वतन्त्र साम्राज्य की स्थापना हो जाने के कारण अब मिथिला का सम्बन्ध दिल्ली से टूट गया। बगाल पहले से स्वतन्त्र था, अब जौनपुर भी स्वतन्त्र हो गया। इस प्रकार मिथिला के दोनों ओर—पूर्व और पश्चिम में—दो स्वतन्त्र तुर्क-साम्राज्य स्थापित हो गये। मिथिलाधिपति अपने को दिल्ली-साम्राज्य के अन्तर्गत मानते थे। इसलिए उन दोनो की वक्र दृष्टि मिथिला पर गड़ गई। किन्तु, ओइनवार राजे अपने को उनसे हीन नही समझते थे और उनकी अधीनता स्वीकार नहीं करते थे। विद्यापति-कृत 'लिखनावली' मे ऐसे अनेक पत्र हैं, जिनसे पता चलता है कि उस समय मिथिला पर बार-बार यवनों का आक्रमण होता था।

फीरोजशाह तुगलक की मृत्यु और तैमूरलग के आक्रमण से जो उलट-फेर हुआ, उससे लाभ उठाकर कई छोटे-बडे राज्यो की सृष्टि हुई, जिनका उल्लेख पहले हो चुका है। इसी समय मिथिला से अव्यवहित पूर्व दिनाजपुर में राजा गणेश की अध्यक्षता मे एक हिन्दू-साम्राज्य की स्थापना हुई। राजा गणेश ने अपने को गौडाधिपति घोषित कर दिया। सर यदुनाथ सरकार का कहना है कि गणेश अपनी शक्ति से 'किंग मेकर' हो उठे थे। उन्होंने 'दनुजमर्दन' की उपाधि धारण की थी।[१] 'तबाकत-ए-अकबरी'[२] और 'फिरिश्ता'[३] मे लिखा है कि गणेश ने सात वर्षों तक राज्य किया था, किन्तु कब से कबतक उनका राज्य-काल था, इसका उल्लेख उनमें नहीं है। सर यदुनाथ सरकार ने तात्कालिक सिक्को का अध्ययन करके यह प्रमाणित करने का यत्किञ्चित् प्रयास किया है कि गणेश का राज्यकाल १४१३ ई० से १४१८ ई० पर्यन्त था। इस प्रकार, यद्यपि राजा गणेश के राज्यकाल की निश्चित तिथि उपलब्ध नहीं होती, तथापि इतना निश्चित है कि वे महाराज शिवसिंह के समसामयिक थे। महाराज शिवसिंह और राजा गणेश–दोनो ब्राह्मण थे। अतः, दोनों में अनायास मित्रता भी हो गई। इसीलिए, बगाल के तत्कालीन सुलतान गयासुद्दीन ने जब राजा गणेश पर आक्रमण किया, तब उन्होने महाराज शिवसिंह से सहायता की याचना की। बगाल के नवाब बहुत पहले ही दिल्ली साम्राज्य से पृथक् होकर अपने को स्वतन्त्र घोषित कर चुके थे। किन्तु, ओइनवार-साम्राज्य प्रारभ से ही दिल्ली-साम्राज्य के अन्तर्गत था। इस प्रकार, बगाल के नवाब के साथ शिवसिंह का सहज मतभेद था। अतएव, राजा गणेश ने जब सहायता की याचना की, तब महाराज शिवसिंह ने बिना किसी हिचकिचाहट के उनकी सहायता की। इस युद्ध में महाराज शिवसिंह की सहायता से राजा गणेश विजयी हुए, जिससे महाराज शिवसिंह का

---

१ हिस्ट्री ऑफ् बगाल, भाग २, पृ० ११६-१२७।

२. तबाकत-ए-अकबरी, लखनऊ-सस्करण, पृ० ५३४।

३. फिरिश्ता, खण्ड २, पृ० २६७।

चतुर्दिक् यशोविस्तार हो गया। विद्यापति ने 'पुरुष परीक्षा' के अन्त में बड़े गर्व के साथ इसका उल्लेख किया है।[१] विद्यापति ठाकुर को दिये गये 'बिसपी' ग्राम के दानपत्र में भी उपर्युक्त विजय का गान किया गया है।[२]

उपर्युक्त विवेचन से पता चलता है कि फीरोजशाह तुगलक की मृत्यु के बाद दिल्ली-साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया। ख्वाजाजहाँ ने जौनपुर में एक स्वतंत्र साम्राज्य की स्थापना करके पूर्व भारत से दिल्ली का सम्बन्ध विच्छिन्न कर दिया। बंगाल के नवाब पहले से ही दिल्ली-साम्राज्य से अलग हो चुके थे। जब जौनपुर स्वतन्त्र हुआ, तब उन दोनो में दिल्ली-साम्राज्य के विरोधी होने के कारण अनायास ऐकमत्य हो गया। अब दोनों के बीच में मिथिला का ओइनवार-साम्राज्य था। वह उन दोनो में किसी की अधीनता स्वीकार करने को तैयार नहीं था। इसलिए जब गणेश ने सिर उठाया, तब शिवसिंह ने उसकी सहायता की, जिसका उल्लेख हो चुका है। संभव है, गणेश के साथ मिलकर स्वतन्त्र हिन्दू-साम्राज्य की स्थापना करना उनका लक्ष्य रहा हो और जिसका समर्थन राजा गणेश ने भी किया हो। इसीलिए, विद्यापति के कई पदों मे शिवसिंह को 'पञ्चगौडाधिप' कहा गया है। किन्तु, इसीलिए महाराज शिवसिंह उन दोनो की—बंगाल और जौनपुर के सुलतानों की—आँखो के काँटे बन गये। इनपर दोनो ओर से सम्मिलित आक्रमण होने लगा। देवसिंह की मृत्यु के समय (१४०२ ई० मे) दोनों सुलतान मिथिला पर चढ़ आये थे और दोनों को महाराज शिवसिंह ने परास्त किया था। विद्यापति ने भी इसका विशद वर्णन किया है, जिसका उल्लेख पहले हो चुका है। किन्तु, वे सुलतान भी चुप लगाकर बैठे नहीं रहे, घात मे लगे ही रहे। अन्ततोगत्वा १४०६ ई० मे, गयासबेग के नेतृत्व में, जौनपुर की सेना फिर मिथिला पर चढ़ आई। इस बार का आक्रमण बड़ा भयानक था। महाराज शिवसिंह बडे दूरदर्शी थे। इसलिए, उन्होंने अपने परिवार को विद्यापति के संरक्षण में नेपाल-तराई मे स्थित रजाबनौली के राजा पुरादित्य के यहाँ भेज दिया और स्वयं स्वतंत्रता की रक्षा के लिए युद्ध-क्षेत्र में कूद पडे। यह युद्ध इतना भयानक हुआ कि दूसरों की कौन कहे,—महाराज शिवसिंह का भी क्या हुआ,—इसका भी निश्चित पता नहीं चला। गजरथपुर उजाड़ हो गया। मिथिला की पवित्र भूमि शोणित से लाल हो गई। ओइनवार-साम्राज्य का गरुडाङ्कित झंडा झुक गया। मिथिला जौनपुर-साम्राज्य के अन्तर्गत हो गई।

---

१ यो गौडेश्वरगजनेश्वररणक्षोणीसु लब्ध्वा यशो-
दिक्कान्ताचयकुन्तलेषु नयते कुन्दस्रजामास्पदम्।
तस्य श्री शिवसिंहदेवनृपतेर्विज्ञप्रियस्याज्ञया
ग्रन्थ ग्रन्थिलदण्डनीतिविषये विद्यापतिर्व्यातनोत॥
—पुरुष-परीक्षा।

२ देखिए पृ० १८—
येन साहसमयेन शस्त्रिणा तुङ्गवाहवरपृष्ठवर्तिना।
अश्वपत्तिवलयोर्बलक्कित गजनाधिपतिगौडभूभुजाम्॥

विद्यापति और ओइनवार-राजवंश

कर्णाट-साम्राज्य के संस्थापक इतिहास-प्रसिद्ध महाराज नान्यदेव जिस समय मिथिला आये, उस समय यहाँ नाह झा नामक एक सिद्ध पुरुष थे। उन्होंने ही भविष्य-वाणी की थी कि नान्यदेव मिथिला के महाराज होंगे। इसलिए, जब नान्यदेव मिथिला के महाराज हुए, तब उन्होंने नाह झा को राजपण्डित के पद पर प्रतिष्ठित किया और 'ओइनी' नाम का गाँव दिया। 'ओइनी'-नामक गाँव के उपार्जन करने के कारण वे 'ओयन ठाकुर' नाम से प्रसिद्ध हुए। नाह झा स्वय 'खौआइए'-वंशावतंस थे और जगतपुर के निवासी थे। किन्तु, जब 'ओइनी' गाँव उन्हें मिला, तब वे जगतपुर से ओइनी में आ बसे, इसीलिए उनके वंशज 'ओइनवार' कहलाये।

नाह झा—प्रसिद्ध ओयन ठाकुर—का 'राजपण्डित'-पद कर्णाट-साम्राज्य के अन्तिम दिनों तक उनके वंशजों के हाथ में रहा। उनके पुत्र, पौत्र आदि सभी ने अपने विद्या-वैभव से 'राजपण्डित'-पद को सुशोभित किया। कर्णाट-साम्राज्य के अन्तिम दिनों में, जब नान्यदेव के अतिवृद्धप्रपौत्र महाराज हरिसिंहदेव गद्दी पर थे[1], ओयन ठाकुर के अति-वृद्धप्रपौत्र सिद्ध कामेश्वर ठाकुर 'राजपण्डित' के पद पर थे।

यह पहले कहा जा चुका है कि महाराज रामसिंहदेव के समय में विद्यापति के प्रपितामह देवादित्य मंत्रिपद पर नियुक्त हुए। उनके पुत्र, पौत्र भी अपनी योग्यता से मन्त्रिपद पर बने रहे। देवादित्य के पुत्र वीरेश्वर ठाकुर कर्णाट साम्राज्य को 'सप्ताङ्गराज्यस्थितिः' में परिणत करके स्वयं सातों भाई राज्य के सातों अङ्ग पर बैठ गये। जिस समय महाराज हरिसिंहदेव गद्दी पर थे, उस समय देवादित्य के पौत्र एवं वीरेश्वर ठाकुर के पुत्र सप्तरत्नाकरकार चण्डेश्वर ठाकुर मन्त्रिपद पर आसीन थे।

संयोग से इसी समय (शाके १४८ में[2]) महाराज हरिसिंहदेव ने पञ्जी-प्रबन्ध का निर्माण करवाया, जिसमें सात गोत्र के चौंतीस ब्राह्मण—जो विद्वान् होने के साथ अपरिग्रही थे, दान-दक्षिणा नहीं लेते थे, राज-सेवा नहीं करते थे, शिलोञ्छ-वृत्ति से जिनका जीवन-यापन होता था—श्रेष्ठ निर्धारित हुए।[3] उनमें भी जो वेदज्ञ थे, वे 'श्रोत्रिय' और जो दार्शनिक थे,

---

१. शास्ता नान्यपतिर्बभूव तदनु श्रीगङ्गदेवो नृप-
स्तत्सूनुर्नरसिंहदेवनृपतिः श्रीरामसिंहस्ततः।
तत्सूनुः किल शक्रसिंहविजयी भूपालवन्द्यस्ततो-
जातः श्रीहरिसिंहदेवनृपतिः कार्णाटचूडामणिः॥
—पञ्जी-प्रबन्ध (मिथिला-तत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १४६ से)

२. शाके श्रीहरिसिंहदेवनृपतेर्भूपार्क (१२१६) तुल्ये जनि-
स्तस्मादन्तमितेऽब्दके द्विजगणैः पञ्जीप्रबन्धः कृतः।
—पञ्जी-प्रबन्ध (मिथिला-तत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १३६ से)

३. सप्तगोत्राश्चतुस्त्रिंशद् ब्राह्मणाः पञ्जिकोद्भवाः।
अन्ये ये नवगोत्राः स्युः शाखायान्ते प्रकीर्त्तिताः॥
—पञ्जी-प्रबन्ध (मिथिला-तत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १४० से)

वे 'योग्य' कहलाये। इसका परिणाम यह हुआ कि जो कलतक श्रेष्ठ गिने जाते थे, वे ही आज निम्न श्रेणी में परिणत कर दिये गये। जो राजसम्मानित थे, जिनके कन्धों पर मिथिला का सारा उत्तरदायित्व था, वे लोग भी अलग-अलग रहने लगे। राजपण्डित कामेश्वर तो विरक्त होकर शुकवन (सुगौना, दरभंगा) में तपस्या करने चले गये। चारों ओर उदासी—चारों ओर मन-मुटाव! जो राजसभा शूरों और सामन्तों से भरी थी, जहाँ सप्तरत्नाकरकार चण्डेश्वर के समान मंत्री और सिद्ध कामेश्वर के समान राजपण्डित थे, वहाँ अब शिलोञ्छवृत्तिवाले ब्राह्मणों की पूजा होने लगी।

हरिसिंहदेव के इस अदूरदर्शितापूर्ण कार्य से कर्णाट-साम्राज्य की जड़ हिल गई। जो अपने थे, सभी पराये हो गये। ऐसी ही विकट परिस्थिति में लखनौती से लौटते हुए मुहम्मद तुगलक ने शाके १२४८ में मिथिला पर चढ़ाई की। गयासुद्दीन तुगलक ने भी इससे तीन वर्ष पहले (शाके १२४५ में) मिथिला पर चढ़ाई की थी, पर उसे विजय नहीं मिली थी। वह जिस प्रकार आया, उसी प्रकार लौट गया। पर, इस बार हरिसिंहदेव निस्सहाय थे। कोई भी उनका साथ देनेवाला नहीं था। लाचार होकर उन्होंने गिरि-गह्वर की शरण ली। चलते समय मार्ग में उन्होंने राजपण्डित कामेश्वर ठाकुर से भेंट की और मिथिला का राज्य उनके चरणों पर समर्पित कर दिया।[1] इस प्रकार कर्णाट-साम्राज्य की राजलक्ष्मी विना किसी प्रयत्न के ओइनवार के घर आ गई।

ओइनवार-वंश के प्रथम राजा कामेश्वर ठाकुर हुए। म० म० मुकुन्द झा बख्शी[2], म० म० परमेश्वर झा[3] और म० म० डॉ० उमेश मिश्र[4] ने लिखा है कि 'राजपण्डित कामेश्वर ठाकुर ने राज्य ग्रहण नहीं किया। वे सिद्ध पुरुष थे।' किन्तु, उनका कथन संगत नहीं प्रतीत होता। कारण, विद्यापति ने कीर्त्तिलता में कामेश्वर को राजा कहा है। यथा—

ता कुल केरा बड्डिपन कहवा कओन उँपाए।
जज्मिमअ उप्पन्नमति कामेसर सन राए॥[5]

कामेश्वर ठाकुर के चार पुत्र थे—लक्ष्मीश्वर (प्रसिद्ध—लखाई), भोगीश्वर, कुसुमेश्वर और भवेश्वर। अवतक के सभी इतिहासकारों ने लिखा है कि 'कामेश्वर की मृत्यु के बाद भोगीश्वर राजा हुए और भोगीश्वर के बाद उनके पुत्र गणेश्वर राजा हुए। असलान ने जब गणेश्वर का वध किया, तब गणेश्वर के पुत्र कीर्त्तिसिंह ने इब्राहिमशाह की सहायता से असलान को परास्त किया और स्वयं मिथिला की गद्दी पर बैठे। कीर्त्तिसिंह निस्सन्तान थे, इसलिए उनकी मृत्यु के बाद उनके पितामह-भ्राता भवेश्वर (भवेश या भवसिंह) गद्दी पर बैठे।' पर ये सारी बातें युक्तियुक्त नहीं हैं। कारण, मिथिला के मध्ययुगीन

१ 'साहित्य', वर्ष ६, अंक ३, पृ० ४३, १६५८ ई०।
२. मिथिलाभाषामय इतिहास, पृ० ५०३।
३ मिथिला-तत्त्वविमर्श, पृ० १४७-४८।
४ विद्यापति ठाकुर, पृ० १७।
५ कीर्त्तिलता (डॉ० बाबूराम सकसेना), पृ० १०।

इतिहास की जानकारी के लिए सबसे प्रामाणिक ग्रन्थ पञ्जी-प्रबन्ध है। मिथिला से दूर बैठकर मिथिला के इतिहास लिखनेवालो को सुनी-सुनाई बातो का ही सहारा रहता है। इसीलिए, डॉ० सुभद्र झा से पहले किसी ने भी ओइनवारो की विशुद्ध वशावली तक नहीं दी। और, विना विशुद्ध वशावली के किसी वश का यथार्थ ज्ञान होना असभव है। इतना ही नहीं, पञ्जी प्रबन्ध की यह भी विशेषता है कि उसमें योग्यतानुसार नाम के साथ 'आस्पद' रहता है, जिससे इतिहास की बहुतेरी गुत्थियाँ सुलझ जाती हैं। अतएव, ओइनवारवशीय राजाओं की वशावली सह-सलग्न है।

ओइनवारो की सलग्न वशावली से पता चलता है कि राजपण्डित कामेश्वर ठाकुर के चार पुत्र थे। उनमें सबसे ज्येष्ठ लक्ष्मीश्वर राजवल्लभ थे, महाराज नही थे। सभव है, वे हरिसिंहदेव के राजवल्लभ रहे हो और राज-विप्लव मे उनका अन्त हो गया हो। किन्तु उनसे छोटे तीनो भाई महाराज थे। कीर्त्तिसिंह की मृत्यु के बाद भवेश्वर गद्दी पर बैठे,—यह भी सगत नहीं जॅचता। कारण, कीर्त्तिसिंह भवेश्वर के भाई के पौत्र थे। अतः, उनके भी पौत्र ही हुए। फिर, पौत्र की गद्दी पर पितामह का बैठना अयुक्त ही नहीं, हास्यास्पद भी है। यदि ऐसा मान भी लें, तो कामेश्वर को कौन-सा राज्य मिला कि वे महाराज कहलाये? पञ्जी-प्रबन्ध की प्रामाणिकता पर किसी को सन्देह होने की कतई गुजाइश नहीं है। कारण, विद्यापति ने भोगीश्वर, कुसुमेश्वर और भवेश्वर तीनो के पुत्र, पौत्र आदि को अपने पदो में 'राजा' कहकर उल्लेख किया है, जिसका उल्लेख आगे किया जायगा। मिथिला में यह प्रवाद भी है कि कामेश्वर ठाकुर के बाद मिथिला तीन हिस्सों में बँट गई। आरभ में ये तीनो भाई ओइनी में ही रहे, किन्तु बाद में उनके वशजो ने अलग-अलग राजधानी बसाई।

महाराज भोगीश्वर के छोटे भाई महाराज कुसुमेश्वर की राजधानी कहाँ थी, इसका पता नही है, किन्तु सबसे छोटे भाई महाराज भवसिंह ने अपने लिए 'भवग्राम' बसाया, जिसे आजकल 'भभाम' कहते हैं। यह गॉव मधुबनी (दरभगा) सबडिवीजन मे है। यहाँ राजधानी लाने का कारण यह था कि समीप में मन्त्रिवर चण्डेश्वर ठाकुर का निवास-स्थान 'हरडीह' (हरड़ी) था। चण्डेश्वर ठाकुर द्वारा स्थापित शिवलिंग 'चण्डेश्वर' आज भी यहाँ प्रतिष्ठित है। यहीं समीप में कुसुमेश्वर-वशीय अन्तिम महाराज रुद्रसिंह का बसाया हुआ 'रुद्रपुर' भी है। महाराज भवसिंह के अन्तिम दिनो मे, जबकि देवसिंह के हाथों में सम्पूर्ण ओइनवार-साम्राज्य का अधिकार आ गया, तब वे भवग्राम से हटकर दरभगा के समीप वाग्मती नदी के किनारे अपने लिए 'देवकुली' नाम की नगरी बसाई, जिसे आजकल 'देकुली' कहते हैं। इसीके समीप में महाराज शिवसिंह का 'गजरथपुर' था, जो जौनपुर के आक्रमण के समय उजाड़ हो गया। किन्तु, बाद में वहाँ जो ग्राम बसा, उसे आजकल 'शिवसिंहपुर' कहते हैं।[1]

१ मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ० १५८।

हरिसिंहदेव के बाद जब कामेश्वर ठाकुर राजा हुए, तब राजा तो बदल गया, पर राजतंत्र नहीं बदला। जो पार्षद हरिसिंहदेव से रुष्ट होकर दूर हो गये थे, वे सभी सिमटकर फिर ओइनवार-वंश की छत्रच्छाया में एकत्र हो गये। इसीलिए, मन्त्रिवर चण्डेश्वर को हम महाराज भवेश्वर के मन्त्रिपद पर आसीन देखते हैं, जिसका उल्लेख उन्होंने अपने वृहद् ग्रंथ 'राजनीति-रत्नाकर' में किया है, जो महाराज भवेश्वर की आज्ञा से लिखा गया था।[1]

किञ्च, चण्डेश्वर के पितृव्य स्थानान्तरिक हरदत्त और उनके चचेरे भाई गोविन्ददत्त को हम कीर्त्तिसिंह के आश्रय में देखते हैं। कीर्त्तिसिंह जब सुलतान से सहायता प्राप्त करने को 'जोनापुर' जाते हैं और वहाँ उन्हें अपनी ममता का स्मरण होता है, तब उन्होंने उन लोगों के नाम गिनाये हैं, जिनके ऊपर वे अपने परिवार का भार छोड़ आये थे। कीर्त्तिलता में विद्यापति ने लिखा है—

गुणे गरुअ मन्ति गोविन्ददत्त
तसु बंस बडाई कहओ कत्त।
हरक भगत हरदत्त जान
सगाम कम्म अज्जुन समान॥[2]

प्रवाद है कि विद्यापति के पिता गणपति ठाकुर भी राय गणेश्वर के सभापण्डित थे। इस प्रकार कर्णाट-साम्राज्य में जो जिस पद पर थे, वे ओइनवार-साम्राज्य में भी यथास्थान वर्त्तमान रहे। फिर, ओइनवार-वश और विसैवार-वश (विद्यापति विसैवार-वश के थे) तो बहुत पहले से एक साथ कर्णाट-साम्राज्य के प्रतिष्ठित पदो पर रह चुके थे। दोनों में घनिष्ठ सम्बन्ध रह चुका था। इसलिए, विसैवार-वशवालों के लिए ओइनवार-साम्राज्य का दरवाजा बराबर खुला था। ओइनवार-साम्राज्य के तीन भागों में बँट जाने पर भी कहीं उनके लिए रोक नहीं थी। इसलिए, विद्यापति का सम्बन्ध तीनों राजदरबारो से बराबर बना रहा और हर जगह उनका सम्मान होता रहा। विद्यापति ने भी अपने ग्रन्थों और पदों में नाम लिखकर तीनों राज-घरानों के राजाओं के नाम अमर कर दिये। जिन राजाओं और रानियों की आज्ञा से उन्होंने ग्रन्थ-रचना की, उनका परिचय भी उन्होंने अपने ग्रन्थो में लिख दिया। यथा—'कीर्त्तिलता' में कीर्त्तिसिंह का, 'भूपरिक्रमा' में देवसिंह का, 'पुरुष-परीक्षा', 'गोरक्ष-विजय' और 'कीर्त्तिपताका' में शिवसिंह का, 'शैवसर्वस्वसार' और 'गङ्गा-वाक्यावली' में महारानी विश्वासदेवी का, 'विभागसार' में नरसिंह 'दर्पनारायण' का, 'दानवाक्यावली' में महारानी धीरमति का तथा 'दुर्गाभक्तितरंगिणी' में भैरवसिंह का सविस्तर परिचय है। ये सभी राजे और रानियाँ ओइनवार-वश के थे। इनमें कीर्त्तिसिंह कामेश्वर-ठाकुर के द्वितीय पुत्र भोगीश्वर के पौत्र और गणेश्वर के पुत्र थे। शेष सभी कामेश्वर ठाकुर

---

१ राज्ञा भवेशेनाज्ञप्तो राजनीतिनिबन्धकम्।
तनोति मन्त्रिणामार्यः श्रीमाञ्चण्डेश्वरः कृती॥
—मि० म०, विद्यापति-पदावली, भूमिका, पृ० ३७।

२ कीर्त्तिलता, डॉ० बाबूराम सकसेना, पृ० ७४।

के चतुर्थ पुत्र भवेश्वर (भवेश या भवसिंह) के वंशज थे। विद्यापति ने एकमात्र 'लिखनावली' नाम की पुस्तक पुरादित्य 'गिरिनारायण' की आज्ञा से लिखी, जो ओइनवार नहीं, 'द्रोणवार'-मूलक भूमिहार ब्राह्मण थे। इसका विस्तृत विवरण 'विद्यापति के ग्रन्थ'-शीर्षक निबन्ध मे दिया जायगा। यहाँ कवि के पदो मे जिन राजाओं और रानियो के नाम आये हैं, उनका दिग्दर्शन कराया जाता है, जिससे पता चलेगा कि ओइनवारो के यहाँ कवि की कितनी मर्यादा थी।

विद्यापति के पदो में जिन राजाओं के नाम आये हैं, उनमें सबसे वयोवृद्ध भोगीश्वर हैं।[१] ये कामेश्वर ठाकुर के द्वितीय पुत्र थे। अबतक के उपलब्ध पदों में प्रायः कवि का सबसे पहला पद यही है। यह पद 'तरौनी पदावली' का है। इसलिए, इसकी प्रामाणिकता पर कतई सन्देह नही किया जा सकता। श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि "इस पद की भाषा इतनी आधुनिक, भाव इतना तरल और रचना शैली इतनी निकृष्ट है कि इसे विद्यापति के बाल्यकाल की रचना कहकर भी स्वीकार नही किया जा सकता। किञ्च, राय भोगीश्वर कीर्त्तिसिंह के पितामह थे। यदि उनके समय में विद्यापति कविता करते थे, तो विद्यापति का रचनाकाल पुरुष-चतुष्टयव्यापी हो जाता है। १३७१ ई० में भोगीश्वर के पुत्र गणेश्वर मारे गये। इसे विद्यापति की रचना स्वीकार करने से, १३७१ ई० से पहले—भोगीश्वर के राज्यकाल में—कवि की अवस्था कम-से कम पन्द्रह सोलह वर्षो की आवश्यक है, अर्थात् १३५४ ई० के आसपास कवि का जन्म मानना होगा। कीर्त्तिलता १४०४ ई० से पहले की रचना नहीं हो सकती और उसमें कवि ने अपने को 'खेलन कवि' कहा है तथा

---

१ मोराहि रे आँगना चाँदन केरि गछिआ
ताहि चढ़ि कुररए काग रे।
सोने चञ्चु बँधए देब मोञे बाअस
जओ पिआ आओत आज रे॥
(गावह) गावह सहिलोरि झूमरि
मचन अराधने जाञु रे।
चउदिसि चम्पा मउली फूललि
चान्द उजोरिए राति रे॥
कइसे कए (मोञ) मचन अराधाबा
होइति बड़ि रति साति रे।
(बाँक समअ कागा केओ ने अपन हित
देखल आखि पसारि रे॥)
विद्यापति कवि गाविआ
तो'क अछ गुनक निधान (रे)।
राउ भोगीसर (सब) गुन नागरा
पदमा देवि रमान (रे)॥

—न० गु० (तरौनी-पदावली), पद-स० ८०१

बालचन्द्र के साथ अपनी तुलना की है। १३५४ ई० में जन्म होने से १४०४ ई० में विद्यापति की अवस्था ५० वर्ष की हो जाती है और ५० वर्ष की अवस्था का आदमी अपने को 'खेलन कवि' कहकर परिचय नहीं दे सकता। इसीलिए, यह पद किसी दूसरे ने लिखकर विद्यापति के नाम से चला दिया है।"[1]

किन्तु, मजूमदार महाशय का उपर्युक्त कथन तर्कसंगत नहीं है। कारण, वे इस पद की भाषा को आधुनिक मानते हैं, परन्तु इस पद के 'मोञे', 'जञो', 'सहिलोरि', 'मञन', 'जाञु', 'कइसे', 'अराधबा', 'गाबिआ', 'तों क', 'अछ', 'राउ' आदि शब्द आज मैथिली में प्रयुक्त नहीं होते। इनके रूप बहुत बदल गये हैं। मजूमदार महाशय इस पद के भाव को तरल और इसकी रचना शैली को निकृष्ट मानते हैं, किन्तु न इसका भाव तरल है और न रचना-शैली निकृष्ट है। इसमें एक प्रोषितभर्तृका नायिका की मानसिक स्थिति का सूक्ष्म निदर्शन है। वह अपने प्रियतम की बाट जोहती हुई कागा उचारती है। सखियों के आग्रह करने पर भी वह न गाती है और न मदनोत्सव में सम्मिलित होती है। और, रचना-शैली का क्या कहना? विद्यापति के भी बहुत कम पदों में ऐसी रचना-शैली है। कोमल-कान्त-पदावली का यह उत्तम उदाहरण है। प्रसाद गुण इसमें कूट-कूटकर भरा है।

मजूमदार महाशय के दूसरे तर्क में भी कुछ तथ्य नहीं है। कारण, किसी भी दीर्घायु व्यक्ति का रचनाकाल पुरुषचतुष्टयव्यापी हो सकता है। फिर, विद्यापति तो पूर्ण दीर्घायु थे, जिसका विवेचन 'विद्यापति का जीवन-काल' में हो चुका है। अब शंका का विषय रहा—'खेलन कवि।' सो, 'कीर्त्तिलता' की अनेक प्राचीन पाण्डुलिपियों में 'खेलनकवेः' नहीं, 'खेलतु कवेः' पाठ है, जिसका सविस्तर विचार 'विद्यापति के ग्रन्थ'-शीर्षक निबन्ध में आगे किया जायगा। अतः, मजूमदार महाशय का यह तर्क भी निस्सार है। अथच, कीर्त्तिलता में विद्यापति ने बालचन्द्र से अपनी नहीं, अपनी भाषा की तुलना की है—'बालचन्द विज्जावइ भासा, दुहु नहि लग्गइ दुज्जन-हासा।' इसलिए, इस उपमोपमेय भाव से 'कीर्त्तिलता' के रचनाकाल में विद्यापति को 'बालक' कहना अयुक्तिक ही नहीं, हास्यास्पद भी है। अतः, भोगीश्वर-नामाङ्कित यह पद विद्यापति का है, इसमें शंका के लिए कुछ भी अवकाश नहीं है।

किञ्च, मिथिला की राजपञ्जी में भोगीश्वर और कुसुमेश्वरवंशीय राजाओं का राज्यकाल नहीं है। जो वंश समाप्त हो जाता है, उस वंश की पंजी भी उपेक्षित होकर समाप्त हो जाती है। इसलिए, उपर्युक्त दोनों राजवंशों के समय-निर्धारण में मिथिला की राजपंजी से सहायता नहीं मिल सकती। अतः, विद्यापति ने जो कुछ लिखा है, वही प्रमाण है और उसपर थोड़ा विचार करने से ही मजूमदार महाशय का सारा प्रयास धूलि-धूसर हो जाता है। देखिए, 'कीर्त्तिलता' में विद्यापति ने लिखा है—"लक्खणसेन नरेस लिहिअ जबे पक्ख पञ्च वे।" अर्थात्, ल० सं० २५२ में (१३६१ ई०) में, गणेश्वर मारे गये। गणेश्वर और देवसिंह दोनों चचेरे भाई थे, दोनों समसामयिक थे। मिथिला-राजपञ्जी के अनुसार

१ 'विद्यापति-पदावली' (मित्र-मजूमदार-संस्करण), भूमिका, पृ० २८-२६।

शाके १२७०, अर्थात् १३४८ ई० में महाराज भवसिंहदेव और शाके १३०६, अर्थात् १३८४ ई० मे देवसिंह गद्दी पर बैठे। गणेश्वर की मृत्यु के बाद, जब असलान मारा गया, तब कीर्त्तिसिंह के राज्यकाल में कवि ने कीर्त्तिलता लिखी। किञ्च, 'अनल-रन्ध्र-कर लक्खण नरवए, सक समुद्द-कर-अगिनि-ससी' के अनुसार देवसिंह की मृत्यु और शिवसिंह का सिंहासनाधिरोहण १४०२ ई० में होता है। मिथिला में ऐसा प्रवाद है कि उस समय देवसिंह के पुत्र महाराज शिवसिंह की आयु ५० वर्ष की थी और विद्यापति उनसे दो वर्ष बड़े थे, अर्थात् विद्यापति की आयु ५२ वर्ष की थी। इस प्रकार, गणना करने से विद्यापति का जन्म १३५० ई० में होना निश्चित होता है। अत', कीर्त्तिसिंह के राज्यकाल में, अर्थात् १३७२ ई० मे कवि की अवस्था लगभग २२ वर्ष की थी। इसीलिए, 'कीर्त्तिलता' में वीररस से ओतप्रोत कवि का यौवनोद्रेक छलकता है। मिथिला मे प्रवाद है कि असलान का मिथिला पर बारह वर्षों तक अधिकार रहा। 'कीर्त्तिलता' में प्रयुक्त 'जोनापुर' को जौनपुर और 'इब्राहिमशाहि' को जौनपुर का नवाब इब्राहिमशाह मानकर इतिहासकारों ने जो भ्रमजाल फैलाया, उसी में उलझकर मजूमदार महाशय ने लिखा है कि १४०४ ई० से पहले 'कीर्त्तिलता की रचना' हो ही नहीं सकती है। किन्तु, न 'जोनापुर' 'जौनपुर' है और न 'इब्राहिमसाहि' जौनपुर का नवाब इब्राहिमशाह है। इसका विवेचन पहले हो चुका है।

किञ्च, राय गणेश्वर की मृत्यु के बाद सुलतान से सहायता की याचना के लिए जब कीर्त्तिसिंह जोनापुर गये, तब भोगीश्वर जीवित थे। राय गणेश्वर की मृत्यु १३६१ ई० मे हुई और असलान का मिथिला पर बारह वर्षों तक, अर्थात् १३७२ ई० तक अधिकार रहा, जिसका विवेचन 'विद्यापतिकालीन मिथिला' में हो चुका है। यदि १३७१ ई० में कीर्त्तिसिंह जोनपुर गये होंगे, तो उस समय विद्यापति की आयु बीस वर्ष की रही होगी और बीस वर्ष की आयु के कवि के लिए पूर्वोक्त भोगीश्वर-नामाङ्कित पद की रचना करना असभव नहीं।

भोगीश्वर के बाद वयःक्रम से विद्यापति के पदों में मंत्री महेश्वर का नाम आता है।[१] ये महाराज भोगीश्वर के छोटे भाई महराज कुसुमेश्वर के ज्येष्ठ पुत्र और मंत्री भी थे।

---

१ लता तरुअर मण्डप दीअ, निरमल ससधर मिति धवलीअ ॥
पौअनाल ऐपन भल भेल, रात परीहन पल्लव देल ॥
गावह माइ हे मङ्गल आए, वसन्त विग्राह वने पए जाए ॥
मधुकर रमनी मङ्गल गाव, दुजवर कोकिल मन्त्र पढाव ॥
कर मकरन्द हथोदक नीर, विधु वरिआती धीर समीर ॥
कनएकेआ सुति तोरन तूल, लावा वियरल वेलिक फूल ॥
केसु कुसुम कर सिन्दुर दान, जउतुक पाओल मानिनि मान ॥
केलि कुतूहल नव पँचवान, विद्यापति कवि दिढ कए मान ॥
अभिनव नागर धुझए रसवन्त, मति महेस रेणुकादेवि कन्त ॥

—रागतरङ्गिणी, पृ० ४६।

ओइनवारवंशीय राजाओं के यहाँ प्रतिष्ठित पदों पर अधिकतर अपने आदमी ही रहते थे, पञ्जी-प्रबन्ध में प्रयुक्त उनके आस्पदों से यह स्पष्ट ज्ञात होता है। भोगीश्वर के चार पुत्रों में भी दो स्थानान्तरिक और दो मुद्राहस्तक थे। कीर्त्तिसिंह के पिता गणेश्वर, जिन्हें असलान ने मारा था, राजा होने से पहले—पिता के राज्यकाल में—मुद्राहस्तक ही थे। मिथिला में पहले मंत्री को ही 'महामहत्तक' का आस्पद रहता था।[1] मंत्रिवर चण्डेश्वर का आस्पद भी 'महामहत्तक' ही था। अतः, राजकुमार होते हुए भी मंत्रिपद पर रहने के कारण महेश्वर का आस्पद पञ्जी-प्रबन्ध में 'महामहत्तक' ही है।

इनके बाद विद्यापति के पदों मे देवसिंह का नाम आता है। देवसिंह महाराज भोगीश्वर के सबसे छोटे भाई महाराज भवेश्वर के पुत्र थे। विद्यापति के कई पदों में देवसिंह का नाम आता है।[2] इन्हीं की आज्ञा से कवि ने 'भू-परिक्रमा' लिखी थी, जिसका विवेचन 'विद्यापति के ग्रन्थ'-शीर्षक निबन्ध में आगे किया जायगा।

इनके बाद विद्यापति के पदों में हरिसिंह का नाम आता है। हरिसिंह महाराज भवेश्वर के कनिष्ठ पुत्र और महाराज देवसिंह के छोटे भाई थे। इनके नाम का एक ही पद मिलता है।[3]

उपर्युक्त गीत नायकों में राय भोगीश्वर राजपण्डित कामेश्वर ठाकुर के पुत्र थे और मंत्री महेश्वर, देवसिंह तथा हरिसिंह पौत्र थे। ये चारों वयःक्रम में विद्यापति से बड़े थे।

---

१. म० म० मुकुन्द झा बख्शी, मिथिलाभाषामय इतिहास, पाद-टिप्पणी, पृ० ११३।

२ ससन-परसें खसु अम्बर रे, देखल धनि-देह।
नव जलधर तर चमकए रे, जनि बीजुरि रेह॥
आज देखलि धनि जाइते रे, मोहि उपजल रङ्ग।
कनकलता जनि सञ्चर रे, महि निरअवलम्ब॥
ता पुनु अपरुब देखल रे, कुचयुग अरविन्द।
बिगसित नहि किछु—कारन रे, सोझा मुखचन्द॥
बिद्यापति कवि गाओल रे, बूझए रसमन्त।
देवसिंह नृप नागर रे, हाँसिनि देवि-कन्त॥

—रागतरंगिणी, पृ० ४६।

३. सुपुरुख प्रेम सुधनि अनुराग।
दिने दिने बाढ अधिक दिन लाग॥
माधव हे मधुरापति नाह।
अपन बचन अपने निरबाह॥
कमलिनि सुर जाने अनुभाव।
भमि भमि भमर मदन गुन गाव॥
सुकवि विद्यापति एहु रस भान।
सिरि हरिसिंहदेव ई रस जान॥

—न० गु०, पद-संख्या ७६४।

यह कवि का प्रारम्भिक काल था। अतः, इस समय के थोड़े ही पद प्राप्त होते हैं। कवि के ग्रन्थों में एक 'भू-परिक्रमा' ही है, जो इस समय का ग्रन्थ है।

इन चारो के बाद विद्यापति के पदो में गुणीश्वर, राय दामोदर, महाराज रुद्रसिंह, राय अर्जुन, महाराज शिवसिंह और पद्मसिंह के नाम आते हैं। ये सभी राजे कामेश्वर ठाकुर के प्रपौत्र थे।

इनमें गुणीश्वर महाराज कुसुमेश्वर के ज्येष्ठ पुत्र महामहत्तक महेश्वर के सबसे छोटे लड़के थे। इनके नाम का एक पद 'रामभद्रपुर-पदावली' में पाया जाता है।[1] स्वर्गीय शिवनन्दन ठाकुर ने 'गुनीसर' के स्थान में 'महेसर' पाठ कर दिया है[2] और पाद-टिप्पणी में लिख दिया है कि अक्षर उड़ गये हैं। किन्तु, अक्षर उड़े नहीं हैं, स्पष्ट हैं। 'सिरि महेसर सुत गुनीसर हे'—मे केवल दो वर्ण—सुत का 'सु' और 'गुनीसर' का 'नी'—अस्पष्ट हैं। किन्तु, उन्होने 'गुनीसर' के स्थान में 'महेसर' पाठ करके एक ऐतिहासिक पुरुष का अवलोप कर दिया है।

राय दामोदर महाराज भोगीश्वर के कनिष्ठ पुत्र स्थानान्तरिक गोविन्द के आत्मज थे। 'तरौनी-पदावली' में इनके नाम का एक पद है।[3]

---

१ नगरक बानिनि ओरे हरि पुछ हरि पुछा
किए किए हाट बिकाए ॥
× × ×
× × × ॥ ध्रु० ॥
हीरा मनि मानिक ओरे अनुपम अनुपमा
नाना रतन पसार ॥
एक नाल दुइ ओरे सिरिफर सिरिफला
सोना केर समान ॥
अधरा सिरिफल ओरे आम्रर आम्ररा
अधरा अधिके बिकाए ॥
बिद्यापति कवि ओरे गाविह गाविहा
झूमरि बुझ रसमन्त ॥
सिरि महेसर सुत गुनीसर हे
लूहम देवि - सुकन्त ॥

—रामभद्रपुर-पदावली, पद-संख्या ४१४।

२. विद्यापति-विशुद्ध पदावली, पृ० ९२-९३।

३. सुन्दरि गरुअ तोर विवेक।
बिनु परिचअ पेमक आँकुर
पल्लव भेल अनेक ॥

इनके बाद रुद्रसिंह का नाम विद्यापति के पदों में आता है। ये कामेश्वर ठाकुर के तृतीय पुत्र महाराज कुसुमेश्वर के पुत्र महाराज रत्नसिंह के आत्मज थे। इनके नाम के कई पद प्राचीन पाण्डुलिपियों में मिलते हैं।[1]

राय अर्जुन का नाम साम्बसिंह था, किन्तु वे 'राय अर्जुन' के नाम से प्रसिद्ध थे। महाराज भवेश्वर के द्वितीय पुत्र त्रिपुरसिंह के ये लड़के थे। त्रिपुरसिंह और देवसिंह में राज्य को लेकर प्रारभ से ही वैमनस्य था, जो कि राय अर्जुन और शिवसिंह के समय में चरम सीमा पर जा पहुँचा। अन्ततः, शिवसिंह के मित्र राजा पुरादित्य 'गिरिनारायण' के हाथों राय अर्जुन मारे गये, जिसका उल्लेख विद्यापति ने 'लिखनावली' के प्रारंभ में किया है।[2] विद्यापति शिवसिंह के अभिन्न मित्र थे। फिर भी, उनके लिए राय अर्जुन का द्वार सदा उन्मुक्त था। ओइनवारवंशीय राजाओं में पारस्परिक मतभेद रहने पर भी कवि के लिए कहीं रोक नहीं थी। उनका सम्मान हर जगह था। इसीलिए, कवि ने भी अपने पदों में नाम देकर उन सबको अमर कर दिया, जो उनके सम्पर्क में आये।

कखने होएत सुफल दिवस
बदन देखब तोर।
बहुत दिवस भुखल भमर
पिबत चान्द चकोर॥
भन विद्यापति सुन रमापति
सकल गुननिधान।
चिरे जिबे जीवओ राय दामोदर
दसासए अवधान॥

—न० गु० (त० पदावली), पद-संख्या १२०।

१. मलय पवन बह। बसन्त विजय कह॥
भमर करइ रोल। परिमल नहि ओल॥
ऋतुपति रङ्ग हेला। हृदअ रभस मेला॥
अनङ्ग मङ्गल मेलि। कामिनि करथु केलि॥
तरुन तरुनि सङ्गे। रहनि खेपवि रङ्गे॥
विरहि विपद लागि। केसु उपजल आगि॥
कवि विद्यापति भान। मानिनी जीवन जान॥
नृप रुद्रसिंह बरु। मेदिनी कलपतरु॥

—न गु० (त० पदावली), पद-संख्या ६१३।

२ जित्वा शत्रुकुलन्तदीयवसुभिर्येनार्थिनस्तर्पिता-
दोर्दर्पार्जितसप्तरीजनपदे राज्यस्थितिः कारिता।
सङ्ग्रामेऽर्जुनभूपतिर्विनिहतो बन्धौ नृशंसायित-
स्तेनेयं लिखनावली नृपपुरादित्येन निर्मापिता॥

—लिखनावली।

विद्यापति के ऐसे कई पद प्राचीन पाण्डुलिपियों में मिलते हैं, जिनमें राय अर्जुन का नाम है।[1]

शिवसिंह तो विद्यापति के आश्रयदाता ही नहीं, अन्तरग मित्र भी थे। इन्हीं के आश्रय में विद्यापति की कविता-कामिनी की मधुर तान ने दिग्-दिगन्त को आप्यायित कर दिया। विद्यापति और शिवसिंह में जैसा निश्छल प्रेम था, वैसा अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिलता। पण्डितराज जगन्नाथ के जिस प्रकार 'दिल्लीश्वरो वा जगदीश्वरो वा' आधार थे, उसी प्रकार उनसे लगभग दो सौ वर्ष पहले विद्यापति के भी शिवसिंह आधार थे। अन्तर इतना ही है कि पण्डितराज जगन्नाथ के 'दिल्लीश्वर' जगदीश्वर से भी पहले आते हैं, किन्तु विद्यापति के 'रूपनारायण' नारायण के बाद ही आते हैं—

लक्ष्मीपती सर्वलोकाभिरामौ
चन्द्राननौ चारुपाथोदनीलौ।
तौ पूरुषौ लक्षणैस्तैरुपेतौ
नारायणो रूपनारायणो वा॥[2]

इसीलिए, विद्यापति के असंख्य पदों में शिवसिंह का नाम पाया जाता है।[3] 'असख्य' इसलिए कि विद्यापति के सभी पद आज उपलब्ध नहीं होते। आज जितने पद

१ हेरितहि दीठि' चिन्हलि हरि गोरी।
चान्द किरन जइसे लुबुधि चकोरी॥
हरि बड़ चेतन तोरि बड़ि कला।
तेसर न जानए दुहु मन मेला॥
मोर्ष तओ भाव लागि भल दुलना।
मनसिज सर सन्धान तरुना॥
जीवन माह जउवन दिन चारी।
तथिहि सकल रस अनुभव नारी॥
भनइ विद्यापति बुझ रसमन्त।
राए अरजुन कमला देवि-कन्त॥

—न० गु० (त० पदावली), पद-सख्या ६६।

२ पुरुष-परीक्षा (चन्द्र-कवि-कृत मिथिलाभाषानुवाद-सहित) पृ० १६६।

३. सूखल सर, सरसिज भेल भाल।
तरुन तरनि, तरु न रहल हाल॥
देखि दरनि दरसाव पताल।
अबहुँ धराधर धरसि न धार॥ ध्रु० ॥
जलधर जलधन गेल असेखि।
करए कृपा बड परदुख देखि॥
पथिक पिआसल आब अनेक।
देखि दुख मानए तोहर विवेक॥

प्राचीन पाण्डुलिपियों मे ही उपलब्ध हैं, उनमे भी दो सौ पदों से अधिक पदों में 'राजा सिवसिंह रूपनराजेन लखिमा देइ रमाने' का उल्लेख है।

प्रसंगवश यहाँ 'लखिमा देवी' के विषय में कुछ विचार किया जाता है। विद्यापति ने अपने पदों की भणिता में जहाँ किसी राजा या राजपुरुष का नाम दिया है, वहाँ उनकी पत्नी का भी प्रायः नामोल्लेख कर दिया है। महाराज शिवसिंह के नाम के साथ भी विद्यापति ने उनकी पत्नियों के नामोल्लेख किये हैं। पञ्जी-प्रबन्ध से पता चलता है कि शिवसिंह की छह पत्नियाँ थी। किन्तु, विद्यापति ने अपने पदों में शिवसिंह के साथ सर्वाधिक लखिमा का नामोल्लेख किया है। इससे ज्ञात होता है कि 'लखिमा' महाराज शिवसिंह की 'पट्टमहिषी' थीं। यह भी हो सकता है कि सभी रानियों में सर्वाधिक रूप-गुणवती लखिमा रही हों। अतएव, महाराज शिवसिंह का प्रेम सबसे अधिक उनपर रहा हो और इसीलिए विद्यापति ने भी अपने पदों में महाराज शिवसिंह के साथ बार-बार लखिमा का नामोल्लेख किया हो।[1] महाकवि का आदर-भाव भी लखिमा के प्रति अधिक था। महाकवि उन्हें बहुत उच्च दृष्टि से देखते थे, इसीलिए उन्होंने लखिमा को लक्ष्मी का अवतार कहा है—'लखिमा लखिमी-देहा।'

महामहोपाध्याय परमेश्वर झा ने लिखा है कि महाराज शिवसिंह की रानियों में कुल, शील, विद्या, सौन्दर्य आदि गुणों मे लखिमा, जिनकी प्रसिद्धि लोक में 'लखिमा ठकुराइनि' नाम से है, सबसे बढ़ी-चढ़ी थी। इसीलिए, महाराज शिवसिंह की सर्वतोऽधिक प्रीति उनमे थी।[2] महामहोपाध्याय डॉ॰ उमेशमिश्र ने भी उन्हीं का अनुसरण करते हुए लिखा है कि 'इनकी (शिवसिंह की) अनेक स्त्रियाँ थीं—लक्ष्मणा देवी (प्रसिद्ध—लखिमा देवी या ठकुराइनि), मधुमति देवी, सुखमा देवी, सोरम देवी, मेधा देवी तथा रूपिणी देवी। × × × इनमें लखिमा देवी प्रायः सबसे बड़ी थीं। इन्हीं को राजा ने पट्टमहिषी बनाया था। अतएव, सब कार्य में इनकी प्रधानता दीख पड़ती है। यह बड़ी पण्डिता थीं। इनके रचित मैथिली मे पद्य हैं या नहीं, यह अभी नहीं कहा जा सकता; किन्तु संस्कृत में तो अनेक हैं।'[3]

पलटलि आसा निरस निहारि।
कहइहुँ कवोन होइति ई गारि॥
कवोन हृदअ नहि उपजए रोस।
ओल धरि करिअ पहें पए दोस॥
विद्यापति भन बुझ रसमन्त।
राए सिवसिंह लखिमा देवि-कन्त॥

—विद्यापति-विशुद्ध-पदावली (रा॰ पदावली), पृ॰ २१-२२।

१ मिथिला-तत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ॰ १५७।
२. मिथिलातत्त्वविमर्श, पूर्वार्द्ध, पृ॰ १५७।
३. विद्यापति ठाकुर, पृ॰ २५-२६।

किन्तु, उपर्युक्त दोनों विद्वानों के कथन में कोई तथ्य नहीं है। कारण, जिस प्रकार झा (ओझा) की पत्नी 'ओझाइनि', मिश्र की पत्नी 'मिसराइनि' और पाठक की पत्नी 'पठकाइनि' कहलाती हैं, उसी प्रकार ठाकुर (ठक्कुर) की पत्नी 'ठकुराइनि' कहलाती हैं महाराज शिवसिंह के प्रपितामह सिद्ध कामेश्वर का आस्पद 'ठाकुर' अवश्य था; पर उनके पुत्र भवेश्वर ने ही 'सिंह' आस्पद ग्रहण कर लिया, जिसका उपयोग अपने नाम के साथ उनके वंशजों ने ओइनवार-साम्राज्य के अन्तिम दिनों तक किया। इसीलिए, न महाराज शिवसिंह 'ठाकुर' थे और न उनकी पत्नी लखिमा 'ठकुराइनि' थी। विद्यापति ने भी कहीं उनके लिए 'ठकुराइनि' का प्रयोग नहीं किया है। उन्होंने लखिमा को 'देइ' या 'देवि' आस्पद से ही सर्वत्र विभूषित किया है। यदि महाराज शिवसिंह की पत्नी लखिमा 'ठकुराइनि' कहलातीं, तो विद्यापति के साहित्य में कहीं न कहीं उनके नाम के साथ 'ठकुराइनि' का प्रयोग अवश्य मिलता। फिर, महाराज शिवसिंह की पत्नी लखिमा विदुषी थीं—संस्कृत में रचना करती थी,—ऐसा न कहीं उल्लेख है, न प्रवाद ही। अतः, मिश्रजी का उपर्युक्त कथन नितान्त भ्रामक है।

वस्तुस्थिति तो यह है कि मिथिला में एक नहीं, तीन लखिमा हो गई हैं, जिनका ऐतिहासिक महत्त्व है। सर्वप्रथम ससरत्नाकरकार महामहत्तक मन्त्रिवर चण्डेश्वर ठाकुर की पत्नी लखिमा ठकुराइनि थीं।[1] पञ्जी-प्रबन्ध से ज्ञात होता है कि वे फुलसरा (परगना—सीरीपुर, पूर्नियाँ) ग्राम-निवासी पगुलवार-धेनु-मूलक यशोधर झा की कन्या थीं। मायके का नाम 'सोहागुनि' था। मिथिला में प्रचलित प्रथा के अनुसार ससुराल आने पर उनका नाम लखिमा (लक्ष्मी) रखा गया।[2] आज भी मिथिला में कन्या जब ससुराल जाती है, तब वहाँ उसका पुनः नामकरण होता है।

यही लखिमा ठकुराइनि विदुषी थीं। मिथिला में प्रवाद है कि इन्होंने ही प्रायश्चित्त लिखकर हरिनाथ उपाध्याय की पत्नी का उद्धार किया था।[3] इन्होंने ही किसी पंडित की लिखी रघुवंश की संस्कृत टीका को देखकर कहा था—'रघुरपि काव्यम्? तस्यापि टीका? सापि संस्कृतमयी?'[4] आज भी मिथिला की पण्डित-मण्डली में लखिमा ठकुराइनि के उपर्युक्त व्यङ्ग्य-वाक्य समय-समय पर व्यवहृत होते हैं। इन्हीं के बनाये कुछ संस्कृत-श्लोक मिथिला के लोककंठ में आज भी विद्यमान हैं।[5] जीवन के अन्तिम दिनों में मंत्रिवर चण्डेश्वर ने सर्वस्व-दान किया और सपत्नीक बिठुआर (मधुबनी, दरभंगा) गाँव में जाकर तपस्या करने लगे। आज भी वहाँ एक छोटा-सा टीला और एक छोटी-सी पुष्करिणी है, जिन्हें लखिमा ठकुराइनि की तपोभूमि और तालाब कहा जाता है।

---

१. घनानन्दझा, घटकराज, पृ० ५।
२. पञ्जीकार श्रीशिवदत्तमिश्र, सौराठ, दरभंगा।
३. घटकराज, पृ० १५।
४ वही, पृ० १६।
५. इण्डियन एण्टिक्वेरी, १८८६ ई०, पृ० ३४८।

महामहोपाध्याय डॉक्टर उमेशमिश्रजी का ध्यान इस ओर नहीं गया, इसीलिए उन्होंने लखिमा ठकुराइनि की कृति का सारा श्रेय महाराज शिवसिंह की पत्नी लखिमा देवी के सिर मढ़ दिया।

दूसरी लखिमा देवी महाराज शिवसिंह की पत्नी हैं, जिनका उल्लेख ऊपर हो चुका है। विद्यापति ने अपने पदों में इनका नामोल्लेख करके इन्हें अमर कर दिया है। तीसरी लखिमा देवी ओइनवारवंशीय महाराज भैरवसिंह के छोटे भाई राजा चन्द्रसिंह 'रूपनारायण' की पत्नी थी। इनके दरबार में विद्वानों का जमघट लगा रहता था। ये विद्वानों का बड़ा सत्कार करती थीं। इन्हीं की आज्ञा से मिसरू मिश्र ने 'विवादचन्द्र' और 'पदार्थचन्द्र'-नामक ग्रन्थ लिखे थे।[1] अस्तु।

पद्मसिंह महाराज देवसिंह के सबसे छोटे पुत्र थे। महाराज शिवसिंह की मृत्यु के बाद ये ही मिथिला के राजसिंहासन पर समासीन हुए। इनके नाम का एक ही पद 'रामभद्रपुर-पदावली' में मिलता है।[2]

कामेश्वर ठाकुर की पीढ़ी में महाराज भैरवसिंह की आज्ञा से विद्यापति ने 'दुर्गाभक्तितरंगिणी' लिखी थी, जिसका विवेचन आगे 'विद्यापति के ग्रन्थ'-शीर्षक निबन्ध में किया जायगा। भैरवसिंह महाराज भवेश्वर के सबसे छोटे पुत्र महाराज हरिसिंह के

---

१ श्रीमल्लखिमादेवी तस्य श्रीचन्द्रसिंहनृपतेर्दयितस्य।
मिसरूमिश्रद्वारा रचयति विवादचन्द्रामिरामम्॥
—'विवादचन्द्र' का आरंभिक श्लोक ('विद्यापति ठाकुर', टिप्पणी, पृ० ४४।)

श्रीचन्द्रसिंहनृपतेर्दयिता लखिमा महादेवी।
रचयति पदार्थचन्द्रं मिसरूमिश्रोपदेशेन॥
—'पदार्थचन्द्र' का आरंभिक श्लोक ('विद्यापति ठाकुर', टिप्पणी, पृ० ४४।)

२ एकहिं बेरिं अनुराग बढाओल
पञ्चबान भेल मन्दा।
अधर बिम्बवत जेति न पलिछए
न होअए दिवसक चन्दा॥ ध्रु०॥
माधव तुअ गुने लुबुधलि राही।
पिआ-बिसरन मरनहुँ तह आगर
तोहें नागर सब चाही॥
दुइ मन रभस तेसर नहि जानए
पर दए समन्दए न जाई।
चिन्ताजे बेसन अधिक बेआकुल
रहलि सुमुखि सिर नाई॥
भनइ विद्यापति सुनह मधुपति
तोहें छाडि गति नहि आने।
बिसवास देवि-पति रस-कोविन्दक
नृपति पदुमसिंह जाने॥

पौत्र एव महाराज नरसिंह 'दर्पनारायण' के द्वितीय पुत्र थे। यह कवि का परिणत वय था। इस समय में उनके मुख से शान्तरस के ही पद प्रायः निकलते थे, किन्तु यदा-कदा शृंगार-रस के छीटे भी छलक पड़ते थे। इसीलिए, महाराज भैरवसिंह के सम-सामयिक अमरसिंह के नाम के कई पद प्राचीन पाण्डुलिपियो मे उपलब्ध होते हैं।[1] अमरसिंह कामेश्वर ठाकुर के तृतीय पुत्र महाराज कुसुमेश्वर के प्रपौत्र और महाराज रत्नेश्वर के पौत्र तथा महाराज रुद्रसिंह के पुत्र थे। अतः, डॉ० सुभद्र झा का यह कथन युक्तिसगत नही प्रतीत होता कि शिवसिंह के बाद विद्यापति के पदो में किसी राजा का नाम नहीं है।[2] कारण, अमरसिंह सम्बन्ध में शिवसिंह के भतीजे थे।

नगेन्द्रनाथ गुप्त द्वारा सपादित 'विद्यापति-पदावली' में एक पद है, जिसमें राघवसिंह का नाम है।[3] अमूल्य विद्याभूषण और खगेन्द्रनाथ मित्र द्वारा संपादित 'विद्यापति-पदावली' में भी ऐसे कई पद हैं, जिनमें राघवसिंह का नाम है। किन्तु, ये पद किसी प्राचीन पाण्डुलिपि में उपलब्ध नही होते। सभी लोक-कण्ठ से सगृहीत हैं। अतः, निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि ये पद इन्ही विद्यापति के हैं।

---

१ कानने कानने कुन्द फूल।
पलटि पलटि ताहि भमर भूल॥
पुनमति तरुनि पिआ सङ्ग पाव।
बरिसे बरिसे ऋतुराज आव॥
रजनि छोटि हो दिवस बाढ़।
जनि कामदेव करवाल काढ़॥
मलआनिल पिव जुवति मान।
बिरहिनि-वेदन केओ न जान॥
भने विद्यापति रितु वसन्त।
कुमर अमर जानो देइ कन्त॥
—न० गु० (त० पदावली), पद-सख्या ७२४।

२ विद्यापति-गीत-सग्रह, भूमिका, पृ० ६१-६२।

३ मन परवस भेल परदेस नाह।
देखि निसाकर तन उठ धाह॥
मदन वेदन दे मानस अन्त।
काहि कहब दुख परदेस कन्त॥
सुमरि सिनेह गेह नहि आव।
दारुन दादुर कोकिल राव॥
ससरि ससरि खसु निबिबन्ध आज।
बड मनोरथ घर पहु न समाज॥
भनइ विद्यापति सुनु परमान।
बुम नृप राघव नव पँचवान॥
—ग्रियर्सन ६१, न० गु० ७०१।

किञ्च, राघवसिंह महाराज भवेश्वर के पुत्र हरिसिंह के प्रपौत्र थे। हरिसिंह के पुत्र महाराज नरसिंह दर्पनारायण थे। दर्पनारायण के ज्येष्ठ पुत्र महाराज धीरसिंह हृदयनारायण थे। राघवसिंह इन्हीं धीरसिंह के पुत्र थे।

महाराज भैरवसिंह की आज्ञा से विद्यापति ने 'दुर्गाभक्ति-तरंगिणी' का प्रणयन किया था, जिसका उल्लेख हो चुका है। राघवसिंह महाराज भैरवसिंह के बड़े भाई के पुत्र थे। अतः, समसामयिक होने पर भी विद्यापति और राघवसिंह मे वय में महान् अन्तर था। उस समय विद्यापति तुरीयावस्था में पहुँच चुके थे। इसलिए, ऐसे शृंगारिक पद, जिनमें राघवसिंह का नाम है, इन्हीं विद्यापति के हैं, यह विश्वसनीय नहीं है।

इस प्रकार, विद्यापति के पदों के निरीक्षण-परीक्षण से पता चलता है कि राजपण्डित कामेश्वर ठाकुर के बाद मिथिला का राज्य तीन हिस्सों में—भोगीश्वर, कुसुमेश्वर और भवेश्वर में—बँट गया। किन्तु, विद्यापति का सम्मान सब जगह था। सभी राजे उनसे प्रसन्न थे। यदा-कदा उन राजाओं में मतभेद भी हो जाता था, वे एक-दूसरे के प्राण के ग्राहक भी हो जाते थे, जैसे राय अर्जुन और शिवसिंह एक दूसरे के प्राण के ग्राहक थे, फिर भी विद्यापति सर्वत्र सम्मानित रहे। यही कवि की महत्ता—विशेषता थी।

विद्यापति के ग्रन्थ

विद्यापति केवल महाकवि ही नहीं, महाविद्वान् भी थे। उनका अध्ययन बहुत विस्तृत था। अनेक भाषाओं पर उनका अधिकार था। मैथिली में उन्होंने कविताएँ लिखीं, तो अवहट्ठ में कीर्त्तिलता और कीर्त्तिपताका नाम की पुस्तकें लिखकर वीर-गाथा-काव्य का श्रीगणेश किया। इसी प्रकार, संस्कृत में उन्होंने अनेक विषयों पर अनेक ग्रन्थों का निर्माण किया। इन ग्रन्थों के अध्ययन-मनन से उनके विशाल पाण्डित्य का पता चलता है। विद्यापति के पदों के सम्बन्ध में तो आगे विचार किया जायगा। यहाँ केवल उनके ग्रन्थो का संक्षिप्त परिचय दिया जाता है।

(१) *कीर्त्तिलता*—यह ग्रन्थ अवहट्ठ भाषा मे है। इसमें महाराज कीर्त्तिसिंह का यशोवर्णन है। कीर्त्तिसिंह के पिता राए गणेश्वर को असलान-नामक किसी यवन ने छल से मार डाला और मिथिला पर अधिकार कर लिया। कीर्त्तिसिंह अपने भाई वीरसिंह के साथ 'जोनापुर' गये और वहाँ के सुलतान की सहायता से असलान को युद्ध मे परास्त कर पितृवध का बदला लिया तथा मिथिला का उद्धार किया। इसी का वर्णन विद्यापति ने इसमें किया है। आरंभ में मंगलाचरण के बाद निम्नलिखित श्लोक हैं—

गेहे गेहे कलौ काव्यं श्रोता तस्य पुरे पुरे।
देशे देशे रसज्ञाता दाता जगति दुर्लभः॥
श्रोतुर्ज्ञातुर्वदान्यस्य कीर्त्तिसिंहमहीपतेः।
करोति कवितुः काव्य भव्यं विद्यापतिः कविः॥

इस ग्रन्थ की रचना के समय विद्यापति प्रौढ हो चुके थे। उन्हे अपने ऊपर— अपनी कृति के ऊपर—पूर्ण विश्वास हो चुका था। इसीलिए वे आगे लिखते हैं—

सुअण पसंसइ कब्ब मझु दुज्जन बोलइ मन्द।
अवसओ बिसहर बिस बमइ अमिअ विमुक्कइ चन्द॥

× × ×

बालचन्द विज्जावइ भासा
दुहु नहि लग्गइ दुज्जन हासा॥
ओ परमेसर हर सिर सोहइ
ई णिच्चइ नाअर मन मोहइ॥
का परबोधओ कवण मणावओ
किमि नीरस मने रस लए लावओ।
जइ सुरसा होसइ मझु भासा
जो बुज्झिह सो करिह पसंसा॥

महुअर बुज्झइ कुसुमरस कव्व कलाउ छइल्ल।
सज्जन पर उँअआर मन दुज्जन नाम मइल्ल॥
सक्कय वाणी बुहअन भावइ
पाउँअ रस को मम्म न पावइ।
देसिल बअना सब जन मिट्ठा
तँ तइसन जम्पओ अवहट्ठा॥

इस ग्रन्थ में चार पल्लव हैं। भृंगी और भृंग के प्रश्नोत्तर के रूप में कथा का विस्तार होता है। आरभ में—

भृंगी पुच्छइ भृंग सुन की संसारहि सार।

भृंग उत्तर देता है—

मानिनि! जीवन मान सओ वीर पुरुस अवतार।

भृंगी पुनः पूछती है—

वीर पुरुस कइ जम्मिअइ नाह न जम्पइ नाम।
जइ उच्छाहे फुर कहसि हओ आकण्डन काम॥

इसपर 'पुरुष' की प्रशंसा करते हुए भृंग कहता है—

पुरिस हुअउँ बलिराए जासु कर कअ पसारिअ
पुरिस हुअउँ रघुतनअ जेन बले रावण मारिअ।
पुरिस भगीरथ हुअउँ जेन्ने णिअ कुल उद्धरिअउँ
परसुराम अरु पुरिस जेन्ने खत्तिअ खअ करिअउँ।

अरु पुरिस परंसओ रापुरुह किर्त्तिसिंह गअणेस सुअ
जे सत्तु समर सम्महि करु बप्प वैर उद्धरिअ धुअ ॥

इस प्रकार, प्रत्येक पल्लव के प्रारंभ में भृंगी पूछती है और भृंग उत्तर देता है। प्रत्येक पल्लव के अन्त में एक-एक आशीर्वादात्मक श्लोक है। चतुर्थ पल्लव के अन्त में निम्नलिखित श्लोक है—

एवं सङ्गरसाहसप्रमथनप्रालब्धलब्धोदयाम्
पुष्णाति श्रियमाशशाङ्कतरगिं श्रीकीर्त्तिसिंहो नृपः।
माधुर्यप्रसवस्थली गुरुयशोविस्तारशिक्षासखी
यावद्विश्वमिदञ्च खेलतु कवेर्विद्यापतेर्भारती ॥

महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री को नेपाल-दरबार के पुस्तकालय में कीर्त्तिलता की एक प्राचीन पाण्डुलिपि प्राप्त हुई, जिसे उन्होंने प्रकाशित किया। पाठोद्धार के समय शास्त्री महोदय ने भ्रमवश उसमें उपर्युक्त श्लोक के 'खेलतु कवेः' के स्थान में 'खेलनकवेः' पढ़ लिया। इसका परिणाम यह हुआ कि बाद के प्रकाशकों ने—डॉ० बाबूराम सकसेना और श्रीशिवप्रसाद सिंह ने—भी उन्हीं का पदानुसरण कर अपने-अपने संस्करण में 'खेलनकवेः' पाठ को ही स्वीकार कर लिया। इसीलिए, भ्रमवश महामहोपाध्याय डॉ० उमेश-मिश्र[1], डॉ० विमानविहारी मजूमदार[2], डॉ० जयकान्तमिश्र[3], डॉ० उपेन्द्र ठाकुर[4] आदि ने भी विद्यापति का उपनाम 'खेलनकवि' मान लिया। प्रायः इसीलिए स्वर्गीय शिवनन्दन ठाकुर ने कीर्त्तिलता को विद्यापति की प्रथम रचना मान लिया।[5] किन्तु, कीर्त्तिलता की रचना-शैली और शब्द-विन्यास से ही जान पड़ता है कि यह कवि के प्रौढ वय की रचना है। जबतक कवि में प्रौढता नहीं आती—अपने ऊपर विश्वास नहीं होता—अपनी कवित्व-शक्ति पर अभिमान नहीं होता, तबतक वह उपर्युक्त गर्वोक्तियाँ कैसे लिखता? अथच, नेपाल-दरबार के पुस्तकालय की पाण्डुलिपि सुलभ नहीं। इसलिए, उसमें कैसा पाठ है, यह तो निश्चित रूप से कहा नहीं जा सकता, किन्तु रॉयल एशियाटिक सोसाइटी (बम्बई) और अनूप पुस्तकालय (बीकानेर) में जो कीर्त्तिलता की प्राचीन पाण्डुलिपियाँ हैं, उनमें स्पष्ट रूप से 'खेलतु कवेः' पाठ है। स्वर्गीय चन्दा झा की लिखी हुई कीर्त्तिलता की एक प्रति जायसवाल रिसर्च-इन्स्टीच्यूट, पटना में सुरक्षित है। उसमें भी 'खेलतु कवेः' पाठ ही है। अतः, 'खेलन कवि' को विद्यापति का उपनाम मानना और कीर्त्तिलता को उनकी प्रथम रचना स्वीकार करना

---

१ विद्यापति ठाकुर, पृ० ६४।
२ विद्यापति-पदावली, भूमिका, पृ० ११।
३. हिस्ट्री ऑफ् मैथिली लिटरेचर, भाग १, पृ० ३८।
४ हिस्ट्री ऑफ् मिथिला, पृ० ३६६।
५ महाकवि विद्यापति, पृ० ५७।

कथमपि संगत नहीं है। इसीलिए, डॉ० सुभद्र झा ने 'खेलनकवेः' पाठ का युक्तियुक्त खण्डन करते हुए 'खेलतु कवेः' पाठ का समर्थन किया है, जो सर्वथा समीचीन है।[१]

(२) *कीर्त्तिपताका*—यह ग्रन्थ भी अवहट्ठ भाषा में है। इसमें महाराज शिवसिंह का यशोवर्णन है। दोहा और छन्द में यह ग्रन्थ लिखा गया है। कहीं-कहीं संस्कृत के श्लोक भी हैं। बीच-बीच में गद्य भी है। प्रारंभ में अर्धनारीश्वर चन्द्रचूड शिव और गणेश की वन्दना है। इसके बाद कवि कहता है—

पण्डिअ मण्डलि बहुगुणे भीषम कीर मुहेन।
वाणी महुर महग्घ रस पिअउ सुअन सवलेन॥

इसके बाद कवि ने महाराज शिवसिंह के आचरण का वर्णन करते हुए लिखा है—

धम्म देखी व्यवहार लोक नहि, नहइ पर भेद। सबको घर ऊव्वाह पलटि जनि जम्मिअ। बाहर दाने दलइ। दारिद्द खग्गोपरि पडी खण्डिअ। उस पऊरुस पत्राथो ··· तिरहुति मज्जादा बहि रहिअ। करि तुरअ पत्ति पअभार-भरे कुरुसु कोर कसमलि सहिआ। —आदि।

इसके बाद शृङ्गार रस के कतिपय पद्य हैं। फिर, सुलतान के साथ महाराज शिवसिंह के युद्ध का विस्तृत वर्णन है। शिवसिंह की जय का जैसा वर्णन विद्यापति ने इसमें किया है, प्रायः वैसा वर्णन किसी भी दूसरे वीर-गाथा-काव्य में नहीं है। अंत में वे लिखते हैं—

एवं श्रीशिवसिंहदेवनृपतेः सङ्ग्रामजातं यशो
गायन्ति प्रतिपत्तनं प्रतिदिशं प्रत्यङ्गणं सुभ्रुवः।

इसकी एकमात्र खण्डित हस्तलिखित प्रति नेपाल-दरबार के पुस्तकालय में है। बीच के लगभग बाईस पत्र नहीं हैं। यत्र-तत्र छूट भी है।[२]

(३) *गोरक्ष-विजय*—यह एकाङ्की नाटक है। इसके कथोपकथन संस्कृत और प्राकृत में हैं तथा गीत मैथिली में। गोरक्षनाथ और मत्स्येन्द्रनाथ की कथा के आधार पर कवि ने इसकी रचना की है। इसकी वर्णन-शैली प्रौढ और भाषा प्राञ्जल है। महाराज शिवसिंह की आज्ञा से भगवान् भैरव के प्रसादार्थ यह नाटक लिखा गया था। यथा—

नटः—श्रीविद्यापतिसत्कवीश्वरस्य गोरक्षविजयनामनाटकनटनाय महाराजाधिराज-श्रीमच्छिवसिंहदेवपादैः स्वहेतुकार्थं श्रीमद्भैरवभक्तये आज्ञापितोऽस्मि।

अर्धनारीनटेश्वर की वन्दना से नाटक का प्रारंभ होता है। उनमें भी पहले शिव की वन्दना है, फिर पार्वती की। यथा—

हर्पादम्भोजजन्मप्रभृतिदिविषदां संसदि प्रीतिमत्याः
गौर्यां मौलौ पुरारेर्दु···तिपरिणये सादरं चुम्ब्यमानम्।

---

१ विद्यापति-गीतसंग्रह, भूमिका, पृ० २६।

२. इसकी प्रतिलिपि म० म० डॉ० उमेशमिश्र (प्रयाग) के पास है।

तद्वक्त्रं शैलिवक्त्रैर्मिलितमिति भृशं वीक्ष्य चन्द्रः सहासो
दृष्ट्वा तद्वृत्तमाशु स्मितसुभगमुखः पातु वः पञ्चवक्त्रः ॥

अपि च—

वक्त्राम्भोरुहि विस्मिताः स्तवकिताः वक्षोरुहि स्फारिताः
श्रोणीसीमनि गुम्फिताश्चरणयोरक्ष्णोः पुनर्विस्तृताः ।
पार्वत्याः प्रतिगात्रचित्रगतयस्तन्वन्तु भद्राणि वो-
विद्धस्यान्तिकपुष्पसायकशरैरीशस्य दृग्भङ्गयः ॥

शरद् ऋतु का वर्णन भी अपूर्व है। देखिए—

पिबति तमः शशिलेखा विकसति पद्मं हसन्ति कुमुदानि ।
लघुरपि राजति तारा गुरुरपि सीदति पयोवाहः ॥
प्रफुल्लसप्तच्छदगन्धलुब्धा मुग्धाः प्रभातोत्पलसौरभेषु ।
[सुरनाथ किञ्जल्क] भरेण भृङ्गा भूयोऽत्र कुर्वन्ति गतागतानि ॥

इसकी एकमात्र खडित प्रति नेपाल-दरवार के पुस्तकालय में है। बारह पत्रों में ही नाटक सम्पूर्ण है। उनमें भी ६-७ संख्यक पत्र नहीं हैं। ८, ९, ११, १२ संख्यक पत्रों में एक-एक पंक्ति ही है। नाटक के अन्त मे लिखा है—

सप्रक्रियमहाराजपण्डितवरश्रीमद्विद्यापतिसत्कविविरचित गोरक्षविजयनामनाटकं समाप्तम् ॥ शुभमस्तु श्रीरस्तु ॥ ल०सं० ४९५ अग्रहण बदि ११ तिथौ ए दिने सुन्द (शैवे ?)- योगे करणश्रीमुरारिकण्ठस्यात्मजश्रीभगीरथेन लिखितं पुस्तकमिदम् ।[1]

(४) *भूपरिक्रमा*—यह ग्रन्थ महाराज देवसिंह की आज्ञा से विद्यापति ने लिखा था। उन दिनों महाराज देवसिंह नैमिषारण्य मे रहते थे। राए गणेश्वर की मृत्यु के बाद असलान की क्रूर दृष्टि इनपर पड़ी और ये राज्यच्युत होकर नैमिषारण्य चले गये। प्रायः इसीलिए ग्रन्थारभ में कवि ने इनके नाम के साथ या इनके पुत्र शिवसिंह के नाम के साथ राजा या महाराज की उपाधि नहीं लगाई। आरंभ मे निम्नलिखित श्लोक हैं—

नत्वा गणपतिं साम्बं श्रीविष्णुं रविमग्निकाम् ।
भूपरिक्रमणग्रन्थं लिख्यते भुवि नैमिषे ॥
देवसिंहनिदेशाच्च नैमिषारण्यवासिनः ।
शिवसिंहस्य च पितुः सूनपीठनिवासिनः ॥
पञ्चषष्टिदेशयुतां पञ्चषष्टिकथान्विताम् ।
चतुःखण्डसमायुक्तामाह विद्यापतिः कविः ॥
पुराणानि च तन्त्राणि, काव्यानि निमनीषया ।
विलोक्य राजप्रबन्धानि (?) नवरत्नकृतानि च ॥

---

१ इसकी प्रतिलिपि बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् (पटना) के विद्यापति-विभाग में सुरक्षित है।

देवसिंहस्य रुचये विद्यापतिकविर्महान् ।
वक्तुमारब्धवान् तत्र नानाख्यानसयुताम् ॥

इस ग्रन्थ में बलदेव द्वारा की गई भू-परिक्रमा का वर्णन है। सूत-वधजन्य ब्रह्महत्या लगने पर महर्षि धौम्य ने बलदेव को पापमुक्त होने के लिए भू-परिक्रमा करने का आदेश दिया। बलदेव ने महर्षि धौम्य के साथ पृथ्वी की परिक्रमा आरभ की। नैमिषारण्य से घूमते-फिरते वे मिथिला आये। मार्ग में जो तीर्थ या नगर पड़े, धौम्य ने सबका इतिवृत्त कह सुनाया। इतना ही नहीं, एक तीर्थ से दूसरे तीर्थ की और एक नगर से दूसरे नगर की दूरी का भी इसमे उल्लेख है, इसीलिए इसे इतिहास और भूगोल—दोनों कह सकते हैं।

श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि जिस समय विद्यापति ने भू-परिक्रमा लिखी, उस समय देवसिंह अपने पुत्र शिवसिंह के साथ नैमिषारण्य में रहते थे।[1] किन्तु यह युक्तियुक्त नहीं है। कारण, भू-परिक्रमा के उपर्युक्त प्रारभिक श्लोक में ही शिवसिंह को 'सूनपीठ' का निवासी कहा गया है।

ग्रन्थ के अन्त में लिपिकाल है, किन्तु अशुद्धि-बाहुल्य और नष्टाक्षर होने के कारण उससे ठीक-ठीक समय का ज्ञान नहीं होता। यदि 'भू-परिक्रमा' के लिपिकाल का वास्तविक ज्ञान हो जाता, तो कई ऐतिहासिक गुत्थियाँ सुलझ जातीं। फिर भी, अनुसंधायकों के 'अपि शिरसा गिरिं भिन्द्यात्' के लिए यहाँ उसका अविकल उल्लेख कर दिया जाता है—

मुनिवेरामबाण शशिवासरे संख्यके ।
तासां परीक्षण वृत्तिं चक्रे भूपस्य चाज्ञया ॥

एक बात और। ग्रन्थारंभ में कवि ने देवसिंह को राजा या महाराज नही कहा, किन्तु 'दयावीर' की कथा के अन्त से उन्हे 'राजा' और 'भूभृत्' विशेषण से विशिष्ट कर दिया। यथा—

गद्यपद्येन विशद कृत्वा विद्यापतिः कविः ।
श्रावयामास राज्ञे च देवसिंहाय भूभृते ॥

अतः, सभव है कि जिस समय विद्यापति 'भूपरिक्रमा' लिख रहे थे और देवसिंह राज्यच्युत होकर 'नैमिषारण्य' में निवास कर रहे थे, उसी समय असलान मारा गया तथा देवसिंह को अपना राज्य प्राप्त हुआ।

भूपरिक्रमा विद्यापति का प्रथम ग्रन्थ है। कारण, ओइनवार-वशीय जिन राजा-रानियों के आदेश से विद्यापति ने ग्रन्थ-रचना की उनमें सबसे वयोवृद्ध देवसिंह ही थे। सबंध में भी वे सबसे बड़े थे। अतः, उनके निदेश से लिखित होने के कारण विद्यापति के ग्रन्थों में इसे सहज ही प्राथमिकता प्राप्त हो जाती है। भाषा और शैली की दृष्टि से भी मालूम होता है कि यह कवि की प्रथम रचना है। उनके अन्य ग्रन्थो की भाषा से इसकी

१. मित्र-मजूमदार, विद्यापति-पदावली की भूमिका, पृ० ३७।

भाषा श्लथ है, शैली ढीली है। संभव है, इसीलिए विद्यापति ने बाद मे 'भूपरिक्रमा' की सारी कथाओं को परिष्कृत करके 'पुरुष-परीक्षा' मे उद्धृत कर दिया।

(५, पुरुष-परीक्षा—यह एक नीति-ग्रन्थ है। कथा-कहानियों के द्वारा नैतिक उपदेश देने की भारतीय परम्परा रही है। पञ्चतन्त्र, हितोपदेश आदि पुरातन ग्रन्थ इसी परम्परा के अन्तर्गत हैं। यह ग्रन्थ भी उसी परम्परा का सुदृढ स्तम्भ है। किन्तु, पञ्चतन्त्र, हितोपदेश आदि में कौए, कछुए आदि के माध्यम से कथाओं का विस्तार किया गया है, जो अप्राकृतिक होने के कारण पाठकों के मन में एक प्रकार का कुतूहल उत्पन्न कर देता है। भले ही उन कथाओ में बालको का मन रम जाय, परन्तु सत्यान्वेषकों को तो सत्य चाहिए। वे वैसी कथाओं का पढना अधिक पसन्द करते हैं, जिनमे सत्य निहित हो। यद्यपि पौराणिक कथाओं मे सत्य निहित है—हरिश्चन्द्र, शिवि, पार्थ, युधिष्ठिर आदि की कथाएँ सत्य हैं—तथापि वे युगान्तर के पुरुष हैं। उनकी कथाओ का दृष्टान्त कलियुग में अल्प-विद्या-बुद्धिवालों की शिक्षा के लिए उपयुक्त नहीं होगा।[1] यही सब सोच-विचारकर विद्यापति ने इस ग्रन्थ में ऐतिहासिक पुरुषो की कथाएँ ही लिखी हैं।

यह ग्रन्थ शिवसिंह की आज्ञा से विद्यापति ने लिखा। जिस समय कवि ने ग्रन्थ-रचना आरंभ की, उस समय शिवसिंह महाराज नहीं हुए थे। उनके पिता देवसिंह जीवित थे। इसीलिए, विद्यापति ने ग्रन्थारंभ में शिवसिंह को 'क्षितिपाल' नहीं, 'क्षितिपालसूनुः' कहा है।[2]

किन्तु, ग्रन्थ समाप्त होने के पहले ही देवसिंह ने शिवसिंह के ऊपर राज्यभार सौंप दिया और वे 'राजा' कहलाने लगे। मिथिला में भी प्रवाद है कि देवसिंह ने अपने जीवन-काल में ही शिवसिंह के ऊपर राज्यभार सौंप दिया और शिवसिंह 'महाराज' कहलाने लगे। इस ग्रन्थ के अन्तिम श्लोको से भी इसकी पुष्टि होती है।[3]

---

१ कलौ शिक्षाहेतुर्न खलु कृतजातस्य चरित
क्रियाया दृष्टान्तस्समयकृतभेदो न घटते।
न सा बुद्धिः पुंसा न च वपुषि तेजस्तदधुना
न वा सत्वं तादृक् कलिसमयसञ्जातजनुषाम्॥
—पुरुष-परीक्षा, (चन्द्रकवि-कृत मिथिलाभाषानुवाद-सहित, पृ० ४)

२ वीरेषु मान्यः सुधिया वरेण्यो विद्यावतामादिविलेखनीयः।
श्रीदेवसिंहक्षितिपालसूनुर्जीयाच्चिरं श्रीशिवसिंहदेवः॥
—वही, पृ० १।

३ सङ्कुरीपुरसरोवरकर्त्ता हेमहस्तिरथदानविदग्धः।
भाति यस्य जनको रणजेता देवसिंहनृपतिर्गुणराशिः॥
यो गौडेश्वरगज्जनेश्वररणक्षोणीषु लब्ध्वा यशो-
दिक्कान्ताचयकुन्तलेषु नयते कुन्दस्रजामास्पदम्।
तस्य श्रीशिवसिंहदेवनृपतेर्विज्ञप्रियस्याज्ञया
ग्रन्थं ग्रन्थिलदण्डनीतिविषये विद्यापतिर्व्यातनोत्॥
—वही, पृ० २५१।

हितोपदेश, पञ्चतन्त्र आदि से पुरुष-परीक्षा में कुछ अधिक प्रगल्भता है। इसकी भाषा और कथा-शैली उनसे प्रौढ है। इसका कारण यह है कि हितोपदेश, पञ्चतन्त्र आदि केवल बालकों के लिए लिखे गये हैं; किन्तु 'पुरुष-परीक्षा' बालकों और पौर स्त्रियों (नागरिकाओं) के लिए लिखी गई है। इसीलिए, ग्रन्थारम्भ में प्रतिज्ञा-वाक्य है—

शिशूनां सिद्ध्यर्थं नयपरिचितेर्नूतनधियां
मुदे पौरस्त्रीणाम्मनसिजकलाकौतुकजुषाम्।
निदेशान्निश्शङ्कं सदसि शिवसिंहक्षितिपतेः
कथानां प्रस्तावं विरचयति विद्यापतिकविः॥

राजा पारावार और सुबुद्धि-नामक मुनि के प्रश्नोत्तर के रूप मे कथा का प्रारम्भ किया गया है। राजा पारावार के 'पद्मावती' नाम की कन्या थी। वह विवाह-योग्या हुई, तो राजा ने 'सुबुद्धि'-नामक मुनि से पूछा—'मुने। पद्मावती विवाह-योग्या हुई। आप सोचकर कहिए कि किसे जामाता करूँ?'

मुनि ने कहा—'राजन्! पुरुष को वरण कीजिए।'

राजा ने पूछा—'मुने! क्या पुरुष से भिन्न भी वरण किया जाता है?'

मुनि ने कहा—'राजन्! ससार में अनेक पुरुष और पुरुषाकार हैं। उनमे पुरुषाकार को छोडकर पुरुष को वरण कीजिए। कारण, पुरुषाकार सुलभ हैं, किन्तु पुरुष दुर्लभ है। जिसमें निम्नलिखित लक्षण हो, वह पुरुष है और उससे भिन्न सभी पुरुषाकार पुच्छहीन पशु हैं।'

वीरः सुधीः सविद्यश्च पुरुषः पुरुषार्थवान्।
तदन्ये पुरुषाकाराः पशवः पुच्छवर्जिताः॥

कवि ने इन्हीं चारो का—वीर, सुधी, सविद्य और पुरुषार्थवान् का—उदाहरण-प्रत्युदाहरण के साथ चार परिच्छेदों में वर्णन किया है। इसकी भाषा प्रगल्भ होते हुए भी प्रसादगुण-युक्त है। कथा में प्रवाह है। राजा कालीकृष्ण बहादुर ने लॉर्ड बिशप टर्नर के आदेश से १८३० ई० मे इसका अँगरेजी में अनुवाद किया। हरप्रसाद राय ने १८१५ ई० में बँगला मे अनुवाद किया। कवीश्वर चन्दा झा ने मैथिली में अनुवाद किया। हिन्दी में भी इसके कई अनुवाद प्रकाशित हो चुके है।

(६) *लिखनावली*—इसमें पत्र लिखने की परिपाटी है। सप्तरी परगना (नेपाल तराई) मे स्थित रजाबनौली के राजा पुरादित्य 'गिरिनारायण' की आज्ञा से विद्यापति ने इस पुस्तक की रचना की। प्रवाद है कि सुलतान के साथ युद्ध करते हुए महाराज शिवसिंह अन्तर्हित हो गये। ऐसा घनघोर युद्ध हुआ कि पता ही न चला कि शिवसिंह मारे गये या भागकर उन्होंने गिरि-गह्वर की शरण ली। इसके बाद गजरथपुर—महाराज शिवसिंह की राजधानी—उजाड़ हो गया। इस विषम परिस्थिति में शिवसिंह का परिवार विद्यापति की संरक्षकता में शिवसिंह के मित्र द्रोणवार 'गिरिनारायण' की छत्रच्छाया में आ गया। यहाँ विद्यापति का

खुदवाया हुआ एक तालाब आज भी वर्त्तमान है। ग्रन्थारंभ में मंगलाचरण के बाद श्लोक है—

सर्वादित्यतनूजस्य द्रोणवारमहीपतेः ।
गिरिनारायणस्याज्ञां पुरादित्यस्य पालयन् ॥
अल्पश्रुतोपदेशाय कौतुकाय बहुश्रुताम् ।
विद्यापतिस्सतांप्रीत्यै करोति लिखनावलीम् ॥

इसमें चार प्रकार के पत्र हैं—(१) बड़ों के प्रति, (२) छोटों के प्रति, (३) बराबर-वालों के प्रति और (४) नियम-व्यवहारोपयोगी। विद्यापति का प्रतिज्ञा-वाक्य है—

उच्चैःकक्षमधःकक्षं समकक्षं नरम्प्रति ।
नियमे व्यवहारे च लिख्यते लिखनक्रमः ॥

इनमें बड़ों के लिए अठारह, छोटों के लिए अठाईस, बराबरवालो के लिए सात और नियम-व्यवहारोपयोगी इकतीस पत्र हैं। इस प्रकार सब मिलाकर चौरासी पत्र हैं। नियम-व्यवहारोपयोगी कई ऐसे पत्र हैं, जिनमें ल० सं० २९९ का उल्लेख है। इसलिए, सभव है कि विद्यापति ने उसी वर्ष लिखनावली लिखी हो।

लिखनावली के पत्रो से मिथिला की तत्कालीन सामाजिक और सांस्कृतिक अवस्था पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। गुरु और छात्र में, पिता और पुत्र में, एक राजा और दूसरे राजा में कैसा सम्बन्ध था, वे आपस में कैसा व्यवहार करते थे, इन सब विषयों के विशद विवेचन के लिए इसमें पर्याप्त सामग्री है। इनमें भी व्यावहारिक पत्रों का महत्त्व सबसे अधिक है। कारण, उन पत्रों से मिथिला की तत्कालीन सामाजिक, प्रशासनिक और आर्थिक दशा का चित्र आँखों के सामने खिंच जाता है। उदाहरण के लिए, उपर्युक्त चारों प्रकार के पत्रो से यहाँ एक-एक पत्र उद्धृत किया जाता है।

सेनापति महाराजाधिराज को लिखता है—

स्वस्ति। प्रबलतरप्रतापार्कसम्पर्कनिरस्तरिपुतिमिरसहारनिरवद्यराजनीतिकल्लोलिनी-कर्णधारमर्य्यादापारावारसङ्ग्रामसीमादुर्व्वारानेकराजचूडालङ्कारमणिमयूखमञ्जरीपिञ्जरीकृत-चरणारविन्दहृदयदेशनिवेशितगोविन्दरिपुराजकंसनारायणभवभक्तिपरायणमहाराजाधिराजश्रीमद-मुकदेवपादपद्मेषु समरविजयिषु अमुकस्थानात् सेनापतिश्रीअमुकस्य सिंहासनतलकृतशिरसः प्रणतिपत्रीयम्। श्रीमद्देवाना प्रतापोदयात् कुशलमत्र। विशेषस्तु समागतस्वहस्तपत्रं शिरसि निधाय सम्यक् समधिगतार्थं कुर्वन्नस्ति। गोचरस्तु श्रीमान् यवनराजः सम्प्रति गौडेश्वरमुद्दिश्य कृतप्रयाणो दिल्लीतश्चलितोऽस्तीति चारपुरुषेणागत्य कथितमस्ति। गौडेश्वरोऽपि दुर्गप्राकार-परिष्कारव्याकुलः सेनासङ्घटनपरायणश्च विद्यते। युद्धं करिष्यति सन्धानं वेति न ज्ञायते। ज्ञात्वा च पश्चाल्लिखिष्यामि। सम्प्रति तद्विधातुमादेष्टव्यमिति किं बहुनेति ॥६॥

महाराजाधिराज अधीनस्थ राजा को लिखता है—

स्वस्ति । अमुकपत्तनात् दण्डपाटमुकुटसिंहासनश्वेतातपत्रसितचामरेत्यादिसमस्तप्रक्रियाविराजमाननृपतिमुकुटमाणिक्यकिरणारुणनखमयूखरिपुराजद्विरदपञ्चानननिजकीर्त्तिकौमुदीबोधितकुमुदकाननेत्यादिमहाराजाधिराजश्रीमदमुकसिंहदेवपादाः समरविजयिनः परमावदातचरितान् राजश्रीअमुकान् सचादयन्ति—सम्प्रति यूयं कारिष्यन्क्रियमाणक्रमेण सेवां न कुरुथ, दीयमानक्रमेण करन्न दत्थ, नैरपेक्ष्यमाचरथ । किमिदम् ? साम्प्रतमपि यदि स्वहितमिच्छथ, तदा प्रत्यब्ददीयमानकरं श्रीकरणे प्रविष्टं करिष्यथ, सेवार्थं स्वकीयपुत्रं भ्रातरं वा समुचित सैन्यसमेतं प्रहेष्यथ यद्येवं न कुरुथ तदा यत्र जीवथ, तत्र यास्यथ, नो चेत् प्रयाणं कृत्वा करितुरगपदातिपदाघातैरेव युष्माकं दुर्गं चूर्णावशेषीकृत्य युष्मान् सुभटकोटिशरव्यापारैरचिरादेव यमपुरं प्रहेष्याम इति ॥१६॥

एक राजा दूसरे राजा को लिखता है—

स्वस्ति । यशःपूरकर्पूरपरागपूरिताशेषदिङ्मण्डलाखिलधरणिवलयेषु इष्टापूर्त्तमण्डिताशेषमेदिनीचक्रेषु सत्यव्रतपालनयुधिष्ठिरेषु समस्तप्रक्रियाविराजमानमहाराजश्रीअमुकदेवसिंहेषु मद्ग्रामशतविज्ञप्तिषु अमुकग्रामात् श्रीअमुकराजस्य प्रेमपत्रीयम् । कुशलमत्र, स्वेषाञ्च सवाहिनीपरिवाराणां कुशलोदन्तेन वयमानन्दनीयाः । विज्ञापनञ्च—आवयोर्मैत्री पूर्वस्माद्दिवसादनुवर्त्तमाना तथैव विद्यते यथाऽस्मदीये कोपे जनपदे अन्येषु च श्रीमतामायत्तिरस्ति । तत्र श्रीमतां विदितम्—यवनेश्वरप्रहिता सेना भवद्भूमिं परामर्षितुं निकटमागताऽस्ति । ततो यदस्माकमायत्तं श्रीमतामनुकूलं तदर्थमस्मासु लिखनीयम् । सतां मैत्रीप्रस्तावे प्रयोजिकैव भवति । यदि यवनेश्वरेण सम सन्धिर्विधीयते तदा वयं धनमौपायनवस्तूनि प्रस्थापयामः यदा युद्धमारभ्यते तदा सेनां प्रस्थापयामः, स्वयञ्च निकटमागत्य, यदर्हति, तत्कुर्मः । किं बहुनेति । बहिर्नामलिखनम् ॥४७॥

अब एक व्यावहारिक पत्र का उदाहरण लीजिए—

सिद्धिः । परमभट्टारकेत्यादिराजावलीपूर्वंगतराजश्रीलक्ष्मणसेनदेवीयसनवनवत्यधिकद्विशततमवर्षे भाद्रशुक्लचतुर्दश्यां शुक्रवारान्वितायामेव मासपक्षदिवसानुक्रमेण कालेऽभिलिख्यमाने यत्राङ्केनापि ल० स० २९९, भाद्रशुदिचतुर्दशी १४ शुक्रे पुनः परमभट्टारकपुण्यावलोकसमस्तप्रक्रियाविराजमानश्रीअमुकदेवानां सम्भुज्यमानायां तीरभुक्तौ अमुकतप्पासम्बद्धअमुकग्रामे राउतश्रीअमुकाः शूद्रस्यणार्थं स्वधनं प्रयुञ्जते । धनग्राहकोऽप्यमीषां सकाशात् नामतः राउतश्रीअमुकः पञ्चमध्यस्थकृतमूल्येन रूप्यटङ्कद्वयेनात्मानमात्मना चन्द्रार्कावधिना विक्रीतवान् । यत्र विक्रीत आत्मा प्राणी १, विक्रयाङ्करूप्यटङ्क २ । गोत्रागोत्रनिवारको धर्म एव । अयञ्च शूद्रो धनिकगृहे दासकर्म करिष्यति । यदि कदाचित्प्रपलाय्य याति तदाऽनेन पत्रप्रामाण्येन राजसिंहासनगतोप्यानीय पुनर्दासकर्मणि युज्यते । अत्रार्थे साक्षिणौ अमुकामुकौ कृतौ स्तः । लिखितमुभयानुमत्या श्रीअमुकेन । लिखापन उभयदेय । भरणपत्रमर्पादमेव । पत्रस्यां साक्षिणौ ॥५६॥

लिखनावली के अन्त में विद्यापति लिखते हैं—

> जित्वा शत्रुकुलं तदीयवसुभिर्येनार्थिनस्तर्पिता-
> दोर्द्दर्पार्जितसप्तरीजनपदे राज्यस्थितिः कारिता ।
> सङ्ग्रामेऽर्जुनभूपतिर्विनिहतो बन्धौ नृशंसायित-
> स्तेनेयं लिखनावली नृपपुरादित्येन निर्मापिता ।।

दरभगा से प्रकाशित 'लिखनावली' में उपर्युक्त श्लोक के 'बन्धौ' के स्थान में 'बौद्धो' पाठ है। प्रकाशक ने भूमिका में लिखा है कि "शिवसिंह ने जब गिरि-गह्वर की शरण ली और गजरथपुर उजाड़ हो गया, तब यवन-सेना के भय से महारानी लखिमा 'रजावनौली' में रहने लगीं। वहाँ पानी का बड़ा अभाव था, इसलिए विद्यापति ने एक बड़ा तालाब खुदवाया। तालाब के यज्ञ में आमंत्रित पण्डितों के साथ बौद्धो का घोर कलह हुआ। 'सप्तरी' में बौद्धमतानुयायी अर्जुन का राज्य था। उसने उपद्रव आरभ किया। इसी समय जनकपुर में रामनवमी का मेला था, जिसमे पुरादित्य 'गिरिनारायण' अपने दल-बल के साथ उपस्थित थे। साधु-वैष्णवो का भी जमघट था। वहाँ भी बौद्धों ने विवाद प्रारभ किया, जो बढ़कर भयंकर युद्ध मे परिणत हो गया। पुरादित्य ने सग्राम में बौद्ध-मतानुयायी अर्जुन को मार डाला और उसकी राजधानी लूट ली। लूट में जितने द्रव्य और पशु हाथ लगे, सब वैष्णवो और साधुओं मे बॉट दिये और स्वयं राजा बनकर राज्य करने लगे। विद्यापति ने धर्मरक्षक समझकर पुरादित्य की आज्ञा से 'लिखनावली' का निर्माण किया।"

महामहोपाध्याय डॉ० उमेशमिश्र ने भी इसे अविकल स्वीकार कर लिया है।[१] डॉ० सुकुमार सेन ने भी 'बन्धौ नृशंसायितः' के स्थान मे 'बौद्धो नृशसायितः' पाठ को स्वीकार किया है और लिखा है कि "यह अर्जुन मिथिला के ब्राह्मणवशीय राजा अर्जुन नहीं, किन्तु नेपाल का जयार्जुनमल्लदेव है। कारण, मिथिला का राजा अर्जुन बौद्ध नहीं था। यद्यपि नेपाल का राजवश भी पूर्णतः बौद्ध नहीं था, तथापि बौद्धभावापन्न अवश्य था। जयार्जुनमल्लदेव का राज्यकाल चौदहवीं शताब्दी का अन्तिम भाग था, इसलिए 'लिखनावली' ही विद्यापति की प्रथम रचना है।"[२]

किन्तु म० म० डॉ० उमेशमिश्र और डॉ० सुकुमार सेन—दोनों के अभिमत समीचीन नही प्रतीत होते। मिश्रजी ने दरभगा से प्रकाशित 'लिखनावली' की भूमिका में जैसा देखा, लिख दिया। प्राय. सोचने का कष्ट नही किया। कारण, 'लिखनावली' में विद्यापति ने अनेक बार ल०, सं० २९९, अर्थात् १४०८ ई० का उल्लेख किया है। इससे प्रमाणित होता है कि उसका निर्माण-काल भी वही है। अब विचारणीय विषय यह है कि उस समय 'सप्तरी' में अथवा उसके आस-पास बौद्ध थे या नहीं? नेपाल में उस समय मल्ल-वश का राज्य था। मल्ल-वश के राजे बौद्ध नहीं, हिन्दू थे। तराई मे बौद्धों का

१. विद्यापति ठाकुर, पृ० ५६-५७।
२ विद्यापति-गोष्ठी, पृ० १८।

राज्य था, ऐसा भी किसी इतिहास मे नहीं मिलता। फिर, किसी बौद्धमतावलम्बी राजा अर्जुन की कल्पना करना असगत ही नही, हास्यास्पद भी प्रतीत होता है। अथच, जनकपुर में रामनवमी का मेला कब से लगता है? आज का जनकपुर चतुर्भुजस्वामी की देन है। चतुर्भुजस्वामी सत्रहवीं शती में हुए थे। मकवानी (नेपाल) के तत्कालीन राजा श्रीसेन द्वारा चतुर्भुजस्वामी के नाम से प्रदत्त ताम्रपत्र में, जो कि जनकपुर के राम-मन्दिर में सुरक्षित है, विक्रम-सवत् १७१४ का उल्लेख है।[१] अतः, चतुर्भुजस्वामी का समय सत्रहवीं शती का मध्यभाग होता है। उन्होंने ही जनकपुर का उद्धार किया। उनसे पहले जनकपुर खॅडहर के रूप में था। रामजी की मूर्त्ति भी मिट्टी के नीचे दबी थी। फिर, रामनवमी का मेला और साधु-वैष्णवों का जमघट कपोल-कल्पना से अतिरिक्त कुछ भी नहीं।

सेन महोदय का जयार्जुनमल्ल भी 'लिखनावली' में उल्लिखित अर्जुन नहीं हो सकता। कारण, नेपाल का मल्ल-वंश प्रारभ से ही हिन्दू था। कहीं भी ऐसा प्रमाण नही मिलता कि मल्ल-वश का कोई राजा बौद्धभावापन्न था। और, यदि पुरादित्य ने जयार्जुनमल्ल का वध किया होता, तो फिर सम्पूर्ण नेपाल ही उनके अधिकार में आ गया होता। ऐसी परिस्थिति में नेपाल की मुख्य भूमि काठमाण्डू, भातगाँव या पाटन को छोड़कर तराई— सप्तरी— में वे अपनी राजधानी क्यों बसाते? किञ्च, बेण्डल साहब ने जो नेपाल के राजाओं की वंशावली दी है, उससे पता चलता है कि जयार्जुनमल्ल का जन्म नेपालाब्द ४६७ (१३४७ ई०) में और मृत्यु नेपालाब्द ५०२ (१३८२ ई०) में हुई थी।[२] म० म० हरप्रसाद शास्त्री ने जो नेपाल राज-दरबार-पुस्तकालय का विवरण प्रकाशित किया है, उसमें भी जयार्जुनमल्ल के राज्यकाल में लिखित पुस्तकों का लिपिकाल १३७१ ई० और १३७६ ई० है।[३] 'लिखनावली' ल० सं० २९९ अथवा १४०८ ई० मे लिखी गई, इसका उल्लेख ऊपर हो चुका है। इस प्रकार 'लिखनावली' के लिपि-काल से, जिस समय पुरादित्य वर्त्तमान थे, २६ वर्ष पहले ही जयार्जुनमल्ल की मृत्यु हो चुकी थी। जयार्जुनमल्ल और पुरादित्य समसामयिक ही नहीं थे, अतः सेन महोदय का कथन भी युक्तियुक्त नही है।

वस्तुस्थिति तो यह है कि 'लिखनावली' में विद्यापति ने जिस अर्जुन का नामोल्लेख किया है, वह देवसिंह के बड़े भाई त्रिपुरसिंह का पुत्र साम्बसिंह—प्रसिद्ध राय अर्जुन है। मिथिला में प्रवाद है कि भवसिंह की मृत्यु के बाद त्रिपुरसिंह और देवसिंह मे राज्य के लिए संघर्ष हो गया। वह सघर्ष महाराज शिवसिंह और राय अर्जुन के समय में चरम सीमा पर पहुँच गया। महाराज शिवसिंह के मित्र पुरादित्य 'गिरिनारायण' थे। उन्होंने अपने मित्र की ओर से राय अर्जुन पर चढ़ाई की और उसे मार डाला। इसी का स्मरण करते हुए

१. मिथिला-मिहिर, २० मार्च, १९६१ ई०।

२. हिस्ट्री ऑफ् नेपाल ऐण्ड सराउण्डिंग किंगडम्स (जे० ए० एस० बी०, खण्ड ७२, भाग १, १९०३ ई०, पृ० २७)।

३ नेपालराजदरबारेर पूथीर विवरण, पृ० ८८।

विद्यापति ने लिखा—'संङ्ग्रामेऽर्जुनभूपतिर्विनिहतो बन्धौ नृशसायितः।' इसीलिए, पञ्जी-प्रबन्ध में भी त्रिपुरसिंह के लिए 'राज्यदुर्जन त्रिपुर खाँडे' लिखा हुआ है। अतएव, शिवनन्दन ठाकुर ने 'बन्धौ नृशमायितः' पाठ ही स्वीकार किया है[1], जो सर्वतोभावेन समीचीन है।

एक बात और। म० म० डॉ० उमेशमिश्र ने पुरादित्य को 'दोनवार-वंशीय मैथिल ब्राह्मण' कहा है,[2] किन्तु उनका यह कथन नितान्त भ्रान्त है। 'दोनवार' मैथिल नहीं, भूमिहार ब्राह्मण होते हैं। आज भी नेपाल की तराई में और उसके आसपास हजारों दोनवार भूमिहार ब्राह्मण वर्त्तमान हैं।

(७) *शैवसर्वस्वसार*—महाराज पद्मसिंह की पत्नी महारानी विश्वासदेवी की आज्ञा से विद्यापति ने इस ग्रन्थ की रचना की। महाराज पद्मसिंह के पुत्र नहीं था, इसलिए उनकी मृत्यु के बाद विश्वासदेवी के हाथों में मिथिला का शासनसूत्र आ गया। सिंहासन पर बैठकर उन्होंने सफलतापूर्वक शासन किया। ग्रन्थारंभ में मंगल-श्लोक के बाद भवसिंह, देवसिंह, शिवसिंह और पद्मसिंह के यशोगान के बाद विद्यापति ने महारानी विश्वासदेवी का विस्तार के साथ यशोगान किया है—

> दुग्धाम्भोधाविव श्रीर्गुणगणसदृशे विश्वविख्यातवंशे
> सम्भूता पद्मसिंहक्षितिपतिदयिता धर्म्मकर्म्मैकसीमा।
> पत्युः सिंहासनस्था पृथुमिथिलमहीमण्डलं पालयन्ती
> श्रीमद्विश्वासदेवी जगति विजयते चर्यंयाऽरुन्धतीव॥
> इन्द्रस्येव शची समुज्ज्वलगुणा गौरीव गौरीपतेः
> कामस्येव रतिः स्वभावमधुरा सीतेव रामस्य या।
> विष्णोः श्रीरिव पद्मसिंहनृपतेरेषा परा प्रेयसी
> विश्वख्यातनया द्विजेन्द्रतनया जागर्त्ति भूमण्डले॥
> दातारः कति नाभवन् कति न वा सन्तीह भूमण्डले
> नैकोऽपि प्रथितः प्रदानयशसो विश्वासदेव्याः समः।
> यस्याः स्वर्णतुलामुखाखिलमहादानप्रदानोत्सव-
> स्वर्णैरर्थिमृगीदृशामपि तुलाकोटिर्ध्वनिः श्रूयते॥
> लीलालोलावनालीकुर्वनिचयदलद्वीचिविस्तारतार-
> प्रव्यक्तोन्मुक्तमुक्तातरलतरतरद्वन्द्वसन्दोहवाहः।
> पुष्यत्पुष्पौघमालाकुलकलितलसद्भृङ्गसङ्गीतभङ्गी
> श्रीमद्विश्वासदेव्याः समरुचिरुचिरो विश्वभागस्तडागः॥
> नित्यं देवद्विजार्थं द्रविणवितरणारम्भसम्भावितश्री-
> र्धर्मज्ञा चन्द्रचूडप्रतिदिवससमाराधनैकाग्रचित्ता।

१. महाकवि विद्यापति, पृ० २०-२१।
२. विद्यापति ठाकुर, पृ० ५६।

विज्ञानुशाप्य विद्यापतिकृतिनमसौ विश्वविख्यातकीर्त्तिः
श्रीमद्विश्वासदेवी विरचयति शिवं शैवसर्वस्वसारम् ॥

इस ग्रन्थ में शिव-पूजा-सम्बन्धी विधि-विधान हैं। दरभंगा-राज-पुस्तकालय में इसकी एक खण्डित प्रति है, जिसमें १४० पत्र हैं। राजेन्द्रलाल मित्र ने लिखा है कि एशियाटिक सोसाइटी, बंगाल में भी इसकी एक प्रति है[1], पर ढूँढने पर आज उसका पता नहीं चलता।

सन् १३०४ साल में श्रीविमलाचरण चक्रवर्त्ती ने यूनियन प्रेस, दरभंगा से वर्धमान-जिला-निवासी प० श्रीभाग्यवान विद्यालंकार-कर्त्तृक वंगानुवाद-सहित एक 'शैव-सर्वस्वसार' प्रकाशित किया। ग्रन्थ के आवरण-पृष्ठ पर मुद्रित है—"मिथिला-निवासी म० म० कविवर विद्यापतिठाकुर-कर्त्तृक सकलित।" भूमिका में भाग्यवान विद्यालंकार ने लिखा है कि यह ग्रन्थ मिथिला-निवासी म० म० विद्यापतिठाकुर ने रानी विश्वासदेवी की आज्ञा से लिखा था। किन्तु दरभंगा-राज-पुस्तकालय के 'शैवसर्वस्वसार' से यह ग्रन्थ भिन्न है। इसके आदि अथवा अन्त—कहीं भी विद्यापति अथवा रानी विश्वासदेवी का नाम नहीं है। फिर, किस प्रकार इसे विद्यालंकारजी ने विद्यापति-कृत कहा, इसका पता नहीं चलता।[2]

(८) *शैवसर्वस्वसार-प्रमाणभूत-पुराण-संग्रह*—जैसा कि ग्रन्थ के नाम से ही स्पष्ट है, इस ग्रन्थ में विद्यापति ने 'शैवसर्वस्वसार' के प्रमाणभूत पौराणिक वचनों का संग्रह किया है। संभव है, 'शैवसर्वस्वसार' लिखने से पहले पुराणों में यत्र-तत्र बिखरे हुए

१. हस्तलिखित पुस्तक-सूची, खड ६, न० ४९८३।
२. आदि—

वरं प्राणत्यागः शिरसो वापि कर्त्तनम्।
नत्वनभ्यर्च्य भुञ्जीत भगवन्तं त्रिलोचनम् ॥
तत्रादौ शिवमाहात्म्यम्। स्कन्दपुराणे—
उत्कृष्टतुल्यजातीनां महच्छब्दः प्रयुज्यते।
तस्मात्समस्तदेवानां महादेवोऽयमुत्तमः ॥

अन्त—

अथ शिवे जयासनमन्त्राः—
जयेश्वर महादेव जय भूतपते हर।
जयाशेष महाबाहो मोचय त्रिपुरान्तक ॥
जयमुच्चार्य यो नाम स्मरेद्वस्य शूलिन।
विसृज्य दुरितं सर्वं स याति परमां गतिम् ॥
जय भव शिव शर्व त्र्यक्ष दक्षार्चिताङ्घ्रे।
स्मरहर वृषकेतो धूर्जटे व्योमकेश ॥
वरद कुरु कृपां मे मोहविध्वस्तबुद्धे-
र्विहितविविधमूर्त्ते भूय एव नमस्ते ॥
नमः शिवाय सर्वकल्याणदायिने।
समाप्तमिदं शैवसर्वस्वसारम्।

शिवार्चनात्मक प्रमाणों का संग्रह विद्यापति ने किया होगा। विद्यापति अपने पूर्वलिखित ग्रन्थ का उपयोग पश्चात् लिखे जानेवाले ग्रन्थ में करते थे। 'पुरुष-परीक्षा' में उन्होंने 'भूपरिक्रमा' की सारी कथाएँ यत्किञ्चित् परिवर्त्तन-परिवर्धन के साथ लिख दी हैं। और, यह एक संग्रहमात्र है। यदि ग्रन्थ के रूप में विद्यापति ने इसका प्रणयन किया होता, तो उनके और ग्रन्थों की तरह इसमें भी मंगलाचरण के श्लोक रहते। किन्तु, इसका प्रारंभ इस प्रकार है —

ओं नमः शिवाय। लिङ्गपुराणे, श्रीकृष्ण उवाच—
यदाद्यमैश्वरं तेजस्तल्लिङ्गं प्रथमं स्मृतम्।
कल्पान्ते तस्य लिङ्गस्य लीयन्ते सर्वदेवताः॥
दक्षिणे लीयते ब्रह्मा वामतश्चाप्यहं प्रभुः।
हृदये चैव गायत्री सर्ववेदोत्तमोत्तमा॥
लीयन्ते वै मुखे वेदाः षडङ्गाः सपदक्रमाः।
जठरे लीयते सर्वं जगत्स्थावरजङ्गमम्॥
पुनरुत्पद्यते तस्माद्ब्रह्माण्डं सचराचरम्॥

अन्त इस प्रकार है—

भविष्यपुराणे—
करवीरो बकश्चैव अर्कं उन्मत्तकस्तथा।
पाटलो बृहती चैव तथैव गिरिकर्णिका॥
तथा काशस्य पुष्पाणि मन्दारश्चापराजिता।
शमीपुष्पाणि······कुब्जकं शिखली तथा॥
अपामार्गस्तथा पद्मं जातीपुष्पं सवासकम्।
चम्पकोशीरतगरं तथा वै नागकेशरम्॥
पुन्नागं किङ्किरातञ्च द्रोणपुष्पं तथा शुभम्।
शिशिरोदुम्बरश्चैव यथा मल्ली तथैव च॥
पुष्पाणि यज्ञवृक्षस्य तथा बिल्वः प्रियः शुभे।
कुसुम्भस्य च पुष्पाणि तथा वै कुङ्कुमस्य च॥
नीलञ्च कुमुदश्चैव तथा नीलोत्पलानि च।
अम्लानञ्च लवङ्गञ्च वरुणं बकुलन्तथा॥
सुरभीणि च सर्वाणि जलस्थलाम्बुजानि च।
गृह्णामि शिरसा देवि यो मे भक्त्या निवेदयेत्॥

(६) *गंगावाक्यावली*—विद्यापति ने यह ग्रन्थ रानी विश्वासदेवी की आज्ञा से लिखा। इसमें गंगा के स्मरण-कीर्त्तन से आरंभ करके गगा-तट पर प्राण-विसर्जन तक के विधि-विधानों एव फलों का उल्लेख है। इस ग्रन्थ के लेखक के रूप में विद्यापति का

नहीं, विश्वासदेवी का नामोल्लेख है; विद्यापति का नाम केवल संपादक के रूप में है। आरंभ में मंगलाचरण के बाद का निम्नलिखित श्लोक देखिए—

यावद्गङ्गा विभाति त्रिपुरहरजटामण्डलं मण्डयन्ती
मल्लीमाला सुमेरोश्शिरसि सितमहावैजयन्ती जयन्ती।
याता पातालमूलं स्फुरदमलरुचिश्शेषनिर्मोकवल्ली
तावद्विश्वासदेव्या जगति विजयतां गाङ्गवाक्यावलीयम्॥

अन्त के श्लोक में भी (विश्वास) देवी का उल्लेख है—

यावत्स्वर्गतरङ्गिणी हरजटाजूटान्तमालम्बते
यावद्विश्वविकासविस्तृतकरः सूर्योऽयमुज्जृम्भते।
यावन्मण्डलमैन्दवं वितनुते शम्भोः शिरोमण्डनं
तावत्कल्पलतेयमस्तु सफला देव्याः सतां श्रेयसे॥

इसके बाद विद्यापति का नामोल्लेख है। यथा—

कियन्निबन्धमालोक्य श्रीविद्यापतिसूरिणा।
गङ्गावाक्यावली देव्याः प्रमाणैर्विमलीकृता॥

किन्तु, मिथिला के विद्वानों में परम्परागत विश्वास है कि विद्यापति ने ही विश्वास-देवी के नाम से 'गङ्गावाक्यावली' की रचना की थी। विद्यापति के अन्य नैबन्धिक ग्रन्थों—दानवाक्यावली, दुर्गाभक्तितरङ्गिणी आदि—की भाषा-शैली से इसकी भाषा-शैली की इतनी समानता है कि इसे विद्यापति-कृत स्वीकार करने में थोड़ी भी हिचक नहीं होती। ग्रन्थ के अन्त में जो प्रशस्ति है, उससे भी इसकी पुष्टि होती है। यथा—

इति समस्तप्रक्रियाविराजमानदानदलितकल्पलताभिमानभवभक्तिभावितबहुमानमहा-महादेवीश्रीमद्विश्वासदेवीविरचिता गङ्गावाक्यावली समाप्ता।

यदि विश्वासदेवी ने ग्रन्थ-रचना की होती, तो उन्होंने अपने लिए ऐसी प्रशस्त प्रशस्ति का उपयोग नहीं किया होता। कोई भी लेखक ऐसा नहीं करता।

(१०) *विभागसार*—यह ग्रन्थ विद्यापति ने महाराज नरसिंह 'दर्पनारायण' की आज्ञा से लिखा था। इसमें दायभाग का संक्षेप में बहुत ही सुन्दर विवेचन किया गया है। द्वादशविध पुत्र-लक्षण-निरूपण, अपुत्रधनाधिकारि-निरूपण, स्त्रीधन-विभाग-निरूपण आदि विषय भी इसमें हैं। इसमें मिथिला के तत्कालीन दायभाग पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। आज भी हिन्दू-उत्तराधिकार के लिए इसकी प्रामाणिकता अक्षुण्ण है। आरंभ में मंगल-श्लोक के बाद है—

राज्ञो भवेशाद्धरसिंह आसीत्तत्सूनुना दर्पनरायणेन।
राज्ञा नियुक्तोऽत्र विभागसारं विचार्य विद्यापतिरातनोति॥

(११) *दानवाक्यावली*—विद्यापति ने महाराज नरसिंहदेव 'दर्पनारायण' की पत्नी रानी धीरमति की आज्ञा से यह ग्रन्थ लिखा। प्रायः जितने प्रकार के दान हो सकते हैं,

सबके विधि-विधान इसमें हैं। देश, काल और पात्र का भी इसमें विशद विवेचन है। मैथिली के कुछ शब्दों में संस्कृत की विभक्ति लगाकर विद्यापति ने इसमें प्रयोग किया है, जिनका अन्यत्र प्रयोग नहीं मिलता। जैसे—'राहळिः', 'साठी' आदि। ग्रन्थारम्भ में मंगल-श्लोक के बाद रानी धीरमति का परिचय इस प्रकार है—

श्रीकामेश्वरराजपण्डितकुलालङ्कारसारः श्रिया-
मावासो नरसिंहदेवमिथिलाभूमण्डलाखण्डलः।
दृप्यद्दुष्टरवैरिदर्पदलनोऽभूद्दर्पनारायणो
विख्यातः शरदिन्दुकुन्दधवलभ्राम्यद्यशोमण्डलः॥
तस्योदारगुणाश्रयस्य मिथिलाक्ष्मापालचूडामणेः
श्रीमद्धीरमतिः प्रिया विजयते भूमण्डलालङ्कृतिः।
दाने कल्पलतेव चारुचरिते यारुन्धतीव स्थिरा
या लक्ष्मीरिव वैभवे गुणगणे गौरीव या गण्यते॥
वापी प्राज्यजलाधिकाशिविमला विज्ञानवापीसमा
रम्यं तीर्थनिवासिवासभवनं चन्द्राभमभ्रंलिहम्।
उद्यानं फलपुष्पनम्रविटपच्छायाभिरानन्दनं
भिक्षुभ्यः सरसान्नदानमनघं यस्या भवान्या इव॥
लक्ष्मीभाजः कृतार्थानकृतसुमनसो या महादानहेम-
ग्रामैराजीवराजीबहलतरपरागासरागैस्तडागैः।
विज्ञाऽनुज्ञाप्य विद्यापतिमतिकृतिनं सप्रमाणामुदारा
राज्ञी पुण्यावलोका विरचयति नवां दानवाक्यावलीं सा॥

शाके १८०५ में सतलखा (दरभंगा)-निवासी पण्डित फणीमिश्र ने बनैली-राज्याधीश राजा लीलानन्द सिंह की पत्नी एवं राजा पद्मानन्द सिंह की माता रानी पार्वती देवी के द्रव्य-साहाय्य से, विक्टोरिया प्रेस, काशी से 'दानवाक्यावली' प्रकाशित की, जिसके मुखपृष्ठ पर 'दानवाक्यावलीयम्—श्रीलखिमानिर्मिता' मुद्रित है। द्वितीय पृष्ठ में जो ग्रन्थ-परिचय है, उसमें मिश्रजी ने लिखा है—'सकलसद्गिद्यैकवसत्या धीरमत्युपनामिकया श्रीलखिमया नाम विरचितेयन्दानवाक्यावली' आदि। मिश्रजी मैथिल थे, संस्कृत के विद्वान् थे, फिर भी उन्होंने ऐसी ऊटपटाँग बात कैसे लिख दी, इसका पता नहीं चलता। प्रायः उन्होंने उपर्युक्त प्रारंभिक श्लोकों पर ध्यान नहीं दिया।

(१२) *दुर्गाभक्तितरङ्गिणी*—यह ग्रन्थ महाराज भैरवसिंह की आज्ञा से विद्यापति ने लिखा था। इसमें दो तरंगें हैं। प्रथम तरंग में गृह-निर्माण, प्रतिमा-निवेशन, प्रतिमा-लक्षण आदि विविध विषयों का विशद विवेचन है। द्वितीय तरंग में शारदीय दुर्गापूजा-पद्धति है। ग्रन्थारम्भ के श्लोकों से ज्ञात होता है कि ग्रन्थ-रचना के समय भैरवसिंह के पिता

नरसिंह भी जीवित थे। कारण, उनके नाम के साथ भी वर्त्तमानकालिक 'अस्ति' और 'श्री' का प्रयोग है। यथा—

अस्ति श्रीनरसिंहदेवमिथिलाभूमण्डलाखण्डलो-
भूभृन्मौलिकिरीटरत्ननिकरप्रत्यर्चिताङ्घ्रिद्वयः ।
आपूर्वापरदक्षिणोत्तरगिरिप्रार्थिवाञ्छाधिक-
स्वर्णक्षोणिमणिप्रदानविजितश्रीकर्णकल्पद्रुमः ॥
विश्वख्याततनयस्तदीयतनयः प्रौढप्रतापोदयः
सङ्ग्रामाङ्गणलब्धवैरिविजयः कीर्त्यांसलोकत्रयः ।
मर्यादानिलयः प्रकामनिलयः प्रज्ञाप्रकर्षाश्रयः
श्रीमद्भूपतिधीरसिंहविजयी राजत्यमोघक्रियः ॥
शौर्यावर्जितपञ्चगौडधरणीनाथोपनम्रीकृता-
नेकोत्तुङ्गतुरङ्गसङ्गतसितच्छत्राभिरामोदयः ।
श्रीमद्भैरवसिंहदेवनृपतिर्यस्यानुजन्मा जय-
त्याचन्द्रार्कमखण्डकीर्त्तिसहितः श्रीरूपनारायणः ॥
देवीभक्तिपरायणः श्रुतिमुखप्रारब्धपारायणः
सङ्ग्रामे रिपुराजकंसदलनप्रत्यक्षनारायणः ।
विश्वेषां हितकाम्यया नृपवरोऽनुज्ञाप्य विद्यापतिं
श्रीदुर्गोत्सवपद्धतिं स तनुते दृष्ट्वा निबन्धस्थितिम् ॥

उपर्युक्त प्रारंभिक श्लोकों में महाराज नरसिंह के तीन पुत्रों का उल्लेख है—धीरसिंह, भैरवसिंह और रूपनारायण। 'रूपनारायण' भैरवसिंह के छोटे भाई चन्द्रसिंह का विरुद था। भैरवसिंह का विरुद 'हरिनारायण' था। पञ्जी-प्रबन्ध से पता चलता है कि ओइनवार-राजवंश में 'रूपनारायण'-विरुदाङ्कित तीन राजे हुए हैं—शिवसिंह, चन्द्रसिंह और भैरवसिंह के पुत्र रामभद्र। पञ्जी-प्रबन्ध से अपरिचित होने के कारण ही श्रीविमानविहारी मजूमदार ने लिखा है कि विद्यापति ने 'रूपनारायण' भैरवसिंह की आज्ञा से 'दुर्गाभक्तितरङ्गिणी' की रचना की।[1] ग्रन्थ के अन्त में भी विद्यापति ने पुनः तीनों भाइयों का उल्लेख किया है। वहाँ 'रूपनारायण' विरुद नहीं देकर चन्द्रसिंह का स्पष्ट नामोल्लेख है। यथा—

भूपश्रीभवसिंहवंशतिलकः श्रीदर्पनारायण-
स्वात्मानन्दननन्दनक्षितिपतिश्रीधीरसिंहः कृती ।
शक्रश्रीसहभूरुपेन्द्रमहिमश्रीभैरवक्ष्माभुजो-
दुर्गाभक्तितरङ्गिणी कृतिरियन्तस्यास्तु सम्प्रीतये ॥
मर्यादाम्बुनिधिः सदानयविधिः प्रौढप्रतापावधिः
सद्यः सङ्गरसङ्गरङ्गविजयश्रीलब्धदोःसन्निधिः ।

१. मित्र-मजूमदार, 'विद्यापति-पदावली' की भूमिका, पृ० १८।

यस्य क्षीरसमुद्रमुद्र (तुल्य ?) यशसो रामस्य सौमित्रिवद्
क्षोणीमण्डलमण्डनो विजयते श्रीचन्द्रसिंहोऽनुजः ॥

(१३) *गयापत्तलक*—यह एक छोटी-सी पुस्तिका है। इसमें गया-श्राद्ध-सम्बन्धी सभी बातों का संक्षिप्त विवेचन है। इसके प्रारंभ में मंगलाचरण के श्लोक नहीं हैं। किसी राजा का नामोल्लेख भी इसमें नहीं है। इससे अनुमान होता है कि किसी व्यक्तिविशेष के लिए नहीं, सकल-लोक-कल्याणार्थ ही विद्यापति ने इसकी रचना की थी। ग्रन्थ के अन्त में विद्यापति का नाम है। यथा—

इति महामहोपाध्यायश्रीविद्यापतिकृतं गयापत्तलकं समाप्तम्।

(१४) *वर्षकृत्य*—इसमें वर्ष-भर के पर्वों का विधान है। मिथिला में और भी कई 'वर्षकृत्य' प्रचलित हैं; किन्तु इस 'वर्षकृत्य' में तिथि-द्वैध के ऊपर जैसा विशद विवेचन है, वैसा किसी दूसरे 'वर्षकृत्य' में नहीं मिलता। इसमें भी मंगलाचरण के श्लोक नहीं हैं। किसकी आज्ञा से विद्यापति ने इस ग्रन्थ की रचना की, इसका भी उल्लेख नहीं है। एक स्थान पर 'रूपनारायण' का अवश्य उल्लेख है। यथा—

तथा चाष्टम्यां या दिवातनी पूजा ब्रह्मपुराणोक्ता सा उभयत्र पूर्वाह्नलाभे उत्तरत्रैव कार्या। दिवातनत्वञ्च पूजाया ब्रह्मपुराणेऽहनीति वचनात्। तथा च—

तत्राष्टम्यां भद्रकाली दक्षयज्ञविनाशिनी।
डाकिनी च महाघोरा योगिनी जटिमिस्सह।
अतोऽर्थं पूजनीया सा तस्मिन्नहनि मानवैः॥ इति।
रूपनारायणस्वरसोऽप्येवम्।

किन्तु, ओइनवार-राजवंश में एक नहीं, तीन रूपनारायण थे, जिनका उल्लेख पहले हो चुका है। उनमें दो—शिवसिंह 'रूपनारायण' और चन्द्रसिंह 'रूपनारायण'—विद्यापति के समसामयिक थे। इसलिए, निश्चयपूर्वक यह नहीं कहा जा सकता कि किस 'रूपनारायण' के समय में 'वर्षकृत्य' की रचना हुई। अधिक संभव है कि चन्द्रसिंह 'रूपनारायण' के समय में ही विद्यापति ने इसकी रचना की होगी। कारण, उनके जितने शास्त्रीय निबन्ध हैं, सभी शिवसिंह के बाद के ही हैं। एक भी निबन्ध शिवसिंह के समय का नहीं है। फिर, इसे ही शिवसिंह के समय का कैसे कहा जा सकता है? और, निबन्ध-लेखन तो परिणत वय का काम भी है।

(१५) *मणिमञ्जरी*—यह एक नाटिका है। इसमें राजा चन्द्रसेन और मणिमञ्जरी की कथा है। आरंभ में सूत्रधार कहता है—परिषद् से आदेश मिला है कि विद्यापति की 'मणिमञ्जरी' नाम की नाटिका का अभिनय करो। अर्द्धनारीश्वर के स्तवन से नाटिका प्रारंभ होती है। यथा—

आनन्देन जडीकृता नवनवोत्कण्ठारसाभ्यागता
लज्जारज्जुनिवर्त्तिता क्षणमथो विश्रान्तकर्णोत्पला।

इत्येवं नवसङ्गमोल्लसितयोर्होलाच्छिया (किला: ?) सालसा
दृक्पाताः शिवयोरभिन्नवपुषोर्विघ्नं विनिघ्नन्तु वः ॥

नान्द्यन्ते सूत्रधारः। कृतमतिप्रपञ्चेन। आदिष्टोऽस्मि परिषदा यदद्य श्रीविद्यापति-नामधेयस्य कवेः कृतिरभिनवा मणिमञ्जरीनामनाटिका भवद्भिरस्मदग्रेऽभिनेतव्येति। तद्भवतु तावत् प्रेयसीमाहूय सङ्गीतकं सम्पादयामि॥

अन्त में भी भरत-वाक्य के बाद विद्यापति का नाम है। यथा—

सन्तः सन्तु निरापदो विजयतां राजा प्रजारञ्जने
विप्राः प्राप्तशुभोदयाश्चिरममी तिष्ठन्तु निर्व्याकुलाः।
काले सन्तु पयोमुचो जलमुचः सर्वाश्रमाणामियं
शस्यैः शस्यतरा धरापि नितरामानन्दकन्दायताम्॥

इति निष्क्रान्ताः सर्वे। मञ्जरीसङ्गमो नाम चतुर्थोऽङ्कः ॥४॥
महामहो० ठक्कुर श्रीविद्यापतिकृता मणिमञ्जरी समाप्ता ॥०॥

१६६२ शाके की लिखी हुई इसकी एक हस्तलिखित प्रति पटना-विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में सुरक्षित है।

विद्यापति-पदावली

ऐसे विरल ही लेखक या कवि होते हैं, जिनकी ख्याति अपने जीवनकाल में होती है। किन्तु, विद्यापति ऐसे ही लेखकों और कवियों में एक थे। उनकी ख्याति उनके जीवनकाल में ही दूर—बहुत दूर तक फैल चुकी थी। मिथिला तो उनकी जन्मभूमि थी। इसलिए, वहाँ उनके पदों का प्रचार-प्रसार सहज ही हो गया। किन्तु, दूर देश में भी उनके पदों के प्रचलित होने का कारण है। उस समय मिथिला संस्कृत-विद्या के पठन-पाठन की केन्द्रस्थली थी। विशेषतः दर्शनशास्त्र के अध्ययन के लिए दूर-दूर के छात्र यहाँ आते थे। उस समय अर्धमागधी-प्रसूत भगिनी भाषाओं में आज की तरह दूरी भी नहीं थी। अतः, किसी एकभाषा-भाषी के लिए कोई अन्य भगिनी भाषा दुरवबोध नहीं थी। इसलिए, जब यहाँ से पढ़कर छात्र जाने लगते थे, तब वे अधीत शास्त्र-ज्ञान के साथ मैथिली के मधुर-मसृण पद भी लिये जाते थे। इस प्रकार बिना किसी प्रयास के ही विद्यापति के पद दूर-दूर तक फैल गये। मिथिला से बाहर सबसे अधिक प्रचार बंगाल में हुआ। महाप्रभु चैतन्य के कानों में जब विद्यापति के पद पहुँचे, तब वे आत्मविभोर हो गये। महाकवि जयदेव-कृत 'गीतगोविन्द' के समान ही विद्यापति के पद भी उनके प्रिय थे। विद्यापति के पदों को सुन-सुनकर वे सदा आनन्द लाभ करते थे,[1] अतएव उनके अनुयायियों में विद्यापति के पदों का खूब प्रचार हुआ। केवल प्रचार ही नहीं हुआ, बाद में विद्यापति की

१. कर्णामृत विद्यापति श्रीगीतगोविन्द।
दुँहे श्लोक-गीते प्रभुर कराय आनन्द॥
—चैतन्य-चरितामृत, अध्याय ५।

भाषा-शैली के अनुकरण पर अनेक बंगाली कवियों ने सख्यातीत पदों की भी रचना कर डाली।

किन्तु, विद्यापति के पदों का इतना अधिक प्रचार होते हुए भी उनके सभी पद कही एकत्र उपलब्ध नही होते। इसलिए, यह कहना कठिन है कि विद्यापति ने कितने पदों की रचना की। आज जो भी पद उपलब्ध होते हैं, प्रायः वे सभी लोककंठ से संगृहीत हैं। मिथिला या नेपाल में जो प्राचीन पदावलियाँ उपलब्ध हुई हैं, वे भी विद्यापति-कालीन नहीं हैं। सभी पदावलियो मे विद्यापति से अर्वाचीन कवियों के भी पद वर्त्तमान हैं। इसलिए, ऐसा प्रतीत होता है कि विद्यापति के बाद वे पद लोककठ से संकलित हुए हैं। लोककंठ से सकलित होने के कारण ही उन पदों मे तत्तत् स्थानविशेष की भाषा का प्रभाव है। एक ही पद की भाषा मिथिला की पदावलियों में कुछ है, तो नेपाल की पदावली में कुछ। केवल भाषा में ही पार्थक्य नही है, स्वरूप मे भी पार्थक्य है। एक ही गीत का स्वरूप एक पदावली में और है, तो दूसरी पदावली मे कुछ और। किसी में अधिक पंक्तियाँ हैं, तो किसी में कम। पदान्तर्गत शब्दों में भी एकरूपता नहीं है। एक ही शब्द विभिन्न पदावलियो में विभिन्न रूप में है। कहीं-कहीं तो टूट-फूटकर शब्द इतने विकृत हो गये हैं कि किसी एक पदावली के आधार पर अर्थ-सगति नही होती। सभी उपलब्ध पदावलियों में प्राप्त पदों को एकत्र करके, निरीक्षण-परीक्षण करने के पश्चात्, पाठोद्धार होने पर ही अर्थसगति होती है। किञ्च, उपर्युक्त पदावलियो के जो पद आज लोककठ में उपलब्ध हैं, वे घिस-पिटकर किस प्रकार बदल गये हैं, इसका भी लेखा-जोखा इन पदावलियो से हो जाता है। यद्यपि लिपि-काल का उल्लेख नहीं रहने के कारण निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता कि ये पदावलियाँ कब लिखी गई, तथापि उनके निरीक्षण-परीक्षण से इतना अवश्य कहा जा सकता है कि वे विद्यापति के निकट-परवर्त्ती काल की ही लिखी हुई हैं। लिपि के क्रम-विकास के ऊपर ध्यान देने से भी यही प्रमाणित होता है। अतः, इतना निस्संकोच कहा जा सकता है कि उपर्युक्त प्राचीन पदावलियों की भाषा मे इस समय लोककंठ मे उपलब्ध विद्यापति के पदो की भाषा की तरह अधिक भिन्नरूपता नही है। इन पदावलियों की भाषा विद्यापति की भाषा के बहुत समीप है। सभी उपलब्ध पदावलियों के अध्ययन-मनन से विद्यापति के पदों का स्वरूप भी निर्णीत हो जाता है। कारण, एक पदावली में जो पद या पदांश—शब्द, अक्षर, मात्रा आदि—टूट-फूट गये हैं, वे दूसरी पदावली में प्रायः मूलरूप मे मिल जाते हैं। इसलिए, 'विद्यापति-पदावली' के सपादन में सर्वाधिक महत्त्व इन्हीं प्राचीन पदावलियों का है। अतः, नीचे इन्हीं उपलब्ध प्राचीन पदावलियो का विवेचन किया जाता है।

नेपाल-पदावली

यह पदावली नेपाल-दरबार-पुस्तकालय में सुरक्षित है। इसकी लिपि प्राचीन मैथिली है। लिपि-विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह अठारहवी शती के प्रारंभिक काल की

लिपि है। किन्तु, मिथिला में प्राप्त पुरातन पुस्तकों की लिपि से इसकी लिपि में कोई अन्तर नहीं है, इसलिए इसे अठारहवी शती से प्राचीन मानने में भी कोई आपत्ति नही। इसके अक्षर स्पष्ट हैं। कहीं-कहीं दो-चार अक्षर घिसकर नष्ट हो गये हैं। कई पत्र ऐसे भी हैं, जिनके सभी अक्षर अस्पष्ट हो गये हैं, अतः पढ़ने मे कठिनाई होती है। फिर भी, परिश्रम-पूर्वक वे पढ़ लिये गये हैं। महाराजाधिराज दरभंगा की आर्थिक सहायता से इसकी प्रतिच्छवि मँगवाकर पटना-कॉलेज-पुस्तकालय में रखी गई है। यहाँ से पुनः प्रतिच्छवि करवाकर बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के विद्यापति-विभाग में सुरक्षित है। इस पदावली का कोई नाम नहीं है। किसी ने मुखपृष्ठ पर नागराक्षर में 'विद्यापति को गीत' लिख दिया है। किन्तु इसके सभी पद विद्यापति के नहीं हैं। अन्य तेरह कवियों के भी पन्द्रह पद इसमें वर्त्तमान हैं।[1] बारह पद ऐसे भी हैं, जिनमें कई खडित हैं और शेष में किसी कवि का नाम नहीं है।[2] अतः, उनके रचयिता कौन थे, यह कहा नही जा सकता।

इस पदावली में पदों के साथ क्रम-संख्या नहीं है। किन्तु, गणना करने से २८४ पद होते हैं, जिनमें २६१ पद विद्यापति की भणिता से युक्त हैं। कई पद ऐसे भी हैं, जिनकी पुनरावृत्ति यत्किञ्चित् पाठभेद के साथ हो गई है। इस पदावली के कितने ही पद अन्य प्राचीन पदावलियों में भी पाये जाते हैं। जैसे—४५ पद 'तरौनी-पदावली' में, १२ पद 'रामभद्रपुर-पदावली' में, ६ पद 'रागतरंगिणी' में, ७ पद 'ग्रियर्सन के सग्रह' में और ४ पद 'पदकल्पतरु' में।

'विद्यापति-पदावली' के प्रथम सकलयिता नगेन्द्रनाथ गुप्त हैं। उन्होंने बड़े परिश्रम से विद्यापति के पदो को एकत्र कर अपने सस्करण में प्रतिष्ठित किया। उपर्युक्त 'नेपाल-पदावली' के ऊपर भी उनका ध्यान गया, परन्तु इसके सभी पदों को उन्होंने अपने सस्करण में स्थान नहीं दिया। मित्र-मजूमदार के सस्करण मे भी कुछ पद छूट गये हैं। सर्वप्रथम इसके प्रकाशन का श्रेय डॉ॰ सुभद्र झा को है, जिन्होंने अँगरेजी टीका एवं गवेषणापूर्ण बृहत् भूमिका के साथ इसका प्रकाशन किया।

यह पहले कहा जा चुका है कि 'नेपाल-पदावली' में केवल विद्यापति के ही पद नहीं हैं, अन्य तेरह कवियों के भी पद हैं, किन्तु नगेन्द्रनाथ गुप्त ने उक्त पदावली के सभी पदो को विद्यापति-कृत मान लिया। इसलिए, उन्होंने कई ऐसे पदो का प्रकाशन नहीं किया, जिनकी भणिता में किसी अन्य कवि का नाम था। यथा—विष्णुपुरी की भणिता से युक्त ६० संख्यक पद, सिरिधर की भणिता से युक्त १४६ संख्यक पद, नृप मल्लदेव की भणिता से युक्त

---

१ पद-सख्या—३० राजपण्डित, ४१ कस नृपति, ४८ आतम, ५६ कसनराएन, ६० विष्णुपुरी, १३० लखिमिनाथ, १३२ रतन (रागतरंगिणी, पृ० १०५ के अनुसार), १४६ सिरिधर, १७० नृप मल्लदेव, १७५ अमृतकर, १७६ अमिणकर, २०४ पृथ्विचन्द, २२४ भानु, २६६ धोरेसर और २७० रुद्रधर।

२. पद-सख्या—३८, १३१, १३२, १३३, १३४, १६०, १७२, १८६, २०४, २७४, २७६, और २८१।

१७० संख्यक पद, अमृतकर एवं अमिअकर की भणिता से युक्त १७५ और १७६ संख्यक पद तथा पृथिविचन्द की भणिता से युक्त २०४ संख्यक पद नगेन्द्रनाथ गुप्त के संस्करण में प्रकाशित नहीं हैं। अन्य कवियों के जो पद प्रकाशित हैं, उन्हें विद्यापति-कृत सिद्ध करने के लिए नगेन्द्रनाथ गुप्त ने भणिता में इच्छानुसार परिवर्त्तन-परिवर्धन कर दिया है। निम्नलिखित तालिका को देखने से यह स्पष्ट हो जायगा—

आतम गबइ बडे पुने पुनमत पबइ—(ने० प०, पद-संख्या ४८)
कवि विद्यापति गबइ बड़े पुने पुनमत पबइ—(न० गु०, पद-संख्या ८२७)
नरनारायण नागरा कवि धीरेसर भाने—(ने० प०, पद-संख्या २६१)
नरनारायण नागरा कवि धीरे सरस भाने--(न० गु०, पद-संख्या ४३)
अइसन जे करिअ से नहि करबे
कवि रुद्रधर एहो भाने—(ने० प०, पद-संख्या २७०)
अइसन के करिअ से नहि करबे
कवि रुद्रधर एहो भाने।
राजा शिवसिंह रूपनराएन
लखिमा देवि रमाने॥—(न० गु०, पद-संख्या ५०१)

उपर्युक्त भणिताओं में सर्वप्रथम 'आतम' के स्थान पर गुप्त महोदय ने विद्यापति को ला बिठाया। दूसरे पद की भणिता में 'धीरेसर' को 'धीरे सरस' में परिणत कर दिया और टीका में लिख दिया कि 'सरस कवि'—विद्यापति हैं।[1] तीसरे पद की भणिता में गुप्तजी ने दो पंक्तियाँ अधिक जोड़ दीं और टीका में लिखा कि 'विद्यापति के पदों में रुद्रधर का नाम मिथिला की पोथियों में भी पाया जाता है।'

'नेपाल-पदावली' के एक पद (पद-संख्या २२४) की भणिता में 'भानु' कवि का नाम है। 'भानु' कवि महाराज भैरवसिंह के छोटे भाई राजा चन्द्रसिंह के दरबारी कवि थे, अतएव उक्त पद की भणिता में कवि ने चन्द्रसिंह के जीवन की कामना की है। भणिता इस प्रकार है—

चन्द्रसिंह नरेस जीवओ भानु भनए रे।

नगेन्द्रनाथ गुप्त ने इसे अपने संस्करण में (पद-संख्या ३२२) अविकल उद्धृत किया है और टीका में लिखा है कि 'विद्यापति ने अपने पद की भणिता में भानु-नामक किसी व्यक्ति का नाम दे दिया है।'

गुप्त महोदय ने 'नेपाल-पदावली' के कई पदों में, जिनके नीचे मूल प्रति में केवल 'भनइ विद्यापतीत्यादि' या 'भने विद्यापतीत्यादि' लिखा हुआ है, निज-निर्मित भणिता जोड़

१. साहित्य-परिषत्पत्रिका, पृ० २७।

दी है। उदाहरणार्थ, 'नेपाल-पदावली' के २५ सख्यक पद के नीचे केवल 'विद्यापतीत्यादि' लिखा हुआ है, किन्तु गुप्त महोदय ने अपने सस्करण के ६६७ संख्यक उसी पद के नीचे निम्नलिखित भणिता लगा दी है—

भनइ विद्यापति गाओल रे
रस बूझए रसमन्ता।
रूपनराएण नागर रे
लखिमा देवि सुकन्ता॥

'नेपाल-पदावली' में कुल मिलाकर २८७ पद हैं। उनमें १४ पद अन्य ग्यारह कवियों के हैं। १९२ पदो में भणिता नहीं है। भणिता के स्थान में 'भनइ विद्यापतीत्यादि' है। ६० पदों की भणिता में विद्यापति का नाम है। इन साठ पदो मे १३ में शिवसिंह का, एक में वैद्यनाथ का और एक में बैजलदेव का नाम है। देवसिंह का नाम भी एक पद में है। तीन पदो मे विद्यापति का नाम 'कवि-कण्ठहार' विशेषण से विशिष्ट है, किन्तु चार पदों में केवल 'कवि-कण्ठहार' विशेषण का ही प्रयोग हुआ है।

रामभद्रपुर-पदावली

यह पदावली रामभद्रपुर (दरभगा) गाँव में प्राप्त हुई, इसीलिए इसे 'रामभद्रपुर-पदावली' के नाम से अभिहित किया जाता है। यह पदावली आजकल पटना-विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में सुरक्षित है। इस पदावली में कितने पद थे, इसका पता नहीं चलता। कारण, यह पदावली खडित है। सम्प्रति पत्र-सख्या १० और पद-सख्या २८ ही प्रारभ में हैं। अन्तिम पत्र की सख्या १२१ और अन्तिम पद की संख्या ४१८ है। इस समय इसके ३२ पत्र ही हैं। ३२वें पत्र का आधा भाग ही है। अन्तिम पद खण्डित है, इसलिए निश्चयपूर्वक यह कहा जा सकता है कि इसके बाद भी पत्र रहे होंगे। इसमें छियानवे पद हैं, जिनमे प्रथम पद का आदि और अन्तिम पद का अन्त खण्डित है। स्वर्गीय शिवनन्दन ठाकुर ने सर्वप्रथम 'विद्यापति-विशुद्ध-पदावली' के नाम से इसका प्रकाशन किया। किन्तु, 'विद्यापति-विशुद्ध-पदावली' में केवल छियासी पद हैं। शेष दस पदों के अप्रकाशित रहने का कारण अज्ञात है। मित्र-मजूमदार ने भी तिरानवे पदो का ही उद्धार किया। तीन पद फिर भी छूट गये। इन पदो मे साठ ऐसे पद हैं, जिनकी भणिता में विद्यापति का नाम है। दो मे अमियकर का नाम है। शेष चौतीस पदो में किसी कवि का नाम नही है। फिर भी, 'नेपाल-पदावली' और 'तरौनी-पदावली' से ज्ञात होता है कि उपर्युक्त चौतीस पदो में पाँच पद विद्यापति के हैं। शेष उनतीस पद विद्यापति के हैं, इसका कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है। स्व० प० शिवनन्दनठाकुर का यह कथन युक्तिसगत नही प्रतीत होता है कि 'रामभद्रपुर-पदावली' के सभी पद विद्यापति के हैं। कारण, यदि सभी पद विद्यापति के होते, तो अमियकर का नाम दो पदो में कैसे होता। किन्तु, यह भी नहीं कहा

जा सकता कि ये भणितिहीन पद विद्यापति के नहीं हैं। कारण, भाषा, भाव और शैली के पर्यालोचन से ये पद विद्यापति के अन्य पदों के समकक्ष हैं। अतः, ये पद यदि विद्यापति के नहीं, तो विद्यापतिकालीन अवश्य हैं, इसलिए इन पदों का भी अपना महत्त्व है।

तरौनी-पदावली

यह पदावली तरौनी (दरभंगा) ग्राम-निवासी स्वर्गीय लोकनाथ झा के घर में विद्यापति-लिखित श्रीमद्भागवत के साथ सुरक्षित थी, इसीलिए इसे 'तरौनी-पदावली' के नाम से अभिहित किया जाता है। स्वर्गीय मोहिनीमोहन दत्त जब दरभंगा में मुन्सिफ थे, तभी उन्होंने इस पदावली को उपलब्ध किया। कलकत्ता-हाइकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश शारदा-चरण मित्र थे। उन्हें जब इस पदावली का पता चला, तब उन्होंने मोहिनीमोहन दत्त से इसे माँग लिया। उन्हीं से नगेन्द्रनाथ गुप्त को यह पदावली प्राप्त हुई। नगेन्द्रनाथ गुप्त ने भी विद्यापति-पदावली (साहित्य-परिषत्संस्करण) के प्रकाशित होने के बाद कलकत्ता-विश्व-विद्यालय के पुस्तकालय को यह पदावली सौंप दी। किन्तु, जब उन्होंने विद्यापति-पदावली को पुनः वसुमती-कार्यालय से प्रकाशित करना चाहा, तब लाख यत्न करने पर भी उपर्युक्त पुस्तकालय में वह प्राप्त नहीं हो सकी। इस प्रकार, 'विद्यापति-पदावली' की एक दुर्लभ प्राचीन प्रामाणिक पाण्डुलिपि सदा के लिए खो गई। अब उसके विषय में नगेन्द्रनाथ गुप्त ने जो कुछ लिखा है, एकमात्र वही आधार है।

नगेन्द्रनाथ गुप्त ने लिखा है कि तरौनी-पदावली' में प्रायः साढ़े तीन सौ पद हैं,[1] जो सभी विद्यापति के हैं।[2] उन्होंने पुनः अन्यत्र (वसुमती-संस्करण की भूमिका में) लिखा है कि 'तरौनी-पदावली' में विद्यापति के जितने पद थे, सभी प्रकाशित कर दिये गये हैं। किन्तु, नगेन्द्रनाथ गुप्त द्वारा प्रकाशित 'विद्यापति-पदावली' (साहित्य-परिषत्संस्करण) में जिन पदों के नीचे 'तालपत्र की पोथी से' लिखा हुआ है, उनकी गणना करने से ज्ञात होता है कि उन्होंने 'तरौनी पदावली' के केवल २३६ पद ही प्रकाशित किये हैं। इस प्रकार, 'तरौनी-पदावली' के शताधिक पद अप्रकाशित रह गये। संभव है, वे पद अन्य कवियों के रहे हों, इसीलिए गुप्त महोदय ने उन्हें प्रकाशित नहीं किया। यह भी सम्भव है कि प्रमाद-वश विद्यापति के भी पद अप्रकाशित रह गये हों। किन्तु 'तरौनी पदावली' की मूल पाण्डुलिपि के अभाव में अब इस विषय में कुछ भी कहा नहीं जा सकता। नगेन्द्रनाथ गुप्त ने उक्त पदावली के सभी पदों को विद्यापति-कृत मानकर भी क्यों नहीं सबका प्रकाशन किया? यदि उक्त पदावली के विद्यापति-कृत सभी पदों को प्रकाशित कर दिया, तो शताधिक अप्रकाशित पद के रहते हुए भी सबको विद्यापति-कृत कैसे कह दिया? गुप्त महोदय का उपर्युक्त कथन ही परस्पर-विरोधी है! मूल पाण्डुलिपि के अभाव में जिसके निराकरण का अब कोई उपाय नहीं है।

---

१ विद्यापति-पदावली, साहित्य-परिषत्संस्करण, भूमिका, पृ० ४३।

२ वही, पृ० १०१।

नगेन्द्रनाथ गुप्त ने जिन पदो के नीचे 'तालपत्र की पोथी से' लिखा है, उन्हीं पदों के विवेचन से पता चलता है कि 'तरौनी-पदावली' में अन्य कवियो के भी पद थे। नगेन्द्रनाथ गुप्त द्वारा प्रकाशित 'विद्यापति पदावली' के ७८४ संख्यक पद के नीचे लिखा है—'तालपत्र की पोथी से'; किन्तु उस पद की भणिता में विद्यापति का नहीं, पञ्चानन का नाम है—

> भने पञ्चानन ओखद मान न
> विरह मन्द बेआधि।
> जतहि पाउति हरि-दरसन
> ततहि तेजति आधि॥

पञ्चानन विद्यापति की उपाधि थी, इसका कहीं प्रमाण नहीं मिलता, इसलिए इस पद को विद्यापति-कृत मान लेना युक्तिसंगत नहीं प्रतीत होता। इसी प्रकार गुप्त महोदय द्वारा प्रकाशित पदावली के ३६६ संख्यक पद के नीचे लिखा है—'तालपत्र की पोथी से'; किन्तु वह पद विद्यापति-कृत है अथवा नहीं, यह एक विवादास्पद प्रश्न है। कारण, उमापति-कृत 'पारिजातहरण' में वह पद उमापति के नाम से पाया जाता है। डॉ० ग्रियर्सन ने भी बहुत विचार-विमर्श करके इस पद को उमापति-कृत स्वीकार किया है।[1] उमापति विद्यापति से पूर्ववर्त्ती थे या परवर्त्ती, यह भी एक विवादास्पद विषय है। यदि उमापति को विद्यापति का परवर्त्ती मान लिया जाय, तो भी उनके द्वारा अपने ग्रन्थ में विद्यापति के पद को अपने नाम से लिख लेने का कोई कारण नहीं ज्ञात होता। यदि उमापति ने ऐसा किया होता, तो वे कदापि भणिता में विद्यापति के नाम को हटाकर अपना नाम नहीं रखते। इसलिए, 'पारिजातहरण' के उपर्युक्त पद को विद्यापति-कृत मानकर उमापति को लाञ्छित करना संगत नहीं है। विद्यापति और उमापति—दोनों अपने स्थान में, अपने कृतित्व में महान् हैं।

'तरौनी-पदावली' के जो २३६ पद नगेन्द्रनाथ गुप्त ने प्रकाशित किये हैं, उनमें १०३ पद ऐसे हैं, जिनमें विद्यापति के नाम के साथ साथ उनके पृष्ठपोषक राजा अथवा किसी अन्य के नाम भी हैं। १०१ पदों में केवल विद्यापति का ही नाम है। एक पद पञ्चानन और एक पद उमापति का है; जिनका उल्लेख ऊपर हो चुका है। शेष पदों में किसी कवि का नाम नहीं है। अतएव, वे पद विद्यापति-कृत हैं या नहीं, इस विषय में निश्चयपूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

रागतरंगिणी

मैथिल कवि लोचन-कृत 'रागतरंगिणी' में विद्यापति के ५१ पद पाये जाते हैं। लोचन महाराज महिनाथ ठाकुर और महाराज नरपति ठाकुर के आश्रित कवि थे। कवि ने ग्रन्थारंभ में लिखा है कि इस समय राजा महिनाथ मैथिलों का शासन करते हैं

---

१. जरनल ऑफ् एशियाटिक सोसाइटी, भाग १, १८८४ ई०।

और उनके अनुज नरपति की आज्ञा से मैं कीर्त्ति-विस्तार करता हूँ।[1] महाराज महिनाथ ठाकुर का राज्यकाल १६६८ ई० से १६६० ई० पर्यन्त था।[2] अतः, इस ग्रन्थ का रचना-काल भी वही है, यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है। इस प्रकार, यह ग्रन्थ आज से लगभग तीन सौ वर्ष पहले लिखा गया था। विद्यापति का जीवनकाल १३५० ई० से १४५० ई० पर्यन्त था, जिसका विवेचन पहले हो चुका है। अतः, विद्यापति और लोचन के बीच दो सौ वर्ष से अधिक अन्तर नहीं है। इसलिए, यह कहा जा सकता है कि विद्यापति और लोचन की भाषा में आज की तरह अधिक अन्तर नहीं रहा होगा। किञ्च, विद्यापति के समान लोचन भी कवि और संगीत-मर्मज्ञ थे, जिसके प्रमाण के लिए उनकी रागतरंगिणी ही पर्याप्त है। इसीलिए, 'रागतरंगिणी' मे विद्यापति के जो पद पाये जाते हैं, वे सब तरह से विशुद्ध और प्रामाणिक माने जा सकते हैं। लय, ताल, छन्द, मात्रा आदि का विचार करते हुए लोचन ने उन पदों को इस प्रकार शृङ्खलाबद्ध कर दिया है कि आज भी वे विशृङ्खलित नहीं हुए हैं—अपने यथार्थ रूप में वर्त्तमान हैं। विद्यापति की जन्मभूमि मिथिला में ही एक मैथिल कवि द्वारा ये पद संगृहीत हैं। अतः, इनपर किसी अन्य भाषा का प्रभाव भी नही है। संप्रति जो 'रागतरंगिणी' उपलब्ध है, उसमें मुद्रण अथवा संपादन की जो त्रुटियाँ रह गई हैं, यत्किञ्चित् परिश्रम से ही उनका परिहार हो जाता है। यथा—

आंचरे वदन झपावह गोरि
राज सुनैछि अचाँदक चोरि।
घरेंघरेंपें हरि गेलछ् जोहि
एपने दूषन लागत तोहि॥ आदि।[3]

---

१ तस्योल्लासिकलाकुलेन मुदितो नित्योन्नतस्सन्नतः
सूनुस्सज्जनरञ्जनः प्रतिपल दुश्शीलहृद्गञ्जन'।
शोभाभि· कुसुमायुधस्य सुमहद्धिक्कारकारा नरान्
वीरश्रीमहिनाथभूपतिलक' शास्तेऽधुना मैथिलान्॥
तस्यानुजोऽपि निजवैरिदलोद्भटाना
न्यक्कारकारिधनुरायतपुङ्खकाण्डः।
चन्द्राननो नरपतिर्गुणिगानसिन्धु-
राविर्बभूव गुणिराजगणैकबन्धु॥
यो आगर्त्ति महीतले निगमस्सर्वासु पुंसाङ्कला-
स्वासन्नेपु च कल्पपादपवदानन्दाय यो नित्यश·।
तस्य श्रीनृपसुन्दरात्मजमहीनाथानुजस्याज्ञया
विप्र कोऽपि सुवंशजो नरपते· कीर्त्तिन्तनोति प्रियाम्॥
—रागतरङ्गिणी, पृ० १-२।

२. म० म० परमेश्वर झा, मिथिलातत्त्वविमर्श, उत्तरार्ध, पृ० ३५।

३ रागतरंगिणी, पृ० ५६।

उपर्युक्त पंक्तियों में पदच्छेद अशुद्ध है। विशुद्ध पदच्छेद इस प्रकार होगा—

आंचरे वदन झपावह गोरि
राज सुनैछिअ चाँदक चोरि।
घरें घरें पेहरि गेलछ जोहि
एपने दूषन लागत तोहि॥

इसी प्रकार यत्र-तत्र अक्षराशुद्धि भी है। यथा—

नव जौवन अभिरामा।
जेत देखल तत कहि न परिआ
छओ नलुपम एक वामा।

इसका विशुद्ध पाठ इस प्रकार होगा—

नवजौवन अभिरामा।
जत देखल तत कहि न पारिआ
छओ नलुपम एक ठामा॥

'विद्यापति-पदावली' के प्रथम संपादक नगेन्द्रनाथ गुप्त ने अपने संस्करण में 'राग-तरंगिणी' से भी विद्यापति के पदों का संकलन किया है, किन्तु उन्होंने 'रागतरंगिणी' से कई ऐसे पद भी संकलित किये हैं, जो विद्यापति के नहीं हैं। उदाहरणार्थ, गुप्त महोदय के ४८४ संख्यक पद को लीजिए। नगेन्द्रनाथ गुप्त ने लिखा है कि यह पद 'रागतरंगिणी' और 'तरौनी-पदावली' से लिया गया है। 'तरौनी-पदावली तो उपलब्ध नहीं है, इसलिए कहा नहीं जा सकता कि उसमें यह किसके नाम से था। किन्तु, 'रागतरंगिणी' में यह पद 'जसोधर नवकविशेखर' के नाम से है। भणिता पर दृक्पात कीजिए—

भनइ जसोधर नवकविशेखर पुहवी तेसर काँहाँ।
साह हुसेन भृङ्गसम नागर मालति सेनिक ताहाँ॥

—रागतरंगिणी, पृ० ६७

नगेन्द्रनाथ गुप्त ने इसे बदलकर इस प्रकार कर दिया है—

भनइ विद्यापति नव कविशेखर पुहुवी दोसर कहाँ।
साह हुसेन भृङ्गसम नागर मालति सेनिक जहाँ॥

गुप्त महोदय ने अनेक पदों में ऐसा परिवर्त्तन किया है। यहाँ एक तालिका प्रस्तुत की जाती है, जिससे यह स्पष्ट हो जायगा

कवि रतनाई भाने।
सङ्क कलङ्क दुअओ असमाने॥

—रागतरंगिणी, पृ० ७६

भनइ विद्यापति गावे ।
वड पुने गुनमति पुनमत पावे ॥

—नगेन्द्रनाथ गुप्त, पद-सं० १६

प्रीतिनाथ नृप भान ।
अचिरे होएत समधान ॥

—रागतरंगिणी, पृ० ८०

विद्यापति कवि भान ।
अचिर होएत समाधान ॥

—न० गु०, पद-स० ६४३

भवानीनाथ हेन भाने, नृप देव जत रस जाने, नव कान्हे लो ॥

—रागतरंगिणी, पृ० ६५

कवि विद्यापति भाने, नृप सिवसिंह रस जाने, नव कान्हे लो ॥

—न० गु०, पद-सं० १२६

जामिनि सुफले जाइति अवसान ।
धैरज कर धरणीधर भान ॥

—रागतरंगिणी, पृ० ६८

जामिनि सुफले जाइति अवसान ।
धैरज धरु विद्यापति भान ॥

—न० गु०, पद सं० ७६३

सुकृत सुफल सुनह सुन्दरि गोबिन्द वचन सारे ।
सोरमरमन कंसनराएन मिलल नन्दकुमारे ॥

—रागतरंगिणी, पृ० १००-१

सुकृत सुफल सुनह सुन्दरि विद्यापति वचन सारे ।
कसदलननारायन सुन्दर मिलल नन्दकुमारे ॥

—न० गु०, पद-स० ५६

दान कलपतरु मेदिनि अवतरु नृप हिन्दू सुलताने ।
मेधा देइपति रुपनराएन प्रणवि जीवनाथ भाने ॥

—रागतरंगिणी, पृ० ११२

दानकलपतरु मेदिनि अवतरु नृपति हिन्दु सुरतान रे ।
मेधा देविपति रुपनराअन सुकवि भनथि ऊपठहार रे ॥

—न० गु०, पद-स० ६०

रसमय स्यामसुन्दर कवि गाव, सकल अधिक भेल मनमथ भाव ।
कृष्णनराएण ई रस जान, कमलावतिपति गुनक निधान ॥

—रागतरंगिणी, पृ० ११५

विद्यापति कविवर एह गाव, मकल अधिक मेल मनमथ भाव।

—न० गु०, पद-सं० ५७७

राजसिंह भन एहु पूरब पुनतह ऐसनि भजए रसमन्त रे।
बुझए सकल रस नृप पुरुषोत्तम असमति देइ केर कन्त रे॥

—रागतरंगिणी, पृ० ७२

भनइ विद्यापति एहु पूरब पुनतह ऐसनि भजए रसमन्त रे।
बुझए सकल रस नृप शिवसिंह लखिमा देइ कर कन्त रे॥

—न० गु०, पद-सं० १६

राजसिंह कह दुख छाड्त सुनह विरहिअन रे।
नृप पुरुषोत्तम सहि रह तेहिँ बयाजे मिलु रे॥

—रागतरंगिणी, पृ० ६८

विद्यापति कह सुन्दरि मन धीरज धरु रे।
अचिर मिलत तोर प्रियतम मन दुख परिहरु रे॥

—न० गु०, पद-सं० ६३६

भनइ अमिअकर सुनु मथुरापति राधाचरित अपारे।
राजा सिवसिंह रुपनराजेन लखिमा देइ कण्ठहारे॥

—रागतरंगिणी, पृ० ८४-८५

भनइ अमियकर सुनह मथुरपति राधाचरित अपारे।
राजा शिवसिंह रुपनरानेन सुकवि भनथि कण्ठहारे॥

—न० गु०, पद-सं० ३१७

कवि कुमुदी कह रे रे थिर रह सुपुरुष वचन पसानक रेह॥

—रागतरंगिणी- पृ० ६८

भनइ विद्यापति ओरे सहि लेह सुपुरुस-वचन पसानक रेह॥

—न० गु०, पद-संख्या ६४२

किन्तु, नगेन्द्रनाथ गुप्त का प्रथम प्रयास था। वे मिथिला मे बाहर के रहनेवाले थे, इसलिए उनकी उपर्युक्त भ्रान्तियाँ सर्वथा नगण्य हैं।

'रागतरंगिणी' में विद्यापति के तीन ऐसे पद हैं, जिनमें विद्यापति का नाम नहीं है; किन्तु ग्रंथकार ने पद के नीचे लिख दिया है—'इति विद्यापते.।' दो पद ऐसे भी हैं, जिनमें विद्यापति का नाम नहीं किन्तु उनकी उपाधि 'कण्ठहार' मात्र है।

वैष्णव-पदावली

बंगाल में विद्यापति के पद किस प्रकार पहुँचे और किस प्रकार वहाँ लोककण्ठ में उन्हें स्थान मिला, इसका प्रतिपादन पहले हो चुका है। किन्तु, वहाँ वे पद अपने वास्तविक रूप में रह नहीं सके। देश, काल और पात्र के भेद ने उनमें बहुत परिवर्त्तन हो गया।

महाप्रभु चैतन्य के अनुयायियों ने विद्यापति के पदों को कीर्त्तनोपयोगी बनाने के लिए उनमें नाना प्रकार के परिवर्त्तन-परिवर्धन किये। जो शब्द बंगाल में अप्रचलित थे अथवा जिनके अर्थ समझने में बंगालियों को कठिनाई होती थी, उन्हें परिवर्त्तित करने में भी वहाँ संकोच नहीं किया गया। इसीलिए, विद्यापति के एक ही पद में, जो मिथिला और बंगाल—दोनों स्थानों से उपलब्ध है, इतना अन्तर हो गया है। किन्तु, इस प्रकार परिवर्त्तन-परिवर्धन करने के बाद भी आज विद्यापति के शताधिक पद बंगाल के वैष्णव-ग्रंथों में सुरक्षित हैं, जो अन्यत्र कहीं नहीं प्राप्त होते। इसलिए, बंगालियों का—विशेषतः उन संकलयिताओं का जितना धन्यवाद किया जाय, थोड़ा है।

इस प्रकार की वैष्णव-पदावलियाँ, जिनमें विद्यापति के पद संगृहीत हैं, अनेक हैं। उनमें मुख्य हैं—राधामोहन ठाकुर का 'पदामृत-समुद्र', गोकुलानन्द सेन (प्रसिद्ध—वैष्णवदास) का 'पदकल्पतरु', दीनबन्धुदास का 'संकीर्त्तनामृत' और किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा संकलित 'कीर्त्तनानन्द'। 'पदामृत-समुद्र' में विद्यापति के ६४ पद, 'पदकल्पतरु' में १६१ पद, 'संकीर्त्तनामृत' में १० पद और 'कीर्त्तनानन्द' में ५८ पद हैं। विश्वनाथ चक्रवर्ती के 'क्षणदा-गीत-चिन्तामणि'-नामक ग्रन्थ में भी कुछ ऐसे पद हैं, जिन्हें नगेन्द्रनाथ गुप्त ने विद्यापति के पद मानकर अपने संस्करण में स्थान दिया है। इनके अतिरिक्त कई अप्रकाशित पद-संग्रह भी बंगीय साहित्य-परिषद्, कलकत्ता-विश्वविद्यालय और शान्तिनिकेतन आदि में सुरक्षित हैं, जिनका अनुसन्धान होना अभी बाकी है। एक अप्रकाशित पद-संग्रह श्रीविमानविहारी-मजूमदार के पास है,[1] जिसमें विद्यापति के पद संगृहीत हैं। मजूमदार महोदय ने अपने संस्करण में इस पद-संग्रह से विद्यापति के कई अप्रकाशित पद संकलित किये हैं।

उपर्युक्त वैष्णव-पदावलियों में विद्यापति के जो पद हैं, वे सभी नेपाल या मिथिला की प्राचीन पाण्डुलिपियों में नहीं पाये जाते हैं। फिर भी, जो पाये जाते हैं, उनसे पता चलता है कि बंगाल में विद्यापति के पदों का किस प्रकार रूप-परिवर्त्तन हुआ है। बंगालियों ने विद्यापति के पदों को किस प्रकार तोड़-मरोड़कर—घटा-बढ़ाकर आत्मसात् किया है, इसे स्पष्ट करने के लिए निम्नलिखित पद ही पर्याप्त है—

कि कहब रे सखि आनन्द ओर।
चिरदिने माधव मन्दिरे मोर॥
पाप सुधाकर जत दुख देल।
पिआ-मुख-दरसने तत सुख भेल॥
आँचर भरिया यदि महानिधि पाइ।
तब हाम पिया दूर देशे ना पाठाइ॥
शीतेर ओढनी पिया गीरिषेर वा।
बरिषार छत्र पिया दरियार ना॥

१. श्रीविमानविहारी मजूमदार, विद्यापति-पदावली, भूमिका, पृ० ८२।

भनये विद्यापति सुन वरनारि।
सुजनक दूख दिन दुइ चारि ॥

—पदकल्पतरु, पद-संख्या १६६५

इसके प्रारंभिक चार चरण मैथिल विद्यापति की रचना हैं, इसमें सन्देह करने का कोई कारण नहीं है। किन्तु, बाद के चरण प्रक्षिप्त हैं, यह भी निस्सन्देह कहा जा सकता है। किन्तु, विद्यापति के शताधिक पदों का संरक्षण करते हुए बंगालियों ने यदि उनके पदों में यत्किञ्चित् परिवर्त्तन-परिवर्धन भी किया, तो वह क्षम्य है।

लोककंठ के पद

मिथिला की संगीत पद्धति बहुत प्राचीन है। विद्यापति के बहुत पहले से ही मैथिली में पदों की रचना हो रही थी। विद्यापति के समय में, जबकि ओइनवार-साम्राज्य का सौभाग्य-सूर्य द्वादश कलाओं से पूर्ण होकर मिथिला के आकाश में चमक रहा था, अनेक ऐसे कवि हुए, जिन्होंने मैथिली का शृंगार किया। जिस प्रकार गङ्गोत्री से निकली गङ्गा हरद्वार में आकर विस्तार पाती है, उसी प्रकार मैथिली कविता का विस्तार भी ओइनवार-साम्राज्य के समय हुआ। उस समय के कवियों में विद्यापति सबसे महान् थे—कवि-कण्ठहार थे। इसलिए, उनके पथ-प्रदर्शन में मैथिली कविता की धारा अपने उद्दाम वेग से प्रवाहित हो चली, जिससे मिथिला ही नहीं, भारत का संपूर्ण पूर्वोत्तर भूभाग आप्लावित हो गया। उस धारा के अनुसरण करनेवाले कितने कवि हुए, आज भी यह अनुसंधान का विषय बना हुआ है। उन कवियों की सम्पूर्ण कृतियों का कहीं एकत्र संग्रह नहीं, जिससे उनके विषय में कुछ कहा जाय। हाँ, लोककंठ में उनकी कविता-कामिनी की मनोहारिणी पायल आज भी खनक रही है, जिसमें विद्यापति का स्वर सबसे अधिक ऊँचा सुनाई पड़ता है।

विद्यापति ने कितने पदों की रचना की, इसका भी कोई प्रमाण नहीं है। एक 'नेपाल पदावली' को छोड़कर अन्य सभी उपलब्ध प्राचीन पदावलियाँ खण्डित हैं। इसलिए, उन पदावलियों में विद्यापति के कितने पद रहे होंगे, यह कहा नहीं जा सकता। जो पद इनमें उपलब्ध हैं, उनमें भी एकरूपता नहीं है। एक ही पद दो पदावलियों में दो रूपों में पाया जाता है। एक पदावली में भी जो पद दो बार आ गये हैं, उनमें भी एकरूपता नहीं है। इसलिए, यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि ये सभी पद लोककंठ से संगृहीत हैं। लोककंठ में रहने के कारण ही इन पदों की एकरूपता नष्ट हो गई। देश, काल और पात्र का प्रभाव उनपर आ पड़ा। किन्तु, इतना होते हुए भी विद्यापति के पदों की मधुरिमा नष्ट नहीं हुई। इसीलिए, आज भी मिथिला के लोककंठ में विद्यापति के असंख्य पद वर्त्तमान हैं। मिथिला में ऐसा एक भी पर्व-त्योहार नहीं होता, जिसमें विद्यापति के पद नहीं गाये जाते हों। आज भी मिथिला की अमराइयों में झूले पर झूलते हुए तरुणों के

कोमल कंठ से निःसृत विद्यापति के मधुर-मसृण पद राह चलते पथिकों को अपनी ओर आकृष्ट किये विना नहीं रहते। वर-वधू को घेरकर कोहवर को ले जाती हुई ललनाओं के मुख से संगीत-लहरी को सुनकर कौन आत्मविभोर नहीं हो जाता। उपनयन-विवाह के शुभ अवसर पर मिथिला के पल्ली ग्रामों का वातावरण ही संगीतमय हो जाता है। यदि बाहर का कोई उन दिनों मिथिला के ग्रामीण अंचलों मे पहुँच जाय, तो उसे अवश्य वह स्वप्नलोक-सी मालूम पड़ेगी। वैसे भी कहीं घाट-बाट पर, पेड़ की छाया मे बैठा युवक 'बारहमासा' अलापता है, तो चक्की चलाती युवती 'लगनी' की धुन देती है। सुबह-शाम दरवाजे पर शिवजी की मृण्मय मूर्त्ति को पूजकर वृद्धजन नचारी गा-गाकर अश्रु-प्लावित नेत्रों से अपना दुःख-दर्द उनसे निवेदन करते हैं। जिस प्रकार मिथिला अपनी संस्कृति और सभ्यता को आज भी जुगाये है, उसी प्रकार वह अपने संगीत को भी लोककंठ में सँजोये है। उसमें भी विद्यापति-संगीत का स्थान सबसे महत्त्वपूर्ण है। सर्वप्रथम इस ओर डॉ० ग्रियर्सन का ध्यान गया। वे जब मधुबनी में मैजिस्ट्रेट थे, तभी उन्होंने बड़े परिश्रम से लोककंठ से विद्यापति के ८२ पदों का संकलन करके 'एन इण्ट्रोडक्शन टू द मैथिली लैंग्वेज ऑफ् नॉर्थ बिहार, कण्टेनिंग ए ग्रामर क्रिस्टोमेथी ऐण्ड भोकेबुलरी'-नामक ग्रन्थ में प्रकाशित किया। ग्रियर्सन द्वारा लोककंठ से संगृहीत विद्यापति के कई पद प्राचीन पदावलियों में भी पाये जाते हैं। 'नेपाल-पदावली' में ४, 'रागतरंगिणी' में ३ और 'तरौनी-पदावली' में १६ पद ऐसे हैं, जिनका संग्रह ग्रियर्सन ने लोककंठ से किया है, इसलिए लोककंठ मे वर्त्तमान विद्यापति के पदों की प्रामाणिकता निस्सन्दिग्ध हो जाती है। ग्रियर्सन द्वारा संगृहीत विद्यापति के पदों में दो पद 'क्षणदा-गीतचिन्तामणि' में और एक पद 'पदामृत-समुद्र' में भी पाये जाते हैं। उनमे चार पद ऐसे भी हैं, जिनकी भणिता में भोल झा द्वारा संगृहीत 'मिथिला-गीत-संग्रह' में अन्य कवियों के नाम हैं। ग्रियर्सन द्वारा संगृहीत २३ संख्यक पद मे चन्द्रनाथ, २६ संख्यक पद मे नन्दीपति, ४९ संख्यक पद में रुद्र और ६९ संख्यक पद में धैरजपति के नाम हैं। उनके ३७ संख्यक पद में 'रागतरंगिणी' (पृ० ८४-८५) और 'तरौनी-पदावली' में अभिनकर का नाम है, किन्तु 'पद-कल्पतरु' (पद-संख्या १५२३) मे विद्यापति का नाम है। किन्तु, केवल डॉक्टर ग्रियर्सन के संग्रह में नहीं, अन्यत्र भी ऐसा भ्रम हुआ है। नगेन्द्रनाथ गुप्त के ६६३ संख्यक पद में भी विद्यापति का नाम है। गुप्त महोदय को यह पद मिथिला के लोककंठ से प्राप्त हुआ था। किन्तु, परिषद् के विद्यापति-विभाग में मिथिला के एक पुराने पण्डित घराने से प्राप्त प्राचीन पाण्डुलिपि सुरक्षित है, जिसमें यह पद 'कवि कृष्ण' के नाम से है। इसी प्रकार, 'नेपाल-पदावली' का ६३ संख्यक पद स्वर्गीय डॉक्टर अमरनाथ झा द्वारा संपादित 'हर्षनाथ-काव्य-ग्रन्थावली' (पृ० ११०) में कुछ परिवर्त्तन करके दे दिया गया है, किन्तु किसी ने ऐसा जान-बूझकर नहीं किया है। जिस प्रकार लोककंठ में पड़कर विद्यापति के पदों का रूप-परिवर्त्तन हुआ, उसी प्रकार भणिता में भी नाम-परिवर्त्तन हुआ। विद्यापति के कितने पदों में दूसरे कवियों के नाम आ गये हैं या दूसरे कवियों के कितने पदों में विद्यापति का नाम आ गया है, इसका निश्चय होना कठिन है। बड़े-बड़े

विज्ञ संपादक भी इसमें स्खलित हो जा सकते हैं। फिर भी, मिथिला के लोककंठ में जो विद्यापति के पद हैं, वे उपेक्षणीय नहीं हैं। भाषा, भाव या शैली, किसी दृष्टि से वे प्राचीन पदावलियों में उपलब्ध विद्यापति के पदों से न्यून नहीं हैं। उदाहरणस्वरूप निम्न-लिखित पद ध्यातव्य है—

मालति ! करु परिमल-रस दान ।
तुग्र गुन-लुब्ध मुग्ध मन मधुकर
मोहि न करिश्र अपमान ॥
मधुमय मालति ! मल्लि, वल्लि अरु
कुन्द, कुमुद, अरविन्द ।
चम्पक परिहरि तोहि हृदश्र धरि
कतहु न पिब मकरन्द ॥
सुबुधि सयानि रूप-गुन-आगरि
जग भरि के नहि जान ।
अलि-गुन आगरि प्रमुदित नागरि
करह अधर-मधु दान ॥
आतप बिति गेल, पावस रितु भेल
तइश्रो न तेजह मान ।
आन प्रसून भ्रमर जओ विलसत
तोहरे दोष निदान ॥
निज हित जानि सयानि हेम-सम
पेम करिश्र अङ्गिकार ।
भनइ विद्यापति प्रमुदित अलिपति
उपवन करहिँ विहार ॥[1]

मिथिला के लोककंठ में विद्यापति के शृंगारिक पदों से अधिक पर्व-त्योहार के पद हैं। किन्तु, ये पद ललनाओं के कंठ में हैं, इसलिए इनका संग्रह कार्य अत्यन्त कठिन है। फिर भी, तीन सौ पद परिषद् के विद्यापति-विभाग में संगृहीत हुए हैं, जिनमें अधिकांश अप्रकाशित हैं। इनमें सोहर, मलार, बटगमनी, तिरहुत, समदाउनि, योग, उचिती, नचारी, महेशवानी आदि नाना प्रकार के पद हैं। उदाहरणस्वरूप विद्यापति की निम्नलिखित उचिती द्रष्टव्य है—

स्रवन सुनिश्र तुश्र नाम रे ।
जगत विदित सब ठाम रे ॥

---

१. श्रीचुल्हाई झा, कठरातुमौल (दरभंगा)।

तुअ गुन बहुत पसार रे ।
ताहि कतहु नहि पार रे ॥
छिति कागत जनि मानि रे ।
सागर करु मसिहानि रे ॥
सुरतरु कलम बनाइ रे ।
फनिपति लिखथि बनाइ रे ॥
लिखि न[1] सकथि तुअ मूल रे ।
कहि न सकथि तुअ पूल रे ॥
सुकवि भनथि अवधारि रे ।
सुपुरुष जग दुइ-चारि रे ॥[1]

उचिती स्वागत-गीत है। विशिष्ट अतिथि—जामाता आदि के स्वागत के समय इसे गाया जाता है। इसके स्वर मधुर और भाव बड़े अनूठे होते हैं। इसमें प्रायः किसी विशिष्ट देवता को—राम, कृष्ण अथवा महादेव को—लक्ष्य करके अन्योक्ति रूप से अतिथि की अभ्यर्थना की जाती है। ऊपर के पद में शिव की अभ्यर्थना है। निम्नलिखित पद को देखिए। इसमें कृष्ण की अभ्यर्थना की गई है—

त्रिभुवनपति व्रजराज हे ।
बूझि भनल हमे आज हे ॥
हमे निच जाति गोआरि हे ।
तोहें प्रभु देव मुरारि हे ॥
वदन विलोकिअ तोर हे ।
ससि जनि निरखु चकोर हे ॥
कामिनि करु अभितोष हे ।
सुपुरुष छम सब दोष हे ॥
सुकवि विद्यापति भान हे ।
सुपुरुष गुनक निधान हे ॥[2]

अब एक 'महेशवानी' का भी उदाहरण लीजिए। इसमें पार्वती-परमेश्वर के गृह-कलह का कैसा सुन्दर चित्रण विद्यापति ने किया है—

रुसि चलली भवानी तेजि महेश ।
कर धए कार्त्तिक गोद गयेस ॥
तोहें गउरी ! जनु नैहर जाह ।
त्रिशूल बघम्बर बेचि बरु खाह ॥

---

१. आया दाइ, तरौनी (दरभंगा)।
२. श्रीफेकू झा की पत्नी, मँगरौनी (दरभंगा)।

त्रिशूल बघम्बर रहओ बरपाए।
हमे दुख काटब नैहर जाए॥
देखि अएलहुँ गउरी। नैहर तोर।
सबकाँ परिहन बाकल-डोर॥
जनु उकटी शिव। नैहर मोर।
नाडट सओ भल बाकल-डोर॥
भनइ विद्यापति सुनिअ महेश।
नीलकण्ठ भए हरिअ कलेस॥[1]

उपर्युक्त यत्किञ्चित् निरीक्षण-परीक्षण से ही लोककंठ में स्थित विद्यापति के गीतों का महत्त्व स्पष्ट हो जाता है। अतः, वे पद किसी प्रकार भी उपेक्षणीय नहीं हैं। उनका संकलन, संपादन और प्रकाशन अत्यन्त आवश्यक है।

अग्रहायण-शुक्ल-पञ्चमी
विक्रम-संवत् २०१८

—शशिनाथ झा
—दिनेश्वरलाल 'आनन्द'

१. स्व० तेजनारायण झा पंडा, कपिलेश्वर स्थान (दरभंगा)

विद्यापति-पदावली

[प्रथम भाग]

नेपाल-पदावली की पाण्डुलिपि

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

[१]

मालवरागे—

हृदय[1] तोहर जानि नहि[2] भेला[3]
परक[4] रतन आनि मञे[5] देला।
कएल माधव हमे अकाज
हाथि मेराउलि[6] सिह-समाज ॥ ध्रुवं ॥
राखह[7] माधव मोरि विनती
देहे[8] परिहरि[9] पर - युवती[10] ॥
चुम्बने नयन[11] काजर गेला
दसने अधर खण्डित भेला ॥
पीन पयोधर[12] नखर[13] मन्दा
जनि महेसर सरद[14] चन्दा ॥
न मुख वचन तन[15] चित थीरे
कापए[16] घनहन सबे सरीरे ॥
घर गुरुजन दुजन[17] शङ्का[18]
न[19] गुनह माधव मोहि कलङ्का ॥
भने विद्यापति दूती[20] भोरि[21]
चेतन गोपए[22] गुपुति[23] चोरि[24] ॥

नेपाल-पाण्डुलिपि, पृ० १, पद १, पंक्ति १

पाठभेद—

राम० (पद-सं० ४०)—१ हृदअ। २ न। ४ आनक। ६ मेलाउलि। ७ राख। १० जुवती। ११ नअन। १२ पओधर। १३ नखें। १४ सेखर। १५ न मन। १६ काम्प। १९ लओलह। २१ मन विद्यापति तबे दुति भोरी। २३-२४ वेकत चोरी।

सपादकीय अभिमत—१ हृदअ। ४ जानक। ५ मोजे। ६ मेलाउलि। १० जुवती। ११ नअन। १२ पओधर। १३ नखें। १४ सेखर। १५ न मुख वचन न मन थीरे। १६ काँपए। १७ दुरजन। १९ लओलह। २४ चेतन गोपए वेकत चोरि।

न० गु० (पद-सं० १८२)—२ न । ५ मोञे । ९ परीहरि । १० जुवती । १४ शिखर । १५ न चित । १६ काँप । १७ दुरजन । १८ सङ्का । २१ कवि विद्यापति भान । आनक वेदन नइ बुझ आन ॥

मि० म० (पद-सं० २९३)—३ जानि मेला । ५ मोञे । ८ देह । ९ परीहरि । १० जुवती । १४ सिखर । १५ न चित । १६ काँप । १७ दुरजन । १८ सङ्का । २० दूति । २२ गोपये । २३ गूपति ।

झा—१५ न चित । १९ गुनह ।

शब्दार्थ—तोहर = तुम्हारा । मञे = मैं । मेलाउलि = मिलाया । नखरे = नखक्षत से । घनहन = जोरों से । भोरी = भोली, मुग्धा । गोपए = छिपाता है । मोहि = मुग्ध होकर ।

अर्थ—तुम्हारे हृदय (हृदयगत भाव) को मैं समझ नहीं सकी, इसलिए मैंने दूसरे का रत्न ला दिया । हे माधव ! हमने यह अच्छा काम नहीं किया कि हाथी को सिंह के समाज में मिला दिया ।

हे माधव ! मेरी विनती स्वीकार करो । पराई स्त्री का त्याग कर दो । (हाय ! तुमने इसकी कैसी दशा कर दी ?)

चुम्बन से आँखो का काजल (मिट) गया, दशन से अधर खण्डित हो गया ।

नखक्षत से पीन पयोधर मन्द पड़ गया । मालूम होता है, जैसे शिवजी के मस्तक पर चन्द्रमा उग आया हो ।

इसके मुख से बोली नहीं निकल रही है, इसका मन स्थिर नही है और इसका पूरा शरीर जोरों से काँप रहा है ।

घर में गुरुजनो से (और बाहर) दुर्जनो से शङ्का है । हे माधव ! तुमने मुग्ध होकर कलङ्क का विचार नहीं किया । विद्यापति कहते हैं—दूती ! तुम (बड़ी) भोली हो । अरे, चेतन व्यक्ति तो गुप्त चोरी को गुप्त ही रखते हैं ।

[२]

मालवरागे—

बारिस जामिनि कोमल कामिनि
दारुण[1] अति अन्धकार
पथ निशाचर[2] सहसे सञ्चर[3]
घन[4] पर जलधार ॥ ध्रु० ॥
माधव प्रथम नेहे से भीती[5]
गए[6] अपनहि से अविलोकिअ[7]
करिअ[8] तैसनि[9] रीती[10] ॥

सं० अ०—१ दारुन । २ निसाचर । ३ संचर । ४ घन (तर) । ५ भीति । ७ अवलोकिअ । ९ तइसनि । १० रीति ।

अति भयाअुनि[11] आतर[12] जअुनि[13]
कैसे[14] कए आउति पार
सुरत रस सुचेतन बालभु
ता पति सबे असार ॥
एत गुनि[15] भने[16] विमुख सुमुखि[17]
तोह मने नहि लाज
कतए देषल[18] मधु अपने
जा मधुकर समाज ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १, प० २, प० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २३५)—१ निदारुण। ५ भीति। ६ गये। ७ सेअ बिलोकिय। ८ करिय। १० रीति। १३ जउनि। १४ कइसे। १५ गुनि। १७ सुमुखी। १८ देखल।

मि० म० (पद-सं० ३२७)—१ दारुन। २ निसाचर। ५ मीति। ७ सेअ विलोकिअ। १० रीति। १३ जउनि। १४ कइसे। १५ गुनि। १६ मन। १८ देखल।

झा (पद-सं० २)—४ घन तर। ७ अवलोकिअ।

शब्दार्थ—बारिस = बरसात। जामिनि = (यामिनी—सं०) रात। निसाचर = रात्रिञ्चर, रात में चलनेवाले राक्षस आदि। सहसे = (सहस्र—सं०) हजारों। घन (तर) = जोरों से। नेहे = (स्नेह—सं०) परिणय में। मीति = (भीता—सं०) डर रही है। भआअुनि = भयावनी। आतर = (अन्तर—सं०) बीच में। जअुनि = यमुना। आउति = आएगी। बालभु = वल्लभ, प्रिय। ता पति = (ता प्रति—सं०) उसके लिए।

अर्थ—बरसात की रात है और कोमल कामिनी है। अत्यन्त भयावह अन्धकार है। मार्ग में हजारों निशाचर घूम रहे हैं। घनघोर वर्षा हो रही है।

हे माधव! (ये ही कारण हैं कि) वह प्रथम परिणय में डर रही है। इसलिए स्वयं जाकर उसे देखिए और वैसा व्यवहार कीजिए (जिससे कि उसका भय दूर हो।)

बीच मे अत्यन्त भयावनी यमुना नदी बह रही है। वह किस तरह उसे पार करके आ सकती है!

सुरत रस और सुचेतन वल्लभ—ये सभी उसके लिए सारहीन हैं। (अर्थात्—बाला के लिए इनका कुछ भी महत्त्व नहीं।)

मन में ये सारी बातें समझ करके भी तुम सुमुखी (नायिका) से विमुख हो रहे हो? तुम्हारे मन में लज्जा नहीं आती है?

मधु को स्वय मधुकर के समीप जाते कहाँ देखा है?

---

११ भआअुनि। १२ आँतर। १४ कइसे। १८ देखल।

[२]

मालवरागे—

कतहु साहर कतहु सुरभि[१]
कतहु नवि मंजरी
कतहु कोकिल पञ्चम गावए
समए[२] गुने गुजरी[३] ॥ ध्रु० ॥
कतहु भमर भमि भमि कर
मधु मकरन्द पान
कतहु सारस वासर जोरए[४]
गुपुत[५] कुसुम वान ॥
सुन्दरि नहि[६] मनोरथ ओळ[७]
अपन वेदन जाहि निवेदओ
तइसन मेदिनि थोळ[८]
पिआ देसातर[९] हृदय आतर[१०]
पर दुआरे समाद
काज विपरीत[११] बुझए न पारिअ
अपद हो अपवाद ॥
पथिक दए समदए चाहिअ
वाटे घाटे नहि आव[१२]
खने विसरिअ खने सुमरिअ[१३]
थीर[१४] न थाकए भाव ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० २ (क), प० ३, पं० ४

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ५०५)—३ गुंजरी। ४ वासरके रोप। ५ गुपुत। १२ याव। १३ सुमरि। १४ सुथीर।

झा (पद-सं० ३)—२ समय।

सं० अ०—१ सउरभ। ६ नहि (हि)। ७ ओड़। ८ थोड़। ९ देसाँतर। १० आँतर। ११ विपरित। १४ थिर।

शब्दार्थ—कतहु = कहीं । साहर = (सहकार—स०) कुसुमित आम्रवृक्ष । गुने = गणना कर रही है । गुजरी = ग्वालिन । भमि-भमि = घूम-घूमकर । सारस = पक्षिविशेष । वासर = दिन । ओळ = अन्त । वेदन = दुःख । मेदिनि = पृथ्वी । आँतर = आतुर । दुआरे = द्वारा । समाद = संवाद । अपद = अस्थान, स्थानभ्रष्ट । थाकए = रहता है ।

अर्थ—कही आम्रवृक्ष खिल रहे हैं, कहीं सौरभ फैल रहा है, कहीं नई मंजरियाँ लग आई हैं ।

कही कोयल पंचम राग अलाप रही है; किन्तु (प्रोषितभर्त्तृका) गोपी समय की गणना कर रही है । (अर्थात् उपर्युक्त कारणों से प्रोषितभर्त्तृका नायिका को अपने प्रिय का स्मरण हो आता है और वह अवधि की गणना करने लगती है ।)

(कवि उद्दीपन के और कारण भी दिखलाता है—)

कही भौरे घूम-घूमकर मधु-मकरन्द का पान कर रहे हैं । कही छिपा हुआ कामदेव दिन में ही सारस पक्षी को प्रेमपाश में जोड़ रहा है ।

नायिका सखी से कहती है—हे सुन्दरी ! मनोरथ का अन्त नही है; पर अपना दुःख मैं जिसे कहूँ, ऐसा आदमी दुनिया में बहुत कम है ।

मेरे प्रिय दूर देश मे हैं, (मेरा) हृदय (हृद्गत भाव) आतुर है । दूसरे के द्वारा संवाद भेज सकती हूँ, पर यह कार्य विपरीत है । बिना आधार या कारण के ही अपवाद हो जाने की सम्भावना है ।

अब बाट-घाट में बैठकर पथिक के द्वारा संवाद नही भेजना चाहिए । कारण, वह कभी उसे भुला बैठता है, कभी याद करता है । उसके भाव स्थिर नही रहते ।

[४]

मालवरागे—

जेहे अवयव पुरुब समय[1]
निचर[2] बिनु विकार
से आबे जाहु ताहु देखि झापए[3]
चिन्हिमि न बेबहार ॥ ध्रु० ॥
कन्हा तुरित सुनसि[4] आए
रूप देखते[5] नयन भुलल
सरुप[6] तोरि दोहाए ॥

सं० अ०—१ समअ । २ नीचर । ३ झाँपए । ५ देखइते ।

सैसब बापु[7] बहीरि फेदाएल
यौवने[8] गहल पास
जेओ किछु धनि बिरुह बोलए
से[9] सेओ सुधासम भास ॥
जौवन सैसब खेदए लागल
छाडि[10] देहे[11] मोर ठाम
एत दिन रस तोहे बिरसल
अबहु नहि विराम[12] ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

नें० पृ० २, प० ४, पं० ३

पाठभेद —

न० गु० (पद-सं० १३)—४ शुनसि । ६ सरूप । ८ जौवने । १० छाड़ि ।

मि० म० (पद-सं० २२७)—५ देखत । १० छाड़ि ।

झा० (पद-सं० ४)— ६ सरूप । ८ जौवने । १० छाड़ि ।

शब्दार्थ—जेहे = जो । निचर = निश्चल । जाहु-ताहु = जिस-तिसको । चिन्हिमि = पहचानती है । सरुप = सत्य । बापुर = बेचारा । फेदाएल = भाग गया । बिरुह = विरुद्ध । खेदए = खदेड़ना ।

अर्थ—पहले जो अवयव निश्चल और विकारहीन था, (चाञ्चल्य और विकार आ जाने से) अब उसे ही जिस-किसी को देखकर ढकती है। उसका (यह) व्यवहार नहीं समझ में आता ?

हे कृष्ण ! शीघ्र आकर सुनो। उसके रूप को देखकर मेरी आँखें भुला गईं। तुम्हारी सौगंध, मैं सच कह रही हूँ।

बेचारा शैशव बाहर भाग गया। यौवन समीप आ पहुँचा। इसलिए विरुद्ध होकर भी वह जो कुछ बोलती है, सो अमृत के समान मालूम पड़ता है।

यौवन अब शैशव को खदेड़ रहा है। (कह रहा है—) मेरा स्थान छोड़ दो। इतने दिनों तक तुमने रस को विरस (शुष्क) किया। अब भी विश्राम नहीं लेते ?

---

७ बापुर हारि । ८ जौवने । ९ सेओ । ११ देह । १२ बिसराम ।

[५]

मालवरागे—

तोहर वचन अमिअ[1] ऐसन[2]
ते[3] मति भूललि[4] मोरि
कतए देखल भल मन्द होअ
साधु न फाबए चोरि ॥ ध्रु० ॥
साजनि आबे कि बोलब आओ
आगु[5] गुनि जे काज न करए
पाछे[6] हो पचताओ[7] ॥
अपनि हानि जे कुल के[8] लाघव
किछु न गुनल[9] तबे
मन[10] मनोरथ[11] बानिहि[12] लागल
आ ओर[13] गमाओल हमे[14] ॥
जतने कतन[15] के न बेसाहए
गुजा[16] केदहु कीन
परक वचने कुअ घस[17] देअ
तैसन[18] के मतिहीन ॥
भमर[19] भमर सबे केओ बोलए
मञे[20] धनि जानल मोर
पढ़ि-गुनि हमे[21] सबे बिसरल
दोस नहि किछु तोर ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पु० ३ (क), प०५, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४२१)—१ अमिय । ३ ते । ४ भुललि । ५ आगे । ८ कुलक । ९ गुनल । १० मने । ११ मनमथ । १२ बानहि । १३ आओव । १५ कत न । १६ गुंजा । १९ नागर । २० मने । २१ हमें ।

मं० अ०—२ अइसन । ६ पाछु । ७ पछताओ । ८ कुलक । १३ ओर । १४ सबे । १६ गुंजा । १७ घँस । १८ तइसन । २० मोञे ।

न० गु० के पाठ की भणिता—

भने विद्यापति सुन तोजे जुवति
हृदय न कर मन्द ।
राजा रूपनरायन नागर
जनि उगल नव चन्द ॥

मि० म० (पद-सं० ११३)—१ अमिअ। ३ तें। ४ भुललि। ५ आगे। ८ कुलक। १० मने। ११ मनमथ। १२ बानहि। १३ आओब। १५ कत न। १६ गुंजा। १९ नागर। २० मने।

मि० म० में भी उपयुक्त भणिता है। केवल 'मने' के स्थान में 'मन' है।

शब्दार्थ—अमिञ = अमृत। फाबए = सोहती है। आओ = और। बानिहि = वाणी में। आ = और। ओर = अन्त। कुअ = कूप। भमर = भ्रमणशील। मोर = अपना।

अर्थ—तुम्हारा वचन अमृत के समान है। इसलिए मेरी मति भुला गई। भले आदमी को बुरा होते कहाँ देखा है। साधु को चोरी नहीं फबती है।

हे सखी! अब और मैं क्या बोलूँगी? जो आगे सोचकर कार्य्य नहीं करता है, उसे पीछे पछतावा होता है।

अपनी हानि और कुल का लाघव—तब मैंने कुछ भी विचार नहीं किया। मन का मनोरथ (तुम्हारी) वाणी में ही लगा रह गया और मैंने अपना अन्त गँवा दिया।

कितने यत्न से कोई खरीदता है न? (अर्थात् जो कुछ खरीदा जाता है, निरख-परखकर खरीदा जाता है।) क्या कोई गुंजा खरीदता है? दूसरे की बात पर कुँए में गिर जाय—ऐसा कौन मतिहीन है?

भ्रमर को सभी भ्रमणशील कहते हैं। मैंने उसे अपना समझ लिया। पढ़-गुनकर मैंने सब-कुछ भुला दिया। तुम्हारा कुछ भी दोष नहीं।

[६]

मालवरागे—

अविरल[1] नयन गलए जलधार
नव जलबिन्दु सहए के पार ॥
कुच दुहु[2] उपर[3] आननहिं[4] हेरु
चान्द[5] राहु डरे[6] चढ़ल[7] सुमेरु ॥ ध्रु० ॥
कि कहब सुन्दरि[8] ताहेरि[9] कहिनी
कहहि[10] न पारिअ[11] देखलि जहिनी ॥
अनल अनिल[12] बम मलअज बीख
जे[13] छल सीतल[14] से[15] भेल तीख ॥
चान्द[16] सन्तावए[17] सविताहु जीनि
नहि जीवन एकमत भेल[18] तीनि ॥

किछु उपचार न मानए[19] आन
एहि बेआधि अधिक पचवान[20] ॥
तुअ दरसन बिनु तिलाओ[21] न जीब
जैअओ[22] कलामति पीउख पीब ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ३, प० ६, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (प० सं० ११३)— १ गरए। २ जुग। ३ ऊपर। ४ आनन। ७ चढल। ८ साजनि। ११ पारिय। १२ अनिल अनल। १३ जेओ। १४ शीतल। १५ सेओ। १७ सतावए। १८ मेलि। १९ मान नहि। २० ताहि बेआधि भेषज पञ्चबान। २२ जइअओ।

विशेष—न० गु० (तरौनी-तालपत्र) की पदावली में द्वितीय पंक्ति के बाद ही ५वीं और ६ठी पंक्तियाँ हैं।

मि० म० (प० सं० २६६)—१ गरए। २ जुग। ४ आनन। ५ चाँद। ६ डर। ७ चढ़ल। ८ सजनी। ९ तकर। १० कहए। १२ अनिल अनल। १३ जेहु। १५ सेहु। १६ चाँद। १७ सतावए। १९ मान नहि। २० ताहि बेआधि भेषज पँचबान। २१ तिलओ। २२ जइओ।

विशेष—मि० म० संस्करण में भी द्वितीय पक्ति के बाद ही ५वीं और ६ठी पंक्तियाँ हैं।

झा (प० सं० ६)—१७ सतावए।

सं० अ०— अविरल नयन गरए जलधार
नव जलबिन्दु सहए के पार ॥
कि कहब साजनि ! ताहेरि कहिनी
कहहि न पारिअ देखलि जहिनी ॥ ध्रु० ॥
कुचजुग ऊपर आनन हेरु
चान्द राहु-डरेँ चढ़ल सुमेरु ॥
अनिल अनल सम मलअज बीख
जेओ छल सीतल सेओ भेल तीख ॥
चान्द सतावए सबिताहु जीनि
नहि जीवन एकमत भेल तीनि ॥
किछु उपचार मान नहि आन
ताहि बेआधि भेषज पञ्चबान ॥
तुअ दरसन बिनु तिलाओ न जीब
जइअओ कलामति पीउख पीब ॥

टिप्पणी—पंक्ति-सं० ५ में 'सुन्दरि' सम्बोधन किया गया है। यदि इसके बदले 'माधव' या कृष्णवाची अन्य शब्द रहता, तो सम्पूर्ण गीत के भाव में कोई व्यवधान नहीं आता। किन्तु यहाँ यह कल्पना करनी पड़ेगी कि कृष्ण के साथ कोई दूसरी सुन्दरी भी वहाँ उपस्थित थी, जहाँ राधा की इस विरह-दशा का वर्णन सखी करती है। और, अन्त में पुन. कृष्ण से भी अनुरोध करती है।

शब्दार्थ—अविरल = सतत। गलए = चू रही है। कुच = स्तन। आननहि = मुख को। ताहेरि = उसकी। कहिनी = कथा। जहिनी = जैसी। तीख = तीक्ष्ण। सन्तावए = सन्ताप दे रहा है। सविताहु = सूर्य को। जीनि - जीतकर। पचबान = कामदेव। तिलाओ = तिलमात्र भी। जैअओ = यद्यपि। पीउख = अमृत।

अर्थ—आँखों से अविरल जलधारा चू रही है। नये जलबिन्दु का सहन कौन कर सकती है।

कुचयुग के ऊपर मुख को देखो। (मालूम होता है,) चन्द्रमा राहु के डर से सुमेरु पर चढ़ा हो।

हे सुन्दरी! उसकी कथा क्या कहूँ? जैसा देखा है, (वैसा) कह नहीं सकती।

वायु आग उगल रही है, चन्दन विष उगल रहा है। जो शीतल थे, वे तीक्ष्ण हो गये।

चन्द्रमा सूर्य को भी जीतकर (सूर्य से भी बढ़कर) सन्ताप दे रहा है। (अब उसका) जीवन (सम्भव) नहीं। (कारण,) तीनों (वायु, चन्दन और चन्द्रमा) एकमत हो गये हैं।

दूसरा कोई भी उपचार उसपर काम नहीं करता। (कारण,) यह कामव्याधि है (अर्थात्, कामदेव-जनित है)।

तुम्हारे दर्शन के विना वह तिलमात्र भी नहीं जी सकती। यद्यपि कलावती अमृत (ही क्यों न) पीवे।

विशेष—'ताहि बेआधि भेषज पञ्चबान' (तरौनी-तालपत्र)
उस व्याधि की दवा पञ्चबाण है।

मालवरागे—

[७]

कंटक[१] माझ कुसुम परगास
भमर बिकल नहि पाबए पास[१(क)]।
रसमति मालति पुनु पुनु देखि
पिबए चाह मधु जीव[२] उपेषि[२(क)] ॥ ध्रु० ॥
भमरा विकल[३] भमए[४] सब[५] ठाम
तोह[६] बिनु मालति नहि बिसराम ॥
ओ मधुजीवी तञे[७] मधुरासि
साचि[८] धरसि मधु तञे[९] न लजासि ॥

स० अ०—१ कण्टक। २(क) उपेखि। ८ सोंचि। ९ मने।

अपने[10] मने धनि[11] बुझ अवगाहि
तोहर[12] दुषन[13] बध लागत काहि ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥[14]

ने० पृ० ४(क), प० ७, प० १

पाठभेद—

न० गु० (प० स० ८४)—१ कयटक । २ जी । ३ भेल । ४ घुरए । ५ सबे । ६ तोहि । ७ तोजे । ८ साँचि । ९ मने । १० अपनेहु । ११ गुनि । १२ तहु । १३ दूपन ।

न० गु० की भणिता—

भनइ विद्यापति तौं पय जीव
अधर सुधारस जौं पय पीब ॥

मि० म० (प० स० २५४)—१ कयटक । १(क) वास । ३ भेल । ४ घूरए । ७ तोँही । ८ साँचि । ९ मने । १० अपनेहु । ११ गुनि । १२ तहु । १३ दूसन ।

विशेष—न० गु० की भणिता मि० म० में भी है।

झा (प० स० ७)—२(क) उपेखि । ८ साँचि ।

शब्दार्थ—कंटक = काँटा । माझ = मध्य । उपेषि = उपेक्षा करके । भमए = घूमता है। मधुरासि = मधु का समूह । साचि = जुगाकर । अवगाहि = अवगाहन करके ।

अर्थ—काँटों के बीच फूल खिल रहा है। व्याकुल भ्रमर पास तक नहीं पहुँच पाता ।

रसवती मालती को बार-बार देखकर (अपने) जीवन की उपेक्षा करके (वह) मधु पीना चाहता है।

व्याकुल भ्रमर सब जगह घूमता है, हे मालती । (परन्तु) तुम्हारे बिना (उसे) विश्राम कहाँ ?

वह मधुजीवी है (और) तुम मधु का समूह हो। मधु को जुगाकर रखती हो। क्या तुम्हें लज्जा नहीं होती ।

हे धन्ये । अपने मन में विचार कर समझो। तुम्हारा दोष है, (फिर) वध किसे लगेगा ?

मालवरागे—

[८]

मजे सुधि[1] पुरुब पेमभरे भोरि[2]
भान अछल पिआ[2(क)] आइति मोरि[3] ।
जाइते[3(क)] पुछलन्हि भलेओ नै मन्दा
मन बसि मनहि बढओलन्हि[4] दन्दा ॥ ध्रु० ॥

---

१३ दूपन । १४ भनइ विद्यापति तओ पए जीव । अधर सुधारस जओ पए पीब ।

ए सखि सामि[४(क)] अकामिक गेला
जिवहु अराधल[५] अपन न[६] भेला ॥
सुपुरुस[६(क)] जानि कैइलि तुअ सेरी[७]
पाओल पराभव अनुभव[७(क)] बेरी ॥
तिला एक लागि रहल अछ जीवे
...से नेह[८] बरए[८(क)] जनि दीवे[८(ख)] ॥
चान्दवदनि[९] धनि झाखह जनु[१०]
तुअ गुण लुबुधि आओत पुनु कान्हु[११] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ४(क), प० ८, पं० ४

पाठभेद—

न० गु० (प० सं० ६२६)—१ छलि। २ मोरी। ३ मोरी। ४ बढाओल। ५ अराधन। ६ न अपन। ७ कयल हमें मेरी। ८ बिन्दु सिनेह। ९ चाँदवदनि। १० न झाँखह आने। ११ तुअ गुन सुमरि आओव पुनु कान्हे।

न० गु० की भणिता—

भनइ विद्यापति एहु रस जाने
राए सिवसिंह लखिमा देवि रमाने ॥

मि० म० (प० सं० १६०)—१ छलि। २ मोरी। २ (क) पिया। ३ मोरी। ३ (क) जाइत। ४ बढाओल। ४(क) सामी। ५ अराधन। ६ न अपन। ७ कएल हमे मेरी। ८ बिनु सिनेह। ८(क) बरइ। ९ चाँदवदनि। १० न झाँखह आने। ११ तुअ गुन सुमरि आओव पुनु कान्हे।

विशेष—न० गु० की भणिता मि० म० में भी है। केवल 'सिवसिंघ' और 'देइ' का पाठभेद है।

न० गु० और मि० म० संस्करण में द्वितीय पंक्ति के बाद ही ५वीं और छठी पंक्तियाँ हैं। 'तरौनी के तालपत्र' में भी यही क्रम है।

नेपाल-पाण्डुलिपि में १६ संख्यक पद भी यही है, जिसमें अन्तिम दो पंक्तियों के स्थान में निम्नलिखित पंक्तियाँ अधिक हैं—

सुख जनमातर सुरत सपना
सुन भेले नीन्द गुन दरसि अपना ॥
ताहि सुपुरुस के कि बोलिबो आइ
अनुसए पाओल वचन बडाइ ॥
वचन रभस नहि मुख नहि हासे
भागे ने विचए भल विलासे ॥

हृदय न डरे रति हेतु जनाइ
कञोने परि सेश्रोब निठुर कन्हाइ ॥

१६ संख्यक पद का पाठभेद—

२ भोरी। ३ मोरी। ३ (क) जाए खने। ५ अराधिन। ६ (क) सुपुरुष। ७ कैलि तुअ सेरी। ७ (क) अनुभवि। ८ (ख) जनि अन्धार वरइ घर दीवे।

झा (प० सं० ८)—४ बढग्रोलन्हि। ५ अराधन। ८ (बिन्दु) सनेह। १० जनू। ११ कान्ह।

शब्दार्थ—सुधि=सूधी, कपटहीन। पेमभरे=प्रेम के भरोसे। भोरि=भोली। अछल=था। आइति=(आयत्त—स०) अधीन। मन्दा=बुरा। दन्दा=(द्वन्द्व—स०) झंझट। सामि=स्वामी। अकामिक=अकारण। सेरी=आश्रय। दीवे=दीपक।

अर्थ—मैं (इतनी) सूधी हूँ कि पूर्व-प्रेम के भरोसे भोली बन गई। भान हो रहा था कि प्रिय मेरे अधीन हैं।

जाते हुए भला या बुरा—कुछ भी नही पूछा। मन में बसकर, मन में झंझट बढ़ा दिया।

ए सखी। स्वामी आकस्मिक रूप से (अकस्मात्, चले गये। प्राणपण से आराधना की, पर अपने नहीं हो सके।

(हे माधव।) सुपुरुष समझकर तुम्हारा आसरा किया, किन्तु अनुभव के समय पराभव ही पाया।

तिलमात्र (क्षण-भर) के लिए प्राण बच रहे हैं, (विना) तेल के जैसे दीपक जल रहा हो।

हे चन्द्रवदने। धन्ये। चिन्ता मत करो। तुम्हारे गुण से लुब्ध होकर कृष्ण फिर आयेंगे।

सं० अ०—

मोञे सुधि पुरुब पेमभरे भोरि
भान अछल पिआ आइति मोरि ॥
ए सखि। सामि अकामिक गेला
जिवहु अराधल अपन न भेला ॥ ध्रु० ॥
जाइते पुछलन्हि भल ओ न मन्दा
मन बसि मनहि बढओलन्हि दन्दा ॥
सुपुरुष जानि कएलि तुअ सेरी
पाओल पराभव अनुभव बेरी ॥
तिला एक लागि रहल अछ जीबे
बिन्दु-सिनेह बरए जनि दीवे ॥
चान्दवदनि धनि झाँखह जनू
तुअ गुण लुबुधि आओब पुनु कान्हू ॥

मालवरागे—

[६]

कत अछ युवति[1] कलामति[2] आने
तोहि मानए जनि दोसरि पराने।
तुअ दरसन बिनु तिलाओ न जिबइ[3]
दारुण[4] मदन वेदन कत सहइ[5] ॥ध्रु०॥
सुन सुन[6] गुणमति[7] पुनमति रमणी[8]
न कर विलम्ब छोटि मधुरजनी।
सामर अम्बर तनुक रङ्गा
तिमिर मिलओ ससि[9] तुलित तरङ्गा[9(क)]॥
सपुन सुधाकर आनन तोरा
पिउत अमिअ[10] हसि[11] चान्द[12] चकोरा॥
भनइ विद्यापति इत्यादि॥

ने० पृ० ४, प० ६, पं० ३

पाठभेद—

न० गु० (प० सं० ८७)—३ जीवइ। ४ दारुन। ६ शुन शुन। ७ गुनमति। ८ रमनी। ९ शशी। १० अमिय।

मि० म० (प० सं० २५)—३ जीवइ। ४ दारुन। ७ गुनमति। ८ रमनी। १० अमिय। १२ चाँन्द।

झा (प० सं० ६)—५ सहई।

शब्दार्थ—मधुरजनी=वसन्त की रात। सामर=श्याम वर्ण। अम्बर=कपड़ा। ससि=चन्द्रमा। तुलित=(तडित—स०) बिजली। सपुन=सम्पूर्ण। सुधाकर=चन्द्रमा। आनन=मुख। अमिअ=अमृत।

अर्थ—कितनी ही अन्य कलावती युवतियाँ हैं, फिर भी तुम्हे दूसरे प्राण की तरह मानता है।

तुम्हारे दर्शन के बिना (वह) तिलमात्र (क्षण-भर) भी नहीं जी सकता। वह कितनी दारुण मदन-व्यथा सहन करेगा?

अरी गुणवती और पुण्यवती रमणी! सुनो सुनो। विलम्ब मत करो, वसन्त ऋतु की रात छोटी होती है।

स० अ०—१ जुवति। २ कलावति। ४ दारुन। ७ गुनमति। ८ रमनी। ९(क) ससि तलित तरङ्गा। ११ हँसि।

नीले वस्त्र में तुम्हारे शरीर का रंग (ऐसा मालूम होगा, जैसे) अन्धकार में चन्द्रमा या बिजली की तरङ्ग हो।

तुम्हारा मुख पूर्ण चन्द्रमा के समान है। (इस) हँसते हुए चन्द्रमा का अमृत चकोर (कृष्ण) पान करेगा।

मालवरागे—

[१०]

सरदक चान्द सरिस मुख तोर रे[१]
छाड़ल विरह अन्धारक दुख रे॥
अमिल मिलल[२] अछ सुदृढ[३] समाज रे
पुरुबक पुन परिणत[४] भेल आज रे॥ ध्रु० ॥
हेरि हल सुन्दरि सुनहि वचन रे[५]
परिहरि[६] लाज सुनहि[६(क)] मन मोर रे[७]॥
रसमति मालति भल अवसर रे
पिबओ मधुर मधु भूखल[८] भमर रे॥
उपगत[९] पाहोन[१०] रितुपति[११] साहु रे
अपनुक अङ्गिरल कर निरवाह रे॥
सुपुरुखे[१२] पाओल सुमुखि सुनारि रे
दैवे[१३] मेराओल उचित विचारि रे॥
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ५(क), प० १०, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (प० स० ४७६)—१ तोर मुख रे। २ मिलिल। ३ सुदृढ। ४ परिनत। ५ सुनह वचन मोर रे। ६ परिहर। ७ सुनह मन तोर रे। ८ भूखल। ९ उपनत। १० पाहुन। ११ ऋतुपति। १२ सुपुरुखे।

मि० म० (प० स० ८२०)—१ तोर मुख रे। ६ परिहर। ६(क) सुनहि।

झा—८ भुखला।

शब्दार्थ—सरिस=सदृश। अमिल=न मिलने योग्य, दुर्लभ। पुन=पुण्य। हेरिहल=देखो। परिहरि=छोड़कर। भूखल=भूखा हुआ। पाहोन=(प्राघुण—स०)

स० अ०—१ सरदक चान्द सरिस तोर मुख रे। ४ परिनत। ७ परिहरि लाज सुनहि मोर मन रे। ८ भुखल। १० पाहुन। १२ सुपुरुखें। १३ दइवें मिलाओल।

मेहमान। रितुपति=वसन्त। साह=संग (सह—स०)। अङ्गिरल=अंगीकार किया हुआ। मेराओल=मिलाया।

अर्थ—शरद् ऋतु के चन्द्रमा के समान तुम्हारा मुख है। (उससे) विरह-रूपी अन्धकार का दुःख छूट गया।

जो दुर्लभ था, वह आज सुदृढ होकर समाज में आ मिला। पूर्व-पुण्य आज सफल हो गया।

हे सुन्दरी! देखो, (मेरी) बात सुनो। लाज छोड़कर मेरा अभिप्राय सुनो।

हे रसवती मालती! अच्छा अवसर है। भूखा भ्रमर मधुर मधु का पान करे।

ऋतुपति वसंत के साथ ही मेहमान उपस्थित हुआ है। अपने अङ्गीकार किये हुए का निर्वाह करो।

सुपुरुष ने सुन्दरी सुमुखी को प्राप्त किया है।। विधाता ने उचित विचार कर (इस तरह) मिलाया है।

मालवरागे—

[११]

जहि खने निअर गमन होअ[१] मोर
तहि खने कान्ह[२(क)] कुशल पुछ[३] तोर[४]।
मन दए बुझल[५] तोहर अनुराग
पुनफले गुणमति[६] पिआ मन जाग ॥ ध्रु० ॥
पुनु पुछ पुनु पुछ मोर मुख हेरि
कहिलिओ[७] कहिनी कहबि[८] कत बेरि ॥
आन[९] बेरि अवसर चाल आन[१०]
अपने रभसे[११] कर कहिनी कान ॥
लुबुधल भमरा कि देब उपाम
बाधल[१२] हरिए[१३] न छाड़ए[१४] ठाम ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने पृ० ५(क), प० ११, म० ५

सं० अ०—६ पुनफलें गुनमति पिआ-मन जाग। ८ कहए। ६ आन। १० जान। ११ रभसें १२ बाँधल। १३ हरिन।

पाठभेद—

न० गु० (पद सं० ८२)—१ होय। २ कान्हू। ३ पूछ। ४ मोर। ५ बूझल। ६ गुनमति। ७ कहिलओ। ११ रमस।

मि० म० (पद सं० २५५)—२ कान्हु। ३ कुसल पुछ। ६ गुनमति। १२ बाधला। १३ हरिन। १४ छाड़य नाहि।

झा—१४ छाड़य नहि।

शब्दार्थ—खने=क्षण में। निअर=निकट। कहिनी=कथा। रमसे=उत्सुकतावश। उपाम=उपमा। बाधल=बँधा हुआ। कान=कृष्ण।

अर्थ—जिस क्षण (उनके) निकट मेरा गमन होता है, उसी क्षण कृष्ण तुम्हारा कुशल पूछते हैं।

मन देकर (अच्छी तरह सोच-विचार कर, उनके हृदय में) तुम्हारा अनुराग समझा। पुण्यफल से गुणवती प्रिय के मन में जगती है (अर्थात्—पुण्य के उदय होने पर ही गुणवती का स्मरण प्रिय के मन में होता है)।

मेरी ओर देख करके बार-बार पूछते हैं, कही हुई कहानियाँ कई बार कहते हैं।

अन्य समय में अन्य अवसर को चला देते हैं (अर्थात्—किस समय क्या कहना चाहिए, इसका विचार नहीं करते)। अपनी ही उत्सुकतावश कृष्ण बातें करने लगते हैं।

लुब्ध भ्रमर की उपमा क्या दूँ? बँधा हुआ हरिण स्थान नहीं छोड़ पाता। (अर्थात्—बँधा हरिण जिस तरह अपनी जगह से टस-से-मस नहीं हो पाता, उसी तरह कृष्ण तुम्हारे प्रेमपाश में बँधकर टस-से-मस नहीं होते। अतः, बँधा हरिण ही उनकी उपमा हो सकता है।)

मालवरागे—

[१२]

कत न जीवन सङ्कट परए
कत न मीलए नीधि[1]।
उत्तिम तैंअओ[2] सत[3] न छाडए[4]
भल मन्द कर बीधि[5] ॥ ध्रु० ॥
साजनि गए बुझावह कान्हू[6]
उचित बोलइते[7] जे होअ से हे[8]
दैन भाखह जनू[9] ॥

स० अ०—२ तइअओ। ३ सत्त। ४ छाड़ए। ६ कानु। ८ से होअ। ९ जनु।

जैसनि[१०] सम्पत्ति तैसनि[११] आसति
पुरुब[१२] अइसन छला ॥
मान बेचि यदि प्राण[१३] जे राषीअ[१४]
ता ते[१५] मरण[१६] भला ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५, प० १२, पं० ३,

पाठभेद—

न० गु० (पद सं० ४६३)—३ सता । ४ छाडय । ६ कान्हु । ८ सेहे । ९ जनु । १२ पुरुब । १३-१४ प्रान मान बेचि जदि प्रान जे राखीअ । १५ ता ते । १६ मरन ।

मि० म० (प० सं० ४२४)—१ निधी । ३ सता । ४ छाडए । ५ विधी । ७ बोलइत । ८ सेहे । १३-१४ प्रान मन बेचि जदि प्रान जे राखीअ । १५ ता ते ।

शब्दार्थ—सत = सत्य । छाडए = छोड़ता है । दैन = दीनता । आसति = आसक्ति (स०) । छला = था ।

अर्थ—(चाहे) जीवन कितने सकट में पड़ जाय, (चाहे) कितनी निधियाँ मिल जायँ, (पर) उत्तम व्यक्ति सत्य को नहीं छोड़ता । भला-बुरा तो विधाता करता है ।

हे सखी ! जाकर कृष्ण को समझाओ । उचित कहते जो (होना) हो, सो हो, (पर) दैन्य भाषण मत करना ।

गुण और योग्यता के अनुरूप ही (उनकी) आसक्ति पहले देखी जाती थी, (किन्तु अब ऐसी बात नहीं) । मान बेचकर प्राण रखने से मर जाना अच्छा है ।

मालवरागे—

[१३]

कोकिल कुल[१] कलरव
काहल बाहर बाजे[२]
मञ्जरिकुल[३] मधुकर गुजरए[४]
से सुनि[५] कुज[६] रगाव[७] ॥
भने[८] मलान परान दिगन्तर
लग तुकाएल[९] लाज[१०] ॥

---

१० जइसनि । ११ तइसनि । १३ प्रान । १४ राखिअ । १५ ताते । १६ मरन ।
सं० अ०—२ राव । ६ कुंज । ७ रँगाव । ८ मन ।

विरहिनि जन मरन कारन तउ[11]
बेकत भउ रितुराज[12] ॥
सुन्दरि अबहु तेजिअ रोस
तु[13]वर कामिनि इ मधु यामिनि[14]
अपद न दिअ दोस ॥
कमल चाहि कलेवर कोमल
वेदन सहए न पार ॥
चान्दन चन्द कुन्द तनु तावए
तावन[15] मोतिम हार ॥
सिरिसि कुसुम सेज ओछाओल
तहू[16] न आबए नीन्द[17] ॥
आकुल चिकुर चीर न समर
सुमर देव गोविन्द ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६(क), प० ८३, प० १

पाठभेद—

म० गु० (पद स० ४१०)—२ राव। ५ जनि। ६ गुजर। ७ गाव। १० एहु किए न लाज। ११ कारन। १४ जामिनि। १५ माव न। १६ तइओ। १७ निन्द।

मि० म० (पद स० ४१४)—१ कूल। २ बाज। ५ शुनि। ६ गुजर। ७ गाव। ९-१० लगन की एल लाज। ११ कारन। १२ मउ बेकत विधुराज। १५ माव न। १६ तहु।

झा—३ कुन। ४ गुजर। ६ कुजर। ७ गाव। ९ लगनु की एन। ११ कारन। १२ विधुराज। १६ ताहु।

शब्दार्थ—कलरव=मधुर स्वर। काहल=वाद्यविशेष। गुजरए=गुंजार करते हैं। दिगन्तर=क्षितिज के पार। लग=समीप। नुकाएल=छिप रही है। वेकत=व्यक्त। अपद=अस्थान, अनवसर। चाहि=बढ़कर। पार=है। तावए=जल रहा है। तावन=(तापन—सं०)=ताप देनेवाला अथवा तप्त हो गया। तहू=उसपर। समर=सँभलता है।

अर्थ—कोकिल-समूह कलरव (कर रहा) है। बाहर (कहीं दूर में) काहल वज रहा है। मंजरियों पर भौंरे गुंजार कर रहे हैं। इन्हें सुनकर कुंज में रंगीनियाँ आ गई हैं।

सं० अ०—१३ तू। १४ ई मधुयामिनि। १६ ताहु। १७ निन्द।

मन म्लान है, प्राण क्षितिज के पार (प्रिय के समीप) है; (किन्तु) लज्जा समीप में छिपी हुई है। विरहिणियो के मरण-निमित्त ऋतुराज प्रकट हो आया है।

हे सुन्दरी! अब भी रोष का त्याग करो। तुम कामिनियों मे श्रेष्ठ हो (और) यह मधुऋतु की रात है। अनवसर में दोष मत दो। (अर्थात् यह दोष देने का अवसर नहीं है।)

कमल से भी बढ़कर (तुम्हारा) शरीर कोमल है। (यह) दुःख सहन नहीं कर सकता। चन्दन, चन्द्रमा और कुन्द के फूल शरीर को जला रहे हैं। मोतियों की माला ताप दे रही है।

सीरस के फूलों की शय्या बिछाई, (लेकिन) उसपर भी नींद नहीं आती। अस्तव्यस्त केश और वस्त्र भी नहीं सँभल रहे हैं। (अब भी तो) श्रीकृष्ण का स्मरण करो।

मालवरागे—

[१४]

के मोरा जाएत दुरहुक दूर
सहस सौतिनि बस[१] माधुरपुर ॥
अपनहि हाथ[२] चलति अछ नीधि
जुग दश[३] जपल आजे भेलि सीधि ॥ ध्रु० ॥
भल भेल माइ हे कुदिवस गेल
चान्द कुमुद दुहु दरसन[४] भेल ॥
कतए दमोदर देव वनमालि[५]
कतएक[६] हमे[७] धनि गौर[८] गोआरि[९] ॥
आजे[१०] अकामिक दुइ डिठि[११] मेलि
दैव[१२] दाहिन[१३] भेल हृदय उबेलि ॥
भनइ विद्यापति सुन वरनारि
कुदिवस रहए दिवस दुइ चारि ॥

ने० पृ० ६(क), प० १४, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद सं० ८३१)—१ बस। २ हात। ४ दरशन। ५ बनमारि। ६ कतए। ७ कहमे। ८ गोप। ९ गोयारि। ११ दिठि। १२ देव।

मि० म० (पद स० ५६८)—३ दस। ६ कतए। ७ कहमे। ८ गोप। ११ दिठि। १२ देव।

झा (पद स० १४)—६ कत एक। १२ देव। १३ दहिन।

सं० अ०—३ दस। ५ बनमारि। १० आज।

शब्दार्थ—जाएत = जाता। सौतिनि = सपत्नी। गोर = गोपुर, ब्रज। अकामिक = अकस्मात्। डिठि = दृष्टि। उवेलि = उद्वेलित।

अर्थ—मेरे लिए कौन दूर-से-दूर जाता? (जिस) मथुरा में हजारों सौतें वास करती हैं। अपने ही (स्वयमेव) हाथों में निधि चली आई। दस युग से जप करती थी, आज सिद्धि मिली है।

भला हुआ कि कुदिवस (बुरे दिन) चले गये। चन्द्रमा और कुमुद—दोनों में दर्शन हो गये।

कहाँ देवरूप वनमाली दामोदर और कहाँ मैं ब्रज की ग्वालिन?

आज अकस्मात् ही दोनों की आँखें मिल गईं। विधाता दक्षिण हो गया। हृदय उद्वेलित हो रहा है।

विद्यापति कहते हैं—हे श्रेष्ठ नारी! सुनो। बुरे दिन दो-चार दिन ही रहते हैं।

मालवरागे—

[१५]

सजल नलिनि दल सेज सोआइअ[1]
परसे जा असिलाए[2] ॥
चान्दने[3] नहि हित चान्द[4] विपरित[5]
करब कओन[6] उपाए ॥ ध्रु० ॥
साजनि सुदृढ[7] कइए जान
तोहि बिनु दिने दिने तनु खिन
विरहे विमुख कान्ह ॥
कारनि वैदे[8] निरसि तेजलि[9]
आन[10] नहि उपचार ॥
एहि बेआधि औषध[11] तोहर
अधर अमिअ[12] धार ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६, प० १५, पं० ४

पाठभेद—

न० गु० (पद स० ४०६)—१ ओछाइअ। ३ चन्दने। ७ सुब्द। १२ अमिय।
मि० म० (पद स० ४१२)—१ ओछाइअ। ४ चाँद। ५ विपरीत। ७ सुब्द। १२ अमिअ।
झा—७ सुब्द।

स० अ०—२ अलिसाए। ३ चन्दने। ६ कओन। ८ वइदे। ९ तेजल। १० जान।
११ अउषध।

शब्दार्थ—सेज = शय्या। सोआइअ = सुलाती हूँ। परसे = स्पर्श से। असिलाए = कुम्हला जाती है। कइए = करके। कारनि = रोगी। वेआधि = व्याधि। अमिअ = अमृत।

अर्थ—सजल नलिनीदल की शय्या पर सुलाती हूँ, तो स्पर्श से ही वह कुम्हला जाती है। चन्दन हित नहीं, चन्द्रमा भी विपरीत है; (मैं) कौन उपाय करूँ?

हे सखी! (निश्चित रूप से) जानो। तेरे बिना दिन-दिन शरीर खिन्न (होता जा रहा) है। विरह से कृष्ण विमुख (विकृतमुख) हो गये हैं।

वैद्य ने रोगी को निराश कर छोड़ दिया। इसका दूसरा उपचार नहीं है। इस व्याधि की दवा तुम्हारे अधरामृत की धारा है।

मालवरागे—

[१६]

मञे सुधि[1] पुरुव[2] पेमभरे भोरी
भान अछल पिआ[3] आइति मोरी॥
जाए खने[4] पुछलन्हि भलेओ न मन्दा
मन बसि मनहि बढओलन्हि[5] दन्दा॥ध्रु०॥
ए सखि सामि[6] अकामिक गेला
जिवहु अराधिन[7] अपन न[8] भेला॥
सुपुरुष[9] जानि कैलि[10] तुअ[11] सेरी[12]
पाओल पराभव अनुभवि[13] बेरी॥
तिला एक लागि रहल अछ[14] जीवे
जनि अन्धार बरइ घर दीवे॥[15]
सुख जनमातर सुरत सपना
सुन भेजे नीन्द गुन दरसि अपना॥
ताहि सुपुरुस[16] के कि बोलिबो आइ
अनुसए पाओल वचन बडाइ॥
वचन रभस नहि मुख[17] नहि हासे
भागे ने[18] त्रिचए भञ विलासे॥
हृदय न डरें रति[19] हेतु जनाइ
कओने परि सेओब निठुर कन्हाइ॥
भने विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ७(क), प० १६, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद सं० ६३९)—१ छलि। ४ जाइते। ५ वढाओल। ७ अराधन। ८ न अपन। ९ सुपुरुख। १० कयल। ११ हमे। १२ मेरी। १३ अनुभव। १५ विन्दु सिनेह बरइ जनि दीवे।

मि० म० (पद सं० १६०)—१ छलि। ३ पिया। ४ जाइते। ५ वढाओल। ६ सामी। ७ अराधन। ८ न अपन। ९ सुपुरुस। १० कएल। ११ हमे। १२ मेरी। १३ अनुभव। १५ विनु सिनेहे वरइ जनि दीवे।

झा—२ पुरुष। ५ वढओलन्हि। ७ अराधन। १४ अछि। १७ सुख। १८ मागि ने। १९ वड।

विशेष—मि० म० और न० गु० के संस्करण में अन्त की आठ पंक्तियाँ नहीं हैं। उनके स्थान में निम्नलिखित पंक्तियाँ हैं—

चाँदवदनि धनि न झाँखइ आने।
तुअ गुन सुमरि आओव पुनु कान्हे॥
भनइ विद्यापति एहु रस जाने।
राए सिवसिंह लखिमा देवि रमाने॥

और, ५वीं तथा ६ठी पंक्तियाँ दूसरी पंक्ति के बाद ही हैं।

शब्दार्थ—सुधि = सूधी, छल-प्रपञ्चहीन। भोरी = भोली, भुलाई हुई। मान = विश्वास। अछल = था। आइति = (आयत्त—सं०) अधीन। भलेओ = भला। मन्दा = बुरा। दन्दा = (द्वन्द्व—सं०) झंझट। अकामिक = अकारण। अराधिन = आराधना की। भेला = हुए। जनमातर = जन्मान्तर। आइ = आज। अनुसए = (अनुशय—सं०) पश्चात्ताप। रभस = प्रेम। सेरी = आश्रय। सुरत = कामक्रीडा। रति = अनुराग।

अर्थ—मैं सूधी (छल-प्रपञ्चहीन) हूँ। (इसीलिए) पूर्व-प्रेम में भुला गई। विश्वास था कि प्रिय मेरे अधीन हैं। (किन्तु) जाते समय भला या बुरा (कुछ भी) नहीं पूछा। (केवल) हृदय में निवास करके मन में द्वन्द्व बढ़ा दिया।

हे सखी! स्वामी अकारण ही चले गये। प्राणपण से आराधना की, (किन्तु) अपने नहीं हुए।

सुपुरुष समझकर तुम्हारा (कृष्ण का) आश्रय किया, (किन्तु) अनुभव के समय (परिणाम में) पराभव पाया।

तिलमात्र के लिए (क्षण-भर के लिए) जीव बच रहा है, जैसे अँधेरे घर में दीपक जल रहा हो (टिमटिमाता हो)।

अपना गुण दिखलाकर सुख जन्मान्तर के लिए और कामक्रीडा स्वप्न के लिए हो गई। नींद तो शून्य (खत्म) ही हो गई।

उस सुपुरुष को आज क्या कहूँ? (जिससे) वाचनिक बड़ाई मिलने पर भी पश्चात्ताप ही पाया।

सं० अ०—७ अराधल। १० कएलि। १३ अनुभव। १५ बिन्दु सिनेह बरइ घर दीवे। १६ सुपुरुष। १८ भागे ने विरचए भमे-विलासे।

वचन में प्रेम नहीं, मुख में हँसी नहीं; भाग्य से भी भ्रू-विलास की रचना नहीं।

भय से हृदय में अनुराग का हेतु (बीज) पैदा नहीं होता, (फिर) किस प्रकार निष्ठुर कृष्ण की सेवा करूँगी।

मालवरागे—

[१७]

कुसुमे रचित सेजा दीप रहल तेजा
परिमल अगर चन्दने ॥
जबे जबे तुअ मेरा निफले बहलि बेरा
तबे तबे पीडलि[1] मदने ॥ ध्रु० ॥
माधव तोरि राही वासकसजा[2]
चरण सबद (भाने[3])चौदिस[4] आपए काने
पिआ[5] लोभे परिनति लजा ॥
सुनिअ[6] सुजन नामे अवधि न चूकए[7] ठामे
जनि वन पसेर लहरी[8] ॥
से तुअ गमन आसे निन्द न आबे[9] पासे
लोचन लागल देहरी ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ७, प० १७, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३०६)—३ जाने। ६ सुनिअ। ७ चुकए। ८ पइसल हरी।

सि० म० (पद-सं० ३५३)—१ पीड़लि। २ वासक सजा। ५ पिया। ६ सुनिअ। ७ चुकए। ८ पसेरल हरी।

झा (पद-सं० १७)—३ भाने। ९ आवए।

शब्दार्थ—रहल = रहा। मेरा = मेला। बहलि = बीत गई। बेरा = वेला—(स०)। वासकसजा = (वासकसज्जा—स०) बन-ठनकर तैयार। आपए = अर्पित करती है। परिनति = परिणाम। ठामे = स्थान। पसेर = पसाही, स्वतः फैलनेवाली आग।

अर्थ—फूलों की रची शय्या, तेजोमय दीपक, परिमल, अगर और चन्दन (इन सामग्रियों के रहने पर भी) जब-जब तुम्हारे मिलन का समय आया, व्यर्थ ही बीत गया। वह कामदेव की वेदना से अत्यन्त व्यथित हुई।

स० अ०—३ भाने। ४ चउदिस।

हे माधव। तुम्हारी राधा वासकसज्जा[1] (बन-ठनकर तैयार) है। पैर की आवाज सुनने के लिए (वह) चारों दिशाओं में कान लगाये (बैठी) है। प्रिय के लोभ मे (उसे) परिणाम में लज्जा ही मिलती है।

सुजन के नाम सुनती हूँ कि वह अवधि के स्थान को नही भूलता, जैसे जंगल को (जगली) आग की लपट (?)

वह तुम्हारे आगमन की आशा में (बैठी) है। (उसके) पास नींद नहीं आती। आँखें देहली पर टिकी हैं।

विशेष—'जनि पसेर लहरी', 'जनि पसेरल हरी', 'जनि पइसल हरी'—इन तीनो में अर्थ-सगति नहीं बैठती है। सभव है, लेखक के प्रमाद से अन्त की चार पंक्तियो में पद-व्यत्यय हो गया हो। निम्नलिखित पाठ में अर्थ-सगति बैठ जाती है—

सुनिअ सुजन नामे, अवधि न चूकए ठामे,
लोचन लागल देहरी।
से तुअ गमन-आसे, निन्द न आवे पासे,
जनि वन पसेर लहरी॥

मालवरागे—

[१८]

आसा[1] मन्दिर बैस[2] निसि गमाबए
सुखे न सूत[3] सयान[4]।
जखने[5] जतने[6] जाहि निहारए
ताहि ताहि तुअ[7] भान[8]॥
वन उपवन कुंज[9] कुटीरहि
सबहि तोर[10] निरूप।
तोहि बिनु पुनु पुनु मुरुछए
अइसन पेम सरूप[11]॥ ध्रु०॥
मालति सफल जीवन तोर।
तोरे[12] विरहे भूवन[13] भमए
भेल मधुकर भोर॥

---

१ कुरुते मण्डनं यस्या. सज्जिते वासवेश्मनि।
सा तु वासकसज्जा स्याद्विदितप्रियसङ्गमा॥

—साहित्यदर्पण, परिच्छेद ३, कारिका ८५

जातकि केतकि कत न अछ[१४]
कुसुम[१५] रस समान।
सपनहु[१६] नहि काहु[१७] निहारए
मधु कि करत पान॥
जकर[१८] हृदय जतए[१९] रहल[२०]
धसि[२१] पए[२२] ततहि जाए।
जैअओ[२३] जतने बान्धि[२४] निरोधिअ
निमन[२५] नीर समाए[२६]॥
भने विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ८ (क), प० १८, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० १०४)—१ आसाजे। २ पाठाभाव। ३ सुत। ४ सचान। ६ जतए। ७ तोहि। ९ कुञ्ज। १० तोहि। १३ भुअन। १४ अछए। १५ सबहि। १६ सपनेहु। १७ ताहि। १८ जतहि। २० रतल। २१ से धसि। २२ पाठाभाव। २३ जइअओ। २४ बाँधि। २६ थिराए।

मि० म० (पद-स० ४३)—१ आसायें। २ पाठाभाव। ४ सँयान। ५ जखन। ६ जतए। ७ तोहि। ९ कुञ्ज। १० तोहि। ११ प्रेम-स्वरूप। १२ तोर। १३ भुअन। १४ अछए। १५ सबहि। १७ ताहि। १८ जाकर। १९ जतहि। २० रतल। २१ से धसि। २२ पाठाभाव। २३ जइअओ। २४ बाँधि। २६ थिराए।

झा (पद-स० १८)—८ मान। २५ निम न।

विशेष— न० गु० और मि० म० सस्करण में १५वी पंक्ति के बाद निम्नलिखित पंक्तियाँ हैं—

साहर न वह सउरभ न सह
गुजरि गीत न गाव।
चेतन पापु चिन्ताजे[१] आकुल
हरखे[२] सबे सोहाव॥

और अन्त में—

इ रस राए सिवसिह जानए
कवि विद्यापति भान।
रानि लखिमा देवि वल्लभ
सकल गुन[३] निधान॥

पाठभेद—

मि० म०—१ चिन्ताए। २ हरख। ३ गुण।

शब्दार्थ—निसि = रात्रि। सयान = (सज्ञान—स०) सयाना युवक। सरूप = सच्चा अथवा स्वरूप। भोर = मुग्ध। निमन = (निम्न —स०) नीचे।

अर्थ—आशा से घर में बैठकर रात विता देता है। युवक सुख से सोता नहीं है। जब यत्नपूर्वक जिसको देखता है, उसमें उसे तुम्हारा ही भान होता है।

वन, उपवन, कुञ्ज और कुटीर—सबमें तुम्हारा ही आरोप करता है। तुम्हारे विना बार-बार मूर्च्छित होता है—ऐसा सच्चा प्रेम है (अथवा प्रेम का स्वरूप ऐसा है)।

हे मालती! तुम्हारा जीवन सफल है। भ्रमर तुम्हारे विरह से मुग्ध होकर संसार-भर में घूम रहा है।

सं० अ०— आसाजे मन्दिर बसि निसि गमावए
सुखेँ न सूत सन्नान।
जखने जतने जाहि निहारए
ताहि-ताहि तुअ भान॥ ध्रु०॥
मालति! स'फल जीवन तोर।
तोरे विरहेँ भुअन भमए
भेल मधुकर भोर॥
जातकि केतकि कत न अछए
कुसुम रस समान।
सपनेहुँ नहि काहु निहारए
मधु कि करत पान॥
वन उपवन कुंज कुटीरहिँ—
सबहिँ तोहि निरूप।
तोहि बिनु पुनु-पुनु मुरुछए
अइसन पेम सरूप॥
साहर-निचह सउरभ न सह
गुंजरि गीत न गाव।
चेतन पापु चिन्ताजे आकुल
हरखेँ सबे सोहाव॥
जकर हृदअ जतए रतल
से धसि ततहि जाए।
जइअओ जतने बाँधि निरोधिअ
निमन नीर थिराए॥
ई रस राए सिवसिंह जानए
कवि विद्यापति भान।
रानि लखिमा देवि-वल्लभ
स'कल गुन-निधान॥

जातकी, केतकी आदि समान रसवाले कितने ही कुसुम हैं, (लेकिन भ्रमर) स्वप्न में भी उन्हें नहीं देखता, मधुपान क्या करेगा ?

जिसका हृदय जहाँ लगा रहता है, (वह) धँस करके वहाँ चला जाता है। यद्यपि पानी को यत्न से बाँधकर रोका जाता है, तथापि वह नीचे की ओर ही प्रवृत्त होता है।

मालवरागे—

[१६]

पुरल[1] पुर परिजन पिसुन[2]
जामिनि[3] आध अन्धार[4]।
बाहु पैरि[5] हरि पलटि जाएब
पुनु जमुना पार ॥
ओ[6] कुले[7] कुलकलङ्क डराइअ
ओ[8] कुले आरति तोरि।
पिरिति लागि पराभव सहिअ[9]
इथि अनुम[10] मोरि ॥ ध्रु० ॥
माधव[11] तेज भुज गीमपास[12]।
जानब कन्ते दुरन्त के जाएत
अछि होएत उपहास[13] ॥
एत बोलि मोर गोचर धरब
रापबि[14] दुअओ लाज[15]।
मनाहु[16] मुह[17] मलान न करब
होएत पुनु समाज ॥
जगत कत न जुव जुवजन[18]
कत न लावए पेम।
वापु[19] पुरुष विचेखन[20] वोलिअ[21]
जे चिन्ह आएस हेम[22] ॥

सं० अ०—1 पूरल। २ पिसुने। ५ तरि। १० अनुमति। १२ गिमपास। १४ राखबि। १८ जुवति जुवजन। १६ वापू। २० विचक्खन।

भालभु[23] समन्दि[24] चलु[25] ससिमुखि[26]
कवि विद्यापति भान।
निकृत नेह निमेषेओ बहुत
नइछछ छैले ओ जान[27] ॥

ने० पृ० ८ (क), प० १६, प० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २६०)—२ पिसुने। ५ तरि। ६ एँ। ७ कुल। ८ ओ। ६ सहब। १० अनुमति। ११ कान्हा। १२ गिम पास। १३ पहु जनले दुरत बाढ़त होएत रे उपहास॥ १४-१५ गोचर एक मोर पए राखब राखबि दुअओ लाज। १६ कबहु। १७ मुख। १८ जुवती। २० विचखन। २१ चाहिअ। २२ जे कर आगिल खेम।

मि० म० (पद-सं० ६१)—२ पिसुने। ३ जामिनी। ४ अँधार। ५ तरि। ६ ए। ७ कुल। ८ ओ। ६ सहब। १० अनुमति। ११ कान्हा। १२ गिम पास। १३ पहुँ जनले दुरन्त बाढ़त होएत रे उपहास। १४-१५ गोचर एक मोर पए राखब राखबि दुअओ लाज। १६ कबहु। १७ मुख। १८ जुवती। २० विचखन। २१ चाहिअ। २२ जे कर आगिल खेम। २३ वालम्भु। २४ समदि। २५ चललि। २६ बाला। २७ इ रस रानि लखिमावल्लभ राए सिवसिंघ जान।

झा (पद-सं० १६)—१० अनु (मति)। १६ मला (न) हु। १८ जुव-जुव (ती)। २७ न इ छछ छैलेओ जान।

विशेष—न० गु० के संस्करण में अन्त की चार पंक्तियाँ नहीं हैं।

शब्दार्थ—पुरल = भरा हुआ। पुर = नगर। परिजन = आत्मीय जन। पिसुन = (पिशुन—सं०) चुगलखोर। जामिनि = (यामिनी—सं०) रात्रि। पैरि = तैर कर। ओ = इस। कुले = (कूल—सं०) तट। ओ = उस। आरति = (आर्त्ति—सं०) पीड़ा। पिरिति = प्रीति। इथि = (इति—सं०) इसीलिए। गीम-पास = ग्रीवापाश। दुरन्त = दुष्परिणाम। गोचर = विनती। समाज = मिलन। बापु = बेचारे। विचेखन = विचक्षण। आएस (आयस—सं०) लोहा। हेम = सोना। भालभु = वल्लभ (सं०)। समन्दि = संवाद देकर। निकृत = शठ (नायक)। नइछछ = निछछ, निछक्का। छैलेओ = छैला।

अर्थ—चुगलखोर परिजनों से नगर भरा हुआ है, आधी रात तक अँधेरा है। हे हरि! बाँह से तैरकर, यमुना पार करके लौट जाऊँगी।

(यमुना के) इस किनारे कुल-कलङ्क से डर रही हूँ (और) उस किनारे तुम्हारी पीड़ा है। प्रीति के लिए पराभव सहती हूँ। इसीलिए मुझे (जाने की) अनुमति (चाहिए)।

हे माधव! बाँहो का ग्रीवापाश (गलबाँही) छोड़ दो। स्वामी समझ पायेंगे, तो इसका दुष्परिणाम होगा (और) उपहास होगा।

सं० अ०—२३ बालभु।

इसी बात से मेरी विनती स्वीकार कीजिए (और) दोनों की लाज रखिए। मन एवं मुँह को म्लान मत कीजिए, फिर मिलन होगा।

संसार में कितने युवक (और) युवतियाँ हैं, कितने प्रेम किये जाते हैं, (किन्तु वही) श्रेष्ठ पुरुष विचक्षण कहलाता है, जो लोहा (और) सोना को पहचानता है। (उनकी परख करना जानता है।)

कवि विद्यापति कहते हैं—शशिमुखी वल्लभ को सवाद देकर (समझा-बुझाकर) चली। शठ (नायक) का प्रेम निमेषमात्र के लिए भी बहुत है। निछक्का (सच्चा) छैला ही उसे जानता है।

मालवरागे—

[२०]

मोरि अविनए[1] जत पछलि[2] खेओब[3] तत
चिते सुमरबि मोरि नामे।
मोहि सनि अभागलि[4] दोसरि जनि[5] होअ
तन्हि सन[6] पहु मिल काम[7] ॥ ध्रु० ॥
माधव मोरि सखि समन्दल[8] सेवा
युवति[9] सहस सङ्गे सुख[10] विलसब रङ्गे
हम जल आजुरि[11] देवा ॥
पुरुब[12] प्रेम[13] जत निते सुमरब तत
सुमर जत न होअ सेखे
रहए सरिर जओ की न[14] भुजिअ[15] तओ
मिलए रमणि[16] सत[17] संखे ॥
पेअसि समाद सुनिओ[18] हरि विसमय
करु पाए ततहि वेरा।
कवि भने विद्यापति रूपनराएन[19]
लखिमा देवि[20] सुसेला[21] ॥

ने० पृ० ६(क), प० २०, पं० १

सं० अ०—४-५ अभागलि मोहि सनि, दोसरि होअओ जनि। ७ कामे। ८ समन्दलि। ९ जुवति। १० सुखें। ११ आँजुरि। १३ पेम। १५ भुञ्जिज। १६ रमनि। १९ कवि विद्यापति भन रूपनराएन। २० लखिमा देवि। २१ सुसेरा।

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ७७२)—२ परलि। ४ अमागिन। ५ जनु। ७ कामे। ६ जुवति। १२ पुरव। १३ पेम। १४ कीन। १५ मु ँजिअ। १६ रमनि। १८ सुनिए। १६ राजा रूपनारायन। २१ सुसेरा।

मि० म० (पद-स० १८३)—३ खेओ ँव। ४ अभागिनि। ५ जनु। ६ सम। ७ कामे। ६ जुवति। १२ पुरव। १४ कीन। १५ मु ँजिअ। १६ रमनि। १७ शत। १८ सुनिए। २० देइ।

झा (पद-स० २०)—१ अविनय। १३ पेम।

शब्दार्थ—पळलि = हुई। खेओव = क्षमा कर देना। काम = अवश्य। जल आञ्जुरि = जलाञ्जलि (स०)। भुजिअ = भोग सकते हैं। पेअसि = प्रेयसी। समाद = संवाद। पाए = प्रयाण। सुसेरा = सुन्दर आश्रय।

अर्थ—मेरी जितनी अविनय हुई हो, सब क्षमा कर देना। चित्त में मेरे नाम का स्मरण करना। मुझ-सी भाग्यहीना दूसरी मत हो, (लेकिन) उनके समान स्वामी अवश्य मिलें।

हे माधव! मेरी सखी ने (अपनी) सेवा कह भेजी है (अपनी सेवा की याद दिलाई है)। हजारों युवतियों के साथ सुख से विलास करना और हमें जलाञ्जलि दे देना।

पूर्व-प्रेम का उतना ही नित्य स्मरण करना कि वह शेष (खत्म) न हो जाय। अगर शरीर रहेगा, तो क्या नहीं भोग सकते हैं? सैकड़ों रमणियाँ मिल सकती हैं।

प्रेयसी का सवाद सुनकर कृष्ण को विस्मय हो गया (और उन्होंने) उसी समय प्रयाण किया। कवि विद्यापति कहते हैं—रूपनारायण लखिमा देवी के सुन्दर आश्रय हैं।

मालवरागे—

[२१]

लाखे[१] तरुअर कोटीहि[२] लता
जुअति कत न लेख।
सबहि फूला मधु मधुकर
मधुहु मधु विशेष[३] ॥ ध्रु० ॥
सुन्दरि अबहु वचन सून।
सबे परिहरि[४] तोहि इछ हरि
आपु सराहसि[५] पून ॥
जे मधु[६] भमर निन्दहु सुमर
बासि[७] बिसरए न पार।

एळि[८] मधुकर जहि[९] उडि पल[१०]
सेहे संसारक[११] सार ॥
तोरि सराहनि तोरिए चिन्ता
सेजहु तोरिए ठाम।
सपनेहु तोहि देखि पुनु कए
लए उठ तोरिए नाम ॥
आलिङ्गन दए पाछु निहारए
तोहि बिनु सुन कोर।
पाछिलि कथा अकथ कथा
लाजे न तेजए नोर ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ९(क), प० २१, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ९७)—२ कोटिहि। ३ सब फुल मधु मधुर नहीं फूलहु फूल विसेख। ४ परीहरि। ५ सराहहि। ६ फूल। ८ जाहि। ९ उड़ि। १० पर। ११ सँसारक।

['तोरि सराहनि तोरिए चिन्ता' से 'लाजे न तेजए नोर' तक का पाठभेद]

तोरि ए[१] चिन्ता तोरि ए[२] कथा
सेजहु तोरिए चाओ।
सपनहु हरि पुनु पुनु कए लए
उठ तोरिए नाओ ॥
अलिङ्गन[३] दए पाछु निहारए
तोहि बिनु सुन[४] कोर।
अकथ कथा आपु अवथा
नअने[५] तेजए[६] नोर ॥

अन्त में यह भणिता है—

राहि राहि[७] जाहि मुह[८] सुनि
ततहि अपए कान[९]।
सिरि सिवसिंह[१०] इ जानए
कवि विद्यापति भान ॥

सं० अ०— लाखें तरुअर, कोटिहि लता,
जूवति कत न लेख।
सबहि फूलाँ मधु-मधुमय,
मधुहु मधु विसेख ॥ ध्रु० ॥

मि० म० (पद-म० ४२)—१ लाख। २ कोटिहि। ३ सब फूल मधु मधुर नाही फूलहु फूल विसेख। ५ सराहहि। ६ फूल। ७ बास। ८ जाहि। ९ उडि। १० पड। ११ संसारक।

विशेष—न० गु० संस्करण के समान आगे की पंक्तियाँ हैं, जिनका पाठभेद—

१ तोहरे। २ तोहरे। ३ आलिङ्गन। ४ सून। ५ नयने। तेजये। ७ राही। ८ मुँह। ९ अप्पए। १० सिवसिंघ।

रा० त०—

लाखहुँ लता कोटि तरुअ
जूवति कतन लेख।
सबहि फूलाँ मधु मधुमय
मधुहुँ मधु विसेष॥
साजनि हमर वचन सूँन।
सब परिहरि तोहि इछ हरि
अओकि सराहसि पून॥
तोरिए चिन्ता तोरि वरता
सेजहु तोरिए ठाम।

जे फूल भमर निन्दहु सुमर,
बासि बिसरए न पार।
जाहि मधुकर ऊडि-ऊडि पड,
सेहे सँसारक सार॥
सुन्दरि! अबहु वचन सून।
सबे परिहरि तोहि ईछ हरि,
अओ कि सराहसि पून॥
तोरिए चिन्ता, तोरिए वरता,
सेजहुँ तोरिए ठामो।
सपनहुँ हरि तोहि न बिसर
लए उठ तोरिए नामो॥
आलिङ्गन दए पाछु निहारए,
तोहि विनु सुन कोर।
पाछिलि कथा गुपुति वेथा,
लाजे न छाडए नोर॥
सरस कवि विद्यापति गाओल
निअ मने अवधारि।
जेकर पेमेँ पराधिन वाँलभु
सेहे कलावति नारि॥

सपनहु हरि तोहि न विसरल
ए उठ तोरिए नाम ॥
आलिङ्गन वेरौँ पाछु निहारए
तोह बिनु सुन कोर।
हृदय कथा गुपुति वेथा
लाजे न छाडए नोर॥
सरस कवि विद्यापति गाओल
निअ मने अवधारि।
जकर पेमें पराधिन वाँलभु
सेहे कलावति नारि ॥

झा (पद-सं० २१)—७ जाहि। ९ संसारक।

शब्दार्थ—तरुअर = तरुवर। लेख = उल्लेख्य। परिहरि = छोड़कर। पून = पुण्य। वासि = वासी। एलि = एढ़ि, अर्दित कर। जहि = जिसे। पल = पड़, पड़ना। ससारक = ससार का। ठाम = स्थान। तोरिए = तुम्हारा। पाछु = पीछे। सुन = शून्य। पाछिलि = पीछे की। अकथ = अकथ्य।

अर्थ—लाखो तरुवर हैं, करोड़ों लताएँ हैं, कितनी युवतियाँ उल्लेख्य हैं। सब फूलो में मधु है, मधुकर हैं; (किन्तु) मधु-मधु में (भी) विशेषता है।

हे सुन्दरी! अब भी मेरी वात सुनो। श्रीकृष्ण सबको तजकर तुम्हारी इच्छा करते हैं। अपने पुण्य की सराहना करो।

भ्रमर जिस मधु को नीद में भी सुमरता है, बासी होने पर भी नही बिसार पाता, (और) उसके पास आने पर तुरत उसपर उड़कर बैठ जाता है, वही संसार में सर्वश्रेष्ठ है।

(श्रीकृष्ण) तुम्हारी ही सराहना (और) तुम्हारी ही चिन्ता करते हैं। उनकी शय्या पर भी तुम्हारा ही स्थान है। स्वप्न में भी तुम्हें ही वार-वार देखकर, तुम्हारा नाम लेकर (जब-तब चौंक) उठते हैं।

आलिङ्गन देकर पीछे (आलिङ्गन करने के बाद) देखते हैं, (तो) तुम्हारे विना क्रोड को सूना पाते हैं। पिछली कथा तो अकथनीय है (अर्थात् किसी से पिछली कथाएँ कह भी नहीं सकते)। लज्जा से आँसू भी नहीं वहा सकते।

मालवरागे—

[२२]

आदर[१] अधिक काज न[२] बन्ध
माधव बुझल तोहर अनुबन्ध
आसा राखह नयन[३] पठाए
कति[४] खन कौसले[५] क(प)ट[६] नुकाए॥ ध्रु० ॥

ए कान्हु ए कान्हु[7] तोहे[8] जे सयान[9]
ता के[10] बोलिअ[11] जे उचित न जान ॥
कसिअ कसौटी[12] चीन्हिअ[13] हेम
प्रकृति परेखिअ[14] सुपुरुष[15] पेम ॥
सौरभे[16] जानिअ कुसुम[17] पराग
नयने नीर दिअ[18] नव अनुराग ॥
विद्यापति. ॥[19]

ने० पृ० ६, प० २२, पं० ४

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ३४४)—१ आदरे । २ नहि । ३ नयन । ४ कत । ६ कपट । ७ चल चल माधव । ८ ताहे । ९ सआन । ११ बोलिय । १३ चिन्हिअ । १४ परेखिय । १५ सुरपुख । १६ परिमले । १७ कमल । १८ निवेदिअ ।

अन्त में भणिता है—

मनइ विद्यापति नयनक लाज ।
आदरे जानिअ आगिल काज ॥

मि० म० (पद-स० ३७६)—१ आदरे । २ नहि । ३ नयन । ४ कत । ६ कपट । ७ चल चल माधव । ८ तोह । ९ सआन । १० तावे । १३ चिन्हिअ । १४ परेखिअ । १५ सुपुरुख । १६ परिम्ल । १७ कमल । १८ निवेदिअ । अन्त में उपर्युक्त भणिता है ।

झा (पद-स० २२)—३ नयन । १९ विद्यापति ।

शब्दार्थ—बन्ध = सिद्धि । अनुबन्ध = प्रयोजन । सयान = सज्ञान । हेम = सोना ।

अर्थ—आदर अधिक (करते हो, पर) कार्य-सिद्धि नहीं । हे माधव ! मैंने तुम्हारा प्रयोजन समझ लिया ।

आँखें मेलकर (आँखों के इशारे से) आशा रखते हो· (लेकिन) कबतक कौशल से कपट छिप सकता है ?

हे कृष्ण ! तुम सज्ञान हो । (तुम्हें क्या कहा जाय ?) उसको कहना चाहिए, जो उचित नहीं जानता ।

कसौटी पर कसकर सोना को पहचानते हैं (और) प्रकृति से ही सुपुरुष का प्रेम परखा जाता है ।

सौरभ से फूलों का पराग जाना जाता है (और) आँखों का पानी ही नव अनुराग देता है (अर्थात् आँखों के पानी से ही नव अनुराग जाना जाता है) ।

सं० अ०—२ नहि । ३ नअन । ७ कौमले । ८ तोहँ । ९ मजान । १२ कसउटी । १४ परेखिअ । १५ सुपुरुख । १६ सउरभे । १८ नअने निवेडिअ ।

मालवरागे—

[२३]

अगमने प्रेम[1] गमने कुल जाएत
चिन्ता पङ्क लागलि करिणी[2]
मञे[3] अबला दह दिस[4] भमि झाखओ[5]
जनि व्याध[6] डरे[7] भीरु[8] हरिणी[9] ॥ ध्रु० ॥
चन्दा दुरजन गमन विरोधक[10]
उगल गगन भरि[11] वैरि मोरा[12] ॥
कुहु[13] भरमे पथ पद आरोपल
आए तुलाएल पञ्चदशी[14]
हरि अभिसार मार उदवेजक
कओने[15] निबारब कुगत ससी[16] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १०(क), प० २३, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २८८)—२ करिनी। ९ हरिनी। १० विरोधी। ११ भरि नखत। १२ (बाद में) के पहु आन परबोधी। १३ कुहू। १६ शशी।

मि० म० (पद-सं० ३१७)—१ प्रेमकु। २ करिनी। ४ दिसआ। ५ झाखओ॑। ६ हरिनी। १२ (बाद में) के पहु आन परबोधी। १३ कुहु। १४ पञ्चदसी। १५ कओने।

झा (पद-सं० २३)—१३ कुहू।

शब्दार्थ—करिणी = हस्तिनी। दह = दस। कुहु = अमावास्या। पथ = मार्ग। तुलाएल = उपस्थित हुआ। पञ्चदशी = पूर्णिमा। मार = कामदेव। उदवेजक = उद्वेग करानेवाला। कुगत = कुमार्ग पर चलनेवाला।

अर्थ—नहीं जाने से प्रेम (और) जाने से कुल जायगा। (अतएव) चिन्ता-रूपी पङ्क में हस्तिनी फँस गई है।

मैं अबला दसो दिशाओं में फिरकर झाँख रही हूँ, जैसे व्याध के डर से भीता हरिणी झाँखती है।

दुर्जन चन्द्रमा गमन का विरोधी है। मेरा वैरी सम्पूर्ण आकाश में उग आया है।

सं० अ०—१ पेम। २ करिनी। ३ मोञे। ५ झाँखओ। ६ वेआध। ७ डरे॑। ८ भिरु। ९ हरिनी। १० विरोधी। १२ उगल गगन भरि नखत वैरि मोरा के पहु जान परबोधी। १४ पञ्चदसी।

अमावास्या के धोखे मार्ग पर पैर रखा, (किन्तु) पूर्णिमा आकर उपस्थित हो गई।

कृष्ण के लिए अभिसार में कामदेव उद्वेग करानेवाला है, (लेकिन) कुमार्ग पर चलनेवाले चन्द्रमा को कौन रोकेगा ?

मालवरागे—

[२४]

प्रथम प्रेम हरि जत बोलल
आदर ओल[1] न[2] भेल
बोलल जनम भरि जे रहत
दिने दिने दुर गेल ॥ ध्रु०॥
किदहु मोर अविनय पलल[3]
की[4] मोर दीघर मान
कि परपेअसि[5] पिसुन वचन तथी
पिआओे[6] देल कान ॥ ध्रु०॥[7]
साजनि माधव नहि गमार
पेमे पराभव बहुत पाओल
करम-दोस हमार ॥
बड[8] बोलि हरि जतने सेओल[9]
सुरतरु सम जानि
अनुभवे[10] भेल कपट-मन्दिर
आबे की[11] करब आनि ॥
सुपहुक वचन······रद[12] सम
मोहि[13] अखलल[14] भान
अपन[15] भासा बोलि बिसरए
इथी[16] बोलत आन ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १०(क), प० २४, प० ५

सं० अ०—४ कि। १० अनुभवे॑। १२ सुपहुक वचन द्विरद-रद-सम मोहि अखलल भान।

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४६१)—१ अदरश्रो। ३ परल। ४ कि। ७ कत। १२ बजर। १४ रख लेल। १५ अपना। १६ इथि।

मि० म० (पद-सं० ४५१)—१ अदरश्रो। २ नन। ४ कि। ५ परपेयसि। ६ पिवाषे। ८ कत। ९ सेओवल। ११ कीपर। १२ बद सम। १४ सुखलल। १५ आपन। १६ इथि।

झा (पद-सं० २४)—७ पाठाभाव। १३ मोहिअ।

शब्दार्थ—बोलल = कहा। ओल = ओर, अन्त। भेल = हुआ। किदहु = क्या। पलल = पड़ा हुआ। दीघर = दीर्घ। तथी = तो। इथी = यही। अखलल = अक्षर, (आक्षेति > अक्खति, अच्छति > अक्खइ, अच्छइ > अक्खडइ।) जो टस-से-मस नहीं हो।

अर्थ—प्रथम प्रेम मे जितना कृष्ण ने कहा, उतना आदर अन्त तक नहीं हुआ। (मैंने समझा,) कहा हुआ जन्म भर रहेगा; पर दिन-दिन वह दूर चला गया।

क्या मेरी अविनय आ पड़ी, क्या मेरा मान दीर्घ है? क्या पर-प्रेयसी या पिशुन के वचन मे प्रिय ने कान दिया है?

हे, सखी! माधव गँवार नहीं हैं। (मैंने) प्रेम मे बहुत पराभव पाया—(यह) मेरा कर्मदोष है।

कृष्ण को बड़ा कहकर (समझकर), सुरतरु के समान जानकर सेवा की, (किन्तु) अनुभव से वे कपट-मन्दिर (साबित) हुए। अब उन्हें लाकर क्या करूँगी?

बड़ों का वचन (हाथी के) दाँत के समान मुझे अक्षर (टस-से-मस नहीं होनेवाला) ज्ञात हुआ। (किन्तु वे) अपनी बात कहकर भूल जाते हैं—यही दूसरे कहेंगे।

मालवरागे—

[२५]

सेहे परदेसे[1] परजोषित[2] रसिआ[3]
हमे धनि कुलमति नारि
तन्हि पुनु कुशले[4] आओब निज आलए
हम जीवे गेलाह मारि ॥ ध्रु० ॥
कहब पथिक पिआ[5] मन दए रे
जौवन वले[6] चलि जाए।
जओ[7] आविअ तओ[8] अइ(स)ना[9] आओब
जाओ[10] विजयी रितुराज

सं० अ०—१ परदेस। २ परजोखित। ४ कुसले। ६ वले॑। ९ अइसना। १० जावे। ८ जानिन।

अवधि बहत[११] हे रहत[१२] नहि जीवन
पलटि न होएत समाज ॥
गेला नीर निरोधक की फल
अवसर बहला दान
जओ[१३] अपने नहि जानीआ[१४] रे
भल जन पुछब आन ॥
विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १०, प० २५, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६६८)—१ परदेश। ३ रसिया। ५ पिया। ८ तइअओ। ६ न। १२ रहब। १४ जानीअ।

सि० म० (पद-स० ५०४)—१ परदेस। २ परजोसित। ४ कुसले। ७ जयँ। ६ अइ न। ११ बहुत। १२ रहुत। १३ जयँ।

झा (पद-सं० २५)—६ सुइना।

शब्दार्थ—परजोषित=परकीया स्त्री। आलए=आलय—स०। अइ (स) ना= इस अवसर में। वहत=व्यतीत हो जाने पर। समाज=सङ्ग।

अर्थ—वे (श्रीकृष्ण) परदेश में परकीया स्त्री के रसिक हैं, (किन्तु) हम तो कुलवती नारी हैं।

वे तो सकुशल अपने घर (लौट ही) आयेंगे; (लेकिन) हमारे जीवन को नष्ट कर गये।

हे पथिक! प्रिय को मन देकर (लगाकर) कहना (कि) यौवन वरजोरी चला जा रहा है।

यदि आना हो, तो ऐसे ही अवसर में आये, जबतक कि विजयी ऋतुराज है।

अवधि बीत जाने पर जीवन नहीं रहेगा (और) लौटकर (फिर) समागम नहीं होगा।

पानी के (बह) जाने पर अवरोध (बन्ध) से क्या? अवसर बीत जाने पर दान से क्या? यदि स्वयं नहीं समझते, तो किसी दूसरे भले आदमी से पूछ लें।

मालवरागे—

[२६]

नवहरितिलकवैरि[१]-सख यामिनि[२]
कामिनि[३] कोमल कान्ती[४]
जमुना[५] जनकतनयरिपु घरिणी[६]
सोदरसुअ[७] कर साती[८] ॥ ध्रु० ॥

माधव तुअ गुण लुबुधलि रमणी[10] ।
अनुदिने[11] खिन[12] तनु[13] दनुजदमनधनि[14]
भवनज[15] वाहन गमनी ॥
दाहिन हरि तह पाव पराभव
एत सवे सह तुअ[16] लागी ॥
बेरिएक सरु[17] सागर गुनि खाइति
बधक होएब[18] तोहे[19] भागी ॥
सारङ्ग साद विषाद[20] बढाबए[21]
पिकधुनि सुनि पचतावे[22]
अदितितनयभोअण[23] रुचि सुन्दर[24]
दसमि[25] दशा लग आवे ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

नेo पृo ११(क), पo २६, पo ४

पाठभेद—

नo गुo (पद-सo प्रo ८)—१ वैरी । २ यामिनी । ३ कामिनी । ४ काँति । ५ यमुना । ६ घरणी । ७ सुय । ८ शाति । १२ खीन । १४ धनी । १६ तुय । १७ शर । १८ होयव । १९ तोहें । २१ वढावय । २२ पछताबे । २३ मोअन । २५ दशमी ।

अन्त में भणिता—

विद्यापति मन गुनि अबला जन
समुचित चलु निअ गेहा ।
राजा शिवसिंह रूपनरायन
लखिमा लखिमी देहा ॥

मिo मo (पद-संo ५७८)—१ वैरी । २ यामिनी । ३ कामिनी । ४ कान्ति । ६ घरनी । ८ साति । १२ खीन । १८ धनी । १५ मवनुद्ध । १७ सर । १८ होयब । १९ तोहें । २० विसाद । २१ वढावय । २२ पछताबे । २३ मोअन । २५ दसमी ।

शब्दार्थ—नव हरि = द्वितीया का चन्द्रमा । नवहरितिलक = महादेव । नवहरितिलकवैरि = कामदेव । नवहरितिलकवैरि-सख = वसन्त । जमुनाजनक = सूर्य । जमुनाजनकतनय = कर्ण । जमुनाजनकतनयरिपु = अर्जुन । जमुनाजनकतनयरिपु-

---

संo अo—२ जामिनि । ४ काँति । ६ घरिनी । ८ साति । ९-१० माधव तुअ गुने लुबुधलि रमनी । ११ अनुदिन । १३ तनि । १७ सर । १९ तोहेँ । २२ पछतावे । २३ भोअन । २४ सुन्दरि । २५ दसमि दसा ।

घरिणी = सुभद्रा। जमुनाजनकतनयरिपुघरिणी-सोदर = कृष्ण। जमुना···सोदर-सुत = प्रद्युम्न (कामदेव)। साती = (शास्ति—सं०) दण्ड। दनुज = दैत्य। 'दनुजदमन = विष्णु—दनुजदमनधनि = लक्ष्मी। दनुज·· धनि-भवन = कमल। दनुज · भवनज = ब्रह्मा। दनुज···वाहन = हंस। दाहिन हरि = दक्षिण पवन। वेरिएक = कदाचित्। सरु = पाँच। सागर = चार। सरु सागर गुनि = बीस, विष। सारङ्ग = भ्रमर। साद = शब्द। सारंग-साद = भ्रमर-गुञ्जन। अदितितनय = देवता। अदिति·· भोअण = अमृत। रुचि = कान्ति। दसमि दसा = मृत्यु। कान्ती = (काँति - मै०) आकृति।

अर्थ—वसन्त की रात है (और) कामिनी कोमल आकृतिवाली है।
(अतएव) कामदेव दण्ड दे रहा है।
हे माधव। रमणी तुम्हारे गुण से लुभा गई है।
हंसगामिनी प्रतिदिन खिन्न होती जा रही है।
दक्षिण पवन से वह) पराभव पाती है। ये सभी तुम्हारे लिए ही सहती है।
कदाचित् (वह) विष खा लेगी, तो तुम बध के भागी होगे।
भ्रमर का गुञ्जार विषाद बढ़ा रहा है। कोयल की ध्वनि सुनकर वह पछता रही है।
अमृत के समान सुन्दर कान्तिवाली (नायिका) मृत्यु के समीप पहुँच रही है।

मालवरागे—

[२७]

हरिरिपुवरदपत्र[1] गृहरिपु
ता हर काल हे।
तासु भीमरुत विरहे बेआकुल
से सुनि हृदया साल हे॥ ध्रु०॥
सुन सुन्दरि तेज मान कुरु गमने।
अनुदिने तनु खिनि तुहिन नही जीनि
तुअ दरसने ता जीवने॥
हरिरिपु असन, ऐसन वरणो, जिम
मुञ्चसि, गोविजिम[2] गोविना[3]।
करे कपोल गहि सीदति सुन्दरि
गोज मिलल ससिहि कला॥
हरिरिपुनन्दप्रियासहोदर
देह न[4] ता सुअ कामिनी॥
विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ११, प० २७, प० ३

पाठभेद—

झा (पद-सं० २७)—१ पए। २ गोव्रज मे। ३ गोविन्द।

विशेष—इस कूटकूट का पाठ अपूर्ण प्रतीत होता है। अतएव, अनेक शब्दों की अर्थ-संगति नहीं बैठती। फिर भी, प्रकृत मूल सामग्री से जो भाव ध्वनित होते हैं, वे प्रस्तुत किये जाते हैं।

शब्दार्थ—हरिरिपु = राहु, वरद = ब्रह्मा। पत्रगृह = कमल। रिपु = वर्षा। तासु भीमरुत = वर्षा में भयानक शब्द करनेवाला मयूर। तेज = छोड़ो। तुहिन नही जीनि = तुम्हीं नहीं जी सकोगी। ता जीवने = उसका जीवन। हरिरिपु = राहु। हरि··· असन = अमृत। ऐसन = ऐसी। वरगो जिम = वर युवती। मुञ्चसि = छोड़ते हो। गोवि-जिम = गोपियो की तरह। गोविना = हे गोविन्द। करे = हाथ से। कपोल गहि = गाल पर हाथ रखकर। सीदति = दुःखी है। हरि = सर्प। हरिरिपु = गरुड। हरिरिपुनन्द = विष्णु। हरिरिपुनन्दप्रिया = लक्ष्मी। हरिरिपुनन्दप्रियासहोदर = चन्द्रमा। देइ न ता = उसे नही देता। सुअ = सुख।

पाण्डुलिपि में पद के नीचे लिखा है—१ गोव्रज मे। ३ गोविन्द। ४ देति नहि हे।

अर्थ—वर्षा का समय संप्राप्त है।

मयूर का गर्जन सुनकर नायिका के हृदय में कष्ट हो रहा है।

हे सुन्दरी! मान छोड़कर नायक के पास जाओ।

तुम दिन-दिन खिन्न होती जा रही हो, तुम नहीं जी सकोगी। किन्तु बिना तुम्हारे देखे उनका भी जीवन नहीं रहेगा।

अमृत ऐसी कान्तिवाली श्रेष्ठ गोपी को कृष्ण छोड़ रहे हैं।

हाथ पर गाल रखकर वह कामिनी झाँख रही है। जान पड़ता है, जैसे कमल चन्द्रकला मे मिल गया हो।

चन्द्रमा उसे शान्ति नहीं दे रहा है।

मालवरागे—

[२८]

चान्दबदनि धनि चान्द उगत जबे
दुहुक उजोरे दुरहि सओ[1] लखत सबे।
चल गजगामिनि जाबे तरुण[2] तम
किम्बा[3] कर अभिसारहिँ[4] उपसम ॥ ध्रु० ॥
चान्दबदनि धनि रयनि[5] उजोरी[6]
कओने[7] परि गमन होएत सखि मोरी[8]।

सं० अ०—१ सनो। २ तरुन। ३ किंवा। ४ अभिसारहि। ५ रजनि।

तोहे[9] परिजन परिमल दुरबार
दुर सञो[10] दुरजने लखब अभिसार ॥
चौदिस[11] चकित नयन[12] तोर देह
तोहि लए जाइते मोहि सन्देह ॥
अगिरिअ[13] एलाहु[14] पर आएत काज
विफल भेले[15] मोहि जाइते लाज ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १२(क), प० २८, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० २४४)—१ सञो। २ तञ्न। ४ अभिसारहि। ६ उञोरि। ७ कओने। ८ मोरि। १० सञो। १३ आगरि। १४ अएलाहु।

मि० म० (पद-स० ३०४)—१ सयँ। २ तञ्न। ४ अभिसारहि। ६ उञोरि। ७ कओने। ८ मोरि। १० सावँ। १३ आगरि। १४ अएलाहु।

झा (पद-स० २८)—६ तोहो।

शब्दार्थ—उजोरे=प्रकाश से। लखत=देखेंगे। उपसम=रोक। रयनि=रात्रि। कओने परि=किस तरह। अगिरिअ=अंगीकार करके। पर आएत=(परायत्त—सं०) पराधीन।

अर्थ—हे चन्द्रवदने! जब चन्द्रमा उग जायगा, तब दोनों के प्रकाश से सब लोग दूर से ही देख लेंगे।

हे गजगामिनि! जबतक घना अन्धकार है, तभी तक चलो अथवा अभिसार को रोक ही दो।

(नायिका सखी से पूछती है—) नायिका चन्द्रवदना है, (इसलिए) चाँदनी रात है। हे सखी! किस तरह मेरा गमन होगा?

तुम्हारा परिजन परिमल की तरह दुर्वार है (अर्थात्, जिस तरह परिमल फूल के चारो ओर व्याप्त रहता है, उसी तरह परिजन भी चारों ओर व्याप्त हैं)। दूर से ही दुर्जन अभिसार देख लेंगे।

चारो ओर चकित आँखें तुम्हारी देह (पर) लगी हैं। तुम्हें लेकर जाते मुझे सन्देह हो रहा है।

पराधीन कार्य को अङ्गीकार करके (मैं) आई थी अथवा अंगीकार करके आई तो थी; किन्तु काम पराधीन है। विफल होकर जाने में मुझे लज्जा हो रही है।

---

११ चउदिस। १२ नजन। १३-१४ अँगिरि अएलहुँ। १५ भेलें।

मालवरागे—

[२९]

जलउ जलधि जल[1] मन्दा
जहा[2] वसे दारुण[3] चन्दा।
वचन नहि के परमाने[4]
समय न सह पचवाने[5] ॥ ध्रु० ॥
कामिनि[6] पिआ[7] विरहिनी
केवल रहलि[8] कहिनी।
अवधि समापित भेला
कइसे हरि वचन चुकला ॥
निठुर पुरुष[9] पिरिती[10]
जिव दए सन्तर[11] युवती[12]।
निचल नयन[13] चकोरा
ढरिए[14] ढरिए[15] पळ नोरा ॥
पथए[16] रहुअ[17] हेरि हेरी
पिआ[18] गेल अवधि विसरी।
विद्यापति कवि गावे
पुनफले सुपुरुष[19] की नहि पावे ॥

ने० पृ० १२(क), प० २६, प० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६७८)—४ परमाणे। ५ पचवाणे। ६ कामिनी। ७ पिया। ८ रहिलि। १० पिरीति। ११ सन्तव। १४ ढरिये। १५ ढरिये। १६ पथये। १७ रहओ। १८ पिया।

मि० म० (पद-सं० ५२६)—३ दारुन। ६ कामिनी। ७ पिया। ९ पुरुष। १० पिरीति। ११ सन्तव। १२ जुवती। १६ पथये। १८ पिया। १९ सुपुरुष।

झा (पद-सं० २९)—१ पाठाभाव।

शब्दार्थ—जलधि=समुद्र। दारुण=भयानक। पचवाने=कामदेव। सन्तर=पार करती है। निचल=निश्चल। ढरिए ढरिए=ढुलक-ढुलककर। पथए=मार्ग।

सं० अ०—२ जहाँ। ३ दारुन। ४ वचनक नहि परमाने। ५ पॅचवाने। १२ जुवती। १३ नअन। १७ रहए।

अर्थ—समुद्र का मन्द (निकृष्ट) पानी जल जाय—जहाँ भयानक चन्द्रमा वास करता है।

(प्रिय के) वचन का कोई प्रमाण नहीं, (किन्तु) कामदेव समय (अवधि) का सहन नहीं करता (अर्थात्, अवधि की प्रतीक्षा नहीं करता)।

कामिनी प्रिय की विरहिणी हो गई। (प्रिय की) केवल कहानी रह गई।

अवधि बीत गई। कृष्ण कैसे (अपना) वचन भूल गये?

निष्ठुर पुरुष की प्रीति को युवती प्राण देकर पार करती है।

नयन-रूपी चकोर निश्चल (संचारहीन) हो गये। (उनसे) आँसू ढुलक-ढुलककर गिर रहे हैं।

(विरहिणी प्रिय के) मार्ग को देख रही है। (किन्तु) प्रिय अवधि को भूल गये।

विद्यापति कवि गाते हैं (कहते हैं) कि सुपुरुष पुण्यफल से क्या नहीं पाता है?

मालवरागे—

[३०]

पुरुब जत अपुरुब भेला
समय वसे सेहओ[1] दुर गेला।
काहि निवेदओ कुगत पहू[2]
परम हो[3] परवतओ[4] लहू[5] ॥ ध्रु० ॥
तोहँहु[6] मानवित्त[7] अभिमानी
परजना ओ बड भय हानी।
हृदय[8] वेदन राखिअ गोए
जे किछु करिअ भुजिअ[9] सोए॥
सबहि साजनि धैरज सार
नीरसि कह[10] कवि कण्ठहार॥

ने० पृ० १३(क), पद० ३०, प० ३

पाठभेद—

मि० म० (पद-म० ५१८)—२ पहु। ३ परमहो। ४ परवत। ५ ओलाहु। ६ तोहँहु। ७ मानवित्तँ। ९ भुञ्जिअ। १० कहु।

झा (पद-स० ३०)—४ पर-रत ओ। ७ मानवि ओ।

स० अ०—१ सेहो। ३ परमत हो। ६ तोहहुँ। ८ हृदअक।

शब्दार्थ—पुरुब = पूर्व। अपुरुब = अपूर्व। सेहओ = वह भी। कुगत = कुमार्गगामी। मानवित्त = मानधन। परजना = पर-पुरुष। गोए = छिपाकर। भुजिअ = भोग करते हैं। नीरसि = सब-कुछ छोड़कर।

अर्थ—पूर्व (समय) में जो कुछ अपूर्व (व्यवहार) हुआ, समय के फेर से वह भी दूर चला गया।

किससे निवेदन करूँ कि (मेरे) प्रभु कुमार्गगामी हो गये। पर्वत के सदृश महान् व्यक्ति भी अत्यन्त नीच हो सकता है।

तुम भी मान-धन की अभिमानिनी हो (और) वे पर-पुरुष हैं। बड़ा भय है कि हानि (न हो जाय!)

हृदय की वेदना छिपाकर रखनी चाहिए। जो जैसा करते हैं, वैसा भोगते हैं।

कविकण्ठहार (विद्यापति) कहते हैं कि हे सजनि! सब-कुछ छोड़कर धैर्य धारण करो।

मालवरागे—

[३१]

झटक झाटल छाडल[१] ठाम
कएल महातरु तर बिसराम।
ते[२] जानल जिव रहत हमार
सेष[३] डार[४] टुटि पळल[५] कपार॥ ध्रु०॥
चल चल माधव कि कहब जानि
सागर अछल थाह भेल पानि।
हम[६] जे अनओले[७] की भेल काज
गुरुजने परिजने होएतउ हे[८] लाज॥
हमरे वचने जे[९] तोहहि विराम
फेकलेओ चेप पाब पुनु ठाम॥
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० १३ (क), पद ३२, प० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३४९)—१ छोड़ल। ५ परल। ८ होएत।
सि० स० (पद-सं० ४३५)—१ छोड़ल। ३ सेस।

सं० अ०—१ झाँटल छाडल। २ तञे। ४ डारि। ६ हमें। ७ अनओलें।
८ पाठाभाव। ९ जओ।

झा (पद-सं० ३१)—पाठभेद नहीं है।

शब्दार्थ—झटक = झंझावात। झाटल = झकझोरा। छाडल = छोड़ा। सेष = अन्त में। अछल = था। अनओले = मँगाया। फेकलेओ = फेंका हुआ भी। चेप = ढेला।

अर्थ—झंझावात से झकझोरी हुई मैंने स्थान-त्याग किया (और) महातरु के नीचे विश्राम किया।

इससे (मैंने) समझा कि मेरे प्राण बचेंगे: (किन्तु) अन्त में डाल टूटकर माथे पड़ी।

हे माधव, चलो, चलो, जान-बूझकर ही मैं क्या कहूँ? (जो) समुद्र था, (उसका भी) पानी थाह हो गया।

हमें मँगाकर कौन काम हुआ? अब गुरुजनों (और) परिजनों के बीच होते भी लज्जा होगी।

मेरे कहने से भी यदि तुम्हें विराम (चैन) हो, (तो समझूँगी कि) फेंका हुआ ढेला भी पुनः स्थान पा गया।

ए रागे—

[३२]

अवयव सबहि नयन पए भास[१]
अहिनिसि झाषए[२] पाओव पास।
लाजे न कहए हृदय[३] अनुमान
प्रेम[४] अधिक लघु जानत आन[५] ॥ ध्रु० ॥
साजनि की[६] कहब तोर गेआन[७]
पानी पाए सीकर[८] मेल[९] कान्ह।
बहिर[१०] होइआ[११] नहि[१२] कहिअ समाद
होएतौ[१३] हे सुमुखि पेम परमाद ॥
जओ तन्हिके जोवने[१४] तोह काज
गुरुजन परिजन परिहर लाज।
दण्ड दिवस दिवसहि हो मास[१५]
मास पाव[१६] गओ[१७] वर्षक[१८] पास ॥

स० अ०—१ अवएव सबहि नअन पए भास। २ झाँखए। ३ हृदअ। ४ पेम। ५ मान। ६ कि। ९ मेलि। ११ होइअ। १३ होएतउ। १७ गए। १८ बरखक।

तोहर युडाइ[19] तोहरे[20] मान
गेल रुजाए[21] केओ आन परान ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १३, प० ३३, पं० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४१६)—४ पेम। ६ कि। ७ गेयान। ८ सिकर। १० बाहर। ११ होइ। १२ आनहि। १३ होपतओ। १५ मास। १७ गए। १८ बरसक। १६ जुड़ाइ। २१ बुझाय।

मि० म० (पद-सं० ४१५)—२ झाखए। ४ पेम। ५ जनित आन। ६ कि। ७ गेआन। ८ सिकर। ११ होइ। १२ आनहि। १४ जीवन। १८ बरसक। १६ जुड़ाइ। २० तोहार। २१ बुझाय।

झा (पद-सं० ३२)—६ कि। १६ पार। २१ रुआए।

शब्दार्थ—पए=पर। पाओब=पाऊँगा। गेआन=ज्ञान। पानी=(पाणि—सं०) हाथ। पाए=(पाद—सं०) पैर। सीकर=जंजीर। युडाइ=जुड़ाई, शीतलता। रुजाए=रुग्ण, कष्टयुक्त।

अर्थ—(तुम्हारे) सभी अवयव (कृष्ण की) आँखों पर भासमान हैं। (वे) अहर्निश झाँखते हैं कि (कब) सामीप्य पाऊँगा?

(वे) लज्जावश कहते नहीं। (तुम) हृदय में ही अनुमान कर सकती हो। अन्य व्यक्ति बड़े प्रेम को भी छोटा ही समझते हैं।

हे सखी! तुम्हारे ज्ञान को मैं क्या कहूँ? कृष्ण के हाथ पैर के लिए (तुम) जजीर (बन गई हो)।

सवाद नहीं कहने से (सवाद ले जानेवाला) बहरा हो जाता है। (इसीलिए मैं सवाद कह रही हूँ।) हे सुमुखि! (नहीं जाने से) प्रेम में प्रमाद हो जायगा।

अगर उनके जीवन से तुम्हें काम हो, तो गुरुजनों और परिजनों की लज्जा छोड़ दो।

(उनके लिए) दण्ड दिवस (और) दिवस मास हो रहा है। (और) मास तो वर्ष के समीप जा पहुँचा है।

तुम्हारा मान तुम्हें ही शीतलता प्रदान कर सकता है। (लेकिन) किसी दूसरे के प्राण रुग्ण हो गये।

मालवरागे—

[३२]

भागल कपोल अलके[1] लेल साजि
सङ्कुरल[2] नयन[3] काजरे आजि[4]।
पकला केश[5] कुसुम कर वास
अधिक सिङ्गारे[6] अधिक उपहास ॥ ध्रु० ॥

---

१६ जुड़ाई।

सं० अ० —१ अलकें। ३-४ नअन काजरें आजि। ५ केस। ६ सिङ्गारें।

आहा बएस कतए चलि[7] गेल
बड़ उपताप देखि मोहि भेल।
थोथल[8] थैआ थन दुइ[9] भेल
गरुअ नितम्ब सेहओ दुर गेल॥
जौवन सेष[10] सुखाएल अङ्ग
पछेहेळि[11] लुळए उमत अनङ्ग॥
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० १४(क), प० ३४, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० १५, परकीया)—हमे धनि कूदनि परिनति नारि
वैसहु बास न कहो[1] विचारि
काहु के पान काहु दिअ सान
कत न हकारि कयल[2] अपमान
कय परमाद धिया मोर भेल
आहे यौवन कतय चल गेल
माङ्गल कपोल अलक भरि साजु
सङ्कुल लोचने काजर आजु
धवला केस कुसुम कर वास
अधिक सिङ्गारे अधिक उपहास
थोथर थैया थन दुओ भेल
गरुअ नितम्ब कहाँ चल गेल
यौवन शेष[3] सुखापल अङ्ग
पाछु हेरि विलुलइते उमत अनङ्ग
खने खस घोघट विघट समाज
खने खने आव[4] हकारलि लाज
भनहि विद्यापति रस नहि छेओ
हासिनिदेवि पति देवसिंह देओ

मि० म० (पद-सं० ६)—(न० गु० से) १ कए। २ सेस। ३ अब। शेष पाठ न० गु० की भाँति हैं।
झा (पद-सं० ३३)—२ सङ्कुचल। ४ आजि। ८ थोथळ।

शब्दार्थ—माँगल = सिकुड़े हुए। अलके = केश से। सङ्कुरल = सङ्कुचित। आजि = अञ्जन करके। थोथर थैआ = जर्जर। थन = स्तन। गरुअ = गुरु—स०। पछेहेळि = पीछे-पीछे। लुळए = चलता है।

---

७ चल। ८ थोथड। ९ दुहु। १० जउवन सेस। ११ पछेहेडि लुडए उमत अनङ्ग।

अर्थ—सिकुड़े हुए कपोलों को केशों से सज्जित कर लिया, सकुचित नेत्रों को काजल से आँज लिया।

पके केशों को फूलों से सुवासित कर लिया, (लेकिन) अधिक शृङ्गार से अधिक उपहास ही हुआ।

अहा! (मेरी) युवावस्था कहाँ चली गई? देखकर मुझे बड़ा दुःख हो रहा है।

दोनों स्तन जर्जर हो गये। गुरु नितम्ब भी दूर चला गया।

यौवन शेष हुआ, अङ्ग सूख गये; (फिर भी) उन्मत्त अनङ्ग पीछे पीछे चल रहा है।

मालवरागे—

[३४]

तोहर हृदय[१] कुलिस कठिन
वचन अमिअ धार
पहिलहि नहि बूझए[२] पारल
कपट के बेवहार
जत जत मन छल मनोरथ
विपरित सबे भेल[३]
आखि देखइते कुपथ[४] धसलिहु
आरति गौरव[५] गेल ॥ ध्रु० ॥
साजनि हमे कि बोलब आओ[६]
आगु गुनि जे[७] काज न करिअ[८]
पाछे हो पचताओ[९]
उत्तिम जन बेबथा छाडए[१०]
निअ[११] बेथा चूक
कैसे[१२] कए से मुह देषाबए[१३]
पैसि पतारल कूप ॥
अबे हमे तुअ सिनेह जान...[१४]
कओन उपमा देब

सं० अ०—१ हृदअ। २ तुझए। ३ सबे विपरित भेल। ४ आखि देखइते कूप। ५ गउरव। ६ आव। ७ जओ। ९ पाछु हो पछताव। १२ कइसे। १३ देखावए। १४ जानल।

ए हरि चोचक खोन्धा[15] अइसन
किछु न बानि-षेब[16] ॥
विद्यापतीत्यादि ॥

ने पृ० १४(क), प० ३५, प० ५,

पाठभेद—

झा (पद-सं० ३४)—२ बुझए। ८ करए। १० छाडए। ११ निज। १६ किछु लवा लिषेव।

शब्दार्थ—कुलिस = वज्र । अमिञ = अमृत । आरति = आर्त्ति—सं० । आओ = और। गुनि = सोचकर। पचताओ = पछतावा। वेवथा = व्यवस्था। वेथा = व्यथा। पतारल = पातालगामी। चोचक = चौंचा (एक छोटी चिड़िया) का। खोन्धा = खोंता, घोंसला। बानि-षेब = तानी-भरनी।

अर्थ—तुम्हारा हृदय वज्र के समान कठिन है, (किन्तु) वचन अमृत की धार है। (मैं) कपट का व्यवहार पहले नहीं समझ सकी।

(मेरे) मन मे जितने जो कुछ मनोरथ थे, सभी विपरीत हो गये। आँख से देखते हुए भी (मैं) कुपथ में जा गिरी। आर्त्तिवश (मेरा) गौरव चला गया।

हे सखी! मैं और क्या कहूँगी? आगे सोचकर जो काम नहीं करता है, (उसे) पीछे पछतावा होता है।

उत्तम मनुष्य व्यवस्था छोड़ दे, अपनी व्यथा के चलते चूक जाय, तो वह पाताल-गामी कूप में पैठकर किस तरह मुँह दिखा सकता है?

अब मैंने तुम्हारा स्नेह जान लिया। (मैं उस स्नेह की) क्या उपमा दूँ? हे कृष्ण! चोंचे के घोंसले की तरह (उसमें) कुछ भी तानी-भरनी नहीं है।

मालवरागे—

[३५]

एषने[1] पाबओ ताहि विधाताहि[2]
वान्धि[3] मेलओ अन्धकूप[4] ।
जकर नाह[5] सुचेतन नही[6]
ताके कके[7] दिअ रूप ॥ ध्रु० ॥
इ[8] रूप हमर वैरी भए गेल
देह[9] बहु डिठि[10] साल
आनका इ[11] रूप हिते[12] पए[13] होअए
हमर इ[14] मेल काल ॥

---

१५ चोंचक खोंता। १६ बानि-खेब।

स० अ०—१ एखने। ६ नाही। ७ ताके किए। ८ किए। ११ आनक इ।

साजनि आवे कि पुछह सार
परदेस पररमनि रतल
न आब[१५] कन्त हमार ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १४, प० ३६, पं० ५

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ५११)—२ तोहि विधाता। ३ हिंसाहि। ४ अनुरूप। ५ जक। ६ वलाह। ७ तकेक के। ९ देहव। १० कुडिठि। ११ आनकाड। १२ हित। १५ नआरि।

झा (पद-सं० ३५)—२ विधाता ताहि। ८ ई। ९-१० देह बहुति विसाल। ११ अनका ई। १३ पाप। १४ ई।

शब्दार्थ—एपने = इस क्षण में। पावओ = पाऊँ। ताहि = उस। मेलओ = धकेल दूँ। जकर = जिसका। नाह = नाथ—सं०, स्वामी। ताके = उसको। कके = क्यों। डिठि = दृष्टि।

अर्थ—इस क्षण में उस विधाता को पाऊँ, तो बाँधकर अन्धकूप में डाल दूँ। जिसका स्वामी सुचेतन नहीं, उसे (वह) रूप क्यों देता है?

यह रूप मेरा शत्रु हो गया। (मेरा) शरीर बहुतों की आँखों को साल रहा है। दूसरों का यह रूप हित हो सकता है; (किन्तु) मेरा तो यह काल हो गया।

हे सखी! अब क्या सार पूछ रही हो? पर-देश में, पर-रमणी में अनुरक्त मेरे कन्त नहीं आ रहे हैं।

मालवरागे—

[३६]

हमरे वचने सखि सतत न जएबे[१]
तहु[२] परिहरिहह[३] राति
पढ़ल गुनल सुग बिराडे खाएब[४]
सब दिस होएब अकान्ति[५] ॥ ध्रु० ॥
अलुरि धरब[६] हमर उपदेस
बिरडा[७] नाम[८] जते दुरे[९] सूनिअ[१०]
हठे छाड़ब से देस ।

सारी आनि सेचानके सोपलह
देषितहि[11] अपनी आखि[12]
सूध मासु हाडहि[13] सञो खएलक
केवल पखिआ[14] राखि ॥
भमि भमि बिरडा[15] सबहि[16] निहारए
डरे नहि करए उकासी
दही दुधहु[17] सञो[18] षएलक[19]
गिरिहथ[20] पळल उपासी ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १५(क), प० ३७, प० ३

पाठभेद—

मि० म० (पद-स० ५६१)—१ लजए। २ वेतहु। ३ परिहरिहुहु। ४ अगरि बाडे खाए। ५ बसव दिस होएत सुकान्ति। ६ अलुविध। ७ विरज। ८ नामे। ९ दूं। १० सुनिञ। ११ देखतहि। १३ सुषमा सुहाउहि। १४ पखि आ। १५ विरड। १६ सेबहि। १७ दुध। १८ कुसको। १९ खएलक। २० गिरि दुख।

झा (पद-स० ३६)—५ होएत अकान्ति। ६ अनु विवर। ९ दुषे। ११ देपतहि। १५ विरडो।

शब्दार्थ—तहु = उसपर भी। परिहरिहह = परिहार करना, त्याग देना। सुग = सुग्गा। विराडे = विलाव। अकान्ति = उदासी। अलुरि = अज्ञ, कर्त्तव्य ज्ञान-शून्य। सारी = सारिका, मैना। सेचान = (सचान — स०) बाज। सोपलह = समर्पित किया। सूध = शुद्ध। मासु = मास। हाडहि = हड्डी से। पखिआ = पाँख। भमि-भमि = घूम-घूमकर। उकासी = खाँसी। गिरिहथ = गृहस्थ। पळल = पड़ा।

अर्थ—हे सखी। सदा मेरे कहने से ही मत जाया करो। उसपर भी रात को (तो जाना) छोड़ ही दो। (अर्थात् मेरे कहने से जाना-आना कम कर दो।)

पढ़े-लिखे सुग्गे को बिलाव खा लेगा, चारो ओर उदासी छा जायगी।

हे कर्त्तव्य-ज्ञान-शून्ये। (मेरे) उपदेश का पालन करो। विलाव का नाम जितनी दूर में सुनो, हठात् उस देश को छोड़ दो।

अपनी आँखों से देखते हुए भी (तुमने) सारिका को लाकर बाज को सौंप दिया।

(वह) शुद्ध मास हड्डी के साथ खा गया। केवल पाँखें रख दीं।

घूम-घूमकर विलाव सबको घूर रहा है। (कोई) डर के मारे खाँसता तक नहीं दूध से दही तक—वह खा गया। गृहस्थ उपासा (भूखा) रह गया।

सं० अ०—११ देखितहि। १२ आखि। १९ दही दुध साँझर सञो खएलक।

मालवरागे—

[३७]

सुजन वचन हे जतने परिपालए
कुलमति राखए[1] गारि
से पहु वरिसे विदेस गमाओल
जओ की होइति वरनारि ॥ ध्रु० ॥
कन्हाइ[2] पुनु पुनु सभ धनि[3] समदि[4] पठाओल
अवधि समापलि आए
साहर मुकुलित करए कोलाहल[5] पिक
भमर करए मधुपान
ऋतु[6] जामिनि[7] हे कैसे कए गमाउति
तोहे विनु तेजति परान ।
कुचरुचि दुर[8] गेल देह अति खिन भेल
नयने गरए जलधार[9]
विरह पयोधि काम नाव तहि[10]
आम धरए कडहार[11] ॥

ने० पृ० १५, प० ३८, प० २

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ५०८)—३ सुमधनि । ४ समाद । ६ मन । ७ जामिनि । ८ दुं । ११ कड़हार ।

झा (पद-सं० ३७)—३ सुमधनि । ५ (कर) कोलाहल ।

शब्दार्थ—परिपालए=परिपालन करते हैं। राखए=रखती है। गारि=गाली। पहु=प्रभु। वरिसे=बरसों। समादि=संवाद देकर। समापलि=समाप्त हुई। साहर=सहकार। गरए=चूती है। कडहार=कड़आर, पतवार।

अर्थ—सुजन (अपने) वचन का यत्न से परिपालन करते हैं। कुलमती गालियों को (भी छिपाकर) रखती है।

सं० अ०—१ राखए। २-४ कन्हाइ········? पुनु पुनु सब धनि समदि पठाओल। ५ साहर मुकुलित कर कलरव। ६ मधुरितु जामिनि कइसे कए गमाउति। ९ नयन गरए जलधार। १० विरह पयोगिरि काम नाव तहि।

वे प्रभु बरसों विदेश में गँवा सकते हैं, यदि उनकी (पत्नी) वर नारी होगी।

हे कृष्ण! बार-बार सभी नायिकाओं ने संवाद भेजा है (कि) अवधि समाप्त हो चली।

सहकार मुकुलित हो गये, कोकिलाएँ कलरव कर रही हैं भ्रमर मधुपान कर रहे हैं।

(मधु) ऋतु की रात (वह) कैसे बितायगी? तुम्हारे बिना (वह) प्राण त्याग देगी।

(उसके) स्तनों की कान्ति दूर हो गई, शरीर खिन्न हो गया और आँखो से जलधारा चू रही है।

विरह-रूपी समुद्र मे उसके लिए कामदेव ही नाव है, (जिसे खेने के लिए वह) आशा-रूपी कड़ुआर धारण किये हुए है।

मालवरागे—

[३८]

सून सङ्केत निकेतन आइलि
सुमुखि विमुखि[1] भेलि
मन मनोरथ बानी[2] लागलि
रजनि निफले गेलि ॥ ध्रु० ॥
सुन सुन हरि राही[3] परिहरि
की फल पाओल तोहे
उचित छाड़ि अनुचित करसि
गेले न करिअ कोहे।
वारिस बसि नरी सर धारा[4]
धरि[5] जलधर कोपि ॥
तरुण[6] तिमिर दिग न जानए
अहि सिर गए रोपि ॥
विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १६(क), पद ३६, प० १

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ३६१)—१ विमुखी। २ बाणी। ४ वारिस बसिल बीसर धारा।

झा (पद-सं० ३८)—४ वारि सरसि-नरी सब धारा।

शब्दार्थ—निकेतन = गृह। बानी = वाणी—सं०। राही = राधा। गेले = गए हुए। नरी = नदी। जलधर = मेघ। तिमिर = अन्धकार। अहि = साँप।

सं० अ०—३ राहि। ५ धरिअ। ६ तरुन।

अर्थ—(नायिका) संकेत द्वारा निश्चित स्थान (गृह) में आई, परन्तु स्थान को सूना पाकर (अर्थात्—नायक को वहाँ नहीं देखकर वह) सुमुखी विमुखी हो गई (अर्थात्—उसका मुँह म्लान हो गया)।

मन का मनोरथ वाणी में ही रह गया। रात व्यर्थ ही बीत गई।

हे हरि! सुनो। राधा को तजकर तुमने कौन-सा फल पाया?

उचित को छोड़कर (तुम) अनुचित कर रहे हो। (शरण में) गये हुए पर क्रोध नहीं करना चाहिए।

मेघ ने क्रुद्ध होकर वर्षा के द्वारा नदी-नाले तथा सरोवर को भर दिया है।

घोर अन्धकार से दिशाएं नहीं जानी जातीं। साँप के सिर पर (पैर) रोपकर वह गई।

मालवराग —

[३६]

रभसहि[1] तह बोललन्हि मुखकान्ति
पुलकित तनु मोर कत धर भान्ति
आनन्द नोरे[2] नयन[3] भरि गेल
पेम[4] आकुर अङ्कुर भेल ॥ ध्रु० ॥
भेटल मधुरपति सपने मो आज
तखनुक[5] कहिनी कहइते लाज ॥
जखने हरल हरि आचर[6] मोर
रसभरे[7] ससरू[8] कसनी[9] भोर ॥
करे[10] कुचमण्डल रहलिहुँ गोए
कमले[11] कनकगिरि झापि[12] न होए ॥
विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १६(क), प० ४०, प० ४

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ५६६)—२ लोंर। ५ तखनक। ८ मन। ९ स्कसनी। १२ झाँपल।
झा (पद-स० ३९)—पाठभेद नहीं है।

शब्दार्थ—रभसहि=आवेश से। मुखकान्ति=प्रसन्नमुख। भान्ति=प्रकार। आकुर=आकुल। मधुरपति=मथुरापति (कृष्ण)। मो=मुझसे। कसनी=नीवीबन्ध। भोर=विभोर। कनकगिरि=कनकाचल।

स० अ०—१ रभसहिँ। २ नोरेँ। ३ नअन। ४ पेमक। ६ आँचर। ७ रसभरेँ। १० करे। ११ कमलेँ।

अर्थ—अत्यन्त आवेश से उन्होंने मेरे मुख के सौंदर्य के विषय में बातें कीं, (जिससे) मेरा शरीर पुलकित हो गया। (उसने) कितने प्रकार (रूपरेखाओं) को धारण किया।

आनन्द के आँसू से मेरी आँखें भर गईं और प्रेमाङ्कुर का उदय हुआ।

आज कृष्ण स्वप्न में मुझसे मिले। उस समय की कहानी कहते लज्जा होती है।

जब कृष्ण ने मेरे अञ्चल का अपहरण किया, (तब) रस-भार से विभोर होकर नीवी-बन्ध खिसक गया।

मैंने हाथ से (अपना) कुच-मण्डल छिपा रखा, (परन्तु) कमल से कनकाचल ढका नहीं जाता।

मालवरागे—

[४०]

बान्धल हीर अजर लए[१] हेम
सागर तह हे गहिर छल पेम।
ओउ भरल[२] इ[३] गेल सुखाए
लाह बलाह[४] मोहे[५] भरि जाए ॥ ध्रु० ॥
ए सखि[६] एतवा मागओ[७] तोहि
मोरेहु[८] अएले[९] रखिहिसि[१०] मोहि।
आरति दरसहु[११] बोलि[१२] डराति[१३]
से सबे सुमरि जीव का[१४] साति[१५] ॥
नल थल[१६] घर बाहर सम नेह[१७]
आरसि कए मोर देखित[१८] देह।
गत परान[१९] गेले[२०] होअ[२१] लाज
भल[२२] नहि अनुवद सुपहु[२३] समाज[२४] ॥
मालति मधु मधुकर ले पोछि[२५]
मान ओ करति पहु[२६] अइसनि ओछि।

सं० अ०—३ ई। ४-५ लाह वलाह मोहेँ। ६ साजनि। ७ माँगओ। ८-१० मोरेहुँ अएले रखिहसि। ११ दरसहु। १४ काँ। १८ देखितथि। २० गेलेँ।

भनइ विद्यापति कवि कठहार[२७]
कबहु[२८] न होअए जाति व्यभिचार ॥

ने० पृ० १६, प० ४३, पं० ५

पाठभेद—

रा० पु० (पद-सं० २५)—३ ई। ४ बलाहे॑। ५ मेघे॑। ६ साजनि। ७ माङ्गओ। ८ मोरहुँ। ९ अपले॑। १८ देखितह। २० भेले॑। २१ जा। २२ मलि। २३ अपद। २४ अकाज। २६ बाहु कबओ हरि।

विशेष—राममद्रपुर की पदावली में भणिता नहीं है।

मि० म० (पद-सं० ४५४)—२ ओ उमरल। ४ बलाहे। ५ मेघे। १० राखहिसि। १२ बोलित। १३ राति। १५ माति। १६ न नथ न। १७ गमनेह। १९ पराय। २५ नेपोछि। २७ कण्ठहार।

झा (पद-सं० ४०)—१ अजरल ए। २७ कण्ठहार

शब्दार्थ—हीर = हीरा। अजर = अविनाशी। हेम = सुवर्ण। तह = से। गहिर = गहरा। पेम = प्रेम। ओउ = वह। भरल = भरा हुआ। लाह = लाक्षा। मोहे = मोह से। रखिहिसि = रखना। आरति = (आर्त्ति—स०) दुःख। दरसहु = दिखलाने के लिए। साति = (शास्ति—सं०) दुःख। नल = नद। थल = स्थल। अनुवद = कहता है। जाति = स्वभाव, प्रकृति।

अर्थ—(मैंने) हीरे को सुवर्ण लेकर (दृढता से) बाँधा था। सागर से भी गहरा (मेरा) प्रेम था।

(किन्तु) वह (सागर) भरा है (और) यह (प्रेम) सूख गया। लाह, मेघ (और) मोह—(इन तीनों से ये—सोना, समुद्र और प्रेम) भरते हैं।

हे सखी। मैं तुमसे इतना माँगती हूँ (कि) मेरे आने पर भी मुझे रख लेना।

दुःख दरसाने के लिए भी (कुछ) बोलने में डरती हूँ। उन सबको (पुरानी बातों को) स्मरण कर प्राणों को तकलीफ हो रही है।

नद में (जल में) या स्थल में, घर में या बाहर में—(सर्वत्र मेरा) प्रेम बराबर है। आइने में मेरा शरीर देख लेते।

लज्जा के चले जाने से प्राण को गया ही समझना चाहिए। सुपहु (सुप्रभु, सुनायक) के समाज में (लज्जा का त्याग) अच्छा नहीं कहा जाता।

मधुकर ने मालती का मधु पोंछ लिया। (अब) वह (मालती) ऐसी ओछी (गई-बीती) है कि मान करेगी?

कवि-कण्ठहार विद्यापति कहते हैं कि कभी किसी की प्रकृति में अन्तर नहीं पड़ता।

---

२८ कबहुँ।

मालवरागे—

[४१]

पहिलहि[१] सरस पयोधर[२] कुम्भ
आरति कत न करए परिरम्भ ।
अधर सुधारस दरसए लोभ
राङ्कक हाथ रतन नहि सोभ ॥ ध्रु० ॥
साजनि[३] की[४] कहब कहइते[५] लाज
कान्हक[६] आइति पळलहु[७] आज ।
नीवी[८] ससरि कतए दहु गेलि
अपनाहु आग[९] अनाइति भेलि ॥
करतल[१०] तले धरिअ कुच गोए
पळले[११] तलित झापि नहि होए[१२] ।
भनइ विद्यापति न कर सन्देह
मधु[१३] तह सुन्दरि मधुर सिनेह ॥

ने० पृ० १७(क), प०-४३, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ५७२)—६ कान्हुक । ७ पललुह । ८ नीवि । ९ आङ्ग ।

मि० म० (पद-सं० ४८८)—३ सजनि । ४ कि । ५ कहइत । ६ कान्हुक । ७ पलयहु । ८ नीवि । ९ आङ्ग । १० करतले । ११ पलले ।

झा (पद-सं० ४१)—७ पललुह । ११ पलले । १३ मधुत ।

शब्दार्थ—आइति=(आयत्त—सं०) अधीन । आग=अङ्ग । गोए=छिपाकर । तडित=विद्युत् ।

अर्थ—पहले (वे) आर्त्त होकर सरस पयोधर-कुम्भ का कितना परिरम्भ करते हैं !

अधर-सुधारस में लोभ दरसाते हैं, (पर) रङ्क के हाथ में रत्न नहीं सोहता ।

हे सखी ! क्या कहूँ, कहते लज्जा होती है । आज (मैं) कृष्ण के अधीन पड़ गई ।

नीवी खिसककर कहाँ चली गई ! अपना अङ्ग भी अनायत्त हो गया (अर्थात्, अपने अधीन नहीं रहा) ।

सं० अ०—१ पहिलहिँ । २ पओधर । ७ पळलहुँ । ९ अपनाहुँ आङ्ग । ११-१२ पळले तळित झाँपि नहि होए ।

करतल के नीचे स्तन को छिपाकर रखती हूँ; (पर) गिरती (कौंधती) बिजली को ढका नहीं जा सकता।

विद्यापति कहते हैं—हे सुन्दरी। सन्देह मत करो। स्नेह मधु से भी (अधिक) मधुर होता है।

मालवरागे—

[४२]

नयनक[१] नीर चरणतल[२] गेल
थलहुक[३] कमल अम्भोरुह भेल।
अधर अरुण[४] निमिषि[५] नहि होए
किसलय[६] सिसिर[७] छाड़ि[८] हलु[९] धोए॥ ध्रु० ॥
ससिमुखि नोरे ओळ नहि होए
तुअ अनुरागे शिथिल[१०] सब कोए॥
भनइ विद्यापति॥

ने० पृ० १७, प० ४४, पं० ३

पाठभेद—

रा० पु०—१ नअनक। २ चरनतल। ३ थलक। ४ अरुनिमा। ५ लखि। ६ किसलअ। ७ सिसिरे॑। ८ छाड़ु। ९ जनि।

विशेष—रामभद्रपुर की पदावली में ध्रुपद के बाद निम्नलिखित पाठ है—

माधव जतनहुँ राखए गोए
ससिमुखि नोर ओळे नहि होए॥
तुअ अनुराग सिथिल सखि जानि
अचलित विसरलि मनसिज बानि।
दारुन
(आगे खण्डित है।)

न० गु० (पद-स० ११२)—२ चरनतल।

मि० म० (पद-सं० २६७)—२ चरणतल। ४ अरुन। ५ निमिसि। १० सिथिल।

झा (पद-सं० ४२)—पाठभेद नहीं है।

सं० अ०— नअनक नीर चरनतल गेल।
थलहुक कमल अम्भोरुह भेल॥
अधर-अरुनिमा लखि नहि होए।
किसलअ सिसिरेँ छाड़ु जनि धोए॥ ध्रु० ॥

शब्दार्थ—थलहुक कमल = थलकमल (पुष्पविशेष)। अम्भोरुह = जलज (कमल)। निमिषि = निमेष। किसलय = नवपल्लव। हलु = है। ओल = ओर, अन्त।

अर्थ—आँख का पानी (आँसू) चरणतल में जा पहुँचा (अर्थात्, आँसू से उसके पैर तक भीग गये)। स्थलकमल जलज (कमल) हो गया।

निमिषमात्र के लिए भी उसका अधर रक्ताभ नहीं होता। (मालूम होता है, जैसे) शिशिर (ऋतु) ने नवपल्लव को धोकर छोड़ दिया है।

चन्द्रमुखी के आँसू का अन्त नहीं होता। तुम्हारे अनुराग से (उसके) सभी (अङ्ग) शिथिल हो गये।

मालवरागे—

[४३]

गगन मडल[1] दुहुक भूखन[2]
एकसर उग चन्दा।
गए चकोरी अमिअ[3] पीबए
कुमुदिनि सानन्दा॥ ध्रु०॥
मालति कामिअे[4] करिअ रोस
एकल भमर बहुत कुसुम
कमन[5] ताहेरि दोस॥
जातकि केतकि नवि पदुमिनि
सब[6] सम अनुराग।
ताहि अवसर तोहि न बिसर
एहे तोहर[7] बड भाग॥

माधव। जतनहुँ राखए गोए।
ससिमुखि-नोर ओळ नहि होए॥
तुअ अनुराग सिथिल सखि जानि।
अउलिउ बिसरलि मनसिज वानि॥
दारुन······

सं० अ०—१ मंडल। ३ अमिअ पिबए। ५ कओन। ६ सबे। ७ तोर।

अभिनव रस रभस पश्रोले[८]
कमन[९] रह विवेक।
भने[१०] विद्यापति परहित[११] कर
तैसन हरि पए एक[१२]॥

नेo पृo १७, पo ४५, पंo ५

पाठभेद—

नo गुo (पद-संo ४४०)—२ भूसन। ३ अमिय। ४ कोँइए। ५ कमल। ७ तोर। ६ कओन।

मिo मo (पद-संo ४३६)—३ अमिअ। ४ कोँइए। ७ तोर। १० मन। ११ पहर।

झा (पद-संo ४३)—३ अमिओ। ७ तोर।

शब्दार्थ—गगन = आकाश। मडल = भूमडल। काश्रिओ = क्यों। एकल = अकेला। कमन = कैसे। ताहेरि = उसका। एकसर = (एकस्वर—सo) एकाकी।

अर्थ—चन्द्रमा एकाकी उगता है, (फिर भी वह) आकाश (और) भूमंडल—दोनो का भूषण है। चकोरी (आकाश में) जाकर अमृत पान करती है (और) कुमुदिनी (भूमडल मे) प्रसन्न होती है।

हे मालती! क्यो रोष करती हो? भ्रमर अकेला है (और) कुसुम बहुत हैं। उसका कौन दोष है?

जातकी, केतकी (और) नवीना पद्मिनी—सबमें (उसका) समान अनुराग है। उस अवसर पर (भी वह) तुम्हे नहीं भूलता है—यही तुम्हारा बड़ा भाग्य है।

अभिनव प्रेम के आनन्द को पाकर किसे विवेक रह सकता है। विद्यापति कहते हैं—(जो) परहित करते हैं, वैसे एकमात्र हरि ही हैं।

मालवरागे—

[४४]

बडि[१] जुडि एहु[२] तरुक[३] छाहरि
ठामे ठामे बस[४] गाम।
हमे एकसरि पिआ देसान्तर
नही दुरजन नाम॥ ध्रुo॥
पथिक एथा[५] लेहे[६] बिसराम[७]
जत बेसाहब कीछु न महघ
सबे मिल एहि ठाम॥

---

८ पओले। ९ कओना। १०-१२ भनइ विद्यापति जे परहित कर तइसन हरि पए एक।

संo अo—१-३ बडि जुडि एहि तरुक।

सासु नही घर पर परिजन
ननद सहज भोरि।
एतहु[6] अथिक विमुख जाएब
अवे अनाइति मोरि॥
भने विद्यापति सुन तञे जुवति
जे पुर परक आस।

ने० पृ० १८(क), प० ४६, पं० ३

पाठभेद—

मि० म० (पद-म० ५८६)—२ तकको। ४ रस। ५ एवाने। ६ हेरि। ७ सरम। ८ पतकु।

झा (पद-सं० ८४)—२ ए। ३ कुतुकक।

शब्दार्थ—जुडि = शीतल। छाहरि = छाँह। ठामे-ठामे = स्थान स्थान पर। एथा = (अत्र—सं०) यहाँ। लेहे = लो। वेसाहब = खरीदोगे। एतहु = इतना। अथिक = रहते।

अर्थ—इस पेड़ की छाया बड़ी शीतल है। स्थान-स्थान पर गाँव बसे हैं। मैं अकेली हूँ, प्रिय परदेश मे हैं, (कहीं) दुर्जन का नाम नहीं है।

हे पथिक। यहाँ विश्राम लो। जो कुछ खरीदोगे, कुछ (भी) महँगा नहीं। सब-कुछ यहाँ मिलेंगे।

घर में सास नहीं है, परिजन परे हैं और ननद स्वभाव से ही भोली है। इतना रहते भी विमुख (होकर) जाओगे, तो अब मेरा वश नहीं है।

विद्यापति कहते हैं—हे युवती। सुनो। जो दूसरे की आशा पूर्ण करता है······

विशेष—पद अपूर्ण है। अन्त मे और एक पंक्ति अपेक्षित है।

मालवरागे—

[४५]

उगमल[1] जग भम काहु न कुसुम रम
परिमल कर परिहार।
जकरि जतए[2] रीति ते बिनु नहीक थिति[3]
नेह न विषय[4] विचार॥ ध्रु०॥
मालति तोहि बिनु भमर सदन्द
बहुत कुसुम वन सबही[5] विरत मन
कतहु न पिब मकरन्द॥

स० अ०—१ उमगल। २ जे। ३ नहि थिति। ५ सबहि।

विमल कमल मधु सुधा सरिस विधु
नेह न मधुप विदार[6] ।
हृदय सरिस जन न देषिअ[7] जति षन[8]
तति खन[9] सयर[10] अन्धार[11] ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १६, प० ४७, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३८४)—३ नही थिति । ४ विषम । ६ विचार । ७ देखिय । ८ खन । १० सगर । ११ अँधार ।

मि० म० (पद-सं० ३८८)—३ कथिति । ७ देखिअ । ८ खन । ११ अँधार ।

झा (पद-सं० ४५)—३ नहि थिति । ६ पन ।

शब्दार्थ—उगमल=उमग के साथ । भम=घूमता है । परिमल=पराग । परिहार=परित्याग । रीति=आरक्त, आसक्ति । थिति=स्थिति, ठहराव । सदन्द= (सद्वन्द्व—स०) उलझन में पड़ा । विदार=(कोविदार—स०) कचनार । सयर= सकल ।

अर्थ—(भ्रमर) उमग के साथ संसार (भर में) घूमता है; (लेकिन) किसी फूल में रमता नहीं, यहाँ तक कि (उसे) सूँघता भी नहीं ।

जिसका मन जहाँ आसक्त है, उसके विना उसकी स्थिति नहीं होती । स्नेह में विषय (पात्र) का विचार नहीं होता ।

हे मालती । तेरे विना भ्रमर उलझन मे पड़ा हुआ है । वन में बहुत कुसुम हैं; (लेकिन उसका) मन सबसे विरत है । कहीं भी (वह) मकरन्द-पान नहीं करता ।

कमल में विमल मधु है, सुधा के समान चन्द्रमा है, कचनार है; (लेकिन कहीं भी) भ्रमर का स्नेह नही है ।

समान हृदयवाला व्यक्ति जबतक नहीं दीखता, तबतक सब-कुछ अन्धकार है ।

मालवरागे—

[४६]

वसन्त रजनि[1] रङ्गे पलटि खेपलि[2] सङ्गे
परम रभस[3] पिआ गेल कहीं[4] ।
कोकिल पञ्चम[5] गाव तैंअओ[6] न सुबन्धु आब
उत्तिम[7] वचन व्यभिचर[8] नही[9] ॥ ध्रु० ॥

---

७ हृदअ सरिस जन न देखिअ । १० सअर ।

साए साए उगलि रे बथा[१०] ।
अवधि न अएले कन्ता
मो पति पछिमे सुर उगि गेला ॥
साहर मजर दिसा चान्दे उजरि निसा
विद्यापति भन इत्यादि ॥

ने० पृ० १६(क), प० ४६, प० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ७१६)—१ रयनि । २ खेपव । ३ रमसे । ४ कहि । ५ पचम । ६ तइअओ । ७-उतिम । ८ बेमिचर । ६ नहि ।

गुप्तजी ने ध्रु० के बाद 'तरौनी-तालपत्र' का निम्नलिखित पाठ दिया है—

साए उगलि वेरया ।
अवहु न अएले कन्ता नहि भल परजन्ता
मो पति पछिम सुर उगि गेला ।
साहर सौरभे दिसा चाँद उजोरि निसा
तरु तर मधुकर पसरला ।
इ रस हृदय धरि तइअओ न आव हरि
से जदि पुरुब पेम बिसरला ॥
कवि भने विद्यापति सुन वर जउवति
मानिनि मनोरथ सुरतरु ।
सिरि सिवसिंह देवा चरनकमल सेवा
महादेवि लखिमा देवि वरु ॥

सं० अ०—वसन्त-रजनि रङ्गे पलटि खेपवि सङ्गे
परम रभसे पिआ गेल कही ।
कोकिल पञ्चम गाव, तइअओ न सुबन्धु आव,
उत्तिम वचन बेमिचर नही ॥ ध्रु० ॥
साए! साए! उगलि रे वेथा ।
अवधि न अएले कन्ता, नहि भल परजन्ता,
मो पति पछिमे सुर उगि गेला ॥
साहर मॅजरि दिसा, चान्दें उजोरि निसा,
तरु पर मधुकर पसरला ।
इ रस हृदअ धरि, तइअओ न आव हरि,
से जदि पुरुब पेम बिसरला ॥
कवि भने विद्यापति, सुन वर जउवति,
मानिनि-मनोरथ-सुरतरु ।
सिरि सिवसिंह देवा चरन-कमल-सेवा
महादेवि लखिमा देवि-वरु ॥

मि० म० (पद-सं० १७२)—१ रयनि। २ खेपबि। ३ रमसे। ४ कहि। ५ पचम। ६ तइअओ। ७ उतिम। ८ बेभिचर। ९ नहि।

मि० म० पदावली में भी 'तरौनी-तालपत्र' का पाठ सगृहीत है।

झा (पद-स० ४६)—१० बेबथा।

झा ने 'तालपत्र' से केवल 'नेपाल-पाण्डुलिपि' की पंक्तियों के शेपाश उद्धृत किये हैं।

विशेष—'तरौनी-तालपत्र' के पाठ से मिलाकर विशुद्ध पद निर्णीत होने पर ही इसका अर्थ स्पष्ट होता है।

शब्दार्थ—वसन्त-रजनि = वसन्त की रात्रि। रङ्गे = क्रीडा। पलटि = लौटकर। खेपवि = विताऊँगा। रभसें = जोर देकर। वेभिचर = व्यभिचरित। साए = सखी। बथा = व्यथा—स०। परिजन्ता = पर्यन्त—स०, अन्त। मो = मेरे। पति = प्रति। मोपति = मेरे लिए। सुर = (सूर—स०) सूर्य। साहर = सहकार। उजोरि = उजेली। पसरला = फैल गये। तइअओ = तथापि, फिर भी। बिसरला = भूल गये। सुरतरु = कल्पवृक्ष। बरु = स्वामी।

अर्थ—(मैं) लौटकर वसन्त की रात को प्रेमक्रीडा मे विताऊँगा—(यह) बहुत जोर देकर प्रिय कह गये।

कोयल पचम (स्वर) में गा रही है, तथापि सुबन्धु नहीं आते। (ऐसा क्यों?) उत्तम पुरुष का वचन तो व्यभिचरित नहीं होता।

हे सखी! व्यथा उग आई (पैदा हो गई)। (किन्तु) अवधि पर कन्त नहीं आये। अन्त भला नहीं हुआ। मेरे लिए (ऐसा हुआ, मानो) पच्छिम में सूर्य उग गया (अर्थात्, मेरे पति के विचार में परिवर्त्तन होना मानों सूर्य का पश्चिम में उगना है)।

दिशाओं में सहकार खिल गये, चन्द्रमा से रात उजेली हो गई (और) तरुओं पर मधुकर फैल गये।

वे यदि इस रस को हृदय मे धारण करके फिर भी नहीं आते, (तो मालूम होता है,) पहले का प्रेम भूल गये।

कवि विद्यापति कहते हैं—हे वरयुवती! सुनो। मानिनी के मनोरथों के कल्पतरु, महादेवी लखिमा देवी के पति श्रीशिवसिंहदेव के चरण-कमल की सेवा (करो)।

ए रागे—

[४७]

गुण[१] अगुण[२] सम कए[३] मानए
भेद न जानए पहू।
निअ[४] चतुरिम कत सिखाउबि
हमहु भेलिहु[५] लहू ॥ ध्रु० ॥

सं० अ०—१ गुन। २ अवगुन। ५ भेलहुँ।

साजनि हृदय[६] कहओ तोहि।
जगत भरल नागर अछए
बिहि छललिहु[७] मोहि ॥
कामकला रस कत सिखाउबि
पुब[८] पछिम न जान।
रभस बेरा निन्दे बेआकुल
किछु न ताहि गेआन[९] ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १६(क), प० ५०, प० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २२३)—१ गुन। २ अगुन। ३ कय। ४ निअ। ७ छललिह।
मि० म० (पद-स० ३४८)—१ गुन। २ अगुन। ३ कय। ४ निअ। ७ छललिह।
झा (पद-स० ४७)—५ मोलिह्न।

शब्दार्थ—अगुण = अवगुण। चतुरिम = चतुरता। लहू = लघु। हृदय = हृदयगत भाव। विहि = विधाता। रभस बेरा = क्रीडा के समय।

अर्थ—(मेरे) प्रभु गुण और अवगुण को सम करके मानते हैं, (उनमें) भेद नहीं जानते।

अपनी चतुरता कितनी सिखाऊँगी? (उनके कारण) मैं भी लघु हो गई।

हे सखी! (मैं) तुम्हें (अपना) हृदयगत भाव कहती हूँ। संसार नागरों से भरा है, फिर भी विधाता ने मुझे छला (अर्थात्, मेरे लिए नागर नायक नहीं दिया)।

(मैं उन्हें) कितना कामकला-रस सिखाऊँगी? (वे तो) पूरव-पच्छिम भी नहीं जानते।

(वे) केलि के समय नींद से व्याकुल हो जाते हैं। उन्हे कुछ भी ज्ञान नहीं है।

ए रागे—

[४८]

सेओल सामि सब गुण[१] आगर
सदय सुदृढ़[२] नेह।
तहु सबे सबे रतन पाबए
निन्दहु मोहि सन्देह ॥ ध्रु० ॥

६ हृदअ। ८ पूब। ९ गेआन।

सं० अ०—१ सबे गुन। २ सदअ सुदृढ।

पुरुष[३] वचन हो अवधान।
ऐसन[४] नहि एहि[५] महिमण्डल
जे परवेदन जान ॥
नहि हित मित कोउ[६] बुझाबए
लाख कोटी तोहे[७] सामी।
सबक आसा तोहे[८] पुराबह
हम[९] बिसरह काञी ॥
विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० १६, प० ५१, पं० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६३१)—१ गुन। २ सुब्द। ३ पुरुख। ६ कोऊ।
मि० म० (पद-सं० ५१५)—१ गुन। २ सुब्द। ६ कोऊ।
झा (पद-सं० ४८)—४ एसन। ५ पाठाभाव।

शब्दार्थ—सेओल=सेया। सामि=स्वामी। तहु=उनसे। अवधान=विचारपूर्ण। महिमण्डल=पृथ्वी। परवेदन=दूसरो का दु:ख। हित=हितैषी। काञी=क्यों।

अर्थ—(सबने) सर्वगुणागार, सदय एव सुदृढस्नेह स्वामी की सेवा की। उनसे सबने सब तरह के रत्न पाये, (लेकिन) मुझे नींद मे भी सन्देह हो गया।

पुरुष के वचन का अवधान करो। (अपने वचन का पालन करना पुरुष-धर्म है; किन्तु अवधि बीत जाने पर भी स्वामी नहीं आये। उन्होने अपने वचन का पालन नहीं किया। —यही व्यंग्य है।) ऐसा (कोई) इस पृथ्वी पर नहीं, जो दूसरो का दु:ख समझे।

कोई हितैषी या मित्र भी नहीं समझाते कि तुम लाखो-कोटियो के स्वामी हो। तुम सबकी आशा पूर्ण करते हो, (केवल) मुझे क्यों भूलते हो?

मालवरागे—

[४६]

सुखे न सुतलि कुसुमसयन[१]
नयने[२] मुञ्चसि वारि।
तहा[३] की धरब[४] पुरुष[५] दूषण[६]
जहा[७] असहनि[८] नारि ॥ ध्रु० ॥

---

४ अइसन। ७ कोटि तोहें। ८ तोहें। ९ हमें।

सं० अ०—१ सुखें न सुतलि कुसुम-सजन। २ नजने। ३ तहाँ कि। ६ दूखन। ७ जहाँ।

राही हठे[9] न तोलिअ[10] नेह।
कान्ह सरीर दिने दिने दूबर
तोराहु जीव सन्देह ॥
परक वचन हित न मानसि
बुझसि न सुरततन्त।
मने तओ जओ[11] मौन करिअ[12]
चोरि आनए[13] कन्त ॥
किछु किछु पिआ[14] आसा दीहह[15]
अति न करब कोप।
अधिके[16] जतने वचन बोलब
सङ्गम करब गोप ॥
नव अनुरागे किछु होएबा[17]
रह दिन दुइ तिनि चारि[18]।
प्रथम प्रेम ओल[19] धरि राखए
सेहे कलामति नारि ॥
विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० २० (क), प० ५२, प० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४५१)—३ तहाँ। ४ करब। ५ पुरुख। ६ भूपण। ७ जहाँ। १४ पिअ। १५ दिहह। १८ रह दिन दुइ चारि।

मि० म० (पद-स० ४३२)—३ तहाँ। ४ करब। ५ पुरुख। ६ भूसन। ७ जहाँ। ९ हटे। १४ पिय। १५ दिहह। १६ आधके। १८ रह दिन तिनि चारि। १९ ओर।

झा (पद-स० ४९)—८ अहसनि।

शब्दार्थ—सुतलि = सोई। मुञ्चसि = त्याग करती। असहनि = असहनशीला। तोलिअ = तोड़ना चाहिए। दूबर = दुर्बल। तन्त = तंत्र—स०। तओ जओ = त्यों-ज्यों। गोप = छिपाकर। होएवा = होता है। ओल = अन्त।

९ हठेँ। १० तोळिअ। ११ जओ तओ। १२ करह। १३ आनह। १४ पिआके। १७ नव अनुरागेँ किछु न होएब। १८ से रह दिन दुइ चारि। १९ ओळ।

अर्थ—फूलों की शय्या पर भी (तुम) सुख से नहीं सोई हो (अर्थात्, फूलों की शय्या पर भी तुम्हें तकलीफ हो रही है)। आँखों से पानी (आँसू) बहाती हो।

(लेकिन) वहाँ पुरुष का दोष क्या धरूँ (दूँ), जहाँ नारी असहनशीला है।

हे राधे! सहसा स्नेह को मत तोड़ो। दिन-दिन कृष्ण का शरीर दुर्बल होता जा रहा है। (और) तुम्हारे जीवन में भी सन्देह (हो रहा) है।

दूसरे के हित-वचन को नहीं मानती, कामशास्त्र को नहीं समझती। (कामशास्त्र जाननेवाली तो) मन को ज्यों-त्यों मान करके चुप-चोरी कन्त को ले आती है।

प्रिय को कुछ-कुछ आशा देना, अधिक क्रोध नहीं करना, बड़े यत्न से बात करना और छिपाकर समागम करना।

नये अनुराग से कुछ होता है? वह तो दो-चार दिन रहता है। जो प्रथम प्रेम को अन्त तक रखती है, वही कलावती नारी (कहलाती) है।

मालवरागे—

[५०]

पाउस निअर आएला रे
से देषि[1] सामि डराओ।
जखने गरजि घन बरिसता रे
कओन सेरि[2] पराओ[3] ॥ ध्रु० ॥
वचना[4] मेरो[5] सुन[6] साजना रे
बारिस न तेजिअ गेह।
जकरा भरे[7] घर[8] युवती[9] रे
से कैसे[10] जाए विदेस ॥
तोहे गुण[11] आगर नागरा रे
सुन्दर सुपहु हमार।
सोने[12] वरिस घन सूनिआ[13] रे
चौखडहु[14] तसु नाम ॥
विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० २० (क), प० ५३, पं० ५

सं० अ०—१ देखि। २ कओनाक सेरि। ७ भरें। ९ जुवती। १० कइसे। ११ तों हे गुन। १३ सुनिआ। १४ चौखण्डहु।

पाठभेद—

मि० म० (पद-स० ४६६)—१ देखि। २ से। ३ विपराओो। ४ रचना। ५ मे। ६ रोअन। ७ मेरस। ८ पाठाभाव। ६ रसवती। १२ मौने। १३ सुनिआ। १४ चौखतहु।

झा (पद-स० ३ एम० बी०)—८ सुव।

शब्दार्थ—पाउस = पावस। निअर = निकट। आएला = आया। सामि = स्वामी। डराओो = डराती हूँ। सेरि = आश्रय। गेह = घर। भरे = भरोसे। चौखडहु = चौखण्ड, चतुर्दिक्।

अर्थ—हे स्वामी! पावस निकट आ गया। उसे देखकर मैं डरती हूँ।
जब गरजकर बादल बरसेंगे, तब मैं भागकर किसके आश्रय में जाऊँगी?
हे मेरे साजन! मेरी बात सुनो। बरसात में घर मत छोड़ो।
जिसके भरोसे घर में युवती है, वह कैसे विदेश जाय?
तुम गुणागार हो, नागर हो, मेरे सुन्दर सुपहु हो।
बादल सोना बरसाता है—ऐसा सुनती हूँ। चतुर्दिक् उसका नाम है।

विशेष—पद अपूर्ण है, इसलिए अन्तिम पंक्ति का अर्थ स्पष्ट नहीं होता।

मालवरागे—

[५१]

दिने दिने बाढए[1] सुपुरुष[2] नेहा
अनुदिने जैसन[3] चान्दक रेहा।
जे छल आदर तँ रहु[4] आधे[5]
आओर होएत की पछिलाहुँ बाधे[6] ॥ ध्रु० ॥
विधिबसे यदि[7] होअ अनुगति बाधे
तैअओ[8] सुपहु नहि धर अपराधे।
पुरत मनोरथ कत छल साधे
आबे कि पुछह सखि सब भेल बाधे॥
सुरतरु सेओल[9] अभि··· ···[10] लागी
तसु दूखण[11] नहि हमहि अभागी।
भनइ विद्यापति सुनह सयानी[12]
आओत मधुरपति[13] तुअ गुण[14] जानी॥

ने० पृ० २०, प० ५४, प० ३

सं० अ०—३ जइसन। ४ ते रहु। ७ जदि। ८ तइअओ। १० अभिमत। ११ दूखन। १२ समानी। १४ गुन।

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४६०)—१ बाढए। ४ तकरहु। ७ जदि। ६ सेओल मल। १० अभिमत। ११ दूखन। १४ गुन।

मि० म० (पद-सं० ४५०)—१ बाढए। २ सुपुरुस। ४ तवहु। ५ आँधे। ६ बाँधे। ७ जदि। ६ सेओल मल। ११ दूखन। १३ मथुरपति। १४ गुन।

झा (पद-सं० ५०)—४ त रहुँ। १३ मथरपति।

शब्दार्थ—बाढए=बढ़ता है। रेहा=रेखा। साधे=कामना। सेओल=सेवा की। लागी=लिए। मथुरपति=मथुरापति, कृष्ण।

अर्थ—सुपुरुष का स्नेह दिन-दिन बढ़ता है, जैसे चन्द्रमा की रेखा (कला) अनुदिन बढ़ती है।

जो आदर था, वह आधा (होकर) रहा। और क्या होगा? पीछे (के आदर) में भी बाधा (हो गई)।

यदि दैवयोग से अनुगमन में बाधा हो जाय, तो भी सुपहु अपराध नहीं धरते।

कितनी साध थी कि मनोरथ पूर्ण होगा; (किन्तु) हे सखी! अब क्या पूछती हो? सब बाधित हो गये।

अभिमत (अभिलाषा) के लिए (मैंने) सुरतरु की सेवा की। (किन्तु) उसका दोष नहीं, मैं ही अभागिनी हूँ।

विद्यापति कहते हैं—हे सयानी! सुनो। कृष्ण तुम्हारे गुण को समझकर आयेंगे।

मालवरागे—

[५२]

गुरुजन कहि दुरजन सओ बारि
कौतुके[१] कुन्द[२] करसि फुल धालि[३]।
कैतवे[४] बारि सखीजन रङ्ग[५]
अह[६] अभिसार दूर[७] रति रङ्ग॥ ध्रु०॥
ए सखि[८] वचन करहि[९] अवधान[१०]
रात कि करति[११] आरति समधान।
अन्धकूप सम रयनि[१२] विलास
चोरक मन जनि[१३] बसए तरास[१४]॥

सं० अ०—१-२ कौतुकेँ करसि कुन्द फुल धारि। ४-५ कइतवेँ बारि सखी जन सङ्ग। ११ रातुक रति। १२ रजनि। १३ जओ।

हरषित[15] होए[16] लङ्का के राए
नागर[17] की[18] करत[19] नागरि पाए ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० २१(क), प० ५५, पं० २

पाठभेद—

रा० पु० (पद-सं० ३२)—२ फूट। ३ फुलवालि। ४ कइतवे। ५ सङ्ग। ८ए सखि सुमुखि। ९ पाठाभाव। १० अनुमान। ११ रातुक रति। १२ रअनि। १३ जओ। १५ हरखित। १६ हो। १७ नागरे। १८ कि। १९ करव।

न० गु० (पद-सं० ३१३)—३ फुल धारि। ५ सङ्ग। ७ पूर। १४ त्रास। १९ करति।

मि० म० (पद-सं० ३३४)—३ फुल धारि। ४ कैतव। ५ सङ्ग। ६ ताह। १५ हरखित। १९ करति।

झा (पद-सं० ५१)—११ रति कि करति।

शब्दार्थ—वारि = वञ्चकर। कुन्द = पुष्पविशेष। फुल धालि = फूल धारण करके। कैतवे = छल से। अह = दिन। जनि = जैसे। तरास = त्रास—सं०। लङ्का के राए = निशिचर।

अर्थ—गुरुजनों को कहकर, दुर्जनों से वञ्चकर, कौतुक से कुन्द फूल धारण करती है।

छल से सखीजनों के साथ खेल छोड़कर (नायिका ने) दिन में अभिसार किया, (कारण,) रति-रङ्ग (का लक्ष्य) दूर था।

हे सखी! (मेरे) वचन को समझो। रात क्या आर्त्ति का समाधान करेगी?

रात्रि-विलास तो अन्ध-कूप के (विलास के) समान है। जैसे चोर के मन में त्रास रहता है (अर्थात्, रात को जैसे चोर डरता हुआ चोरी करता है, वैसे ही नायक भी डरता हुआ विलास करता है)।

(रात्रि-विलास से तो) निशिचर हर्षित होते हैं, (किन्तु रात्रि में) नागर नागरी को पाकर क्या करेगा?

मालवरागे—

[५३]

वालि[1] विलासिनि जतने आनलि
रमन करब राखि[2]।
जैसे[3] मधुकर कुसुम न तोल[4]
मधु पिब मुख माखि[5] ॥ ध्रु० ॥

---

१६ हो। १७ नागरे। १९ करब।

सं० अ०—१ वारि। २ राखि। ३ जइसे। ४ तोड। ५ माखि।

माधव करब तैसनि[६] मेरा।
बिनु हकारेओ[७] सुनिकेतन[८]
आबए दोसरि बेला[९] ॥
सिरिसि[१०] कुसुम कोमल ओ धनि
तोहहु कोमल कान्ह।
इङ्गित उपर[११] केलि जे करब
जे न पराभव जान।
दिने दिने दून[१२] पेम बढाओब[१३]
जैसे बाढ सिसु ससी[१४]।
कौतुकहु[१५] किछु वाम न बोलब
निउर[१६] जाउबि हसी[१७] ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

पाठभेद— ने० पृ० २१, प० ५७, पं० ४

न० गु० (पद-सं० १४२)—१ वारि। २ राखि। ७ हकारे तुअ। ८ निकेतन। ९ वेरा। १२ दूने। १३ वढ़ाओव। १४ वाढसि सुससी। १६ निअर।

मि० म० (पद-सं० २८९)—२ राखि। ९ वेरा। १० सिरिस। १४ बाढ़सि सु-ससी। १६ निअर।

झा (पद-सं० ५२)—९ वेळा। १६ निडर।

शब्दार्थ— वालि = वारि, वाला। आनलि = लाई हुई। राषि = राखि, रखकर, बचाकर। मापि = स्पर्श करके। मेरा = मेला, सम्मिलन। हकारेओ = आमन्त्रण के भी। सुनिकेतन = सुन्दर घर। बेला = समय। इङ्गित = इशारा। दून = द्विगुण। सिसु = शिशु—स०। वाम = विरुद्ध। निउर = निकट।

अर्थ—यत्नपूर्वक लाई गई वाला विलासिनी के साथ बचाकर रमण कीजिएगा, जैसे भ्रमर फूल को तोड़ता नहीं, (केवल) मुख से स्पर्श करके मधु पीता है।

हे माधव! इस प्रकार सम्मिलन कीजिएगा, (कि) विना आमन्त्रण (पाये) भी दूसरी बार वह सुगृह (केलिगृह) में आवे।

हे कृष्ण! वह नायिका शिरीष-कुसुम के समान कोमल है (और) तुम भी कोमल हो। (इसलिए) इशारे से केलि करना, जिससे पीड़ा न मालूम हो।

दिन-दिन द्विगुण प्रेम बढाइएगा, जैसे बाल (दूज का) चन्द्र बढता है। कौतुकवश भी कुछ विरुद्ध नहीं बोलिएगा, जिससे (वह पुनः) हँसती हुई निकट जायगी।

---

६ तइसनि। ९ वेरा। ११ ऊपर। १२ दूने। १५ कउतुकहु। १६ निअर। १७ हसी।

मालवरागे—

[५४]

जनम होअए[1] जनु[2] जओ पुनु होइ[3]
जुवती भए जनमए जनु कोइ[4] ।
होइह जुवति जनु हो रसमन्ती[5]
रसओ बुझए जनु हो कुलमन्ती[6] ॥ ध्रु० ॥
निधन[7] मागओ बिहि एक पए तोही[8]
थिरता दिहह अवसानहु मोही[9] ।
मिलि[10] सामि नागर रसधारा[11]
परबस जनु होअ[12] हमर पिआरा[13] ॥
होइह परबस बुझिह विचारि
पाए विचार हार कओन नारि ॥
भनइ विद्यापति अछ परकारे[14]
दन्द समुद[15] होएत[16] जीव दए[17] पारे[18] ॥

ने० पृ० २२(क), प० ५८, प० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४३७)—२ जनि । ५ रसमन्ति । ६ कुलमन्ति । ७ ६ धन । ८ तोहि । ९ मोहि । ११ रसधार । १३ पियार । १४ परकार । १५ सुमुद । १७ दय । १८ पार ।

झा (पद-सं० ५३)—१ होअओ । ३ होवई । ४ कोई । १२ हो । १६ होएब ।

शब्दार्थ—होअए=हो । जनु=नहीं । जओ=यदि । निधन=(निर्धन—स०) भिखारी । थिरता=स्थिरता । पिआरा=प्रिय । परकारे=उपाय । समुद=समुद्र ।

अर्थ—(किसी का) जन्म नहीं हो, यदि (जन्म) हो, तो कोई युवती होकर जन्म नहीं ले (अर्थात्, जन्म लेने पर भी युवती न हो) ।

युवती हो, तो रसवती नहीं हो, रस समझनेवाली (रसिका) हो, तो कुलवती नहीं हो ।

हे विधाता ! (मैं) भिखारिणी (होकर) तुमसे एक ही (वरदान) माँगती हूँ (कि) अन्त समय में भी मुझे स्थिरता देना ।

सं० अ०—५ रसमन्ति । ६ कुलमन्ति । ८ तोहि । ९ अवसानहुँ मोहि । १० मिलिह । ११ रसधार । १३ पिआर । १४ परकार । १८ पार ।

मुझे स्वामी चतुर और रसिक मिले, परन्तु वह (पर के) वश में न हो।

(यदि) परवश हो, तो विचार करके समझे (अर्थात्, विचारवान् हो)। विचार पाकर कौन नारी हार सकती है?

अर्थात्, यदि स्वामी विचारवान् होगा, तो नारी की हार नहीं हो सकती।

विद्यापति कहते हैं—एक उपाय है (कि वह) प्राण देकर द्वन्द्व-समुद्र पार हो जायगी।

मालवरागे—

[५५]

पञ्चवदन हर भसमे धवला।
तीनि नयन[1] एक बरए अनला ॥ ध्रु० ॥
दुखे[2] बोलए भवानी।
जगत भिषारि[3] मिलल हम[4] सामी ॥
बिसधर[5] भूषण[6] दिग परिधाना।
बिनु वित्ते इसर[7] नाम उगना ॥
भनइ विद्यापति सुनह भवानी।
हर नहि निधन जगत[8] सामी ॥

ने० पृ० २२, प० ५६, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २९)—३ भिखारि। ४ हम मिलल। ५ विषधर। ६ भूषन।
मि० म० (पद-सं० ५९४)—३ भिखारि। ४ हम मिलल। ५ विसधर। ६ भूषन।
झा (पद-सं० ५४)—पाठभेद नहीं है।

शब्दार्थ—धवला=शुभ्र। अनला=अग्नि। भिषारि=भिक्षुक। सामी=स्वामी। दिग परिधाना=दिगम्बर। इसर=ईश्वर। उगना=उग्रनाथ।

अर्थ—पञ्चवदन (शिव) भस्म से उज्ज्वल हैं। (उनके) तीन आँखें हैं, एक में आग बल रही है।

भवानी दुःख से बोलती है (कि) हमें संसार का (सबसे बड़ा) भिक्षुक स्वामी मिला।

(शिव का) भूषण विषधर है, वस्त्र दिशाएँ हैं। विना धन के ही (वे) ईश्वर हैं (और) नाम उग्रनाथ है।

विद्यापति कहते हैं—हे भवानी। शिवजी निर्धन नहीं हैं। (वे तो) संसार के स्वामी हैं।

सं० अ०—१ नमन। २ दुखें। ३ भिखारि। ४ हमें। ५ विषधर। ६ भूपन। ७ वित्तें ईसर। ८ निरधन जगतक।

मालवरागे—

[५६]

नदी[1] बह नयनक[2] नीर
पळलि[3] रहए तहि[4] तीर।
सब खन भरम गेआन[5]
आन पुछि[6] कह आन ॥ ध्रु० ॥
माधव अनुदिने खिनि भेलि राही[7]
चौदसि चान्दहु चाही[8] ।
केओ सखी[9] रहलि उपेषि[10]
केओ सिर धुन धनि[11] देखि ॥
केओ कर सासक[12] आस
मञे[13] धउलिहु[14] तुअ पास ।
विद्यापति कवि भान[15]
एत सुनि सारङ्गपानि ॥
हरषि[16] चलल हरि गेह
सुमरिए[17] पुरुब सिनेह ॥

ने० पृ० २३(क), प० ६१, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ७४३)—१ नदि। ५ गेआन। ६ पुछिअ। ७ राहि। ८ चाहि। ९ सखि। १० उपेखि। ११धुनि धुनि। १२ ससिकर। १५ मानि। १६ हरसि।

मि० म० (पद-स० ५४२)—१ नदि। ३ पललि। ४ ताहि। ५ गेआन। ६ पुछिअ। ७ राहि। ८ चाहि। ९ सखि। १० उपेखि। ११ धुनि। १३ मयँ। १५ मानि।

झा (पद-स० ५५)—३ पललि। ६ पुछिअ। १२ सामक। १३ मञो।

शब्दार्थ—पळलि = पड़ी। खिनि = क्षीण। चौदसि = चतुर्दशी। चाही = से। उपेषि = उपेक्षा करके। धउलिहु = दौड़ी आई। सारङ्गपानि = (शार्ङ्गपाणि – सं०) कृष्ण।

अर्थ—(उसकी) आँख के पानी (अश्रु) से नदी बह रही है। (वह) उसके तट पर पड़ी रहती है।

सं० अ०—२ नअनक। ६ आन पुछिअ कह आन। ७ राहि। ८ चाहि। ९ सखि। १० उपेखि। १२ साँसक। १३ मोञ। १४ धउलिहुँ। १५ भानि। १७ सुमरिअ।

(उसका) ज्ञान सदा भ्रमात्मक हो गया है। अन्य (बात) पूछने पर (वह) अन्य (उससे विपरीत) उत्तर देती है।

हे माधव! (कृष्ण पक्ष की) चतुर्दशी के चन्द्रमा से भी अधिक राधा अनुदिन (क्रमशः) क्षीण हो गई।

कोई सखी (उसके जीवन की) उपेक्षा करके रह गई (अर्थात्, उसके जीवन से हाथ धो बैठी)। कोई उसे देखकर माथा धुनती है।

कोई (उसकी) साँस की आशा करती है (और) मैं तुम्हारे पास दौड़ी आई।

कवि विद्यापति कहते हैं—इतना सुनकर शाङ्गपाणि (कृष्ण) पहले के स्नेह का स्मरण कर खुशी-खुशी घर चले।

मालवरागे-धनछीरागे—

[५७]

बुझहि न पारलि परिणति[1] तोरि
अधरेओ[2] लळए[3] बाट[4] टकटोरि[5]।
अर्थ—जबतक स्वामी हँसकर सरस (वचन) बोलते हैं, (क्या) तभी तक वे वल्लभ (और) तुम प्रेयसी हो?

यदि (वे) निष्ठुर वचन बोलते हैं, तो फिर, सारा प्रेम दूर चला जाता है?

हे सखी! यह अपूर्व रीति है। कहीं भी ऐसी प्रीति नहीं देखी।

जो स्वामी दूसरे प्राण (की तरह) मानते हैं, उनके वचन में (कुछ बोल देने पर) भी ऐसा अभिमान?

स्नेह वैसा ही (रहना चाहिए कि वह) क्लेश में भी स्थिर रहे। मधुर आलाप से कौन नहीं वश होता है?

---

३ रीति। ७ कहाँहु। ८ पिरीति। १० दोसर। ११ तइसन। १२ हठ। १४ दोपहि। १५ हँसि।

अपना दोष समझकर हठ छोड़ दो। हँसकर दो मीठी बातें (क्यों) नहीं करती हो !

अरी सुरत-निष्ठुरे ! मिलकर स्वामी की सेवा (क्यो) नहीं करती हो ? चुगलखोरों का उत्साह किसलिए बढ़ाती हो ?

धनछीरागे—

[१२२]

अवधि बहिए हे अधिक दिन गेल[१]
बालमु पररत परदेस भेल ।
कओने परि खेपब वसन्तक[२] राति
जानल पुरुष निठुर थी(क)[३] जाति ॥ ध्रु० ॥
साजनि आबे मोर अइसन गेँआन[४]
जीवन चाहि मरण भेल[५] भान ।
कलिजुग एहे अथिक परमाद
दुरजन दुर लए बोल अपवाद ॥
ते[६] हमे एहे हलल अवधारि
पुरुष बिहूनि[७] जीबए[८] जनु नारि ।
सुन्दर कह सब धैरज सार
तेज उपताप होएत परकार ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ४१, प० १२७, प० १

पाठभेद—

मि० म० (पद-स० १०७)—२ वसन्त कल । ३ थीना ।

झा (पद-स० १२१)—१ भेल । ७ विहुनि ।

शब्दार्थ—वहिए = बीत गई । पररत = अन्यासक्त । अथिक = है । परमाद = (प्रमाद—स०) अनवधानता । दुरजन = दुर्जन । दुर लए = दूर तक । विहूनि = विना । परकार = प्रकार, उपाय ।

अर्थ—अवधि बीतकर अधिक दिन हो गये (अर्थात्—अवधि को बीते बहुत दिन हो गये ।) स्वामी परदेश में पररत हो गये ।

सं० अ०—४ गेआन । ५ भल । ६ तनें । ८ जिबए ।

(स्वामी के विना मैं) वसन्त की रात कैसे खेपूँगी ? (हाँ,) समझ गई (कि) पुरुष की जाति निष्ठुर होती है।

हे सखी! अब मुझे ऐसा बोध होता है कि जीवन की अपेक्षा मरण ही अच्छा है।

कलियुग में यही अनवधानता है (कि प्रोषितभर्तृका के लिए) दुर्जन दूर तक अपवाद बोलते हैं (फैलाते हैं। अर्थात्--कलङ्क लगाने लगते हैं।)

इसीलिए मैंने निश्चय किया है (कि) विना पुरुष की नारी जिये (ही) नहीं।

धैर्य को सब (लोग) सुन्दर (और) सार (कहते) हैं। (इसीलिए धैर्य धारण करके) उपताप का त्याग करो। (कोई-न कोई) उपाय होगा।

धनछीरागे—

[१२३]

सोळह[1] सहस गोपि मह राबि[2]
पाट महादेवि करबि हे आनि[3] ॥
बोलि पठओलन्हि जत अतिरेक
उचितहुँ[4] न रहल तन्हिक विवेक ॥ ध्रु० ॥
साजनि की[5] कहब कान्ह परोष[6]
बोलि न करिअ बडाकाँ[7] दोष[8] ॥
अब नित मति जदि[9] हरलन्हि मोरि
जनला[10] चोरे करब की चोरि ॥
पुरबापरे नागर का[11] बोल
दूती[12] मति पाओल गए ओल ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ४५, प० १२८, प० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ४२२)—१ सोलह। २ रानि। ४ उचितहु। ६ परोख। ७ बड़ाकाँ। ८ दोख। ११ काँ।

मि० म० (पद-सं० ४१७)—१ सोलह। २ राणि। ४ उचितहु। ६ परोख। ७ बड़ाकाँ। ८ दोख। १० जानला। ११ काँ। १२ दूति।

झा (पद-स० १२२)—९ यदि।

स० अ०—२ महँ रानि। ३ करब हे आनि। ५ कि। ११ काँ।

शब्दार्थ—वारि = अलग करके। पाट महादेवि = पट्टमहादेवी, पट्टमहिषी, प्रधान रानी। अतिरेक = अतिशयोक्ति। परोष = परोक्ष। नित = (नित्य—स०) सदा। ओल = अन्त।

अर्थ—(तुम्हें) लाकर, सोलह सहस्र गोपियों में रानी—पट्टमहिषी करूँगा (बनाऊँगा)। (उन्होंने) जितनी अतिशयोक्तियाँ कहला भेजीं, (उनमें) उचित का भी उन्हें विवेक नहीं रहा।

हे सखी! मैं कृष्ण के परोक्ष में क्या कहूँ? (परोक्ष में) बोलकर बड़ों को दोष नहीं देना चाहिए।

अब यदि (उन्होंने) सदा के लिए मेरी बुद्धि हर ली (तो फिर वे) पहचाने चोर हैं, चोरी क्या करेंगे? (अर्थात्—कृष्ण ने मेरी बुद्धि ही हर ली। अब क्या बाकी बचा है, जो लेंगे।)

पूर्वापर से नागर का कथन है कि अन्त में दूती को सबुद्धि होती है।

धनछीरागे—

[१२४]

गाए चराबए[1] गोकुल वास
गोपक सङ्गम[2] कर[3] परिहास।
अपनहु[4] गोप गरुअ की काज
गुपुतहु[5] बोलसि मोहि बडि[6] लाज॥ ध्रु०॥
साजनि बोलह[7] कान्ह सओ मेळि[8]
गोपबधू सओ जन्हिका[9] केळि[10]।
गामक[11] बसले[12] बोलिअ गमार
नगरहु[13] नागर बोलिअ असार[14]॥
बस[15] बथान झाळि[16] दुह गाए
तन्हि[17] की बिलसब नागरि पाए॥
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ४६(क), प० १२६, प० ३

पाठभेद—

रा० पु० (पद-स० ३०)—१ चराबह। २ सङ्गे। ३ जन्हिक। ४ अपनेहुँ। ५ गुपुते। ७ दुती बोलसि। ८ केलि। ९ जनिका। १० मेलि। ११ गामहिं। १२ बसले। १३ नगरएँ। १४ सार। १५ बसथि। १६ झाळि। १७ ते।

सं० अ०—२ सङ्गे। ३ जन्हिक। ४ अपनेहुँ। ५ गुपतहु। ७ बोलथि। ८ केलि। ९ जन्हिकाँ। १० मेलि। ११ गामहिँ। १२ बसले। १३ नगरहुँ। १४ सँसार। १५ बसथि। अन्त में भणिता—आदि अन्त दुहु देलक गारि। विद्यापति भन बुझथि मुरारि॥

अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

आदि अन्तँ दुहुँ देलक गारि
विद्यापति मन बुझथि मुरारि ॥

न० गु० (पद-सं० २१८)—४ अपनहि। ५ गुपुतहि। ६ बड़ि। १४ सँसार। १६ सालि।

मि० म० (पद-सं० ३४६)—५ गुपुतहि। ६ बड़ि। १६ सालि।

झा (पद-सं० १२३)—६ बडि।

शब्दार्थ—गरुअ = (गुरु—सं०) कठिन। गुपुतहुं=एकान्त में भी। झालि= झाड़-पोंछकर।

अर्थ—(जो) गाय चराता है (और) गोकुल में रहता है, गोपों के साथ जिसका परिहास (होता है।)

स्वय भी गोप है, (उसके लिए) क्या (कोई) कार्य कठिन है? (तुम) एकान्त में भी कहती हो (तो) मुझे बड़ी लज्जा (होती है।)

हे सखी! गोपवधुओं से जिसका मेल है, (उस) कृष्ण से केलि (करने को) कहती हो।

दुनिया गाँव में बसने से गँवार (और) नगर में बसने से नागर कहती है। (अर्थात्—मैं नागरी हूँ और कृष्ण गँवार हैं। फिर दोनो का मेल कैसा?)

(कृष्ण) बथान में बसते हैं (और) गाय को झाड़-पोंछकर दुहते हैं। वे नागरी को पाकर क्या विलास करेंगे?

(उसने) आदि और अन्त—दोनों में गालियाँ दीं। विद्यापति कहते हैं (कि) कृष्ण (सब-कुछ) समझते हैं। (अर्थ—सपादकीय अभिमत से।)

धनछीरागे—

[१२५]

चरित चातर[1] चिते बेआकुल
मोर मोर अनुबन्धे।
पूत कलत्त[2] सहोदर बन्धव
सेष दसा सब धन्धे ना[3] ॥

सं० अ०—चरित चातर चिते बेआकुल,
मोर-मोर अनुबन्धे।
पूत कलत्त सहोदर बन्धव,
सेज दसा सब धन्धे ॥ ध्रु० ॥

ए हर गोसञे नाह मो जनु[4] देह[5] उपेषि[6] ।
जम[7] अगा[8] मूह उत्तर डर छाडत[9]
जबे बुझाओत लेखी ॥
अपथ पथ चरण चलाओल
भगति[10] मति न देला ।
पर धन धनि मानस लाओल
मिथ्या जनम दुर गेला ॥
कपट (नरि[11]) पलु[12] कलेवर
गीडल मदन गोहे ।
भल मन्द हमे कीछु न गूनल
समय बहुल मोहे ॥
कएल मञे उचित भेल अनुचित
आबे मन पचतावे ।
आबे[13] की करब सीर पए धूनब[14]
गेल[15] दीन नहि[16] आवे ॥

ए हर गोसाञि नाह ।
मोहे जनु देह उपेखी ।
जम-आगाँ मुँह उत्तर डरेँ छाडत
जबे बुझाओत लेखी ॥
अपथ पथ चरन चलाओल,
भगति मति न देला ।
पर-धनि-धने मानस लाओल,
जनम निफले गेला ।
कपट (नरि) पळु कलेवर
गीडल मदन गोहे ।
भल मन्द हम किछु न गूनल
जनम बहुल मोहे ॥
कएल उचित—भेल अनुचित
मने-मन पचताबे ।
आबे कि करब-सिर पए धुनब,
गेल दिना नहि आवे ॥

भने[१७] विद्यापति सून महेसर
तैलोक आन न देवा।
चन्दल[१८] देवि पति वैद्यनाथ गति
चरण शरण[१९] मोहि देवा ॥

ने० पु० ४७, प० १३५, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४४)—

ए हर गोसाञे नाथ
तोहर सरन कएलञो।
किछु न करब सबे बिसरब
पछाँ जे जत कएलञो ॥
कपट मह पड़ु कलेवर
गिहल मञन गोहे
मल मन्द सबे किछु न गुनल
जनम वहल मोहे ॥
कएल उचित भेल अनउचित
मने मने पचतावे।
आवे कि करब सिरे पए धुनब
गेल दिना नहि आवे ॥
अपथ पथ चरन चलाओल
भगति मन न देला।
परधनि धन मानस बाढ़ल
जनम निफले गेला ॥
चरित चातर मन बेआकुल
मोर मोर अनुबन्धा।
पुत कलत्त सहोदर बन्धव
अन्त काल सबे धन्धा ॥
भन विद्यापति सुनह शङ्कर
कइलि तोहरि सेवा।
एतए जे वरु से वरु करब
ओतए सरन देवा ॥

मि० म० (पद-सं० ६०६)—१ चाउर। २ कलत्र। ३ पाठाभाव। ४-५ देह नु। ६ उपेनि। ७ गम। ९ ऊरछाकत। १० उगति। ११-१२ पाठाभाव। १३ तावे। १४ भल राग। १५ न। १६ नागे। १७ मधे। १८ चन्दन। १९ सरण।

झा (पद-सं० १२४)—१ चातुर। ३ पाठाभाव। ८ आगा।

भनइ विद्यापति सुनह महेसर
तइलोक आन न देवा।
एतए जे वरु से वरु करब
ओतए सरन देवा ॥

शब्दार्थ—चातर=महाजाल। मोर-मोर=मेरा-मेरा। अनुबन्धे=बन्धन। पूत=पुत्र। कलत्त=(कलत्र—सं०) स्त्री। सेष दसा=अन्त समय में। धन्धे=झंझट। गोसाञे=गोस्वामी। नाह=नाथ। लेखी=लेखा करके, हिसाब करके। अपथ पथ=कुमार्ग। भगति=भक्ति। परधनि=परस्त्री। (नरि=नदी)। गीडल=ग्रस लिया। गोह=ग्राह। तैलोक=त्रिलोकी में।

अर्थ—चरित-रूपी महाजाल में (भटकता हुआ) चित्त व्याकुल (हो रहा है)। मेरा-मेरा—(यह) बन्धन है। पुत्र, कलत्र, सहोदर और बान्धव—अन्त समय में सभी झंझट हैं।

हे हर! हे गोस्वामी! हे नाथ! मेरी उपेक्षा मत कर दो। यम के आगे, जब वह हिसाब करके बुझारत करेगा, डर के मारे (मेरा) मुँह उत्तर नहीं दे सकेगा।

कुमार्ग में मैंने पैर बढ़ाये (और तुम्हारी) भक्ति में बुद्धि नहीं दी। पराये धन (और) पराई स्त्री में मन लगाया। (मेरा) जन्म व्यर्थ ही बीत गया।

कपट-रूपी नदी में शरीर पड़ गया। (उसे) मदन-रूपी ग्राह निगल गया। मैंने भले-बुरे का कुछ भी विचार नहीं किया। (पुत्र कलत्रादि के) मोह में ही जन्म बीत गया।

(मैंने अपने जानते) उचित किया, (लेकिन) अनुचित ही हुआ। अब मन पछता रहा है। अब क्या करूँगा, केवल सिर धुनूँगा। (कारण,) बीते दिन (लौटकर) नहीं आते।

विद्यापति कहते हैं—हे महेश्वर। सुनो। त्रिभुवन में (तुम्हें छोड़कर मुझे पार करने-वाला) दूसरा देवता नहीं। (इसलिए) यहाँ जो भी (चाहो), वही करना (किन्तु) वहाँ (मरने के बाद) शरण देना। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

धनछीरागे—

[१२६]

लुबुधल[1] नयन निरखि[2] रहु ठाम
भरमहु कबहु लेब नहि नाम।
अपने अपन करब अवधान
जओ परचारिअ तओ पर जान॥ ध्रु० ॥
एरे नागरि मन दए सून
जे रस जान[3] तकर[4] बड[5] पून।
जइअओ हृदय रह मिलिए समाज
अधिकेओ रहब[6] (अ)सुधि[7] भए[8] लाज[9] ॥

कठे घटी अनुगत केम[10] ॥
नागर लखत हृदयगत[11] पेम[12] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ४८(क), प० १३६, पं० १

पाठभेद—

रा० पु० (पद-सं० २८)—(आरम्भ से यह पद खंडित है। 'सेओ रहब अन्धि भए लाजे' से आरम्भ है।) ७ अन्धि। ९ लाजे। १० काच घाटी अनुगत जल जेम। ११ हृदअगत।

अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

विद्यापति भन सुन वरनारि।
कते रङ्गे रसे सुरङ्ग मुरारि ॥
रूपनराअन एह रस जान।
राए सिवसिंह लखिमा दे रमान ॥

मि० म० (पद-सं० २४३)—१ लुबधल। २ निरखि। ३ जानत। ४ करब। ५ क। ६-७-८ बहबज विमए। १२ प्रेम।

झा (पद-सं० १२५)—६-७ रह रन्धि।

शब्दार्थ—निरखि=फैलकर। ठाम=स्थान। भरमहु=भ्रम से भी। समाज=सङ्ग। (अ)न्धि=आँधी होकर। घटी=घड़ा। जेम=जैसा। अनुगत=अनुगामी।

अर्थ—लुब्ध आँखें टकटकी लगाये (भले ही अपनी) जगह रह जायँ। (पर) भ्रम से भी कभी (मैं उनका) नाम नहीं लूँगी।

सं० अ०—लुबुधल नअन निरखि रहु ठाम।
भरमहुँ कबहुँ लेब नहि नाम ॥
अपने अपन करब अवधान।
जजो परचारिअ तजो पर जान ॥ ध्रु० ॥
एरे नागरि! मन दए सून।
जे रस जान तकर बड पून ॥
जइअओ हृदअ रह मिलिए समाज।
अधिकेओ रहथ अन्धि भए लाज ॥
काच घटी अनुगत जल जेम।
नागर लखत हृदअगत पेम ॥
विद्यापति भन सुन वरनारि।
कते रङ्ग-रसें सुरङ्ग मुरारि ॥
रूपनराअेन एहु रस जान।
सिवसिंह लखिमा देइ रमान ॥

स्वयं ही अपना समाधान कर लूँगी। यदि प्रचार करूँगी, तो दूसरे जान जायेंगे।

अरी नागरी! मन देकर सुनो। जो रस जानता है, उसका बड़ा पुण्य (समझो।)

यद्यपि हृदय में रहता है (कि कृष्ण के) समाज में मिलना चाहिए (अर्थात्—कृष्ण का संग करना चाहिए, तथापि) लज्जा से औंधी होकर रहूँगी।

काच के घड़े का अनुगामी जल जैसे (देखा जाता है, वैसे ही) नागर हृदयगत प्रेम को देखता है।

विद्यापति कहते हैं—हे वरनारी! सुनो। कृष्ण कितने ही रस-रङ्गों से सराबोर हैं।

लखिमा देवी के रमण शिवसिंह रूपनारायण इस रस को जानते हैं। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

धनछीरागे—

[१२७]

ताल[1] तळाग[2] फुलल अरविन्द
भूषल[3] भमरा पिव मकरन्द ॥
अविरल[4] खतन[5] खमण्डल[6] भास
से सुनि कोकिल मने भउ[7] हास ॥ ध्रु० ॥
एरे मानिनि पलटि निहार
अरुण[8] पिबए लागल अन्धकार।
मानिनि मान महघ धन तोर
चोराबए अएलाहु[9] अनुचित मोर ॥
ते[10] अपराधे मार[11] पँचबान
धनि धरहरि[12] कए[13] राप[14] परान ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

नें० पृ० ४८, प० १३७, पं० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३६३)–१ तनिहि। २ लागि। ३ भूखल। ४ विरल। ५ नखत। ६ नममण्डल। ७ मने उठ। ८ अरुन। १२-१३ घर हरिकए।

मि० म० (पद-म० ३८५)—१ तनित। २ लागि। ३ भूखल। ४ विरल। ५ नखत। ६ नममण्डल। ७ मने उठ। ८ अरुन। ९ चोरावए चाहि। १० तौं। १२-१३ घर हरिकए। १४ राख।

झा (पद-सं० १२६)—१ तुलित। २ लागि। ५ खत। ६ नखमण्डल। ७ मने मउ। ११ मोरा। १२ घर हरि।

मं० अ०—३ भूखल। ४-५-६ विरल नखत नभमण्डल भास। ७ उठ। ८ अरुन। ९ चोरबए अएलाहुँ। १०-११ ते अपराधेँ मार। १४ राख।

शब्दार्थ—अरविन्द = कमल। मकरन्द = मधु। महघ = (महार्घ—सं०) महँगा। घरहरि = बीच-बचाव।

अर्थ—ताल और तड़ाग में कमल खिल गये। भूखे भौंरे मधु पीने लगे।

आकाश में विरल नक्षत्र दिखाई पड़ते हैं। सो (सब देख) सुनकर कोकिल के मन में हँसी आ रही है। (अर्थात्—कोकिल प्रसन्न होकर गा रहे हैं।)

अरी मानिनी! लौटकर देखो! अरुण अन्धकार पी रहा है (अर्थात्—रात बीत गई। भोर हो गया।)

हे मानिनी! मान तुम्हारा महँगा धन है। (मैं उसे) चुराने आया—(यह) मेरा अनुचित (कार्य) है।

इसी अपराध से कामदेव (मुझे) मार रहा है। हे धन्ये! बीच-बचाव करके (मेरे) प्राणों की रक्षा करो। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

धनछीरागे—

[१२८]

कत खन वचन विलासे
सुपुरुष राखिअ आसापासे[१]।
आवे हमे गेलिहु[२] फेदाई
अथिरक आतर[३] मधथ लजाइ[४] ॥ ध्रु० ॥
वोलि विसरलह रामा
सखि अस चौलि हे कह कत[५] ठामा।
पर[६] वित्त[७] पति[८] न रह रङ्गे
कुसुमित कानन मधुकर सङ्गे ॥
समय[९] खेपसि कति भाँति[१०]
वडि[११] छोटि भेलि मधुमासक राति[१२] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ४६(क), प० १३८, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ८८७)—१ सुपुरुख राखिअ आसापासे। ४ लजाई। ५ बौलि हे। ६ पाठाभाव। ७-८ विपते। १० भाँती। १२ राती।

सि० म० (पद-सं० ४३३)—४ लजाई। ५ बौलि हे। ७-८ विपति। १० भाँती। ११ बड़ि। १२ राती।

झा (पद-१२७)—४ लजाई। ५ बौलिहे। ७-८ विपतं।

सं० अ०—२ गेलिहुं। ३ आँतर। ४ लजाई। ७ पाठाभाव। ६ ममथ।

शब्दार्थ—फेदाई=थक गई। आतर=अन्तर=बीच। मधथ=मध्यस्थ। चौलि=काकु-वचन। खेपसि=बिताती हो। मधुमासक=चैत्र मास की।

अर्थ—कबतक वाग्विलास से आशा-पाश में (बाँधकर) सुपुरुष को रखोगी?

अब मैं थक गई। अस्थिर (जिसकी बात का कोई ठिकाना नहीं) के बीच में (पड़ने से) मध्यस्थ लज्जित होता (ही) है।

हे रामा। (तुम) कहकर भूल गई। सखियाँ कई जगह ऐसा काकु-वचन बोलती हैं।

पराये पति (पर सब दिन) रंग नहीं रहता। (कारण, जबतक) कानन कुसुमित (रहता है, तभीतक) मधुकर का संग रहता है।

नाना प्रकार से (व्यर्थ क्यों) समय बिता रही हो? वसन्त की रात बहुत छोटी हो गई है।

धनछीरागे—

[१२६]

तोर[1] साजनि पहिल पसार
हमरे[2] वचने करिअ बेबहार।
अमिअक[3] सागर अधरक पास
पओले नागरे[4] करब गरास ॥ ध्रु० ॥
नहु नहु[5] कहिनी कहब बुझाए
पिउत कुगआ[6] गोमुख लाए।
पहिल पढओक[7] भला के हाथ
ते उपहस[8] नहि गोपी साथ ॥
मन्दा काज मन्दे कर रोस[9]
भल पओलेहि[10] अलपहि कर तोस[11] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ४९(क), प० १३९, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० १३३)—१ तोहर। ३ अमिअक। ४ नागर। ५ लहु लहु। ६ कुगयाँ। ७ पढओक। ८ उपहास। १० पओलहि।

मि० म० (पद-सं० २७१)–१ तोहर। २ हमर। ५ लहु लहु। ६ कुगयाँ। ७ पढ़ओक। ८ उपहास।

झा (पद-सं० १२८)—५ लहु लहु।

सं० अ०—१ तोहर। ४ नागरें। ७ पहिलुक पढ़ओक। ८ तञे उपहस। ९ रोप। ११ सोप।

शब्दार्थ—पसार = (प्रसार—सं०) बाजार। अमिअक = अमृत का। गरास = ग्रास। नहु नहु = (लघु-लघु—सं०) धीरे-धीरे। कहिनी = (कथानक—स०) बात। कुगआ = कुग्रामवासी = गँवार। गोमुख = गौ की तरह मुख। लाए = लगाकर। ते = इसलिए। रोस = जोर।

अर्थ—हे सखी। (यह) तुम्हारा पहला बाजार है। (अतः) मेरे वचन (के अनुसार) व्यवहार करो।

(तुम्हारे) अधर के पास अमृत का सागर है। (यदि) नागर पा जायगा (तो) ग्रास कर लेगा।

धीरे-धीरे समझाकर बातें कहना। (अन्यथा) गौ की तरह मुँह लगाकर (वह) गँवार पी जायगा।

पहली बोहनी भला (आदमी) के हाथ (होनी चाहिए।) इससे साथ की गोपियाँ (भी) नहीं हँसेंगी।

नीच आदमी नीच काम में जोर करता है। भला (आदमी) तो थोड़ा पाकर भी सन्तोष कर लेता है।

धनछीरागे—

[१३०]

अवधि बढाओलन्हि[१] पुछिहह[२] कान्ह
जीवहु तह हे गरुअ छल मान।
भलाहुक वचन मन्द आबे लाग
कुम्भी जल हे भेल अनुराग ॥ ध्रु० ॥
साजनि[३] कि कहब टुटल समाद
परक दरब हो पर सओ वाद।
ओहि धन्ध भेलि आसा हानि
कत पतिआएब झूठी[४] बानि[५] ॥
वहलि पेन्द टेढ[६] सम बोल
कतएक नागर आओ चौछोल[७]।
विरहक बोलए नागरि बोल
विद्यापति[८] कहए अमोल ॥

ने० पृ० ४६, प० १४०, पं० ३

सं० अ०—१ वढ़ओलन्हि। ६ टेढ़। ८ विद्यापति कवि।

पाठभेद—

सि० म० (पद-सं० ५५६)—१ वढाओलन्हि। २ पुछि इह। ३ सानानी। ४ डुबी। ६ टेढ़। ७ आओगे छोल।

झा (पद-सं० १२६)—१ वढाओलन्हि। ५ वाणि।

शब्दार्थ—कुम्भी = तृणविशेष, जो कि पानी के ऊपर तैरता रहता है। समाद = संवाद। दरब = द्रव्य। वाद = झगड़ा। वानि = बातें। वहलि = विना। चौछोल = चतुर छैला।

अर्थ—कृष्ण को पूछना कि (क्या उन्होंने) अवधि बढ़ा दी? (भूल गये कि) प्राणों से भी मेरा मान गुरु था। (अर्थात्—कृष्ण नहीं आयेंगे, तो मैं फिर मान कर लूँगी।)

भले (आदमी) का वचन भी अब मन्द लगता है। (मालूम होता है कि) कुम्भी और पानी की तरह (उनका) अनुराग हो गया। (अर्थात्—जैसे कुम्भी पानी के ऊपर तैरती रहती है, उसी तरह कृष्ण का अनुराग भी ऊपर-ही-ऊपर है।)

हे सखी! क्या कहूँ? संवाद टूट गया। (अर्थात्—संवाद की जो परिपाटी थी, वह टूट गई।) दूसरे के धन के लिए कहीं दूसरे से झगड़ा हो!

उसी झमेले में आशा की हानि हो गई। (उनकी) झूठी बातों का कितना विश्वास करूँ?

बिना पेंदे की तरह (उनकी) टेढ़ी (और) सीधी बोली (होती है।) कहाँ नागर और कहाँ चतुर छैला? (अर्थात्, वे नागरपन और छैलपन भूल गये। उनकी बोली बिना पेंदे की तरह कभी टेढ़ी और कभी सीधी होती है।)

नागरी विरह की बोली बोल रही है। विद्यापति कहते हैं कि (नागरी की ये बोलियाँ) अनमोल हैं।

धनछीरागे—

[१३१]

खेत कएल रपवारे[१] लूटल[२]
ठाकुर सेवा भोर।
वनिजा[३] कएल लाभ नहि पओले[४]
अलप निकट भेल थोर[५] ॥ ध्रु० ॥
रामधन[६] वनिजहु[७]
वेज अछ[८] लाभ अनेक ॥

स० श०—१ रखवारे। ७ वनिजहु रे।

मोति मजीठ कनक हमे वनिजल
पोसल मनमथ चोर।
जोषि[9] परेषि[10] मनहि हमे निरसल
धन्ध लागल मज मोर॥
इ[11] संसार हाट कए मानह
सवो नेक[12] वनिजेआर[13]।
जो जस बनिजए लाभ तस पावए
मुरुष[14] मरहि गमार॥
विद्यापति कह सुनह महाजन
राम भगति अछ[15] लाभ॥

ने० पृ० ५०(क), प० १४१, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ८४०)—१ रखवारे। २ लुटल। ३ वणिजा। ५ थोर। ९ जोखि। १० परेखि। १२ वनिक। १३ वनिजार। १४ सुपुरुष।

सि० म० (पद-सं० ६०८)—१ रखवारे। २ लुटल। ४ पाओल। ५ थोर। ६ माधव धन। ९ जोखि। १० परेखि। १३ वणिज आर। १४ सुपुरुष।

झा (पद-सं० १३०)—८ अछ (ए)। ११ ई। १३ वनिजए आर। १५ अछि।

शब्दार्थ—रखवारे = रखवाला। ठाकुर = धनी। मोर = व्यर्थ। वनिजा = वाणिज्य। वेज = व्याज। निरसल = त्याग दिया। नेक = चतुर। वनिजेआर = व्यापारी।

अर्थ—(मैंने) खेती की (तो उसे) रखवाले ने लूट लिया। धनियों की सेवा (भी) व्यर्थ हुई। वाणिज्य किया; (पर) लाभ नहीं पाया। निकट (जो कुछ) अल्प था, (वह और भी) थोड़ा हो गया।

अरे! राम-धन का वाणिज्य करो। (उसके) व्याज में अनेक लाभ हैं।

(मैंने) मोती, मजीठ (और) सोने का वाणिज्य किया। कामदेव-रूपी चोर का पोषण किया। (किन्तु) मैंने (अपने) मन में तोल-जोखकर (सबका) त्याग कर दिया। (किसी से कुछ लाभ नहीं हुआ।) मेरे मन में फिक्र लगी रही।

इस संसार को हाट समझो। (यहाँ) सभी चतुर व्यापारी हैं। जो जैसा व्यापार करता है, वैसा लाभ पाता है। मूर्ख (और) गँवार (व्यर्थ ही) मर जाते हैं (लाभ नहीं पाते)।

विद्यापति कहते हैं—हे महाजनो! सुनो! राम की भक्ति में (ही) लाभ है।

विशेष—भणिता के पहले और अन्त में दो-दो पंक्तियाँ खण्डित प्रतीत होती हैं।

९-१० जोखि-परेखि। ११ ई। १३ सभो नेक वनिजार। १४ मूरुख।

धनछीरागे—

[१३२]

जलधर अम्बर रुचि परिहाउलि[१]
सेत सारङ्ग कर वामा।
सारङ्ग वदन[२] दाहिन कर मण्डित
सारङ्ग गति चलु रामा॥ ध्रु०॥
माधव तोरे बोले आनलि[३] राही
सारङ्ग भास पास सओ[४] आनलि।
तुरित[५] पठाबहु ताही
शम्भु घरिणि[६] बेरि आनि मेराउलि॥
हरि सुत सुत धुनि भेला।
अरुणक[७] जोति तिमिर पिडि[८] उगल[९]
चान्द[१०] मलिन भए गेला॥
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ५०(क), प० १४२, प० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३१८)—१ जलधर रुचि अम्बर पहिराउलि। २ अदन। ३ आनल ५ तोरित। ६ सम्भू घरिनि। ७ अल्नक। ८ पिवि। १० चन्द।

मि० म० (पद-सं० ३२५)—१ पहिराउलि। २ अदन। ३ आनल। ४ सयँ। ६ सम्भु घरिनि। ७ अल्नक। ८ पिडि। ९ ऊगल। १० चाँद।

झा (पद-स० १३१)—पाठभेद नहीं है।

शब्दार्थ—अम्बर = वस्त्र। परिहाउलि = पिन्हा दिया। सेत = श्वेत। सारङ्ग = दीपक। सारङ्ग = पाँच (सख्या), सारङ्ग वदन = पंचमुख = शिव। सारङ्ग वदन दाहिन कर = अभय मुद्रा। सारङ्ग = हाथी। सारङ्ग = कोयल, सारङ्ग भास = कोकिलकण्ठी। तुरित = त्वरित (स०) = शीघ्र। शम्भु घरिणि = संध्या। हरि = इन्द्र, हरि सुत = जयन्त, हरि सुत सुत = काक-समूह।

अर्थ—मेघ के समान (काला) वस्त्र पिन्हाकर वायें हाथ में श्वेत (प्रकाशमय) दीपक लेकर गजगामिनी रामा (रमणोत्सुका) चली।

हे माधव! (मैं) तुम्हारे कहने से राधा को ले आई। कोकिलकण्ठी (राधा) को (मैं गुरुजनों के) समीप से ले आई हूँ। (इसलिए) उसे शीघ्र (वापस) भेज दो।

संध्या समय (मैंने) उसे ला मिलाया, (अब तो) कौए बोल रहे हैं, अंधकार का नाश कर अरुणोदय हो चुका (और) चन्द्रमा (भी) म्लान हो गया। (अर्थात्—भोर हो गया। अब भी तो इसे घर जाने दो।)

सं० अ०—८ पिवि। ९ ऊगल।

मलारीरागे—

[१३३]

जौवन रतन[1] अछल दिन चारि
तावे[2] से[3] आदर कएल[4] मुरारि ।
आवे[5] भेल झाल कुसुम रस[6] छूछ[7]
वारि विहुन सर[8] केओ नहि पूछ[9] ॥ ध्रु० ॥
हमरिओ[10] विनति[11] कहव सखि गोए[12]
सुपुरुष सिनेह[13] अन्त[14] नहि होए[15] ।
जावे से[16] धन[17] रह[18] अपना हाथ
तावे से आदर कर सङ्ग साथ ॥
धनिकक[19] आदर सबका[20] होए[21]
निरधन वापुऋ[22] पुछ[23] नहि[24] कोए[25] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५०, प० १४३, पं० ३

पाठभेद—

रा० त० (पृ० ७६)—१ रूप। २ से। ३ देखि। ५ अब। ६ सबे। १२ रोए। १३ वचन। १४ अफल। १६ रहए। १८ पाठाभाव। २० सबतहु। २२ वापुर।

सं० अ०— जौवन रूप अछल दिन चारि ।
से देखि आदर कएल मुरारि ॥
आवे भेल झाल कुसुम रस-छूछ ।
वारि-विहुन सर केओ नहि पूछ ॥ ध्रु० ॥
हमरिओ विनति कहव सखि रोए ।
सुपुरुष वचन अफल नहि होए ॥
जावे रहए धन अपना हाथ ।
तावे से आदर कर संग-साथ ॥
धनिकक आदर सबतहु होए ।
निरधन वापुर पुछ नहि कोए ॥
भनइ विद्यापति राखय सील ।
जजो जग जिविअ नवए निधि मील ॥

अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

मनइ विद्यापति राखब सील[1]
जओ[2] जग जिविअ[3] नवो[4] निधि मील[5] ॥

न० गु० (पद-सं० ६६७)—१ रूप। २ से। ३ देखि। ४ कयल। ५ आव। ६ सवे। ७ छुछ। ८ सब। ९ पुछ। १० हमरिए। १२ रोय। १३ वचन। १४ अफल। १५ होय। १६-१७-१८ रहइ धन। १९ धनीकक। २० सब तँह। २१ होय। २२ बापुर। २३ पुछय। २४ न। २५ कोय। अन्त में उपर्युक्त भणिता है, जिसमें निम्नलिखित पाठभेद है—

१ शील। २ जो। ३ जीविय। ४ नवउ। ५ मिल।

मि० म० (पद-सं० ४५५)—१० हमरि तु। ११ विनती। १४ अनु। २२ बापुन।

झा (पद-सं० १३२)—पाठभेद नही है।

शब्दार्थ—झाल = शुष्क। छूछ = खाली = हीन। वारि = जल। विहुन = विना। सर = तालाब। गोए = गुप्तरूप से। सङ्ग साथ = दोस्त-मित्र। बापुळ = बेचारा।

अर्थ—चार दिनों तक यौवन-रूपी रत्न थे। तबतक कृष्ण ने उस प्रकार का आदर किया।

अब (वह यौवन) रसहीन पुष्प के सदृश शुष्क हो गया। बिना पानी के तालाब को कोई नहीं पूछता।

हे सखी! गुप्त रूप से मेरी विनती कहना (कि) सुपुरुष के स्नेह का कभी अन्त नहीं होता।

जभी तक अपने हाथ में धन रहता है, तभी तक दोस्त-मित्र आदर करते हैं।

धनियों का आदर सब जगह होता है। बेचारे निर्धन को कोई नही पूछता।

[विद्यापति कहते हैं (कि) शील की रक्षा करनी चाहिए। (फिर) यदि संसार में जीवित रहेंगे, तो नवो निधियाँ मिल जायेंगी।]

आसावरीरागे—

[१३४]

जाबे रहिअ तुअ लोचन आगे
ताबे बुझाबह दिढ[1] अनुरागे।
नयन ओत भेले सब किछु आन[2]
कपट हेम[3] धर[4] कति धन[5] बान[6] ॥ ध्रु० ॥
बुझल मधुरपति[7] भलि तुअ रीति
हृदय[8] कपट मुखे करह पिरीति।
विनय[9] वचन जत[10] रस परिहास
अनुभवे[11] बुझल हमे सेओ परिहास ॥

स० अ०—२ नयन ओत भेले सब किछु आन। ५ खन। ८ हृदअ। ९ विनअ। ११ अनुभवेँ।

हसि हसि[12] करह कि सब परिहार
मधु विषे[13] माषल[14] सर परहार ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५१(क), प० १४४, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३४१)—१ दिढ। २ आने। ३-४ हे माधव। ५ खन। ६ वाने। १३ बिखे। १४ माखल।

मि० म० (पद-सं० ३८०)—१ दिढ। २ आने। ६ वाने। ७ मथुरापति। १३ बिखे। १४ माखल।

झा (पद-सं० १३३)—१० यत।

शब्दार्थ—लोचन = आँख। ओत = ओट। भेले = होने पर। हेम = सोना। वान = वर्ण = रंग। माखल = मिला हुआ। परिहार = मार्जन।

अर्थ—जभी तक (मैं) तेरी आँखो के आगे रहती हूँ, तभी तक (तुम) दृढ अनुराग दिखलाते हो।

आँखो से ओट होते ही सब-कुछ दूसरा हो जाता है। नकली सोना कबतक रंग धारण कर सकता है?

हे मथुरापति। (मैंने) तुम्हारी रीति को अच्छी तरह समझ लिया। (तुम्हारे) हृदय में कपट है। (तुम केवल) मुख से प्रीति करते हो।

(तुम्हारे) जितने विनय-वचन (और) सरस परिहास है, मैंने अनुभव करके समझ लिया, वे सभी मजाक हैं।

(अब) हँस-हँसकर क्या सबका मार्जन कर रहे हो? (तुम्हारा हँसना) मधु (और) विष से लिप्त शर का प्रहार है।

आसावरीरागे—

[१३५]

बारिस निसा मञे चलि अइलहु[1]
सुन्दर मन्दिर तोर।
कत अहि मही देहे दमसल
चरणे[2] तिमिर घोर ॥ ध्रु० ॥

---

१२ हँसि हँसि। १३ बिखें। १४ माखल।

सं० अ०— वारिस निसा मोज चलि अइलिहुँ
सुन्दर मन्दिर तोर।
कत महि अहि-देहे दममल—
चरने तिमिर घोर ॥ ध्रु० ॥

निज सखि मुख सुनि सुनि कहु[४]
बसि[५] पेम तोहार।
हमे अबला सहए न पारल
पचसर परहार॥
नागर मोहि मने अनुताप।
कएलाहु साहस सिद्धि[६] न पाबिअ
अइसन हमर पाप॥
तोह सन पहु गुननिकेतन
कएल मोर निकार।
हमहु नागरि सबे सिषाउबि[७]
जनु कर अभिसार॥
केलि कुतुहर[८] दुरहि रहओ
दरसनहुँ[९] सन्देह।

निज सखि-मुख सुनि-सुनि कह
बसि पेम तोहार।
हमे अबला सहए न पारल
पंचसर परहार॥
नागर! मोहि मने अनुताप।
कएलाहु साहस सिधि न पाबिअ
अइसन हमर पाप॥
तोह सन पहु गुननिकेतन
कएल मोर निकार।
हमहु नागरि सबे सिखाउबि
जनु कर अभिसार॥
कत न नागर गुनक सागर
सबे न गुनक गेह।
तोह सन जग दोसर नाही
सञे हमे लाओल नेह॥
केलि-कुतूहल दूरहि रहओ
दरसनहुँ सन्देह।

जामिनि चारिम पहर पाओल
बरु[10] जाओ[11] निज गेह ॥
मोरिओ सह[12] सहचरि जानति
होइति इ बडि[13] साति[14] ।
विहि निकारुण[15] परम दारुण[16]
मरओ[17] हृदय फाटी[18] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५१, प० १४५, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४८२)—१ अएलिहु। ३ कत महि अहि। ४-५ कहवसि। ६ विधि ७ सिखाउवि। ८ कुतूहल। ९ दरशनहु। १० आवे। ११ जाओ। १२ सब। १३ बडि। १४ साटि १५ निकारुन। १६ दारुन। १७ मरओ। १८ फाटि।

१५वीं पंक्ति के बाद निम्नलिखित ४ पंक्तियाँ हैं—

कत न नागर गुनक सागर
सबे न गुनक गेह।
तोह सन जग दोसर नाहि[19]।
ते[20] हमे लाओल नेह ॥

अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

भने[21] विद्यापति सुनह जुवति
आसा न अवसान।
सुचिरे जीवओ राए सिवसिंह[22]
लखिमा देवि[23] रमान ॥

जामिनि चारिम पहर पाओल
वरु जाओ निज गेह ॥
मोरिओ सह-सहचरि जानति
होइति ई बडि साति।
विहि निकारुन परम दारुन
मरओ हृदअ फाटि ॥
भनइ विद्यापति सुनह जुवति।
आसा नहि अवसान।
सुचिरे जीवओ राए सिवसिंह
लखिमा देइ रमान ॥

मि० म० (पद-सं० १०८)—१ अपलिहु। २ कत महि अहि। ३ चरने। ४-५ कहवसि। ६ सिपि। ७ सिखाउवि। ८ कुतूहल। १० आव। ११ जाओं। १२ सव। १३ वडि। १४ सादि। १५ निकारल। १६ दारुन। १७ मरओो। १८ फाटि।

इसमें भी उपयुंक्त पंक्तियाँ हैं, जिनमें निम्नलिखित पाठभेद हैं—

१९ नाहि। २० ते ँ। २१ मन। २२ सिवसिंघ। २३ देइ।

झा (पद-सं० १३४)—८ कुतुहल। १२ स(ा)हस। १३ ई वडि।

शब्दार्थ—वारिस = बरसात। निसा = रात। महि = धरती। अहि = साँप। दमसल = रौंद दिया। चरणे = पैरों से। तिमिर = अंधकार। वसि = वशीभूत। पंचसर = कामदेव। अनुताप = दुःख। निकार = अनादर। सह = साथ। साति = (शास्ति—सं०) दण्ड।

अर्थ—हे सुन्दर। मैं बरसात की रात में तुम्हारे घर चली आई। (मैंने) घोर अन्धकार मे पृथ्वी पर (पडे) कितने साँपों के शरीर को (अपने) पैरों से रौंद डाला।

अपनी सखियों के मुख से (तुम्हारा गुण) सुन-सुनकर (मैं) तुम्हारे प्रेम के वश हो गई। मैं अवला हूँ, (इसलिए) कामदेव का प्रहार नहीं सह सकी।

हे नागर। मेरे मन में दुःख है। (कारण,) मेरा ऐसा पाप है कि साहस करने पर भी सिद्धि नहीं मिली।

तुम्हारे समान गुणनिकेतन स्वामी ने भी मेरा अनादर किया। (अब) मैं सभी नागरिकाओं को सिखाऊँगी (कि कोई) अभिसार नहीं करे।

कितने ही नागर गुणसागर हैं, (किन्तु) सभी गुणगेह (अर्थात्—गुणग्राहक) नहीं हैं। संसार में तुम्हारे समान दूसरा (कोई) नहीं है। इसीलिए मैंने स्नेह किया।

केलि कौतुक दूर रहे—दर्शन में भी सन्देह हो गया। रात का चौथा प्रहर प्राप्त हुआ। अच्छा है कि अपने घर जा रही हूँ।

मेरी, साथ की सहचरियाँ भी जान जायेंगी—यह बड़ा दण्ड होगा। विधाता निष्करुण (और) परम दारुण है। (मेरा) हृदय फट जायगा, (मैं) मर जाऊँगी।

विद्यापति कहते हैं—हे युवती! सुनो। आशा का अन्त नहीं होता। लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह चिरकाल तक जीवें। (अर्थ—सपादकीय अभिमत से।)

आसावरीरागे—

[१३६]

दहए बुलिए बुलि भमरि करुणा[1] कर
आहा दइआ इ की भेल।
कोर सुतल पिआ[2] आन्तरो न देल[3] हिआ[4]
के[5] जान[6] कओन दिग गेल ॥ ध्रु० ॥

सं० अ०—१ करुना। ५ के।

अबे[७] कैसे[८] जीउब मञे[९] रे
सुमरि बालभु नव नेह ॥
एकहि मन्दिर बसि पिआ[१०] न पुछए हसि[११]
मोरे लेखे[१२] समुदक पार ।
इ[१३] दुइ जौवना तरुण[१४] लाख लह
से आबे परस गमार ॥
पटसुति बुनि बुनि मोतिसरि किनि किनि
मोरे पिआजे[१५] गाथल हार ।
लाख[१६] लेखि[१७] तन्हि[१८] हरबा गाथल[१९]
से आबे तोलत[२०] गमार ॥
अरेरे पथिक भइआ समाद लए जइहह[२१]
जाहि देस बस मोर नाह ।
हमर से दुखसुख तन्हि पिआ[२२] कहिहह[२३]
सुन्दरि समाइलि वाह ॥
भनइ विद्यापति अरेरे जुवति[२४]
अबे चिते करह उछाह ।
राजा सिवसिह[२५] रूपनराए(न)[२६]
लखिमा[२७] देवि वर नाह ॥

ने० पृ० ५२(क), प० १४७, प० ४

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६२८)—१ करुना । ३ देअ । ४ हिया । ५ के । ६ जाने । ७ अरे । १४ तरुन । १५ पियाजे । १६ लाखे । १८ तन्हि हम । २१ जइह । २३ कहिह । २७ लखि ।

मि० म० (पद-सं० १५९)—१ करुना । २ पिया । ३ देअ । ४ हिया । ७ अरे । १० पिया । १४ तरुना । १५ पियाजे । १८ तन्हि हम । २१ जइह । २२ पिया । २३ कहिह । २५ सिवसिंघ । २६ रूपनरायन ।

झा (पद-सं० १३५)—१७ लिखि । १८ तन्हि हम (ह)रवा ।

---

८ कइसे । ९ जिउब मोञ । ११ हँसि । १२ मोरा लेखेँ । १३ ई । १४ तरुन । १५ पिआजे गाँथल । १९ गाँथल । २० तोळत । २४ अरे वर जउयति । २६ रूपनराञेन ।

शब्दार्थ—दहए = दह में, ह्रद में। घुलिए घुलि = घूम-घूमकर। आहा दइआ = हाय दैव। इ = यह। आन्तरो = अन्तर भी। हिआ = हृदय। दिग = दिशा। बालभु = वल्लभ। नेह = स्नेह। समुदक = समुद्र का। लह = लभ्य, अर्थात्—स्पृहणीय। परस = स्पर्श करेगा। गमार = गँवार। पटसुति = रेशम का धागा। मोतिसरि = मोतियों की लड़ियाँ। किनि किनि = खरीद खरीदकर। लाख लेखि = बारबार देख-भालकर। समाद = संवाद। नाह = नाथ। वाह = प्रवाह। उछाह = उत्सव।

अर्थ—ह्रद में घूम-घूमकर भ्रमरी विलाप करती है (कि) हाय दैव! यह क्या हो गया? प्रिय गोद में सोया था, हृदय में अन्तर भी नहीं दिया था; (फिर भी) कौन जानता है (कि) वह किस दिशा को चला गया!

वल्लभ के नूतन स्नेह का स्मरण करके अब मैं कैसे जीऊँगी?

एक ही घर में रहकर भी प्रियतम हँसकर नहीं पूछता। (मालूम होता है,) मेरे लिए (वह) समुद्र के पार है। लाखों तरुणों के लिए स्पृहणीय जो ये दोनो स्तन हैं, उन्हे अब गँवार स्पर्श करेगा।

रेशम के धागे से बुन-बुनकर, मोतियों की लड़ियाँ खरीद-खरीदकर मेरे प्रिय ने हार गूँथा। उन्होंने बारंबार देखभालकर हार गूँथा। उस (हार) को अब गँवार तोड़ेगा।

अरे भैया बटोही! जिस देश में मेरे स्वामी रहते हैं, (वहाँ मेरा) संवाद ले जाना। मेरा दुःख-सुख उस प्रियतम से कहना (और कहना कि) सुन्दरी (आँसू के) प्रवाह में (डूबने को) पैठ चुकी है।

विद्यापति कहते हैं—हे वरयुवती! अब चित्त मे उत्साह करो। (कारण,) लखिमा देवी के श्रेष्ठ स्वामी राजा शिवसिंह रूपनारायण (तो हैं)।

मलारीरागे—

[१३७]

सरोवर घाट निकट सङ्कट तरु[1]
हेरहि न पारले आगु।
साङ्कळि बाट उबटि चलि भेलिहु
ते कुच कण्ठक[2] लागु ॥ ध्रु० ॥

सं० अ०—सरोवर-घाट-निकट कण्टक-तरु
हेरहि न पारल आगू।
साङ्कडि बाट उबटि चलि भेलिहुँ
तमे कुच कण्टक लागू ॥ ध्रु० ॥

ननन्द हे सरूप निरुपिअ[३] रोस।
बिनु विचारे बिहुचार बुझओलह
सासु करओलह रोस ॥
कौतुके कमल नाल सओ तोळल
करए चाहल अवतंस।
रोखे कोष सओ मधुकर धाओल
तेहि अधर करु दंस ॥
गरुअ कुम्भ सिर थिर नहि थाकए
ते उधसल केसपास।
आतप दोसे रोसे चलि अइलिहु
खरतर भेल निसास ॥
बेकत विलास कओने तव छापव
विद्यापति कवि भान।
राजा सिवसिंह रूपनराएण[४]
लखिमा देवि रमान ॥

ने० पृ० ५२, प० १४८, पं० ५

ननदी। सरुप निरूपह दोपे।
बिनु चिचारेँ बेभिचार बुझओवह
सासु करओवह रोपे ॥
कउतुकेँ कमल-नाल हमे तोळल
करए चाहल अवतंसे।
रोपेँ कोप सजो मधुकर धाओल
तेहि अधर करु दंसे ॥
गरुअ कुम्भ सिर थिर नहि थाकए
तजेँ उधसल केसपासे।
आतप-दोपेँ रोपेँ चलि अइलिहु
खरतर भेल निसासे ॥
पथ अपवाद पिसुने परचारल
तथिहु उतर हमे देला।

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३२८)—

ननदी सरप निरूपइ दोसे ।
बिनु विचारे[1] बेमिचार बुझओबह
सासु करओह[2] रोसे ॥
कउतुके[3] कमलनाल सञो[4] तोरल
करए चाहल अवतंसे ।
रोखे[5] कोख[6] सञो[7] मधुकर धाओल[8]
तेहि[9] अधर कए दंसे ॥
सरोवर[10] घाट बाट कयटक तरु
देखहि न पारल आगू ।
साँकरि बाट उबटि कहु चललाहु
तें[11] कुच कयटक लागू ॥
गरुअ कुम्भ सिर थिर नहि[12] थाकए
तें[13] उबसल केशपाशे[14] ।
सखि सञो[15] हमे[16] पाछु[17] पड़लिहु
तें[18] भेल दीघ निसासे[19] ॥
पथ अपवाद पिसुने[20] परचारल
तथिहु उतर हम देला ।
अमरख चाहि धैरज नहि रहले
तें[21] गदगद सर मेला ॥
भनइ विद्यापति सुन वर जउवति[22]
इ[23] सबे[24] राखइ[25] गोइ[26] ।
ननदी सञो[27] रस रीति बढ़ाओब[28]
गुपुत वेकत नहि होई ॥

सि० म० (पद-स० ७०, न० गु० से)—१ विचार । २ करतन्हि । ३ कौतुक । ४ सयँ । ५ रोस । ६ कोस । ७ सयँ । ८ आओल । ९ तेँहि । १० सरवर । ११ तेँ । १२ नहिँ । १३ तेँ । १४ केसपास । १५ जन । १६ सयँ हम । १७ पाछे । १८ तेँ । १९ निसास । २० पिसुन । २१ तेँ । २२ जौवति । २३ ई । २४ सम । २५ राखह । २६ गोई । २७ सयँ । २८ बढ़ावह ।

झा (पद-सं० १३६)—१ तह । २ कयटक । ३ निरूपिअ । ४ रूपनराएन ।

अमरख चाहि धइरज नहि रहले
तओ गदगद सर भेला ॥
भनइ विद्यापति सुन वरजउवति ।
ई सबे राखह गोई ।
ननदी सञो रस-रीति बढओबह
गुपुत बेकत नहि होई ॥

शब्दार्थ—तरु = पेड़। बाट = रास्ता। उबटि = तिरछी होकर। सरुप = सच। अवतसे = आभूषण। गरुअ = भारी। कुम्भ = घड़ा। थाकए = रहता। आतप = धूप। रोपे = वेग से। खरतर = अत्यन्त तेज। पिसुने = चुगलखोर। तथिहु = वहाँ भी। अमरख चाहि = अमर्षवश। सर = स्वर। गोई = छिपाकर। गुपुत = गुप्त। वेकत = व्यक्त।

अर्थ—सरोवर के घाट के समीप कँटीला पेड़ था, (मैं) आगे देख नहीं सकी। रास्ता संकीर्ण था, तिरछी होकर चलने लगी, इसीलिए स्तन में काँटे लग गये।

हे ननदी! मेरे दोष का सच-सच निरूपण करो। बिना विचारे ही व्यभिचार बुझाओगी (तो व्यर्थ ही) सास से रोष कराओगी।

कौतुकवश मैंने कमल-नाल को तोड़ा (और) आभूषण बनाना चाहा; (किन्तु) क्रुद्ध होकर (कमल) कोष से भौंरे दौड़ पड़े। उन्होंने अधर मे डँस लिया।

सिर पर भारी घड़ा स्थिर होकर नहीं रहता था, इसीलिए केशपाश बिखर गये। आतप के दोष से (अर्थात्—कड़ी धूप के कारण) वेग से चली आई। (इसीलिए) साँस तेज हो गई।

विद्यापति कहते हैं—अरी वरयुवती! सुनो। इन सब (बातों) को छिपाकर रखो। ननद से रस-रीति बढ़ाओगी, (तो) गुप्त (बातें) व्यक्त नहीं होंगी। (अर्थ—सम्पादकीय अभिमत से।)

मलारीरागे—

[१३८]

सुरत परिश्रम[1] सरोवर तीर
अरु अरुणोदय[2] सिसिर समीर।
मधु निसा रे[3] बएरनि[4] भेलि नीन्द
पुछिओ न गेले मोहि निठुर गोविन्द॥ ध्रु०॥
जाए खने दितहु आलिङ्गन गाढ[5]
जनि जुआर परुसे[6] खेल पाढ[7]॥
जत[8] जत[9] करितहु[10] तत मन जाग
अनुसए हीन भेल अनुराग।
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ५३(क), प० १४६, पं० ५

सं० अ०—१ परिस्रम। २ अरुनोदअ। ५ दितहुँ आलिङ्गन गाढ़। ६ पठरुपँ। ७ पाढ़। १० करितहुँ।

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६१७)—२ सुरु अरुनोदय। ३-४ वेली घनि। ५ गाद। ६ परु से। ७ पाढ़। ८-६ जत।

मि० म० (पद-सं० ५००)—१ परिस्रम। २ सुरु अरुनोदय। ३-४ वेवत घनि। ५ गाद। ६ परु से। ७ पाढ़।

झा (पद-सं० १३७)—२ सुरु अरुणोदय। ३-४ वेर ए घनि। ६ परु से।

शब्दार्थ—अरु = और। सिसिर = शीतल। समीर = वायु। मधु-निसा = वसन्त की रात। निठुर = निष्ठुर। अनुसए = (अनुशय—सं०) पश्चात्ताप। जुआर = जुआड़ी। पाढ़ = पाशा।

अर्थ—सुरत का परिश्रम, सरोवर का तट और अरुणोदय (का समय) तथा शीतल समीर।

(इतना ही नहीं,) वसन्त की रात्रि। (फिर क्या पूछना?) नींद वैरिन हो गई। निष्ठुर कृष्ण मुझे बिना पूछे ही चले गये।

(अगर मैं जगी रहती तो) जाने के समय गाढ आलिङ्गन देती, जैसे जुआड़ी अपना पाशा उत्साह के साथ खेलता है।

जितना जो करती, वे सब मन में जग रहे हैं। (यही) पश्चात्ताप है कि (कृष्ण का) अनुराग हीन हो गया।

मालवीरागे—

[१३६]

सहजहि आनन अछल अमूल
अलकें तिलकें[१] ससधर तूल।
का लागि अइसन पसाहन[२] देल
जे छल रूप सेहओ दुर[३] गेल॥ ध्रु०॥
अछल सोहाँओन[४] की[५] भए[६] गेल
भूषण[७] कएले दूषण[८] भेल
दरसि जगावए[९] मुनि जन आधि
नागर का[१०] ओ[११] सहज वेआधि[१२]॥
लिहले उपकल[१३] अओछा[१४] भार
भेटले मेटत अछ परकार॥
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ५३, प० १५०, पं० ३

सं० अ०—४ सोहाओन। ६-८ भूखन कएलें दूखन। १० कौं। १२ उल्हुल।

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २४७)—१ अलके तिलके। ३ दूर। ४ सोहाओन। ५-६ कतय। ९ नवावए। १० कां। ११ हो। १२ वेयाधि। १३ उघलल। १४ अवहत।

मि० म० (पद-सं० ३८)—२ पसारल। ४ सोहाओन। ५-६ कितए। ७ भूसन। ८ दूसन। ९ जपावए। १२ वेयाधि। १४ अओछाइ।

झा (पद-सं० १३८)– पाठभेद नहीं है।

शब्दार्थ—आनन=मुख। अछल=था। अमूल=अमूल्य। अलकें=केश से। ससधर=चन्द्रमा। तूल=तुल्य। का लागि=किसलिए। पसाहन=प्रसाधन— सं०। दुर गेल=बिगड़ गया। आधि=मनोव्यथा। अओछा=ओछा। लिहले=लिखने से।

अर्थ—स्वभावतः मुख अनमोल था। अलक-तिलक से (वह) चन्द्र-तुल्य हो गया। (अर्थात्, स्वभावतः निष्कलङ्क मुख केश-प्रसाधन और तिलक से सकलङ्क हो गया।)

किसलिए ऐसा प्रसाधन दिया? जो रूप था, वह भी बिगड़ गया।

(मुख स्वतः) शोभायमान था। (प्रसाधन करने से) क्या हो गया? अलङ्कृत करने से (उसमें) दोष (ही) हो गया।

दर्शन देकर (वह) मुनिजन की मनोव्यथा जगा देती है। नागर के लिए तो वह सहज व्याधि है।

लिखने से (अर्थात्—चन्दन, कस्तूरी आदि के आलेखन से) ओछा भार उखड़ गया (प्रकाश में आ गया)। (लेकिन) उपाय है—मिल जाने से (सहवास से प्रसाधन) मिट जायगा। (फिर मुख-चन्द्र निष्कलङ्क हो जायगा।)

धनछीरागे—

[१४०]

केस कुसुम छिडिआएल[१] फूजि
तारॉए[२] तिमिर छाडि[३] हलु पूजि।
हेरि पयोधर[४] मनसिज आधि
सम्भु अधोगति धएल[५] समाधि॥
विपरित रमण[६] रमए वर नारि
रतिरस लालसे[७] मुगुध मुरारि।
चुम्वने करए कलामति केलि
लोचन नाह निमिलित[८] हेरि॥

सं० अ०—१ छिडिआएल। २ ताराने। ३ छाडि। ४ पयोधर। ७ लालसें। ८ निर्मीलित।

ता दुहु रूप ताहि परथाब
उदयवान दुहु जैसन[1] सभाव ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५४(क), प० १५१, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ५९८)—१ छिरिआएल । २ ताराएँ । ३ छाडि । ५ थप । ६ रमन ।
मि० म० (पद-स० ४६५)—१ छिरिपायल । २ तारायँ । ३ छाडि । ५ थप । ६ रमन ।
झा (पद-सं० १३९)—२ तारायँ । ६ रमण ।

शब्दार्थ—कुसुम = फूल । छिळिआएल = बिखर गये। फूजि = खुलकर। तिमिर = अन्धकार । छाड़ि हलु = हटा दिया हो । पयोधर = स्तन । मनसिज आधि = काम-वेदना । रमण = स्वामी । अधोगति = अधोमुख । नाह = नाथ । निमिलित = मुदे हुए । परथाव = प्रस्ताव । उदयवान = उदीयमान ।

अर्थ—केश के फूल खुलकर बिखर गये । (जान पड़ता है,) ताराओं से अन्धकार को पूजकर (फिर उन्हें) हटा दिया गया हो ।

स्तन को देखकर काम-वेदना होती है । (ऐसा जान पड़ता है, जैसे) महादेव ने अधोगति (अधोमुख) होकर समाधि ली हो ।

वरनारी प्रिय के साथ विपरीत रमण करती है । कृष्ण रति-रस की लालसा से मुग्ध हो रहे हैं ।

स्वामी के निमीलित लोचन को देखकर कलावती चुम्बन (करके) केलि करती है ।

दोनों उदीयमानों (युवक-युवती) का जैसा स्वभाव, (वैसा ही) उन दोनों का रूप (और) वैसा ही प्रस्ताव ।

मलारीरागे—

[१४१]

नागर हो से[1] हेरितहि जान
चौसठि[2] कलाक[3] जाहि गेआन ।
सरुप[4] निरूपिअ कए अनुबन्ध
काठेओ रस दे नाना बन्ध ॥ ध्रु० ॥
केओ बोल माधव केओ बोल कान्ह
मञे[5] अनुमापल निछछ पखान ।

१. जइसन ।

स० प्र०—२ चउसठि । ३ कलाकेरि । ५ मोञ ।

वर्ष द्वादस[6] तुअ अनुराग
दूती[7] तह तकरा मन जाग।

ने० पृ० ५४(क), प० १५२, पं० ४

पाठभेद—

म० गु० (पद-सं० ४३५)—२ चौसटि। ४ सरूप। ६ दादस।
मि० म० (पद-सं० ४२०)—१ जे सइ। २ चौसटि। ४ सरूप। ६ दादस।
झा (पद-सं० १४०)—४ सरूप। ७ दुती।

शब्दार्थ—अनुबन्ध = सम्बन्ध। बन्ध = उपाय। अनुमापल = अनुमान किया। निछछ = निछक्का। पखान = पाषाण।

अर्थ—जिसे चौंसठ कलाओं का ज्ञान है, ऐसा नागर देखकर ही समझ जाता है।

सम्बन्ध करके ही सत्य का निरूपण किया जाता है। नाना प्रकार के उपाय से तो काठ भी रस देता है।

कोई (उन्हे) माधव कहता है, कोई कृष्ण कहता है, (किन्तु) मैंने अनुमान किया (कि वे) निछक्का पाषाण (निष्ठुर) हैं।

बारह वर्षो से दूती के द्वारा उनके मन में तुम्हारा अनुराग जग रहा है।

विशेष—नेपाल-पदावली में उपर्युक्त पद के साथ अग्रिम पद संयुक्त है। रामभद्रपुर की पदावली में उपर्युक्त पद उपलब्ध नहीं है। केवल अग्रिम पद ही है। इससे दो भिन्न पद होने की संभावना है।

मलारीरागे—

[१४२]

कतएक[1] हमे धनि कतए गोआला
जल थल कुसुम कैसन होअ माला।
पवन न[2] सहए दीप[3] के[4] जोति
छुइले काच मलिन होअ मोति।
इ[5] सवे कहि कहु कहिहह सेवा
अवसर पाए उतर हमे देवा॥

---

६ दोआदस।

सं० अ०—कतएक हमे धनि कतए गोआला।
जल-थल-कुसुम कइसनि होअ माला॥
पवन न सहए दीपक-जोती।
छुइनेहु काल मलिन होअ मोती॥ ध्रु०॥

परधन लोभ करए सब कोइ
करिअ पेम जओ आइति होइ
नागरि जन के[६] बहुल विलास
काखेहु[७] वचने राखि गेलि आस ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५४, प० १५२, पं० २

पाठभेद—

रा० पु० (पद-सं० ८४)—

कतपक हमे षनि कतए गोआढा।
जले थरे कुसुम कैसनि हो माला ॥
पवन न सह दीपक जोती।
छुइनेहु काल मलिनि हो मोती ॥ ध्रु० ॥
कि बोलिबो अरे सखि कि बोलिबो (लाजे)।
जनु आवइ पुनु ऐसना कासे ॥
कान्हि निवेदसि कुमति सआनी।
सरमन मधुर तीन्ति बढि वानी ॥
परधन लोभ करए सब कोई।
करिअ पेम जओ थिर(इ) न होई ॥
नागरि जन के बाहु विलासा।
रूखेहु वचने राखि गेलि आसा ॥
भणइ विद्यापति एहु रस जाने।
राए सिवसिंह लखिमा दे रमाने ॥

कि बोलिबो अरे सखि ! कि बोलिबो (लाजे)।
जनु आवइ पुनु अइसना काजे ॥
कान्हि निवदेसि कुमति सजानी।
सरबन मधुर सीन्ति बढ़ि बानी ॥
परधन-लोभ करए सब कोई।
करिअ पेम जओ आइति होई ॥
ई सबे कहि कहुँ कहिहह सेवा।
अवसर पाए उत्तर हमे देवा ॥
नागरि जन के बाङ्क बिलासा।
रूखेहु वचने राखि गेलि आसा ॥
भनइ विद्यापति एहु रस जाने।
राए सिवसिंह लखिमा दे रमाने ॥

न० गु० (पद-सं० ४३५)—२ नहि। ३-४ दीपक। ५ ई। ६ ककेहु।

मि० म० (पद-सं० ४२०)—१ कत एक। २ नहि। ३-४ दीपक। ५ ई।

झा (पद-सं० १४० का शेषार्द्ध)—१ कत एक। ७ केर।

शब्दार्थ—कतएक = कहाँ। आइति = (आयत्ति—स०) अधिकार। काजि = किसलिए। सरभन = श्रवण। वाङ्क = वक्र।

अर्थ—कहाँ मैं धन्या (और) कहाँ ग्वाला। जल (और) स्थल के फूलों से (अर्थात्—दोनों को एक साथ गूँथने से) कैसी माला होगी?

दीपक की ज्योति हवा नहीं सहती। मोती छूते ही मलिन हो जाता है।

अरी सखी! (मैं) क्या कहूँ? लज्जावश (मैं) क्या कहूँ? इस प्रकार के कार्य्य को लेकर फिर मत आना।

हे सयानी! किसलिए कुमति का निवेदन कर रही हो? (तुम्हारी) बात सुनने में मधुर है; (किन्तु) बड़ी तीती है।

सभी दूसरे के धन का लोभ करते हैं। (इसीलिए वे मेरा लोभ करते हैं, किन्तु) यदि अधिकार हो, तभी प्रेम करना चाहिए।

यह सब कहकर (तब) कहीं मेरी सेवा कहना। अवसर पाकर मुझे उत्तर (भी) देना।

नागरिकाओं का विलास वक्र होता है। रूखे वचन से भी (वह) आशा दे गई।

विद्यापति कहते हैं (कि) इस रस को लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह जानते हैं। (अर्थ—सपादकीय अभिमत से।)

मलारीरागे—

[१४३]

हृदय[1] कुसुम सम मधुरिम बानी
निअर अएलाहु[2] तुअ सुपुरुप[3] जानी।
अबे कके जतन करह इथि लागी
कओन[4] मुगुधि आलिङ्गति आगी॥ ध्रु०॥
चल चल दूती को[5] बोलिबो[6] लाजे
पुनु पुनु जनु आवह अइसना[7] काजे॥

सं० अ०—१ हृदअ। २ अएलाहुँ। ५ की। ७ पुनु अनु आवह अइसना।

नयन तरङ्गे[8] अनङ्ग जगाइ[9]
अबला मारन जान उपाइ[10] ॥
दिढ[11] आसा दए मन बिघटावे
गेले[12] अचिरहि[13] लाघव पावे ॥
भनइ विद्यापति सुनह सयानी[14]
नागर लाघव न[15] करिअ जानी ॥

नेo पृo ५४, पo १५३, पंo ५

पाठभेद—

नo गुo (पद-सo ३९१)—५ की। ६ बोलब। ७ अइसन। ९ जगाई। १० उपाई। ११ दिढु।

मिo मo (पद-संo ४००)—3 सुपुरूस। ४ कओन। ५ बोलब। ७ अइसन। ९ जगाई। १० उपाई। ११ दिढ।

झा (पद-संo १४१)—४ कि। १० उपाई।। ११ दिढ। १५ पाठाभाव।

शब्दार्थ—निअर = निकट। जानी = जानकर। कके = क्यों। इथि लागी = इसके लिए। मुगुधि = मूढ। लाघव = अनादर।

अर्थ—कुसुम के समान (कोमल) हृदय (और) मधुर वचन (के कारण उन्हें) सुपुरुष समझकर (मैं) तुम्हारे पास आई।

अब (फिर) इसके लिए क्यों यत्न करती हो? (अर्थात्—एक बार जाकर मैं फल भोग चुकी। अब दूसरी बार जाने का आग्रह क्यों करती हो?) कौन मूढ आग का आलिङ्गन करेगी?

अरी री! चली जा, चली जा। मैं लज्जावश क्या कहूँ? (इतना ही कहती हूँ कि) फिर इस प्रकार के कार्य के लिए मत आना।

(वे) आँखों के इशारे से कामदेव को जगाकर अबलाओं के मारने का उपाय जानते हैं।

(वे) दृढ आशा देकर मन को चंचल कर देते हैं। (किन्तु) उनके पास जाने पर झट अनादर मिलता है।

विद्यापति कहते हैं—हे सयानी! सुनो। जान-बूझकर नागर का अनादर नहीं करना चाहिए।

---

८ नयन तरङ्गे। ९ जगाई। १० उपाई। १२ गेले। १३ अचिरहिँ। १४ सयानी।

मलारीरागे—

[१४४]

तोहे[1] कुलमति रति कुलमति नारि
बाङ्क[2] दरसने[3] भुलल मुरारि ।
उचितहु[4] बोलइते अबे[5] अवधान
संसय मेललह[6] तन्हिक परान ॥ ध्रु० ॥
सुन्दरि की[7] कहब कहइते[8] लाज
तोरे[9] नामे[10] परहु सओ बाज ।
थावर जङ्गम मनहि[11] अनुमान
सबहिक विषय[12] तोहर होअ भान ॥
आओर कहि[13] की[14] बुझओबिसि तोहि
जनि उधमति उमताबए मोहि ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५५(क), प० १५४, पं० ४

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० १०३)—२ बाँके। ३ दरशने। ५ आबे। ६ मेललहु। ७ कि। ९-१० मोर मेला से। १४ कि।

मि० म० (पद-सं० २५७)—६ मेलतहु। ८ कहइते। ९-१० मोर मेला से। १२ बिसय। १३ अरु कहिअ।

झा (पद-सं० १४२)—९-१० (तोर विलासे)।

विशेष—७वीं पंक्ति के 'मनहि' में 'म' अधिक प्रतीत होता है।

शब्दार्थ—रति = अनुराग। वाङ्के = वक्र। अवधान = सावधान। मेललह = डाल दिया। वाज = बोलते हैं। थावर = स्थावर। जङ्गम = चलने-फिरनेवाला। उधमति = पगली। उमतावए = पागल बनाओ।

अर्थ—तुम (स्वयं) कुलकामिनी स्त्री हो। इसलिए कुलकामिनी के समान तुम्हारा अनुराग है। (तुम्हारे) कुटिल कटाक्ष से कृष्ण भुला गये।

अब उचित बोलने में भी सावधान रहना पड़ता है। (कारण, तुमने) उनके प्राण को संशय में डाल दिया।

हे सुन्दरी। क्या कहूँ? कहते लज्जा होती है। तुम्हारे नाम से ही (अर्थात्—तुम्हारा नाम लेकर ही वे) दूसरो से भी बोलते हैं।

स्थावर (और) जङ्गम का भी (उन्हे) अनुमान नहीं है। सबके विषय में तुम्हारा ही भान होता है।

और क्या कहकर तुम्हे समझाया जाय। अरी पगली। मुझे पागल मत बनाओ।

सं० अ०—१ तोहैँ। ४ उचितहुँ। ६ संसअ मेललह। ७ कि। ९ तोहरे। ११ नहि। १२ विषअ। १४ कि

मलारीरागे—

[१४५]

सयन[1] चरावहि[2] पारे[3]
दुर कर सैसव[4] सकल सभारे[5] ।
मुख अवनत तेज लाजे
कत महि लिखसि चरण[6] महि[7] के[8] आगे[9] ॥ ध्रु० ॥
रामा रह पिआ पासे
अभिनव सङ्गम तेजहि[10] तरासे ।
पिआ सओ[11] पहिलुकि[12] मेली
होउ कमल को(र)क[13] अलि केली ॥
तरतम तव[14] कर दूरे
छैल इछहि छोडहि[15] मोर चीरे ।
विद्यापति कवि भासा
अभिनव सङ्गम तेजहि[16] तरासा ॥

ने० पृ० १५५, प० १५, प० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० १३८)—२ सीम रहि । ३ आवे । ४ से सब । ६ चरन । ७-८-९ वेआजे । १० तेजह । १३ के । १५ छोडह । १६ तेजह ।

मि० म० (पद-स०२७२)—४ से सब । ६ चरन । ९ आसे । ११ सयँ । १२ पहिलकि । १३ के । १५ छोडह । १६ तेजह ।

झा (पद-स० १४३)—२ ठवा रहि । ५ समावे । १६ तेज ।

शब्दार्थ—समारे (संभार—सं०)=उपकरण । व्याजे=वहाना । तरासे=त्रास । पहिलुकि=प्रथम । मेली=मिलन । को(र)क=कली । तरतम=तारतम्य ।

अर्थ—(तुम्हें) शय्या की रचना करनी ही होगी । बचपन के सभी स्वभावों को (तुम) दूर करो ।

(तुम्हारा) मुख अवनत (क्यों है?) लज्जा का त्याग करो। वहाना करके पैरों से पृथ्वी पर कितना लिखती हो ?

हे रामा ! प्रिय के समीप मे रहो। अभिनव संगम है, (तथापि) भय का त्याग करो।

स० अ०—१ सजन । २ रचावहि । ५ सँभारे । ६ चरणे । ७ पाठाभाव । ८ कए । ९ व्याजे । १४ तोन ।

(जिस प्रकार) कमल-कोरक के साथ भ्रमर की केलि होती है, (उसी प्रकार) प्रिय से प्रथम मिलन होगा।

तुम तारतम्य दूर करो। छैले की इच्छा करो (और) मेरे वस्त्र को छोड़ दो।

विद्यापति कवि कहते हैं—अभिनव संगम है, (फिर भी) भय का त्याग करो। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

मलारीरागे—

[१४६]

कानन कोटि कुसुम[1] परिमल
भमर भोगए जान।
सहस गोपी मधु मधुमुख
मधुप एके[2] पए[3] कान्ह ॥ ध्रु० ॥
चम्पक चीन्हि[4] भमर न भावए[5]
मो सञो कान्हक कोप।
आन्तर कार गमार मधुकर
गमले[6] गोविन्द गोप ॥
साजनि आबहु कान्ह बुझाओ।
विरहि[7] वध वेआधि पचसर
जानि न जम जुडाओ ॥
कओन कुलबहु... वान[8] हो[9] अनङ्ग
जावे से वालभु वाम[10]।
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५६(क), प० १५६, पं० १

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ५६०)—२-३ केमए। ४ चिन्हि। ६ गमने। ८-६ बानहो। १० धान।

झा (पद-सं० १४४)—५ आवए। ८ बाल।

शब्दार्थ—कानन = जंगल। कुसुम = फूल। परिमल = पराग। आन्तर = (अन्तर—सं०) भीतर। कार = काला। गमार = गँवार। गमले = परिचय होने पर। वेआधि = व्याधि। पंचसर = कामदेव। कुलबहु = कुलवधू।

सं० अ०—१ कुसुमे। ७ विरहिनि। ८-६ कओन कुलबहु पन्चबान मह।

अर्थ—भ्रमर जंगल के करोड़ों फूलों के परिमल का उपभोग करना जानता है।

हजारों गोपियों में मधु है—(सभी) मधुमुखी हैं, (किन्तु) एक ही कृष्ण मधुप (मधुपान करनेवाले) हैं।

(जिस प्रकार) परिचित होकर भी चम्पक भ्रमर को नहीं भाता; (उसी प्रकार परिचित होने पर भी) मुझसे कृष्ण का रोष है। (अर्थात्–जिस प्रकार चम्पा के गुण को जानते हुए भी भ्रमर उसका अनादर करता है, उसी प्रकार गुण जानते हुए भी कृष्ण मेरा अनादर करते हैं।)

(जिस प्रकार) भ्रमर भीतर से काला (कुटिल) (और) गँवार है (उसी प्रकार) परिचय होने पर कृष्ण (भी) गोप (ही ठहरे)।

हे सखी! अब भी तो कृष्ण को समझाओ (कि) विरहिणी के वध के लिए कामदेव व्याधि हो रहा है। जान-बूझकर यम को खुश मत करें।

जबतक वल्लभ वाम है, (तबतक) कौन कुलवधू कामदेव का सहन कर सकती है? (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

मलारीरागे—

[१४७]

दारुण[1] कन्त निठुर हिअ[2]
सखि रहल विदेस।
केओ नहि हित मझु सञ्चरए[3]
जे कह[4] उपदेस[5] ॥ ध्रु० ॥
ए सखि हरि[6] परिहरि गेल
निअ[7] न बुझीअ[8] दोस[9]।
करम विगति[10] गति माइ हे
काहि करबो[11] रोस[12] ॥
मोहि छल दिने दिने बाढ़त
देव[13] हरि सञो[14] नेह।
अब[15] निअ[16] मने अवधारल
पहु कपटक गेह ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५६(क), प० १६७, पं० ४

सं० अ०—१ दारुन। ३ सचर। ८ बुझिअ। ९ दोप। ११ करव मोज। १२ रोप।

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६३३)—१ दारुन। ४ कहत। ५ कपदेस। ७ निन। ८ बुझोय। १३ देख। १४ सभे। १५ आवे। १६ निश्र।

मि० म० (पद-सं० ५१६)—१ दारुन। २ हिय। ६ पाठाभाव। ७ निश्र। ११ करव। १३ देख। १५ आवे। १६ निश्र।

झा (पद-सं० १४५)—१० विगत। १३ देप। १५ आवे।

शब्दार्थ—दारुण = निर्दय। हिअ = हृदय। सञ्चर = जाता है। परिहरि = त्याग कर। करम-विगति = कर्म-विपाक = किये हुए कर्म का परिणाम। गति = दशा। नेह = स्नेह। अवधारल = निश्चय किया।

अर्थ—हे सखी! (मेरे) स्वामी निर्दय हैं। (उनका) हृदय कठोर है। (इसीलिए) विदेश में रह गये।

कोई भी मेरा हितू नहीं जाता-आता, जो (उन्हें) उपदेश करता।

ऐ सखी! कृष्ण छोड़कर चले गये; (किन्तु मैं उनके जाने में) अपना दोष नहीं समझती।

हाय मैया! (यह) दशा (तो मेरे) किये हुए कर्म का परिणाम है। किससे (मैं) रोष करूँगी?

मुझे (विश्वास) था कि दिन-दिन भगवान् कृष्ण से स्नेह बढ़ेगा।

(किन्तु) अब (मैंने) मन में निश्चय किया (कि) प्रभु कपट के आगार (बड़े कपटी) हैं।

मलारीरागे—

[१४८]

प्रथमहि सिनेह[१] बढाओल[२]
जे विधि उपजाए[३]।
से आवे हठे[४] विघटाओल[५]
दुषण[६] कओन[७] मोर पाए ॥ ध्रु० ॥
ए सखि हरि सुमझाओव[८]
कए मोर परथाव।
तन्हिके विरहे[९] मरि जाएव
तिरिवध कओन[१०] आव ॥

सं० अ०—४ हठें। ५ विघटाओल। ६ दूषन। ८ समुझाओय। ९ विरहें।

जीवन थिर नहि अथिकए
जौवन तह्नु थोल[11] ।
वचन अप(न) निरबाहिअ
नहि करिअए ओल[12] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५६, प० १५८, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६८४)—१ विहि सिनेह । २ वढाओल । ३ कुपजाए । ५ विवटाओल । ६ दूषन । ७ कओन । ८ समुझाओब । १० कओन ।

मि० म० (पद-सं० ५२८)—२ वढाओल । ५ विघटाओ । ६ दूसन । ७ कओन । १० कओन ।

झा (पद-सं० १४६)—२ बढाओल । ८ समुझाओब ।

शब्दार्थ—सिनेह=स्नेह । विघटाओल=विघटित कर दिया । दुषण=दोष । मोर=मेरा । परथाव=प्रस्ताव । तिरिवध=स्त्रीवध । अथिकए=है । तहु=उससे । थोल=थोड़ा । ओल=ओर=अन्त ।

अर्थ—पहले जो विधि पैदा करके (अर्थात्—नाना प्रकार के विधि-विधान से) स्नेह बढ़ाया, उसे अब मेरा कौन दोष पाकर हठात् विघटित कर दिया ?

ऐ सखी ! मेरा प्रस्ताव करके (अर्थात्—मेरी ओर से) कृष्ण को समझाना । (मैं) उनके विरह में मर जाऊँगी । स्त्रीवध (का पाप) किसपर आयेगा ?

(पहले तो) जीवन ही स्थिर नहीं है, यौवन (तो) उससे (भी) थोड़ा है । (इसलिए) अपने वचन का निर्वाह करना चाहिए । (उसका) अन्त नहीं करना चाहिए ।

मलारीरागे—

[१४६]

तोह[1] जलधर सभ[2] जलधर राज
हमे चातक जलबिन्दुक काज ।
धरओ[3] परान आस कए तोर
समय[4] न बरिससि[5] असमय[6] मोर ॥ ध्रु० ॥
जल दए जलद जीव मोर राख
देले सहस अवस(र) हो लाख[7] ।

---

११ थोळ । १२ ओळ ।

सं० अ०—१ तोहेँ । २ सहजहि जलराज । ४ समअ । ६ असमअ । ७ अवसर देले सहस हो लाख ।

जखने[8] क(ला)निधि[9] निअ[10] तनु पाव[11]
तहि खने[12] राहु[13] पिआसल आव[14] ॥
ओहओ[15] देअ[16] तनु से कर पान
तैअओ[17] सराहिअ[18] न[19] होअ[20] मलान[21] ।
वैभव गेला[22] रहत[23] विवेक
तैसन[24] पुरुष लाख[25] मह[26] एक ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ५६, प० १५६, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं०–नाना १३)—

तोहें जलधर सहसहि जलराव ।
हमे चातक जलविन्दुक काज ॥
जल दए जलद जीव मोर राख ।
अवसर देले सहस हो लाख ॥
तनु देअ चाँद राहु कर पान।
कबहु कला नहि होअ मलान ॥
वैभव गेले रहए विवेक ।
तइसन पुरुख लाख थिक एक ॥
भनइ विद्यापति दूती से ।
दुइ मन मेल करावए जे ॥

मि० म० (पद-स० ४५६ ख)—२ सउ। ३ वरओ। ५ वरिसखि। ७ लाख। ८ जखनेक। ९-१० निधिनिअ। ११ पार। १२ खने। १३ वहु। १४ आर। १५ तुहओ। १६ देस। १७ ते अओ। १८ सराहि। १९-२० अनहो। २१ अमलान। २४ तेसन। २५ लाखे। २६ माहे।

झा (पद-स० १४७)—१ तोहे। २४ तसन।

शब्दार्थ—असमय = बुरा दिन। कलानिधि = चन्द्रमा। पिआसल = प्यासा। तनु = शरीर। तैअओ = तथापि = फिर भी।

अर्थ—हे जलधर। तुम सब मेघों के राजा हो (और) मैं चातक हूँ। (मुझे) जल-बिन्दु का (ही) काम है।

तुम्हारी आशा करके (मैं) प्राण धारण कर रही हूँ। मेरे (ये) बुरे दिन हैं। समय पर वर्षा (क्यों) नहीं करते हो?

हे जलद! जल देकर मेरे जीव की रक्षा करो। समय पर हजार देने से लाख का (काम) होता है।

---

८ जखने। ९ कलानिधि। १२ खने। १५-१६ तनु देअ चान्द राहु कर पान। १७ तइअओ। १८ कला। १९ नहि। २२ गेले। २३ रहए। २४ तइसन। २६ नहँ।

जिस समय चन्द्रमा अपना शरीर पाता है (अर्थात्, पूर्ण होता है), उसी समय प्यासा राहु आ जाता है।

वह (चन्द्रमा अपना) शरीर दे देता है (और) राहु पान कर लेता है। फिर भी (उसकी) सराहना करनी चाहिए कि वह म्लान नहीं होता।

वैभव के जाने (भी) विवेक रह जाय—ऐसा पुरुष लाख में (कोई) एक होता है।

अहिरानीरागे—

[१५०]

आजे मञे हरि समागम जाएब[1]
कथ[2] मनोरथ भेल।
घर गुरुजन नीन्द निरुपैते[3]
चन्दाञे उदय देल॥ ध्रु० ॥
चन्दा कठिन तोहरि[4] रीति।
ञेहि मति तोहि कलङ्क लागल
तैअओ न मानसि[5] भीति॥
जगत नागरि मुह जिनइते[6]
गेला हे गगन हारि।
तवहु राहु गरास पळलाह
देब तोहि की गारि॥
एके मासे ताहि[7] बिहि सिरिजए[8]
कतन जतन वले[9]।
दोसर दिना रहए न पारह[10]
तही[11] पापक फले॥
भनइ विद्यापतीत्यादि[12]॥

ने० पृ० ५७, प० १६१, पं० १

सं० अ०—१ आज मोञ जाएब हरि समागमे। २ कत। ३ निन्द निरुपइते। ४ चन्दा भलि नहि तुअ। ५ तइअओ न मानसि। ६ जगत नागरि मुखें जिनला हे। ७-८ बिहि तोहि सिरिजए। ९ बलें। १० दोसर दिन पुनु पुर न रहसि। ११ एही पापक फलें। १२ भन विद्यापति सुन तोञ जुवति, चान्दक न कर साति। दिना सोलह चान्दक आइति, ताहि पर भलि राति।

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २८७)—

आज मोजे[1] नाएब हरि समागमे[2]
कत मनोरथ भेल ।
सीसिरे[10] भिनलि[11] पाखी
खञ्जन यनि[12] ताहि परि[13] रह[14]
तँसनि लोनुमि[15] आँपी[16] ॥

भने विद्यापति जे[17] जन नागर
ता पर रतलि नारि[18]
हासिनि देवि पति देवसिंह नरपति
परसन होथु मुरारि ॥

ने० पृ० ७६(क), प० २३२, ८० ।

सं० अ०—
दए गेलि सुन्दरि दए गेलि रे—
दए गेलि दुइ डिठि मेरा ।
पुनु मन कर ततहि जाइअ
देखिअ दोसरि बेरा ॥ ध्रु० ॥
माग चुनि-चुनि हार जे गाँथल
केवल तारा - जोती ।
अधर रूप अनुपम सुन्दर
चान्दे पसिहलि मोती ॥
भमर मधु पिबि पिबि मातल
सिसिरे भीजलि पाँखी ।
अलपे काजरँ नजन आँजल
लोनुमि देखिअ आँखी ॥
कने सखने दूती पठाओल
आनए गुआ - पान ।
सगरे रजनि बइसि गमाओल
हृदअ वसु पखान ॥
भन विद्यापति सुनह नागर
ओ नहि ओ रस जान ।
राजा सिवसिंह रूपनराएन
लखिमा देवि-रमान ॥

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ५४)

दए गेलि सुन्दरि दए गेली रे
दए गेलि दुइ दिठे मेरा।
पुनु मन कर ततहि जाइअ
देखिअ दोसरि बेरा॥
सार चुनि चुनि हार जे गाँथल
केवल तारा जोती।
अधर रूप अनुपम सुन्दर
चान्दे परीहलि मोती॥
भमर मधु पिवि पिवि मातल
शिशिरे भीजलि पाखी।
अलपे काजरे नयन आँजल
ननुमि देखिव आँखी॥
कते जतने दूती पठाओल
आनय गुआ पान।
सगरे रजनी बइसि गमाओल
हृदय तसु पखान॥
भन विद्यापति सुनह नागर
ओ नहि ओ रस जान।
राजा शिवसिंह रूपनरायन
लखिमा देवि रमान॥

मि० म० (पद-सं० ४)—१ देखि जनि। २ तरलित। ३-४ चुनि चुनि। ५ चान्द ६ दुइहि। ७-८ मोमरा। ६ देखिअ। १० सीसि। ११ वेडिलखि। १२ नयनि। १३-१४ परिरह। १५ लोनुमि। १६ आँखी। १७ ये।

झा (पद-सं० २०१)—१ देखिअ ननित। २ ललित। १२(न) यनि। १३-१४ परिवह। १६ आँखी। १८ (वर) नारि।

शब्दार्थ—डिठि = (दृष्टि—सं०) आँख। मेरा = मिलन। पुनु = पुनः, फिर। सार = सर्वोत्तम। परीहलि = पहना। सिसिरे = ओस से। लोनुमि = लावण्यमय। गूआ = सुपारी। पखान = (पाषाण—सं०) पत्थर।

अर्थ—दे गई—सुन्दरी दे गई—दोनों आँखों का मिलन दे गई। फिर मन करता है कि वहीं जायँ—दूसरी बार भी (उसे) देखें।

सर्वोत्तम चुन चुनकर—केवल ताराओं की ज्योति चुन-चुनकर गूँथा हुआ उसका हार है। (उसके) अधर का रूप अनुपम सुन्दर है। (मालूम होता है, जैसे) चन्द्रमा ने मोती पहना हो।

मधु पी-पीकर मतवाला बना भौंरा, जिसके पंख ओस से भींग गये हैं, (उसी की तरह) अल्प काजल से अनुरंजित (उसकी) आँखें लावण्यमय दिखाई पड़ती हैं।

पान-सुपारी लाने के लिए कितने यत्न से दूती को भेजा। बैठकर पूरी रात बिता दी। (किन्तु वह नहीं आई।) उसका हृदय पत्थर है।

विद्यापति कहते हैं—हे नागर। सुनो। वह (नायिका) उस (शृङ्गार) रस को नहीं जानती; (किन्तु) लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह (जानते हैं।)

सारङ्गीरागे—

[२०३]

हृदयक[1] हार भुअङ्गम भेल
दारुण[2] दाढ़ मदनेरि स[3] देल।
नखसिख लहरि[4] पसर विप धाधि[5]
तुअ पएपङ्कज अइलिहु[6] कल बान्धि॥ ध्रु०॥
ए हरि त लागहि तओ गोहारि[7]
संशय[8] पललि[9] अछए वरनारि॥
केओ सखि मन दए चरण पखाल[10]
केओ सखि चिकुर चीर सम्भार।
केओ सखि ऊठि[11] निहारए सास[12]
मओ[13] सखि अएलाहु[14] कहए तुअ पास॥
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ७६, प० २२२, पं० ४

पाठभेद—

सि० म० (पद-सं० ५४४)—२ दारुन। ३ मदने विस। ४ लखसि खन। ११ डीठि। १४ अगलिहु।

झा (पद-सं० २०२)—३ मदने रिस। ५ धाधी।

शब्दार्थ—भुअङ्गम = (भुजङ्गम—सं०) साँप। दारुण = भयकर। दाढ = दंश = घाव। रिस = क्रोध। लहरि = लहर। धाधि = दाह, जलन। पएपङ्कज = पदपङ्कज। कल = कर, हाथ। गोहारि = त्राण। पखाल = प्रक्षालन। चिकुर = वाल। चीर = वस्त्र।

अर्थ—(विरहिणी के) हृदय का हार सर्प (तुल्य) हो गया। उसने कामदेव का भयानक घाव दिया।

विष की जलन की लहर नख से लेकर शिख तक फैल गई। (इसीलिए) हाथ बाँधकर तुम्हारे पद-पङ्कज में आई हूँ।

हे कृष्ण! तुम रक्षा करो। वर नारी संशय में पडी हुई है।

सं० अ०—१ हृदयक। ३ से। ६ अइलिहुँ। ७ ए हरि लागहि तोम गोहारि। ८ संसअ। ९ पळलि। १० पखार। १२ साँस। १३ मोम। १४ अएलिहुँ।

कोई सखी मनोयोग से (उसके) पैर पखालती है। कोई सखी (उसके) केश और कपड़े सँभालती है।

कोई सखी उठकर (उसकी) साँस निहारती है। (एक) सखी मै कहने के लिए तुम्हारे पास आई हूँ।

[२०४]

भौह[1] लता बड[2] देषिअ[3] कठोर
अञ्जने आँजि फासि[4] गुन जोळ[5] ।
सायक तीष[6] मदन[7] अति चोष[8]
व्याध मदन बध[9] ई[10] बड[11] दोष ॥ ध्रु० ॥
सुन्दरि सुनह वचन मन लाए
मदन हाथ मोहि लेह छडाए[12] ।
सहए के पार काम परहार
कत अभिभव हो की परकार ॥
एहि युग[13] तिनिहु[14] विमल जस लेह
कुचयुग[15] शम्भु शरण[16] मोहि देह ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८०, प० २२३, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० १२१)—१ मौह। २ बड़। ३ देखिअ। ४ हासि। ५ जोर। ६ तोर। ७ कटाख। ८ चोख। ९-१० बधइ। ११ बड़। १२ छुड़ाए। १३ जग। १६ शरन।

मि० म० (पद-स० ३३९)—१ मौँह। २ बड़। ३ देखिअ। ४ हासि। ५ जोर। ६ तीख। ७ कटाख। ८ चोख। ९-१० बधइ। ११ बड़। १२ छुड़ाए। १३ जग। १५ कुचजुग। १६ सम्भु सरन।

झा (पद-स० २०३)—४ हासि।

शब्दार्थ—मौहलता = भ्रूलता—सं०। आँजि = आँजकर। फासि-गुन = फाँसी की रस्सी। तीष = तीक्ष्ण। चोष = पैनी। लेह = लो। छडाए = छुड़ा। परकार = उपाय।

अर्थ—(तुम्हारी) भ्रूलता बड़ी कठोर दीखती है। अञ्जन से आँजकर (तुमने उसमें) फाँसी की रस्सी जोड़ दी है।

सं० अ०—१ भौँह। ३ देखिअ। ४ फाँसि। ६ सायक तीख। ७ नजन। ८ चोख। ११ बड दोख। १४ तिनिहुँ।

(तुम्हारी) पैनी आँखें तीक्ष्ण वाण हैं। मदनरूपी व्याध वध (कर रहा है,)—यही बड़ा दोष है।

हे सुन्दरी। मन देकर (मेरी) बातें सुनो। कामदेव के हाथ से मुझे छुड़ा लो।

कामदेव का प्रहार कौन सहन कर सकता है? कितना कष्ट होता है, (लेकिन) उपाय क्या है?

(अपने) कुचयुग रूपी शम्भु की शरण मुझे दो (और) इस त्रिभुवन में उज्ज्वल यश लो। (अर्थ—सपादकीय अभिमत से।)

गुञ्जरीरागे—

[२०५]

नोनुअ वदनसिरि[1] धनि तोरि
जस[2] लागि मोहि[3] चान्दक[4] चोरि।
दरसि हलह जनु[5] काहु
चान्द[6] भरमे[7] मुख गरसत राहु ॥ ध्रु० ॥
धवल नयन[8] तोर काजरे[9] कार
तीख तरल.........[10] धार।
निरलि[11] निहारि फास[12] गुण[13] जोलि[14]
बान्धि[15] हलत तोहि खञ्जन बोलि ॥
सागर सार चोराओल चन्द
ता लागि राहु करए बड़ दन्द।
कतए लुकाओव चान्दक चोरि
जतहि लुकाइअ ततहि उजोर[16] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि[17] ॥

ने० पृ० ८०, प० २२५, पं० ४

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २२६)—१ लोलुअ वदन सिरि। २ जनु। ३ तोहि। ४ चाँदक। ५ हेरह। ६ चाँद। १० तँहि कटाख। ११ निरवि। १३ गुन। १५ बाँधि।

मि० म० (पद-सं० ३०५)—लोलुअ वदनसिरी अछि। २ जनु। ३ तोहि। ४ चाँदक। ५ हेरह। ६-७ चाँद-भरम। १० तँहि कटाख। ११ निरवि। १३ गुन। १५ बाँधि।

सं अ०—१ नोतुन वदन-सिरी। ५ भरमहुँ। ८ नअन। ९ काजरे ॅ। १० सर मनमथ। ११ निरळि। १२ फाँस। १३ गुन। १४ जोळि। १६ उजोरि। १७ भनइ विद्यापति होउ निसङ्क। चान्दहु कौँ किछु लागु कलङ्क ॥

झा (पद-सं० २०४)—६ हेरह। १० (धनु व्याधा जनि)।

विशेष—न० गु० और मि० म० के संस्करणों में अन्त की दो पंक्तियाँ नहीं हैं। उनके स्थान में निम्नलिखित भणिता है —

मनइ विद्यापति होउ निसङ्क।
चाँदहु काँ किछु लागु कलङ्क॥

शब्दार्थ—नोनुअ=लावण्यमयी। वदन-सिरि=(वदनश्री—सं०) मुख की शोभा। जस=जैसे। काहु=किसी को। गरसत=ग्रस लेगा। धवल=उज्ज्वल। कार=काला। तीख=तीक्ष्ण। तरल=चञ्चल। निरखि=आँखें फैलाकर। फास=(पाश—सं०) फंदा। गुन=(गुण—सं०) डोरी। दद=(द्वन्द्व—सं०) झगड़ा। उजोग=(उद्योत—सं०) प्रकाश।

अर्थ—हे धन्ये। तुम्हारी लावण्यमयी मुखश्री को देखकर मुझे लगता है कि जैसे चन्द्रमा की चोरी हुई है। (अर्थात्—तुम्हारे मुख को देखकर मुझे लगता है कि जैसे तुमने चन्द्रमा की चोरी की है।)

भ्रम से भी किसी को (अपना मुँह) मत दिखलाओ। (कारण, कहीं देख लिया गया, तो) चन्द्रमा के भ्रम से राहु (तुम्हारे) मुख को ग्रस लेगा।

तुम्हारी उज्ज्वल आँखें काजल से काली हैं। (जान पड़ता है, जैसे) कामदेव ने तीक्ष्ण (और) चचल बाण धारण किया है।

(संभव है, व्याधा) आँखें फैलाकर देखेगा (और) रस्सी फंदा जोड़ करके तुम्हें खञ्जन समझकर बाँध लेगा।

(तुमने) समुद्र के सार चन्द्रमा को चुरा लिया है। उसके लिए राहु बड़ा झगड़ा करता है।

(तुम) चन्द्रमा की चोरी कहाँ छिपाओगी? जहाँ छिपाओगी, वहाँ प्रकाश हो जायगा।

विद्यापति कहते हैं—(हे धन्ये!) निःशङ्क हो जाओ। चन्द्रमा को थोड़ा कलङ्क लगा है। (अर्थात्, राहु तुम्हारे निष्कलङ्क मुख को चन्द्रमा के धोखे नहीं ग्रसेगा। तुम निःशङ्क रहो।)

गुञ्जरीरागे—

[२०६]

छलिहु[१] एकाकिनि गथइते हार
ससरि खसल कुच चीर हमार[२]।
तखने अकामिक आएल कन्त[३]
कुच की झापव निविहुकँ[४] अन्त॥ ध्रु०॥

सं० अ०—१ छलिहुँ। २ गँथइते। ४ झाँपब निविहुँक।

कि कहब सुन्दरि कौतुक[५] आज
पहु राखल मोर जाइते लाज ।
भेल भावभरे सकल सरीर
कतन[६] जतने बल[७] राखिअ थीर ॥
धसमस करए[८] धरिअ कुच जाति[९]
सगर सरीर धरए कत भान्ति[१०] ।
गोपहि न[११] पारिअ तखन हुलास
मुन्दला कमल बेकत होअ हास ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८१(क), प० २२१, प० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ५११)—१ माति ।
मि० म० (पद-सं० ४८४)—२ अ हामार । ३ कान्त । ६ कअ । ११ लोप लहि ।
झा (पद-सं० २०५)—४ झाँपव निविहुक ।

शब्दार्थ—एकाकिनि = अकेली । ससरि = खिसककर । अकामिक = (आकस्मिक—स०) अचानक । कन्त = स्वामी । कुच = स्तन । निविहुक = (नीवी = साड़ी की वह गाँठ, जिसे स्त्रियाँ नाभि के नीचे या बगल में बाँधती हैं ।) नीवी का । कौतुक = तमाशा । पहु = प्रभु, स्वामी । धसमस = तारतम्य । जाति = दबाकर । गोपहि न पारिअ = छिपा नहीं सकी । हुलास = उल्लास ।

अर्थ—अकेली हार गूँथ रही थी (कि) खिसककर मेरे स्तन पर का कपड़ा गिर पड़ा ।

उसी समय अचानक स्वामी आ गये । (फिर) स्तन क्या ढकती ? नीवी का भी अन्त हो गया ।

हे सुन्दरी ! आज का तमाशा क्या कहूँ ? स्वामी ने मेरी जाती हुई लज्जा को रख लिया । (अर्थात्—मेरे अनावृत स्तन को स्वामी ने अपने हाथों से ढँककर मेरी लज्जा रख ली ।)

समूचा शरीर भावपूर्ण हो गया । (अर्थात्, भावोद्रेक से सम्पूर्ण शरीर श्लथ हो गया ।) कितने यत्न से—बल से (मैंने अपने को) स्थिर रखा ।

(मेरे) तारतम्य करने पर (ननु-नच करने पर), स्तन को दबा रखने पर (उन्होंने) सम्पूर्ण शरीर को (ही) कई तरह से पकड़ लिया ।

उस समय (मैं) उल्लास को छिपा नहीं सकी । (कारण,) मुँदे हुए कमल का (भी) हास्य (सौन्दर्य) व्यक्त (हो ही) जाता है ।

---

५ कउतुक । ७ बजें । ८ करिअ । ९ जाँति । १० भाँति ।

गुज्जरीरागे—

[२०७]

परक पेअसि[1] आनलि[2] चोरी
साति अङ्गिरलि आरति[3] तोरी।
तोहि नही डर ओहि न[4] लाज
चाहसि सगरि निसि[5] समाज ॥ ध्रु० ॥
राख माधव राखहि[6] मोहि
तुरित[7] घर पठावह ओहि।
तोहे[8] न मानह हमर बाध
पुनु दरसन होइति साध ॥
ओहओ[9] मुगुधि जानि न जान
संशय[10] पलल[11] पेम परान।
तोहहु[12] नागर अति गमार
हठे[13] कि होइअ[14] समुद पार ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८१, प० २२७, प० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३१६)—५ निशि। ६ राखह। ७ तोरित। ११ पड़ल। १४ होइह।

मि० म० (पद-स० २६४)—१ पेयसि। २ आनल। ६ राखह। १० मसय।

झा (पद-स० २०६)—३ आइति। ४ नहि। ९ ओहोओ।

शब्दार्थ—पेअसि=प्रेयसी। आनलि=लाई। साति=(शास्ति—स०) दण्ड। अङ्गिरलि=अङ्गीकार किया। आरति=(आर्त्ति—सं०) मनोव्यथा। निसि=रात्रि। समाज=सङ्ग। तुरित=(त्वरित—सं०) शीघ्र। ओहि=उसे। बाध=प्रतिरोध, रोक। साध=अभिलषित। मुगुधि=मुग्धा—सं०) भोली। पेम=प्रेम। गमार=गवाँर। समुद=समुद्र।

अर्थ—दूसरे की प्रेयसी (मैं) चुप-चोरी ले आई। तुम्हारी मनोव्यथा के कारण (मैंने) दण्ड (भी) अङ्गीकार किया।

सं० अ०—६ राखह माधव राखह। ८ तोहँ। १० मसअ। ११ पळल। १२ तोहहु। १३ हठेँ।

(किन्तु) न तुम्हे डर है (और) न उसे लज्जा है। (इसीलिए तुम दोनों) समूची रात सङ्ग चाहते हो।

हे माधव ! रक्षा करो, मेरी रक्षा करो। उसे शीघ्र घर भेज दो।

तुम मेरा प्रतिरोध नहीं मानते हो। (अरे! सन्तोष करो,) फिर (उसके) अभिलषित दर्शन होंगे।

वह भोली है। जान-बूझकर भी कुछ नहीं जानती है। (उसके) प्रेम (और) प्राण—दोनों संशय में पड गये हैं। (अर्थात्, यहाँ से जाती है, तो उसका प्रेम टूटता है, और यहाँ रहती है, तो उसके प्राण पर सकट आता है।)

तुम नागर होकर भी बडे गँवार हो। (अरे!) हठ करने से क्या समुद्र पार किया जाता है?

गुञ्जरीरागे—

[२०८]

आदरि[1] आनलि[2] परेरि नारी
कता कठिन दुतर तारी।
गेले सम्भव तोहहु[3] तँहा[4]
एखने पलटि जाएब कँहा[5] ॥ ध्रु०॥
न कर माधव हेनि उकुती[6]
पुनु पठाबए चाहिअ दूती।
आनि[7] बिसरिअ[8] भावक भोरा
गरुअ नीलज मानस तोरा ॥
हाथक रतन तेजह कोहे[9]
के बोल नगर नागर तोहे[10] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८१, प० २२८, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ५१८)—६ उकती।

मि० म० (पद-सं० ४५७)—१ आदरे।

झा (पद-सं० २०७)—८ बिसारिअ।

सं० अ०—२ आनलि। ३ तोहहुँ। ४ तहाँ। ५ कहाँ। ७ आनि। ९ कोहेँ। १० तोहेँ।

शब्दार्थ—आदरि=आदर करके। आनलि=लाई। परेरि=दूसरे की। कता=कितना। दुतर=दुस्तर। तारी=संतरण। हेनि=ऐसी। उकुती=(उक्ति—सं०) बात। भावक भोरा=भाव का मूर्ख। गरुअ=(गुरु—सं०) बड़ा। नीलज=निर्लज्ज। मानस=हृदय। कोहे=क्रोध से। तोहे=तुम्हें।

अर्थ—(शठ नायक के प्रति दूती की उक्ति)—(मैं) पराई स्त्री को आदरपूर्वक ले आई थी। दुस्तर का संतरण कितना कठिन है। (अर्थात्, दुस्तर नदी का संतरण कितना कठिन है—इसे वही जानता है, जो कि संतरण करता है। पराई स्त्री का लाना कितना कठिन है—इसे मैं समझ सकती हूँ, तुम नहीं। इसलिए इसका अनादर मत करो।)

तुम्हें भी वहाँ जाना ही पड़ेगा। अभी लौटकर कहाँ जाओगे? (अर्थात्, उसे मनाने के लिए तुम्हें जाना ही पड़ेगा। कौन दूसरी प्रेयसी है, जहाँ लौटकर अभी जाओगे?)

हे माधव! ऐसी बात मत करो। (उसके पास) फिर दूती भेजना चाहिए। (अर्थात्, उसे रूठी मत रहने दो। मनाने के लिए उसके पास पुनः दूती भेजो।)

अरे भाव-मूर्ख! (उसे) लाकर (तुमने) भुला दिया? तुम्हारा हृदय बड़ा निर्लज्ज है।

क्रोध से (तुम अपने) हाथ का रत्न तजते हो। (ऐसा करने पर) नगर में कौन तुम्हें नागर कहेगा?

गुञ्जरीरागे—

[२०६]

कुन्द भरम सम्भ्रम सम्भार
नयने जगाए अनङ्गे।
आसा दए अनुराग बढाओब
लङ्घिम अङ्ग विभङ्गे॥ ध्रु०॥
कैतव कए कातरता दरसब
गाढ आलिङ्गन दाने।
कोप क(ए)ला पर रोष न मानब
अधिक न करबे माने॥

स० अ०—कुन्द - भमर - सङ्गम सम्भावव
नअने जगाए अनङ्गे।
आसा दए अनुराग बढ़ाओब
लङ्घिम अङ्ग - विभङ्गे॥ ध्रु०॥
सुन्दरि हे! उपदेस धरिए धरि
सुन-सुन सुललित बानी।

कामिनि तोहे उपदेस धरब जे
सुन सुन सुललित वानी।
नागरपन किछु रहबा[1] चाहिअ
कहलेओ बुझए सयानी॥
कोकिल कूजित कण्ठ बढाओ(ब)
... ...।
मधुर हासे मुखमण्डल मण्डब
तिला एक तेजब लाजे॥
समय[2] से[3] मनि[4] सह तनु दरसब
मुकुलित लोचन हेरी।
नखे हरि पिआ मन ठाम छडाओब
सुरत बढाओब बेरी॥
जूझल मनमथ पूनु[5] जुझाओब
केलि रभस परचारी।

नागरिपन किछु कहबा चाहनो
कहलेओ बुझए समानी॥
कोकिल-कूजित कण्ठ बढ़साओब
अनुरञ्जब रितुराजे।
मधुर हासें मुखमण्डल मण्डब
तिला एक तेजब लाजे॥
कहुतब कए कातरता दरसब
गाढ़ आलिङ्गन - दाने।
कोप कइए परबोधब मानब
अधिक न करबे माने॥
समअबसे मनि-सह तनु दरसब
मुकुलित लोचन हेरी।
नखें हनि पिआ-मनिधाम छडाओब
सुरत बढाओब वेरी॥
जूझल मनमथ पुनु जे जुझाओब
केलि - रभस परचारी।

गेल भाव जे पुनु पलटावए[५]
सेहे कलामति नारी ॥
सुख सम्भोग सरस कवि गावए
बूझ समय पचवाने ।
राजा सिवसिंह रूपनराएण
विद्यापति कवि भाने ॥

ने० पृ० ८२(क), प० २२६, पं० ३

पाठभेद—

रा० त० (पृष्ठ ६२)—

कुन्द भमर सङ्गम सम्भावव[१]
नयेने[२] जगाओव अनङ्गे ।
आशा दय[३] अनुराग बढ़ाओव
नङ्गिम[४] अङ्ग 'विमङ्गे ॥
सुन्दरि[५] हे उपदेश धरिए धरि
सुन सुन[६] सुललित बानी ।
नागरिपन किछु कहवा चाहो[७]
कहलहुँ बुझय[८] सयानी ॥
कोकिल कूजित कण्ठ वैसाओव[९]
अनुरञ्जव रितुराजे ।
मधुर हास मुखमण्डल मण्डव
घड़िएक तेजव लाजे ॥
कैतव कए कातर नागर सब[१०]
गाढ़ आलिङ्गन दाने ।
कोप कैए[११] परबोधव मानव
घड़िएक न करव माने ॥
समय सेव[१२] निरह[१३] तनु चाँद[१४] न[१५]
मुकुलित लोचन हेरी ।
नखे हनि पिआ मनिधाम[१६] छड़ाओव[१७]
सुरत बढ़ाओव केली ॥

गेल भाव जे पुनु पलटावए
सेहे कलामति नारी ॥
रस सिंगार सरस कवि गाओल
बुझए सकल रसमन्ता ।
राजा सिवसिंह रूपनराञेन
लखिमा देविक कन्ता ॥

जूझल मनमथ पुनु[१८] जे[१९] जुझावए[२०]
बोलि बचन परचारी।
गेल माव जे पुनु पलटावए
सेहे कलावति नारी॥
रस सिंगार सरस कवि गाओल
बुझए सकल रसमन्ता।
राजा शिवसिंघ[२१] रूपनरायण[२२]
लखिमा देविक कन्ता॥

न० गु० (पद-सं० ५४२, रा० त० से)—१ सम्मापन। २ नयने। ३ दए। ४ मझिम। ८ कहलहु बुझए। १० कातरता दरसब। ११ कइए। १२-१३ सम पसेवनि सह। १४-१५ दरसब। १६ मनिठाम। १७ छोड़ाओब। १८ पुन। २० जुझाएब। २१ शिवसिंह। २२ रूपनरायन।

मि० म० (पद-सं० ८२, रा० त० से)—१ सम्मासन। २ नयने। ३ दए। ४ मझिम सुन्दरी। ६ सुनु-सुनु। ७ चाह। ८ कहलहु बुझए। ६ बइसाओब। १० कातरता दरसब। ११ कइए। १२-१३ सम पसेविन सह। १४-१५ दरसब। १७ पिया। १६ मनिठाम। १७ छोड़ाओब। १८ पुन। १६ ये। २० जुझाएब। अन्त में नेपाल-पदावली की भणिता है।

झा (पद-सं० २०६)—१ कहबा। २-३-४ सम पसेमनि। ५ पुनु।

शब्दार्थ—अनङ्ग = कामदेव। अनुराग = प्रेम। लङ्गिम = (लघिमा—स०) थोड़ा-सा। विभङ्ग = भङ्गी, वक्रता। कूजित = मधुर शब्द। तिला एक = तिलभर, क्षणभर। कैतव = कपट। कातरता = दीनता। मनि = (मणि—सं०) काम-गृह। मनिठाम = (मणिधाम—स०) शिश्न का अग्रभाग। बेरी = समय पर। केलि-रभस = रंग-रभस।

अर्थ—आँखों से कामदेव को जगाकर कुन्द (और) भ्रमर की तरह संगम (तथा) संभाषण करना। (अर्थात्—जिस प्रकार भ्रमर कुन्द के चारों ओर मँड़राता हुआ—धीरे-धीरे गूँजता हुआ रसपान करता है, उसी प्रकार तुम भी पहले स्वामी को दूर ही रखना—दूर से ही रस देना, दूर से ही सभाषण करना।) आशा देकर, थोड़ी अङ्ग-भङ्गी करके, अनुराग बढाना।

हे सुन्दरी! (मेरे) उपदेश को जुगाकर रखो। सुनो—(मेरी) सुललित वाणी (अच्छी सीख) सुनो। कुछ नागरीपन कहना चाहती हूँ। कहने से भी तो सयानी समझती है।

कोकिल की मीठी बोली कण्ठ में बैठाना (अर्थात्—कोकिल की तरह मीठी बोली बोलना), वसन्त ऋतु में (प्रिय को) प्रसन्न करना। मधुर हास्य से (अपने) मुख-मण्डल को मण्डित करना। क्षण भर लज्जा का त्याग कर देना।

गाढ़ आलिङ्गन-दान में कपट से कातरता दिखलाना। कोप करने पर (स्वामी का) प्रबोध मान लेना। अधिक मान नहीं करना।

अधमुँदी आँखों से देखकर, समय पाकर कामगृह के साथ (अपना) शरीर दिखलाना। नख से आघात करके (अर्थात्, चिकोटी काट-काटकर) प्रिय के काम-स्थल को छुड़ा देना। (इस तरह) अधिक समय तक सुरत बढ़ाना।

रंग-रभस का प्रचार करके जूझे हुए कामदेव को फिर जुझाना। (कारण,) जो गुजरे हुए भाव को पुनः पलटाती है, वही कलावती (चौंसठ कलाएँ जाननेवाली) नारी है।

सरस कवि (विद्यापति) ने शृङ्गार-रस का गान किया। समग्र रस के जाननेवाले, लखिमा देवी के स्वामी राजा शिवसिंह रूपनारायण (इसे) समझते हैं। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

गुञ्जरीरागे—

[२१०]

हसि निहारए[1] पलटि हेरि
लाजे[2] कि बोलब साभक[3] बेरि।
आरति[4] हठे[5] हरलन्हि[6] चीर
सून पयोधर[7] काप[8] शरीर[9] ॥ ध्रु० ॥
सखि कि कहब कहइते[10] लाज
गोरु[11] चि(न्ह)ए[12] के गोपक काज।
निवि निरासलि फूजलि वास[13]
ततेओ देपि[14] न आबए पास ॥
आओर[15] की[16] कहब सिनेह[17] बानि
काजरे[18] दूध[19] पखालल आनि[20]।

सं० अ०— हँसि निहारल पलटि हेरि।
लाजेँ कि बोलब साँझक बेरि ॥
हरखेँ आरति हरल चीर।
सून पओधर काँप सरीर ॥ ध्रु० ॥
सखि! कि कहब कहइतेँ लाज।
गोरू चिन्हए गोपक काज ॥
नीवि निरासलि फूजल वास।
ततेओ देखि न आवए पास ॥
अओ कत कहब मधुरि बानि।
काजर दूधेँ पखालल आनि ॥

सखि बुझावए धरिए हाथ[२१]
गोप बोलावए[२२] गोपी साथ[२३] ॥
तोहे[२४] न चिन्हह रसक भाव
वडे[२५] पुने[२६] पुनमत[२७] पाव ।
आवे कि कहह तन्हिकि बानी
कसि कसौटी अएलाहु जानी ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८७, प० २३०, पं० ८

पाठभेद—

रा० पु० (पद-सं० ३)—१ निहारल । २ लाजेँ । ३ साँझक । ४-५ हरखेँ आरति । ६ हरल । ७ पओधर । ८ काम्प । ९ सरीर । १० कहइते । ११ गोर । १२ चिन्हए । १३ आस । १४ देखि । १५ अओ । १६ कत । १७ मधुर । १८ कातर । १९ दूबे । २० जानि । २१ हाथँ । २२ बोलावथि । २३ साथँ । २४ तोहेँ । २५ वड़े । २६ पुने । २७ पुनमति । अन्त की दो पंक्तियाँ नहीं हैं । इनके स्थान में निम्नलिखित भणिता है—

भन विद्यापति तओ[१] नारि
पहुक दूषन[२] दिअ विचारि ।
राजा रुपनराओन[३] नाम
सिवसिंह लखिमा[४] दे[५] रमान ॥

मि० म० (पद-सं० ८१)—१ निहारल । ३ साँझक । ४-५ हरखेँ आरति । ६ हरल । ८ काँप । ९ सरीर । ११ गोरू । १२ चिन्हए । १३ आस । १४ देखि । १५ अओ । १६ कत । १७ मधुर । १८ कातर । १९ दूबे । २० जानि । २२ बोलावथि । २४ तोहेँ । २५ वडे । २६ पुणे । २७ पुणमति । अन्त की दो पंक्तियाँ नहीं हैं । इनके स्थान में राम० पुर की भणिता है, जिसके पाठभेद नीचे हैं—
१ सुन तथे । २ दूषण । ३ रुपनराएन । ४ लखिम । ५ देवि ।

झा (पद-सं० २१०)—३ साझक बेरी ।

सखि बुझावए धरिए हाथ ।
गोप बोलावथि गोपी-साथ ॥
तोहेँ न चिन्हह रसक भाव ।
वड़ेँ पुनेँ पुनमति पाव ॥
आवे कि कहब तन्हिक बानि ।
कसि कसउटी अइलिहुँ जानि ॥
भन विद्यापति तोअ वर नारि ।
पहुक दूषन दिअ विचारि ॥
राजा रूपनराओन जान ।
सिवसिंह लखिमादेवि-रमान ॥

शब्दार्थ—हेरि = देखकर। सून = (शून्य—सं०) अनावृत। गोर = गौ। निरातलि = खोल दी। फूजलि = खुल गई। तवेओ = इन सबको। आओर = और। बानि = (वाणी—सं०) बात। पखालल = प्रक्षालन किया, धोया। गोप = ग्वाला, बुद्धिहीन। बानी = स्वभाव।

अर्थ—(सखी के प्रति उपेक्षिता की उक्ति—) लौटकर देखने के बाद (फिर) हँसकर देखा। लज्जा से क्या कहूँ? (अर्थात्—कहा नहीं जाता।) शाम का समय था।

हर्ष से आर्त्त होकर (मैंने) वस्त्र हरण कर लिया। (मेरे) स्तन अनावृत हो गये। (मेरा) शरीर काँपने लगा।

हे सखी! क्या कहूँ? कहते लज्जा होती है। गाय की पहचान करना ही ग्वाले का काम है। (अर्थात्—ग्वाला गाय की पहचान कर सकता है, आदमी की नहीं।)

(मैंने) नीवी हटा ली—कपड़ा खोल दिया (किन्तु) इतना देखने पर भी वे पास नहीं आये।

और कितनी मीठी बातें कहूँगी? (अर्थात्—मैंने कितनी मीठी बातें कहीं—तो क्या कहूँगी? लेकिन लाभ कुछ भी नहीं हुआ।) मैंने जान-बूझकर दूध से काजल को धोया। (अर्थात्, जैसे काजल को दूध से धोने पर भी कुछ लाभ नहीं होता, वैसे ही लाख यत्न करने पर भी कुछ लाभ नहीं हुआ।)

सखियाँ हाथ पकड़कर समझातीं तो गोप (बुद्धिहीन कृष्ण) साथ की गोपियों को बुलाने लगते।

(हे सखी!) तुम रस-भाव को नहीं समझतीं। पुण्यवती बड़े पुण्य से (अवसर) प्राप्त करती है।

अब (और) उनका स्वभाव क्या कहूँ? कसौटी पर कसकर जान जाऊँ।

विद्यापति कहते हैं—तुम वर नारी हो। (इसलिए तुम्हें) सोच-विचारकर स्वामी को दोष देना चाहिए।

लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह रूपनरायण (इसे) समझते हैं। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

गुर्जरीरागे—

[२११]

कतए गुजा कतए[१] फूल
कतए गुजा रतन तूल।
जे पुनु जानए मरम साच[२]
रतन तेजि न किनए काच[३]॥

सं० अ०—२ साँच। ३ काँच।

अरेरे[४] सुन्दर उतर देहु
कओन[५] कओन[६] गुण[७] परेपि[८] लेहु[९] ।
अनेके दिवसे[१०] कएल मान
मधु छाडि[११] आन[१२] न मागए[१३] दान ॥
ऐसन[१४] मुगुध थीक मुरारि[१५]
गवउ भषए[१६] अमिअ छाडि[१७] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८३(क), प० २३१, प० ८

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३७०)—७ गुन । ८ पेरखि । ११ छाडि । १६ मखए । १७ छारि ।

मि० म० (पद-सं० ४५२)—१ पाठाभाव । ४ अब रे । ५-६ कओन कओन । ७ गुन । ८ पेरखि । ९ नेह । ११ छाड़ि । १६ मखए । १७ छारि ।

झा (पद-सं० २११)—१५ मुरारी ।

शब्दार्थ—गुजा = घुँघची । साच = सत्य । परेपि = परीक्षा करके । मुगुध = मुग्ध, भोला । गवउ = गो-सदृश पशुविशेष । अमिअ = अमृत ।

अर्थ—कहाँ घुँघची (और) कहाँ फूल ? (दोनों में समता क्या) कहीं घुंघची रत्न-तुल्य होती है ?

फिर जो सत्य के मर्म को समझता है, वह रत्न को छोड़कर काँच नहीं खरीदता ।

अरे सुन्दर । उत्तर दो । कौन-कौन गुण (मेरे पास हैं, उनकी) परीक्षा कर लो ।

(तुमने) बहुत दिनों से मान कर लिया है । मधु छोड़कर दूसरी वस्तु दान नहीं माँगते ।

कृष्ण ऐसे भोले हैं । गवय ही अमृत को छोड़कर (दूसरी वस्तु) खाता है ।

बरलीराग—

[२१२]

जखने जाइअ[१] सयन[२] पासे
मुख परेखए दरसि हासे ।
तखने उपजु अहेन[३] भाने
जगत भरल कुसुमबाने ॥ ध्रु० ॥
की सखि कहव केलि विलासे
निअ[४] अनाइति पिआ[५] हुलासे ।

---

८ परेखि । १० अनेके दिवसे । १२ आन । १३ माँगए । १४ अइसन । १६ मखए

सं० अ०—२ सअन । ३ अइसन ।

नीवि विघटए गहए हारे
सीमा लाघए[6] मन विकारे ॥
सिनेह जाल बढाबए[7] जीवे
सङ्गहि सुधा अधर पीबे[8] ।
हरषि[9] हृदय[10] गहए चीरे
परसे अबस कर सरीरे ॥
तखने उपजु अइसन साधे
न दिअ समत न दिअ बाधे ।
भने विद्यापति ओहे[11] सआनी[12]
अमिअ मिसल[13] नागरि बानी ॥

ने० पृ० ८३, प० २३२, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ३३५)—१ जाइ। ३ पहन। ६ लाँघए। ७ बढ़ावए। ८ पिबे। ९ हरखि। १२ सयानी। १३ मिसल।

मि० म० (पद-सं० ४८०)—३ पहन। ४ निअ। ५ पिया। ६ लाँघए। ७ बढावए। ८ पिबे ९ हरखि। ११ तु हे। १३ मिछल।

झा (पद-सं० २१२)—१३ मिसल।

शब्दार्थ—अहेन=ऐसा। भाने=ज्ञान। कुसुमवाने= कामदेव । अनाइति= विवशता। चीरे=वस्त्र। साधे=अभिलाषा। समत=सम्मति। मिसल=सनी हुई।

अर्थ—जभी (मैं) हँसती हुई सुख परेखने के लिए (उनकी) शय्या के पास जाती हूँ। तभी ऐसा भान होता है (कि) कामदेव से संसार भर गया।

हे सखी! केलि-विलास क्या हूँ? अपनी विवशता (और) प्रिय का उल्लास।

(वे कभी) नीवी खोलते हैं, (कभी) हार पकड़ते हैं। (मालूम होता है, जैसे) मनोविकार सीमा लाँघ रहा हो।

(वे) प्राणों के ऊपर स्नेह-जाल फैलाते हैं। साथ ही अधरामृत (भी) पीते हैं।

हर्षातिरेक से छाती पर का कपड़ा पकड़ते हैं। स्पर्श से (मेरे) शरीर को अवश कर देते हैं।

उस समय ऐसी अभिलाषा होती है (कि) न मैं सम्मति दे सकती हूँ (और) न बाधा (ही) पहुँचा सकती हूँ।

विद्यापति कहते हैं—अरी सयानी! नागरिकाओं की बात अमृत-सनी होती है।

---

६ लाँघए १० हृदअ। ११ मिसलि।

बरलीरागे—

[२१३]

कुटिल विलोक तन्त नहि जान
मधुरहु[1] वचने देइ नहि कान ।
मनसिज भङ्गे रचल[2] मञे[3] जेओ
हृदय[4] बुझाए बुझए[5] नहि सेओ ॥ ध्रु० ॥
कि सखि करव कओन परकार
मिलल कन्त मोहि गोप गमार ।
कपट गमन हमे लाउलि वेरि[6]
वाहुमूल दरसल[7] हसि हेरि[8] ॥
कुचजुग वसन सम्भरि कहु देल
तइअओ न मन तन्हिकर[9] हरि[10] मेल ।
विमुख होइते आवे पर उपहास
तन्हिके[11] सङ्गे क(ओ)ना[12] सहवास ॥
कि कए कि करव हमे झखइते[13] जाए
कह दहु अवे[14] सखि जिवन उपाए ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८४ (क), प० २३३, पं० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २२४)—२ वचन । ५ बुझाए । ६ बेरी । ७ दरसन । ८ हेरी । ९ तन्हिक । १० बहरि । १२ कङ्सा । १४ अब ।

मि० म० (पद-सं० ३४७)—१ मधुरह । २ वचन । ७ दरसन । ९ तन्हिक । १० बहरि । १२ कङ्सा । १४ अब ।

झा (पद-सं० २०८)—२ वचन । ७ दरसन । ११ तनिके । १२ कङ्सा । १४ अब ।

शब्दार्थ—कुटिल विलोक=कटाक्ष । तन्त=(तन्त्र—सं०) नियम । मनसिज=कामदेव । भङ्गे=भय । जेओ=जो । सेओ=सो । परकार=(प्रकार—सं०) उपाय । गमार=गँवार । वेरि=अवसर । सम्भरि कहु=सम्हलकर ।

अर्थ—(वि) कटाक्ष का नियम नहीं जानते—मीठी बात पर भी कान नहीं देते ।

सं० अ०—१ मधुरहुँ । ३ मोञ । ४ हृदअ । १३ कँखइते ।

कामदेव के भय से मैंने जो कुछ किया, हृदय में होता है, उसे भी (वे) नहीं समझते।

हे सखी ! (मैं) क्या करूँगी ? कौन उपाय करूँगी ? मुझे गोप-गँवार स्वामी मिला।

(यद्यपि) अवसर पाकर मैंने कपट-गमन किया। (अर्थात्, लौट चलने का वहाना किया।) हँस-हेरकर बाहुमूल दिखलाया।

सँभालकर कुचयुग पर वस्त्र दिया (अर्थात्, वस्त्र देने के बहाने कुचयुग दिखलाया) तथापि उनका मन (मैं) नहीं हर सकी।

अब विमुख होने पर (अर्थात्, विफल होकर लौट जाने पर) दूसरे उपहास करेंगे; (किन्तु) उनके साथ सहवास कैसे होगा ?

क्या करके क्या करूँ—(यही) झँखते मैं बीती जा रही हूँ। हे सखी। अब (तुम्हीं) जीवन का उपाय कहो।

बरलीरागे—

[२१४]

जौवन[१] चाहि रूप नहि ऊन
धनि तुअ विषय[२] देषिअ[३] सबे गुन।
एके प(ए)[४] मेल विधाता भोर
सम कए सामि न सिरिजल तोर॥ ध्रु०॥
कि कहब सुन्दरि कहइते लाज
से कहले[५] पुनु तोह हो काज।
मन्दाहु[६] काज उकुति[७] भलि भेलि
ते मञे[८] किछु अनुमति तोहि देलि॥
जञो तोहे[९] बोलह करञो इथि अङ्ग
चोरी पेम चारि गुण[१०] रङ्ग।
दुर[११] कर अगे सखि अइसनि बानि
अमिअ खोअउबिसि[१२] साङ्कूरे सानि॥
छैलक उकुति कहइते नहि ओर
अरथक[१३] गरुअ वचन के[१४] थोळ।

सं० अ०—१ अउवन। २ विषअ। ३ देखिअ। ४ मोअ। ६ तोहें। १० गुन। १४ केर।

जीवन सार जौवन[15] जग रङ्ग
जौवन[16] तओ जओ सुपुरुष सङ्ग ॥
सुपुरुष पेम[17] कबहु[18] नहि छाड[19]
दिने दिने चान्दकला जओ बाढ[20] ।
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८४(क), प० २३४, पं० ५

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ३१०)—२ विसय । ३ देखिअ । ४ एकेस । ५ कहसे । ६ मन्दाकु । ७ कुति । ८ मए । ११ दूर । १२ खोअउ विसि । १७-१८ पेमक बहु । १९ छाड़ । २० बाढ़ ।

झा (पद-सं० २१३)—१३ अथरक ।

शब्दार्थ—चाहि=अपेक्षा । ऊन=कम । मोर=मूढ़ । कहले=कहने से ही । तोह=तेरा । इथि=इसे । अङ्ग=अङ्गीकार । चारि गुण=चतुर्गुण । रङ्ग=आनन्द । बानि=स्वभाव । अमिअ=अमृत । खोअउविसि=खिलाऊँगी । साङ्करे=(शर्करा—सं०) शक्कर में । सानि=मिलाकर । छैलक=छैले की । उकुति=उक्ति । ओर=अन्त । गरुअ=गुरु । जग-रङ्ग=संसार की शोभा ।

अर्थ—यौवन की अपेक्षा रूप भी कम नहीं । अरी धन्ये ! तुम्हारे विषय में सभी गुण ही दिखाई पड़ते हैं ।

एक (विषय) में ही विधाता मूढ हो गया (कि उसने) सम करके तुम्हारा स्वामी नहीं सिरजा । (अर्थात्, जैसी तुम हो, वैसा तुम्हें स्वामी नहीं मिला ।)

अरी सुन्दरी ! क्या कहूँ ? कहते लज्जा होती है । (किन्तु) सो सब कहने से ही फिर तुम्हारा काम होगा । (इसीलिए कहती हूँ ।)

बुरे कार्य में भी (छैले की) उक्ति अच्छी हुई । इसीलिए, मैंने तुम्हें कुछ (करने की) अनुमति दी ।

यदि तुम कहो (कि मैं) इसे अङ्गीकार करती हूँ (तो देखना—) चोरी के प्रेम में (कैसा) चतुर्गुण आनन्द होता है ।

अरी सखी ! ऐसे स्वभाव को दूर करो । (मैं तुम्हें) शक्कर में मिलाकर अमृत खिलाऊँगी ।

छैले की उक्ति कहते अन्त नहीं होता । (यद्यपि उसकी उक्ति के) शब्द थोड़े हैं (तथापि वे) अर्थ के गुरु हैं ।

जीवन का सार (और) संसार की शोभा यौवन है । (फिर वह) यौवन तभी (सार्थक है) जब सुपुरुष का संग हो ।

सुपुरुष कभी प्रेम को नहीं छोड़ता । दिन-दिन जैसे चन्द्रकला बढ़ती है (वैसे ही उसका प्रेम बढ़ता है ।)

---

१५ जउवन । १६ जउवन । १८ कबहुँ ।

[२१५]

अम्बरे वदन झपावह गोरि
राज सुनइछि[1] चान्दक चोरि ।
घरे घरे पहरी गेल अछ जोहि
अबही दूषण[2] लागत तोहि ॥ ध्रु० ॥
सुन सुन सुन्दरि हित उपदेश[3]
सपनेहु जनु हो विपदक[4] लेश[5] ।
हास सुधारस[6] न कर उजोर
धनिके[7] बनिके[8] धन बोलब मोर ॥
अधर[9] समीप[10] दसन कर जोति
सिन्दुर[11] सीम बैसाउलि मोति ।
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८५ (क), प० २३५, प० १

पाठभेद—

रा० त० (पृष्ठ ५६)—

आचरे वदन झपावह गोरि,
राज सुनै छिअ चाँदक चोरि ।
घरें घरें पेंहरि गलछ जोहि,
एपने दूषन लागत तोहि ॥

सं० अ०— अम्बरें वदन झँपावह गोरि ।
राज सुनइ छिअ चान्दक चोरि ॥
घरें-घरें पहरी गेल अछ जोहि ।
अबही दूषन लागत तोहि ॥ ध्रु० ॥
कतए नुकाओब चान्दक चोरि ।
जतहि नुकाओब ततहि उजोरि ॥
सुन-सुन सुन्दरि ! हित उपदेस ।
सपनेहुँ जनु हो विपदक लेस ॥
हास-सुधारसें न कर उजोर ।
धनिकें बनिकें धन बोलब मोर ॥
अधर समीप दसन कर जोति ।
सिन्दुरक सीम बइसाउलि मोति ॥

बाहर सुतह हेरह जनु काहु,
चाँन मरमे मुख गरसत राहु।
निरमि निहारि फाँस गुन तोलि,
वान्हि हलत तोहँ खञ्जन बोलि।
मनहि विद्यापति होहु निशङ्क,
चाँन्दहुँ काँ किछु लागु कलङ्क।

न० गु० (पद-सं० २२८)—१ सुनइछिअ। २ दूखन। ३ कतए नुकाएब चाँदक चोर। ४ जतहि नुकाओब ततहि उजोर। ६ सुधारसे। ७-८ वनिके धनिके। ६ अधरक। १० सीम। ११ सिंदुरक। अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

मनइ विद्यापति होहु निसङ्क।
चाँदहु काँ थिक भेद कलङ्क॥

मि० म० (पद-सं० २६ ख)—रागतरङ्गिणी का पाठ।

झा (पद-सं० २१४)—४-५ विपद-कलेश।

विशेष—रागतरंगिणी के उपयुक्त पद में अन्त की छह पंक्तियाँ न० गु० के मिथिला से प्राप्त २२६ संख्यक पद में एवं चार पंक्तियाँ नेपाल-पदावली के २२५ संख्यक पद में उपलब्ध हैं। नेपाल-पदावली का उपयुक्त पद संपूर्ण है, केवल न० गु० की पाँचवीं और छठी पंक्तियाँ उपादेय हैं। फिर, अन्य पदों की पक्तियाँ इसमें ला रखना अनुपयुक्त प्रतीत होता है।

शब्दार्थ—अम्बरे=कपड़े से। सुनइछि=सुनती हूँ। उजोर=प्रकाश। दसन=दाँत। सीम=सीमा।

अर्थ—अरी गोरी! कपड़े से मुँह को ढँक लो। (कारण,) सुनती हूँ कि राज्य में चन्द्रमा की चोरी हो गई है।

प्रहरी घर-घर ढूँढ गया है। अभी तुम्हे दोष लग जायगा। (अर्थात्, तुम्हारे मुँह को चन्द्रमा समझकर तुमपर चन्द्रमा चुराने का दोष मढ़ दिया जायगा।)

चन्द्रमा की चोरी कहाँ छिपाओगी? जहाँ छिपाओगी, वहीं प्रकाश हो जायगा।

हे सुन्दरी! (मेरा) हितकारी उपदेश सुनो, जिससे तुम्हें स्वप्न में भी विपत्ति का लेश नहीं हो।

हास्य-रूपी सुधा-रस से प्रकाश मत फैलाओ। (कारण, उसे देखकर) धनी वणिक् अपना धन कहने लगेंगे।

(तुम्हारे) अधर के समीप में दाँत प्रकाश फैला रहे हैं। (जान पड़ता है, जैसे,) सिन्दूर की सीमा पर मोती बैठाये गये हैं। (अर्थात्, चोरी के मारे उपकरण वर्त्तमान हैं। इसलिए, अपने मुँह को ढँक लो।)

बरलीरागे—

[२१६]

कतन दिवस लए अछल मनोरथ
हरि सञो लाओब[1] नेहा ।
से सबे[2] सुफल[3] भेल बिहि अभिमत[4]
सहजहि[5] आएल मोर[6] गेहा ॥ ध्रु० ॥
सखि हे[7] जनम कृतारथ भेला ।
वदन निहारि अधररस[8] पिउलन्हि[9]
हरि परिरम्भण[10] देला ॥
पीन पयोधर दरसि[11] परसलन्हि[12]
निविबन्ध फोएलन्हि[13] पाणी[14] ।
तखने उपजु रस भेलिहु -परबस
बोललन्हि सुललित बानी[15] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८५(क), प० २३६, प० ४

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ८१६)—१ सञो बढाओब । २ सब । ३ सफल । ४ अभिमत देल । ५ सहजे । ६ मझु । ७ माइ हे । ८ अधरमधु । ९ पिबिकहु । १० परिरम्भन । ११ हरखि । १२ परसि कर ।

सं० अ०— कतन दिवस लए अछल मनोरथ
हरि सञो लाओब नेहा ।
से सब सफल भेल बिहि अभिमत देल
सहजें आएल मझु गेहा ॥ ध्रु० ॥
सखि हे । जनम कृतारथ भेला ।
वदन निहारि अधर-मधु पिउलन्हि
हरि परिरम्भन देला ॥
पीन पओधर हरखि परसलन्हि
निबिबन्ध फोएलन्हि पानी ।
पुलक-पुरल तनु मुदित कुसुमधनु
गाबए सुललित बानी ॥
तोंम धनि । पुनमति सब गुन गुनमति
विद्यापति कवि भाने ।
राजा सिवसिंह रूपनराञेन
लखिमा देवि - रमाने. ॥

१३ खोपलन्हि। १४ पानी। १५ पुलक पुरल तनु मुदित कुसुमधनु गावए सुललित बानी। अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

तोञो[१६] धनि[१७] पुनमति सब गुण[१८] गुणमति[१९]
विद्यापति कवि माने[२०]।
राजा शिवसिंह[२१] रूपनराएन
लखिमा देवि[२२] रमाने[२३]॥

मि० म० (पद-सं० १६३)—१ सयँ बढ़ाओव। २ सब। ३ सफल। ४ अभिमत देल। ५ सहजे। ६ मझु। ७ माइ हे। ८ अधर मधु। ९ पिबिकहु। १० परिरम्भन। ११ पीन पओधर हरखि। १२ परसि करु। १३ खोपलन्हि। १४ पानी। १५ पुलके पुरल तनु मुदित कुसुमधनु गावए सुललित बानी। १६ तोयँ। १७ धनी। १८ गुन। १९ गुनमति। २० मान। २१ सिवसिंघ। २४ देइ। २३ रमान।

झा (पद-सं० २१५)—पाठभेद नहीं है।

शब्दार्थ—लाओब=लाऊँगी, करूँगी। अभिमत=मनोवाञ्छित। सहजहि=अनायास। मोर=मेरे। गेहा=घर। कृतारथ=कृतार्थ। पिउलन्हि=पी लिया। परिरम्भण=आलिङ्गन। पाणी=(पाणि—स०) हाथ।

अर्थ—कितने दिनों से मनोरथ था कि कृष्ण से प्रेम करूँगी। सो सब सफल हुआ। विधाता ने मनोवाञ्छित (फल) दिया। (कृष्ण) अनायास मेरे घर आ गये।

हे सखी! जन्म कृतार्थ हो गया। कृष्ण ने मुँह देखकर अधरामृत पान किया (और) आलिङ्गन दिया।

हर्षित होकर पीन पयोधर का स्पर्श किया (और) हाथ से नीवी-बन्ध को खोल दिया। पुलक से (मेरा) शरीर भर गया। कामदेव प्रसन्न होकर मधुर वचन से गान करने लगा।

विद्यापति कहते हैं—हे धन्ये! तुम पुण्यवती (और) सर्वगुणसंपन्ना गुणवती हो। लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह रूपनारायण (इसे जानते हैं।) (अर्थ—सपादकीय अभिमत से।)

बराडीरागे—

[२१७]

वचनक रचने[१] दन्द पए बाढल
.........धरि गेला।
अबला गोप कओने की बोलब
भीसी[२] कादब[३] भेला॥ ध्रु०॥
नारि पुरुष हठसिल[४]।
दिने दिने पेम आबे तन्हि बिसरल
बिनु बाहले पह खील[५]॥

सं० अ०—४ माइ हे। नारि पुरुष हठसील। ५ बिनु बहले पह खील।

कत बोलब कत मञे जे सिषाउलि[6]
कत पळ्लाहु[7] मञे[8] पाओ।
द(इ)वा बाङ्क[9] कओने सरिआओब[10]
तेतरि[11] न[12] मील कराओ ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८६, प० २३७, पं० २

पाठभेद—

सि० म० (पद-सं० ४०४)—१ वचने। ३ की सीक दिव। ४ हटसि न। ५ धीन। ६ सिखाउलि। ७ पललाहु। ६ दवाबाङ्क। १० सवि आओब। ११-१२ ते तविन।

झा (पद-सं० २१६)—१ वचने। ५ खीन। ६ दवा बाङ्क। ११-१२ तेउ विन।

शब्दार्थ—दन्द=(द्वन्द्व—सं०) झगड़ा। अबला=स्त्री। गोप=ग्वाला, गँवार। झीसी=फुहार। कादव=कादो। पह=घाव। खील=कील। पाओ=पैर। दइवा=विधाता। बाङ्क=वक्र। सरिआओब=सुलझावेगा। तेतरि=तीसरा। मील=मिलन।

अर्थ—बात बनाते-बनाते झगड़ा बढ़ गया। ……… । (एक) अबला है, (दूसरा) गवार है। कौन क्या कहेगा? फुहार से कादो हो गया।

(अरी मैया!) स्त्री (और) पुरुष—(दोनों) हठशील हैं। उन्होंने दिन-दिन (क्रमशः) प्रेम को भुला दिया। घाव के नहीं बहने से (उसमें) कील पड़ गई। (अर्थात्, जैसे घाव के नहीं बहने से उसमें कील पड़ जाती है, वैसे ही प्रेम-प्रवाह के रुक जाने से उसमें कील पड़ गई।)

कितना कहूँ (कि) मैंने कितना सिखलाया, कितना पैर पड़ी, (किन्तु जब) विधाता ही वक्र है, (तब) कौन सुलझावेगा? तीसरा कोई मेल नहीं करा सकता।

बरलीरागे—

[२१८]

सौरभ[1] लोभे[2] भमर भमि आएल
पुरुब पेम बिसवासे[3]।
बहुत कुसुम मधुपान पिआसल
जाएत तुअउ[4] पासे[5] ॥ ध्रु० ॥
मालति करिअ हृदय[6] परगासे।
कत दिन भमरे पराभव पाओब
भल नहि अधिक उदासे ॥

---

६ मोञे जे सिखाउलि। ८ मोञे। ६ दइवा बाङ्क।

सं० अ०—१ सउरभ। २ लोभे॑। ३ बिसवासे। ६ हृदअ।

कओनक[७] अभिमत के नहि राखए
जीवओ दए जग हेरि ।
की करव ते[८] धन अव[९] जीवने
जे नहि विलसए वेरि ॥
सवहि कुसुम मधुपान भमर कर
सुकवि विद्यापति भाने[१०] ॥

ने० पृ० ८६(क), प० २३८, पं० ६

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४१७)—३ विसवासे । ८ तें । ९ अर । अन्त में निम्नलिखित पंक्तियाँ हैं—

राजा सिवसिंह रूपनराएन
लखिमा देवि रमाने ॥

मि० म० (पद-सं० ८२१)—३ विसवासे । ७ कओनक । ९ अर ।

झा (पद-सं० २१७)—४-५ तुअओ पासे ।

शब्दार्थ—भमि=घूम-फिरकर । परगासे=प्रकाश । पराभव=कष्ट । वेरि=समय पर ।

अर्थ—सौरभ के लोभ से पूर्व-प्रेम का विश्वास करके भौंरा घूम-फिरकर आ गया। बहुतेरे फूल हैं, (किन्तु) मधुपान का प्यासा (भौंरा) तुम्हारे ही समीप जायगा ।

हे मालती ! (अपने) हृदय में प्रकाश करो। कितने दिनों तक भ्रमर पराभव पायेगा ? अधिक उद्दाम होना भला नहीं ।

संसार में (अपना) जीवन देकर भी किसका अभिमत कौन नहीं रखता ? (अर्थात्, अपना जीवन देकर भी दूसरे का अभिमत रखा जाता है।) (इसे) देखकर भी उस धन और जीवन से क्या करोगी, समय पर जिसका उपभोग नहीं किया जाय ?

सुकवि विद्यापति कहते हैं—भौंरा सभी फूलों का मधुपान करता है। लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह रूपनारायण (इसे जानते हैं।) (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

बरलीरागे—

[२१६]

काजरे[१] राँङलि[२] मञे[३] जनि राति
अइसना बाहर होइते[४] साति ।
तलितहु तेज[५] लिमित[६] अन्धकाल[७]
आसा[८] संशय[९] परु[१०] अभिसार ॥ ध्रु० ॥

---

९ अरु । १० राजा सिवसिंह रूपनराजेन लखिमा देवि रमाने ।

सं० अ०—१-३ काजर रङ्ग बमए । ४ होइतहुँ । ५-७ तळितहु वेज मिलित अन्धकार ।

९ संसअ । १० पळु ।

भल न कएल मञे[11] देल बिसवास
निकट जोएन[12] सत कान्हक वास।
जलद भुअङ्गम[13] दुहु भेल सङ्ग
निचल[14] निशाचर कर[15] रस भङ्ग[16]॥
मन अवगाहए मनमथ रोस[17]
जिवओ देले[18] नहि[19] होए[20] भरोस।
अगमन[21] गमन बुझए मतिमान
विद्यापति कवि एहु रस जान॥

ने० पृ० ८६, प० २३६, पं० ४

पाठभेद—

रा० पु० (पद-स० ११)—१ काजर। २ रङ्ग। ३ बमए। ४ होइतहु। ६ मिलए। ७ अन्धकार। ८ आसाए। ९ संसअँ। १० पलु। १२ निकटँ जोजेन। १४ निचर। १५-१६ करए सङ्ग। १८ जीवओ देले॑। १९ न। २१ अपगम।

न० गु० (पद-स० २९१)—२ राङ्गलि। ३ सभे। ५ तड़ितहु तेजलि। ६ मित। ७ अन्धकार। २० होएत।

मि० म० (पद-सं० ३२६)—२ राङ्गलि। ३ सभे। ५ तड़ितहु तेजलि। ६ मित। ९ संसय। १३ भुजङ्गम। २० होएत।

झा (पद-सं० २१८)—५ तलितहु तेजलि। ६ मित।

शब्दार्थ—वमए=वमन करती है। साति=(शास्ति—सं०) भय। तलितहु=(तडित्वतः—सं०) विद्युत् का। जोएन=योजन। जलद=मेघ। भुअङ्गम=(भुजङ्गम—सं०) साँप। निचल=घूम रहा है। निशाचर=राक्षस। अवगाहए=हलचल मचा रहा है। मनमथ=कामदेव।

अर्थ—(मालूम होता है,) जैसे, रात्रि काजल का रंग उगल रही है। ऐसे (समय) में बाहर होते भी भय हो रहा है।

विद्युत् का प्रकाश भी अन्धकार में मिल रहा है। (इसलिए) अभिसार की आशा संशय में पड़ गई।

मैंने (यह) अच्छा नहीं किया (कि कृष्ण को) विश्वास दिया। (कारण,) कृष्ण का वासस्थान निकट होते हुए भी योजनशत (जान पड़ता है)।

मेघ (और) साँप—दोनों साथ हैं। (अर्थात्, ऊपर मेघ हैं और नीचे साँप हैं।) निशिचर घूम-फिरकर रसभंग कर रहे हैं।

कामदेव का रोष मन में हलचल पैदा कर रहा है। भरोसा नहीं होता कि प्राण देने पर भी (कार्य सिद्ध होगा)।

---

११ मोञ। १२ जोअन। १४ निचर। १७ रोप। १८ जिबओ देलें।

बुद्धिमान् ही अगमन (और) गमन समझते हैं। (अर्थात्, कब जाना चाहिए और कब नहीं जाना चाहिए—इसका ज्ञान बुद्धिमान् को ही होता है)। कवि विद्यापति इस रस को समझते हैं। (अर्थ—सपादकीय अभिमत से।)

वरलीरागे—

[२२०]

अंघट घट[१] घटाबए चाहसि
वचन बोलसि हसी[२]।
आनहि आनहि पेम रचना[३]
तजे[४] सखि रसल[५] रसी[६] ॥ ध्रु० ॥
सुन्दर देहा बिजुरी रेहा
गगनमण्डल सोभे।
जतने[७] रतन[८] जे नहि पाबिअ[९]
तँ[१०] कके[११] करिअ लोभे ॥
सुन्दरि तोके[१२] बोलओ पुनु पुनु।
बेरा[१३] एक[१४] परिहासे[१५] मजे[१६] खेँओल
ओ बोल बोलह जनु ॥
कथा अमी[१७] कथा[१८] तुमी[१९]
पाबओ[२०] आबि(अ)[२१] वासा।
जे निरआह[२२] करए[२३] नहि पारिअ
ता[२४] कके[२५] दीअए आसा ॥
कामिनि कुलक धरम निआबे
कैसे[२६] अगिरति[२७] पास।
सुरत सुख निमेष[२८] बेरा[२९]
जाबे[३०] जीव उपहास ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८६, प० २४०, पं० ३

सं० अ०—१ घटन। २ हँसी। ३ आनहि आनहि पेमक रचना। ४ तोज। १० ता। १२ तो ँके। १५ परिहासेँ। १६ मोज। २६ कइसेँ। २७ अँगिरति। २८ निमेषे।

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० २५०)—३ बचना। ७ जतन। ८ लेवउ। ६ पारिश्र। १०-११ तकके। १३-१४ खेराएक। १७ असी। १८-१९ कथाश्रोर्सी। २० पार ओ। २१ आरि। २२ निरवाहक। २३ रए। २४ ताक। २५ के। २६ कैसे। २८ निमेपरे। २९-३० बाजाव।

झा (पद-सं० २१८)—३ बचना। ५ वसन। ६ वसी। २० पार। २१ ओआरि।

शब्दार्थ—अघट=न होने योग्य, अनहोनी। घट=घटना। रसल=आसक्त। रसी=रसिक। बिजुरी=बिजली। रेहा=रेखा। खे ओल=क्षमा कर दिया। कथा=कहाँ। अमी=मैं। तुमी=तुम। कके=कैसे। निआजे=न्याय से। अगिरति=अङ्गीकार करेगी। निमेष वेरा=क्षणमात्र।

अर्थ—(दूती के प्रति नायिका की उक्ति)—(तुम) अनहोनी घटना घटाना चाहती हो। (कारण,) हँस-हँसकर बातें करती हो, कई प्रकार से प्रेम की रचना करती हो। (मालूम होता है,) हे सखी! तुम रसिक में आसक्त हो गई हो।

आकाश में सुन्दर शरीर धारण किये बिजली की रेखाएँ सोहती हैं। (पर, इससे क्या?) यत्न करने पर भी जो रत्न प्राप्त नहीं हो सकता, उसके लिए लोभ कैसे किया जाय?

हे सुन्दरी! बार-बार तुम्हें कहती हूँ। मैंने एक बार (तुम्हें) हँसी में क्षमा कर दिया। (फिर) वह बात मत बोलो।

कहाँ मैं (और) कहाँ तुम? (फिर भी तुम) आकर (मेरे समीप) स्थान पाती हो। (किन्तु) जो निर्वाह नहीं कर सकता (अर्थात्, प्रेम निभा नहीं सकता,) उसे कैसे आशा दी जाय? (अर्थात्, कृष्ण प्रेम निभा नहीं सकते। इसलिए मैं आशा नहीं दे सकती।)

कामिनी कुलधर्म के न्याय से (अर्थात्, कुलधर्म का पालन करती हुई) किस प्रकार सामीप्य अङ्गीकार करेगी? (कारण,) सुरत-सुख निमेषमात्र होगा; (किन्तु) उपहास आजीवन रहेगा।

बरलीरागे—

[२२१]

माधवे आए कबाळ[1] उवेळलि[2]
जाहि मन्दिर छलि राधा।
आलस कोपे आड[3] हसि हेरलन्हि
चान्द उगल जनि आधा ॥ ध्रु० ॥

सं० अ०—माधवे आए कवाळ उवेळलि
जाहि मन्दिर वस राधा।
चीर उघारि आध मुख हेरलन्हि
चान्द उगल जनि आधा ॥ ध्रु० ॥

माधव विलखि वचन बोल राही[४]।
जौवन रूप कला गुण आगरि
के नागरि हम चाही ॥
म(।)धुर[५] नगर[६] बिलमु[७] हम[८] लागल[९]
कके न पठओलह दूती।
जन दुइ चारि बनिक[१०] हम भेटल[११]
त[१२] ठमाहि रहलाहु[१३] सूती ॥
तुअ चञ्चल[१४] चित[१५] थपना[१६] नहि थिर
महिमा धार[१७] न[१८] धीरे।
कुटिल कटाख मन्द हषि[१९] हेरलन्हि
भितरहु स्याम[२०] सरीरे ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८७(क), प० २४१, पं० ३

माधव विलखि वचन बोल राही।
जउवन - रूप- कला- गुन- आगरि
के नागरि हमे चाही ॥
चीर- कपूर - पान हमे साजल
पाअस अओ पकमाने।
सगरि रजनि हमे जागि गमाओल
खण्डित भेल मोर माने ॥
तुअ चञ्चल चित नहि थपना थित
महिमा भार - गभीरे।
कुटिल कटाख मन्द हँसि हेरह
भितरहु स्याम सरीरे ॥
भनइ विद्यापति सुन वर जउवति
चिते जनु मानह माने।
राजा सिवसिंह रूपनराएन
लखिमा देवि रमाने ॥

पाठभेद—

ग्रियर्सन (मिथिला से प्राप्त)—

माधवे[1] आए कवाल[2] उबेरलि
जाहि मन्दिर वस राधा।
चीर उघारि आध मुख हेरलन्हि
चाँद उगल जनि आधा॥
माधव बिलखि[3] वचन बोल राही।
जउवन-रूप-कला-गुने आगरि
के नागरि हमे चाही॥
चीर-कपूर-पान हमे साजल
पाअस अओ पकमाने।
सगरि रअनि हमे जागि गमाओल
खण्डित भेल मोर माने॥
तुअ चञ्चल चित नहिं थपना[4] थित
महिमा मार गमीरे।
कुटिल कटाख मन्द हसि हेरह
मिलह स्याम सरीरे॥

न० गु० (पद-स० ५२८, ग्रि० से)—१ माधव। २ कवार। ३ बिलखि। ४ थपला। अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

मनइ विद्यापति सुन वर जउवति
चिते जनु मानह आने।
राजा सिवसिंह रूपनरायन
लखिमा देवि रमाने॥

मि० म० (पद-स० ४७२क, ४७२ख)—१ कवाल। २ उबेललि। ३ अति। ४ राधाही। ५ माथुर। ६ गेले। ७-८-९ बिलअइ मतागल। १० बखिक। ११-१२ भेटलत। १३ रह लाहु। १४-१५ चञ्चलचित। १६ अपना। १७-१८ धारन। १९ हरि। २० श्याम।

झा (पद-स० २२०)—५ माथुर। ७ विलम्ब। १२-१३ तठमाहु रहलाहु। १४ तुम चञ्चल। २० श्याम।

विशेष—नेपाल-पदावली के पाठ से मिथिला से प्राप्त डॉ० ग्रियर्सन का पाठ युक्तियुक्त प्रतीत होता है। अत, उसी पाठ के आधार पर अर्थ लिखा गया है।

शब्दार्थ—कवाळ=(कपाट—सं०) किवाड। उवेळलि=उद्वेलित किया, खोल दिया। मन्दिर=घर। राही=राधा। हम चाही=मुझसे बढ़कर। थपना=(स्थापना—सं०) ठहराव। थिर=(स्थित—स०) निश्चय। गमीरे=गहन, दुर्बोध। आने=अन्यथा।

अर्थ—जिस घर में राधा रहती थीं, कृष्ण ने आकर (उस घर का) किवाड़ खोल दिया (और) कपड़ा हटाकर आधे मुँह को देखा। (उस समय ऐसा जान पड़ा,) जैसे आधा चन्द्रमा उगा हो।

राधा ने कृष्ण से बिलखकर यह वचन कहा—मुझसे बढ़कर यौवन, रूप, कला (और) गुण की खान (दूसरी) कौन नारी है?

मैंने कपड़ा सजाया, कर्पूर के संग पान सजाया, पायस और पकवान सजाया, जागकर सारी रात बिताई; (पर तुम नहीं आये।) मेरा मान खण्डित हो गया।

तुम्हारा चित्त चञ्चल है, तुम्हारा ठहराव (कहीं) निश्चित नहीं है। तुम महिमा के भार से गंभीर हो। मन्द-मन्द हँसकर कुटिल कटाक्ष से देखते हो, (पर) भीतर के काले हो।

विद्यापति कहते हैं—अरी वरयुवती! सुनो। मन में अन्यथा मत मानो। लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह रूपनारायण (इस रस को समझते हैं)।

वरलीरागे—

[२२२]

सुनि सिरिखँड[1] तरु ते[2] मञे[3] गमन करु
तेजत[4] विरहक[5] तापे।
आरति अएलाहु[6] मञे कुभिलएलाहु[7]
के जान पुरुब कओन[8] पापे ॥ ध्रु० ॥
माधव तुअ मुख दरसन लागी।
बेरि बेरि आबओ[9] उतर न पावओ[10]
भेलाहु[11] विरह रस भागी ॥
जतहि[12] तेजल गेह सुमरि तोहर नेह
गुरुजने जानब[13] तावे।
एतए निठुर हरि जाएव कमने[14] परि
ततहु अनादर आवे[15] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

— ने० पृ० ८७, प० २६२, पं० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ४७१)—१ सिरिखण्ड। २ से। ३ सुनि। ४ छाड़त। ५ मदन तनु। ६ अइलिहु। ७ ते कुम्मिलइलिहु। ८ केर। ९ आवओं। १० पावओ। १२ जखने। १३ गुरुजन जानल। १४-१५ तोहें सुपुरुख पहु हमे तओ भेलिहु लहु कतहु आदर नहि आवे।

सं० अ०—१ सिरिखण्ड। ३ मोञ। ७ आरति अइलिहुँ ते कुम्भिलइलिहुँ। ८ केर। ११ भेलिहुँ। १२ जखने। १४ कओने।

मि० म० (पद-सं० ४४६) न० गु० का पाठ

झा (पद-सं० २२१)—१ विरह कलापे।

शब्दार्थ—सिरिखँड=श्रीखण्ड (चन्दन)। ते=इसीसे। तेजत=छूट जायगा। आरति=आर्त्त होकर। लागी=लिए। वेरि-वेरि=वार-वार। गेह=घर। तावे=तभी। कमने परि=किस तरह। आवे=अब।

अर्थ—सुनती थी (कि तुम) श्रीखण्ड चन्दन के पेड़ हो। इसी से मैं (तुम्हारे समीप) आई (कि) विरह का ताप छूट जायगा।

आर्त्त होकर आई—इसीसे कुम्हला गई। कौन जानता है कि पहले का कौन पाप था?

हे कृष्ण! तुम्हारे मुख के दर्शन के लिए वार-वार आती हूँ, (किन्तु) उत्तर नहीं पाती हूँ। (मैं) विरह-रस की भागिनी हो गई।

तुम्हारे स्नेह का स्मरण करके जभी (मैंने) घर छोड़ा, तभी गुरुजनों ने जान लिया।

हे कृष्ण! यहाँ तो (तुम) निष्ठुर हो गये। (मैं लौटकर) कैसे जाऊँगी? अब तो वहाँ भी अनादर होगा। (अर्थ—सपादकीय अभिमत से)।

बरलीरागे—

[२२३]

गुञ्ज आनि[1] मुकुता हमे[2] गाथल[3]
बूझलि तुअ परिपाटी।
कञ्चन ताहि[4] अधिक कए कहलह
काचहु तह भेल घाटी ॥ ध्रु० ॥

दूती अइसन तोहर बेबहारे।
नगर सगर भमि जोहल नागर
भेटल निछछ गमारे ॥

बड[5] सुपुरुष बोलि सिनेह बढाओल
दिने दिने होइति बडाइ[6]।
तेली[7] बलद थान भल देखिअ
पालब नहि उजिआइ[8] ॥

सं० अ०—१ आनि। २ तोहें। ३ गाँथल। ४ चाहि। ६ बड़ाई। ८ उजिआई।

सब गुण आगर सबतहु[9] सुनिअ
ते मञे[10] लाओल नेहे ।
फल-कारणे[11] तरु(अर) अवलम्बल
छाहरि भेल सन्देहे ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८८(क), प० २४३, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ३९०)—

अति नागर बोलि सिनेह बढ़ाओल अवसर बुझलि बड़ाइ ।
तेलि बड़द थान भल देखिअ पालँव नहि उजिआइ ॥
दूती बुझल तोहर बेवहार ।
नगर सघर भमि जोहल नागर भेटल निछछ गमार ॥
गुञ्ज आनि मुकुता तोहे गाँथल कएलह मन्दि परिपाटी ।
कञ्चन चाहि अधिक कए कएलह काचहु तह भेल घाटी ॥
सब गुन आगर सब तहु सूनल तें[1] हमे लाओल नेहे ।
फल कारने तरु अवलम्बल[2] छाहेरि[3] भेल सन्देहे ॥

मि० म० (पद-सं० ३९२, न० गु० से)—१ तें । २ अवलम्बन । ३ छाहरि ।

झा (पद-सं० २२२)—५ बड़ । ६ बड़ाई । ७ तेलो । ८ उजिआई ।

शब्दार्थ—गुञ्ज = गुञ्जा, घुँघची । मुकुता = मुक्ता, मोती । भमि = घूम-फिरकर । निछछ = निछक्का । गमारे = गँवार । बलद = बैल । थान = बथान । पालव = जुआ । उजिआई = उद्यत होता है, फबता है । लाओल = लाया, किया । छाहरि = छाँह । भेल = हुआ ।

अर्थ—तुमने घुँघची लाकर मोती को गूँथ दिया । (मैंने) तुम्हारी रीति समझ ली । (तुमने) उन्हें सोने से भी बढ़कर कहा; (किन्तु वे) काँच से भी घटकर हुए ।

हे दूती ! ऐसा ही तुम्हारा व्यवहार है । समूचे नगर में घूम-फिरकर तुमने नागर को ढूँढ़ा, (किन्तु तुम्हें) निछक्का गँवार ही मिला ।

बड़ा सुपुरुष समझकर प्रेम बढ़ाया (कि) दिन-दिन बड़ाई होगी; (किन्तु) तेली का बैल बथान पर ही भला दीखता है; जुए के नीचे नहीं फबता । (अर्थात्, तेली के बैल के समान वे भी किसी काम के नहीं निकले ।)

सबसे सुनती थी (कि वे) सर्वगुणागार हैं । इसीसे मैंने प्रेम किया । फल के कारण तरुवर-का अवलम्बन किया, (किन्तु) छाया में भी संदेह हो गया । (अर्थ—सं० अ० से) ।

---

९ सबतह । १० मोञ । ११ कारने ।

बरलीरागे—

[२२३]

प्रथमहि कतन[1] जतन उपजओलह[2]
ते[3] आनलि पररामा।
बोललह[4] आन आन परिणति[5] भेलि
आबे परजन्तक ठामा ॥ ध्रु० ॥
माधव आबे बुझलि तुअ[6] रीती।
ऍ[7] बेरि बले[8] चेतन भेलिहु[9]
पुनु न करब परतीती[10] ॥
बाट हेरि वरनागरि[11] रहलि
सून सङ्केत निसि जागी[12]।
जे नहि फले निरबाहए पारिअ
सेहे[13] करिअ का[14] लागी[15] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८८, प० २४४, पं० १

पाठभेद—

म० गु० (पद-स ५१४)—१ कत। २ उपजओल हे। ३ तें। ४ बोललहु। ५ परिनति। ६ तुय। ७ ए। १२ जागि। १३ से हे। १४ काँ। १५ जागि।

मि० म० (पद-स० ३५५)—१ कत न। २ उपजओल हे। ३ तें। ५ परिनति। ७ ए। ११ रव नागरि। १२ जागि। १३ सेहे। १४ काँ। १५ लागि।

झा (पद-स० २२३)—१० पततीती।

शब्दार्थ—कतन = कितना। उपजओलह = उपजाया, किया। आन = (अन्य—स०) और। परिणति = परिणाम, फल। परजन्तक = पर्यन्त का, अन्तिम सीमा का, मरण का। ठामा = स्थान, अवस्था। ऍ बेरि = इस बार। चेतन = सचेत। परतीती = (प्रतीति—सं०) विश्वास। सङ्केत = प्रेमी और प्रेमिका के मिलन का निर्दिष्ट स्थान। निसि = रात। निरबाहए पारिअ = निबाह सकते। का लागी = किसलिए।

अर्थ—पहले (तुमने) कितना यत्न किया, इसलिए मैं पराई स्त्री को ले आई। (तुमने) कहा (कुछ) और परिणाम (कुछ) और हुआ। अब तो मरण की अवस्था आ पहुँची।

स० अ०—३ तमे। ५ भान आन परिनति। ८ भले। ९ भेलिहुं।

वि० प०—४०

हे माधव! अब तुम्हारी रीति समझ पाई। इस बार (मैं) अच्छी तरह सचेत हो गई। फिर (कभी) तुम्हारा विश्वास नही करूँगी।

वरनागरी शून्य सङ्केत-स्थान में रात भर जगकर (तुम्हारी) बाट जोहती रह गई। जिसे अन्त तक निबाह नही सकते, उसे (प्रारभ ही) किसलिए किया जाय?

बरलीरागे—

[२२४]

करतललीन दीन मुखचन्द
किसलय मिलु अभिनव अरविन्द ।
अहनिसि नयने गलए जलधार
खञ्जने गिलि उगिलल मोतिम हार ॥ ध्रु० ॥
कि करति ससिमुखि कि पुछसि आन
बिनु अपराधे विमुख भेल कान्ह ।
विरहे बिखिन तनु भेल हरास
कुसुम सुखाए रहल अछ बास ॥
झखइते संसए पळल परान
अबहु न उपसम कर पचबान ।
विद्यापति भन (कवि) कठहार
विरह पयोनिधि होएब पार ॥

ने० पृ० ८८, प० २४५, पं० ४

पाठभेद—

झा—(पद-सं० २२४)—पाठभेद नही है।

विशेष—पद-स० १०० देखिए।

बरलीरागे—

[२२५]

हरि रिपु रिपु सुअ अरि बल भूषण
तसु भोअण अछ ठामा ।
पञ्चवदन अरि वाहन रिपु तसु
तसु अरि पए ले नामा ॥ ध्रु० ॥
माधव कत परबोधबि रामा ।
सुरभि तनय पति सिरोमणि दूषण
रहत जनम धरि ठामा ॥

खचर चरण नयनानल पैसति[1]
राखबि[2] कत दिन आसे।
कि हर बान वेद गुनि[3] खाइति
जदि न आओब तोहें[4] पासे॥
रवि सुअ तनय दैए[5] परबोधलि
बाढति कओन बडाइ[6]।
अम्बर सेष लेख दए आसिष[7]
बिहि हलु झगल[8] छडाइ[9]॥
विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ८६(क), प० २८६, प० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० १४)—

हरि रिपु रिपु सुअ अरि भूपन
ता भोअन अछ ठामे।
पाँचवदन अरि वाहन ता प्रभु
ता प्रभु लेइअछ नामे॥
माधव कत परबोधलि रामा।
सुरमितनयपति भूषन सिरोमनि
रहल जनम भरि ठामा॥
कत दिन राखति आसे।
शङ्कर बान वेद गुनि खाइति
यदि न आओब तोहें पासे॥
सुरतनया सुत दए परबोधलि
बाढति कओन बड़ाइ।
अम्बर रेख लेखि कए छाड़ति
विहि हलु झगर छडाइ॥
भनइ विद्यापति सुन वर जउवति
तोहँ अछ जीवन अधारे।
राजा शिवसिंह रूपनराएन
एकादस अवतारे॥

सं० अ०—१ पइसति। २ राखति। ३ गनि। ४ तोहें। ५ दइए। ६ बडाई। ७ छाडति। ८ झगऊ। ९ छुडाई।

मि० म० (पद-सं० १९८)—

हरि रिपु रिपु सुअ अविरल भूसन
तोसु मोअन अछ ठामे ।
पञ्चवदन अरि वाहन रिपु
तनु तसु पाएल नामा ॥
माधव कत परबोधी रामा ।
सुरभित तनय पति सिरोमनि
भूसन बहत जनम धरि ठामा ॥
कत दिन राखबि आसे ।
कि हर धाम वेद गुनि खाइति
जदि न आओव तोहें पासे ॥
सुरतनया सुत दए परबोधलि
बाढ़ति कओन बड़ाइ ।
अम्बर सेख लेख दए आशीष
बिहि हलु भगर छड़ाइ ॥
भनइ विद्यापति सुन वर जउवति
तोँह अछ जीवन अधारे ।
राजा सिवसिंह रूपनराएन
एकादस अवतारे ॥

झा (पद-सं० २२५)—६ बढ़ाई । ९ छुड़ाई ।

शब्दार्थ—हरि=सूर्य । हरि रिपु=राहु । हरि रिपु रिपु=विष्णु । हरि···रिपु-सुअ=कामदेव । हरि···सुअ अरि=महादेव । हरि···वलभूषण=वासुकि । तसु भोअन=वायु । पञ्चवदन=मृत्युंजय, शिव । पञ्चवदन अरि=(मृत्यु) यम । पञ्चवदन अरि वाहन=महिष । तसु रिपु=अश्व (केशी) । तसु रिपु=कृष्ण । सुरभि=कामधेनु । सुरभि तनय=नन्दी । सुरभि तनय पति=शिव । सुरभि तनय पति सिरोमणि=चन्द्रमा । सुरभि······दूषण=कलङ्क । खचर=कामचारी, देवगण । खचर=सूर्य । नयनानल=(नयन=दो । अनल=तीन ।) पाँच, अर्थात् पाँचवीं राशि—सिंह । हर=ग्यारह । बान=पाँच । वेद=चार । रवि=सूर्य । रवि सुअ=रवि सुत=कर्ण । रवि···तनय=वृषसेन (नामैकदेशे नामग्रहणम्—न्याय से) सेन=संकेत । अम्बर=शून्य । सेष लेख=अन्तिम लेख ।

अर्थ—वायु (अपने) स्थान पर है । (अर्थात्, अभी तक विरहिणी की साँस चल रही है ।)

(विरहिणी) कृष्ण का नाम ले रही है ।

हे माधव । रामा (रमणोत्सुका) को कितना प्रबोधूँगी ? (तुम्हें) जन्म-भर के लिए कलङ्क रह जायगा ।

सूर्य का चरण सिंह राशि में प्रवेश करेगा । (अर्थात्, 'सिंहे रविः' होने जा रहा है । वर्षा ऋतु बीतने पर है । अब वह) कितने दिनों तक आशा रखेगी ?

यदि तुम (उसके) समीप नहीं आओगे (तो वह) विष खा लेगी।

(उसे) संकेत देकर ढाढ़स बँधाया है। (अब भी नहीं जाने से तुम्हें) कौन बड़ाई होगी?

(वह) शून्य का अन्तिम लेख देकर छोड़ेगी (अर्थात्, मर जायगी)। विधाता झगड़ा छुड़ा देगा।

बरलीरागे—

[२२६]

गगन तील[1] हे तिलक अरि जुवनी[2]
तसु सम नागरि[3] वानी[4]।
सिन्धु बन्धु अरि वाहन गन सरि[5]
हरि हरि सुमर गोआली[6] ॥ ध्रु० ॥
माधव निरमति भुज[7] गिम[8] खाइ[9]।
अब्ज बन्धु तनया सहोदर
तसु पुर देति वसाइ[10] ॥
अचेतनि जुविनी बन्धु नहि[11] देहरि[12]
(हरि)तह[13] धरणि[14] लोटाइ।
हरि आरूढि[15] सेहओ नहि[16] परसए
दाहिन हरि न[17] सोहाइ[18] ॥

सं० अ०—गगन तिलक हे तिलक अरि जुवती
तसु सम नागरि वानी।
सिन्धु बन्धु अरि वाहन गन सरि
हरि हरि सुमर गोआली ॥ ध्रु० ॥
माधव! निरमति भुजगिम खाई।
अब्ज - बन्धु - तनया तसु सोदर
तसु पुर देति बसाई ॥
अचेतनि जुवति बन्धु नहि देहरि
(हरि)तह धरनि लोटाई।
हरि आरुढि सेहओ नहि परसए
दाहिन हरि न सोहाई ॥

हरि निधि अवनत आओर[19] कहति कत
चारि दुआर[20] रच राही[21]।
तीनि[22] दोस अपने तोहे कएलहु
चारिम भेल उपाइ[23] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ८६, प० २४७, प० १

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ५७६)—२ जुरणी। ३ नागरी। ४ वाणी। ५ सवि। ६ गोआर्ना। ७-८-९ सुनगि मथाइ। ११ मुखेतनु जुविणी नहि। १२-१३ देह वितह। १४ धरनि। १५ आरुढि। १६ सहेओल। १७ हरिन। १९ आतुर। २० दुवार। २१ वाही। २२ तीनि।

झा (पद-सं० २२६)—१ तीन। ५ सवि। ७-८-९ सुनगि मखाई। १० दसाई। ११ अथे तनं नविनी वन्धु नहि। १४ धरणि लोटाई। १८ सोहाई। २३ उपाई।

शब्दार्थ—गगन = आकाश। गगन तिलक = चन्द्रमा। गगन तिलक तिलक = महादेव। गगन तिलक तिलक अरि = कामदेव। गगन···अरि जुवती = रति। सिन्धु = समुद्र। सिन्धु वन्धु = मैनाक। सिन्धु वन्धु अरि = इन्द्र। सिन्धु···वाहन = मेघ। सरि = (सृ गतौ) घूम रहा है। निरमति = चेतनाहीन। भुज = दो। गिम = ग्रीव = दशग्रीव (नामैकदेशे नामग्रहणम्—न्याय से) दस। भुज गिम = दो दस, अर्थात् बीस = विष। अब्ज = कमल। अब्ज वन्धु = सूर्य। अब्ज वन्धु तनया = यमुना। अब्ज वन्धु तनया सहोदर = यम। तसु पुर = यमपुर। धरणि = धरती। हरि = साँप। हरि = पवन। हरि = चन्द्रमा। निधि = समुद्र।

अर्थ—रति के समान (विरहिणी) नागरी की वाणी है। (अर्थात्, नागरी रति के समान विलाप कर रही है।)

(आकाश में) मेघों का समूह घूम रहा है, (जिसे देखकर) ग्वालिन 'हरि-हरि' (कहकर) स्मरण करती है।

हे माधव! (वह) बुद्धिहीना विष खाकर यमपुर बसा देगी (अर्थात्, मर जायगी)।

वन्धु-हीन और चेतना-रहित युवती देहरी पर साँप की तरह लोट रही है।

हरि निधि अवनत—आओर कहथि कत
चारि दोष[1] रच राही।
तीनि दोष अपने तोहें कएलह
चारिम भेल उपाई ॥

१ यत्र तु रतिः प्रकृष्टा नाभीष्टमुपैति विप्रलम्भोऽसौ।
स च पूर्वरागमानप्रवासकरुणात्मकश्चतुर्धा स्यात् ॥
—साहित्यदर्पण, परि० ३, श्लो० १८७।

चन्द्रमा (आकाश में) आरूढ है, (किन्तु वह) उसका भी स्पर्श नहीं करती। (अर्थात्, चाँदनी भी उसे नहीं सुहाती)। दक्षिण पवन भी उसे नहीं सुहाता।

चन्द्रमा समुद्र में अवनत हो रहा है (अर्थात्, रात बीत चली)। अब और कितना कहूँ। राधा ने चारों दोषों की रचना की है।

उनमें तीन दोष तो तुमने स्वयं किये हैं। चौथे का उपाय उसने किया है। (अर्थात्—विप्रलम्भ के चार दोष होते हैं—पूर्वराग, मान, प्रवास और करुणा। इनमें आरंभ के तीन तो तुमने स्वयं किये। चौथी—करुणा—का उपाय राधा कर रही है।) (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

बरलीरागे—

[२२७]

दखिन पवन वह मदन धनुषि[1] गह
तेजल सखीजन मेली[2]।
हरि रिपु रिपु तसु[3] तासु[4] तनय रिपु
कए रहु ताहेरि[5] सेरी ॥ ध्रु० ॥
माधव तुअ बिनु धनि वडि[6] खीनी।
वचन न[7] घर[8] मन वहुत खेद कर
अदबुद ताहेरि कहिनी ॥
मलयानिल हार तसु पीबए
मनमथ ताहि डराइ[9]।
आओर भइए[10] जत भवहि[11] निवारब
तुअ बिनु विरह न जाइ[12] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ९०(क), प० २४८, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६)—२ मेरी। ३-४ तासु। ५ ताहरि। ६ वडि। ७ पाठाभाव। ८ घरव। १० आतुर मए। ११ डरहि।

मि० म० (पद-स० ५७३)—१ धनुसि। ३-४ तसु। ६ वडि। ७ पाठाभाव। ८ मए। ११ डरहि।

झा (पद-स० २२७)—२ मेळी। ३-४ सुत-सुत। ६ बाहु खिनी। ९ डराई। १० आतुर भइए। ११ मरहि। १२ आई।

स० अ०—३-४ हरि रिपु तसु रिपु तासु तनअ रिपु। ७-८ वचन न मन धर बहुत खेद कर। ९ डराई। १० भए। । १२ जाई।

शब्दार्थ—मदन=कामदेव। मेली=मिलन। हरि=सूर्य। हरि रिपु=राहु। तसु रिपु=उसका रिपु=विष्णु। तासु तनय=उसका तनय=कामदेव—रिपु=शिव। ताहेरि=उसका। सेरी=आश्रय। खीनी=खिन्न। भइए=भय। मवहि=शिव।

अर्थ—दक्षिण पवन वह रहा है। कामदेव धनुष धारण किये हुए है। (उसने) सखीजनों से मिलना भी छोड़ दिया है।

(उसने कामदेव के डर से) शिवजी का आश्रय कर रखा है।

हे माधव! तुम्हारे बिना धन्या बहुत खिन्न है। वह (किसी का) वचन मन में नहीं गुनती—बहुत खेद करती है। उसकी कहानी बड़ी अद्भुत है।

(नायिका ने शिव का आश्रय ले रखा है, क्योंकि) उनका हार (सर्प) मलयानिल को पी लेता है (अतः, मलयानिल उसे विरहावस्था में कष्ट नहीं दे पाता, और) कामदेव उनसे डरता है (अतः, कामदेव भी नायिका को नहीं सता सकता)।

शिवजी और जितने भय का निवारण करें, (किन्तु) तुम्हारे बिना विरह नहीं छूट सकता। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

वरलीरागे—

[२२८]

त्रिवलि तरङ्गिणि[1] पुर दुग्गम जनि
मनमथे[2] पत्र पठाउ।
जौवन[3] दलपति समय[4] तोहर[5] (मति)
रतिपति दूत पठाऊ[6] ॥ ध्रु० ॥
माधव आवे साजिअ[7] दहु बाला।
तसु सैसवे तोहे[8] जे सन्तापलि
से सरिआउति वाला ॥
कुण्डल चक्र तिलक[10] अङ्कुस[11] कए
चन्दन कवच अभिरामा।
नयन[12] कटाख वान गुन[13] धनु[14] दए[15]
साजि रहलि अछ[16] रामा ॥
सुन्दरि[17] साजि खेत चलि आइलि
विद्यापति कवि भाने ॥

ने० पृ० ६०(क), प० २४६, पं० ४

सं० अ०—१ तरङ्गिनि। २ मनमर्थे। ३ जउवन। ४ समर। ५ तोहर मति। ६ ऋतुपति दूत पठाउ। ८ तोहेँ। १२ नजन।

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० २३३)—१ तरङ्गिनि। ४ समर। ६ बढ़ाउ। ७ साजिय। ६ सबि अउति। १०-११ अकुस तिलक। १४ पाठाभाव। अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

राजा शिवसिंह रूपनरायन
लखिमा देवि रमाने।

मि० म० (पद-सं० ४७८)—१ तरङ्गिनी। ४ समर। ६ ऋतुपति दूत पठाउ। ७ साजिए। ८ तोहें। ६ सब आउति गुण। ११ पाठाभाव।

झा (पद-सं० २२८)—२ समए। १६ अङ्ग। १७ सुन्दर।

शब्दार्थ—तरङ्गिणि=नदी। दुग्गम=दुर्गम। जनि=जैसे। मनमथे=कामदेव। दलपति=सेनापति। रितुपति=वसन्त। साजिअ रहु=सज आई है। सरिआउति=ठीक कर देगी। चक्र=चक्र। गुन=(गुण—सं०) डोरी। खेत=(क्षेत्र—सं०) रणक्षेत्र।

अर्थ—त्रिवली जैसे नगर की दुर्गम नदी (खाई) हो। (इसीलिए) कामदेव ने पत्र भेजा है। यौवन (ही) सेनापति है। (यदि) तुम्हारा मन लड़ने को हो, (तो कामदेव ने) वसन्त को दूत (बनाकर) भेजा है।

हे माधव! बाला ने (अपने को) सजा लिया है। तुमने बचपन में (उसे) जितना सन्ताप दिया—बाला उन सबको ठीक कर लेगी। (अर्थात्, सबका बदला ले लेगी।)

(उसने) कुण्डल से चक्र, तिलक से अङ्कुश (और) चन्दन से सुन्दर कवच बनाया है और धनुष के ऊपर डोरी देकर कटाक्ष-रूपी बाण सजा रही है।

कवि विद्यापति कहते हैं कि सुन्दरी सजकर खेत चढ़ आई। लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह रूपनारायण (इसे जानते हैं।)

बरलीरागे—

[२२६]

सहजहि तनु खिनि माझ बेबि सनि
सिरिसि कुसुम सम काया।
तोहे मधुरिपु पति कैसे कए[1] धरति रति
अपुरुब[2] मनमथ माया॥ ध्रु०॥

सं० अ०—सहजहि तनु खिनि माँझ बेबि सनि
सिरिसि कुसुम-सम काया।
तोहें मधुरिपु! पति कइसे कए धरति रति
अपुरुब मनमथ - माया॥ ध्रु०॥

माधव परिहर दृढ[३] परिरम्भा ।
भागि[४] जाएत मन ...... जीव सन[५]
मदन विटपि आरम्भा ॥
सैसव अछल से डरे पलाएल
जौवन नूतन वासी ।
कामिनि कोमल पॉहोन[६] पचसर[७]
भए जनु जाह उदासी ॥
तोहर चतुरपन जखने धरति मन
रस बूझति अबसेखी[८] ।
एखने अलप बुधि न बुझ अधिक सुधि
केलि करब जिव राखी[९] ॥
तोहे जे नागरमनि[१०] ओ[११] धनि जिव[१२] सनि
कोमल काच[१३] सरीरा ।
तेपरि करब केलि जे पुनु होअ मेलि
मूल राख बनिजारा ॥

माधव ! परिहर दृढ परिरम्भा ।
भाँगि जाएत मन (धरिअ) जीव सन
मदन विटपि आरम्भा ॥
सैसव अछल से डरेँ पळाएल
जउवन नूतन वासी ।
कामिनि कोमल पाँहुन पॅचसर
भए जनु जाह उदासी ॥
तोहर चतुरपन जखने धरति मन
रस बूझति अवसेखी ।
एखने अलप बुधि न बुझ अधिक सुधि
केलि करब जिव राखी ॥
तोहेँ जे नागरमनि ओ धनि जीव सनि
कोमल काँच सरीरा ।
ते परि करब केलि जे पुनु होअए मेलि
मूल राख बनिजारा ॥

हमरि अइसनि मति मन दए सुन दुति
दुर कर सवे अनुतापे ।
जओ[14] अति कोमल तँअओ न ढरि पल
कवहु भमरभरे कापे[15] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६०, प० २५०, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० १४५)—२ अपरव । ३ दढ । ४ माँगि । ५ सखे । ६ पाहुन । ८ अवसेखि । ९ राखि । १०-११ नागर मानओ । १३ काँच ।

मि० म० (पद-सं० २६०)—३ दढ । ४ माँगि । ५ सखे । ६ पाहुन । ७ पँचसर । ८ अवसेखि । ९ राखि । १०-११ नागर मानओ । १३ काँच । १४ जँ । १५ काँपे ।

झा (पद-सं० २२६)—१ पाठाभाव । १२ जीव ।

विशेष—'नेपाल-पदावली' में गीत के अन्त में 'भनइ विद्यापतीत्यादि' लिखा है; किन्तु दूती को उपदेश देनेवाला तीसरा कोई गीत में उल्लिखित नहीं है । अत, कवि के लिए ही यह उचित प्रतीत होता है । इसलिए 'नेपाल पदावली' का 'भनइ विद्यापतीत्यादि' अनुपयुक्त प्रतीत होता है ।

शब्दार्थ—तनु = शरीर । खिनि = क्षीण । माँझ = मध्य । वेवि = (द्वयेव—सं०) दो-टूक । सनि = समान । मनमथ = कामदेव । परिहर = त्याग दो । परिरम्भा = आलिङ्गन । विटपि = वृक्ष । पाँहोन = मेहमान । पचसर = कामदेव । अवसेखी = अन्त तक, सम्पूर्ण । सुधि = सूधी । जिव = प्राण । तेपरि = इस तरह । वनिजारा = सौदागर । अनुतापे = पश्चात्ताप । कापे = (कपीतन—स०) शिरीष ।

अर्थ—(इसका) शरीर स्वभाव से ही खिन्न है । मध्य भाग दो-टूक के समान है । (जान पड़ता है, जैसे) शिरीष-पुष्प के समान (इसकी) काया है ।

हे मधुसूदन ! तुम (इसके) पति हो (अर्थात्, मधु के समान बलवान् को भी नाश करनेवाले तुम इसके पति हो ।) (वह) कैसे रति करेगी ? कामदेव की माया अपूर्व है ।

हे माधव ! दृढ आलिङ्गन का त्याग करो । (इसका) मन टूट जायगा । (इसे) प्राण के समान (जुगाकर) रखो । (अभी तो) कामदेव-रूपी वृक्ष का प्रारंभ ही हुआ है ।

शैशव था, (किन्तु) वह तो डरकर भाग गया । यौवन तो अभी-अभी आ बसा है । कामिनी (स्वय) कोमल है । कामदेव तो मेहमान ही है । (अर्थात्, इनमे एक भी तुम्हारा स्वागत करनेवाला नहीं । फिर भी, तुम उदास मत हो ।)

भनइ विद्यापति मन दए सुन दुति ।
दुर कर सबे अनुतापे ।
जइओ अति कोमल तइओ न ढरि पल
कबहुँ भमर-भरे काँपे ॥

तुम्हारा चतुरपन जब (यह) मन में गुनेगी, (तभी) सम्पूर्ण रस समझेगी। अभी तो (इसकी) बुद्धि थोड़ी है—बड़ी सूधी है। समझती नहीं है। (इसलिए इसके) प्राण को रखते हुए केलि करना।

तुम नागरमणि हो—वह (तुम्हारे) प्राण के समान है। (उसका) शरीर कोमल है—कच्चा है। (इसलिए) इस तरह केलि करना (कि) फिर मिलन हो। सौदागर (भी) मूल (धन) की रक्षा करता है। (अर्थात्, मूल की रक्षा करके ही व्यापार करता है।)

विद्यापति कहते हैं—अरी दूती! मन देकर सुनो। सभी अनुताप दूर करो। (कारण,) यद्यपि शिरीष-पुष्प अत्यन्त कोमल होता है, तथापि भ्रमर के भार से कभी टूटता नहीं। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

बरलीरागे—

[२३०]

हरि बिसरल बाहर गेह
वसु(त)ह[1] मिलल सुन्दर देह।
साने कोने आबे वुझए बोल
मदने पाओल अपन[2] तोल ॥ ध्रु० ॥
कि सखि कहब कहैते[3] घाष[4]
खखन्दे ज[5] ओरा[6] कतए राख।
अपथ पथ परिचय[7] भेल
जनम आँतर बेडा[8] देल ॥
गमने कैतवे[9] करसि ओज
परेओ परक करए षोज[10]।
ओछेओ जाति जोलहा जेओ
ओल[11] धरि नहि बुनए[12] सेओ ॥
देषल[13] सुनल कहब[14] तोहि
पुनु कि बोलि पठाउति मोहि।
सङ्गहि गमन सरस भान
इ[15] रस रूपनराएण[16] जान ॥

ने० पृ० ६२(क), प० २५२. प० ४

स० अ०—३ कहइते। ४ धाख। ५-६ खखन्दें ओरा। ७ परिचअ। ९ कइतवें। १० खोज। ११ ओळ। १३ देखल। १४ कहल। १५ ई। १६ रूपनराञेन।

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० १२०)—१ बसुह । २ आपन । ३ कहेते । ४ घाख । ५-६ जओरा । ८ वेड़ा । १० खोज । ११ ओले । १२ बुलए । १६ रूपनरायन ।

झा (पद-सं० २३०)—१ बसुह । ५-६ जओरा ।

शब्दार्थ—बिसरल = भूल गये । गेह = घर । बसु = पृथ्वी । गाने कोने = (गाने = सन्धि—सं०) कोने-कोने में । तोल = तौल । घाप = संकोच । खखन्दे = निहोरा करने से । ओरा = अन्त । अपथ पथ = बुरे रास्ते में । जनम आँतर = जन्मान्तर—सं० । कैतवे = छल से, बहाने से । ओज = कृपणता । जेओ = जो । सेओ = सो ।

अर्थ—कृष्ण घर (और) बाहर—(दोनों) भूल गये । (अर्थात्, न उन्हें घर का ज्ञान है और न बाहर का ।) (उनका) सुन्दर शरीर मिट्टी से जा मिला ।

अब कोने-कोने में (तुम्हारा) बोल समझते हैं । (अर्थात्, कोई कहीं कुछ बोलता है, तो वे तुम्हारा बोल ही समझते हैं ।) कामदेव ने अपनी तौल पा ली ।

हे सखी ! क्या कहूँ ? कहते सङ्कोच हो रहा है । (अरे,) निहोरा करने से कहीं अन्त निभता है ?

(उनके साथ तुम्हारा) बुरे रास्ते में परिचय हुआ । इसीलिए, तुमने उनका वेड़ा जन्मान्तर (मौत के समीप) पहुँचा दिया ।

बहाना बनाकर जाने में (तुम) कंजूसी करती हो । (अरी !) पराया भी पराये की खोज करता है ।

जुलाहा—जो कि ओछी जात है—वह भी अन्त तक नहीं बुनता । (अर्थात्, जुलाहा भी कपड़े का छोर बिना बुने छोड़ देता है, किन्तु तुम अन्त तक बुनती जा रही है ।)

(मैंने जो कुछ) देखा-सुना—तुमसे कहा । फिर क्या (वे) मुझे संवाद लेकर भेजेंगे ? (अर्थात्, बिना तुम्हारे गये उनके प्राण ही नहीं रहेंगे, तो मुझे पुनः संवाद लेकर नहीं आना पड़ेगा ।)

सरस (कवि विद्यापति) कहते हैं (कि दूती और नायिका का) साथ जाना (उचित है ।) इस रस को रूपनारायण समझते हैं । (अर्थ—संपादकीय अभिमत से ।)

बरलीरागे—

[२३१]

कुलकामिनि भए कुलटा भेलिहु[1]
किछु नहि गुनले आगु ।
सबे परिहरि तुअ अधीनि[2] भेलिहु[3]
आबे तुअ[4] आइति[5] लागु ॥ ध्रु० ॥

सं० अ०—१ भेलिहुँ । ३ भेलिहुँ ।

माधव जनु होअ पेम पुराने।
नव अनुराग ओल[6] धरि राखब
जे न विघट मोर माने ॥
सुमुखि वचन सुनि माधवे मने[7] गुनि
अङ्गिरल कए अपराधे।
सुपुरुष[8] सञो[9] नेह विद्यापति[10] कह
ओल[11] धरि हो निरवाहे ॥

ने० पृ० ६१, प० २५२, पं० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ५२६)—२ अधीन। ४-५ आइति। १० कवि विद्यापति।

मि० म० (पद-सं० ४७०)—२ आधीनि। ४-५ आइति। ८ सुपुरुस। ९ सयँ।

झा (पद-सं० २३१)—२ आधीनि।

शब्दार्थ—कुलटा = व्यभिचारिणी। भेलिहु = हुई। गुनले = सोचा। परिहरि = तजकर। आइति = (आयत्ति—सं०) अवलम्ब। ओल = अन्त।

अर्थ—(मैं) कुलवधू होकर भी कुलटा हो गई। कुछ भी आगे नहीं सोचा। सब कुछ त्यागकर तुम्हारे अधीन हो गई। अब तुम्हारा ही अवलम्ब है।

हे माधव! (यह) प्रेम (कभी) पुराना मत हो। अन्त तक नया अनुराग रखिएगा, जिससे कि मेरा मान नष्ट नहीं हो।

सुमुखी का वचन सुन, माधव ने हृदय में विचारकर, अपराध करने पर भी (उसे) अंगीकार कर लिया।

विद्यापति कहते हैं—सुपुरुष के साथ (किये) स्नेह का अन्त तक निर्वाह होता है।

बरलीरागे—

[२३२]

की कान्हु[1] निरेपह[2] भौह[3] विभङ्ग
धनु मोहि सोपि गेल अपन अनङ्ग।
कञ्चने कामे गढल[4] कुचकुम्भ
भगइते मलव[5] देइते परिरम्भ ॥ ध्रु० ॥

---

६ ओळ। ७ मन। ११ ओळ।

सं० अ०—१ कान्ह। २ निरेखह। ३ भौँह। ५ भँगइते मलव।

चतुर सखीजन लावथि[६] नेह[७]
आसे[८] पसाहि[९] बाङ्क[१०] शसिरेह[११] ।
राहु तरास चान्द सओ आनि[१२]
अधर सुधा मनमथे धरु जानि ॥
जिव जओ राखओ[१३] रहओ अगोरि[१४]
पिबि जनु हलह लागति मोरि चोरि ।
कैतव[१५] करथि कलामति नारि
गुनगाहक[१६] पहु बुझथि विचारि ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ९२ (क), प० २५३, प० १

पाठभेद—

मि० म० (पद-सं० ३४०) –१ कान्ह । २ निरेखह । ३ भौंह । ४ गढ़ल । ५ मनव । ६ सारथि । ७ वेह । ८-९ आसेप मोहि । १० बाल्क । ११ ससिरेह । १३ राखओ । १४ मुगोधि । १६ गुणगाहक ।

झा (पद-सं० २३२)—पाठभेद नहीं है ।

शब्दार्थ—निरेपह = देखते हो । विभङ्ग = वक्रता । अनङ्ग = कामदेव । कञ्चने = सोने से । कुचकुम्भ = कुच - कलश । भगइते = टूटकर । मलव = चूर-चूर हो जायगा । परिरम्भ = आलिङ्गन । नेह = स्नेह । पसाहि = प्रसाधन करके । वाङ्क = वक्र । शसिरेह = चन्द्रमा की रेखा । सुधा = अमृत । मनमथे = कामदेव । जिव = प्राण । कैतव = व्याज, बहाना ।

अर्थ—हे कृष्ण ! भौंह की वक्रता क्या देखते हो ? कामदेव मुझे अपना धनुष सौंप गया है ।

कामदेव ने कञ्चन से (मेरे) कुचकुम्भ बनाये हैं । आलिङ्गन देते ही (ये) टूटकर चूर चूर हो जायँगे ।

(किसी की आँख न लग जाय—इस) आशा से चतुर सखियाँ वक्र चन्द्रमा की रेखा का प्रसाधन करके प्रेम दरसाती हैं ।

कामदेव ने राहु के भय से (मेरे) अधर में जान-बूझकर चन्द्रमा से अमृत ला रखा है । (अर्थात् , अबला के अधर में अमृत देखकर भी राहु दूर ही रहेगा । परस्त्री-संसर्गजन्य पाप के भय से समीप नहीं आयेगा ।)

(उस अमृत को) प्राण की नाईं रखती हूँ—अगोरकर रहती हूँ । (उसे) मत पी लो । मुझे चोरी लग जायगी ।

कलावती (चौंसठ कलाओं में प्रवीणा) नारी बहाना कर रही है । गुणग्राहक स्वामी विचारकर (सब) समझते हैं ।

---

८ आसेँ । ११ ससिरेह । १२ आनि । १५ कइतव ।

बरलीरागे—

[२३३]

प्रथमहि गिरि सम गौरव[1] भेल
हृदयहु[2] हार आन्तर[3] नहि देल।
सुपुरुष[4] वचन कएल अवधान
भल मन्द दुअओ बुझब[5] अवसान॥ ध्रु० ॥
चल चल माधव भलि तुअ रीति
पिसुन वचने परिहरलि पिरीति।
परक वचने[6] पहु[7] आपल कान
तहि खने जानल समय[8] समान॥
आबे अपदहु[9] हरि तेज अनुरोध
काहु का[10] जनि हो बिहिक विरोध।
न[11] भेले रङ्ग रभस दुर गेल
इथि हम[12] खेद एकओ नहि भेल।
एके पए खेद जे मन्दा समाज
भलेहु तेजल आबे आषिक[13] लाज॥
भनइ विद्यापति हरि मने लाज
काहु का[14] जनु हो मन्दा समाज॥

ने० पृ० ९२(क), प० २५४, प० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ३४६)—३ आँतर। ६-७ वचने। १३ आँखिक।

मि० म० (पद-सं० ३७८)—३ आँतर। ४ सुपुरूस। ५ बुझ। ६-७ वचने। १३ आँखिक।

झा (पद-सं० २३३)—१० काहुक।

शब्दार्थ—गिरि = पर्वत। आन्तर = (अन्तर—स०) स्थान। अवधान = ध्यान। अवसान = अन्त। पिसुन = चुगलखोर। परिहरलि = त्याग दी। आपल = अर्पित किया, दिया। समान = सामान्य। अपदहु = बुरी जगह में। बिहिक = विधाता का। रङ्ग = क्रीडा। रभस = प्रेमोत्साह। इथि = इसके लिए। एकओ = तनिक भी। समाज = मिलन।

स० अ०—१ गउरव। २ हृदअहु। ८ समअ। ९ अपदहुँ। १० काहुकाँ। ११ नहि। १२ हमे। १३ आखिक। १४ काहुकाँ जनु।

अर्थ—(तुम्हें पाकर) पहले पर्वत के समान (ऊँचा) गौरव हुआ। (विश्लेष के भय से) हृदय मे हार को भी स्थान नहीं दिया।

सुपुरुष के वचन का ध्यान किया। (अर्थात्, सुपुरुष का वचन कभी विचलित नही होगा, इसलिए उसे स्वीकार किया। किन्तु) भला-बुरा—दोनों अन्त में समझे जाते हैं।

हे माधव! जाओ, जाओ। तुम्हारी रीति बड़ी अच्छी है। चुगलखोरों के कहने से (तुमने) प्रीति त्याग दी।

स्वामी ने (जभी) दूसरों की बात पर कान दिया, तभी समझा कि समय सामान्य हो गया।

अब तो कृष्ण बिना अवसर के भी (मेरे) अनुरोध को त्याग देते हैं। (हाय!) किसी को भी विधाता का विरोध नहीं हो।

क्रीड़ा नहीं हुई; (किन्तु) प्रेमोत्साह दूर चला गया। इसके लिए हमे तनिक भी खेद नहीं हुआ।

एक ही खेद है कि नीच के साथ सम्मिलन हुआ। चूँकि, भला होकर भी (उन्होंने) आँख की लाज तज दी।

विद्यापति कहते हैं कि किसी को भी नीच की सगति नहीं हो। (इसलिए) कृष्ण के मन मे लज्जा हो आई।

ललितरागे—

[२३५]*

रयनि[१] समापलि फुलल[२] सरोज
भमि भमि भमरी भमरा षोंज[३]।
दीप मन्दरुचि अम्बर रात
जुगुतिहि[४] जानल भए गेल परात॥ ध्रु०॥
अबहु[५] तेजह पहु मोहि न सोहाए
पुनु दरसन होत[६] मोहि[७] मदन दोहाए।
नागर राख नारि मन[८] रङ्ग
हठ कएले पहु हो रस-भङ्ग॥

सं० अ०—१ रजनि। ३ खोज। ४ जुगुतिहिँ। ५ अबहुँ। ७ पाठाभाव।

* पृष्ठ ३१३ से ३२८ तक भ्रमवश पद-संख्या में व्यत्यय हो गया है। कृपया सुधारकर २२३, २२४, २२५, २२६, २२७, २२८, २२९, २३०, २३१, २३२, २३३, के स्थान पर क्रमश २२४, २२५, २२६, २२७, २२८, २२९, २३०, २३१, २३२, २३३ और २३४ पढ़े।—सं०

तत करिअए[९] जत फाबए चोरि
पर सन रस लए न रहिअ अगोरि[१०] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ९२, प० २५५, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० २६१)—२ फूलल । ३ खोज । ८ मान ।

मि० म० (पद-सं० ४८२)—२ खोज । ६ होठ । ८ मान । ९ करिअ । १० आगोरि ।

झा (पद-सं० २३४)—४ जुगुतहि ।

शब्दार्थ—रयनि = (रजनी—सं०) रात । सरोज = कमल । भमि-भमि = घूम-घूमकर । अम्बर = आकाश । रात = (रक्त—स०) लाल । जुगुतिहि = (युक्ति—स०) तर्क से । भए गेल = हो गया । मदन = कामदेव । दोहाए = शपथ । रङ्ग = अनुराग ।

अर्थ—रात बीत गई । कमल फूल गये । भ्रमरी घूम-घूमकर भ्रमर को ढूँढ रही है ।

दीपक की लौ मन्द पड़ गई । आकाश लाल हो गया । (इसी) तर्क से समझा कि प्रभात हो गया ।

हे नाथ ! अब भी त्याग करो । (तुम्हारा यह रग-रभस अब) मुझे नहीं सुहाता । कामदेव की शपथ है, फिर दर्शन होगे ।

नागर स्त्री के मन के अनुराग की रक्षा करता है । हे नाथ । हठ करने से रस-भङ्ग हो जाता है ।

चोरी उतनी ही करनी चाहिए, जितनी फबे । दूसरे से रस-लेकर (उसे) अगोरकर नहीं रहना चाहिए ।

ललितरागे—

[२३६]

अधर मगइते[१] अओध[२] कर माथ
सहए न पार पयोधर[३] हाथ ।
बिघटलि[४] नीवी करे[५] धर जान्ति[६]
अङ्कुरल[७] मदन धरए कत भान्ति[८] ॥ ध्रु० ॥
कोमल कामिनि नागर नाह
कओने[९] परि होएत केलि निरबाह ।
कुच कोरक तबे कर (ग)हि लेल
काच[१०] बदर[११] अरुणरुचि[१२] भेल ॥

सं० अ०—१ मँगइते । ३ पओधर । ४ करें । १० काँचा ।

लाबए चाहिअ नखर विशेष[13]
भौंह[14] न[15] आटए[16] चान्दक रेख।
तुअ[17] मुख सो[18] लोभे[19] रहु हेरि
चान्द झपाब-[20] वसन कति[21] बेरि॥
भनइ विद्यापतीत्यादि॥

ने० पृ० ६३(क), प० २५६, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० १५५)—४ विघटल। ६ जाँति। ७ अकुरल। ८ माँति। १० काँच। १३ विशेख। १४ मौह। १६ आबए। १८ सों। २१ कल।

मि० म० (पद-स० २७८)—१ मँगइते। २ अओँध। ६ कओने। ११ बदरि। १२ अरुनिम रुचि। १३ विसेख। १४-१५ भौँहनि। १७ तसु। १८ सोँ। २१ कत।

झा (पद-सं० २३५)—१४ मौह। २१ कत।

शब्दार्थ—अओध=(अधः—स०) नीचे। पयोधर=स्तन। विघटलि=खुली। जान्ति=दबाकर। भान्ति=प्रकार, स्वरूप। कओने परि=किस तरह। कुच=स्तन। कोरक=कली। बदर=बैर। अरुणरुचि=रक्ताभ, लाल रंग का। नखर=नखक्षत। आँटए=बराबरी करती है। सो=वह। वसन=कपड़ा।

अर्थ—(चूमने के लिए) अधर माँगते ही (बाला नायिका) माथा नीचे कर लेती है। स्तन के ऊपर (प्रिय का) हाथ सहन नहीं कर सकती।

खुली नीवी को हाथ से दबाकर पकड़ रखती है। अङ्कुरित कामदेव कितना रूप धारण करता है।

कामिनी सुकुमारी है (और) स्वामी नागर (रसज्ञ) हैं। किस तरह केलि का निर्वाह होगा?

(स्वामी ने) तव कुच-रूपी कली को हाथ से पकड़ लिया। (परिणाम हुआ कि) कच्चा बेर रक्ताभ हो गया।

(स्वामी जब स्तन पर) विशेष नखक्षत करना चाहते हैं (तब) चन्द्रमा की रेखा भी भौंह की बराबरी नहीं कर सकती। (अर्थात्, नखक्षत का उपक्रम करते ही नायिका की भौंहें इस प्रकार वक्र हो जाती हैं कि चन्द्रमा की रेखा भी उनकी बराबरी नहीं कर सकती।)

(सखी नायिका से कहती है)—वे लोभ से तुम्हारे मुँह को देख रहे हैं। कबतक चन्द्रमा को कपड़े से ढाँक रखोगी?

---

१३ विसेख। १६ आँटए। १९ लोभेँ। २० झँपाव वसने।

ललितरागे—

[२३७]

माधव मास तीथि भउ[1] माधव
अवधि कइए पिआ[2] गेला।
कुचयुग[3] संभु[4] परसि करे[5] बोललन्हि
ते[6] परतीति[7] मोहि भेला ॥ ध्रु० ॥
सखि हे कतहु न देषिअ[8] मधाइ[9]।
काँप सरीर[10] थीर[11] नहि मानस
अवधि निअर[12] भेल आइ[13] ॥
चान्दन[14] अगर[15] मृगमद[16] कुङ्कुम[17]
के बोल[18] सीतल[19] चन्दा।
पिआ[20] बिसलेखे अनल जओ बरिसए[21]
बिपति चिन्हिअ[22] भल मन्दा ॥
भनइ विद्यापति अरेरे कलामति
अवधि समापल आजी[23]।
लखि(मा)[24] देवि पति पुरिह[25] मनोरथ
आबिह सिवसिंह[26] राजा ॥

ने० पृ० ९३, प० २५७, प० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ७२९)—१ भऊ। २ पिया। ६ तें। ७ परतिति। ८ देखिअ। १० शरीर। १४-१७ मृगमद चानन परिमल कुङ्कुम। २० पिया। २२ चिन्हिय। अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

भनइ विद्यापति सुन वर जौवति
चित्ते जनु झाँखह आजे।
पिय बिसलेख कलेस मेटाएत
बालम बिलस समाजे ॥

मि० म० (पद-सं० १६४)—२ पिया। ४ शम्भु। ११ थिर। १२ निष। १३ आगी। १५ अगरु। १८ बोला। १९ शीतल। २० पिया। २१ बरिसये। २३ आजि। २४ लखि। २५ पूरिह। २६ सिवसिंह।

झा (पद-सं० २३६)—७ परतिति। ९ मधाई। १३ आई। २४ लाख। २६ सिवसिंह।

शब्दार्थ—माधव = वैशाख। भउ = हो गया। माधव = एकादशी। परतीति = (प्रतीति—सं०) विश्वास। मधाइ = माधव, कृष्ण। बिसलेखे = वियोग में।

सं० अ०—३ जुग। ५ करें। ६ तमे। ८ देखिअ। ९ मधाई। १३ आई। १४-१५-१६-१७ मृगमद चानन परिमल कुङ्कुम। २०-२१ पिआ बिसलेखें जनल जओ बरिसए। २३ अवधि समापलि आजा। २६ सिवसिंह।

अर्थ—वैशाख महीना और एकादशी तिथि हो गई। (इसी तिथि की) अवधि करके स्वामी गये थे। हँसते हुए (भी) कुचयुग-रूपी शम्भु का स्पर्श करके कहा था। इसीलिए, मुझे विश्वास हुआ।

हे सखी! कहीं भी कृष्ण को नहीं देखती हूँ। (मेरा) शरीर काँप रहा है, मन स्थिर नहीं है। (कारण,) अवधि निकट आ गई।

कस्तूरी, चन्दन, परिमल, कुङ्कुम (और) चन्द्रमा को कौन शीतल कहता है? (जान पड़ता है,) जैसे प्रिय के वियोग से (ये) आग बरसाते हों। विपत्ति में ही भले-बुरे की पहचान होती है।

विद्यापति कहते हैं—अरी कलावती! आज अवधि समाप्त हो गई। लखिमा देवी के पति राजा शिवसिंह आयेंगे (और) मनोरथ पूर्ण करेंगे। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

ललितरागे—

[२३८]

आएल वसन्त सकल वनरञ्जक
कुसुमवान सानन्दा।
फूललि मालि भूषल भमरा
पिवि गेल मकरन्दा ॥ ध्रु० ॥
मानिनि आवे कि करिअ अवधाने।
नहि नहि कए परिजन[1] परिबोधह
जुगुति देषओ तोरि आँने ॥

सं० अ०—आएल वसन्त सकल वनमण्डल
कुसुमबान सानन्दा।
फूललि मल्ली भूखल भमरा
पीवि गेल मकरन्दा ॥ ध्रु० ॥
भामिनि! आवे कि करह समधाने।
नहि-नहि कए परिजन परिबोधह
लखन देखिअ आवे जाने ॥
नखपद-केसु पओधर पूलल
परतख भए गेल लोते।
उगल सुमेरु-सिखर चढ़ि ससघर
दह दिस भेल उजोते ॥

विनु कारणे कुन्तल कैसे आकुल
करओ जुगुति किछु ओछी।
कुमढा केरि चोरि भलि फाउलि
कान्ध न अएलाह[२] पोछी ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६४(क), प० २५८, पं० १

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ६०८)—

आएल वसन्त सकल रसमण्डल
कुसुम भेल सानन्द।
फूललि[१] मल्ली भूखल भमरा
पीबि गेल मकरन्द ॥
माविनि आबे कि करह समधाने[२]।
नहि नहि कए परिजन परिबोधह[३]
लखन देखिय[४] आबे आने ॥
नखपद केसु पयोधर पूजल
परतख भए गेल लोते।
सुमेरु शिखर चढ़ि ऊगल ससधर
दह दिस भेल उजोते ॥
बिनु कारने कुण्डल कैसे आकुल
एहओ जुगति नहि ओछी।
कुमकुम केर चोरि भलि फाउलि
काँध न मेलिए पोछी ॥
भनइ विद्यापति अरे वर जौवति
एहु परतख पँचवाने।
राजा सिवसिंह[५] रुपनरायन
लखिमा देवि[६] रमाने ॥

बिनु कारने कुन्तल कइसे आकुल
करह जुगुति किछु ओछी।
कुमदा केरि चोरि भलि फाउलि
कान्ध न मेलिअ पोछी ॥
भनइ विद्यापति—अरे वरजउवति।
एहु परतख पँचवाने।
राजा सिवसिंह रूपनराने न
लखिमा देवि - रमाने ॥

मि० म० (पद-सं० १३६(ख), न० गु० से)—१ फुलली। २ समाधाने। ३ परबोधह। ४ देखिश्र। ५ सिवसिंघ। ६ देह।

झा (पद-म० २३७)—१ परिजने। २ श्रापलाह।

शब्दार्थ—कुसुमवान = कामदेव। मालि = (मल्ली—सं०) मल्लिका, वेली। नखपद = नखचिह्न। केसु = (किंशुक—सं०) पलाश। परतख = प्रत्यक्ष। लोते = (लौहित्य—सं०) लाली। ससधर = चन्द्रमा। कुन्तल = केश। कुमदा = मतुश्रा।

अर्थ—समूचे जंगल में वसन्त श्रा गया। कामदेव प्रसन्न हो गया। वेली फूल गई। भूखा भ्रमर मकरन्द पी गया।

श्ररी भामिनी! श्रव क्या समाधान कर रही हो? 'नहीं-नहीं' करके परिजनों को (क्या) समझा रही हो? श्रव (तुम्हारे) कुछ श्रौर ही लक्षण दिखाई पड़ रहे हैं।

नखचिह्न-रूपी पलाश से (तुम्हारे) स्तन पूजे गये हैं। (उनमें) लाली प्रत्यक्ष हो गई है। (मालूम होता है, जैसे) चन्द्रमा सुमेरु के शिखर पर चढ़कर उगा हो श्रौर (उससे) दसों दिशाश्रों में प्रकाश फैला हो।

विना कारण ही वाल कैसे विखर गये? (ये सब प्रमाण रहते हुए भी तुम) कुछ श्रोछी युक्ति कर रही हो। (श्ररे!) मतुए की चोरी तो श्रच्छी तरह फब गई; (पर तुम्हें) कन्धा नहीं पोंछ हुश्रा? (श्रर्थात्, जिस प्रकार कन्धे पर मतुए को रखकर चोरी करने के बाद यदि कधे को पोछ नहीं लिया जाय, तो चोर श्रनायास ही पकड़ा जाता है—उसका वात बनाना काम नही देता, उसी प्रकार इतने प्रमाण के रहते तुम्हारा वात बनाना काम नही देगा।)

विद्यापति कहते हैं—श्ररी वरयुवती! लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह रूपनारायण प्रत्यक्ष कामदेव हैं। (श्रर्थ—संपादकीय श्रभिमत से।)

नाटरागे—

[२३६]

सपने[1] देषल[2] हरि उपजल रङ्ग
पुलके[3] पुरल तनु जागु श्रनङ्ग।
वदन मेराए श्रधर रस लेला
निसि श्रवसान कान्ह कहाँ[4] गेला ॥ ध्रु० ॥
का लागि नीन्द भागलि[5] विहि मोरा[6]
न भेले सुरत सुख लागल भोरा[7]।
मालति पाश्रोल रसिक भमरा
भेल वियोग करम दोस मोरा ॥

सं० श्र०—१ देखल। ३ पुलकें। ४ कहाँ। ५ भाँगलि।

निधने पाओल धन अनेके[8] जतने
आँचर सओ[9] खसि पलल[10] रतने ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६४(क), प० २५६, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ७६६)—१ सपन। २ देखल। ३ पुलक। ४ कँहा। ५ माँगलि। ८ अनेक। ९ सओ।

मि० म० (पद-सं० ५६५)—२ देखल। ४ कँहा। ५ माँगलि। ६ मोर। ७ मोर। ८ अनेक। ९ सयँ।

झा (पद-स० २३८)—३ पुलक।

शब्दार्थ—उपजल = पैदा हुआ। रङ्गे = आनन्द। पुलके = रोमांच से। अनङ्गे = कामदेव। मेराए = मिलाकर। निसि = रात्रि। अवसान = अन्त। भागलि = तोड़ दी। विहि = विधाता ने। भोरा = भ्रम, धोखा।

अर्थ—स्वप्न में कृष्ण को देखा (तो) आनन्द हो आया। रोमाञ्च से शरीर भर गया। कामदेव जग उठा।

(कृष्ण ने) मुँह मिलाकर अधरामृत पान किया। (किन्तु) पता नहीं, रात के अन्त होने पर कृष्ण कहाँ चले गये।

विधाता ने किसलिए मेरी नींद तोड़ दी? सुरत-सुख हुआ नहीं, (केवल) भ्रम हो गया।

मालती ने रसिक भौंरे को प्राप्त किया, (किन्तु पाकर भी) वियोग हो गया। (किसका दोष दूँ? यह) मेरा कर्मदोष है।

निर्धन ने अनेक यत्न करके धन पाया; (किन्तु हाय!) अंचल से रत्न गिर पड़ा।

नाटरागे—

[२४०]

रअनि[1] काजर बम भीम भुअङ्गम
कुलिस पलए[2] दुरबार।
गरज तरज मन रोसे[3] बरिस घन
संशय पलु[4] अभिसार ॥ ध्रु० ॥

---

८ अनेके। १० पळल।

सं० अ०— रअनि काजर बम भीम भुअङ्गम
कुलिस पळए दुरबार।
गरजें तरस मन रोपें बरिस घन
संसअ पळु अभिसार ॥ ध्रु० ॥

सजनी वचन बोलइते[५] मोहि लाज ।
से जानि जे होउ बरु सबे अगिरु[६]
साहस मन देल[७] आज ॥
ठामहि रहिअ घुमि परसे[८] चिन्हिअ भुमि
दिग भग[९] उपजु सन्देहा[१०]
हरि हरि सिव[११] सिव[१२] ताबे जाइह जीव[१३]
जाबे न उपजु सिनेहा[१४] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ९४, प० २६०, पं० ३

पाठभेद—

रा० त० (पृष्ठ ११४)—१ रयनि। २ कुलिश परए। ३ गरजें तरस मन रोसें। ४ संसञे पए। ५ छइतें। ६ जे होअए से होअओ वरु सबे हमें अँगिकरु। ७ साहसँ मन दए। ८ परसें। ९ दिगमगँ। १० सन्देह। १३ जिव। १४ सिनेह।

विशेष—'रागतरङ्गिणी' में 'जावे न उपजु सिनेहा' के बाद निम्नलिखित पंक्तियाँ हैं—

चरन बेढ़ले फनि हित कए मानल धनि
नूपुर न करत रोर ।
सुमुखि पुछओ तोहि सरुप कहसि मोहि
पेमक कतएक ओर ॥
अपन सुहित मित देखिअ से परतख
न पाइअ पेमक ओर ।
चाँद हरिन वह राहु कवल सह
पेम परामव थोर ॥

अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

भनइ विद्यापति सुनह सुचेतनि
गमन न करह विलम्बे ।
राजा सिवसिंह रूपनराएन
सकल कला अवलम्बे ॥

न० गु० (पद-सं० २९४)—१ रयनि। २ कुलिस परए। ४ संसअ पड़। ५ छइते। ६ जे होएत से होअओ वरु सबे हमे अङ्गिकरु। १० सन्देह। ११-१२ शिव शिव। १३ जिव। १४ सिनेह।

सजनी ! वचन छुडइते मोहि लाज ।
जे होएत से होअओ बरु सबे हमे अङ्गिकरु
साहस मन देल आज ।
अपन अहित लेख कहइते पर तेख
हृदअक न पाइअ ओळ ।
चान्द हरिन वह राहु कवल सह
पेम पराभव थोड़ ॥

विशेष—न० गु० की पदावली में भी 'साहस मन देल आन' और 'ठामहि रहिअ धुमि' के बीच में उपर्युक्त पंक्तियाँ निम्नलिखित रूप में हैं—

अपन अहित लेख कहइते पर तेख
हृदयक न पाइअ ओल।
चाँद हरिन वह राहु कवल सह
पेम परामव थोल ॥
चरन बेधिल फनि हित कए मानिल धनि
नेपुर न करए रोल।
सुमुखि पुछओ तोहि सरूप कहसि मोहि
सिनेह कत दुर ओल ॥

अन्त में उपर्युक्त भणिता है।

मि० म० (पद-सं० १०४)—

रयनि काजर बम भीम भुजङ्गम
कुलिस परए दुरवार।
गरज तरज मन रोस बरिस घन
संसअ पड़ अभिसार ॥
सजनी, वचन छड़इत मोहि लाज।
होएत से होओ वरु सब हम अङ्गिकर
साहस मन देल आज ॥
अपन अहित लेख कहइत परतेख
हृदय न पारिअ ओर।
चाँद हरिन वह राहु कवल सह
प्रेम परामव थोर ॥

चरन वेढले फनि हित कए मानल धनि
नूपुर न करए रोर।
सुमुखि! पुछओ तोहि सरुप कहसि मोहि
पेमक कतएक ओर ॥
ठामहि रहिअ धुमि परसें चिन्हिअ भुमि
दिग मग उपजु सन्देह।
हरि-हरि! सिव-सिव!! तावे जाइह जिव
जावे न उपजु सिनेह ॥
भनइ विद्यापति—सुनह सुचेतनि!
गमन न करह विलम्बे।
राजा सिवसिंह रूपनराएन
सकल कला - अवलम्बे ॥

चरन बेढ़िल फनि हित मानलि धनि
नेपुर न करए रोर ।
सुमुखि पुछओ तोहि सत्य कहसि मोहि
सिनेहक कत दुर ओर ॥
ठामहि रहिअ भुमि परस चिन्हिअ भुमि
दिग मग उपजु सन्देह ।
हरि हरि सिव सिव तावे आइह जिव
जावे न उपजु सिनेह ॥
भनइ विद्यापति सुनह सचेतनि
गमन न करह विलम्ब ।
राजा सिवसिंघ रूपनरायन
सकल कला अवलम्ब ॥

झा (पद-सं० २३६)—(इन्होंने 'रागतरङ्गिणी' की उपयुक्त पंक्तियाँ पद के अन्त में रखकर पाठोद्धार किया है।)—४ ससय पलु। ६ सवे वह अगिर।

शब्दार्थ—रअनि=रात्रि। वम=उगल रही है। भीम=भयावने। भुअङ्गम=(भुजङ्गम—सं०) साँप। कुलिस=वज्र। तरस=डर रहा है। घन=मेघ। पर=दूसरा। तेख=(तीक्ष्ण—सं०) बुरा। ओर=अन्त। कवल=ग्रास। फनि=साँप। रोल=शोर, शब्द। सरुप=सत्य। मग=मार्ग।

अर्थ—रात्रि काजल उगल रही है। (फिर) भयावने साँप। (इन सबसे भी अधिक) दुर्निवार वज्र गिर रहा है। (बादल की) गड़गड़ाहट से मन डर रहा है। मेघ रोष से बरस रहा है। (इन सब कारणों से मेरा) अभिसार संशय में पड़ गया।

हे सखी। (फिर भी) वचन छोड़ने मुझे लज्जा हो रही है। जो होना हो, भले सो हो जाय। मैं सब-कुछ अङ्गीकार करूँगी। आज (मैंने) मन मे साहस दिया।

अपना अहित दिखाई पड़ रहा है। कहने पर दूसरे को (भी) बुरा लगेगा। (किन्तु अपने) हृदय का अन्त नहीं पा रही हूँ। चन्द्रमा हारिण को ढोता है। (इसलिए, वह भी) राहु का ग्रास होना सह्य करता है। प्रेम में पराभव थोड़ा (लघु) हो जाता है।

नायिका ने पैरों में लिपटे साँप को (अपना) हित मान लिया। (कारण, इससे) नूपुर शब्द नहीं करते। हे सखी। तुम्हें पूछती हूँ, मुझे सच कहना—प्रेम का कहीं अन्त होता है?

एक ही जगह घूम-फिरकर रह जाती हूँ। स्पर्श से ही स्थान को पहचान रही हूँ। दिशा (और) मार्ग—(दोनों में) सन्देह पैदा हो रहा है। (अर्थात्, अँधेरी रात्रि में मुझे न दिशा का ज्ञान है और न मार्ग का ही।) हरे-हरे। शिव शिव॥ तभी तक प्राण चले जाते, जबतक प्रेम पैदा नहीं हुआ था।

विद्यापति कहते हैं—हे सयानी। सुनो। जाने में देर मत करो। राजा शिवसिंह रूपनारायण सभी कलाओं के अवलम्ब हैं। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

विभासरागे—

[२४१]

सुरुज सिन्दुर विन्दु चान्दने[1] लिहए[2] इन्दु
तिथि कहि गेलि तिलके ।
विपरित अभिसार अमिअ गलए धार[3]
अङ्कुस कएल[4] अलके[5] ॥ ध्रु० ॥
माधव[6] भेटलि पम्राहन[7] वेरी ।
आदर हरलक[8] पुछिओ न पुछलक
चतुर सखीजन मेली[9] ॥
केतकि दल लए[10] चम्पक दल[11] दए[12]
कबरी[13] थोएलक[14] आनी ।
चन्दने[15] कुङ्कुमे[16] अङ्गरुचि[17] कएलक[18]
समय[19] निवेद सयानी[20] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६५(क), प० २२१, पं० १

सं० अ०—सुरुज सिन्दुर-विन्दु चान्दने लिहए इन्दु
तिथि कहि गेलि तिलके ।
विपरित अभिसार वरिस अमिअ-धार
अङ्कुस कएल अलके ॥ ध्रु० ॥
माधव ! भेटलि पम्राहनि-वेरी ।
आदर हरलक पुछिओ न पुछलक
चतुर सखीजन - मेरी ॥
केतकि दल लए चम्पक फुल दए
कवरी थोएलक जानी ।
मृगमद-कुङ्कुमें अङ्गरुचि लओलक
समअ निवेद सजानी ॥
भनइ विद्यापति सुनह अभयमति
कुहू निकट परमाने ।
राजा सिवसिंह रूपनराअेन
लखिमा देवि - रमाने ॥

पाठभेद—

रा॰ त॰ (पृष्ठ ८५)—३ वरिस अमिय धार। ४-५ कए ललिके। ६ हे माधव। ७ भेटलि पसाहनि। ६ मेरी। ११ फुल। १४ थोपलक। १५ मृगमद। १६ कुकुमें। १७ अगरुचित। १८ लओलक। १६ समए। २० सयाँनी। अन्त में निम्नलिखित भणिता है—

भनइ विद्यापति सुनु[1] वरऔवति[2]
कुहु[3] नीकट[4] -परमाने।
राजा शिवसिंह[5] रुपनराएन[6]
लखिमा देवि[7] रमाने[8]॥

न॰ गु॰ (पद-सं॰ २४८)—१ चाँदले। २ लिखए। ३ अमिय वरिस धार। ७ भेटल पसाहनि। ८ हेरलक। ६ मेरी। १० दए। ११ फुल। १२ लए। १३ कवरिहि। १५ मृगमद। १६ कुङ्कुम। अन्त में उपर्युक्त भणिता निम्नलिखित पाठभेद के साथ है—

१ सुनह। २ अमयमति। ३ कुहू। ४ निकट। ५ सिवसिंह। ६ रुपनराएन। ७ तह। ८ विरमाने।

मि॰ म॰ (पद-सं॰ ८८)—१ चाँदने। २ लिखए। ३ अमिय वरिस धार। ७ भेटल पसाहनि। ८ हेरलक। ६ मेरी। १० दए। ११ फुल। १२ लए। १३ कवरिहि। १५ मृगमद। १६ कुङ्कुम। अन्त में न॰ गु॰ की भणिता है, जिसमें 'परमाने' के स्थान में 'परिमाने' और 'सिवसिंह' के स्थान में 'सिवसिंघ' कर दिया गया है।

झा (पद-सं॰ २४०)—पाठभेद नहीं है।

शब्दार्थ—लिहए = लिखा। इन्दु = चन्द्रमा। अलके = केश में। पसाहन = (प्रसाधन—सं॰) शृङ्गार। मेली = मिलन। केतकि = केवड़ा। दल = पत्ता। कवरी = जूड़ा। थोएलक = स्थापित किया। आनी = लाकर। मृगमद = कस्तूरी। अङ्गरुचि = अङ्गराग। कुहू = अमावास्या। परमाने = प्रमाण, प्रत्यक्ष।

अर्थ—सिन्दूर-विन्दु से सूर्य (और) चन्दन से चन्द्रमा लिखा। (इस तरह) तिलक से (उसने) आने की तिथि कह दी। (अर्थात्, ज्यौतिष के अनुसार अमावास्या में सूर्य और चन्द्रमा एक राशि में रहते हैं। इसीलिए, उसने सूर्य और चन्द्रमा लिखकर अमावास्या तिथि का सङ्केत किया।)

विपरीत अभिसार अमृत की धारा बरसाता है। (इसीलिए उसने) बाल में अङ्कुश (का चित्रण) किया। (अर्थात्, तन्त्र में अङ्कुश की मुद्रा से आवाहन किया जाता है, इसीलिए उसने अङ्कुश की मुद्रा बनाकर तुम्हारा आवाहन किया है।)

हे माधव! (वह) शृङ्गार के समय मिली। चतुर सखियों का संग था। (इसीलिए, उसने) आदर का हरण किया। पूछने के लिए भी (साधारण शिष्टाचार के लिए भी) नहीं पूछा।

केवड़े का पत्ता लेकर, (उसमें) चम्पे का फूल देकर (फिर उसे) लाकर जूड़े में स्थापित किया। (अर्थात्, भ्रमर केवड़े के पत्ते से पंख कट जाने के कारण उसके पास नहीं जाता। चम्पा के पास वह भूलकर भी नहीं फटकता, यह तो प्रसिद्ध ही है। नायिका ने

इन दोनों को अपने जूड़े में खोंसकर यह बतलाया कि मेरे पास आना खतरे से खाली नहीं, इसलिए उसने आगे फिर आने का सङ्केत किया।)

(उसने) कस्तूरी और कुङ्कुम से अंगराग रचकर समय का निवेदन किया। (अर्थात्, कस्तूरी और कुंकुम के विलेपन से उसने पुनः अमावास्या का संकेत किया।)

विद्यापति कहते हैं—निर्भय होकर सुनो। प्रत्यक्ष ही अमावास्या निकट है। लखिमा देवी के रमण राजा शिवसिंह रूपनारायण (इसे समझते हैं।)

विभासरागे—

[२४२]

कामिनि बदन[1] बेकत जनु करिहह[2]
चौदिस होएत उजोरे[3]।
चान्दक[4] भरमे अमिअ[5] लालच[6]
अैठ[7] कए जाएत चकोरे[8] ॥ ध्रु० ॥
सुन्दरि तुरित चलहि[9] अभिसारे[10]।
अबहि[11] उगत ससि तिमिरे[12] तेजब[13] निसि
उसरत मदन पसारे[14] ॥
मधुरे[15] वचने[16] भरमहु[17] जनु बाजह
सौरभे जानत आने[18]।
पङ्कज लोभे[19] भमरे भमि[20] आओब
करब[21] अधर मधु पाने[22] ॥
मञे[23] रसभाविनि मधु के जामिनि
आएल चाहिअ निज गेहा ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६१(क), प० २६२, प० १

पाठभेद—

रा० पु० (पद-सं० ६१)—१ वदन कामिनि रे। ३ चउदिस होएत उजोर। ५ अमिअ रसं। ६ लालस। ७ अभिठ। ८ चकोर। ९ चलहिँ। १० अभिसार। ११ अबहिँ। १२ तिमिर। १३ तेजत। १४ पसार। १५ मधुर। १६ वचन। १७ भरमहुँ। १८ आन। १९ भरमे। २० भमरें भमि। २१ करत। २२ पान। २३ तबे। इसके बाद का अंश खण्डित है।

सं० अ०—३ चउदिस होएत उजोरे। ५-६ अमिअ रस लालसें। ७ अजिठ। ११-१३ अबहिँ उगत ससि तिमिर तेजत निसि। १५-१७ मधुर वचन भरमहुँ। १८ जाने। १९ भरमे। २३ अन्त की चार पंक्तियाँ न० गु० के समान।

न० गु० (पद-सं० २२७)—१ वदन कामिनि हे। २ न करवे। ३ चउदिस होएत उजोरे। ४ चाँदक। ५ अमिय रस। ६ लालचे। ७ ऐंठ। ६ तोरित चलिय। १५ अमिय। १६ वचन। १८ सौरम बुझत आने। २० ममो चलि। २१ करत। अन्त की पंक्तियाँ इस प्रकार हैं—

तोहे रसकामिनि मधु के जामिनि
गेल चाहिय पिय सेवे।
राजा सिवसिंह रूपनरायन
कवि अभिनव जयदेवे॥

मि० म० (पद-सं० ६८)—१ वदन कामिनि हे। २ न करवे। ३ चउदिस होएत उजोरे। ४ चाँदक। ५ अमिय रस। ६ लालचे। ७ ऐंठ। ६ तोरित चलिअ। १५ अमिय। १६ वचन। १८ सौरम बूझत आने। २० ममं चलि। २१ करत। अन्त में उपर्युक्त पंक्तियाँ हैं।

झा (पद-सं० २४१)—पाठभेद नहीं है।

शब्दार्थ—वेकत = व्यक्त, प्रकट। जनु = मत। करिहह = करना। उजोरे = उजाला। ऐंठ = जूठा। तुरित = (त्वरित - सं०) शीघ्र। ससि = चन्द्रमा। तिमिरे = अन्धकार। निसि = रात्रि। उसरत = उठ जायगा। मदन पसारे = कामदेव का बाजार।

अर्थ—हे कामिनी। मुख को प्रकट मत करना—चारों ओर उजाला हो जायगा (और) चकोर चन्द्रमा के धोखे अमृत-रस की लालसा से (उसे) जूठा कर देगा।

हे सुन्दरी। शीघ्र अभिसार के लिए चलो। अभी चन्द्रमा उग आयेगा। अन्धकार रात्रि को छोड़ देगा। कामदेव का बाजार उठ जायगा।

भ्रम से भी मधुर वचन मत बोलो। सौरभ से दूसरे (भी) समझ जायँगे। (परिणाम होगा कि) कमल के धोखे भौंरे मँड़राकर आयेंगे (और) अधरामृत का पान कर लेंगे।

तुम रसवती हो (और यह) वसन्त ऋतु की रात है। (इसलिए तुम्हें) स्वामी की सेवा में जाना ही चाहिए। कवि अभिनव जयदेव (विद्यापति कहते हैं कि) राजा शिवसिंह रूपनारायण (इसे जानते हैं)। (अर्थ—सपादकीय अभिमत से)

विभासरागे—

[२४३]

प्रथमहि[1] कएलह[2] हृदयक हार
बोललह[3] तवे[4] मोरि जिवन अधार।
अइसनेओ[5] हठे बिघटओलह पेम
जइसन चतरिआ[6] हाथक हेम॥ ध्रु०॥

स० अ०—१-२ प्रथमहि कएलह हृदअक हार। ४ तोञ। ५ अइसनेओ हठे।

जे घरहरि[७] सञो सिनेह वढाए[८]
जन अनुसए तन कहहि न जाए ।
दुरजनि दूती तह इ[९] भेल
गिरि सम गौरव सेओ दुर गेल[१०] ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६५, प० २६३, पं० ४ .

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४२६)—१ पहिलहि। २ कयलह। ३ बोलितह। ४ तोहे। ५ अइसनेओ। ७ ए सखि हरि। ८ वढ़ाए। १० अपदहि गिरिसम गौरव गेल। अन्त में निम्नलिखित पंक्तियाँ हैं—

अबे कि कहब मति दूषण मोर।
चिन्हल चटाइल बोलि परोर॥

मि० म० (पद-सं० ५१०)—५ जइसने। ६ चतुरिआ। ७ घर हरि। ८ वढ़ाए।

झा (पद-सं० २४२)—६ चातिरिआ। ७ जे घर हरि। ८ वढ़ाए। ९ ई।

शब्दार्थ—चतरिआ = (चमत्कारी—स०) बाजीगर। हेम = सोना। अनुसए = (अनुशय—सं०) पश्चात्ताप। अपदहि = बिना अवसर के ही। चठाइल = चठैल। परोर = परवल।

अर्थ—पहले तो (मुझे अपने) हृदय का हार बनाया (और) कहा (कि) तुम मेरे जीवन का आधार हो।

ऐसा होते हुए भी हठात् प्रेम को विघटित कर डाला, जैसे कि जादूगर के हाथ का सोना विघटित हो जाता है।

हे सखी! कृष्ण से स्नेह बढ़ाकर जितना पश्चात्ताप हुआ, उतना कहा नहीं जा सकता।

दुष्टा दूती के कारण यह हुआ कि बिना अवसर के ही (मेरा) पर्वत-सदृश (अडिग) गौरव चला गया।

अब (इससे अधिक) अपना मतिभ्रम क्या कहूँगी? (मैंने) चठैल को परवल कहकर (समझकर) पहचाना था। (अर्थात्, चठैल रुखड़ा होता है और परवल चिकना। सो, मैंने रुखड़े को भी चिकना समझ लिया था।) (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

---

७ ए सखि हरि। ९ ई। १० अपदहि गिरि सम गउरब गेल। अन्त में भणिता—

अबे कि कहब मति दूषन मोर।
चिन्हल चठाइल बोलि परोर॥

विभासरागे—

[२४४]

रिपु पचसर जनि[1] अवसर (मन गुनि
मोहि) सरासन[2] साजे ।
हेरि सून पथ घटी मनोरथ
के जान[3] कि होइति आजे ॥ ध्रु० ॥
निफल भेलि जुगुती[4] ।
हरि हरि हरि राति तेज हरि
पलटलि नहि दूती ॥
साजि अभिसारा पडि[5] अन्धकारा
उगि जनु जा बोरा[6] ।
आरति बेरा जओ हो मेरा
लाखहु[7] लो[8] सुअ[9] थोर ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६६(क), प० २६४, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-स० ३०१)—१ जनि । २ सब सिन । ३ जाने । ४ जुवती । ५ पड़ि । ६ मोरा । ७-८ लाख गुन । ९ सुख ।

मि० म० (पद-स० ३५६)—४ जुवती । ५ पड़ि । ७-८ लाख कुन ।

झा (पद-स० २४३)—४ जुगती । ७-८ लाख कुनो ।

शब्दार्थ—जनि = जैसे । सरासन = धनुष । पथ = रास्ता । हरि = चन्द्रमा । बोरा = (भोरा = भुरुकवा) भोर का शुक्र तारा । मेरा = मिलन । सुअ = सुख ।

अर्थ—दुष्ट कामदेव जैसे मन में अवसर गुनकर मुझपर धनुष तान रहा है।

मार्ग सूना देखकर मनोरथ घट चला। कौन जानता है कि आज क्या होगा?

युक्ति निष्फल हो गई। हरे! हरे!! हरे!!! रात्रि ने चन्द्रमा का त्याग कर दिया। (अर्थात्, चन्द्रमा डूब चला, किन्तु) दूती लौटकर नहीं आई।

अन्धकार होते ही (मैंने) अभिसार सजाया। (किन्तु प्रतीक्षा में ही रात बीत गई। अब कहीं) भोर का शुक्र तारा न उग जाय!

पीड़ा के समय यदि मिलन हो जाय (तो उसके सामने) लाखों सुख थोड़े हैं। (अर्थ—संपादकीय अभिमत से।)

स० अ०—६ मोरा। ७ लाखहुँ। ९ सुख।

वि० प०—४४

विभासरागे—

[२४५]

झाखि[1] झाखि[2] न खिन कर तनू[3]
भमर न रह मालति बिनू[4] ।
ताहि तोहि रिति बाढति[5] पुनू[6]
टूटलि वचन बोलह जनू[7] ॥ ध्रु० ॥
एहे राधे धैरज धरू[8]
बालभु अओताह उछाह करू[9] ।
पिसुन[10] वचने बाढत[11] रोस
बारए न पारिअ दिवस दोस ॥
सुजन वचन टुट न नेहा
हाथे[12] न मेट पखानक रेहा ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ९६(क), प० २६५, पं० ५

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४५९)—१-२ झाँखि झाँखि । ३ तनु । ४ बिनु । ५ बाढति । ६ पुनु । ७ बनु । ८ धरु । ९ करु । १० पिशुन । ११ बाढत ।

मि० म० (पद-सं० ३६०)—१-२ झाँखि झाँखि । ३ तनु । ४ बिनु । ५ बाढति । ६ पुनु । ७ जनु । ८ धरु । ९ करु । ११ बाढत ।

झा पद-सं० २४४)—४ बिनु ।

शब्दार्थ—तनु = शरीर । पुनू = पुनः । उछाह = उत्सव । पिसुन = चुगलखोर । दिवस दोस = दिन का फेर, बुरे दिन । रेहा = रेखा ।

अर्थ—झाँख-झाँखकर शरीर को खिन्न मत करो । भौंरा मालती के विना नहीं रह सकता है । अर्थात्, तुम खिन्न मत हो । कृष्ण तुम्हारे विना नहीं रह सकते हैं ।)

तुम दोनों में फिर (प्रीति की) रीति बढ़ेगी । (इसलिए) टूटी बात मत बोलो ।

हे राधे ! धैर्य धारण करो । (तुम्हारे) प्रियतम आवेंगे,—उत्सव करो ।

चुगलखोरी की बात से रोष बढ़ेगा । (उससे) बुरे दिन का निवारण नहीं किया जाता है ।

सं० अ०—१-२ झाँखि-झाँखि । ३ करह तनु । ६ पुनु । ७ जनु । ८ धइरज धरु । ९ करु । १२ हाथेँ ।

सज्जन के वचन से स्नेह नहीं टूटता। (अर्थात्, मेरी बात का विश्वास करो। इससे तुम्हारा प्रेम भग नहीं होगा।) हाथ से पत्थर की लीक नहीं मिटती।

विभासरागे—

[२४६]

जे छल से नहि रहले भाव
बोललि बोल पलटि नहि आव।
रोस छडाए[1] बढाओल[2] हास
रूसल वओसब बड[3] परेआस ॥ ध्रु० ॥
कओने[4] परि से हरि बहुरत[5],
माइ हे, कओने[6] परी ॥
नारि सभाव कएल हमे मान
पुरुष विचखन[7] के नहि जान।
आदरे मोरा हानि पए[8] भेल
वचनक दोसे[9] पेम टुटि गेल ॥
नागरे[10] नागरि हृदयक[11] मेलि
पाचबान[12]बले[13]बहुलत[14]केलि।
अनुनए[15] मोरि वुझाउबि रोए
वचनक कौशले[16] की नहि होए ॥
भने विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६६, प० २६६, पं० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-म० ४६५)—१ छड़ाए। २ वढ़ाओल। ३ वड़। ४ कओने। ५ बहुड़त। ६ कओने। ७ पुरुख विचखन। ८ गए। १२ पाँचवान। १४ बहुड़त। १५ अनुनय।

मि० म (पद-स० ४२८)—१ छड़ाए। २ वढ़ाओल। ३ रूस वओसव वड। ४ कओने। ५ बहुड़त। ६ कओने। ७ पुरुख विचखन। ८ गए। १२ पाँचवान। १४ बहुड़त। १५ अनुनय। १६ कौसले।

झा (पद-स० २४५)—३ बड़े। ८ गए।

स० अ०—७ पुरुष विचक्खन। ८ आदरेँ मोरा हानि पए। ९ दोषेँ। १० नागरेँ। ११ हृदअक। १२ पाँचवान। १३ बलेँ। १४ बहुरत। १५ अनुनअ। १६ कउसलेँ।

शब्दार्थ—छड़ाए = छोड़कर। रूसल = रूठे हुए को। बओसब = मनाया जाता है। परेआस = प्रयास। कओनेपरि = किस प्रकार। बहुरत = लौटेंगे। बिचखन = विचक्षण, पंडित।

अर्थ—जो भाव था, वह नहीं रहा। कही हुई बात लौटकर नहीं आती। (अर्थात्, मैंने जो कुछ कह दिया, उससे पहले का भाव नष्ट हो गया। अब लाख यत्न करने पर भी वह बात लौट नहीं सकती।)

रोष छोड़कर (मैंने) हास्य बढ़ाया। (कारण,) रूठे को मनाऊँगी,—(इसमें) बड़ा प्रयास है।

अरी मैया, किस प्रकार कृष्ण लौटेंगे?

स्त्री-स्वभाव के कारण मैंने मान किया। (भरोसा था कि कृष्ण मनायेंगे। कारण,) कौन नहीं जानता कि पुरुष विद्वान् होते हैं।

(किन्तु) आदर करने से मेरी हानि ही हुई। वचन के दोष से प्रेम टूट गया।

नागर से नागरी के हृदय का मेल होता है। (अर्थात्, कृष्ण नागर नहीं हैं। नागर रहते, तो मेरी उपेक्षा नहीं करते। फिर भी) कामदेव के प्रभाव से (हम दोनों की) केलि लौट आयेगी।

(विरहिणी दूती से कहती है—) रो-रोकर मेरी विनती समझाना। वचन-चातुरी से क्या नहीं होता?

विभासरागे—

[२४७]

नहि किछु[1] पुछलि रहलि धनि बैसि[2]
लग[3] सओ[4] आइलि बहारे[5]।
परम बिरुहि भए नहि नहि नहि कए
गेलि दुर कए मोर करे ॥ ध्रु० ॥
माधव कह कके रुसलि रमणी[6]।
कते जतने पेअसि[7] परबोधलि[8]
न भेलि निअरे[9] ओ[10] आनी[11] ॥
गोर[12] कलेवर तसु मुख ससधर
रोसे[13] अ(रु)नरुचि[14] भेला।
रूप दरसन छले जनि[15] नव[16] रतोपले
कामे कनक बलि देला ॥

सं० अ०—२ बइसि। ११ आनी। १३ रोषें। १४ अरुनरुचि।

नयन[17] नीर धारे जनि टूटल[18] हारे
कुच सिलि[19] हपहरि पलला[20] ।
कनक कलस करु मदने अमिअ[21] भरु[22]
अधिक कि उभरि पलला ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६९(क), प० २६७, प० ३

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४०२)—२ बइसि। ३ नइ। ४ सेओ। ६ रमनी। ९-१० निअरेओ। १८ टुटल। १९ गिरि। २० परला। २२ तरु।

मि० म० (पद-सं० ४११)—१ बइसि। २ नइ। ३ सेओ। ४ बाहरे। ५ मोर करे। ६ रमनी। ७ पेयसि। ८ परिबोधलि। ९-१० निअरेओ। १२ गोर। १५-१६ नव। १८ टुटल। १९ गिरि। २१ अमिअ।

झा (पद-सं० २४६)—१ किछ। ३ लगि। ८ परिबोधलि। ९-१० निअरेओ।

शब्दार्थ - वैसि = वैठी रही। वहारे = वाहर। विरुहि = विरुद्ध। मोर करे = मेरे हाथ को। कके = क्यों। निअरे = निकट। ओ = वह। ससधर = चन्द्रमा। अ(रु)नरुचि = लाल। रतोपले = (रक्तोत्पल—स०) = लाल कमल। कनक = सोना। वलि = पूजा। सिलि = शिला। हपहरि = धपहरि = शीघ्रता से। अमिअ = अमृत।

अर्थ—(उसने) कुछ नहीं पूछा। (अर्थात्, कहाँ आई हो? क्यों आई हो?—इत्यादि कुछ भी नहीं पूछा।) वह बैठी रह गई। (मेरे पास जाने पर) वह पास से (उठकर) बाहर आ गई। (मेरे पूछने पर) वह अत्यन्त रुष्ट होकर 'नहीं-नहीं-नहीं' करके मेरे हाथ को दूर करके (हाथ छुड़ाकर) चली गई।

हे माधव! कहो, रमणी क्यों रूठी है? कितने यत्न से (तुम्हारी) प्रेयसी को समझाया, (फिर भी) वह (तुम्हारे) निकट नहीं लाई जा सकी।

उसका शरीर गोरा है (और) उसका मुख चन्द्रमा के समान है (जो) क्रोध से लाल हो गया है। (जान पड़ता है,) जैसे रूप दर्शन के छल से कामदेव ने नवीन लाल कमल से (उसकी) पूजा की है।

आँसू की धारा टूटे हुए हार के समान कुच-रूपी शिला पर शीघ्रता से आ पड़ी। (जान पडता है, जैसे) कामदेव ने कनक-कलश (का निर्माण) करके (उसे) अमृत से भर दिया है। (सो,) क्या अधिक हो जाने पर (वह कलश से) ढलक पड़ा है?

---

१७ नअन। २० पळला। २३ पळला।

विभासरागे—

[२४८]

पहिलहि चोरि[1] आएल पास
आङ्गहि आङ्ग लुकाब[2] तरास ।
बाहरि भेले देषिअ[3] देह
जैसन सिनी[4] चान्दक[5] रेह ॥ ध्रु० ॥
साजनि की कहब पुरुष[6] काज
कौसल करइते[7] तन्हि नहि लाज ।
एहि तह पाप अधिक थिक नारि
जे न गनए पर पुरुषक[8] गारि ॥
खन एक रङ्ग[9] सङ्ग[10] सब भान्ति[11]
से से करत जकरि[12] जे जाति ।
भनइ विद्यापति न कर विराम
अवसर पाए पुरत[13] तुअ काम ॥

ने० पृ० ९७, प० २९८, प० २

पाठभेद—

न० गु० (पद-सं० ४९०)—२ नुकाब । ३ देखिअ । ४ खिनी । ११ भाति । १२ जकर । १३ पुर ।

मि० म० (पद-सं० ५९८)—३ देखिअ । ५ चाँदक । ६ पुरुस । ७ करइत । ८ पुरुसक । १२ जकर ।

झा (पद-सं० २४७)—२ नुकाव । ३ देपिअ । ९-१० रङ्ग (रभस) ।

शब्दार्थ—रङ्ग = क्रीड़ा । सिनी = वह अमावास्या, जिसमे चन्द्रमा दिखलाई पडे ('सा दृष्टेन्दुः सिनीवाली'—अमरकोश) ।

अर्थ—पहले-पहल चुराकर प्रियतम के पास आई । भय से अङ्ग में ही अङ्ग छिप रहा था । (अर्थात् , भय से सिमटती-सिकुड़ती पहले-पहल वह प्रियतम के पास आई ।)

(प्रियतम के घर से) बाहर होने पर (उसका) शरीर (ऐसा) दिखाई पड़ा, जैसे अमावास्या के चन्द्रमा की रेखा हो ।

हे सखी ! पुरुष का काम क्या कहूँ ? (अर्थात् , पुरुष के कार्य के बारे में क्या कहूँ ?) चतुराई करते उन्हे लज्जा नहीं आती ।

स० अ०—१ पहिलहिँ चोरि । ३ देखिअ । ४ जइसन सिनी । ६ पुरुषक । ७ कउसल करइते । ११ भाँति ।

इससे स्त्रियाँ अधिक पापिनी हैं कि वे पर-पुरुष की गालियों की परवाह नहीं करतीं।

एक क्षण की क्रीड़ा में ही (पुरुष) सब तरह से सग कर लेता है। जिसकी जो जाति है, वह उसके अनुसार करेगा ही।

विद्यापति कहते हैं —विराम मत लो। अवसर पाकर तुम्हारी कामना पूरी होगी।

विभासरागे—

[२४६]

साझक[1] बेरि उगल नव शशधर[2]
भरमे विदित सबतहू[3]।
कुण्डल चक्र तरासे[4] नुकाएल[5]
दुर भेल हेरथि राहू[6] ॥ ध्रु० ॥
जनु बैससि[7] रे बदना[8] हाथ चढ़ाई[9]।
तुअ मुख चङ्गिम अधिक चपल भेल
कति खन धरब लुकाइ[10] ॥
रातोपल[11] जनि कमल वैसाओल[12]
नील नलिन[13] दल तहु[14]।
तिलक कुसुम तहु माझ देखि[15] कहु
भमर आबथि नहु[16] नहू[17] ॥
पाणि[18] पलव गत अधर बिम्बरत
दसन दालिम्ब[19] बिज तोरे।
कीर दूर भेल पास न आबए
भौह[20] धनुहि के भोरे ॥
भनइ विद्यापतीत्यादि ॥

ने० पृ० ६७, प० २७१, पं० ३

पाठभेद—

म० गु० (पद-सं० २२६)—१ साँझक। २ ससधर। ३ सबतहु। ६ राहु। ८ बदन। ९ चढ़ाइ। १० नुकाइ। ११ रातोपल। १५ देखि। १६-१७ लहु-लहु। १८ पानि। १९ दालिम। २० भौंह।

सं० अ०—१ साँझक। २ ससधर। ३ सबताहु। ४ तरासेँ। ५ लुकाएल। ७ बइसलि। ९ चढ़ाइ। १२ बइसाओल। १४ तहू। १५ देखि। १९ दाळिम्ब। २० भौँह।

मि० म० (पद-सं० २६६)—१ साँझक। २ ससधर। ३ सविताहु। ६ राहु। ८ वदन। ९ चलाइ। १० लुकाई। ११ रक्तोपल। १२ बइसाओल। १३ नलिनि। १५ देखि। १६-१७ लहु-लहु। १८ पानि। १९ दाडिम। २० भौह।

झा (पद-सं० २८८)—१० लुकाई। १४ तहू।

शब्दार्थ—शशधर = चन्द्रमा। सबतहू = सर्वत्र। वदना = मुख (गाल)। बदना हाथ चढाई = गाल पर हाथ रखकर। चन्द्रिम = सौन्दर्य। लुकाइ = छिपाकर। रातोपल = (रक्तोत्पल—स०) कोकनद। तहु = उसके। देषि कहु = देखकर। नहु नहू = धीरे-धीरे। पाणि = हाथ। बिम्बरत = बिम्बफल के समान। दालिम्ब-बिज = दाडिम के बीज। कीर = सुग्गा। भोरे = भ्रम।

अर्थ—(तुम्हे देखकर) भ्रमवश सर्वत्र विदित हो गया कि सन्ध्या समय नया चन्द्रमा उग आया है। कुण्डल रूपी चक्र के त्रास से (कहीं) दूर में छिपकर राहु देख रहा है।

(अरी सखी!) गाल पर हाथ रखकर मत बैठो। तुम्हारा मुख-सौन्दर्य (चारो ओर) छिटक गया। (उसे) कबतक छिपाकर रखोगी?

